प्रभुपाद

श्रीहरिदास गोस्वामी

[प्रेरक जीवनी प्रसंगोंका आकलन]

जय शचिनन्दन जय गौरहरि ।
विष्णुप्रिया-प्राणनाथ नदियाविहारी ॥

आर्यावर्त्त प्रकाशन गृह
६५-ए, चितरञ्जन एवेन्यू, कलकत्ता-१२

२

प्रकाशन तिथि

गौरपूर्णिमा गौराब्द ४७८
विक्रम सम्वत् २०२०
शकाब्द १८८५
बंगाब्द १३७०
ईस्वी सन् १९६४

प्रकाशक

रामनिवास ढंढारिया
आर्यावर्त्त प्रकाशन गृह
कलकत्ता-१२ (फोन ३४-७३२२)

न्योछावर
[illegible] ७१ नये पैसे
रु.६=५०

प्राप्ति स्थान

- श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवी
  बूढ़ा शिव टोला,
  नवद्वीप
- राजवैद्य पं० लक्ष्मीनारायणजी
  पुराना शहर,
  वृन्दावन
- आर्यावर्त्त प्रकाशन गृह
  १५-ए, चितरञ्जन एवेन्यू,
  कलकत्ता-१२
- गोपाल ग्रंथालय
  १८७, दादी सेठ अग्यारी लेन
  बम्बई-२
- राधा ग्रन्थ कुटीर,
  मेन रोड, गांधी नगर,
  दिल्ली-३१

विषय-सूची

विषय		पृष्ठ संख्या

विषय | | पृष्ठ संख्या

विषय		पृष्ठ संख्या

प्रकाशकीय निवेदन

यह आत्म-कथा क्यों और कैसे लिखी गयी, यहाँ इसपर थोड़ा प्रकाश डालना आवश्यक प्रतीत होता है। गोलोकगत पूज्यपाद श्रीहरिदासजी गोस्वामी प्रभु वैष्णवोचित दीनताके नाते स्व-सम्बन्धित प्रचारके बिलकुल ही पक्षपाती नहीं थे। फिर भी भक्तोंके आग्रहकी अवहेलनासे होनेवाले दुःखसे उन्हें बचानेके लिए समय समयपर श्रीगोस्वामीजीको अपने अनुभव और आत्मजीवन सम्बन्धी जानकारीको प्रकट करनेके लिए बाध्य होना पड़ता था। उन्हीं घटनाओंके वर्णनका सहज आकलन ही उनकी आत्म-कथाका कलेवर बन गया।

अर्थाभावमें कष्टमय और कठिन सांसारिक जीवन यापन करते हुए, सरकारी नौकरीके कठिन परिश्रमके उपरान्त भी अध्यवसायपूर्वक जैसी साधना उन्होंने की, वह उनके दृढ़ सकल्पकी परिचायक है। किसी पाठशालामें विद्याभ्यास किये बिना जितने ग्रन्थ उन्होंने लिखे, उनसे उनकी अपूर्व प्रतिभाका पता लगता है। उन्होंने अपनी आत्म-कथामें अपनी साधनापर कोई प्रकाश नहीं डाला। शायद वे उसको जन-साधारणके सामने प्रकट करनेमें सकोचका अनुभव करते थे। उनकी "श्रीश्रीविष्णुप्रिया गौराङ्ग" पत्रिकाके दसवें वर्ष तक प्रकाशित अङ्कोंमें उनके डाक-विभागमें अक्तूबर

सन् १९०६ ईस्वी (बङ्गाब्द १३१३) मे नागपुर बदली होने तकका वृत्तान्त मिलता है । इसके बाद उसको जबलपुर, भोपाल, अजमेर और कलकत्ताके धर्मतल्ला एव बीडन स्ट्रीटके डाक-विभागमे भी अनेक वर्षों तक काम करना पडा । उनकी कन्या श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवीने अपने स्मरणसे यह बताया कि वे नागपुरमे लगभग २ वर्ष, जबलपुरमे लगभग ५ वर्ष, भोपालमे लगभग ३ वर्ष, अजमेरमे लगभग ४ वर्ष, कलकत्ता धर्मतल्लामे लगभग १ वर्ष और कलकत्ता बीडन स्ट्रीटमे लगभग १ वर्ष रहे थे ।

सन् १९०५ ईस्वीके आरम्भ कालमे ३ महीनेकी छुट्टी लेकर वे मोतीहारीमे कनिष्ठ भ्राता गुरुदासके पास जाकर रहे । तब उन्हे सर्वप्रथम शिशिरबाबूके "अमिय निमाइ चरित" का कुछ अश पढनेका अवसर मिला था । वहाँ उन्होंने लिखा है कि "उस समय उन्हे उसमे कोई विशेष आनन्दका अनुभव नही हुआ, लेकिन बादमे दूसरी बार जब उसे पढा तब जो अनुभूति हुई, उसका वृत्तान्त पीछे लिखेंगे ।" इसीके बाद द्विज बलरामदास ठाकुरकी जीवनीका जिक्र करते हुए उन्होने लिखा है कि "इनके सम्बन्धमे बहुत-सी प्राचीन अप्रकाशित सामग्री सग्रहीत हुई है जो सारी बातें यथास्थान मेरी धर्मजीवन कथामे व्यक्त होगी ।" दु ख है कि यह सारा वृत्तान्त कही नही मिला ।

इस पुस्तक में जितने वर्णन हैं अधिकतर "श्रीश्रीविष्णुप्रिया गौराङ्ग" पत्रिकाके आधार पर हैं । कोई-कोई अंश उनकी कन्या श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवीसे जानकर दिया गया है । कुछ यात्रा सम्बन्धी विवरण साथ रहनेवाले भक्तो द्वारा लिखा गया जैसा "श्रीश्रीविष्णुप्रिया गौराङ्ग" पत्रिकामे प्रकाशित हुआ वह लिया गया है । कहीं-कहींपर किसी-किसी बातका पुन. उल्लेख था वह बहुत आवश्यकीय न प्रतीत होनेसे नही दिया गया है । कहीं-कही सवत्सरके अङ्कोमे प्रूफ सशोधनकी भूलके कारण मुद्रणमे गलती हो गयी उसको जहाँ तक बन पडा सुधारा गया है । कौन अश किसका लिखा है, इसका सक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है ।

१—प्रारम्भकाका अश प्रभुपाद श्रीहरिदासजी गोस्वामीका स्वलिखित उनकी अपनी शैलीमे है ।

२—बन्धु-वियोगका प्रकरण उनकी कन्या श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवीसे जानकारी प्राप्त करके लिखा गया है ।

३—"बसन्त साधुके साथ महतसमागम" का अश भी श्रीगोस्वामीजीका स्वलिखित है । उसमे उद्धृत बसन्त साधुके पत्रोका अनुवाद बसन्त साधुकी शैलीमे है । उस प्रसङ्गमे सर्वप्रथम सक्षिप्त परिचयका विवरण श्रीगौरपद घोष द्वारा लिखित "नित्य बसन्त माधुरी" पुस्तकके आधार पर लिखा गया है ।

४—उसके बाद "श्रीगौर विष्णुप्रियाको युगल सेवा प्रकाश" और "पूर्व बङ्गालमें गौर धर्म प्रचार" का प्रसङ्ग है। उसमें पहली यात्राका वर्णन श्रीगोस्वामीजीका स्वलिखित है, परन्तु उसमें वर्णित धामण्डा (धरीमाल) के उत्सवका विवरण वहाँके जमींदार भक्तवर श्रीकिरणकुमार रायने लिखकर भेजा था जो वैसा ही उनकी शैलीमें है। दूसरी यात्राका विवरण श्रीअमृतलाल दत्तका लिखा हुआ है। तीसरी यात्राका वर्णन श्रीमहेन्द्रलाल बसुका लिखा है।

५—गौर-मण्डल-दर्शनके प्रकरणमें श्रीपाट श्रीखण्ड और श्रीपाट कण्टकनगरी यात्राका वर्णन श्रीगोस्वामीजी द्वारा लिखित है।

६—श्रीपाट एकचक्रा दर्शनमें श्रीनित्यानन्द प्रभुके जन्म-स्थानकी यात्राका वर्णन भी श्रीगोस्वामीजीका अपना लिखा है।

उन स्थानोंके भावोंमें प्रभावित होकर उनकी कल्पमें वहाँ ही जो पद-रचनाकी उनका भी कहीं-कहीं समावेश है।

७—इसके उपरान्त श्रीवंशीदास बाबाजीसे इष्ट गोष्ठीका विवरण है। श्रीगोस्वामीजी प्राय प्रतिदिन उनके पास आया जाया करते थे और प्रतिदिनकी बात अपनी डायरीमें नोट कर लिया करते थे, उनमेंसे बहुत-सी बातोंका वर्णन उन्होंने अलग अलग तिथियाँ देकर किया था। लेकिन यहाँपर जिस क्रमसे इस गोष्ठीका विवरण दिया गया है वह विषयवार सङ्कलित कर दिया गया है, लेकिन शैली श्रीगोस्वामीजी की ज्यों-की-त्यों है।

८—उसको मन्दार पर्वतकी यात्राका वर्णन उनकी डायरी पर देखकर उसके आधारपर तैयार किया गया है।

९—मन्दार यात्राके बाद श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग-प्रवास भ्रमणका प्रकरण है जो गोस्वामीजीकी श्रीठाकुरजीकी यात्राके समयका वर्णन है। यह श्रीअमृतलालदत्त द्वारा लिखा गया है।

१०—महाराष्ट्रके सन्त श्रीविष्णुदिगम्बरजीका मिलन प्रसङ्ग किसका लिखा हुआ है, पता नहीं। यह "श्रीश्रीविष्णुप्रिया गौराङ्ग" पत्रिकाके अग्रेजी संस्करणसे लिया गया है।

११—उसके बाद ग्रन्थ प्रणयन और उनकी वैष्णव साहित्य-सेवाका प्रकरण है। इसमेंका वर्णन उनके विविध ग्रन्थोंमें उल्लिखित विज्ञापन, उत्सर्गपत्र आदिके आधारपर है।

१२—श्रीविष्णुप्रिया चरित प्रकट होनेका रहस्य वसन्त माधुकी मान्यता और घटना-चक्रके तर्क सम्मत आधारपर कल्पित है जिसमें हमारा पूर्ण विश्वास है। सब लोग उसे उसी प्रकारसे मानें अथवा उसमें विश्वास करें—ऐसा हमारा आग्रह नहीं है।

१३—समाज सेवाके प्रकरणका वर्णन कुछ 'श्रीश्रीविष्णुप्रिया गौराङ्ग" पत्रिकामें और कुछ उनकी कन्यासे जानकारी प्राप्त करके किया गया है।

१४—श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवीका प्रकरण उनसे स्वयंसे जानकारी प्राप्त करके लिखा गया है।

१५—उपसंहारका प्रकरण कुछ तो "श्रीश्रीविष्णुप्रिया गौराङ्ग" पत्रिकामें प्रकाशित समचारोंसे लिया गया है और कुछ उनकी कन्या श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवीसे जानकारी प्राप्त करके दिया गया है।

१६—वंशावलीकी तालिका द्विज बलरामदास ठाकुरकी जीवनी पुस्तकसे ली गयी है और श्रीगोस्वामीजीकी कन्या श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवीसे जानकारी प्राप्तकर उस तालिकामें सब तरहका विवरण दे दिया गया है।

श्रीहरिदासजी गोस्वामीकी गणना तत्कालीन वैष्णव आचार्य विद्याभूषण श्रीरसिकमोहन शर्मा जैसे महानुभावोंने ऋषि तुल्य की है जिन ऋषियोंके आर्ष ग्रन्थोंमें आस्तिक जगतके लोग अविश्वास नहीं किया करते हैं। हमको पूर्ण आशा है कि भावुक भक्त श्रीहरिदासजी गोस्वामीके चरित्रको पढ़कर प्रभावित होंगे और उससे लाभान्वित होंगे।

प्रमाद और असावधानीसे प्रूफकी बहुतसी भूलें रह गई हैं जिसके लिए पाठकोंसे क्षमा याचना करते हुए प्रार्थना है कि वे उन भूलोंको पढ़नेके पूर्व शुद्ध करलें। शुद्धिपत्र ग्रन्थके अन्तमें दिया गया है।

—रामनिवास ढंढारिया

कलकत्ता }

श्रीहरिदासस्तोत्रम्

यो भूमानन्दरूपो जनहृदि रमते विष्णुरेकोऽद्वितीयः
यो गौणोनिर्गुणश्चापि सततसेव्यः कर्मणा चित्तशुद्धयै:
श्रीशो नारायणो यो यमभयदमनः पालको विश्ववन्द्यः
गोपीभर्त्ता स कृष्णोऽवतुहि जगति नः पीतवासा स्मितास्य.

श्रीमन्नाथ महाभाग चकितस्तोमि त्वां मुदा ।
भक्तानां रजनेनैव यतस्त्वं रमसे हृदि ॥१॥

गौरविष्णुप्रियाभक्त गौरकान्तिर्महायशा ।
निर्दोषो धीरगम्भीरः कृती यति. सुधीः प्रिय ॥२॥

भक्तहितव्रतामोदी धार्मिको विदुषां वर ।
नि.स्वार्थ भक्तपूज्यश्च पुत्रदारैः सुसेवितः ॥३॥

मार्त्तबन्धो कृपासिन्धो सदा ते दर्शनेप्सया ।
धृतिर्नश्यति साधो जराग्रस्तस्य दुर्मतेः ॥४॥

पण्डिताः खलु यद्भ ये महद्भिश्चेत् सुधीयिता ।
लभन्ते च निजाभीष्टं तत्र नास्ति विचित्रता ॥५॥

श्रीकृष्णविमुखे क्रूरे दीने मूढे निराश्रये ।
दृष्टिश्चेदापतेद्धीमन् तत्रास्ति ते स्वतन्त्रता ॥६॥

आश्रयो नास्ति मे नाथ अतस्त्वां शरणं गत ।
विनाश्रयं न जीवन्ति पण्डिता वनिता यतः ॥७॥

दीर्घायुष्यमवाप्नोहि रोगमुक्तं कलेवरम् ।
व्रजलीलारसं भुङ्क्ष्व प्रार्थये श्रीहरिं सदा ॥८॥

श्रीरामतारए मुखोपाध्याय
वि,एल वेदान्ततीर्थस्य
राजशाही ।

प्रभुपाद श्रीहरिदासजी गोस्वामी

॥ श्रीश्रीगुरवे नमः ॥

श्रीश्रीहरिदास प्रभोरष्टकः ।

(बङ्गला भाषामे)

श्री श्रीगुरु पूर्णिमाके उपलक्ष्यमे परमाराध्यपादाचार्य ॐ श्री

श्रीमद्गुरु विष्णुपादपद्म श्री श्रीत श्रीश्रीयुक्त

२००९ श्रीमत् प्रभुपाद

हरिदास गोस्वामी प्रभुका

श्रीश्रीचरणारविन्द

वन्दना गीताष्टक

ॐ नमो हरिदासाय।

ॐ एइ प्रणवेते ओंकार प्रकाश।
वृन्दावन माझे जाँर स्वरुप विकाश॥
सेइ वनमाली, धराधाम नालि, गुरु रुपे अवतार।
अति अनुपम, अनर्पित प्रेम, करिछारे परचार॥
हे दयाल गुरु मोर प्रभु हरिदास।
चरणारविन्द वन्दे एइ दासनास॥

[२]

नरे नरोत्तम तुमि मोहे विद्यावास।
माभैः रवेते जीवे दिलेछ आश्वास॥
राङ्गा शतदल, चरण युगल, आहा किवा शोभा पाय।
भवत हृदयेर, जत अन्धकार, नाशे निशाकरप्राय॥
तो मोर अभीष्ट देव प्रभु हरिदास।
श्रीपाद पदुम वन्दि दन्ते करि घास॥

[३]

मोहिया मोहेर महा प्रबल प्रकाश।
मदमत्त मोर मनकरी करि वश॥
प्रभु प्रियाजीर पदारविन्देर, दिया प्रेमरजगन्ध।
सर्वदोषनाशि, कृपांकुशे कशि, चरण निगडे बांध॥
गुरु विष्णु पाद मोर प्रभु हरिदास।
वन्दिव पदारविन्द एइ मोर आश॥

[४]

हरिया शिष्येर जत मानसिक क्लेश।
अपरूप रूपे दिह आनन्द अशेष॥
हेम मान हर, श्रीअङ्ग सुन्दर, बालारुण जिनि वास।
ए रूपे आमारि, मन प्राण हरि, करि लह निज दास॥
ओ मोर करुणासिन्धु प्रभु हरिदास।
वृन्दारक वन्द्य पदे प्रणमे ए दास॥

[५]

रिपुकुल हेन महा वरुण आवास।
कुम्भज ऋषिर न्याय करह विनाश॥
अमल कमल, नयन युगल, मकरन्द अश्रुधारा।
भकत जनेर, भव ताप हर, विष्णुपादोद्‌भव पारा॥
जीवनेर ध्रुवतारा प्रभु हरिदास।
ओ पद सरोज वन्दि एइ अभिलाष॥

[६]

दासेरे करिया दया ओहे हृदयेश।
सुदुर्लभ नाम मन्त्र कैले उपदेश॥
मधुर मधुर, वदन सुन्दर, ताहे सुमधुर भाष।
जाहे अनिवार, गौर गोपालेर, कथामृत सुप्रकाश॥
प्राणकोटि प्रिय मोर प्रभु हरिदास।
वराभयप्रद पदे प्रणत ए दास॥

[७]

सारात्सार गौरकृष्ण प्रीति सुधारस।
पियाइते जगत् जीवे हये दयावश॥
श्रीगौराङ्ग महा-भारतादि आर, प्रियाजी चरित सार।
पद हेन मत, कत शत शत, करिले गो परचार॥
कोटी मातृ स्नेह स्निग्ध प्रभु हरिदास।
वन्दिवे चरण गुरु हृदे हओ प्रकाश॥

[८]

यबे जार हृदासने हओ गो प्रकाश।
कैतव असुर तार तखने हय नाश॥
द्विज बलराम, वश अनुपाम, ताहार मुकुटमणि।
अभिन्न श्रीगौर, गोविन्द सुन्दर, भावमय तनुखानि॥
जय सद्गुरु श्रील प्रभु हरिदास।
चरणे शरण मांगे विष्णुप्रिया दास॥

श्रीगुरुपूर्णिमा १ले श्रावण
गोपाल मठ,
० लक्ष्मीपुर जिला कछार
(१३४७ बङ्गाब्द

श्रीश्रीगुरु गौराग चरण कृपाप्रार्थी,
दीन—कृष्णचन्द्र दास
कुञ्जमोहन दास
व्रजरमण दास
व्रजमोहन दास

वन्दना

श्रीलविष्णुप्रिया यस्य व्यतिभातेऽन्तरेऽन्तरे ।
तस्य श्रीहरिदासस्य प्रसादमभिकामये ॥
श्रीकृष्णेकृष्णचैतन्ये जगच्चैतन्यकारिणि ।
तद्भक्ते तदभक्तेच दण्डवत् प्रणतिर्मम ॥

नित्यानन्दाद्वैत चैतन्यरूपे
चेतोनेत्रं न्यस्तमास्ते हि येषाम् ।
तेषां विष्वक् प्रेमपूर्णान्तराणां
वन्देनित्यं श्रीलपादारविन्दम् ॥

श्रीवैष्णवदासानुदास
कविराज शरच्चन्द्र गुप्त
हेतमपुर-राजवाटी ।

वंश-परिचय

मेरे परमाराध्य पितृपुरुषोंका आदि निवास-स्थान श्रीहट्ट जिलेके पञ्च खण्ड ग्राममें ढाका दक्षिण के समीप था। हमारे पूर्वपुरुष महाप्रभुके श्रीहट्टवासी पितृपुरुषोंके जाति-कुटुम्बी थे। हम पाश्चात्य वैदिक श्रेणी के ब्राह्मण हैं। श्री चैतन्य-भागवतमें जिस तैर्थिक विप्रकी कथा आती है, वे सत्यभानु उपाध्याय ही हमारे वंशके आदि पुरुष थे। इस तैर्थिक विप्रके प्रति नवद्वीपमें बाल गौराङ्ग प्रभुने जो कृपाकी थी, उस कथाको सभी गौर-भक्त जानते हैं, उसकी पुनरुक्ति यहाँ आवश्यक नहीं है। बालगौराङ्ग जब तीन वर्षके शिशु थे उस समय बाल्य-लीलामें कौतुकवश उन्होंने सर्व प्रथम हमारे पूर्व पुरुष भाग्यवान तैर्थिक विप्र श्रीसत्यभानु उपाध्याय पर अनिर्वचनीय कृपाकी थी, उसीका यह प्रभाव है कि आज तक हमारे हृदयमें गौराङ्ग-प्रेमकी अभिनव तरङ्गें उठा करती हैं। वे हमारी ग्यारहवीं पीढ़ीके पहले पुरुष थे। उसी कृपा-वैभवके बलसे हम लोग गौर-धनसे धनी होकर परमानन्द पूर्वक गौर-गुण गान करते हुए जीवनको सार्थक करते हैं। श्रीसत्यभानु उपाध्याय श्रीगौराङ्ग प्रभुके आदि भक्त थे। हमारे गौराङ्ग सुन्दर उसी पूर्व सम्बन्धको मानते हैं और आज भी निभाते हैं। उन तैर्थिक विप्रके प्रति जो उनकी अपार करुणा और अयाचित कृपावृष्टि हुई, उसी सम्बन्धसे उन्हीं विप्रवंशीय इस जीवाधम पाखण्डी कुलाङ्गार लेखकके प्रति भी हमारे भक्त-वत्सल श्रीगौरचंद्रकी इतनी कृपावृष्टि हुई है—इतनी करुणा प्रवाहित हुई है। ये ही निताई चाँद हमारे कुलके देवता हैं! ये ही गोरा चाँद हमारे परम देव हैं। उनका गुण न गावें तो लोग हमको नमकहराम कहेंगे। छि छिः। क्या ऐसा कर्म भी किया जाता है? जो कृतज्ञता स्वीकार नहीं करता है उसके सिर सहस्रों वज्राघात पड़ें!

अकृतज्ञ दुराचार नराधम शिरे।
पड़ुक सहस्र वज्र गम्भीर गर्जने॥
शतखण्ड करे देक् से पाप शरीरे।
मचक् से महापापी हा गौराङ्ग बले॥

यह मेरे हृदयकी बात है। हमारे पवित्र वंशमे भगवान न करें कि ऐसे कुलाङ्गारका जन्म हो।

"गाम्रोरे गौराङ्ग गुण गाम्रो।
मेदे देख केमन जुड़ाम्रो ॥"

महाजन कवि क्या व्यर्थ ही यह बात लिख गये हैं ? एक बार गौर-गुण गान करके देखो तो ! एक बार गौर कथा कहकर, गौर नाम लेकर तो देखो ! गौर भक्तोंका सङ्ग एक बार करके तो देखो तुम्हारा मन कैसा हो जाता है—हृदय कैसा हो जाता है ?

महाजन कवि क्या लिख नहीं गये हैं कि—

"जेवा नाहि बूझे केह, सुनिते सुनिते सेह,
कि अद्भुत चैतन्य चरित।
कृष्णे उपजिवे प्रीति, जानिवे रसेर रीति,
सुनिलेइ बड हय हित ॥" (चै च)

गौरदासके सङ्गके बिना, श्रीगौराङ्ग प्रभुके दासानुदासके सङ्गके बिना श्रीगौराङ्ग-लीला-रङ्ग तथा उनका तत्व कोई समझ नहीं सकता। इसीलिए पूज्यपाद कविराज गोस्वामीने लिखा है—

कहिबार कथा नय, कहिले केह ना बुझय,
ऐछे चित्र चैतन्येर रङ्ग।
सेइ से बुझिते पारे, चैतन्येर कृपाजारे,
हय यदि तार दासानुदास सग ॥

[श्री चैतन्यकी लीला ऐसी विचित्र है कि वह कही नहीं जा सकती, और कहनेपर भी कोई उसको समझ नहीं पाता। केवल जिसके ऊपर श्रीचैतन्यकी कृपा होती है, अथवा किसीको यदि उनके दासानुदासका सग प्राप्त होता है वही उसे समझ पाता है।]

मेरी इस आत्म-कहानीसे गौर-लीला कथामृत-समुद्रका मन्थन होगा। प्रसङ्ग प्राप्त होनेपर मैं गौर-गुण-गान किये बिना न रह सकूँगा। गौर मेरे जीवन-मरणके साथी हैं। गौर-कथा मेरे प्राणोंकी आत्म-कहानी है मेरी आत्मा की, मेरे मनकी आत्म-कहानी है। मेरी आत्म-कहानीका अर्थ ही है मेरे परमात्माकी आत्म कहानी। मेरा कर्म,

मेरा धर्म, मेरा जीवन, मेरा साधन, मेरा संसार, मेरी नौकरी, मेरी चातुरी, मेरा छल, मेरा वल, मेरा पाप, मेरा पुण्य, मेरी प्रीति, मेरा विद्वेष, मेरा क्रोध, मेरी करुणा, मेरा प्रिय, मेरा अप्रिय, मेरा भ्रम, मेरा सत्य, मेरा जीवन, मेरा मरण—सभी गौर-सम्बन्धसे जडित हैं, गौर-भाव-सम्बन्धसे ग्रथित हैं, गौर-भक्ति-सम्बन्ध युक्त हैं। मेरा—

शीतेर ओढ़ना गौर
गौरिषेर वा।
वरियार छत्र गौर
दरियार ना॥

[श्रीगौराङ्ग जाडेके ओढना हैं, ग्रीष्मकी वायु हैं, वर्षाके छत्र हैं, दरिया की नाव हैं। सारांश यह है कि श्रीगौराङ्गके शरणमें हमें सरदी, गर्मी, वर्षा और दरिया किसी का भय नहीं है।]

अपने गौराङ्ग नागरको हम निःसङ्कोच कह सकते हैं—

बंधू! तोमार गरबे, गरबिनी आमि,
रूपसी तोमार रुपे।
हेन मने करि, ओ दुहि चरण,
सदा लइया राखि बुके॥
अन्येर आछे, अनेक जना,
आमार केवलइ तुमि।
पराण हइते, शत-शत गुणे,
प्रियतम करि मानि॥
नयनेर अञ्जन, अङ्गेर भूषण॥
तुमि से कालिया चान्दा।
ज्ञानदास कय, तोमार पीरिति
अन्तरे अन्तरे बान्धा॥

[हे बन्धु! मैं तुम्हारे गर्वसे गर्विणी हूँ, और तुम्हारे ही रूपसे रूपवती। ऐसा मन करता है कि तुम्हारे दोनो चरणोंको सदा हृदयसे लगाये रखूँ। औरोंके तो बहुतरो अपने हैं पर मेरे तो केवल तुम्ही हो। मैं तुमको अपने प्राणोंसे शत-शत गुणा अधिक प्रियतम मानती हूँ। तुम्ही मेरे नयनोंके अञ्जन और अङ्गोंके आभूषण हो। ज्ञानदास कहते हैं कि तुम्हारी प्रीति मेरे हृदयके अन्तरालमें बँधी हुई है।]

आत्म-कथा कहते-कहते प्रसङ्ग वश गौर-कथाकी रस-तरङ्गें हृदयमें उछलने

गोस्वामी सङ्गीत और सितारवादनमें सिद्धहस्त थे। श्रीनीलमाधव भट्टाचार्य वृहस्पतिके तुल्य सर्वशास्त्र-निष्णात थे। श्रीविश्वेश्वर भट्टाचार्य श्रेष्ठ वैद्य थे। श्रीक्षेत्रनाथ भट्टाचार्य सुप्रसिद्ध ज्योतिषी थे। श्रीरामचन्द्र तरफदार और उनके चार पुत्र कलकत्ताके चावलके प्रधान आढ़तिया थे। उनके विशाल पक्के मकान और पोखरेका ध्वंसावशेष आज भी दृष्टिगोचर होता है। भागलपुरके राजा श्रीशिवचन्द्र वन्द्योपाध्यायका मकान दोगाछियामें था। उनके मकानपर श्रीदुर्गाजीका उत्सव होता था। उनके पक्के मकानका ध्वंसावशेष आज भी वर्तमान है। ग्राममें रहने वाले चमार लोग अंग्रेजी बैंड बाजा बजानेमें बड़े पटु थे। उन चमारोंके वंशमें हरिचन्द्र चमारका नाम कलकत्ता तक प्रसिद्ध था। गाँवमें नाटक मण्डली थी, माइनर स्कूल था, डाकखाना आज भी है। ऐसा सोनेका दोगाछिया ग्राम देश-व्यापी मलेरिया राक्षसीके प्रकोपसे आज श्मशान भूमिमें परिणत हो गया है।

मेरे मामाका घर मेरे ही गाँवमें था। मेरे मातामह श्रीरामगोपाल भट्टाचार्य ब्राह्मण-पण्डित थे। वे अति सुन्दर, गौर वर्णके, एक सज्जन पुरुष थे। मेरी मातामही हिरण्मयी देवी श्यामवर्णा थी। मेरे मामा और मेरी माँ दोनोंको ही पिताका रङ्ग-रूप प्राप्त था। मेरे मामा श्रीधर भट्टाचार्य कथावाचक थे। उनकी अकाल मृत्यु हो गयी। उस समय मेरी अवस्था ७-८ वर्षकी थी। मेरे मामाके पुत्र श्रीमान पञ्चानन भट्टाचार्य इस समय कृष्णनगर कालेजिएट स्कूलके एक लब्धप्रतिष्ठ शिक्षक हैं।

मेरी पूज्यनीय माताका नाम था अम्बिका देवी। वे रूपमें, गुणमें साक्षात् लक्ष्मी-स्वरूपिणी थी। वे सुलक्षणा और प्रभाव-सम्पन्न नारी थी। गाँवके सब लोग उनका सम्मान करते थे और भय खाते थे। मेरे पितृदेवकी बड़ी इच्छा थी कि अपने दो पुत्रोंमें कमसे कम एकको भी संस्कृत पढ़ावें, और भक्ति-शास्त्रकी स्वयं शिक्षा दें। परन्तु मेरी पूज्यनीया माताजी इसका विरोध करती थीं, क्योंकि मेरे पितृदेव संस्कृत और भक्ति-शास्त्रमें पण्डित होकर भी बड़े दरिद्र थे। इस विषयको लेकर मेरे माता-पिताके बीच प्रायः विवाद हो जाया करता था। यह बात आज भी मुझे खूब याद है। अन्तमें माताजीका विचार ही प्रबल सिद्ध हुआ। हम दोनों भाई अंग्रेजी पाठशाला में प्रविष्ट हो गये।

मेरे ज्येष्ठ भ्राताका नाम था श्रीपाद अच्युतानन्द गोस्वामी प्रभु। गौर-माता-गोसाईं शान्तिपुर-नाथ श्रीअद्वैताचार्यके तथा उनके ज्येष्ठ पुत्रके नामके साथ मेरे पूज्यपाद पितृदेव और ज्येष्ठ भ्राताके नामका एक आश्चर्यजनक मेल था। यह बड़े ही रहस्यकी बात थी। मेरे पूज्यपाद पितामहका नाम था गौरहरि; यह भी बड़ी मजेदार बात है। इन सब बातोंका स्मरण होनेपर हमारे शुष्क हृदयमें

समय-समयपर गौर प्रेमकी मन्दाकिनी उफन उठती है। उमर हृदय सरस हो जाता है। मनमें न जाने कितनी भावतरगें उठती हैं। हमारे वशके साथ एक विशेष प्रकारका गौर-सम्बन्ध था तथा है, इस विषयमे मेरे मनमें कोई सन्देह नही है।

मेरी एक बाल विधवा बुग्रा थीं जिनका नाम था सरस्वती देवी। वे विधवा होनेके बाद भाईके परिवारमें ही रहती थी। वे लिखना-पढ़ना नही जानती थी, पर विदुषी स्त्री थीं। वे श्रुतिधरी थी। मुग्धबोध व्याकरण तथा अमर-कोषका अधिकाश उनको कण्ठस्थ था। हमारे दोगाछियाके घरपर ही पाठशाला थी। श्रीपाद घनश्याम गोस्वामी प्रभु हमारे चचेरे पितामह दादा थे। वे उस समय न्याय शास्त्रके सर्वश्रेष्ठ अध्यापक पण्डित माने जाते थे। उनकी पक्की पाठशालामें बहुतसे छात्र थे। कलकत्तेके हाथी बागानके प्रसिद्ध काली कविराज तथा रानाघाटके निकट रघुनाथपुरके सुप्रसिद्ध ईश्वर कविराज श्रीसार्वभौम गोस्वामी प्रभुकी पाठशालाके छात्र थे।

मेरी बुग्रा जैसी विदुषी थी, वैसी ही भक्तिमती थी। पाठशालाके छात्रोंका पाठ सुनते सुनते उनको मुग्धबोध व्याकरण तथा अमर-कोष कठस्थ हो गया था। ठाकुरकी पूजा, सन्ध्या-वन्दन, स्तवन-स्तुति सब हम लोगोने बाल्यकालसे बुग्राके पास ही सीखा था। वे एक विशिष्ट कलाविद थी। चर्खा कातनेके कामसे लेकर राजमजदूर तकका काम वे अत्यन्त सुन्दरतापूर्वक करती थी। उनके हाथका एक अत्यन्त सुन्दर कसीदा काढा हुआ पुराना कन्था अबतक मैंने यत्नपूर्वक बचा रखा है। यदि श्रीमन्महाप्रभु कृपा करके कभी कन्था कोपीनधारी अकिञ्चन वैष्णव होनेका सौभाग्य मुझको प्रदान करेंगे, तो यही कन्था मेरा सहारा बन जायगा। मेरी बुग्रा भोजन बनानेमें भी प्रवीण थी। उनके हाथका तिक्त व्यन्जन, केलेके फूलका घण्ट और मूलीके अम्बलका स्वाद अब भी मैं नहीं भूलता।

मेरे गिरुदेवके एक भानजे थे, उनका नाम था नीलमाधव भट्टाचार्य वृहस्पति। वे सर्व शास्त्रोंमें परम पण्डित थे, इसी कारण उनकी उपाधि थी वृहस्पति। वे मामाके घर प्रतिपालित होकर उन्हीके यहाँ दोगाछियामें रहते थे। उनको ही हम बड़ा भाई या अभिभावक समझते थे। वे भी हमें अपने सहोदर भाईसे बढ़कर स्नेह करते थे। वे मेरे पूज्य पिताजीसे केवल दो एक वर्ष छोटे थे, परन्तु वे अपने मामाको गुरुजनके समान ही भक्ति और सम्मान प्रदान करते थे। ७० वर्षकी अवस्थामें वे श्रीधाम नवद्वीप मे २१ फरवरी १८६७ ई० को परलोक वासी हुए। उनके पीछे उनके दो पुत्र और एक विधवा कन्या थी।

पितृदेव

•

हमारे पूज्यपाद पितृदेवका जन्म किस वर्ष हुआ था, यह मैं ठीक-ठीक नही जानता, पर उनका गोलोकवास मार्गशीर्ष कृष्णा एकादशी तदनुसार अंग्रेजी ता० १७ नवम्बर १८८६ ई० को हुआ था। उस समय हमारे पितृदेवकी आयु अनुमानतः ६५ वर्षकी थी। मेरी अवस्था उस समय २०-२१ वर्षकी थी। डाकघरमें उस समय मैं (शिक्षा नबीस) सरकारी तारका काम सीखता था और केवल १०) महीना पाता था।

पितृदेव राणाघाटमे रहते थे, वे सुप्रसिद्ध भागवत-कथा-वाचक थे और राणाघाटके प्रसिद्ध जमींदार पाल चौधुरी लोगोके घरके सभा-पण्डित थे। मेरी पूजनीया मातृदेवी दोगाछियाके मकानपर रहती थीं। उनके ऊपर ही मेरे दोनो भाइयोकी शिक्षाका भार था।

मेरी दयामयी पितामही देवी जब विधवा हुई उस समय मेरे पूज्यपाद पितृदेव नाबालिग थे। मेरे पिताजी स्वनामधन्य महापुरुष थे। वे बहुत दिनो तक राणाघाटमें रहकर पर्याप्त मान-सम्मानके साथ जीवन-यात्रा चलाते रहे। हमारे घरमे घड़े कलशी, थाली, गिलास, दरी-गलीचा, चौकी, आसन, छाता, कपड़ा आदि किसी वस्तुकी कमी न थी, क्योकि मेरे पितृदेव ब्राह्मण पण्डित थे। उनकी उपाधि थी तर्क पञ्चानन, परन्तु वे तर्क कभी नही करते थे। कर्म-काण्डके काममे सर्वत्र ही वे निमन्त्रित होते थे। ब्राह्मण पण्डितको विदाई तथा भागवत-पाठमे प्राप्त उपरोक्त सभी वस्तुओसे हमारा घर सदा पूर्ण रहता था। राणाघाटसे बैलगाड़ी या बँहगीपर कार्तिक, माघ और वैशाखमे दो तीन बार मेरे पितृदेव नाना प्रकारकी वस्तुएँ तथा मिठाई आदि दोगाछियामे भेजते थे। राणाघाटसे दोगाछिया ८ कोस है। गाँवके सब लोगोको काफी मात्रामे मिष्टान्न बाँटनेपर भी घरमे काफी बच रहता था। हम लोग मिठाईके लिए कभी कङ्गाल न थे, रुपयेके लिए अवश्य अभाव अनुभव करते थे। अब ३-४ सौ रुपये महीना पाकर भी हम उस मिठाईका शतांश भी आँखोंसे नही देख पाते।

राणापाटमें मेरे पूज्य पिताजी अकेले रहते थे। वे स्वयपाकी और शाकाहारी थे, बहुत सात्विकता पूर्वक जीवन बिताते थे, शरीरमें तेल नहीं लगाते और न कुर्ता पहनते थे। अपने कपड़े धोबीसे धुलानेका उनका अभ्यास न था, तथापि उनके कपड़े सदा साफ सुथरे रहते थे। उनके पहने कपड़ोंमें एक सुन्दर उज्वलता होता था। उससे उनके शरीरकी सुगन्ध निकलती थी। वह लटके नदीमें स्नान करते थे, घरके सब काम काज स्वय ही करते थे तथा अपने हाथों गौकी सेवा करते थे। पक्षियोंको पढ़ानेका उन्हें बड़ा शौक था। मैना, तोता, सारिका आदि ३-४ पक्षी उन्होंने पाल रखे थे। स्वय ही उनको आहारादि देते थे। उनके देहान्तके बाद उनके पाले और पढ़ाये एक मैना पक्षीको बराबर मैंने अपने साथ रक्खा। अनेक स्थानोंमें भ्रमण करके २० वर्षकी अवस्थामें उस पक्षीने भूपालमें देह त्याग किया। उसके मृत देहको (होशंगाबाद) नर्मदा नदीमें विसर्जन करके मैंने उसकी अन्त्येष्टि क्रिया समाप्तकी थी। वह मैना "राधा कृष्ण राधा कृष्ण कृष्ण कृष्ण राम राम", की बड़ी ही मधुर वोली बोलती थी। मेरे पिताजीके कण्ठ स्वरका हूबहू अनुकरण करती थी।

मेरे पूज्य पिताजी सालमें बीच-बीचमें एक-दो बार अपने घर दोगाछियामें आते थे। द्विज बलरामदास ठाकुरके मृत्यु दिवसके उत्सवमें जब वे आते थे, तो राणापाटसे उनके साथ उनके छात्र तथा और लोग आते थे। उन दिनों यह महोत्सव बड़े समारोहके साथ सम्पन्न होता, बहुतसे भक्तोंका समागम, बड़ी भीड़ इकट्ठी होती। २४-२५ मन चावल रांधा जाता। इस महोत्सवको मूली महोत्सव कहते थे, क्योंकि इसमें जो प्रसाद वितरण किया जाता था उसमें मूलीके अम्ल रसकी प्रधानता रहती थी यह प्रसाद इतना सुस्वादु सुन्दर होता था कि बहुतसे लोग इसीके लोभसे महोत्सवमें आते थे। अगहनमें कृष्ण पक्षकी चतुर्थीको यह महोत्सव होता था। शास्त्रमें चतुर्थी तिथिमें मूली खानेका निषेध है, 'धनहानिश्च मूलके'। इसी कारण जान पड़ता है कि श्रीपाट दोगाछिया गांवमें गोस्वामी प्रभुओंके वंशमें सब दरिद्री होते हैं। यह विशाल वंश अब ध्वंसकी ओर गिरता जा रहा है।

जन्म वृत्तान्त

सन् १८६७ ई० के अक्टूबर मासकी दूसरी तारीखको, शकाब्द १७८६, वङ्गाब्द १२७४ कार्तिक मासकी १३ वी तारीख मङ्गलवार भ्रातृद्वितीयाके दूसरे दिन तृतीया तिथिमे, अनुराधा नक्षत्रमे, ४० दण्ड, ४ पल, ६२ विपल, ३० अनुपल कालमे नदिया जिलेके कृष्णनगरके अन्तर्गत दोगाछिया ग्राममे मेरा जन्म हुआ। गत कार्तिक मासमे मैने साठवें वर्षमे पदार्पण किया है, अतएव मैं यथार्थ ही षष्ठीका दास हूं।

मेरी जन्म-पत्रिका साढे सात हाथ लम्बी है। उसमे बहुतसी बातें लिखी हुई हैं। एक प्रसिद्ध ज्योतिषीने वर्ष-गणनाका फल जो लिखा था, उसे यहाँ उद्धृत करता हूँ—

"आपके ५६ वें वर्षके प्रारम्भसे भाग्याधिपति शुभ भावमे आते हैं, अतएव बहुत दिनोंकी कोई उच्च अभिलाषा सफल होगी। यश, सम्मान और आपके योगायोगमे वृद्धि होगी। विशेषत, आप धर्म प्रचारक गुरुके रूपमे बहुत लोगोंके आराध्य बनेंगे। आपके धर्म स्थानका फल यह है कि अन्तिम जीवनमे आप अत्यन्त उच्च स्थान प्राप्त करेंगे।"

मेरा अन्न प्राशनका नाम था नृहरिदास। पुकारनेका नाम था हरिदास, और राशिनाम था नीलमणि। मेरे नामके पूर्वका 'नृ' या 'नर' शब्द कब और कैसे उड गया, यह मैं नही जानता। इसका मर्म यही जान पडता है कि यह ठाकुर नरहरिका दास होने योग्य नही है। जन्म-पत्रिकाके अनुसार मेरी राशि वृश्चिक लग्न मिथुन गण देव तथा वर्ण विप्र है। १२७२ सालके आश्विन मासकी बडी वर्षाके दो वर्ष बाद जो कार्तिक मासमें एक और बड वर्षा हुई, उसी वर्षाके समय मेरा जन्म हुआ। मुझे सूतिका गृहसे हटाकर घरमे लानेपर मेरी प्राण-रक्षा हुई।

अपने जन्मके सम्बन्धमे अपनी माता, नानी, बुआ, बडी बहिन आदिके मुखसे मैंने जो कुछ सुना है, वही लिख रहा हूं।

मैं अपनी माताकी नवम् गर्भजात यमज-सन्तानमें एक हूँ। मेरे साथ एक बहिन भी माताके गर्भसे उत्पन्न हुई थी। वह पहले भूमिष्ठ हुई, उसके बाद मेरा जन्म हुआ। यह बहिन मेरी पाँचवीं बहिन थी। वह स्वभावतः नव प्रसूता हृष्ट पुष्ट शिशु बालिकाके समान भूमिष्ठ होकर केवल १६ दिन तक जीवित रही। मैं क्षीणकाय, आकारमें अपनी यमज बहिनका आधा था। जीवनकी आशासे रहित मृत वत्सके समान माताके गर्भसे भूमिष्ठ हुआ था। उस समय जिन जिनने मुझको देखा, सबने एक स्वरसे कहा कि इसके जीनेकी कोई आशा नहीं। मेरी वृद्धा नानीने जन्मकालसे ही सूतिका गृहमें आकर सब प्रकारसे मेरे लालन-पालनका भार उठा लिया था। जन्मके समय मेरी माता अचेतनावस्थामें थीं। जिस समय उनको होश हुआ और उन्होंने सुना कि उनको एक और पुत्र रत्न पैदा हुआ है तो उनके आनन्दकी सीमा न रही। वे उठ बैठीं, मुझे गोदमें लेकर अनिमेष नेत्रोंसे मेरे मुखकी ओर देखकर आनन्दाश्रु बहाने लगीं। मेरे ज्येष्ठ सहोदरकी पाँच वर्षकी आयुमें अकाल मृत्युके बाद उनके गर्भसे एक एक करके तीन कन्याएँ उत्पन्न हुई थीं। वंशकी रक्षाके निमित्त परिवारमें स्वभावतः एक पुत्र सन्तानके लिए तीव्र ललक थी। इस पृष्ठ-भूमिमें पुत्र-रत्नको इस अवस्थामें देखकर हित मित्रके साथ सभी लोग विशेष उत्कण्ठित और चिन्तित हुए।

सुना है कि मेरे भूमिष्ठ होनेके बाद कुछ समय तक मेरे कण्ठसे कोई ध्वनि किसीने नहीं सुनी। 'बालानां रोदनं बलम्'—परन्तु यह बल भी मुझमें नहीं था। माताके स्तनका दूध पीनेकी शक्ति और सामर्थ्य भी मुझमें नहीं थी। मुझको गो-दुग्ध रुईके द्वारा बूंद-बूंद कर कर पान कराया जाता था। मुझे याद है एक बार बूआने मुझसे कहा था कि, "तुम्हारे हाथ पैर खूब लम्बे थे, नाक खूब चपटी थी, काले काले केश थे, चेहरा एक सुन्दर मिट्टीकी पुतलीके समान था, परन्तु शरीरमें नाम मात्रको भी मांस न था—केवल अस्थि-पंजर मात्र था—एक-एक करके हड्डी गिनी जा सकती थी।' सरसोंका तेल लेपन कर-कर पत्थरकी चौकी पर धूपमें मुझको सुलाकर मेरी नानी मेरी देखभाल करती रहती थी कि कहीं गीध या चील्ह मुझको अपनी चोंचमें पकड़कर उठा न ले जाय, अथवा कौआ चोंच मारकर मेरी अंग-हानि न करे, इस भयसे सदा सब लोग सशङ्कित रहते थे। किसी प्रकारका भोजन मेरे पेटमें पचता न था। जो कुछ बूंद-बूंद गो-दूध मेरे पेटमें जाता, वह ठीक उसी आकारमें मेरे गुह्य द्वारसे बाहर निकल आता था। मेरी माता देवी जब स्वस्थ हुईं तब मैंने स्तनपान करना सीखा, लेकिन उसको भी पचानेकी शक्ति मुझमें न थी। ऐसी अवस्थामें सभीने मेरे जीनेकी आशा त्याग दी थी, परन्तु और भगवानकी कृपासे मेरे जीवनकी रक्षा हुई।

मैं जब तीन महीनेका हो गया, उस समय भी मुझको देखकर लोगों को सन्-

प्रसूत होनेका भ्रम होता था। रोना तथा आँखें खोलना तक मैं तीन महीने पश्चात ही सीख पाया।

मेरे पूज्यपाद पितृदेवने कार्तिक मासके व्रत नियममे रत होकर उन दिनों राणाघाटके जमीदार पालचौधरीके घरपर भागवत-पाठका व्रत लिया था। वे पाठ बन्द करके पुत्रका मुख देखनेके लिए घर आये। परन्तु पुत्र रत्नकी अवस्था देखकर उन्होने समझ लिया कि उसके जीवनकी आशा बहुत कम है।

मेरी वृद्धा नानीने जब मेरे लालन-पालनका सारा भार ग्रहण किया उस समय उन्होने एक स्वप्न देखा—"यह पुत्र दीर्घजीवी होगा और इसके द्वारा जगत मे अनेक शुभ कार्य सम्पन्न होगे। वह तीन महीने तक पृथ्वीपर न रहने पाये।" इस कारण मेरी नानी, माता, बहिन तथा अन्यान्य आत्मीय स्त्रियाँ दिन-रात सदैव मुझको गोदमे लिए रहती थी। स्वप्नादिष्ट वाणीको सफल बनानेकी चेष्टामे सबने मिलकर इस कठिन कार्यका सम्पादन किया।

मैं जब ६ महीनेका शिशु हो गया, तब कुछ देखने लायक जान पड़ता था। परन्तु जन्मकालसे शेषपर्यन्त मैंने अजीर्ण रोग भोगा है और सबको इसके कारण कष्ट दिया है। जब मैं एक वर्षका हुआ तो मेरे गाँवके प्रसिद्ध कविराज श्रीविश्वेश्वर भट्टाचार्य, जो मेरे मातृवशके थे, मेरी चिकित्सा करने लगे। परन्तु कुछ विशेष लाभ न हुआ, अतएव तत्कालीन गोआडी कृष्णनगरके सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर कालीचरण लाहिडी महाशय मेरी चिकित्साके लिए नियुक्त किये गये। काली बाबू बहुत दूरदर्शी चिकित्सक थे, वे बडे दयावान थे। वे जानते थे कि मेरे पिता दरिद्र ब्राह्मण पण्डित हैं। घोडागाडी करके गोआडीसे देखनेके लिए आना और औषधि आदि लाना उनके लिए साध्य नही है—यह भी वे जानते थे। अतएव उनके ही परामर्शसे गोआडीमे बासा ठीक करके बीच बीचमे मेरी मातृदेवी मुझको लेकर वहाँ रहा करती थी। वर्षमे ४-५ महीने इस प्रकारका प्रबन्ध करना पड़ा था, तब कही मेरे जीवनकी रक्षा हो सकी।

मेरे मामाने डॉक्टर काली बाबूको एक दूध देने वाली गाय दी थी। मेरी चिकित्सामे सुविधाके लिए ही ऐसी व्यवस्था हुई थी। दोगाछियाकी अञ्जना नदीकी बडी-बडी रोहू मछली बीच बीचमे डॉक्टर बाबूके घर गोआडीमे भेजी जाती थीं। जब जो अच्छी वस्तु गाँवमे तैयार होती, वह पहले डॉक्टर बाबूके घर जाती। यह सब मेरी सुनी हुई बातें हैं।

मैं जन्मसे ही सदा रोगी रहा करता था। अजीर्ण और पेटका दर्द तो मेरे लिये नित्य-सहचर थे ही। ज्वर भी होता था दो बार चढने वाला, वातश्लेष्म और विषम ज्वर कोई भी रोग बाकी नही बचा। सात-आठ वर्षकी अवस्था तक इन सब रोगोके कारण मैं प्राय. शैयाग्रस्त रहा था किसी दिन भी नीरोग नही रहा। वर्षमे दो तीन बार ऐसे अवसर आजाते थे कि ४०-४२ दिन उपवासके बाद मुझे पथ्यादि मिला करते

थे। मुझे याद है कि बहुत पुराना पतला चावल चवन्नी, अठन्नी और रुपयाके द्वारा काटेसे तौलकर मुझको पथ्य दिया जाता था। मैं बैठे बैठे, एक-दो करके गिन गिनकर भातके दानोंका पथ्य लेता। मैं खाता या न खाता, पर भातका दर्शन करके ही मेरे मनमें आनन्द होता था। मेरे कारण घरके सभी लोग परेशान रहते थे, विशेषतः मेरी मातृदेवीको सर्वापेक्षा अधिक संताप था। परन्तु वे बड़ी सावधान रहती थी, कभी कुपथ्य नहीं देती थी। मेरी बूढ़ी नानी स्नेहकी अधिकताके कारण कभी-कभी कुछ मिठाई या फल मुझको चुपकेसे दे दिया करती, इसके कारण मेरी माँके साथ उनकी कलह हो जाया करती थी। यह कलह मैंने अपने कानोंसे सुनी थी, और वे बातें आज भी मुझे याद हैं।

जब मेरी अवस्था ८-९ वर्षकी हुई, उस समय मुझे मूत्रकृच्छ रोग हो गया। मैं इस प्रकार अनेक गुणों (रोगों)से भरा पड़ा था। इस रोगमें मेरी अस्त्र चिकित्साकी गई थी। गोआड़ी-कृष्णनगरके तात्कालिक सुप्रसिद्ध डाक्टर तारापद बाबूने सरकारी अस्पतालमें मेरी अस्त्र चिकित्सा की। बिना क्लोरोफार्मके यह अस्त्र चिकित्सा की गई, ऐसे थे ताराचन्द बाबू डाक्टर या डकैत।

तत्पश्चात् सर्वग्रासी देशव्यापी मलेरिया ज्वरने* हमारे गाँवको उजाड़ दिया।

---

*देशव्यापी सर्वग्रासी राक्षसी मलेरियाकी ताण्डवलीलाका दृश्य मुझे आज भी खूब याद है। हमारी 'स्वर्गादपि गरीयसी जन्मभूमि' श्रीपाट दोगाछिया ग्रामकी उसने जो दुर्दशाकी थी, उसको याद करके आज भी मेरी आँखोंमें आँसू आ जाते हैं, जीवनमें उसे मैं भूल नहीं सकता। अंग्रेजी पढ़कर जब मैं पहले मुफ़स्सिलमें नौकरी करता था, उस समय मेरी अवस्था केवल २०-२२ वर्ष थी। उस समय स्वर्गीय स्वनामधन्य गरिफानिवासी अमृतलालराय द्वारा सम्पादित अंग्रेजी 'Hope' और 'Hindu Magazine' नामक पत्रिकामें मैं अंग्रेजीमें लेख लिखा करता था। अपने ग्रामकी अवस्थाका वर्णन करते हुए इस मलेरियाके बारेमें मैंने चालीस वर्ष पूर्व जो कुछ लिखा था उसका कुछ अंश नीचे उद्धृत करता हूँ।

"Desolation ... [illegible]

go home, hollow cheeks, sunken eyes and wasted limbs always presented a very bad and pitiful spectacle to me and I could not but shed tears for them I must emphatically attribute the cause of this most pitiful condition of the villages to the utter want of pure and good drinking water

There is a canal by name Anjona in the village and the water of which has long become stagnant, there being no way for its egress and ingress and in consequence numerous weeds and other water-vegetables have grown up in it and make its water all the more noisome.

जब पहले पहल मलेरियाने हमारे गाँवमे पदार्पण किया, तब मैं दस वर्ष का था यह ग्राजसे पचास वर्ष पूर्वकी बात है। उस समय गाँवमे बहुत लोग थे। घर-घर इस सर्वग्रासी राक्षसी मलेरियाके उत्पात और उपद्रवसे गाँवके लोग व्याकुल हो उठे। हमारे घरोमे हावर्डके कुनैनकी शीशियाँ और डी० गुप्तके बोतल इतने अधिक थे कि उनकी गणना नहीं हो सकती थी। यह मुझे खूब याद है कि कुनैन खोलकर खानेकी सुविधा या सुयोग न होनेके कारण कभी कभी हम शीशीसे हाथमे डालकर कुनैन खाते थे। साल-साल भर खुजली और दादसे हम परेशान रहते थे। इस प्रकार ग्रामीण जीवनके १२-१४ वर्ष व्यतीत हो गये। इसी कारण मैं बाल्य कालमे अपेक्षित शिक्षा प्राप्त नहीं कर सका। इसमे मेरा अपना दोष था ही नहीं, यह नहीं कह सकता।

Of late I had been to the village for a month One cannot but shed tears when he happens to see broken health, worn out constitution, sunken eyes, hollow cheeks of young men and women and children every where owing to disastrous malarial fever, which is in full swing throughout the year The poor villagers consider their life a burden and their occupation a troublesome drudgery The village abounds in jungles and tigers have taken their abode in the heart of the village, and the villagers live in constant fear for their lives Village population is dwindling away and it looks like a desert

"Hope" 9th January, 1892.

शैशवकी कथा

मेरे जन्मके दो वर्ष बाद मेरा एक कनिष्ट भ्राता उत्पन्न हुआ। उसका नाम था गुरुदास। वह बडा दुष्ट था और बलिष्ट भी असाधारण था। मैं सदाका रोगी था, अतएव दुर्बल, शान्त और शिष्ट भी था। मेरा छोटा भाई मुझको पकड कर मारता, और मैं ढाड मारकर रोता था।

एक दिन दोनो भाई घरके प्राङ्गणमे खेल रहे थे। माताजीके द्वारा आगनमे यत्नपूर्वक लगाये हुऐ एक कटहलके पौधेको मेरे छोटे भाई गुरुदासने पैरसे कुचल दिया और दुष्टतावश माताजीसे मेरा ही नाम लगा दिया। इस पर माता जी बहुत क्रुद्ध हुई और मुझको बुरा भला कहने लगी। इसको लेकर घरके सब लोग मुझ पर बहुत बिगडे। मैं बडा ही दुलारा लडका था। किसी ने कभी भी मुझको कुछ कहा न था। इस प्रथम अकारण ताडना और डांट-फटकारसे मेरे मनमे बडा ही दुःख और मान हुआ। मैं कोध और मानसे रो पडा तथा मनही मन सङ्कल्प किया कि इसका बदला लेना ही चाहिए। मैं इस प्रकार छिप जाऊंगा कि सब लोग खोजते-खोजते हैरान हो जांयगे। सब लोग रोवेंगे, मा भी रोवेगी और मैं तमाशा देखूंगा।

मेरा जो सङ्कल्प होता था सदा वैसाही कार्य करता था। उस दिन सन्ध्या काल मैं अपने मकानके शयन-गृहमे एक बडे मिट्टीके कुण्डे के भीतर प्रवेश करके छिप रहा। किसीको कुछ पता न चला। धीरे धीरे चार घण्टे रात बीत गयी। मेरी खोज ग्राममे ही होने लगी। घरमे हाहाकार मच गया। मुहल्ले मुहल्लेमें लोग मुझे खोजनेके लिए निकल पडे। घरमे कोई बडा आदमी नही था। मैं चोरके समान उस मिट्टीके कुण्डेके भीतर बैठकर चुपचाप मजा ले रहा था। उस समय वर्षाका मौसम था। नदी-नाले आदि जलसे भरे थे। गाँव टोले सब जलाकीर्ण थे। मेरे नील माधव, बृहस्पति, दादा (बड़े भाई), मेरे मामा श्रीधर महत्माएं राय, पन्नोली, सोल, उस जलमें घुसकर मेरा पता लगाने लगे। माताजी, बुआजी, बहिन—सभी व्याकुल होकर रो रहीं थी। जो लौटकर आता वह रोते-रोते कहता—"लडका नही मिला"। परन्तु घरमे आकर कोई नहीं देखता था। सब लोग बाहर ही मुझे ढूढते थे। तब मैं उस दुर्गन्धमय मिट्टीके कुण्डेसे बाहर निकल कर घरके भीतर तख्ते पर सोकर चुप-

आप अकेला रोने लगा। माताजीके गम्भीर आर्त्तनाद, बुआजी और बहिनोंके करुण क्रन्दन एवं आत्मीय स्वजनोंके दुःखपूर्ण हाहाकारसे मेरा बाल हृदय व्याकुल हो उठा। मैं सबको देखता था और मुझको कोई नहीं देख पा रहा था क्योंकि घरके भीतर उस समय कोई आ नहीं रहा था। दुःखसे, क्षोभसे और पश्चाताप से मैं फुफकार मारकर रोने लगा। उस नीरव क्रन्दनकी ध्वनि को कौन सुनता ? इस प्रकार बहुत समय बीत गया। घरमे लोगोंकी भीड़ लग गयी। घरका आँगन रोने-पीटने और हाय-हायसे भर गया। गाँव के वन-जगल, गड्ढे आदि सब छान डाले गये। परन्तु किसीको कही मेरा पता न मिला। रात जब डेढ पहर बीत गयी तो मेरी बडी बहिन पार्वती देवी किसी कार्यवश घरमे प्रविष्ट हुई और मुझको उस अवस्थामे देखकर गोदमे लेकर एक बारगी आँगनमे ले आयी। उनके मुँहसे कोई बात नही निकल रही थी। मुझको गोदमे लेकर केवल रोने लगी। उसी समय मेरी मातृ-देवी उन्मादिनीके समान बिखरे वेशमे झटपट आई। उन्होंने दीदीकी गोदसे खींचकर मुझको अपनी गोदमे ले लिया तथा आङ्गनके बीचमे बैठकर फूट फूट कर-रोने लगी। मेरा मुँह और कोई न देख सका। स्नेहवती माताके अन्चलमे मुँह छिपाकर मैं भी रोने लगा। चारो ओर तब शोर होने लगा कि "लडका मिल गया है।" तब गाँवके सब लोग आ एकत्रित हो गये। मेरा छोटा भाई गुरुदास उस समय पाँच वर्षका धृष्ट बालक था। वह महान अपराधीके समान माता देवीके पीछे खडा था। माताजी बड़े लाड-प्यारसे मेरे शरीर पर हाथ फेर रही थी। पुत्रके मुख-चुम्बनके लिए कितनी ही चेष्टा की, परन्तु कर नही पाई। इस अपूर्व दृश्यको देखनेके लिए बहुतसे लोग एकत्र हो गये। जितनेही अधिक लोग एकत्र होते जाते, उतनीही मेरी लाज बढती जाती। अन्तमे मेरी दयामयी माता अपने दुलारे पुत्र-रत्नकी ऐसी दुर्दशा और विपद् देखकर उपस्थित लोगोंको हटाकर आँगनके एक एकान्त स्थानमे मुझको ले जा कर अकेली बैठ गई। मैं दीर्घ साँस लेकर रह गया। मुख उठाकर माताके मुँहकी ओर देखा। तब स्नेहमयी माँके जानमें जान आयी।

इसके बाद आँगनमे प्रसादके लूटकी धूम मच गयी। आत्मीय-स्वजन लोगोंमे से बहुतोंने बहुत मनौती कर रक्खी थी। सबने प्रसाद लुटाया। मुझे याद है उस रात हमारे आँगन मे सन्देश-बताशों की लूट मची थी और लोग ठेला-ठेली करते थे। मेरी मातृदेवीने गृह देवता श्रीबाल गोपाल देवको आधा मन दूध का पायसान्न भोग देने की मनौती की थी। दूसरे दिन ठाकुरजीको भोगलगाकर विशेष रूपसे ब्राह्मण भोजन कराया गया।

मुझे याद है, उस रात्रिको मेरे हाथ और मुँह मे सन्देश समाता नही था। खूब भूख लगी थी। भर पेट सन्देश खानेके बाद मेरे मुख-मण्डल पर हसीकी रेखा दिखलाई दी। उस समय सबने प्रेमपूर्वक मेरा मुख चुम्बन करके दुलार प्रदर्शित

करने का सुयोग मिला था। मेरे नील माधव दादा और मामाने मुझको गोदमें लेकर आनन्दसे नृत्य किया था और मैंने लज्जासे मुख नीचा कर लिया था।

यह समाचार पितृदेवके पास रानाघाट पहुँचा। वह अपने वंशधर पुत्र-रत्न सुरक्षित देखनेके लिए सब काम छोड़कर एक बार घर आये थे। मुझको अकारण भर्त्सना और ताड़ना करनेके लिए घरके सब लोगोंको उन्होंने फटकारा था। विशेष करके मातृदेवीके प्रति वह इससे कुछ रुष्ट हुए थे।

मेरी यह अपूर्व बाल्यकालकी लीला मेरी बड़ी बहिन दुर्गादेवी अबभी सबके सामने विस्तृत कहानीके रूपमें सुनाकर बड़ा आनन्द पाती हैं। वह अभी जीवित है, मुझसे सोलह वर्ष बड़ी हैं। वह हमारे ही साथ रहती हैं, तथा अपने परम प्रिय भाई हरिको प्राणके समान मानती हैं।

मुझे याद है कि मेरे शरीर पर अनेक आभूषण थे। हाथमें बलय, पैरमें पाजेब, गलेमें सोनेसे बँधा बाघ नख और सिर पर घने काले केश पाश के बँधे जूड़ेसे चौड़े ललाट पर स्वर्णालङ्कार झूल रहा था। क्षीण कटि प्रदेश में कमर पट्टी थी। मेरा रङ्ग कच्ची हल्दीके समान था। मुँह गोल, सुडौल और सुन्दर था। वंशी के समान नाक थी। सब लोग कहते थे कि ऐसा सुन्दर बालक किसीको नहीं हुआ। मेरे पितृदेवका एक ग्वाला शिष्य था। उसका नाम था केनाराम। वह हमारे घर काम करता था। मुझको गोदमें और पीठ पर लेकर उसने वैसा बनाया, जैसे निमाई चाँदको श्रीईशानने बनाया था। केनाराम का रंग अत्यन्त काला था। वह मुझको जब गोदमें लेता था तो लोग कहते थे—' बड़ा सुन्दर दिखता है। बलिहारी ! अहा जैसे श्याम घनके क्रोड़में विद्युत् खेल रही हो। मानो चम्पाके फूल पर भ्रमर बैठे हैं। यह सब बातें मेरी स्नेहमयी माँको अच्छी नहीं लगती थी। वे कहती थी—' दुष्ट लोग मेरे सोने के चाँदको नजर लगाते है।' सब लोग कहते हैं कि वस्तुतः मैं रूपवान् था। परन्तु दुःखकी बात है कि मेरी बाल्यावस्थाका कोई चित्र नहीं है।

मैं जन्मसे ही सदा रोगी रहा। इस कारण मेरा लिखना पढ़ना ठीक नहीं हुआ। यह बात मेरे माता-पिता कहते थे। परन्तु मेरा विश्वास है कि मेरे अपने ही दोषसे मेरा लिखना पढ़ना नहीं हुआ। यह सब बातें मैं यथास्थान प्रकट करूँगा।

विद्याभ्यास

मेरी बाल्यशिक्षाका भार साक्षात बृहस्पति तुल्य मेरे फुफेरे भाई श्रीनील-माधव बृहस्पति भट्टाचार्यके ऊपर पड़ा। उन्होंने मेरे हाथमें खड़िया देतेही मुझको मुग्धबोध व्याकरण कण्ठस्थ कराना आरम्भ कर दिया। परन्तु मेरी मातृदेवीकी इच्छासे मेरा संस्कृतका अध्ययन बन्द होगया। फिर गाँवकी अंग्रेजी पाठशालामें उन्होंने मुझे प्रविष्ट करा दिया।

दोगाछिया ग्राममें एक गवर्नमेन्ट सहायता प्राप्त बंगला अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय था जहाँ कृष्णनगर चांदसड़कके श्रीचन्द्रकान्त वसु हेडमास्टर थे और स्थानीय यज्ञेश्वर बसु तथा काली भैरव भट्टाचार्य दो पंडित थे। मेरा प्रथम विद्याभ्यास उसी माइनर स्कूलमें आरम्भ हुआ। उस समय मेरी अवस्था केवल ७-८ वर्ष की थी। मुझे याद है, एक दिन पाठ याद न रहनेके कारण पण्डित काली भैरव भट्टाचार्यने मेरा कान जोरसे ऐंठ दिया था। इससे मेरा गोरा कान लाल हो गया, कुछ दर्द भी हुआ। मैंने घर आने पर छल छलाती आँखोंसे अपनी मातासे यह बात कहदी। पण्डितजी मेरी माताके पितृवंशके एक आत्मीय जन थे। मेरी स्नेहमई माँने उस दिन उनके साथ खूब झगड़ा किया था, यह मुझे याद है। तबसे पण्डितजीने फिर मुझसे कुछ नहीं कहा।

मेरे पिताजी संस्कृत साहित्यके अद्वितीय पण्डित थे, व व्याकरणके एक प्रसिद्ध विद्वान थे। परन्तु गणित शास्त्र वे कुछ भी नहीं जानते थे। उन्होंने विद्यालयमें कभी नहीं पढ़ा। छ वर्षकी अवस्था तक उन्होंने कुछ नहीं पढ़ा। मुग्धबोध व्याकरणसे उनकी पढ़ाई शुरू हुई थी। वहींसे उनकी जो कुछ विद्या हो सकी हुई। वह पौने-सवाई लिखना भी नहीं जानते थे। ।) के स्थान में चार आना भाषामें लिखते थे। यहाँ तक कि रुपये पैसे गिननेमें भी उनसे भूल होती थी। मुझे याद है जब मैं स्कूलमें पढ़ता था उस समय राणाघाटके निवास स्थानमें भागवतकी कथा होती थी। कथा समाप्त होनेके दिन सीधा, रुपया, अठन्नी, चवन्नी, दुअन्नी, पैसा आदि

अनेक वस्तुएँ भेंटमें आती थीं। पिताजी स्वयं एक बार गिनकर हम लोगोंके हाथमें उसे देते थे। वे जितना गिनकर देते उससे प्राय अधिक ही पाया जाता था। चोरी करनेकी खूब सुविधा थी। हम लोग चुरा भी लेते थे।

पिताका मैं अनुरूप पुत्र था। गणित शास्त्रमे मेरी कभी रुचि न हुई। पिताके गुण प्राय पुत्रमे आते हैं। दोगाछिया मिडिल स्कूलसे १३-१४ वर्षकी अवस्थामें जब मैंने माइनर परीक्षा दी थी, उस समय मैं गणितमे ही असफल रहा था। मैं जुबली उत्सवके साल प्रवेशिका परीक्षामें भी गणितमे ही असफल रहा था। इस वर्ष अधिकाश छात्र पास हो गये थे। मैं गणितमे ऐसा पण्डित था कि प्रवेशिका परीक्षामें मुझे गणितमे शून्य नम्बर मिला था। हमारे दोगाछिया माइनर स्कूलके हेडमास्टर साहबने एक आदमीके द्वारा मेरी माताजीके पास शिकायतकी थी कि तुम्हारा पुत्र Mathematics (गणित) कुछ नहीं जानता, और न जाननेकी चेष्टा ही करता है। मुझे याद है मेरी स्नेहमयी माता देवीने यह बात सुनकर मुझको धमकाते हुए कहा था—"तुम्हारे हेड मास्टरने कहला भेजा है कि तू माथामाटी (गणित) नहीं करता है। तू माथामाटी कर, नही तो तेरा नाम स्कूलसे कट जायगा।" अपनी पूज्यनीया मातृदेवीके आदेशसे मैंने अपना माथा एकदम माटी कर दिया, पर गणित न सीख सका। यह बडे दुखकी बात थी। मैं प्रवेशिका परीक्षा Test Examination के गणितमें कैसे उत्तीर्ण हुआ था, यह सुनकर पाठक खूब हँसेंगे। वह बडी मनोरजक बात है। मेरे राणाघाट स्कूलके सहपाठी बाल्यकालके मित्र श्रीयुत नगेन्द्रनाथ स्वर्णकार (एम ए —जो इस समय कलकत्ता सिटी कालेजके अध्यापक हैं) गणितके मर्मज्ञ हैं। परीक्षामे गणितके प्रश्न पत्रोंमे खूब कठिन और अधिक नम्बर वाले दो तीन प्रश्नोंको करके मेरे उपर्युक्त मित्रने राणाघाट स्कूल के Compound महातेके दीवालके एक निर्दिष्ट गर्त्तमे मेरे लिए छिपाकर रख दिया था। मैंने पेशाब करनेके बहाने कक्षासे बाहर आकर यथा समय उस उत्तरके कागजको चुपकेसे ले लिया और नकल करके गणितके Test (टेस्ट) मे पास हो गया। तब मैं प्रवेशिका परीक्षाके लिये भेजा गया। परन्तु सुचतुर हेडमास्टर माखनलाल दत्तने उस समय मुझसे कहा था—"हरिदास। यह तुम्हारी जुआचोरी है, यह मैंने समझ लिया है। परन्तु जाओ, तुम गणितमे पास नही होगे।" महापुरुष की बात सही उतर गयी। मैं फेल हो गया।

स्कूल-कालेजमे पढ़े बिना विद्या प्राप्त नहीं होती—यह धारणा भ्रमपूर्ण है। मेरी शिक्षा स्कूल-कालेजसे नही हुई। बङ्गला और अंग्रेजी साहित्यमे बाल्यकालसे ही मेरा विशेष अनुराग था। माइनर परीक्षामे फेल होकर मैंने जब राणाघाट अंग्रेजी स्कूलमें तृतीय श्रेणीमे पढ़ना शुरू किया, उस समय मैंने उपलब्ध बङ्गला साहित्यकी प्रायः सभी पुस्तकें पढ़ डाली थीं। राणाघाटकी पाठशालाके पुस्तकालयमें तथा सर्वसाधारण

पुस्तकालयमे जितनी बङ्गलाकी पुस्तकें थी, मैंने सभी पढ डाली थी। कादम्बरी, सीता-वनवास, रासेलास, वेताल पच्चीसी प्रारम्भ करके माइकेल मधुसूदन, बङ्किमचन्द्र, रमेशचन्द्र, दीनबन्धु अक्षय दत्त, अक्षय सरकार, काली प्रसन्न घोष आदि साहित्य सारथियोंकी सारी पुस्तकें मैंने पढली थी। अंग्रेजी पुस्तकें भी मैं पढता था, परन्तु कठिन ग्रन्थ मैं नही समझ पाता था। गणित शास्त्रको मैं सदासे ही बाघ समझता था, अब भी मैं वैसा ही समझता हूँ।

मैंने १५-१६ वर्षकी अवस्थासे ही कविता लिखनेका अभ्यास किया था। मेरे राणाघाट स्कूलके सहपाठी श्री नगेन्द्रनाथ गंगोपाध्याय (जो इस समय कलकत्तेमे पोर्ट कमिश्नर आफिसके बडे बाबू हैं) बङ्गला पद्य लिखकर तात्कालिक छोटी-मोटी मासिक पत्रिकामे प्रकाशित कराते थे। यह देखकर मुझे बडा ही लोभ होता था। यह लोभ ही मेरी कविता लिखनेकी चेष्टाका मूल मन्त्र था। मैं स्वाभाविक कवि नही हूँ।

मेरी लिखी प्रथम कविता मेरी पुरानी कापीमे आजभी यत्नपूर्वक सुरक्षित है। मेरी जन्मभूमि दोगाछिया एक छोटी नदीके किनारे अवस्थित है। उस छोटी नदीका नाम है अञ्जना। इसकी अवस्था पहले खूब अच्छी थी। आजसे छियालिस वर्ष पहले इस अञ्जनाकी दुर्दशा देखकर मैंने जो पहली कविता लिखी थी, उसका कुछ अंश नीचे उद्धृत किया जाता है —

(१)

अञ्जने ! तोमाय आमि बड भालवासि।
जुडाते हृदय ज्वाला तोर तीरे आसि ॥
जुडाय ना ज्वाला मोर, देखे दुर्दशा तोर,
ज्वालार उपरे ज्वाला पाइ ओलो नदि !
तोर दुःखे फाटे नदि ! अभागार हृदि ॥
गियाछे तोमार हाय, नवीन नधर काय,
शुखायेछ तरङ्गिनि ! हयेछ मलिना।
विषण्ण वदना सदा विषादित मना ॥
विषम वेदना कत, यातना या कत शत,
सतत धरिछ हृदे असह्य अगण्य।
तुमि नदि ! भाग्यवती भवे तुमि धन्य ॥

(२)

आगे आगे तोर तीरे, फुटित लो थरे थरे,
पद्मपुष्प मनोरम कुमुद निकर।
फुटित कताइ ओलो पुष्प मनोहर ॥

पवन हिल्लोल यले, तोर ओ निर्म्मल जले,
हेले दुले नाचित लो प्रफुल्ल नलिनी।
भासित मधुप कत तोर नीरे धनि !
चन्द्रमा गगने बसि, हासिया मधुर हासि,
मुख देखे तोर नीरे कतइ हासित।
हासि देखे तोर जल आनन्दे नाचित॥
तोर नीरे ओलो धनि, भासित हीरक मणि,
भासित फुटन्त फूल नक्षत्र निकर।
कतइ भरित आहा सुधामाखा कर॥

(३)

सेइ तारा सेइ चाँद एखनओ गगने।
तुमिओ त आछ नदि ! एखनओ भुवने॥
सेइरूपे केन नदि ! भासेना लो निति निति,
नाचाये तोमार जल हासाये तोमाय।
गियाछे सुखेर दिन सुख गेछे हाय !

(४)

दुइ पाशे कत तरु नत करि माथा।
तोर सने ओलो धनि कइत लो कथा॥
नवीन लतिका कत, करिया मुख खानि नत,
शुनित दु खेर वार्त्ता तोर तरङ्गिनि।
कोथा गेछे तरलता बल ओलो धनि॥
कतशत विहङ्गम, गाइत लो मनोरम,
सुमधुर गीत,—कोथा से विहङ्गदल ?
केन तोर हृदे ज्वले विषम अनल ?

(५)

तोरस्य योवन छिल, सुरम्य कानन।
मनोरम अट्टालिका अति सुशोभन॥
कि दशा हयेछे हाय ! देखे हृदि फेटे जाय,
गियाछे कोथाय आहा ! से कान्ति ताहार !
नन्दन कानन सम तुलने जाहार ?
वृक्ष सब पडि गेछे, अट्टालिका भेङ्गे गेछे,
सुन्दर कुसुमवन गियाछे कोथाय ?
कुसुम कानन एवे कांटावन हाय !
सुरम्य हर्म्मेर परे, अतीव हरष भरे,

वसे नदि ! राजागए गाइत लो गान ।
उठित लो तीर हृदे आनन्द तूफान ॥

हे अन्जने ! तुमको मैं बहुत प्यार करता हूँ । मैं अपने हृदयका ताप मिटानेके लिये तुम्हारे तीर पर आता हूँ । परन्तु हे नदी ! तुम्हारी दुर्दशा देखकर मेरे हृदयका सन्ताप मिटता नही, बल्कि वह बढ़ता ही जाता है । हे नदी ! तुम्हारे दु खसे इस अभागेका कलेजा फटा जा रहा है । हाय ! तुम्हारा यह रमणीक सौन्दर्य नष्ट हो गया । हे तरङ्गिनी तुम सूख गई हो, मलिन हो रही हो, तुम्हारा मन सदा विपण्ण और दु खित रहता है । कितनी विषम वेदनाएँ, शत-शत यातनाएँ, असख्य-अगण्य दु ख तुम हृदयमे धारण करती हो । हे नदी ! तुम इस पृथ्वी पर भाग्यवती हो, धन्य हो ! ...१

पूर्वकालमे तुम्हारे तीरपर स्थान स्थानपर मनोरम कमलके फूल तथा कुमुदके पुष्प खिला करते थे । पवनके हिलोरसे तुम्हारे निर्मल जलमे प्रफुल्लित नलिनी हिलती डोलती और नाचती थी और तुम्हारे तीर पर बहुतसे भ्रमर मंडराते रहते थे । चन्द्रमा आकाशमे बैठा मधुर मुस्कानसे तुम्हारे जलमे अपना मुँह देखकर बहुत हँसता रहता था । उसकी हँसी देखकर तुम्हारा जल आनन्दसे नाच उठता था । अरी ! तू धन्य है तेरे जलमे हीरा मणिकी शोभा दीखती थी । तारागणोंके समूह फूले हुए फूलोंके समान लगते थे, और उनकी सुधामयी किरणें पड़ती हुई कैसी शोभती थी ? ...२

परन्तु आज भी वही तारा और वही चाँद आकाशमे हैं, और हे नदी ! तुम भी पृथ्वी पर हो । परन्तु हे नदी ! वे न तो उस प्रकार तरङ्गे नचा पाते हैं और न तुम्हे हँसा पाते हैं । हाय ! सुखके दिन चले गये, सुख चला गया । ...३

हे धन्या ? कितने वृक्ष सिर झुकाकर दोनो किनारे खड़े होकर तुमसे बातें करते थे । हे तरगिणी ! कितनी नवीन लताएँ, अपना मुँह नत करके तुम्हारे दु खकी बातें सुनती थी । हे सुन्दरी ! बतला, वे तरु लताएँ कहाँ चली गयी ? सैकड़ों पक्षी सुमधुर मनोरम गीत गाते थे, वे पक्षीगण अब कहाँ गये ? तुम्हारे हृदयमे विषम अग्नि क्यों जल रही है ? तुम्हारे तीर पर श्रीवन थे, सुरम्य कानन था, अत्यन्त सुशोभित मनोरम

अट्टालिकाएँ थीं हाय! आज कैसी दशा होगई है! देखतेही कलेजा फट जाता है। अहो उनकी वह कान्ति कहां चली गयी? जिसकी तुलना नन्दन वन नहीं कर सकता था। सारे वृक्ष गिर गये, अट्टालिकाएँ ध्वस्त हो गयीं। वह सुन्दर कुसुम वन कहाँ चला गया? हाय! वह कुसुम-कानन कण्टक-वन बन गया। हे नदी! पहले राजा लोग तुम्हारे तीर पर सुरम्य महलोंमे बैठकर अत्यन्त आनन्दित हो गीत गाया करते थे, जिसको सुनकर तुम्हारे हृदयमें आनन्दका तूफान उठा करता था।" ..५

उस बाल्य जीवनकी रची हुई उनकी कविताएँ दो कापियोंमें भरी सुरक्षित रक्खी हुई हैं। वे कविताएँ सब भावोद्दीपक हैं, तथा युगोपयोगी हैं। उनमेंसे 'हिमालय' शीर्षक वीर रसकी एक बड़ी कविताका अन्तिम खण्ड नीचे उद्धृत किया जाता है [इस कविता की रचना का स्थान राणाघाट है, और तारीख २६ कार्त्तिक बगाब्द १२९३ साल है, उस समय मैं स्कूल का छात्र था]

(१६)

साद बलि हिमालय! याबे ना कलङ्कमय,
जावे ना दासत्व भार कठिन निगड़।
जावे ना जावे ना आर, वहिवे दासत्व भार,
अधम भारतवासी मोह कुलाङ्गार॥
दु'नयने धारा बंवे तबू ओ अधीन रबे,
अधीनता महाविष व्यात चराचर।
विषे विषे हवे तव हृदि जर जर॥

(२०)

ना पार देखिते यदि, फाटे यदि तव हृदि,
अभागिनी भारतेर नयनेर नीरे।
यदि दुख पाओ मने, अत्याचारी अपीड़ने,
देखिते ए भारतेर जत कुलाङ्गारे॥
इच्छा यदि कर चित्ते, घुचाइते कोन मते,
भीषण कठोर गुरु कलङ्केर भार।
भाङ्गिया निजेर देह कर चुरमार॥

(२१)

विस्तारि विशाल वक्ष, लइया योजन लक्ष,
पड़' गिया भारतेर वक्षेर ऊपर।
घूचे जा'क एके बारे, दासत्व कलङ्क मोरे,

चापा पड़ि म'रि जाक् जत कुलाङ्गार ।।
जुडाक् हृदय ज्वाला, अधीनता-दु ख माला,
घुचे जाक् भारतेर यन्त्रणा बिस्तर ।
सोनार भारत पुडे हं'क छारखार ।।

इसी कारण कहता हूँ कि हे हिमालय ! यह कठिन दासत्वकी कलङ्कमयी बेडी दूर न होगी । भीरु, कुलाङ्गार, अधम भारतवासी दासत्वके भारको वहन करते रहेंगे । दोनो नेत्रोसे आँसूओकी धार बहेगी, तो भी यह अधीन रहेगा । ससारमे प्रसिद्ध है कि अधीनता महाविष है । हे हिमालय ! इस विषसे तुम्हारा हृदय जर्जर हो जायगा ...१६

यदि तुम देख नही सकते हो, यदि तुम्हारा हृदय अभागिनी भारत माताकी आखोके आँसू देखकर फटा जा रहा है, यदि अत्याचारसे प्रपीडित कुलाङ्गार भारत-वासियोको देखकर तुम्हारा हृदय दु खी हो रहा है, और यदि इस भीषण, गुरुतर कठोर कलङ्कके भारको किसी प्रकार दूर करना चाहते हो तो अपने शरीरको तोडकर चूरचूर कर डालो । .. २०

अपने वक्ष स्थलको लाख योजन तक फैलाकर भारतके वक्ष स्थलपर पड जाओ जिससे एक बारगी इसका सारा दासत्वका कलङ्क दूर हो जाय, सारे कुलाङ्गार दबकर मर जाँय, तुम्हारे हृदयका सन्ताप दूर हो जाय, पराधीनताके सारे दु ख दूर हो जाँय, भारतकी सारी यन्त्रणाएँ मिट जाँय और यह सोनेका भारत जलकर भस्म हो जाय ।" २१

इस प्रकारकी स्वदेशानुरागपूर्ण वीर रसकी कविता बाल्यकालसे ही जो लिख सकता है, वह कैसे फिर दूसरेकी दासत्वकी शृङ्खलामे बध गया—इस प्रश्नकी मीमासा पाठकगण ही करें । देश-प्रसिद्ध स्वराष्ट्र कर्मी, बरिशालके श्रीमान शरत्कुमार घोष आजकल जिस प्रकार गौरानुगत होकर गौराङ्ग धर्मका प्रचार कर रहे हैं और गौर नामसे स्वय रोकर अश्रुप्रवाहमे जगत को डुबा रहे हैं, देशमे प्रकृत गौर-राज्य स्थापनकी चेष्टा कर रहे हैं, नगर-नगर, ग्राम-ग्राममे गौर गोष्ठी स्थापित करनेके उद्देश्यसे दीनभावसे स्त्री सहित बाहर निकले हैं, यह देखकर प्रतीत होता है कि श्रीगौराङ्गकी कृपा-बलसे सब कुछ सभव है, असाध्य भी सिद्ध हो जाता है । जय गौर !

राणाघाट हाईस्कूलमे वहाँके जमीदार स्वर्गीय श्रीसुरेन्द्रनाथ पाल चौधरी महाशयकी कृपासे हम दोनो भाइयोके नि शुल्क पढनेका सौभाग्य और सुयोग प्राप्त हुआ था । क्योकि मेरे पितृदेवकी अवस्था अच्छी न थी । मेरा छोटा भाई गुरुदास

मुझसे केवल दो वर्ष छोटा था। वह बचपनसे ही बलवान और धृष्ट था। पढ़ना लिखना दोनों भाइयोंका एक साथ होता था। रानाघाट स्कूलमें हम दोनों एक साथ एक ही क्लासमें पढ़ते थे। गुरुदासकी भी पढ़ाई प्रवेशिका तक हुई। उसने परीक्षा न दी और मैं परीक्षा देकर फेल हो गया। परन्तु गुरुदासको पहली नौकरी अफीमके महकमेमें २०) मासिक वेतनकी मिली थी, और मुझे १०) मासिक वेतनकी डाक विभागमें। गुरुदास अफीमके बड़े आफिसमें हेड क्लर्क तक हो गया था। ३८वर्षकी उम्रमें उसका वेतन १५०) मासिक हो गया था, और कुछ कमीशन भी मिल जाता था। इसी उम्रमें [illegible] दर्जिपाड़ासे गयाके अस्पतालमें उसकी अकाल मृत्यु हो गयी। ये सारी दुःखकी बातें आगे यथासमय लिखूंगा।

मेरी एक सबसे छोटी बहिन थी उसका नाम महिताप कुमारी था। वह ८-९ वर्षकी अवस्थामें ही मर गयी। वह बड़ी सुन्दरी थी। उसकी अकाल मृत्युमें मेरी माताजी शोकसे बहुत ही व्याकुल हो गयीं। मेरी पांच बहिनोंमें सबसे ज्येष्ठा दुर्गा देवी मेरी अपेक्षा १५-१७ वर्ष बड़ी थी वह इस समय श्रीधाममें मेरे साथ रहती हैं। मध्यमा पार्वती देवी इस समय गौरधाम गत हैं। उनके बाद हेमाङ्गिनी देवी विधवा हैं। कनिष्ठा भगिनी जगत्मोहिनी देवी सधवा हैं। इनके ही पुत्ररत्न मेरे भानजे श्रीमान प्रा[illegible]नाथ भट्टाचार्य एम० ए० लखनऊ कालेजमें अंग्रेजीके प्रोफेसर हैं।

दोगाछिया छोड़कर रानाघाटमें वास करने परभी मलेरिया ज्वरके प्रकोपसे मुझे परित्राण न मिला। ३-४ वर्ष वहांके अंग्रेजी स्कूलमें पढ़ा, परन्तु एक दिन भी शरीर स्वस्थ न रहा। वर्षमें छः महीनेसे अधिक मैं ज्वरग्रस्त रहता था। सूजन और दाहसे मुक्त मेरा शरीर कभी नहीं रह पाता था। स्थानीय बड़े डाक्टर बाबू दीनानाथ बसु कुनैनके बड़े पक्षपाती थे। मुझे खूब याद है कि वह एक दिनमें रोगीको ८०-९० ग्रेन कुनैन देते थे और जितनी इच्छा हो उतना दूध पीनेको देते थे। इस प्रकार अपरिमित कुनैनके विषसे मेरा शरीर बाल्यकालमें ही जर्जर हो गया था। उस दिन मेरी ६० वर्षकी अवस्थामें कलकत्ताके प्रसिद्ध होमियोपैथ चिकित्सक डा० सुरेन्द्रलाल सेनने मेरी स्वास्थ्य परीक्षा करके बतलाया कि मेरे शरीरकी वर्तमान व्याधि उसी अपरिमित कुनैनके विषका फल है। इस प्रकारके शरीरसे क्या लिखना-पढ़ना सम्भव हो सकता है? केवल मुझको दोष देनेसे क्या काम चलेगा? मैं आजन्म रोगी जो था।

परिणय

●

१८८७ई० में मैंने रानाघाट हाईस्कूलसे प्रवेशिका परीक्षा दी। उस समय मेरी अवस्था २०-२१ वर्षकी थी। उसी वर्ष मेरा शुभ विवाह शान्तिपुरके दरिद्र ब्राह्मण पण्डित ग्रहपति भट्टाचार्यकी पाँचवीं कन्या दश वर्षीया श्रीमती लीलावती देवीके साथ हुआ। अपने विवाहके पूर्व मुझे अपनी भावी गृहलक्ष्मीको एक बार एक रिश्तेदारीके उपलक्ष्यमें अपनी आँखों देखनेका सुयोग और सुविधा प्राप्त हुई थी। मेरी कनिष्ठा भगिनीकी ससुराल शान्तिपुरमें है। एक बार एक श्राद्धके उपलक्ष्यमें पूज्यपाद पिताजीकी आज्ञासे कुटुम्बकी रस्म पूरी करने मैं वहाँ गया था। उनका घर और मेरे भावी ससुरका घर एकमें मिला था। जाति सम्बन्ध अति निकटका था, परन्तु यह भोजी संयुक्त परिवार न था। इस कारण अपनी भावी गृहिणीको भली भाँति देखनेका सुयोग हाथ लगा था। मैंने खूब अच्छी तरहसे उनकी खेलकी सङ्गिनीके साथ घुड़दौड़ तक देखी थी। इसके लिए लोग मेरी बदनामी करते हैं कि मैंने पसन्द करके विवाह किया है, मैंने कोर्टशिपकी है, इत्यादि। परन्तु यह सारी बात मिथ्या है। दुष्ट लोगोंकी दुष्टताकी बात सुननेका प्रयोजन न होने पर भी अब भी बुढ़ापेमें मेरी वृद्ध गृहिणी तक यह बात कह डालती है। जो भी हो, मेरी गृहिणी कुरूप नहीं थी, परन्तु उनका वर्ण मेरे जैसा सुन्दर गौरवर्ण न था। एक प्रकारसे कह सकते हैं कि वह सुन्दर *श्यामवर्णा थी*। अति सुन्दर सुपुरुषके रूपमें मेरी ख्याति थी। अतएव मेरी गृहिणीका रंग मेरे जैसा गौर न होनेके कारण बहुत लोग मेरी पसन्दकी निन्दा किया करते हैं। इस प्रकारकी निन्दाकी मैं परवा नहीं करता। मैं स्वतन्त्र मिजाज का ठहरा।

नवयौवनके तरङ्गोंके उच्छ्वासमें मगन मैंने अपनी इस पसन्दकी हुई गृहिणीके सम्बन्धमें एक पद्य लिखा था। संकोचमें पड़कर चुप हो अपनी इस आत्मकहानीमें उसका कुछ अंश प्रकट न करनेसे प्रकृत सत्य कथाका अपलाप होता है। पद्य कुछ बड़ा है और सारी बातें सबके सुनने योग्य भी नहीं, अतएव जो विशेष

प्रयोजनीय है उतना ही अंश यहाँ उद्धृत किया जाता है। विवाहके दो तीन वर्ष बाद रची गयी यह कविता अब भी मेरी कापीमें यत्नपूर्वक सुरक्षित है। वह अंश इस प्रकार है —

बछर मध्ये मासेक खानिक बाडी एसे थाइ।
तद्‌ रकमे दिन रात्रिर बड व्यस्त हइ ।।
छिड्‌ वा करि से जे आमार बड आदरेर धन।
ए छार जीवन तार जन्य करते पारि पण ।।
से ज आमार साधेर तारा सदाइ मुखे हासि।
मुखखानि तार चाँदेर पारा चोखे चाँदेर हासि।
काल काल चुलगुलि अमल रुपेर राशि।
तारइ तरे दुखजीवने सदाइ सुख भासि ।।
केमन जे तार से हाल दु टि कि क रेइ वा बलि।
पटलचेरा चक्षु दु टि आँखा दिये तुलि ।।
ठोंटेर आगाय सदाइ हासि नाके नोलक दोले।
बुकेर माझे केमन जे करे सुमुख दिये गेले ।।
चूलगुलि सब खुले दिये सुमुखे आसे जबे।
कि रुप तार बल्‌बो कि आर अतुल ए मर भवे ।।
दोषर मध्ये देखते केवल एकटू खानि काल।
आमि किन्तु मने करि कालो जगत् आलो ।।
सदाइ आसे आमार काछे रुपेर गरब तरे।
काल बल्‌लेइ विषम रोल बड अभिमान करे ।।
सत्य सत्यइ काल नय से उज्जल श्याम रग्।
आमार चोखे से वरणेर मरि कि सोणार ढग ।।
पोडा लोके तबुओ बोले अमुकेर बऊ काल।
छिड्‌ घा करि कोथाय जाइ विषम नाजहाल ।।
घरे बाहिरे नानान कथा घडइ झालापाला।
मेये मानुष कालो ह ले बडइ विषम ज्वाला ।।
आर् से कथा आमार कालो आमारइ हृदय हार।
पोडार मुखो पाडागडसोर एत कि मायार भार ।।
आमार तारे जे कालो बले तार सङ्गे आडि।
ए जनमे कखनओ आर जाब ना तार बाडी ।। इत्यादि।

'कपम में बक्त एक महीनेके लिए घर आना। इसके लिए मैं रात दिन बड़ा आतुर रहता। मैं क्या करूँ ? वह

मेरी बड़ी आदरकी वस्तु है, मैं इस तुच्छ जीवनको उसपर न्योछावर कर सकता हूँ। वह मेरे लिए सध्याकालीन ताराके समान है। उसके मुखपर सदा हँसी बनी रहती है। उसका मुँह चन्द्रमाके समान है और नेत्रोमे चन्द्रिकाकी छटा। उसके काले काले केशपाश अमल रूपकी-सी राशि हैं। उस रूपके प्रभावसे इस दुखमय जीवनमे भी मैं सदा ही सुखसे रहता हूँ। उसके उन दोनो हाथोकी मैं किससे उपमा दूँ? परवल चीरनेसे उसमे जैसी सुन्दर आँखसी बन जाती है वैसी आँखें दोनो मानो तूलिकासे आँकी हुई हो। ओठो पर सदा मुस्कान रहती है और नाकमे झूलनी डोलती है। उसका सुन्दर मुँह देखतेही हृदयमे एक विचित्र अवस्था हो जाती है। जब बालोको खोलकर सुन्दर मुख लिए आती है, तो उसके रूपकी शोभाका क्या वर्णन करूँ? इस ससारमे उसकी तुलना नही। दोष केवल यही है कि देखनेमे वह कुछ श्यामवर्णा है। परन्तु मैं समझता हूँ कि श्याम वर्ण जगतका प्रकाश है। वह रूप गर्विता होकर सदा मेरे पास आती है। श्यामा कहने पर बडी गडबडी मचती है, वह रूठ जाती है। सचमुच वह काली नही है उसका उज्वल सलोना रग है। मेरी आँखोमे तो वह सोनेसे भी बढकर है। तथापि मुँह जले लोग कहते हैं कि अमुककी बहू काली है। क्या करूँ, कहाँ जाऊँ, बडी विषम समस्या है। घर-बाहर नाना प्रकारकी बातें होती हैं। बडी चर्चा है। यदि स्त्री जातिमे कोई साँवली हुई तो बड़ी विपद आ गयी। चाहे जो हो मेरी साँवली तो मेरे हृदयका हार है। जलमुँही पडोसिनके सिर पर क्या बोझ पड गया? मेरे सामने जो उसको काली बताता है, उसके साथ मैं भिड जाता हूँ, और मैं इरादा कर लेता हूँ कि उसके घर कभी न जाऊँगा।"

इसके पहले अपने बाल्यकालकी रची हुई वीर रसकी कविताका कुछ नमूना मैं दे चुका हूँ। यहाँ भरे यौवन-कालके मधुर रसकी कविताका कुछ नमूना दिया है शेष हास्य, करुण और रौद्ररसकी कविताका परिचय भी क्रमश. प्रकाश्य होगा।

●

यौवन कालीन दुस्साहस और संकट परित्राण

•

इस प्रसङ्गमें एक घटनाका उल्लेख करना मैं भूल गया। शान्तिपुर रिश्तेदारी करके रानाघाट लौटनेके दिन रानाघाट-शान्तिपुरकी सड़क एक दम पानीमें डूब गयी थी। उस समय वर्षाका मौसिम था, भरा भादो था। बाढ़के आनेसे नदी-नाले, पथ-घाट, धानके खेत सब जलमग्न हो गये। घोड़ागाड़ीका चलना बन्द था। पैदल चल कर आने-जानेका मार्ग बीच बीचमें टूट जानेसे टूटे हुए पुलके समान जल स्रोतसे पूर्ण था। मेरे साथ एक आत्मीय कुटुम्बके आदमी थे। नाम था अक्षयकुमार भट्टाचार्य, और घर शान्तिपुरमें ही था। दोनों ही आदमी कच्छा बांधकर परम आनन्दपूर्वक उस जल मग्न मार्गसे पैदल ही जा रहे थे। मेरे पास एक पोटली थी। उसमें रिश्तेदारीसे प्राप्त एक जोड़ा धोती, चादर और कुछ रुपये थे। मार्गके दोनों ओर विस्तीर्ण मैदान था, जो जलमग्न हो रहा था, मानो दोनों ओर अपार समुद्र फैला हो। मैदानके छोटे छोटे पेड़ एक बारगी जलमग्न हो रहे थे। बड़े बड़े बबूलके पेड़ आधे जलमें डूबे थे, वे किसी प्रकार सिर उठाए जलमें खड़े थे। शान्तिपुरसे रानाघाटके आधे रास्तेमें इस प्रकारकी टूटी सड़क पर एक बड़ा पुल पार करते समय अचानक पैर फिसल जानेसे मैं जलके प्रवाहमें पड़ गया और भयानक जल प्रवाह मुझे बहा ले चला। मेरे गलेकी चादर, हाथकी पोटली और सिरका छाता न जाने कहाँ चले गये। मैंने उसमें डूबकी खाते ही पासके एक अर्द्ध जलमग्न बबूलके पेड़की कण्टकमय डालको किसी प्रकार दोनों हाथोंसे पकड़ कर अपनी जान बचायी। ऊपर जब दृष्टि गयी तो देखा कि उसी वृक्षकी शाखा पर एक विचित्र सर्प आश्रय लिए हुए है। उस समय भयसे मेरे हृदयकी क्या दशा हुई, इसका पाठक सहज ही अनुमान कर सकते हैं। तारके लकड़ीके खम्भे और तार सब वर्षामें गिर गये थे, वहाँ उनकी मरम्मत करनेके लिए दो कुलियोंके साथ लाइन मैन काम करता था। उनके पास बड़े-बड़े बाँस थे। मेरी दुर्गति देखकर मेरे आत्मीय कुटुम्बी बहुत व्यग्रचित्त होकर उनसे अनुरोध करके एक लम्बे बाँसको, मैं जिस जल मग्न बबूलका आश्रय ले

रहा था, उस पेड़ से लगा दिया। मैंने उस बासको पकड़कर धीरे धीरे जलके ऊपरसे किसी प्रकार रास्ते पर आकर जान बचायी। मेरे आत्मीयने उस दिन मेरा परम उपकार किया था, जिससे मेरी प्राण-रक्षा हुई थी। जीवनका एक बहुत बड़ा ग्रह मेरा कट गया। रानाघाटमें बासे पर आकर जब मैंने यह कहानी सुनायी तो मेरी स्नेहवती मातादेवी सुनकर रोने लगी। पिताजी बोले कि गोपाल और गोविन्दने इसकी रक्षा की है। परन्तु दुष्ट लोगोंने कहा था कि मेरी भावी गृहिणीके उस श्याम रूपके उल्लासमें मेरा चित्त चञ्चल और मन अस्थिर हो गया होगा, इस कारण सोचते-सोचते रास्तेके जलमें गिर पड़ा था। उन दुष्ट लोगोंकी दुष्ट बुद्धि देखकर मुझको बड़ा क्रोध हुआ था। परन्तु मैंने उनके शरीरको हाथ नहीं लगाया, क्योंकि वे स्त्री जातिके लोग थे। उस समय मैंने समझा था कि स्त्रीकी बुद्धि प्रलयङ्करी होती है। अपनी तत्कालिक यौवन सुलभ वाचालताकी बात यहाँ ही समाप्त करता हूँ। ये सब बातें अब मेरे मुखसे शोभा नहीं देती। परन्तु मैं आत्मकहानी जो लिख रहा हूँ तो इससे जीवनकी सारी घटनाएँ मुझे लिखनी पड़ेंगी।

दिल्ली का लड्डू और पुनः विद्याध्ययन

•

जुबिलीके सालमे भी मैं प्रवेशिका परीक्षामे उत्तीर्ण न हो सकूंगा, इसको मैं भली प्रकार जानता था। इसी कारण परीक्षा फल निकलने के पहले ही चतुराईसे माता पिताकी अनुमति लेकर रानाघाटसे कुछ दिनोके लिए अपने छोटे बहनोई श्री यदुनाथ भट्टाचार्यके पास लालबाग मुर्शिदाबादमे चला गया। वे वहाँ मुनसफी कचहरीमे नाजिर थे। बहनोईके अन्नदास होनेका एक मात्र उद्देश्य था "दिल्लीका लड्डू जो खाता है वह भी पछताता है, जो नही खाता है वह भी पछताता है" इस कहावतके अनुसार 'दिल्लीके लड्डू' यानी नौकरीकी तलाशमे वहाँ गया था। मद्भुयास्त्रमे अपनी माताकी आज्ञासे 'माथामाटी' अब न करूँगा, अब फिर पढ़ने का काम नही करूँगा—यह निश्चय करके ही मैं घरसे बाहर निकला था। कई महीने आदर और गौरव पूर्वक जीजाजीके वासेम रहकर नाना प्रकारकी चेष्टा करके भी उस "दिल्लीके लड्डू" का सन्धान प्राप्त न कर सका। मन बहुत व्याकुल होने लगा, कुछ भी अच्छा नही लगता था। उसी समय मेरे जीजाजीकी बदलीका समाचार मिला। वहाँकी फौजदारी अदालतके सरिश्तेदार, उनके मित्र कालीप्रसन्न गुप्तकी सिफारिशसे उस समय लालबाग फौजदारी अदालतमे मुझको एक उम्मीदवारी पर नौकरीका जोगाड़ लगा। उस समय मौलवी मुहम्मद-उल नबी साहब लालबाग महकमेके स्थानापन्न डिप्टी मजिस्ट्रेट थे। उस फौजदारी अदालतकी सील-मुहर युक्त बगला भाषामे लिखी मेरी उम्मीदवारी नौकरीके परवानेकी नकल नीचे उद्धृत की जाती है—

जेहेतु इज्जतदार हरिदास गोस्वामीके अद्य तारिख हइते एइ आदालतेर उमेदारीर पदे बाहाल मवरर करिया एइ परोयाना जारी हइल, उक्त उमेदार एइ आदालत गृहे यथासमये प्रतिदिन उपस्थित हइया कार्य शिक्षा एव हुकुम करामत के अोजोर आन्जाम करिबे, इति—

लालबाग फौजदारी आदालत	(सहि) मुहम्मद-उल नबि
तारीख ६ ई अगस्त १८८८ खी०	साब् डिभिसनाल अफिसार।

हाकिमका यह उम्मीदवारीका हुकुमनामा मिलने पर मानो आकाशका चाँद मेरे हाथमें आ गया। मेरे जीजाजी बदलकर लालगोला चले गये, उसी घरमें कालीबाबू सरिश्तेदार रह गये, मैं उनके साथही रहने लगा। कालीबाबू अत्यन्त सज्जन, सदाशय और परोपकारी थे। वह अकेले थे, साथमें ब्राह्मण और नौकर भी था। उन्होंने मुझको अपने घर पर बड़े आदरसे बिना खर्चके रखा, और मुझको आशा दी कि शीघ्रही नौकरी मिल जायगी। कालीबाबू बहरामपुरके स्वनामधन्य वकील रायबहादुर बैकुण्ठनाथ सेनके भाई हाईकोर्टके प्रसिद्ध वकील हेमेन्द्रनाथ सेनके श्वशुर थे। उनके दामादकी सिफारिशसे मुझे कुछ दिनके लिए बहरामपुर निवासी सुप्रसिद्ध अंग्रेजी साहित्यिक तथा ऐतिहासिक दीनबन्धु सान्याल महाशयके घर उनके अंग्रेजी ग्रंथोंके नकल करनेकी नौकरी मिली। वेतन था १०) मासिक। वह नौकरी मुझे अधिक दिन नहीं करनी पड़ी।

लालबागमें कालीबाबूके वासामें रहकर इसप्रकार "परायेका खाऊँ और जंगली भैंस भगाऊँ" की कहावत चरितार्थ करते हुए ४-५ महीने मैंने उम्मीदवारीकी नौकरी की। छ महीनेके बाद उसी अदालतमें १०) महीनेकी एक जगह खाली हुई। परन्तु 'बिल्ली के भाग्य से छीका नहीं टूटा'। एक दूसरे पुराने उम्मीदवार दीनानाथ सरकारने मेरे मुँहकी रोटी छीन ली। इससे दुखी होकर मैंने लालबाग छोड़ दिया। उस समय दुर्गापूजाके दिन थे। मैं दुख और अभिमानके वश होकर फिर घर नहीं लौटा। एकबारगी देश छोड़कर पश्चिमकी भागलपुरमें अपने एक अन्य बहनोईके बासे पर जा पहुँचा। मुझे बहनोईका अन्नदास रहना ही होगा, यही विधाताका लेख था। पहले यह अन्नदासत्व प्रदान करके विधाताने मेरे अदृष्टमें परदासत्वकी सूचना मुझे दी।

उस बहनोईका नाम था पण्डित चन्द्रभूषण भट्टाचार्य। वह भागलपुरमें एक अंग्रेजी माध्यमिक बालिका विद्यालयके प्रधान शिक्षक थे। वहाँके सब लोग उनका सम्मान करते थे। सभी उनके सद्गुण और सद्‌व्यवहारसे मुग्ध थे। भागलपुरमें सब लोग उनको जानते थे और आदर करते थे। उनका बासा नया बाजारमें कलकत्तेके स्वनामधन्य प्यारेचरण सरकारके भाता रायबहादुर गोपालचन्द्र सरकारके मकानमें था। गोपालबाबू मेरे बहनोईके विशिष्ट मित्र थे। समीपमें ही जिला स्कूलके सुप्रसिद्ध हेडमास्टर तारापद घोषाल एम ए का बासा था। वह भी मेरे सर्वजनप्रिय बहनोईके मित्र थे।

यह पण्डितजीके साले जुबिली वर्षकी प्रवेशिका परीक्षामें फेल होकर मानसिक दुःखके वश ही नौकरीके लिए घरसे बाहर हुए हैं, यह बात सुनकर सबको दुख हुआ। सबने मिलकर परामर्श करके मुझको यहांके नव स्थापित तेजनारायण जुबिली हाई स्कूलमें फिर भर्ती करा दिया। मैं बड़ी विपदमें पड़ गया। मैं "दिल्ली के लड्डू"

की खोज में था। जिस भयसे घर छोड़ा, अपने प्रिय राणाघाटके स्कूलके सब बाल्य-बन्धुओंको छोड़ा, घर जानेके लिए माता पिताके अनुरोधकी उपेक्षा की, वही भय यहाँ आकर मेरे हृदयमें फिर जाग्रत कर उठा। जन्मजात गणितका भय मेरे मनमें प्रबल रूपसे जाग उठा। क्या करूँ कोई उपाय नहीं। किसीने मेरे मनके भावका यथार्थ मर्म नहीं समझा। दद बूझने वाला कोई मित्र वहाँ नहीं मिला। भागनेका भी मौका न मिला। इसलिए बाध्य होकर फिर गणितके भयसे भीत हृदय लेकर उस स्कूलमें मैं भर्ती हो गया। स्कूलके हैड मास्टर हरिप्रसन्न मुखोपाध्याय एम ए, बी० एल महाशय बड़े साधु प्रकृतिके मनुष्य थे। वह मेरे श्वशुरालय शान्तिपुरके निवासी थे। मेरे श्वशुरजीके साथ उनका विशेष परिचय था। उसी सूत्रसे वह मुझको यथेष्ट स्नेहकी दृष्टिसे देखते थे। अंग्रेजी भाषा पर मेरा विशेष अधिकार था। बङ्गला भाषामें रची मेरी कविता आदिको पढ़कर सभी लोग मेरी विशेष प्रशंसा करते थे। छात्र जीवनसे ही मैं सामाजिक अंग्रेजी पत्रोंमें निबन्ध आदि लिखने लगा। उन सारे निबन्धों की कतरण मेरी एक कापीमें संग्रहीत थी, आजभी वह कापी मेरे पास यत्नपूर्वक सुरक्षित है। जिला स्कूलके हेडमास्टर तारापद बाबू तत्कालीन शिक्षा-विभागके एक विशेष ख्यातनामा शिक्षक हैं। चार विषयोंमें एम ए पास थे। फारसी और संस्कृतके परम पण्डित थे। वे एक स्वाध्यायी योगी थे। दिन रात अपनी लाइब्रेरीमें बैठकर लिखते-पढ़ते रहते थे। घरमें किसीके खूनी जखमी होने पर भी उनकी दृष्टि उधर नहीं जाती। वह मुझपर बड़ी स्नेह दृष्टि रखते थे। उनके पास सदा ही भागलपुरके बड़े बड़े उच्च श्रेणीके शिक्षित लोग आते थे, विभिन्न विषयमें वार्तालाप तथा वाद-विवाद होता था। मैं वहाँ रहकर सारी बातें ध्यान लगाकर सुनता, तथा उन वयोवृद्ध और ज्ञानवृद्ध बड़े बड़े लोगोंके साथ साहस पूर्वक तर्क वितर्कमें योगदान करता था। सभी मेरे मुँहकी ओर ताक कर आश्चर्य करते और पूछते कि, 'यह युवक कौन है?' उत्तर मिलता कि, 'पण्डितजीका साला'। पण्डितजी भी वहाँ समय समय पर उपस्थित रहते थे। अपने श्रेष्ठ रिश्तेदारकी प्रशंसा सुनकर मानो उनका हृदय फूल उठता, परन्तु मुझको इस परिचयसे बिल्कुल ही सुख नहीं होता था। मैं कहता था, 'आप लोग नहीं जानते, मैं राणाघाटके सुप्रसिद्ध पण्डित सीतानाथ तर्कपञ्चानन का पुत्र हूँ।'' पूज्यपाद पिताजी की उपाधि थी तर्कपञ्चानन, परन्तु उनको कभी मैंने तर्क करते नहीं देखा। यह मैं पहिले ही निवेदन कर चुका हूँ।

उस प्रधान हेडमास्टर तारापद बाबूने पश्चात् मुझको एक सर्टिफिकेट दिया था, उसकी अविकल प्रतिलिपि नीचे दी जाती है—

I have Known Babu Haridas Goswami from the time he was a student in the Entrance class, though not in the school under

my charge Though compelled by circumstances he has not passed any University Examination, leaving school before he could matriculate he has within my knowledge, acquired such a faculty in expressing his thoughts in English by dint of perseverence and private study as will do credit to any ordinary degree holder of the Calcutta or any Indian University. His style of composition, I believe, has been the result of a close study of models of simple and chaste English which, in spite of his years he has had the good sense to imitate A young man of excellent parts, I have heard him discuss social questions with an impartiality and liberality of views and sentiments, which can only be expected from veteren and practised thinkers I have never known any thing against his moral character, and this leads me to hope that as the scion of a family of Pandits remarkable through generation for their native virtues, intellectual and moral, his worth will receive an early recognition in any sphere of business to which he will be called and make him general favourite with his superiors and fellow workers. Thoughtful and intelligent as I have always found him to be, it is not likely that he would commit himself to a course of conduct inconsistent with due respect and steadfast allegiance as well as dutifulness towards his superiors in any department of Public Service

(Sd.) Tarapad Ghoshal M A
Head Master
Government Zila School, Bhagalpore.

Bhagalpore
The 20th October, 1892

'अर्थात् बाबू हरिदास गोस्वामीको मैं तबसे जानता हूं जब वह प्रवेशिका कक्षाके विद्यार्थी (एन्ट्रेन्स मे पढते) थे यद्यपि वह मेरे नीचेकी स्कूलके छात्र न थे। परिस्थितियोंके वश वह यूनिवर्सिटीकी परीक्षा पास न कर सके। यद्यपि मैट्रिक पास करनेके पहिले ही उन्होंने स्कूल छोड दिया था, तथापि मैं समझता हूं कि अपने अध्यवसाय तथा स्वाध्यायके बल पर इन्होने अग्रजीमे अपने भावोको प्रकट करनेकी ऐसी क्षमता प्राप्तकी है, जिससे किसी भी विश्वविद्यालयके एक सामान्य ग्रजुएटको प्रतिष्ठा प्राप्त होती है। सरल और मुहावरेदार अंग्रेजीके नमूनका सुचारु रूपसे अध्ययन करनेके फलस्वरूप छोटी अवस्था होने पर भी शैलीके अनुकरण करनेकी अच्छी योग्यता के कारण उनकी रचनाकी अच्छी शैली बन गयी है। मैंने देखा है कि एक सुयोग्य नवयुवक होकर वे निष्पक्ष और उदार विचार तथा भावना रखकर सामाजिक प्रश्नोकी ऐसी आलोचना करते हैं, जैसी सुदक्ष और परिपक्व विचारकके सिवाय दूसरा कोई नही कर सकता। उनमे चरित्र-गत किसी त्रुटिका आभास नही मिलता। इससे मुझको आशा होती है कि वशानुक्रमसे उन सुप्रतिष्ठित पण्डितोंके परिवारके होनेके कारण जो बौद्धिक तथा नैतिक गुणोको लेकर प्रख्यात हो गए हैं, हरिदास गोस्वामी जिस किसी कार्यके लिए नियुक्त होगे, उसीमे उनकी योग्यता आदर पावेगी तथा वे अपने

अफसरों और सहकर्मियोंका सौहार्द अर्जन करेंगे। मैंने इनको सदा विचारवान और बुद्धिमान पाया है। अत ऐसा नहीं हो सकता कि वह जन-सेवाके किसी विभागमें नियुक्त होने पर अपने अफसरोंके प्रति कर्तव्यनिष्ठा, सुदृढ़ सहयोग तथा समुचित सम्मानको दखाने किसी प्रकारकी शिथिलता आने देंगे।

(ह०) ताराचंद घोषाल एम० ए०
हेड मास्टर
गवर्नमेंट जिला स्कूल, भागलपुर

भागलपुर,
२० अक्टूबर १८९२ ई०

नया खुला हुआ तेजनारायण जुबली स्कूल मेरे वासेके पास ही था, नया टी० एन० जुबली कालेज उसी साल स्थापित हुआ था। हेड मास्टर हरि प्रसन्न बाबू उस कालेजके प्रथम प्रिंसिपल हुए। मैं नये कालेजमें भी पढ़ा था। 'नायक' सम्पादक सुप्रसिद्ध साहित्यिक स्वर्गीय पाँचकौड़ी बन्द्योपाध्याय भागलपुरके ही निवासी थे, उस वर्ष उन्होंने बी० ए० पास किया था। मेरा उनके साथ बाल्यकालका परिचय था।

हरिप्रसन्न मुखोपाध्याय एम० ए०, बी० एल० कालेजके प्रिंसपल मुझको बहुत मानते थे। उनके दिये हुए सर्टिफिकेटकी नकल नीचे उद्धृत की जाती है —

'Haridas Goswami of Dogachi, District Nadia, is known to me as a youth of great promise and intelligence. He was for nearly a year a student in the Entrance class of the institution, while the institution, was in the status of a High English School, and I was incharge of it as Head Master In the school, he showed himself remarkable proficient in English and always deported himself well. I am sorry that he had to leave off his studies before he could appear at the entrance Examination A series of articles contributed by him to columns of correspondence in English journals and preserved in a collected form has been since presented to and gone through by me. I am glad to be able to say that the articles have been generally well executed The indication they give that the writer, amidst the duties imposed on him by his employment, devotes himself, with assiduity, to literary culture, affords me great pleasure I shall always be delighted to see him prospering in life He bears to the best of my belief an unexceptionable moral character.

(Sd) Hari Prasanna Mukerjee M. A.
Principal
T. N Jubilee College
Bhagalpore.

Bhagalpore,
The 14th Sepember, 1892.

अर्थात् जिला नदियाके दोगाछी निवासी हरिदास गोस्वामी एक बड़े होनहार और प्रतिभाशाली युवक हैं। हमारी इस सस्थामें जिस समय यह सस्था हाई इंगलिश स्कूल तक थी और मैं इसका हेड मास्टर था वह करीब एक वर्ष एन्ट्रेंस क्लासके छात्र

रहे। उन्होंने अपनेको अंग्रेजीमें सुदक्ष विद्यार्थी सिद्ध किया और सदा अपने व्यवहारको अच्छा बनाए रक्खा। मुझे खेद है कि उनको एन्ट्रेंसकी परीक्षामें शामिल होनेके पहले ही अपनी पढाई छोड देनी पडी। उनके द्वारा अंग्रेजी पत्रिकाओंके सवाद-स्तम्भमें एक लेख माला प्रकाशित की गयी थी, वह मुझको मिली, और मैं उसे आद्योपान्त पढ गया। मुझे यह कहते प्रसन्नता होती है कि लेख साधारणत सुन्दरतापूर्वक लिखे गये हैं। इनसे यह ज्ञात होता है कि अपनी नौकरीके कर्त्तव्योंका पालन करते हुए भी उन्होंने लगनके साथ साहित्यिक संस्कृतिमें अपनेको आबद्ध किया है, इससे मुझको महान् आनन्द होता है। सदा जीवनमें उनकी उन्नति करते देखकर मुझे प्रसन्नता होगी। मेरा विश्वास है कि वे सब प्रकारके सद्गुणोंसे युक्त हैं।

(ह०) हरिप्रसन्न मुकर्जी एम० ए०,
प्रिन्सपल,
टी० एन० जुबली कालेज,
भागलपुर।

भागलपुर
१४, सितम्बर, १८९२।

यद्यपि मैं गणित शास्त्रसे अनभिज्ञ था, और विश्वविद्यालय-उपाधि-व्याधि-ग्रस्त युवक नहीं बन सका तथापि मेरे पाण्डित्यका जो सुयश था, उसका अनुमान इन सार्टीफिकेटोंके पढनेसे सहज ही लगाया जा सकता है।

मेरे विद्यार्थी-जीवनमें लिखे एक अंग्रेजी लेखका कुछ अंश यहाँ उद्धृत करनेका लोभ मैं संवरण नहीं कर सकता। यह लेख विलायतसे लौटे हुए गरिफाके सुप्रसिद्ध अंग्रेजी साहित्यिक, स्वनामधन्य अमृतलाल रायके द्वारा सम्पादित "Hope" नामक अंग्रेजी साप्ताहिक पत्रिकाके १८ जुलाई, १८८७ ई० के अंकमें प्रकाशित हुआ था। उस बडे लेखका प्रारम्भिक अंश नीचे उद्धृत किया जाता है।*

---

*The Village Sanitation and Water-Supply.

Much has been said of this *all* important subject, both by the press united *en masse*, and by the public assembled in meeting and conferences, but nothing has yet been practically done to improve the sanitary condition of the Bengal Villages The insanitary condition of the Bengal Village is known to everybody and has been universally admitted to be principally due to the bad system of drainage and water supply in the muffusil Village. The subject involves the life and death of millions of men and concerns the vital interests of the muffusil public in general It should, therefore receive immediate attention of the Government and the people alike, who should no longer remain inactive in furthering this noble cause and in settling the question once for all The Government, we are glad to see, is not

मेरे बाल्यकालके रचे अंग्रेजी लेख तथा बंगला कविताएं मेरे आत्मीय स्वजन, बन्धु-बान्धव, शिष्य प्रशिष्य तथा अनेक अनुयायीजनके लिए परम आदर की वस्तु हैं,

---

quite unmindful of its duties in this respect and it has already taken the matter in hand We have, however very little faith in conferences and meetings and no confidence whatever in public speeches and utterances, which generally end in nothing We attach very little importance to the proceeding of the legal councils or to the utterances from the representative rulers, whoever they may be unless and until we see the matter a *fait accompli* Up to this time sanitary conferences and meetings notwithstanding, nothing has been practically done to convince the people that practical steps are being taken to improve the sanitary condition of their villages, and to save their lives from untimely death It is argued in some quarters I mean in official quarter that the people themselves are chiefly to blame for the insanitary condition of their villages and they should come forward with necessary funds to assist the Government in improving the sanitary conditions of their villages Some advocate additional taxation for the purpose This sort of queer arguments I must say, are simply ridiculous, and their principles are most unkindly and ungenerous Evidently these men have taken an *exparte* view of the question The Government is [illegible]

have scarcely the wherewithal to satisfy their hunger and to keep their body and soul together The advocates of additional taxation should twice think before they utter a single word in advocating their cause and should do well to bear in mind that nearly three-fourths of the population of Bengal cannot afford procuring their meals two times a day and a large portion live by begging from *door to door* *Additional taxation, therefore means* additional heavy burden on the people, who are already overburdened with taxations, under which they are groaning now and will have to groan for ever The leading men, I mean the rich and wealthy men, can, of course, very well make the best use of their money in assisting the Government in furtherence of the noble cause But they generally live in towns and therefore, have no idea of the sufferings, hardships and inconveniences of the poor villagers of the muffussil. The money they annually squander in *natches* and *tamashas* and in feast and festivals, can best be utilized in allaying *the distress of their fellow countrymen* But the question is, where is that mind ? and where is the adviser ? Rich men, with *some honourable* exceptions, are most *selfish,* and have no fellow-feeling at all in their heart or else are unkind towards their fellow country men They are ready to subscribe a large amount of sum to the Reception Committee Fund in honour of *Bara or Chhota Lat* and to give a Ball party at the expense of a considerable sum of

इसमे सन्देह नही है। इस वृद्धावस्थामे स्वय मेरे लिये ये बहुत सुख-प्रद हैं। साधारण पाठकोके लिये मैं आत्म-कथा नही लिख रहा हूँ।

---

money, in the hope of getting some titles—Raja or Rai Bahadur. Most selfish as these men generally are, it is but natural, that they should turn a deaf ear to the sufferings of their fellow-men I pray, I entreat our wealthy men to shake off their lethargy at once and see things in their true light. It is time, that they should come forward with their purse in assisting the Government to allay the sufferings of their fellow countrymen. They should no longer remain inactive to take up the matter in right earnest.

विद्याभ्यासमें विघ्न

•

मैं भागलपुरके टी० एन० जुबली कालेजमें पढ़ने लगा। सभी मुझसे प्रेम करते थे। मैं नहीं जानता कि मुझमें ऐसा कौन गुण था। बड़े बड़े शिक्षित लोगोंके साथ परिचय होने लगा। वे सब मुझको स्नेहकी दृष्टिसे देखने लगे। मेरे जन्मस्थान दोगाछियाके निवासी राजा शिवचन्द्र बन्द्योपाध्याय बहादुर उस समय भागलपुरके वकील और जमींदार थे। वे मुझको प्राण-तुल्य देखते थे। उनके बड़े भाई, गदाधर बन्द्योपाध्याय जजके सिरिश्तदार और अंग्रेजीके प्रसिद्ध लेखक थे। गवर्नर, लेफ्टिनेण्ट-गवर्नरके आने पर गदाधर बाबूके द्वारा लिखित अभिनन्दन-पत्र न होनेसे काम नहीं चलता था। वह मेरे अंग्रेजी लेखोंकी बड़ी प्रशंसा करते थे। सतीशचन्द्र मुखोपाध्याय आई० सी० एस० के पिता निवारणचन्द्र मुखोपाध्याय एम० ए०, बी० एल० मुझ पर बड़ा ही अनुग्रह रखते थे। सुयोग्य डाक्टर नकुलचन्द्र बन्द्योपाध्याय, सिविल सर्जन डा० निमाईचरण चट्टोपाध्याय छोटे भाईके समान मुझसे स्नेह करते थे। जिला स्कूलके सुप्रसिद्ध हेडमास्टर ताराचन्द्र घोषाल एम० ए० मुझको अपनी लाइब्रेरीसे अच्छी अच्छी पुस्तकें पढ़नेके लिए देते थे। टी० एन० जुबली कालेजके सेक्रेटरी बाबू लाडिलीमोहन घोष मेरे ऊपर बड़ी दया करते थे। उनकी कन्या मृणालिनीको मेरे बहनोई बंगला पढ़ाते थे। अपने बहनोईकी अनुपस्थितिमें मैंने भी कुछ दिन मृणालिनीको पढ़ाया था। उस समय लड़कीकी उम्र ११-१२ वर्ष थी। यह मृणालिनी ही पाइकपाड़ाकी रानी मृणालिनी बनी। इस समय केशव सेनके कनिष्ठ पुत्र निर्मलचन्द्र सेनकी पत्नी हैं। उन्होंने विलायत जाकर अच्छा नाम कमाया है। भारतीय स्त्रियोंमें उन्होंने ही पहले हवाई जहाजमें चढ़नेका साहस किया था। वह आजकल विलायतमें रहती हैं। और एक ऊँचे दर्जेकी मेम साहिबा हैं। केशव सेन महारानी विक्टोरियाके Godson (धर्म पुत्र) थे। इस सम्बन्धसे रानी मृणालिनी और उनके पतिका विलायतके अंग्रेज राजपुरुषोंमें अच्छा सम्मान था। परन्तु, मेरे भाग्यमें स्कूल-कालेजकी शिक्षा विधाताने लिखी ही नहीं थी, इसका अन्तिम प्रमाण भागलपुरमें मिल गया। इतनी सुविधा और सुयोगके होते हुए भी मेरी प्रवेशिका परीक्षाके मार्गमें

पुनः बड़ा विघ्न उत्पन्न हुआ। परीक्षाके समय दु.साध्य सिरदर्द से पीड़ित होकर मैं चिकित्साके लिए राणाघाट चला गया। मुझे स्कूलकी परीक्षामें सदा ही भय लगा रहता था। श्रीभगवानने कौशल पूर्वक मुझे उस भयावह परीक्षाके दायित्वसे बचाया, परन्तु दया करके जो भयानक रोग उन्होंने मुझे दिया, उसका फल मैं आज पर्यन्त भोग रहा हूँ। इसको मैंने श्रीभगवानका दान समझ कर ही ग्रहण किया है।

राणाघाटमें आकर मैं कुछ दिनों तक अपने पूज्यपाद पिताजीकी पाठशालाके छात्र, घटकवाड़ाके प्रसिद्ध कविराज वेणीमाधव राय महाशयकी चिकित्सामें रहा। कविराजजीने सिर मुड़ाकर बकरीके दूधमें तेजपत्र घिसकर सिरमें लेप करनेकी व्यवस्था दी। दूसरी औषधियोंकी भी व्यवस्याकी गयी। उस समय मेरा चेहरा बड़ा सुन्दर था। सिर पर घने घुँघराले केश और बीचमें सुन्दर मांग, मुँह पर उठी हुई सुन्दर नन्ही नन्ही मूँछें, और यत्र तत्र मुकोमल दाढ़ीके बाल थे। इस प्रकारके सुन्दर केशोंको मुँडाते समय मुझे बड़ा ही दुःख हुआ। परन्तु कविराज महाशयका आदेश अलंघनीय था। इच्छा हुई कि अपने शौककी दाढ़ी-मूँछ रखकर सिर मुडन करवाऊं। नाईको ऐसा ही आदेश देकर सिर मुण्डन कराने बैठा। परन्तु यह बात किसी प्रकार पिताजीके कानोंमें पहुँच गयी। उन्होंने नाईको कड़ा हुक्म दिया, और मेरी ओर रोषपूर्ण नेत्रोंसे देखते हुए बोले—"बेटा! तुम क्या मुसलमानके बच्चे हो?" मैंने चुपचाप सिर मुडन करा लिया। इतने शौककी मूँछ-दाढ़ी और केशको तिलाञ्जलि देकर मुँडित हो गया, सिर एक बेलके समान हो गया। सिर पर औषधि लेपन करके दुःखित चित्तसे घर पर बैठकर केवल पुस्तकें पढ़ता था, घरसे बाहर नहीं निकलता था।

इस प्रकार कुछ दिन राणाघाटमें रहकर चिकित्सा कराने पर भी कुछ विशेष लाभ न हुआ। उसी समय नवद्वीपके प्रसिद्ध कथावाचक दीनानाथ गोस्वामीकी कन्याके साथ मेरे छोटे भाई गुरुदासका शुभ विवाह निश्चित हो गया। पिताजीकी आर्थिक दशा उस समय अत्यन्त खराब थी। उन दिनों वैदिक समाजमें पुत्रके विवाहमें भी खर्च होता था। कन्याके पिता सम्भ्रान्त और सज्जन पुरुष थे, इसके अतिरिक्त वह मेरे मँझले बहनोईके बड़े भाई थे। पूर्व सम्बन्धको दृढ़ करनेके लिए ही यह सम्बन्ध स्थिर हुआ था। हम सब लोग इस विवाहके उपलक्ष्यमें अपने घर दोगाछिया आये। विवाहके दिन मेरा सिर दर्द इतना बढ़ा कि सब लोग मेरे कारण व्याकुल हो उठे। दोगाछियाके तत्कालीन प्रसिद्ध कविराज, मेरे मातृकुलके विश्वेश्वर भट्टाचार्यने मेरी चिकित्साका भार लिया। कुछ दिन उनकी चिकित्सा चलती रही। परन्तु कुछ विशेष फल न हुआ। इसके पहलेसे ही मेरे शरीरमें एक और व्याधिके लक्षण दीखने लगे। वह था अर्श। मैं जो अनेक ऐसे गुणोंकी खान हूँ, आजतक यह अर्श रोग मेरे शरीर पर अधिकार कर निष्कण्टक राज्य कर रहा है। 'निष्कण्टक' शब्द व्यवहार करनेका तात्पर्य है। मेरे अर्श रोगमें कोई ताप-सन्ताप नहीं होता, केवल बीच-बीचमें

रक्तस्राव होकर शरीरको दुर्बल कर देता है। ये सब रोग हमारे सगी साथी हैं। अब मैं बूढ़ा हो गया हूँ, न जाने कितने रोगोंने इस शरीरको आश्रयस्थान बना लिया है और बना रहे हैं। मेरा कथन यह है—"सब रोगो! आओ। सब एक साथ आओ। इस अनित्य देह-मन्दिर पर अधिकार करके यदि तुम्हें सुख मिलता है तो सुख भोगो। निर्विवाद पूर्वक दखल कर कर भोगो। परन्तु एक बात याद रखो, तुम्हारी सेवा करनेके लिए मेरे पास समय नहीं है। तुम अपनी सेवा अपने आपही करना। तुम स्थान च्युत न होना, अर्थात् देह मन्दिरसे अन्यत्र अनधिकार प्रवेश न करना। यदि मन प्राणको तुम स्पर्श करोगे या स्पर्श करनेकी चेष्टा करोगे तो तुम्हारा सत्यानाश हो जायगा। यह बात याद रखना।"

छोटे भाईके विवाहके बाद हम फिर राणाघाट आये। वहाँ भी मेरे सिरदर्दकी नाना प्रकारसे चिकित्सा होने लगी।

अब पढ़ने-लिखनेकी आशा या इच्छा मुझे तनिक भी नहीं रह गयी थी। पिताजीकी आर्थिक दशा शोचनीय हो गयी थी। छोटे भाईके विवाहमें वे कुछ ऋण ग्रस्त भी हो गये थे। अब इस प्रकार मेरा घर पर बैठे रहना अच्छा न था। ऐसा सोचकर राणाघाट छोड़कर पुन भागलपुर नौकरीकी खोजमें जानेका मैंने सकल्प किया। उस समय मेरे शरीरकी अवस्था नितान्त बुरी न थी। पूज्यपाद पिताजीने पूरी अनिच्छा होते हुए भी मुझको अर्थोपार्जनकी चेष्टा करनेके लिए विदेश जानेकी अनुमति दे दी। जुलाई सन् १८८८ ई० म मैंने भागलपुर नौकरी करनेके उद्देश्य से प्रस्थान किया। वहाँ जाकर मैंने पुन बहनोईका अन्नदासत्व ग्रहण किया।

●

डाकघरमें अवैतनिक उम्मेदवारी

'दिल्लीके लड्डू'की खोजमे मैंने पुन भागलपुरमें १८८८ ई० की जुलाईके अन्तमे अपने बहनोईका अन्नदासत्व स्वीकार किया। उस समय मेरी अवस्था केवल २२ वर्षकी थी। उस समय मेरे एक और चचेरे बहनोई भागलपुरके डाकघरमे नौकरी करते थे, वेतन था बीस रुपये मासिक, और नाम था उनका विधुभूषण भट्टाचार्य। वे प्राय. १५ वर्ष डाकघरकी नौकरी करके इस बीस रुपयेके पद पर पहुँचे थे। वे सपरिवार बिना भाडा दिये डाकघरके सरकारी मकानमे रहते थे। वे मेल-क्लर्क थे, दिन-रात काम करना पड़ता था, इसी कारण उनको सरकारी मकान मिला था। उनके साथ मेरी चाची भी उसी मकानमे रहती थीं। मेरे इस बहनोईका वासा नया बाजारसे एक मीलसे अधिक दूर था। मैं बेकार अवस्थामे बीच-बीचमे प्राय. बडे डाकघरमे जाकर विधुबाबूके साथ नौकरीके सम्बन्धमे बातचीत और परामर्श करता था। न जाने क्यों लडकपनसे ही मुझको डाकघरकी नौकरी बहुत अच्छी लगती थी, और पोस्टमास्टरकी नौकरी मैं बहुत पसन्द करता था। मुझे याद है, जब मेरी अवस्था १२-१३ वर्षकी थी उस समय मेरे ग्राम दोगाछियामे पहले पहल एक नया डाकघर खुला था। नये पोस्ट-मास्टर हमारी ही जातिके ब्राह्मण थे। वे युवक थे और दस रुपया मासिक वेतन पाते थे। गांवके सब लोग उनका बडा आदर करते थे, सभी ब्राह्मणोंके घर वे प्रतिदिन निमन्त्रित होते थे। कुछ दिनके बाद वे सपरिवार रहकर हमारे ग्राममे नौकरी करते रहे और सपत्नीक पोस्टआफिसके मकानमे रहते थे। वे ऊपरके अफसरोंसे दूर रहते थे, और उनकी प्रतिदिनकी डाँटफटकारसे मुक्त थे। उन्हे गांवके लोगोंका प्रेमपूर्वक व्यवहार तथा सम्मान प्राप्त था। दासत्व जीवनकी यह सुख सुविधा, तथा कुछ स्वाधीनता देखकर मेरे मनमे इस प्रकारके 'दिल्लीका लड्डू' प्राप्त करनेका बडा लोभ होता था। भागलपुरके बडे डाकघरके बडे पोस्टमास्टरकी यह दासत्व सम्पद्की पराकाष्ठा देखकर मेरा वह बाल्यजीवनका लोभ पुनरुद्दीप्त हो गया, और मैंने विधुबाबूसे कहा कि मैं डाकघरकी नौकरी करूँगा। भागलपुर जैसे स्थानमे, इतने बडे-बडे लोगोंकी सिफारिशकी सुविधा और संयोगके बल पर मुझको एक अच्छे 'दिल्लीका लड्डू' प्राप्त करनेकी संभावना

थी। परन्तु मेरे जैसे मूर्खके भाग्यमें डाकघरकी 'मोहर लगानेकी' नौकरीको ही मैंने अपने उपयुक्त समझा। मैं सदासे ही स्वतन्त्र व्यक्ति रहा किसीकी कोई आज्ञा माननेवाला पात्र मैं कभी न था। मैंने अपनी इच्छासे डाकघरकी नौकरीमें प्रवेश किया।

एक दिन मैंने सुना कि भागलपुरके डाकघरमें एक सुपरिण्टेण्डेण्ट साहब परिदर्शन करने आये हैं। उनका नाम था जे० एफ मकलाफलिन (J F Mc Laughlin) वे बूढ़े थे, परन्तु बड़े कड़े मिजाजके थे। उनके पास जानेका साहस किसीको नहीं होता था। उस समय वहां पोस्ट मास्टर थे एक बंगाली, नाम था अविनाशचन्द्र घोष, निवास था बारकपुर मनिरामपुरम। उनका रङ्ग था काला स्याह। बड़े कड़े मिजाजके थे। जैसे सुपरिण्टेण्डेंट, वैसे पोस्टमास्टर! 'यादृशी शीतला देवी तादृश खरवाहन' इस प्रकारके दो दुर्दान्त अफसरोंके पास 'दिल्लीके लड्डू' की भीखके लिए मुझे हाथ फैलाना पड़ेगा। उनके साथ बातें करना जीवन-मरणके सन्धिस्थलमें गमन करनेके समान था। शुभ दिन देखकर अपने हाथसे अंग्रेजीमें एक आवेदन पत्र लिखकर उसके निम्नभागमें अपने हस्ताक्षर करके तथा विधुबाबूसे राय लेकर डरते डरते एक आदमीके द्वारा यह दरख्वास्त डाकघरके भीतर भेज दिया। मन ही मन डरता हुआ अष्टमी-पूजामें बलिके लिए तैयार बकरेके समान साफ सुथरा कपड़ा पहनकर डाकखानेके बरामदेमें मैं खड़ा हो गया*। कुछ देरके बादही मेरी पुकार हुई। एक आदमी दरवाजा खोलकर मुझको डाकघरके भीतर ले गया। मैं विधुबाबूका आदमी हूँ, यह बात पोस्ट मास्टर नहीं जानते थे, यदि जानते होते तो बड़ा विरोध करते। क्योंकि विधुबाबूके साथ उनकी बनती न थी। साहबने मेरी दरख्वास्तको पढ़कर मेरी ओर एक बार शुभदृष्टिपात किया और बिना कुछ पूछे डाकघरके काम सीखनेके लिए मुझे आदेश दिया। मैंने लम्बी सांस लेकर राहत पायी, डाकघरके बाहर आकर विधुबाबूके घर जाकर मैंने उनको यह संवाद दिया। मेरे बहनोई चन्द्रभूषण भट्टाचार्यने सुना कि 'मेरे घरका भात खाकर जंगली भैंस हँकाने वाला' डाकघरमें उम्मीदवारीकी नौकरी पा गया।

---

*वृद्धावस्थामें सारी बातें याद नहीं आतीं। मैं लिखना भूल गया था कि बाल्यकालमें मैं बड़ा तोतला था, और बड़ा ही नाजुक था। मेरा छोटा भाई मुझसे भी अधिक तोतला था। मुझे याद है कि, रामपुरहाट स्कूलमें मैं जब एण्ट्रेन्स क्लासमें पढ़ता था, उस समय तत्कालीन लेफ्टिनेण्ट गवर्नर सर रिवर्स टामसन (Sir Rivers Tompson) स्कूल परिदर्शन करने रामपुरहाट आये थे। अंग्रेजी कविता पाठ करनेके लिए हेडमास्टरने मुझको चुना। परन्तु मेरे इस तोतलेपनके कारण मेरा नाम काट दिया। २०-२२ वर्ष तक मेरा यह रोग प्रबल रहा। इसके डरसे मैं किसी शिक्षित व्यक्तिके साथ बात करनेका साहस नहीं करता। साहबके साथ बातें करनी पड़ेंगी, मैं तोतला हूँ, कैसे पहले बात करूँगा—इस भयसे मेरा मुँह सूख गया था। कैसे मेरा यह रोग चला गया, तथा कैसे मेरे नाजुकपन और धीरे दूर हो गये, यह मैं नहीं जानता। यदि दोनों रोग रह गए होते तो मेरी उन्नतिमें विशेष बाधा उपस्थित करते।

अवैतनिक उम्मेदवारीका जीवन-काल

डाकघरकी इस उम्मेदवारीके मौजकी कुछ बातें लिखे बिना मेरी यह आत्म-कथा अधूरी रह जायगी। एक मीलसे अधिक रास्ता चलकर प्रतिदिन मुझको सवेरे एकबार ४ बजे नया बाजारसे बडे डाकघर जाना पडता, १२ बजे बासे पर लौटकर पुन दो बजे जाना पडता, सबके अन्तमे रातको ७-८ बजे तक सिरतोड परिश्रम करनेके बाद अर्द्धमृत अवस्थामे बासे पर लौटता था। तीन बजे रातको उन दिनो लूप-लाइनकी मेल आती थी। पहली डिलीवरी सवेरे ५ बजे होती थी। इसलिए रातको ३॥ या ४ बजे क्लर्कोंकी हाजिरी होती थी। इस प्रकार बहनोईके घर भात खाकर बिना वेतन डाकघरकी भैंस हँकाना मेरा नित्यका काम था। लगभग दो मास इस प्रकार उम्मेदवारी करके मेरी नौकरी हुई १५ दिनके लिए १५ रु० मासिक वेतन पर भागलपुरके बडे डाकघरमे। काम था हिन्दी चिट्ठीके ऊपर डाकघरका नाम अंग्रेजीमे लाल स्याहीसे लिखना, तथा चिट्ठियाँ छाँटकरके डाकके थैलेमे बन्द करना। मैं हिन्दी नही जानता था, अनेक प्रकारके लोगोंकी लिपि पढना मेरे लिए एक दम असभव काम था। पोस्ट मास्टर साहबको यह बात कहने पर वह गर्म स्वरमे बोले—"काम नही कर सकते हो तो नौकरी छोड दो।" वे मेरे ऊपर भी बहुत नाराज थे, क्योंकि मैं विधुबाबूका आत्मीय था। नौकरीके लिए पोस्ट मास्टर साहबका अपना भी एक उम्मीदवार था। उसकी नौकरीके लिए वे बहुत परेशान थे। इसकारणसे भी मेरे ऊपर उनकी नेक नजर न थी। जो हो, मैं सिर ठोककर डाकघरमे काम करने लगा उस समय बालानाथदास नामक एक हिन्दुस्तानी निचले दर्जेक क्लर्क थे। उनके पैर पकड कर विनती करके मैंने कहा—"भाई, तुम मेरी हिन्दी चिट्ठियोंके ऊपर लिखित डाकघरका नाम अंग्रेजीमे लिख दो, 'खत पहुँचे जिला मुङ्गेर डाकखाना खरगपुर'—मैं पढ नही पाता हूँ, क्या करूं? मैं तुम्हारे दूसरे कार्य कर दूँगा।" बालानाथदास बोले—'तुम बंगाली लोग बडे चालाक हो। तनख्वाह लोग तुम, और काम करेंगे हम—ऐसा नही हो सकता है।" मैं और क्या बोलता? चिट्ठीका गट्ठा सामने लेकर बैठा हूँ, प्राण पनसे चेष्टा कर रहा हूँ। कायस्थी हिन्दी पढना बडा कठिन कार्य है। जो इसको लिखते हैं, वही बोलते हैं कि, "कौन ससुरा लिखा है?" मेरी इस दुरवस्था

पर विधुबाबूकी नजर पड़ी। वह मेरे पास आकर बोले कि बालानाथको मैंने कह दिया है, वह तुम्हारा यह कार्य कर देगा, परन्तु उसको इन १५ दिनोंमें दो रुपये देने पड़ेंगे। मैं आखिरकार राजी हो गया। बालानाथ दास तब हँसते-हँसते आकर मेरा काम कर देता। मेरा प्राण बचा। यहाँ यह भी कह देना चाहता हूँ कि इसके १५ वर्ष बाद जब मैं भागलपुरमें पोस्टमास्टर होकर आया तो बालानाथ दासको उसी १५ रुपये महीने पर नौकरी करते देखकर पहलेकी उस बातको मैंने उनको याद करा दिया। यह सुनकर वे बहुत लज्जित हुए और मुझसे बोले—"यह सब किस्मतकी बात है।"

१५ दिनकी वह अस्थायी नौकरी समाप्त होने पर "पुनर्मूषिको भव"। फिर वही 'घरका खाना और जंगली भेस हँकाना,'—फिर वही "खत पहुँचे" की खोज। इस प्रथम नौकरीमें मैंने पाया था ७॥ रु०—इसमें बालानाथ दासको देना पड़ा २ रु०—शेष रहा ५॥ रु०। "पहली नौकरीका फल भगवानके भोगमें लगाना पड़ता है", —मेरी बहिनने कहा। पिताजीको ठाकुरजीको भोग लगाने के लिए ५ रु० मैंने भेज दिये। उन्होंने बहुत प्रसन्न होकर पत्रमें लिखा कि, "ये पाँच रुपये मेरे लिए पाँच मोहर हैं।"

उसके लगभग एक महीनेके बाद एक महीनेके लिए भागलपुरके बड़े डाकघरकी खजान्चीगीरीका काम करनेका आदेश प्राप्त हुआ। परन्तु वेतन था केवल १५ रुपये मासिक। यह बड़ा ही उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य था। परन्तु जान पड़ता था, पोस्टमास्टर साहबने मुझको परेशान करनेके लिए ही यह काम मुझको करनेका आदेश दिया था। मैं यह सोच कर घबरा गया। विधुबाबू स्वयं यह नौकरी करते थे। पोस्टमास्टर साहबने लिखित आदेश दिया कि विधुबाबू खजान्चीका कार्य मुझको देकर रजिस्ट्रीका काम करें। उन्होंने विधुबाबूको बुलाकर चेतावनी दे दी कि वह मेरे पास आकर मुझे किसी प्रकारकी सहायता न करें। हाकिमके इस प्रकारके निष्ठुर, कठोर आदेशको सुनकर मेरी आत्मा सूख गयी। एक तो मैं हिसाब किताबमें जब गणेश था, उसके ऊपर यह रुपया-पैसा, टिकट आदिके हिसाबकी जवाबदेही! क्या करूँ, क्या न करूँ—सोचकर व्याकुल होने लगा। विधुबाबूने साहस दिलाकर कहा—"तुम काम करो, ठीक ठीक लेन-देन करना। शामके वक्त जब पोस्ट-मास्टर टहलनेके लिए बाहर जायगा, तो मैं तुम्हारा हिसाब ठीक कर दूँगा। मैं उस अत्यन्त जवाबदेहीकी नौकरी पर बहाल हुआ। बहुत सावधानीसे कार्य करने लगा। पोस्टमास्टर साहब आठ बजे घूमकर आते, तब हिसाब देखते थे। सब ठीक-ठाक पाते थे। एक दिन २ रुपये हिसाबमें अधिक हुए। विधुबाबूके परामर्शसे उसे मैंने पाकटमें रख लिया। दूसरे दिन २ रुपये हिसाबमें कम हुआ तो मैंने दे दिया। उसके बाद और कोई विशेष गड़बड़ी न हुई। किसी प्रकार सिर तोड़ परिश्रम करके मैंने एक महीने

यह नौकरी की। इससे मेरा सुयश हुआ और साथ साथ पोस्ट-मास्टर साहबका क्रोध भी मेरे ऊपर बढ गया।

भागलपुरके निकट मीरजान हाट नामका एक ब्राच आफिस था, वहाँ मैं इसके पहले दो दिनके लिए काम करने गया था। मुझको वहाँसे बुलाकर पोस्टमास्टरने यह खजाञ्चीका काम दिया था, और उनका आदमी जो उम्मीदवार था, उसको वहाँ भेजा था। उनका नाम था नरेन्द्र नाथ वसु। मुझको अयोग्य बनाकर डाकघरसे भगानेके लिए इस प्रकारकी व्यवस्था हुई थी।

"जाको राखे साइयाँ, मार न सक्कि है कोय।"

खड़गपुर (मुंगेर) पोस्ट-आफिसमें

इसके कुछ दिन बाद मुझको अस्थायी रूपसे कुछ समयके लिए मुङ्गेर जिलाके बरियारपुर स्टेशन (ई० आई० आर० रेलवे) के समीप खड़गपुरमें ब्रांच पोस्टमास्टरका काम करनेका आदेश प्राप्त हुआ। १८८८ ई० का मईका महीना बीत रहा था, वेतन वही १५ रुपये महीना। अर्थात् आठ आना प्रतिदिनकी मजदूरी। खड़गपुर खूब स्वास्थ्यप्रद स्थान है। दरभङ्गा महाराजकी जमींदारी है। वहाँ उनका एक मंजिल आफिस है उस समय उसके मैनेजर पूर्णचन्द्र वसु थे। उनका वेतन पांच सौ रुपया मासिक था। परन्तु उनके साथ मेरी घनिष्ठ मित्रता हो गयी थी। पञ्चशत और पञ्चदश वेतनमें मूलतः पञ्चका मेल था परन्तु शून्यान्त और दोका अन्तर होने पर भी पूर्णचन्द्रके मनमें विकार न था। पूर्णबाबूकी अवस्था थी पचासके ऊपर मेरी थी बीसके ऊपर। ऊपर दोनों थे परन्तु अन्तर था बीस और पचासका। उससे पूर्णचन्द्रका कुछ बनता बिगड़ता न था। बीस पचासमें कुछ अन्तर न थे। मैं था उस गांवके पोस्टल डिपार्टमेण्टका हेड पूर्णबाबू थे जमींदारीके हेड। हेड हेडमें मेल होनेके कारण ही इतनी घनिष्ठता पैदा हो गयी थी और इसीसे मित्रताका जन्म हुआ था। पूर्णबाबू बड़े ही निश्छल आदमी थे वह दिल खोलकर अपने मनकी मुझसे कहा करते थे और मेरा पूरा सम्मान भी करते थे। मैनेजर साहबको इस प्रकार खातिर करते देखकर वहाँ सभी लोग मेरी खातिर करते थे। मैं खड़गपुरमें एक विशिष्ट माननीय पुरुष था। क्षेत्रबाबू थे हेड क्लर्क और भी दो एक बंगाली क्लर्क वहाँ थे।

वहाँ डाकघरमें मेरा एक चपरासी था। नाम था उसका दर्शनलाल। वह जातिका था नाई एवं बड़ा ही धूर्त और चतुर था। एक खपरैल आठ घरके मकानमें डाकघर था। उसके सामने विस्तृत मैदान था। वहां सप्ताहमें दो बार हाट लगता था। दूर-दूरसे स्त्री पुरुष वहाँ बाजारमें खरीदने बेचने आते थे और डाकमें चिट्ठी पत्री भी डालते थे। दर्शनलाल डाकघरके बरामदेमें बैठकर लिफाफा पोस्टकार्ड, टिकट आदि बेचता था, और बीच बीचमें भीतर आकर डाकघरका काम भी करता था। दूर-दूरके गांवोंसे अनपढ़ पुरुष-स्त्री जब लेटरबक्समें चिट्ठी डालने आते तो चतुर नाई दर्शनलाल उनसे कहता—

"देखो यह डाक देवता है। इनकी मूर्ति है। रंगलाल है, आँग भीतर भ है, इनके गोड़ लागो और कुछ दक्षिणा दो, तब तुम्हारी चिट्ठी ठीक ठीक पहुँच जायगी।"

सरल हृदय निरक्षर ग्रामीण नर-नारी इस बात पर विश्वास करके लेटर बक्सको दण्डवत् प्रणाम करते और चिट्ठीके साथ दो एक पैसा दक्षिणा डालकर चले जाते थे। दर्शनलाल बक्स खोलकर उसे अपने जेबमें रखता। मैं इसके विषयमें कुछ भी नहीं जानता था। एक दिन हाटके दिन दर्शनलाल काम पर नहीं आया, मुझे ही अपने हाथों सब काम करना पड़ा। लेटरबक्स खोलकर मैंने देखा कि उसके भीतर ८-१० आने का ढेबुआ (ढेबुआ=एक आना) तथा कुछ फल-मूल है। देखकर मैं अवाक् हो गया। इस अयाचित अर्थका कुछ भी अर्थ समझमें न आया। दूसरे दिन दर्शनलालके आने पर मैंने उससे पूछा कि क्या बात है ? उसने ठीक ठीक सारी बातें बता दीं, तथा विशेष रूपसे अनुरोध किया कि उसकी इस क्षुद्र आयमें कोई बाधा न आये। मैं उस समय नया हाकिम था 'नूतन माले विष्टा खाइते शिखियाछे'—मिजाज बड़ा कड़ा था। मैंने उसको इस प्रकार गैरकानूनी कार्य करनेसे रोका। वह बहुत म्रियमाण सा हो गया, उस समय कुछ भी न बोला। तबसे दर्शनलाल सावधान तो हो गया, परन्तु मुझसे छिपाकर हाटमें जाकर दूसरे प्रकार अपना स्वार्थ सिद्ध करने लगा। मेरी उसके पीछे पड़कर C I D का कार्य करनेकी इच्छा न हुई। डाकघरके बाहर वह क्या करता है, यह देखना मेरा काम न था। यह इन्स्पेक्टरका काम था। यही मनमें सोचकर मैंने उसको और कुछ नहीं कहा।

खड़गपुरका प्राकृतिक दृश्य अत्यन्त सुन्दर था। वहाँ दोनों ओर सुरम्य पर्वत श्रेणी विराजती थी, जो ३२ मील लम्बी फैली हुई थी। बड़े बड़े अंग्रेज उस पहाड़ पर शिकार खेलने जाते थे। उनके रहनेकी सुविधाके लिए महाराजा दरभङ्गाने इस पर्वत श्रेणीकी तलहटीमें एक बड़ा डाक बंगला तैयार कराया था। उसका नाम था "फूल वेडिया कुटी"। वहाँका कृत्रिम सरोवर देखने योग्य है। इसके तीन ओर पहाड़ हैं और एक ओर दरभंगा महाराजका विपुल अर्थ व्ययसे निर्मित एक विशाल बाँध है। उस सरोवरके दूसरी ओर पहाड़के ऊपरी भागमें एक मनोहर गर्मजलका स्रोत है। वहाँसे सदा ही मुङ्गेरके सीताकुण्डके समान उष्णजल बहता रहता है। दरभङ्गाके वर्तमान महाराजा रामेश्वर सिंह बहादुरने यहाँ एक सुरम्य चहबच्चा निर्माण कर दिया है। उसका नाम 'रामेश्वरकुण्ड' रक्खा गया है। देश-देशसे लोग उस गर्म जलके स्रोतेको देखने जाते हैं। पर्वतके जंगलमें नाना प्रकारके वृक्ष हैं, जिनमें शाल, शिशप, पलास और आबनूस प्रधान वृक्ष हैं। स्थान स्थान पर घने बाँसके वन हैं। इस वनमें हिंस्र जीवोंका निवास है। इसीलिए शिकार करने अंग्रेज लोग यहाँ आते हैं।

उस खड़गपुरमें मैं लगभग एक वर्ष पोस्टमास्टर रहा। उस पूर्व स्मृतिकी अनेक बातें याद आती हैं वह सारी बातें लिखनेसे एक बड़ा ग्रन्थ तैयार हो जायगा और कितना लिखूं ? लाग कहते हैं कि मैं कलम सिद्ध हूं। लोगोंकी बातोंमें भूलनेसे मरा बायें सिद्ध न होगा। अतएव वह सारी बातें पटमें लेकर ही मरूंगा।

इस समय मैं अकेला था। अपने हाथ भोजन बनाया करता था। एक वेला भोजन बना कर दोना वक्त खाता था। स्वपाक बड़ा मधुर होता है। परम आनन्दसे था। एक दिन यह आनन्द निरानन्दमें परिणत हो गया। रातको सिद्ध अन्न परोसते समय देखा कि उसमें एक गोबरौला मरा पड़ा है। रातको भोजन नहीं हुआ। उसके दूसरे दिनसे रातमें भोजनकी व्यवस्था न करके जलपानका प्रबन्ध किया। किसी दिन चूड़ा मूढ़ी, किसी दिन दही चूड़ा इस प्रकार पेट पूजा करता।

पूर्णबाबू मैनजरके यहांसे बहुत सी अंग्रेजी तथा बङ्गलाकी पुस्तकें पढ़नेका मुझे सुयोग तथा सौभाग्य प्राप्त हुआ था। अंग्रेजी पुस्तक Tod's Rajasthan मैंने पहले यहीं पढ़ी थी। उसके फलस्वरूप एक कविता प्रणीत हुई। उसे यहाँ उद्धृत करता हूं। मैं कवि नहीं हूं। फिर भी कविता प्रणयन करता हूं, यह मेरा दुसाहस मात्र है। मैं सदा ही दुसाहसी पुरुष रहा।

राजपूत नारीका अग्नि प्रवेश

(१)

स्पर्शिया गगन तल
ज्वलिछे विषमानल,
उठिछे गगने धूम घन घनाकार।
वसुन्धरा टलमल
चारिदिके कोलाहल
दाँड़ाइया राजपूत कातारे कातार॥
सारि सारि दाँड़ाइया
अटल-निर्भय हिया
राजपूत नारी यत प्रसून आकार॥

"आकाशको स्पर्श करती हुई विषम अग्नि जल रही है, अत्यन्त घने आकारमें धुआँ आकाशमें उठ रहा है। पृथ्वी कम्पायमान है। चारो ओर कोलाहल हो रहा है। राजपूत पंक्ति बाँधकर खड़े हैं, प्रसूनके आकारमें राजपूत स्त्रियाँ निर्भय और अटल होकर पंक्तिबाँधे खड़ी हैं ॥१॥

(२)

परिधान शुभ्रवास
एलाईया केशपाश
दाँड़ाइया हासिमुखे रमणी निकर।
शरीर चन्दन मय
मुखे शब्द 'जय जय'

शुभ्र वस्त्र पहने हुए केश पाश बिखरे हुए राजपूत रमणियाँ झुण्डकी झुण्ड मुस्कराती हुई खड़ी हैं। शरीर चन्दनमय है, मुखसे 'जयजय' शब्द निकल रहा है, वे पवित्रता की मानो

मूर्त्तिमती पवित्रता सारल्य आधार ॥
सुपवित्र अङ्गज्योति
विमल सतीत्व भाति
विकाशिछे चारु अङ्गे दिव्य मनोहर ॥

मूर्तियाँ हैं, सरलता उनका आधार है, अङ्गोंसे सुपवित्र ज्योति निकल रही है, उनके सुन्दर अङ्गोंसे दिव्य, मनोहर सतीत्व की विमल छटा छिटक रही है ॥२॥

(३)
चारुकण्ठे अबलार
कम-कुसुमेर हार
चारु अङ्ग विभूषित विविध रतने ।
दिव्य ज्योति मनोहर
हृदय विमुग्धकर
विकाशिछे सदा हासि प्रफुल्ल आननें ॥
पतिप्राणा वीर नारी
चलियाछे सारि सारि
पशिते ज्वलन्तानले गजेन्द्र गमने ॥

उन अबलाओंके चारु कण्ठमें पुष्पोंके हार सुशोभित हैं, सुन्दर अंग विविध रत्नोंसे विभूषित हैं। उनकी दिव्य मनोहर ज्योति हृदयको विमुग्ध करती है। उनके प्रफुल्ल आनन पर सदा हँसीकी छटा विकसित हो रही है। वे पतिप्राणा वीर-नारी पंक्ति बांधे गजेन्द्रके समान मन्द मन्द चालसे जलती हुई अग्निकी ज्वालामें प्रवेश करने चली जा रही हैं ॥३॥

(४)
अटल निर्भय काय
मुखे शब्द "आय आय"
पशिगे ज्वलन्तानले सहचरीगण ।
जीवन यौवन धन
पतिपदे समर्पण
करिगे स्वजनि आय छूटे, बाँधि मन ।
कि साध जीवने आर
बिना पति अबलार
आय सबे चितानले सँपिगे जीवन ॥

उनका शरीर अटल और निर्भय है। मुखसे शब्द निकल रहे हैं "सखियो! आओ, आओ, जलती हुई अग्निमें प्रवेश करें। हे सजनी ! शीघ्र आओ, अपने जीवन और यौवन धनको पतिके चरणोंमें, मनको बांधकर अर्थात् एकाग्र चित्तसे समर्पण करें। पतिके बिना अबलाओंके जीवनमें अब कौन साध रह गया है ? आओ, सब मिलकर जलती चिताकी अग्निमें अपने जीवनको सौंप दें" ॥४॥

(५)
समुद्र कल्लोल मत
विधर्मी यवन जत
ऐ देख सहचरी घिरेछे नगरी ।

"सखियो ! देखो, समुद्रकी तरंगोंके समान विधर्मी यवनोंने नगरको घेर लिया है, अब विलम्ब करनेका

बिलम्बे नाहिक काज
पशिगे अनल माझ
आय सब सहचरि आय सारि सारि ॥
देखूक जगत आज
देखूक यवनराज
वीरबाला वीराङ्गना राजपूत नारी ॥

अवसर नहीं है। सखियो ! आओ, सबकी सब मिलकर अग्निमे प्रवेश करें। वीर बाला, वीराङ्गना राजपूत नारियोंको आज जगत देखे, और यवन राजा भी देखें" ॥५॥

(६)
पुष्पवृष्टि धारिधारे
सज्जित कुसुम हारे
एके एके बाहिरिला राजपूत नारी।
एक शत दुइ शत
अगणित कत शत
स्वर्गीय प्रतिमा सम चले सारि सारि॥
प्रफुल्ल वदन चय
मुखे शब्द 'जय जय'
धन्य सती पुण्यवति! धन्य वीर नारी॥

चारो ओरसे पुष्पवृष्टि हो रही है। कुसुमकी मालाओंसे सज्जित होकर एक एक करके राजपूत नारियाँ निकल पड़ी। एक सौ, दो सौ, अनगिनत सैकड़ो स्वर्गीय प्रतिमाके समान झुण्डकी झुण्ड चल पड़ी। उनके मुखमडल खिले हैं, मुखसे 'जयजय' शब्द हो रहा है। धन्य ! सती, पुण्यवती, वीर नारी तू धन्य है ! धन्य है ! ॥६॥

(७)
एके एके वीर नारी
पडिल अनल परि
गर्ज्जिल अनल कुण्ड भीम आस्फालने।
स्पर्शिया गगन तल
ज्वलिल विषमानल
छाइल गगने धूम घन आवरणे ॥
स्वर्ग हते देवगण
करिलेक आवाहन
वीरेन्द्र-रमणीगणे उल्लासित मने ॥

एक एक करके वीर नारियाँ अग्निमें जा गिरी। भयकर रव करता हुआ वह अनल कुण्ड गर्ज उठा। गगन-तलको स्पर्श करता हुआ विषमानल जल उठा। घने धूमका आवरण आकाशमे छा गया। स्वर्गसे देवताओंने उल्लसित चित्तसे उन वीरेन्द्र-रमणियोंका आवाहन किया।" ॥७॥

खड़गपुरका जीवन काल

•

खडगपुरमें रहते समय डाकघरकी प्रजता सम्बन्धी एक और रहस्यमूलक घटना है, उसका उल्लेख किए बिना यहांकी बात अधूरी रह जायगी। एक दिन डाकघरके इन्स्पेक्टर आये। बैसाखके महीनेमें हाटका दिन था। डाकघरके सामने मैदानमें एक आमका पेड था। उसकी छायामें कम्बल बिछाकर अपने आदमियोंके साथ कागज-पत्र लेकर आफिस लगाकर वे बैठे थे। बाजारमें आये हुए गांवके लोग उनको घेर कर तमाशा देख रहे थे। उनका चपरासी बीच बीचमें आँखें लाल करके अपने हाकिमके रोबकी रक्षा करनेके लिए उन भोले-भाले ग्रामीणोंको धमका कर भगा देता था। भयसे वे लोग पीछे हट जाते थे। तथापि भेड़का झुण्ड हटता न देख-कर वह चपरासी बीच बीचमें हाथमें लाठी लेकर उनको डराता धमकाता था। सहृदय हिन्दुस्तानी इन्सपेक्टर साहब उसको मना करते थे। परन्तु वह चपरासी सुनता न था। उसी समय एक बूढी स्त्री हाथमें एक डाककी चिट्ठी लेकर वहाँ आयी और बोली—"डाकखानाका अफसरको पास मेरा कुछ अर्जी है"। चपरासी तो अग्निशर्मा हो उठा, उस बुढियाको भगाने ही वाला था। परन्तु इन्सपेक्टर साहबके कानोंमें वह बात पडते ही उन्होंने हुक्म दिया—"बुढियाको सामने ले आओ"। हाकिमका हुक्म तामील हुआ। बुढिया आयी, और उसने एक चिट्ठी इन्स्पेक्टर साहबके हाथमें देकर कहा—"हमारा लडका कलकत्तामें नौकरी करता हय। हम बहुत मुश्किलसे एक चिट्ठी लिखाया, मगर एक बात लिखानेको भूल गया, आप डाकखानाको अफसर हय, ए चिट्ठी आपना हातसे कलकत्तामें मेरा बेटाको तकलिफ कीजियेगा, मगर उसको जबानी बोल दिजिएगा, हमारा घरमें एक काली गाय बिआया हय। दोनो बखत तीन चार सेर दूध होता हय। जेतना जल्दी हय मेरा बेटाको घर आना चाहिए। दूध खानेको आदमी मेरा घरमें और कोई नही हय।"

ग्राम्यभावापन्न सरलचित्त बुढियाका विश्वास था कि डाकघरका अफसर स्वयं डाककी चिट्ठी लेकर उसके पुत्रको कलकत्तामें जाकर वितरण करेगा। चिट्ठीमें जो बात लिखाना भूल गयी थी, बुढिया उसको सरल मन और सरल विश्वाससे

डाकघरके अफसरको बतलाकर पुत्रके नामकी चिट्ठी उनके हाथमें देकर निश्चिन्त होकर परम आनन्दपूर्वक वहाँसे चली गयी।

इन्स्पेक्टर साहब हँसते हँसते लोट-पोट हो गये। वह तत्काल डाकघरमें आये, और मुझको यह बात कह सुनायी। यह भी कहा कि डाकघरके सम्बन्धमें इस प्रकारका अज्ञान गाँवके लोगोंमें कम नहीं है। उन्होंने इस प्रसंगमें एक अति सुन्दर हास्योद्दीपक बात मुझको सुनायी, वह भी जैसी मैंने सुनी वैसी वर्णन करता हूँ।

दरभंगा ज़िलेके किस डाकघरमें यह घटना घटी थी, उसका नाम मुझे याद नहीं। एक बुढ़ियाके बगीचेमें कटहलके पेड़में नया फल लगा था। आषाढ़का महीना था। उस पेड़का पहला एक पक्का कटहल अपने विदेशवासी पुत्रके लिए उसने बड़े ही यत्नपूर्वक रक्खा। कैसे विदेशमें अपने पुत्रके पास वह सौगात भेजी जाय—यह सोचते-सोचते वह बुढ़िया गाँवके डाकघर गयी। डाकबाबूसे परामर्श करनेके लिए उसने पूछा—"डाकबाबू! हमारे लड़काको पेड़का एक कटहल डाकमें भेज देना चाहिए, खर्चा क्या पड़ेगा?" डाकबाबू रसिक और चतुर-चूड़ामणि थे। वह गम्भीर भावसे बोले—"डाकमें भेजनेसे कटहल खराब हो जायगा, सड़ जायगा। तारमें भेजनेसे ठीक होगा। जल्दी पहुँच जायगा। और जबाबी तार देनेसे पहुँचनेका खबर भी आ जायगा।" बुढ़िया सम्बल रहित न थी। उसका कटहल जायगा, और तारसे उसकी प्राप्तिका सम्वाद भी आ जायगा—यह जानकर उसे बड़ा आनन्द हुआ। उसने पूछा—'कितना खर्चा पड़ेगा?" रसिक डाकबाबूने उत्तर दिया—"दो रुपया जाने आनेका दोतरफा खर्चा पड़ेगा? पुत्र स्नेह वत्सला, सरल हृदया बुढ़िया यह बात सुनकर, घर जाकर तत्काल पक्का कटहल और दो रुपये लेकर फिर डाकघरमें आयी और डाकबाबूके पास उसे रखकर रसीद माँगी। चतुर डाकबाबूने एक कागज पर कुछ लिखकर बुढ़ियाके हाथमें देकर उसे बिदा किया। तब उन्होंने तारबाबूको बुलाकर हँसते हँसते कहा—"आज कटहल और मिठाई सबको खिलाओ जी। दो रुपयेकी मिठाई लाओ और कटहल सबको बाँटो।" डाकबाबूका हुक्म तुरन्त तामील हुआ। उस दिन डाकघरमें कटहल और मिठाईका महोत्सव हुआ। सब लोगोंने मिलकर हँसते हँसते पोस्ट मास्टरको शत शत धन्यवाद देते हुए भर पेट मिठाई और कटहल खाया। सुरसिक और सुचतुर डाकबाबूने तार-पिउनको सचेत करते हुए हुक्म दिया कि, 'रात को जाकर तुम कटहलकी मुनडी बुढ़ियाके द्वार पर मजेके साथ रख आना।' यथासमय यह हुक्म ठीक ठीक तामील हुआ। दूसरे दिन प्रात काल बुढ़ियाने घरका द्वार खोलकर जो देखा तो सिरसे पैर तक वह दुःख और शोकसे जल उठी। वह अविलम्ब डाकघरकी ओर चल पड़ी। डाकबाबूको देखते ही बुढ़ियाने क्रोधसे काँपते हुए गाली देकर कहा—"छौरा पुतियाको बेटा! हमारे लड़काको कटहल भेजा नहीं क्यों। तुम सब खाके मुनडी हमारा दुआर पर फेंका है। दो हमरा कटहल

और दो रुपया।" डाकबाबूने गभीर भावसे बुढ़ियाको जलके समान शान्त कर दिया— बुढ़िया ! तुमको कुछ भी समझ नहीं है। बटहल तुम्हारा लड़काको पास पहुँच गया है। तुम्हारा लड़का कटहल खाकर उसका भुंनडी तुमको देखनेके वास्ते भेज दिया है, जिसके वास्ते तुमने जवाबी तार दिया था।" उस युगका आदमी, एक तो बुढ़िया, दूसरे अज्ञानान्धकारसे आवृत, बुढ़ियाका हृदय चतुर डाकबाबूकी बात पर विश्वास किए बिना नहीं रह सकता था। उस समय उसने शान्त भाव धारण किया तथा अप्रतिभ होकर कहा—'हम बूढा आदमी है, यह सब क्या जाने बाबूजी, कसूर माफ करो।" इतना कहकर बुढ़िया सन्देह-रहित होकर अपने घर लौट गयी। पश्चात् उसका पुत्र देश लौटकर आया और बुढ़िया माताको बटहल न पहुँचने की सूचना दी, तब क्या हुआ—यह खबर इन्स्पेक्टर साहब को न थी।

●

उनके वासाके सब लोग व्यवसायी थे। वे लोग दोपहरके बाद भोजन करते थे। मुझको सरकारी कामसे साढ़े दस बजे जाना पड़ता था अतएव रसोइया ब्राह्मणको किसी प्रकार मेरे लिए किसी उपकरणके बिना ही अधपका चावल उसी समय तैयार करना पड़ता था। मैंने अपने आत्मीय स्वजनोंके परामर्शसे उस पाचक ब्राह्मणको एक रुपया दक्षिणा और एक नवीन वस्त्र खरीद करके दिया, फिर भी साधारण आलू-भात यथा समय न पा सका। उधर वीरेश्वर तरफदारकी चावलकी गद्दीमें रातको एक बजेसे पहले कभी अन्न नहीं मिलता था। वहाँ गद्दीमें एक जगह ५०-६० आदमी रातको भोजन करते थे। इसके बाद उतनी रात गये दूसरी जगह सोने जाना पड़ता था। "भोजन यत्र तत्र शयन हट्टमन्दिरे"— कलकत्तामें मेरे भाग्यमें यही बदा था। साधारण दो-एक पैसेका जलपान अवश्य करता था। उस समय मैं युवा अवस्थामें था, पेटकी ज्वाला दुर्दमनीय होती थी। किसी प्रकारसे कुछ अंशमें क्षुधाकी निवृत्ति मात्र होती थी। हाटखोलासे मेरा तार सीखनेका आफिस लगभग ढाई मील दूर था। इतनी दूर मैं द्रुतगतिसे पैदल जाता था। इस प्रकार अत्यन्त कष्टपूर्वक शरीरसे कष्ट भोगकर डाकघरकी यह पहली नौकरी बजाकर अपने वृद्ध माता पिताको आर्थिक सहायता करनी पड़ती थी। मुझे याद है, जब मैं कलकत्तेसे घर आता था, इसमेंसे ही, कुछ न कुछ साधारण गृहस्थीकी वस्तु खरीदकर साथ ले जाता था? बालटी, सँड़सी-चिमटा, हाँडी तथा कभी कभी माताजीके लिए एक वस्त्र। जो कुछ मैं ले जाता, मेरे माता-पिता बड़े प्रेमसे अपने इस अयोग्य पुत्रके स्वोपार्जित धनसे खरीदी उन क्षुद्र गृहोपयोगी साधारण वस्तुओंको लेकर सबको दिखलाकर आनन्दित होते थे। उन सब बातोंको याद करनेसे मनमें अब बड़ा दुःख होता है। जब मैं अर्थोपार्जन करनेमें समर्थ हुआ, तो वे लोग स्वधाम चले गये। उनके दारिद्र्य दुःखको दूर करनेका सौभाग्य मुझे नहीं मिला। मेरा यह दुःख मरने पर भी नहीं जायगा।

०

'Your father is in point of death come immediately" अर्थात् तुम्हारे पिता मरणासन्न हैं, शीघ्र आओ। मेरी अन्तिम परीक्षा कुछ बाकी थी। शिक्षक महाशयको टेलिग्राम दिखाने पर उन्होंने तुरन्त छुट्टी दे दी। हाथम एक पैसा भी न था। वासा बहुत दूर था, वहाँ जाने पर उस दिन सन्ध्याकी गाडीसे राणाघाट जाना नही होता। बन्धु बान्धवोसे रुपया कर्ज लेकर तत्काल सियालदह स्टेशन आकर किसी प्रकार शीघ्रतापूर्वक राणाघाटकी गाडी पकडी। साढे छ बजे राणाघाट स्टेशन पर पहुँचकर देखा कि मेरे मित्र केदारेश्वर घटक आदि २-३ आदमी वहाँ उपस्थित हैं। मुझसे उन्होंने पितृदेवकी मृत्युका समाचार छिपाकर कहा—'आओ, भेंट ही जायगी, वे बहुत पीडित हैं"। मैं दौडते दौडते उनके साथ राणाघाट घटक पाडेके वास पर गया और वहाँ जाकर देखा कि बहुतसे लोग द्वार पर रास्ता घेरे खडे हैं। घरके भीतरसे मेरी माँकी करुण क्रन्दन-ध्वनि मानो मेरे कानोंमे बर्छी सी लगी। समझमे आ गया कि मैं पितृविहीन होगया। लोग मुझको पकडकर घरके भीतर ले गये। वहाँ देखा कि पिताजीका मृत शरीर आगनमे तुलसी कानन के बीच वस्त्रमे ढँका हुआ पडा है। मेरी स्त्री और माता मुझको देखते ही करुण क्रन्दनका भीषण चीत्कार कर उठीं, चारो ओर हाहाकार मच गया। राणाघाटके सभी भद्र लोग वहाँ उपस्थित हो गये। जमींदार सुरेन्द्रनाथ पालचौधरी वहाँ खडे थे। मृतशरीरके सस्कारके लिए सारा प्रबन्ध हो चुका था। पाच मिनटके भीतर पिताजीका मृतशरीर बाहर निकाला गया, मैं अर्थी ले जाने वालोमे एक था। चूरणी नदीके तीर लानेका बन्दोबस्त था। नौका करके चाकदहके निकट कालीगजमे गगाजीके तट पर मेरे पितृदेवकी अन्त्येष्टि क्रिया सम्पन्न हुई थी।

वह दिन मेरे लिए बडा ही दुर्भाग्यका दिन था। परन्तु उस विपत्तिके दिन राणाघाटके सज्जन लोगोंने मेरे इस कार्यमे जिस प्रकार सहायता की थी, वही कोई वैसा नही करता। मैं इसके लिये उनका चिर कृतज्ञ हूँ। ४० वर्ष तक मेरे पूज्य पितृदेव राणाघाटमे रहे। वे वहाँ के आबाल वृद्ध नर-नारीवृन्दके बडे ही सम्मानके पात्र थे। उनके स्नेह और अनुरागके कारण सभी उनके परम प्रिय हो गये थे। इसी कारण उनके अतिम कालके सारे कार्य उन लोगोने किये। मेरे हाथमे एक कौडी भी न थी। पिताजीके हरिनामके झोलेमे केवल एक रुपया था। तो भी मेरे पितृदेवके मृतशरीरका दाह सस्कार चन्दनकी चिता पर किया गया। बडे समारोहके साथ राणाघाटमे उनका श्राद्ध किया गया। बहुतसे लोग निमन्त्रित हुए थे। य सारे खर्च करनेके बाद राणाघाट वासी मेरे पिताके मित्रोने मेरी माताके हाथमे २ ३ सौ रुपये देकर दोगाछियामे घर पर भेजा था। उनके ऋणसे मैं जीवनमे कभी उद्धार नहीं पा सकता।

मुंगेरमें तारबाबू

•

पिताके वियोगके पश्चात् मेरी पहली नौकरी १५ रु० मासिक वेतन पर मुंगेरके बड़े डाकघरमें तारबाबूके पद पर लगी। मैंने राणाघाटसे मुंगेर जाकर पितृशोकसे आर्त, भग्नहृदय होकर १० दिसम्बर १८८६ ई० को कर्मक्षेत्रमें पदार्पण किया। उस समय अतुलकृष्ण वसु महाशय मुंगेरके पोस्टमास्टर थे। वे मुझसे बड़ा स्नेह करते थे। सिर मुंडे, पितृविहीन सुन्दर ब्राह्मण बालकको नौकरी करते देखकर वहाँके सब लोग मुझ पर दया और श्रद्धा करते थे। मेरे एक स्वजातीय वैदिक श्रेणीके ब्राह्मण युवक थे हरिनाथ भट्टाचार्य। वे मुंगेर डाकघरमें उस समय बड़े तारबाबू थे, वेतन था केवल ३० रु० मासिक। वे मणिरामपुर बारकपुरके निवासी थे। नवद्वीपके उपेन्द्रनाथ सरकार उस समय स्थानीय डाकघरके सुपरिण्टेण्डेण्टके हेड क्लर्क थे, उनका वेतन भी केवल ३० रु० मासिक था। तोपखाना बाजारमें एक बंगालीबाबूके मेसमें मैंने अपने रहनेका प्रबन्ध किया। उस मेसमें दस-बारह बंगाली थे। मुझे याद है, रेलवे आडिट आफिसके बड़े बाबू केदारनाथ घोषाल हमारे मेसके मैनेजर थे। उस समय मुंगेरमें भोजनका सामान बड़ा सस्ता था। मेसमें हमारा खर्च ५॥ रु० या ६ रु० मासिक पड़ता था। मैंने स्थायी नौकरी मिलनेके बाद ही डाकघरमें ५०० रु० का जीवन बीमा करा लिया। उसमें मेरा १५ आने १० पाई मासिक प्रीमियम लगता था। शेष १४ रुपयेमें मेसका खर्च, और धोबी-नाईका खर्च काटकर प्रतिमास अपनी दुःखिनी माताको दोगाछिया घर पर ७ रु० घर-खर्चके लिए नियमित भेजता था। इस साधारण सहायतासे वे किसी प्रकार गृहस्थी चलाती थी। उस समय हमारा संसार बड़ा दुःसमय था। वह बात याद आने पर आज भी मेरे प्राण रो उठते हैं।

छोटी उम्रसे ही मुझको पढ़ने-लिखनेका रोग था। जीवनमें मैंने तास खेलना तक नहीं सीखा। आज ६३ वर्षकी अवस्थामें भी मैं तासकी चिड़िया और पान तकका ज्ञान नहीं रखता। मैं तास, पांसा जूआ आदि खेलके मोजसे बिल्कुल वञ्चित रहा। चाय, चुरट, तम्बाकूने अब तक मुझको स्पर्श नहीं किया। बाल्यकालसे ही मेरे सारे

समाजमे खूब प्रसिद्ध हो गया। एक दिन प्रातःकाल मैं मुंगेर डाकघरमे बैठकर काम कर रहा था, उस समय एक कलकत्ता निवासी सम्भ्रान्त पुरुष मेरे पास आकर बोले—"महाशय! हरिदास गोस्वामी यहाँ कौन हैं? कहाँ रहते हैं, बतला सकते हैं?" मैंने उत्तर दिया—"मैं ही हरिदास गोस्वामी हूँ।" उनको विश्वास नहीं हुआ कि मैं ही वह हरिदास गोस्वामी हूँ, जो अंग्रेजी समाचार-पत्रोंमें लेख लिखते हैं, क्योंकि उस समय मेरी नयी अवस्था थी, मैं नया छोकड़ा था, डाकघरमें साधारण वेतन पर नौकरी करता था। वे बोले— इण्डियन मिररमें अभी The Bengalis at home and Bengalis abroad, a contrast" शीर्षक बड़ा सा निबन्ध जिसने लिखा है, मैं उसी हरिदास गोस्वामीको ढूंढता हूँ।" मैंने कहा—"हाँ महाशय! वही मैं हूँ।" बहुत आश्चर्य-चकित होकर एक बार मेरे ऊपर आपाद मस्तक एक गहरी दृष्टि डालकर उन्होंने डाकघरके भीतर जाकर पोस्टमास्टर अतुल बाबूसे मेरी बातकी सचाईके सम्बन्धमें प्रश्न किया। अतुल बाबू मुझको जानते थे। उन्होंने जब बताया कि मैं ही वह लेखक-पुंगव हूँ तब उन सम्भ्रान्त पुरुषको विश्वास हुआ। तब उन्होंने मुझको फिर बुलाया और सबके सामने कहा—"आपके साथ आज मेरे बंगले पर २ नं० फोर्टमें आपके इस लेखके सम्बन्धमें कुछ विचार विमर्श होगा। क्या आप अनुग्रह करके सन्ध्याके बाद वहाँ आवेंगे?" मैंने पोस्टमास्टर महाशयके मुँहकी ओर देखा। वे बोले—"गोस्वामी! जाओगे न? मैं भी चलूँगा। मैं देखूँगा कि तुम्हारे भीतर debating power अर्थात् तर्कना शक्ति कैसी है? उस दिन सन्ध्याके बाद हम लोग कुछ आदमी एक साथ डाकघरके बगलमें उस सम्भ्रान्त पुरुषके बंगले पर गये। वहाँ देखा कि अपने कई मित्र वकील, डिप्टी आदि कुछ गण्यमान्य विशिष्ट जनको लेकर वे बैठकमें आमोद प्रमोद कर रहे हैं। हमको देखते ही उन्होंने आदर पूर्वक बैठनेके लिए आसन दिया, और पहले ही कहा कि "डाकघरके इस किरानीबाबूने विदेशी बंगालीके सम्बन्धमें इण्डियन मिरर में जो कुछ लिखा है, उसके सम्बन्धमें आज कुछ विचार होगा। इन्होंने लिखा है कि विदेशी बंगाली और बंगाल देशवासी बंगाली—दोनोंमें विशेष विभिन्नता पायी जाती है। इनकी प्रकृतिमें भी विभिन्नता लक्षित होती है। ऐसा लगता है मानो आचार-व्यवहारमें दोनों दो विभिन्न जाति या सम्प्रदाय हैं। क्या यह सत्य है?" इस विषयको लेकर उस समय तर्क बहुत शुरू हो गयी। एक ओर मैं था और दूसरी ओर वे ५-७ शिक्षित विदेशवासी विशिष्ट बंगाली थे। सारथियों से घिरने पर जैसे अभिमन्युके ऊपर बाण वर्षा हुई थी, उसी प्रकार अजस्र वाक्य बाण वर्षा मेरे ऊपर होने लगी। मैंने विचार और तर्कके द्वारा एक एक करके उनके सारे वाक्य बाणोंको व्यर्थ करके अपने सिद्धान्तकी पुष्टि की। उपस्थित शिक्षित सज्जनवृन्द मेरी वाक् चातुरीकी छटा, और विचार विश्लेषणकी घटा देखकर अवाक् हो गये। मैं तर्कमें विजयी होकर बासे पर लौटा। सभी उपस्थित सज्जन मुझको धन्य धन्य कहने लगे। उस दिनसे मुंगेरके शिक्षित सभ्यसमाजमें मेरा खूब आदर सत्कार हो

गया। वह अंग्रेजी लेख यहाँ उद्धृत करने का लोभ मैं संवरण न कर सका। यह लेख १० मई १८६० ई० के Indian Mirror में प्रथम प्रकाशित हुआ था*।

---

*The Bengalis at Home and the Bengalis Abroad—A contrast
To the Editor of the Indian Mirror

Sir,

The heading of the subject in hand is sufficient to convince your readers that I am going to give a *description of the Bengalis* who remain at home and earn their livelihood by humble means and of those, who have taken service and to other professions, as their means of subsistance and in consequence have to roam about in many distant places and to spend the greater portion of their lives, far away from their native land The remarks I would pass on this subject, are the results of my practical experience and knowledge of Bengali life at home and abroad I must tell the truth at any risk, but as truth is always disagreeable I am afraid my remarks will provoke indignant criticism in certain quarters

Bengalis at home and the Bengalis abroad appear to me to be two different classes of men quite indifferent to and heedless of the interest of each other Bengalis who live abroad, are generally well to do men and many among them are of course, well educated In every Indian town of some importance, where there are some public offices a strong element of Bengali residents may be seen serving there as Head Babus or clerks etc and living together for the most part with their families and children where the number of such Bengalis is considerable and where there are some among them who hold well paid post and who are professional men of some standing a division is always made amongst them and a distinction is observed A high circle is generally formed in such a places the illpaid clerks and other Bengalis of less importance and income, are not allowed to mix with the men of the so called high circle, though their number may be comparatively small As a consequence of this a *Daladali* is formed, as is now the case with every Bengali village, and jealousy party feeling, discontent enmity always prevail among them It is a fact that cannot be denied that many a Bengali who live abroad have no paternal residence of their own to live in or though some of them have a residence so to say yet it is merely nominal The ancestral residences of many of them have either long tumbled down or are in a very wretched and dilapidated condition for want of timely repairs But the Babus care very little for them Some say, that their native land is not at all worth living in, some say, fixed residence is not required so long they are in service some say they have no means to build a suitable house for themselves or even to keep their paternal residence in thorough repair Do you know, Mr Editor, why some of the Babus prefer spending the

मुङ्गेरके डाकघरमे मैंने तीन वर्ष तक नौकरी की थी। प्रार्थमिक डाक विभागकी शिक्षाने मेरे कर्म जीवनका पथ विशेष रूपसे उन्मुक्त कर दिया। इन तीन वर्षोंमे मैंने हाथमे कलम लेकर डाकघरके सारे कार्य सीखनेकी विशेष सुविधा प्राप्त की थी। यद्यपि मैं तार बाबू था, अर्थात् मुझे केवल तारका ही काम

---

time of their leave in the places where they hold service? These men, for the most part, have no house of their own to live in, and so it is better for them to remain where they are, during their leave. Some of them do not at all like to take leave unless compelled by circumstances—and do you know why? My answer is the same as before. This is, indeed, the case with many who live from hand to mouth This is certainly not creditable to them. The income of these men is sufficient, should they live a little economically to do all that s req red for a gentleman todo Banglow-
es of servants etc, which are
them to keep their position
their families with ease and
comfort, may be true to some extent But is there no remedy?
"
or ever and they have
nses strictly according
gentleman of humble
means, who live at house can easily afford providing his guests with metal untensils to have them fed, but many among the Bengalis who live abroad, and who are proud of their so-called service, have no such things in their house at all I was once invited as a Brahmin to eat at a so called Hindu Deputy's house, and my fooding was served on plate and dishes, and I was given a tumbler to drink water instead of a brass or stone glass.

Now as regards their religious tendency, spiritual improvement, their manners and customs and their mode of living, I would like to mention something which I have been able to gather from constant intercourse with them I do not know of Hindus so lamentably irreligious, and so fearlessly bold to throw the Hindu Shastras altogether over board, with some honourable exceptions, of course, as the Bengalis abroad They profess to belong to any religion according to the circumstances they are placed in at times, and their manners and customs are changed according to their circumstantial requirements They are creatures of circumstances in the strictest sense of the words The up-country men, as a general rule hate the Bengalis for their polluted manners, and their unholy and un Hindu lives They do not take water even from the Bengali Brahmins, and in fact, many among them look upon the Bengalis in the same light as they do upon the Mohomadans And what is the cause? My experiences have taught me that these men have in reality some good reason to hate the Bengalis, and to stand aloof from their society They have formed an idea of Bengali life from

सबेरे शाम मिलाकर आठ घण्टा करना पड़ता था। परन्तु वह काम बहुत अधिक न था, तथा सदा काम नहीं रहता था। मैं सुयोग मिलते ही डाक घरमें जाकर सब विभागोंके काम सीखता था, तथा अपने विश्रामके समय भी भोजन आदि करके फिर दोपहरमें स्वच्छापूर्वक डाकघरमें जाकर काम सीखता, तथा कायदा

---

the un-Hindu manners of a few Bengalis, who live in their midst, and with whom they always come in contact It has, indeed, pained me much to see some of the Bengali Brahmins, with grey hairs on their heads, speaking slightingly of the Hindu religion and the Hindu Shastras, and questioning Manu's authority, which their fathers and fore fathers followed with the utmost reverence. Religious customs and institutions and social laws to the Bengalis abroad, are something like holidays, which it is their option to observe, or not to observe They have no society at all—they have no society head,—they are found to do freely what they like They are found to eat freely what they like, some of them actually take forbidden food—they break down boldly social laws and customs. They do not observe the caste system They all eat together. The Brahmin and the Goldsmith, the Baidya and the Blacksmith, the Kayastha and the Oilman, the weaver and the washerman are all found to sit and eat together, and there is none to speak a word to them,—should any one dare to say a word of protest or give them a piece of advice, all of them fall foul on him, and he is put to trouble Still these worthies are called Hindus, and they are the leading members of the Hindu society When they come home, they are even found to attend *Hari savas! O tempora! O mores!* The evil these men are doing to the Hindu society and the Hindu religion is simply incalculable They are contaminating the whole Hindu society, and the poor Hindus, their neighbours and relatives at home, who do not know their real character, or have no chance to read them thoroughly, thus unconsciously lose their dear religion and therefore endeavour to remain aloof from their Company, for this reason orthodox Hindus do not like to mix with their relatives who live in distant places and thus try to avoid contamination. It is superfluous to state that the Bengalis abroad are not liked by the Bengalis at home nor the latter by the former. The reason is not far to seek Long separation generally slackens the ties of love and affection. The Bengalis abroad cannot reasonably claim such amount of affection and love from their relatives at home, as they are entitled to get during their temporary stay at home for a month or so, after three or four years Their relatives and neighbours are simple men, and generally God-fearing and religious. They can not but look with anxiety and fear at the un-Hindu manners of their relatives abroad, and naturally enough they shrink from their company, and try to leave their connections as far as possible. So it is evident that the Bengalis abroad, when they come home, get no happiness and comfort, and are disgusted, and

कानून पढना था। इस प्रकार दिन रात परिश्रम करके मैं एक काम-काजका आदमी बन सका था। सब लोग यह बात कहते थे कि मैं कानून जानने वाला भी बन गया था। डाकघरके किसी कानूनकी चर्चा होने पर पुराने पोष्ट माष्टर अतुलकृष्ण बसु महाशय गोसाईं बाबूको बुलाकर सबसे पहले पूछते थे। गोसाई बाबू उनके प्राइवेट सेक्रेटरी थे। इससे पुराने और बूढे क्लर्क यहां तक कि डिप्टी पोष्ट माष्टर भी गोसाईं बाबू पर कुदृष्टि रखने थे। अवश्य ही इसका कारण था हिंसा प्रवृति। परन्तु सभी इस गोसाईं बाबूकी खातिर करते थे। प्रेम नही था, यह बात मैं नहीं कह सकता। क्योंकि जब जिनको काम पडता था, तब वे मेरा बडा आदर करते थे, निमन्त्रण देकर उत्तम भोजन कराते थे। डाकघरके सुपरिण्टण्डेण्टके हेड क्लर्क उपेन बाबूसे मेरा उतना मेल-जोल न था। उनका घर नवद्वीपमें था। वे हाकिमके बडे बाबू थे, इस कारण हुकूमत करना उनको पसन्द था। मुझको यह अच्छा नही लगता था। बचपनसे ही मै बडा आत्माभिमानी व्यक्ति था, स्वतन्त्र मैं सदा ही रहा, आज भी हूँ। इसके लिए मैंने खूब लडाई झगडा किया है, अब भी करता हूँ। क्या करूँ? यही मेरा स्वभाव है। "स्वभाव ना जाय मले, इल्लत् ना जाय धुले।"

डाकघरमें मेरा नाम प्रसिद्ध था—खूब काम करने वाला आदमी, तथा लिखने पढने वाला आदमी। परन्तु वेतन था केवल १५ रु० मासिक। महात्मा शिशिर कुमार घोषके बहनोई मोतीलाल बक्शी महाशय जो बडे साहबके बडे बाबू थे, यह कहा करते थे कि मुंगरके तार बाबू हरिदास गोस्वामी जैसी अंग्रेजी लिखते हैं, वैसी अंग्रजी बडे बडे पोष्ट माष्टर भी नही लिख सकते। उस समय डिप्टी पोष्ट

---

consequently they prefer remaining where they serve, in their own fashion. The children of the Bengalis abroad are no better than their fathers They have no sympathy with their nearest relatives at homes and have generally a hatred of their native land. They have imbibed all the disqualifications and demerits of their parents more or less, and are as un Hindu in manners and customs as their fathers I have seen boys objecting to have their heads shaved during the 'Upnayan' ceremony, and to take *Kacha* and to do *Habishya* when their parents die The case with the females of the Bengalis abroad, with a few exceptions, is the same as their lords. What will they do? They are but tools in the hands of their earthly gods

My letter has become rather too long, but the multitude of matter discussed in it is my only excuse I intend reverting to the subject in a future issue

Monghyr, Yours,

10th May 1890 *Hari Das Goswami.*

जानेसे वह मुझको ६-७ रुपये मासिक भेजनेमें सहायक हुआ था। उन दिनों सस्तेका जमाना था, रुपयेमें सोलह सेर चावल, बीस सेर गेहूँ, सोलह सेर दाल मिलती थी। दूधका भी यही भाव सोलह सेर था। तरकारी सब सस्ती थी, मुंगेर जेलकी चार पाँच सेर वजनकी एक फूल गोभीका दाम एक आना मात्र था। इसी कारण उस अल्प आयसे हमारा काम ठीक चल जाता था। मुंगेरमें हँड़ियाका घी रुपयेमें डेढ़ सेरका बिकता था। ऐसा था तबका जमाना और हायरे आजका जमाना।

मुंगेरमें रहते समय स्कूल लाइब्रेरीमें जितनी पुस्तकें थीं उन सभीको पढ़नेका मुझे सुयोग प्राप्त था। स्कूलके हेडमाष्टर साहब मुझसे बड़ा स्नेह रखते थे। वहाँ मैंने एक Postal clerk's Association स्थापित की। उसमें केवल अंग्रेजी साहित्यकी चर्चा तथा पोष्ट आफिसके कायदे-कानूनकी शिक्षा होती थी। डाकघरके मूर्ख क्लर्कोंको अंग्रेजी सिखानेके लिए ही इस समितिका संगठन हुआ था। मैं अध्यक्ष था, क्लर्क लोग मेरे मित्र थे। अधिकांश अवस्थामें मुझसे बड़े थे। तथापि वे मुझसे अंग्रेजी सीखते थे। सबको अंग्रेजी समाचार-पत्र पढ़ना पड़ता था। सबके पास नोट-बुक था। अंग्रेजी रिपोर्ट लिखनेकी शिक्षा मैं देता था। इस प्रकार मेरी भी शिक्षा होती थी, तथा क्लर्कोंकी भी कुछ-कुछ शिक्षा होती थी। मेरा अपना एक बड़ा सा नोट बुक था। उसमें जहाँ कहीं अच्छी बात पाता, जहाँ कहीं अच्छा अंग्रेजी रचना पाता, उसे नक्ल कर लेता था। बहुत पुराने Hindu Patriot नामक पत्रके दो वर्षकी फाइल मैंने अपनी छात्रावस्थामें भागलपुरमें ही संग्रह की थी। उसमें सुप्रसिद्ध स्वनामधन्य वक्ता सुरेन्द्रनाथ वन्द्योपाध्याय महाशयकी नौकरी छूटनेका सारा विवरण था। वे आई.सी.एस थे। वे बर्खास्त किये गये थे। एक कमीशन बैठा था, उसकी सारी रिपोर्ट थी। दुःख की बात है कि मेरी वह पुरानी सामग्री खो गई है। छोटी अवस्थासे ही अच्छी-अच्छी चीजें संग्रह करके रखनेका मेरा बड़ा शौक था। अब भी है। कोई वस्तु मैं फेंकता नहीं हूँ। छोटी अवस्थामें मैंने यह कहाँ पढ़ा था, याद नहीं है कि—

"जेखाने देखिबे छाइ, उड़ाइया देख भाइ,
पेलेओ पेतेओ पार लुकान रतन।"

"हे भाई जहाँ कहीं राख दीखे, उसे उड़ाकर देखो, वहाँ छिपा रत्न भी तुम्हें मिल सकता है।"

यही मेरा काम था। मुझे याद है जिस समय मेरी १२-१३ वर्षकी अवस्था थी, मैं अपने पूज्यपाद पिताजीके साथ एक बार कलकत्ता उनके शिष्यके घर गया था। चौरङ्गीके रास्तेमें पैदल चलते-चलते मैंने देखा कि एक साहबके मकानके सामने एक समाचार पत्र पड़ा है। लोभ संवरण न कर सकनेके कारण मैंने उसे

जमालपुरमें किरानीगीरी

•

यह कहना मैं भूल गया था कि मुंगेरमें रहते समय वहाँसे जमालपुर डाकघरमें जाकर मैंने अस्थायी पद पर कुछ दिनों क्लर्कका काम किया था। १८६१ ई० २ अक्टूबरसे लेकर २८ दिसम्बर तक मैं वहाँ रहा। वेतन था केवल २० रु० मासिक। रहता था मेसमें, और काम था तार बाबू तथा डाक क्लर्कका, मिश्रित, खिचड़ी जैसा। उस समय जमालपुरमें बंगालियोंकी संख्या बहुत अधिक थी। ई. आई रेलवेके आडिट, कोचिङ्ग तथा लोको आफिसमें उस समय लगभग हजारसे ऊपर बंगाली काम करते थे। आडिट और कोचिङ्ग, दोनों बड़े आफिसोंके बड़े बाबू थे—दो वैद्य। इसलिए जमालपुरमें वैद्योंकी संख्या अधिक थी। यहाँ तक कि वहाँ वैद्य पाड़ा नामका एक बड़ा-सा गाँव जैसा स्थान बस गया था। वहाँ बंगाली स्त्रियाँ स्वतन्त्रतापूर्वक राहघाट पर घूमती थी, तथा इस घरसे उस घर जाकर नारी-पार्लमेण्टमें योगदान करती थीं। दोनों आफिसोंके दोनों वैद्य बड़े बाबुओंका नाम था पार्वतीचरण गुप्त तथा दुर्लभचन्द मजूमदार।

जमालपुरमें अनेकों छोटे बड़े अफसरोंके सुरम्य बंगले थे। फिरंगी मुहल्ला देखने पर कलकत्तेके चौरङ्गीका भ्रम हो जाता था। जमालपुर उन दिनों इतना बड़ा तड़क-भड़क वाला शहर था, हवा-पानी बड़ा ही उत्तम था। भोजनके पदार्थ खूब सस्ते थे। मेसमें हमको मासिक खर्च ७-८ रुपये देने पड़ते थे। रातमें दाल रोटी और आलूदम, तथा गोभीका व्यञ्जन रोज तैयार होता था। तीसरे पहर जलपानके लिए प्रबन्ध था आलूसिद्ध—प्रत्येक व्यक्तिके लिए एक पाव आलू सिद्ध, घृत, और काली मिर्चका चूर्ण मिला हुआ नमक—पीनेके लिए बर्फका जल। एक नए पोस्ट-मास्टर आये थे, नाम था केदारनाथ मुखोपाध्याय, नैहाटी निवासी थे, ५० वर्षके ऊपर उम्र थी। खूब मोटे थे, वजनमें तीन मनसे कम न होंगे। वह पुराने कर्मचारी थे, परन्तु स्वभावगत दोषके कारण उनकी वाणी कठोर थी। वृद्धावस्थामें वह पदोन्नतिके स्थानमें अवनतिको प्राप्त हुए थे। १५० रु० मासिक से घटाकर ७० रु० मासिक वेतन पर वह जमालपुरमें पोस्ट मास्टर होकर आये थे। उनके दो क्लर्क थे,

थोडा चुप चाप रहो, मुझको काम करने दो। तुम्हारी चिट्ठियाँ पोष्टमैन जाकर तुम्हारे घर दे आयेगा। अभी घर जाओ।" और वृद्ध समझें या न समझें, परन्तु अंग्रेज बालक 'साला साली' शब्दका अर्थ जानते थे। एक अंग्रेज लडका, केदार बाबूकी इस प्यारी बानमें मुग्ध होकर उनको डैमफूल कह कर गाली दे बैठा। केदार बाबूने तुरन्त उसका कान पकड कर गाल पर एक हल्कीसी चपत लगादी, और पोष्ट आफिसके बाहर निकाल दिया। बस अनर्थ हो गया! तत्काल उन साँपके बच्चोंने रोते-रोते जाकर अपने मा-बापसे शिकायत कर दी। बस, क्या था! गोरोंकी पल्टनके समान अंग्रेजोंने आकर डाकघरको घेर लिया। पहलेही पोष्ट माष्टरके आदेशसे डाकघरका द्वार बन्द कर दिया गया था। बाहर खडे होकर वे लोग धमकी देने लगे। डाकघरमें खलबली मच गई! परिस्थिति देखकर केदार बाबू अपने बासे पर चले गये। इस महासमरमें शान्ति स्थापनका भार पडा मेरे ऊपर। क्योंकि मैं ही एक मात्र क्लर्क उस समय ड्यूटी पर था। साहब लोग मुझको बहुत मानते थे। कोई भी डाकघरका जटिल काम पडने पर उसके निर्णयके लिए वे मेरे पास आते थे। पोष्ट माष्टरके मुँहफट होनेके कारण उनके पास कोई नहीं जाता। उस समय मैं वहाँ जाकर तोपके मुँह पर खडा हो गया। मैं सदासे ही दुःसाहसी पुरुष रहा हूँ। मेरे मुँहकी ओर देखकर वे फिरंगियोंके सैनिक पोष्ट माष्टरके विरुद्ध युद्धसे उस समय तो विरत हो गये, परन्तु उनको अवाच्य भाषामें गाली देनेमें न चूके, तथा धमकाते रहें। जो हो, वही कठिनाईसे वह बला किसी तरह टली। परन्तु उस दिन केदार बाबू फिर आफिसमें नहीं आये। अपने बासेके भीतरसे सब देख लिया। मुझको बुलाकर बोले—"बहुत अच्छा गोसाई! तुम निश्चय ही बडे आदमी बनोगे।"

जमालपुरमें उस समय अनेको गरीब क्लर्क बहुत कम वेतन पर नौकरी करते थे। उनमें अधिकांशका वेतन १५ रु० से २५ रु० मासिक था। प्रत्येक महीनेमें वेतन पानेपर पहले ३-४ रुपये वे लोग सेविंग्स बैंकमें जमा करते थे, और महीनेके अन्तमें एक-दो रुपया निकाल लेते थे। इससे पोष्ट माष्टरका काम काफी बढ जाता था। इसलिए इस श्रेणीके क्लर्कोंके ऊपर वह बहुत रुष्ट रहते थे। सबके सामने आफिसमें बैठे बैठे वह उनको गाली बका करते थे। शाला कहना तो उनकी साधारण बोली थी। यदि कोई कुछ कहता तो वह वृद्ध ब्राह्मण क्रुद्ध होकर कहते—'जाओ शाले, तुम लोग अपने बाबा पोष्ट माष्टर जनरलके पास शिकायत करो।' फल यह हुआ कि केदार बाबूके विरुद्ध डिप्टी पोष्ट माष्टर जनरलके पास कई आदमियोंकी शिकायत पहुँच गयी। उसकी जाँच करनेके लिए सुपरिण्टेण्डेण्ट L. A. Massa साहब स्वयं जमालपुर आये। साहब इटालियन थे, बडे सज्जन थे, सदा नशेमें चूर रहते थे, खूब नवाबी चाल-ढाल थी, विद्वान् थे, पीछे असिस्टेण्ट डाइरेक्टर जनरल हो गये थे। उन्होंने आकर केदार बाबूसे

जीवन-दान

•

जमालपुरमें रहनेके समय मेरा एक बड़ा भारी ग्रह कट गया। एक दिन इन्सपेक्टर चौबेजी महाराजके साथ मैं सायंकाल स्टेशनकी ओर टहलने गया। हम रेलवे लाइन पार होकर जा रहे थे। बातचीतमें मेरा मन इतना लीन था कि सामने आते हुए एक इंजनकी ओर मेरा ध्यान ही नहीं रहा। मैं रेलकी लाइन पर पैर रखने ही वाला था कि उसी समय चौबेजीने मेरा हाथ पकड़ कर जोरसे अपनी ओर खींच लिया। तब मुझको चेत हुआ और देखा कि क्षणभरमें इञ्जन पाससे गुजर गया। उस दिन चौबेजी महाराजने इस दुर्घटनासे मेरी रक्षा की थी। यदि वह न होते तो उस दिन गोसाईं बाबूकी दशा पोष्ट मास्टर केदार बाबू जैसी होती। केदार बाबू एक महीनेकी छुट्टी लेकर घर गये थे फिर लौटे ही नहीं। नैहाटीमें रेलसे कटकर उनकी दुःखद मृत्यु हो गयी। बेचारेको पेन्शन भोगनी पड़ी ही नहीं। उसी दिन या उसके दो एक दिन पहले ही उनकी इस शोचनीय मृत्युकी बात मेरे ध्यानमें आयी थी। सुनते हैं जो ध्यान किया जाता है, वह सामने आता है। इसी कारण जान पड़ता है मेरे लिए वह दुर्घटना सघटित हुई। श्री गौराङ्ग सुन्दरकी कृपासे उस दिन मेरी प्राण-रक्षा हुई थी। केदारबाबूको मैं बड़ा प्यार करता था। जान पड़ता है इसी कारण उन्होंने इस प्रकार मुझको अपने प्रेमका निदर्शन करके अपने साथ ले जाना चाहा था।

•

जमालपुरमे लूप मेनमे हम यात्रा कर रहे थे। दोनो आदमी साथ बैठकर आनन्दमे वार्त्तालाप करते जाते थे। मेरे मित्रकी स्त्री एक कोनेमे बैठ गयी। जगह काफी थी। कुछ देरके बाद हमलोग गाडीमे सुखपूर्वक सो गये। हमारे डब्बेमे कोई नही चढा। प्रात काल जब गुम्वरा स्टेशन पर गाडी पहुँची, तब हमारी नीद टूटी। वहाँ देखा कि दो आदमी १५-१६ वर्षके अल्हड लडके, बडे फक्कड, हाथमे घडी लिए, बाल सँवारे प्रात काल पान चबाते दो हाँडी हाथमे लिए हमारे डब्बेमे चढ गये। कानपुर वाले मेरे मित्रने बडी शिष्टतापूर्वक कहा कि बगलका डब्बा खाली है, इस डब्बेमे स्त्री है, आप लोग कृपा करके बगलके डब्बेमे चले जाइये। यह बात सुनकर उनमे एक लफगर फक्कड लडका बोला—यह रिजर्व गाडी नही है, और स्त्रियोका डब्बाभी नही है। हमलोग यही रहेगे। वह बाबू तब कुछ न बोलकर भृकुटी टेढी करके उस उद्धत लडकेकी ओर क्रुद्ध नेत्रोंसे देखने लगे। गाडी चलने लगी। तब उन दोनों लडकोने पहले सीटी बजायी, फिर टप्पाका गाना शुरू किया। तब मेरे मित्र उठ खडे हुए। अपने कुर्तेका बटन खोलकर दाल रोटीसे तैयार अपना शरीर उन नवागत अतिथियोको दिखलाते हुए बोले—"बाबू! चुपचाप भले आदमीके समान बैठो, मेरा शरीर देख लो, यदि कुछ बडबड किया तो दोनोको जुल्फी पकडकर चलती ट्रेनसे बाहर फेंक दूँगा।" एकने उत्तर दिया, "कौन शाला मारेगा, देख लूँगा।" यह बात सुनते ही मेरे भीमकाय मित्रने दोनो लडकोके सिरकी लम्बी जुल्फी दोनों हाथोंमे पकडकर उनको बेंच पर से बलपूर्वक उठा लिया और उनके सिरको तीन बार लोहेके गरादेसे टकराकर कहा—'देख लिया न, शाले! बोलने का मजा? अब चुपचाप बैठो, दूसरे स्टेशन पर चुपकेसे उतरकर चले जाना, नही तो यही मजा फिर दूँगा।" मैं भय और आश्चर्यमे अभिभूत होकर डब्बेमे एक कोनेमे बैठा रहा। देखते देखते ट्रेन दूसरे स्टेशन पर पहुँची तब मेरे मित्रने उनसे फिर कहा—"जाओ शाले, यहाँ उतर जाओ।" दोनो लडकोका मुँह पीला पड गया था। वे चोरके समान बैठे थे और जल्दीसे उठकर उतर गये। जानेके समय दोनो हाँडी ले जाना भूल गये। कुछ देरके बाद एक आदमी एकबार हाँडीकी खोजमे आया। मेरे मित्रने उसमे कहा—"आओ शाले फिर तुमको मजा चखाऊँ।" यह बात सुनते ही वह भयमे दस हाथ दूर चला गया। इतनेमे गाडी छूट गयी। तब हमलोगोने दोनो हाँडी खोलकर देखा। एक हाँडीमे सन्देश था और दूसरेमे रसगुल्ला। अब तो हमारे आनन्दकी सीमा न रही। हुगली होकर हमलोगोने नैहाटी पहुँचकर, गगा स्नान करके पेटभर सन्देश और रसगुल्ले खाये, और दूसरे लोगोको भी खिलाये। साथ साथ घर भी कुछ ले आये।

●

माँ भी देखेगी, तथा गृहिणी मनमें कितनी आनन्दित होगी। इस आनन्दमें तल्लीन होकर मैं मोतीहारीसे घरके लिए चला था। दोगाछियावासी आत्मीय बन्धु-बान्धव मुझको देखकर, मेरे अपरूप रूपको देखकर मनही मन ईर्ष्यासे जल उठे। क्योंकि नदिया जिलेका एक दोगाछिया ग्राम उन दिनों राक्षसी मलेरियाके मुखका ग्रास हो चुका था, इस प्रकारका एक स्वस्थ, गोल, सुडौल शरीरका आदमी वहाँ सबकी आँखोंका काँटासा हो गया। मुँहपर तो कोई कुछ बोलनेका साहस नहीं करता, परन्तु परोक्षमें सब कहने लगे कि, हरिदास जो मोटा हो गया है, इसका कारण है, विदेशमें रहता है रुपया पैसा कमाता है निश्चय ही कुछ मद्यपान करता होगा, नहीं तो ऐसा चिकना, गोल-गाल कैसे हो जाता ?' बात मेरे कानोंमें भी पहुँची मैं सुन ही हँसा। माताने भी सुना। वे उसी गाँवकी कन्या थी। सब लोग उनके आत्मीय थे। वे उनको खूब गालियाँ देने लगी, मुहजला मरघट्टा आदि दो चार मधुर बातोंसे सब सन्तुष्ट होकर चुप हो गये। मेरी माताजी खूब गम्भीर प्रकृतिकी स्त्री थी। गाँवके सब लोग उनसे डरते थे। मेरे भैया नील माधव वृहस्पति मुझको देखकर बहुत प्रसन्न हुए और मुझे आशीर्वाद दिया। उनकी पहली बात जब मैंने याद दिलायी तो हँसके बोले—' मैंने तो तुमका उपहासमें कहा था कि तुम पूर्वजन्ममें माँस-विक्रेता थे। तुमने मेरी वह बात मुझे अभी याद दिलाई, इससे मुझे बड़ा आनन्द हुआ।"

छोटी छोटी बातोंको याद रखनेकी मेरी आदत थी। छोटे काम मुझे बहुत पसन्द थे। छोटी छोटी वस्तुओं पर मेरा ध्यान अधिक जाता था। मेरी छोटी उम्रकी बहुत-सी छोटी छोटी वस्तुएँ आजभी मेरे बक्समें यत्नपूर्वक सुरक्षित पड़ी है। मेरी स्त्रीके अक्षर-बक्र प्रथम पत्र भी मेरे पास आज तक मौजूद है। जब मैं मुंगेरके डाकघरमें पहले-पहल १५ रु० महीनेकी नौकरी करता था, उस समय मैं एक बार घर गया था। मेरी माताजीके एक समीपके रिश्तेदारने मेरी १५ रु० महीनेकी नौकरीकी बात सुनकर मेरे सामने ही मेरी मातासे कहा था—"बुआ, हरि जो डाक घरकी नौकरीमें १५ रु० महीनेमें घुसा है, तो इसको इसी १५ रु० में पेन्शन लेनी पड़ेगी। थोड़ा पढ़-लिखकर डाकघरमें काम करने पर ऐसा ही होता है।" यह बात सुनकर माताजी बहुत दुखी हुई थी। मुझको बड़ा क्रोध हुआ था। उस समय मैंने कुछ नहीं कहा लेकिन यह मैंने प्रतिज्ञाकी कि पश्चात् सुयोग और सुविधा पाकर इसका उत्तर दूंगा। बहुत दिनों बाद जब मैं डाकघरका सुपरिण्टेण्डेण्ट हो गया, उस समय एक बार घर जानेपर उस रिश्तेदारसे भेंट हुई तो मैंने उनको पहली बात याद दिलाकर लज्जित कर दिया।

जिन दिनों मैं मोतीहारीमें काम करता था, भाग्यसे एक बंगाली ब्राह्मण मुझे द्वितीय तार बाबूके रूपमें मिल गये थे। उनका नाम था त्रिगुणाचरण चट्टोपाध्याय।

गुप्त और दे महाशय (पूरा नाम याद नहीं है) उस समय २० रु० महीना पानेवाला डाकघरका क्लर्क होने पर भी मेरे साथ मित्रवत् व्यवहार करते थे। मेरे अंग्रेजी लेख उस समय Indian Mirror, Hope, Hindu Magazine आदि अंग्रेजी सामाजिक-पत्रोंमें नियमित रूपसे प्रकाशित होते थे। स्वनामधन्य गरीफाके अमृतलाल राय Hope और Hindu Magazine के सम्पादक थे। और उनके छोटे भाई चारुचन्द्र राय, Executive Engineer थे। चारुचन्द्र रायके साथ घनश्याम गुप्त महाशयकी कन्याका विवाह हुआ था। इस सूत्रसे अमृतलाल राय जब मोतीहारी आये तो उनके साथ मेरा साक्षात्कार हुआ। वह मुझको देखकर बोले—"आपके लिखे लेखको पढ़कर मेरे मनमें होता था कि आप प्रवीण व्यक्ति हैं। पुराने ढंगके सीनियर Scholar हैं। परन्तु आज देखता हूँ कि आप डाकघरके एक साधारण क्लर्क हैं। धन्य है आपका अध्यवसाय! ऐसी अच्छी अंग्रेजी कैसे सीखली?" सबके सामने इतनी बड़ी आत्म प्रशंसाकी बात सुनकर मैं बहुत ही लज्जित हुआ। मोतीहारीके बंगाली कुलीन समाजमें मेरा बड़ा सम्मान था। चाहे कोई काम हो, गोसाईंजीके न रहने पर वह काम मानो सुसम्पन्न ही नहीं होता था। किसी न किसी डिप्टी या वकीलकी गाड़ीमें गोसाईंजी प्राय सन्ध्या कालीन भ्रमणमें जाते थे। यह देखकर पोष्ट मास्टर भी ईर्ष्यासे मरे जाते थे।

मोतीहारीमें उसी २० रु० मासिक वेतन पर बड़े तार बाबूके पद पर मैं दो वर्ष रहा। परन्तु वहाँ मेरा रंग खूब जम गया था। मेरा भाग्य कुछ उज्ज्वल था, चेहरा भी उसके अनुरूप था। विद्यावो तो, मैट्रिक फेल था और वह भी जुबलीके वर्ष—जिस साल ९० प्रतिशत लड़के पास हुए थे।

मोतीहारीके पोष्ट मास्टर साहब प्रसन्न बाबू वृद्ध होते हुए भी तीसरा विवाह करके युवाके समान उत्साही पुरुष थे। सांसारिक कार्यमें सर्वदा तत्पर रहते थे, सरकारी काममें उनका अच्छा नाम नहीं था। अचानक उनकी बदली पूर्णिया हो गयी और नये पोष्ट मास्टर आये शरतचन्द्र मुखोपाध्याय महाशय। प्रसन्न बाबूकी अचानक बदलीका एक विशेष कारण था। एक दिन सायंकाल कोई श्वेताङ्ग अंग्रेज डाकघरके भीतर आकर साधारण बातको लेकर पोष्ट मास्टर साहबको अट-शट बोला और मारनेके लिए तैयार हो गया। पोष्ट मास्टर साहब उस समय हिसाब लिख रहे थे। हम लोगभी उस समय अपने अपने काममें व्यस्त थे। वृद्ध ब्राह्मण अपमान और क्रोधसे तिलमिला उठे और बंगलामें उसको खूब गाली सुनाते हुए उसको गरदनिया देकर नीचे ढकेल दिया। तब डाकघरके सब लोगोंने मिलकर उसको उत्तम मध्यम दण्ड दिया, मैं भी उनमें था। दैवात् उसी समय E G Colvin I C S (उस समय मोतीहारीके Settlement officer थे। पश्चात् Agent to the Governor General हो गये) डाकघरके बाहर बरामदेमें खड़े थे और इस घटना को अपनी आँखों देख रहे थे। वह बहुत कुलीन अंग्रेज थे। उन्होंने उस दुष्ट प्रकृतिके अंग्रेजको बाहर बुलाकर काफी डाँटा

एक पुस्तिका थी। मेरी बुलाहट हुई। मैं जाकर उनके सामने उपस्थित हो गया। मुझको देखते ही वह बोले—Are you Mr. Goswami? तुम्हारा नाम गोस्वामी है?

मैं—Yes sir. हाँ महाशय।

साहब—I see you keep connection with the press. तुम समाचार पत्रमें लेख लिखते हो।

मैं—Yes sir, I do keep connection with the press, but I write on social and religious subjects only हाँ, मैं समाचारपत्रमें लिखता तो हूँ, परन्तु सामाजिक और धर्म सम्बन्धी लेख लिखता हूँ।

साहब—What is the guarantee that you do not write on political subjects? इसका क्या प्रमाण है कि राजनीतिक विषय पर लेख नहीं लिखते हो?

मैं—My word is guarantee, if you do not believe me, you can catch me red-handed मेरा कथन ही प्रमाण है, यदि आपको विश्वास न हो तो मुझे रंगे हाथों पकड़ सकते हैं।

साहब बहादुरके साथ इस प्रकार दो टूक बातें हो रही थी, उसी समय मेरे पीछेसे पोष्ट माष्टर साहब मेरा बदन दबाकर और बात न बढ़ानेका इशारा कर रहे थे। साहब बहादुरने भी मुझसे और कोई प्रश्न न करके अपनी नोटबुकमें कुछ लिखा, तथा मेरी ओर कड़ी नजर डालकर मुझे बिदा किया। दूसरे दिन मैंने अपने अंग्रेजी लेखोंकी सारी कतरनें एकत्रित कर, उसके साथ एक दरख्वास्त लिखकर साहब बहादुरके दफ्तरमें भेज दी। उसका अभिप्राय यह था कि, आपने मेरे समाचार-पत्रोंमें छपे लेखोंके सम्बन्धमें जो धारणा बनायी है, वह मौखिक है। आपके पास सारी कतरनें भेज रहा हूँ, इनको पढकर यदि आप कृपाकर इस सम्बन्धमें अपने विचार प्रकट कर तो मैं अनुगृहीत होऊँगा। तीन महीने तक मेरी इस दरख्वास्तका कोई उत्तर न आया। मैं तगादा पर तगादा करने परभी कोई उत्तर न पा सका। Postal Supdt Con J Dease साहबके मारफत दरख्वास्त दिया गया। उनको भी कई बार लिखा। कुछ दिनके बाद मुझे कतरनें वापस मिल गई। उत्तर भी प्राप्त हुआ। 'इस प्रकारके लेख लिखनेमें कोई आपत्ति नहीं'। प्राण बचा, मैंने लम्बी साँस ली। मेरी कलम पूर्ववत् चलने लगी।

मोतीहारीमें मैं दो वर्ष रहा। वहाँके जिला-स्कूलके हेडमाष्टर अन्नदा बाबू तथा डिप्टी मजिस्ट्रेट शर्मा बाबूकी मेरे विषयमें कैसी उच्च धारणा थी, यह निम्नलिखित दो प्रशंसापत्रोंमें प्रकट हो जायगा —

"I have much pleasure in stating that I have been acquainted with Babu Hari Das Goswami for some time He belongs to a respectable Brahmin family; circumstances compelled him to leave his

लालगंज और दरभंगामें

•

मोतीहारीसे अस्थायी भावसे चार महीनेके लिए मैं मुजफ्फरपुर जिलेके लालगंज डाकघरमें सब-पोस्ट-मास्टरके पद पर बदल कर गया। हाजीपुरसे लालगंज १४ माइलकी दूरी पर है। इक्केमें जाना पड़ता है। मोतीहारीसे विदा होनेके समयके दृश्य मुझे खूब याद हैं। सब मित्रोंकी स्नेह-पुष्पाञ्जलिसे मेरा शुष्क हृदय प्रेमसे गद्गद् हो गया था। ६ अगस्त १८९४ ई० को मैं मोतीहारीसे बदलकर सपरिवार लालगंज गया।

लालगंज व्यवसायिक केन्द्र है। बहुत बड़ा ग्राम है। एक बंगाली डाक्टर डाकघरके पास ही रहते थे। उनका नाम था रासबिहारी बाबू। वे शान्तिपुरके निवासी थे, मेरी ससुरालके गाँवके आदमी थे, बड़े प्रेमी थे। "असारे खलु संसारे सारं श्वसुर नन्दिनी" अपने बापके गांवके आदमी पाकर प्रेमानन्दसे मस्त होकर मेरी धर्मपत्नी तो खूब घुलमिल गयी, और मैं काममें मस्त था, काममें ही गाया-पचाया करने लगा। लालगंजमें एक और बंगाली बाबू कुछ दूर रहते थे। वह नीलकोठीके साहबके बड़े बाबू थे। उनकी बात और कुछ न कहूँगा। इस प्रकारके कुसङ्गीका सङ्ग जीवनमें कभी नहीं हुआ। जनसमाजके भीतर विदेशमें रहते बंगालीका कहाँ तक अध पतन हो सकता है, कहाँ तक पाप-पङ्कमें फँस सकता है, कितना पशुत्वको प्राप्त हो सकता है, उसका उत्कृष्ट और जीता जागता उदाहरण इन बंगाली बाबूका परिवार था। मैंने दूरसे ही प्रणाम करके उनका संग त्याग दिया था।

लालगंजमें रहते समय मेरी एकमात्र कन्या श्रीमती सुशीला सुन्दरीदेवी मातृ-गर्भमें आयी। वहाँ मैं केवल ४-५ महीने रहा। उसके बाद जब मेरी बदली दरभङ्गा हेड आफिसमें हुई तो मैंने पत्नीको घर पर माताके पास भेज दिया। लालगंजमें मेरा अस्थायी रूपसे वेतन २५ रु० मासिक था। दरभंगामें पूर्व स्थायी वेतन २० रु० मासिक पर बदली हुई थी। २७ नवम्बर १८९४ ई० को मैंने दरभंगा हेड आफिसमें कार्य प्रारम्भ किया। नदिया जिलेके पलासडंगा गाँवके निवासी हेमचन्द्र सरकार नामक मेरे एक पूर्व परिचित मित्र उस समय वहाँ क्लर्क थे। वह मेसमें रहते थे, मैं भी

तबसे विन्ध्यनाथ बाबू अक्सर डाकघरमे आते थे, मुझको बुलाकर बहुत बातें किया करते थे। कभी कभी अपनी गाडीमे मुझको लेकर घूमने जाते थे। पोष्ट माष्टर मौलवी साहब बडे ही सज्जन पुरुष थे। वे इसमे बडे प्रसन्न होते थे। कामके लिए मुझको कुछ भी नही कहते थे। मैं जब घूमने जाता था, हेम बाबू मेरा काम कर देते थे।

दरभगामे वही प्रसिद्ध डिप्टी पोष्ट-माष्टर-जनरल J. Short एक बार आये पोष्ट माष्टर मौलवी साहबको बदनाम करके उन्होंने ही छपरासे दरभगा बदली करायी थी। मौलवी साहब बडे तेजस्वी पुरुष थे। साहबके आफिसमे आने पर वह कुर्सीसे न उठे। साहबने स्वयही good morning कहकर कुशल-मङ्गल पूछा तब वह बोले—"Mr Short, you stabbed me in the dark, and you robbed me of my good name. I do not like to serve any longer under you I am going to retire very soon" अर्थात् 'तुमने मुझको अँधेरेमें छुरा मारा है, मेरे सुनामको नष्ट कर दिया है। मैं तुम्हारे अधीन और काम करना नही चाहता। मैं शीघ्र ही पेन्शन लूँगा।" इतना कहकर उन्होंने शेक्सपियरकी यह कविता पढ दी। साहब बहादुर चुप चाप सुनते रहे।

"Good name in man and woman Oh! My Lord!
Is the immediate Jewel of their soul,
He who flinches from me my good name,
Robs me of that, which not enriches him
But makes me poor indeed"

साहब बहादुर लज्जासे कुछ बोल न सके, कुछ परिदर्शन कर न सके, पोष्ट-माष्टर साहबको सलाम करके धीरे धीरे चले गये और फिर डाकघरमे कभी नही आये।

●

बारुण डाकघर (गया जिले) में

•

दरभङ्गा हेड आफिसमें मुझे अधिक दिन नहीं रहना पड़ा। तभी २० रु० वेतनमें सब-पोस्ट मास्टर और तार बाबू (सोला) एकमेवाद्वितीयम् होकर गया जिलेमें सोन नदीके तट पर ग्राण्ड ट्रंक रोडके ऊपर एक स्वास्थ्यप्रद स्थानमें बारुण नामक गाँवमें डाकघरका सर्वेसर्वा बनकर गया। मनमें बड़ा आनन्द था। बिना भाड़ेका सरकारी मकान रहनेके लिए मिलेगा। दैनिक काम देखने वाला ऊपर कोई न होगा। मैं ही कर्ता धर्ता विधाता रहूँगा। पोस्ट मास्टर लोगोंकी यह सुविधा और सौभाग्य देखकर ही बाल्यकालसे डाकघरकी नौकरी करनेका लोभ मेरे मनमें पैदा हुआ था। अब वह सुख-सुयोग प्राप्त हो गया। पत्नीको पत्र लिखा परन्तु वह उस समय गर्भवती थी। उसके भाग्यमें यह सुख और सुयोग विधाताने लिखा न था। लालगंजमें भी यह सुयोग प्राप्त था परन्तु वह अस्थायी नौकरी थी और यहाँ स्थायी नौकरी थी। उस समय डाकघरमें स्थायी अस्थायी नौकरीमें कोई विशेष अन्तर न था। प्रथम ३ ४ वर्ष बदली होती थी। विशेषतः तार बाबू लोगोंकी बदली बहुत जल्दी जल्दी होती थी। सिगनलारी पोस्टल एसोसियेशन इस प्रकारकी बदलीके विरुद्ध मैंने विशेष रूपसे आन्दोलन किया था जिसके फलस्वरूप अब Time Scale हो गया है।

बारुणमें पोस्ट मास्टरका निजी निवास-स्थान पत्थरका पक्का पी० डब्ल्यू० डी० का नया मकान था। ४ मार्च १८९५ ई० को मैंने बारुणमें जाकर कार्यभार ग्रहण किया। इतने छोटेसे कार्यभार का स्वयंको ही ग्रहण करना पड़ा। काम धंधा बहुत कम था। दिन भरमें ४ घंटा काम करना पड़ता था इसलिए समय काफी बचता था। वहाँ कई मित्र जुट गये जिनमें पण्डित रामखेलावन मधुबन-कोसीपारके मिश्रटोल निवासी थे मेरे साथही डाकघरमें रहते थे। मैं भोजन बनाता और वे सामान जुटा देते। वे बड़े ही सज्जन व्यक्ति थे। पी० डब्ल्यू० डी० में ओवरसियर होते थे। यहाँ एक और ओवरसियर थे नाम था रामाचरण वसु मल्लिक बंगाली कृष्णनगर निवासी थे। वे भी मेरे परम मित्र थे। उस समय तारके खंभे (Telegraph Post) खूब मजबूत लकड़ीके बनते थे। वे well seasoned होते थे।

पुराने खभे बीच बीचमें नीलाम कर दिये जाते थे । वे पुराने तारके खभे चार आने प्रति खभेके हिसाबसे मेरे लिए खरीद करके उन्होंने अपने ही आदमियोंसे एक पलग तैयार करा दिया था । वह पलग अनेको स्थानोंमें भ्रमण करके आजभी पूर्ण व्यवहारोपयोगी दशामें श्रीधाममें वर्तमान है। परन्तु मैंने उसको अब पेन्शन दे दी है । क्योंकि अब मुझको खटिया पर सोनेकी आवश्यकता नही रह गयी है । एक छिन्न-भिन्न चटाई पा जाने पर ही उसे यथेष्ठ मानता हूँ । उसी समय वहाँ एक अच्छी दरी मैंने ५ रु० में खरीदी थी । गया जिलेमें ओब्रा नामक स्थानमें अच्छी दरी तैयार होती हैं। मेरे लिये यह दरी फरमाइशसे बनवाई गई थी । मैं आज भी उस दरीको व्यवहारमें लाता हूँ। ये पुरानी वस्तुएँ मेरी बहुत प्रिय हैं । इनसे पूर्वस्मृति जागृत होती है ।

इसी समय श्रीपाट दोगाछिया ग्राममें २७वीं आषाढ १३०२ सालमें, रविवार, नवमी तिथि, चित्रा नक्षत्र, कन्याराशिमें—३० जून १८९५ ई० को मेरी एकमात्र कन्याका जन्म हुआ । मेरे फुफेरे भाई नील माधव वाचस्पति महाशयने पत्र द्वारा यह समाचार मुझे वारुणमें भेजा था । वह पत्र अब भी मेरे पास यत्नपूर्वक रखा हुआ है। 'कन्यारत्न महाधन' एक कहावत है । मेरे लिए यह कहावत पूर्ण सत्य हुई है । मेरी कन्या भक्ति धनसे धनी है। मेरी एक मात्र कन्या बाल अवस्थामें विधवा हो गयी । जागतिक सुखका कोई अनुभव उसे नही हुआ । उसको परम सुखका आस्वाद मिला, परम वस्तुका सन्धान प्राप्त हुआ, अपूर्व प्रेमानन्दकी अनुभूति हुई, जिसके सामने जागतिक सुख तुच्छ है । जिस परिवारमें एक ब्रह्मचारिणी विधवा रहती है, वहाँ एक विशिष्ट धर्मप्रभाव होता है । जिस परिवारमें विधवा नही होती, उस परिवारमें सदाचारसे देव-सेवा आदि कार्य सुसम्पन्न होना दुष्कर है । इसके लिए गृहस्थाश्रममें विधवाकी आवश्यकता है । वह श्रीभगवान्‌की अपूर्व सृष्टि तथा विशिष्ट दान है । यह बात सहज ही समझमें नहीं आती ।

सोन नदी एक बहुत बडी नदी है । २-३ मील चौडी है । वर्षा-कालमें ताडके पेडके समान ऊँचा ज्वार आता है । बडे बडे वृक्ष, वनके जन्तु आदि दूर-दूरसे बहते आते हैं, भयानक तरङ्गोंके आघातसे दोनों किनारोंको प्लावित करता हुआ जब ज्वार आता है तो इस महान् नदीके तीरके बसने वाले जीव-जन्तु तथा मनुष्य भयसे प्राण लेकर भागते हैं । इसी नदीके तट पर मेरा डाकघर था । नदीके उस पार आरा जिला डिहरी (Dehiri on Sone) और इस पार वारुण गया जिलेमें है । नदीके ऊपरसे होकर ग्राण्ड-ट्रंक रोड जाता है । बडे बडे पत्थर देकर इतनी बडी नदीका निम्नभाग पूर्णतः पक्का बांध दिया गया है । उसके ऊपरसे इक्का, घोडा-गाडी तथा मनुष्य आदि निरन्तर आते-जाते रहते हैं । इतनी बडी नदी तीन मील लम्बे पुलसे बाधी गयी है । सुना है इस पुलको बँधानेमें तीन करोड रुपये लगे थे । इसका निचला भाग ४८ बड़े बडे लोहेके दरवाजोंके द्वारा बीच-बीचमें आबद्ध है । इस पुलके द्वारा सोन नदीके भीषण

जल प्रवाहको आबद्ध करके एक ओर पटना नहर, तथा दूसरी ओर आरा नहर द्वारा पटना और आरा जिलेके तीरवर्ती भूभागको नदीके जलसे उर्वरा एवं परिप्लुत करके किसानोंको विशेष सुविधा प्रदान की गयी है। यह महान निर्माण-कार्य डिहरी और बारुणमें पी० डब्ल्यू० डी० की अक्षय कीर्ति है। वहाँका प्राकृतिक दृश्य अति सुन्दर है, उत्तम स्वास्थ्यकर स्थान है। इस डिहरी आन सोन और बारुण—ऐसे स्थानोंमें ही मैं पोस्ट मास्टर था। डिहरीकी कथा यथास्थान कहनेको आयगी।

सोन नदीमें मूल्यवान पत्थर पाये जाते हैं यह सुनकर मैं प्रतिदिन स्नानके समय दो तीन घण्टे पत्थर खोजनेमें लगाता था। फलतः कई पुखराज पत्थर एकत्र कर कर लाया था। उनमें से दो तीनको कटाकर हाथकी अंगूठी बनवायी है। वह मेरे हाथमें हीरेकी अँगूठी जैसी जान पड़ती है। मेरे हाथमें उसके मूल्यकी वृद्धि तो होगी ही क्योंकि मैं उस समय वह १५ २० रुपए वेतनका डाक बाबू था और बाबू नहीं हूँ। मैं तो इस समय श्रीपाद हरिदास गोस्वामी प्रभु हूँ। बड़े लोगोंके हाथमें काँचकी अँगूठी भी हीरेकी अंगूठी बन जाती है।

डिहरीमें उस समय पी०डब्ल्यू०डी० का बड़ा बोलबाला था। Ex Engineer *Asstt Engineer Sub Asst Engineer Overseer Sub Overseer* आदि सभी बंगाली बाबू थे। २० ३० मासिक वेतनका डाक बाबू होने पर भी मेरा एक व्यक्तिगत प्रभाव था। सभी मनसे श्रद्धा भक्ति रखते थे। मुझमें उस समय क्या गुण था नहीं जानता। सभी गुणसे सब आकृष्ट होते थे। रूप निश्चय ही था। यह मुझे ठीक याद है कि रूपसे भी बहुतसे लोग मुग्ध होते थे। मुझको वे लोग निमन्त्रित करके पानीके बोट द्वारा सोन नदीके इस पारसे उस पार कभी कभी डिहरी ले जाते थे। वहाँ खूब खाना-पीना होता था। परन्तु मेरे लिए शुद्ध स्वतन्त्र बन्दोबस्त होता था। गोसाईं सदा ही गोसाईं थे। इतने बड़े बड़े लोगोंके बीचमें भी २० ३० मासिकके गोसाईं बाबूकी एक स्वतन्त्र सत्ता थी। मैं भी सबोंसे अपनी स्वतन्त्रताकी रक्षा करनेमें समर्थ था। पण्डित और कविके रूपमें उस समयसे ही मेरी एक प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा थी। सभा-उत्सव आदिमें दरबारी बात करनेमें भी मैं दक्ष था। हास्य रसोद्दीपक गल्पमें मेरा विशेष अधिकार था। उस समय धर्म सम्बन्धमें मेरी ज्ञान बुद्धि साधारण ही थी। धर्म जीवनकी बात नैतिक चरित्रकी बात आदर्श महापुरुषोंकी कहानी बड़े बड़े मनीषियोंकी जीवनी आदि विषयमें मैं खूब आलोचना करता था। उपन्यास-नाटक आदिमें मेरा ज्ञान भी खूब था। यथार्थ सांसारिक ज्ञानसे ही मेरा मस्तिष्क भरा रहता था। मेरे उपस्थित रहने पर अन्य किसीकी बात नहीं जमने पाती थी। उस समय यही मेरा व्यक्तिगत वैशिष्ट्य था और इस वैशिष्ट्यने ही मुझको लोगोंका आत्मीय उत्पन्न किया था।

उस समय गया डिवीजनके डाकघरके सुपरिण्टेण्डेण्ट थे एक अंग्रेज पादरी J.A. Betham. वह बड़े दयावान और महान् हृदयके राजपुरुष थे। मेरा उनके साथ साक्षात्कार नहीं हुआ था। सरकारी कागज-पत्र आदिके द्वारा उनके साथ मेरा प्रथम परिचय हुआ था। छोटेसे छोटा डाक बाबू होने पर भी डाकघर सम्बन्धी बड़े बड़े विषयोंमें मेरा दिमाग दौड़ता था। इन विषयोंमें मैं सरकारी डाक-विभागके बड़े कर्ता (Director General) पर्यन्तको भी कागजी लड़ाईमें ललकारनेसे नहीं हिचकता था। ये सारी लिखा-पढ़ीके कागज Proper channel द्वारा जाते थे, अर्थात् उक्त पादरी महाशयके द्वारा जाते थे। मेरी विद्वता और गुणशीलताके विषयमें इन कागज-पत्रोंके द्वारा ही कुछ कुछ जानकर मेरे लिए दो एक उत्साहपूर्ण सिफारिशी पत्र उन्होंने लिखकर दिये थे, जिनमेसे एकमें लिखा था "I will forward your application to the High Court with pleasure and trust you will be successful. I am sure you will get on better in the Revenue or Judicial Branch of the Public Service. I hope you may rise to be a Dy. Magistrate or some thing better." अर्थात् "मैं आपका आवेदन-पत्र प्रसन्नताके साथ हाईकोर्टमें भेज दूँगा। मैं निश्चयपूर्वक कह सकता हूँ कि आप राजस्व या न्याय विभागमें डाकघरकी अपेक्षा अच्छी नौकरी प्राप्त करेंगे। मैं आशा करता हूँ कि आप किसी दिन डिप्टी मजिस्ट्रेट हो जाँयगे, अथवा उसकी अपेक्षा भी उच्च स्थान प्राप्त करेंगे।"

धारणमें नौकरी करते समय एक बार दोनों भाई एक साथ छुट्टी लेकर देश जाकर घरकी मरम्मत और सफेदी कराकर आये थे। मेरे पूज्यपाद पिताजीने दो पक्की कोठरी तो बनाई थी, परन्तु दीवालमें बालू-चूना देनेका पैसा नहीं जुटा पाये थे। फलत. बहुत समय तक ऐसाही पड़ा रहनेके कारण ईंटकी दीवालमें बीच-बीचमें तिलचट्टे आदि कीड़ोंने घर कर लिया था। रातके समय वे सब कृष्णके जीव स्वच्छन्द घरमें उड़कर घूमते थे। उनके साथ-साथ चमगुदड़ीका दल भी रेल-पेल करने लगता। किसकी मजाल जो रातको घरमें सोये ? मेरे कनिष्ट भ्राता गुरदास और मैंने डेढ़सौ रुपये कर्ज लेकर किसी प्रकार गोआड़ी कृष्णनगरसे माल-मसाला लाकर एक महीना भूतके समान परिश्रम किया। परन्तु दीवालके बाहरी भाग पर पूरा पूरा बालू-चूना लगते-न-लगते रुपया और छुट्टी दोनों समाप्त हो गये, और काम अधूरा रह गया। दीवालके भीतरी भाग बाकी रह गये, उनमें बालू-चूना नहीं लग सका। वह इतना प्रिय पैतृक घर अब भूमिसात हो गया है। वहाँकी सम्पत्ति, बाग-बगीचा, जमीन-जायदाद भूतोंका डेरा बन गया। दोगाछिया ग्राम गोआड़ी कृष्णनगरसे दक्षिण, तीन मीलकी दूरी पर है। पहले यह एक लम्बा-चौड़ा बड़ा सा गाँव था, अब भयानक मलेरियाके प्रकोपमें श्मशानमें परिणत हो गया है।

इस समय हमारे गृह-देवता नारायण तथा एक छोटे बाल-गोपालकी लघु श्रीमूर्तिको, जो हमारे पूर्व-पुरुष श्री चैतन्य भागवतोक्त, बाल-गोपाल-उपासक वैदिक विप्र श्रीसत्यभानु उपाध्यायके द्वारा अर्चित और सेवित हुए थे, श्रीधाम नवद्वीपमें मेरी मँझली बहिनके घरमें रखनेका प्रस्ताव हुआ। क्योंकि हमलोग तो विदेशमें नौकरी करते थे, घर पर दूसरा कोई ब्राह्मण नहीं था, तथा मेरे कनिष्ठ भ्राता गुरुदासने माताजीके सहित अपनी पत्नीको अपने साथ मोतीहारीमें, जहाँ वह नौकरी करते थे, ले आनेका सङ्कल्प किया। इसलिए गृह-देवताको कुछ दिनोंके लिए मँझली बहिनके घर रखनेके लिए हम बाध्य हो गये थे। मुझे खूब याद है, उस दिन हम दोनों भाई पैदल ही लगे पाँव काल वैशाखी (अकालवृष्टिसे वैशाख) के दिन अपराह्नमें १० मील रास्ता चलकर रातमें ६ बजेके बाद स्वरूपगंजमें पहुँचे थे। उस दिन हमको भयंकर तूफानके साथ-साथ मूसलाधार वृष्टिमें भीजते-भीजते सारी राह चलनी पड़ी थी। उस दिनकी विपदकी बात याद आने पर अब भी प्राण मानो काँप उठते हैं, स्वरूपगंजके घाट पार उतरनेके लिए नाव न मिलनेके कारण उस दुर्दिनकी वह भयानक रात दूकान पर बैठकर स्वरूपगंजमें ही काटनी पड़ी थी। गृह-देवता गृह छोड़कर पर-गृह जा रहे थे, इस कारण उनका मन दुःखित होनेसे ही हमारी वह दुर्दशा और दुर्गति हुई थी। किसी प्रकारसे उस दिन हमारी प्राण-रक्षा हो गयी थी, इसमें भी ठाकुरजीकी कृपाका अनुभव हुआ। दूसरे दिन प्रातःकाल नवद्वीप जाकर बहिनके घर ठाकुरजीको रखकर दोगाछिया लौट आया। कुछ दिनके बाद विदेश जाने पर बहिनके पत्रके द्वारा ज्ञात हुआ कि हमारे गृह-देवता नारायण और बालगोपाल किसी कारणसे महाप्रभुके मन्दिरमें कुछ दिन रखे गये थे। ऐसे अनेक ठाकुर वहाँ रहते हैं। परन्तु एक दिन एक सन्यासीने आकर एक नारायण शिलामूर्तिकी याचना की। उस दिनके पुजारी गोस्वामीप्रभुने हमारी नारायणशिला ही उस सन्यासीको दान कर दी। बहिनने अपनी पूजाके दिन हमारे नारायणको महाप्रभुके मन्दिरमें न देखकर अत्यन्त दुःखित और चिन्तित होकर पता लगाया, तथा समाचार प्राप्त करके हमको सूचित किया। वह दुःसमाचार प्राप्तकर उस दिन दुःखित होकर मैंने उपवास किया था, यह मुझे याद है। इसके १५-१६ वर्षके बाद जब मैं अजमेर (राजपूताना) का पोस्ट मास्टर था, तब एक अपरिचित सन्यासी अचानक आकर बिना माँगे मुझे एक नारायणशिला प्रदान करके चुपचाप चले गये। यह एक अपूर्व घटना है। यह लक्ष्मी-नृसिंह शालग्राम है, साधु-सन्यासियोंके द्वारा ही इसकी सेवा होती है। गृहस्थके घरमें नियमपूर्वक सेवा-पूजा न होनेसे महान् अनर्थकी आशंका रहती है। मैंने इस नारायणशिलाको प्राप्त कर उसी दिनसे अपने हाथोंसे विधिपूर्वक उनकी सेवापूजाका भार ग्रहण किया। आजतक वह हमारे श्रीमन्दिरमें सेवित और पूजित होते हैं। अबतक भय या विपद्का कोई कारण देखनेमें नहीं आया।

गया पोष्ट आफिसमें

•

इसी समय गयाके पोष्टमाष्टर बाबू राजकुमारलालने बहुत लिखा-पढ़ी करके मुझको अपने आफिसका क्लर्क बनानेकी चेष्टाकी। सालभर तक उनकी चेष्टाके फलस्वरूप उसी २० रु० महीने पर गया हेड आफिसमे मेरी बदली हो गयी। इसी बीच एक बार एक महीनेकी छुट्टीमे घर जाकर नवजात कन्याको मैं देख आया। उस समय उसकी उम्र ८-१० महीनेकी थी, खूब चचल और पुष्ट थी। गृहिणी कन्या उत्पन्न होनेके कारण कुछ लज्जित थी। मेरे छोटे भाई गुरुदासका ज्येष्ट पुत्र उस समय डेढ वर्षका था। नाम था ज्ञानेन्द्रनाथ—बडा ही दुर्बल बालक था। दोनो भाई-बहिनमे खूब मारपीट—काटाकाटी होती थी। ये दोनो शिशु मेरी माताजीके बहुत दुलारे थे। उस समय हमारी गृहस्थीकी हालत बडी ही शोचनीय थी। किसी प्रकार भोजनाच्छादन चलता था। इस दु खके ससारमे मेरी पूज्यनीया मातादेवी किसी प्रकार लौकिक कुटुम्बिता, तथा मोटा चावल और मोटे कपडेकी व्यवस्था करके बहुत कष्ट-पूर्वक परिवारका सचालन करती थी। यह देखकर मेरे मनमे बडा कष्ट होता था। परन्तु क्या करें, कोई उपाय न था। दु खित परिवारमे जन्म लेकर उपयुक्त शिक्षा ग्रहण न करके डाकघरमे सामान्य वेतन पर काम करनेके लिए मैं बाध्य हुआ था। छोटा भाई भी इसी प्रकार सामान्य वेतन पर सरकारी अफीम विभागमे क्लर्कके काम पर बहाल हुआ था। दोनो भाई माताजीको १०-११ रु० महीनेसे अधिक नही दे पाते थे। इससे किसी प्रकार भोजनाच्छादन मात्र चलता था। ये सब बातें याद आनेपर मेरे मनमे बडा कष्ट होता है। वृद्धावस्थामे माता पिता अर्थाभावमे बडा कष्ट पा गये हैं, और इस समय हम नवाबी करते हैं, यह बडी लज्जाकी बात है। आज यदि वे विद्यमान होते तो मैं देवताके समान उनकी पूजा और सेवा करके धन्य हो जाता। माता-पिताकी वृद्धावस्थामे सेवा करनेका सौभाग्य बडे ही पुण्यसे प्राप्त होता है।

बाढ़से मेरी गयामे बदली हुई। यहाँ भी क्लर्कका काम था। ८ अप्रैल १८६६ ई० मे मैंने गया हेड पोष्ट आफिसमे द्वितीय तार बाबूके स्थान पर कार्य प्रारम्भ किया। मेसमे रहता था। गयामे बहुत बगाली रहते थे। क्रमश सबके साथ परिचय

प्राप्त हुआ। पोष्ट मास्टर लाला राजकुमार लाल प्रतिवृद्ध, नामवर और पक्के पोष्ट मास्टर थे। उन्होंने मुझको अपना correspondence clerk नाम केरानी बना लिया। उस समय डाकघरमें ४-५ बगाली थे। इसलिए मुझको बड़ी सुविधा हुई। जिस मेसमें मैं रहता था, वह भी बगाली मेस था। हेमचन्द्र मित्र नामके एक बाबू उस समय आबकारीके केरानी (clerk) थे, वह आगे चलकर डिप्टी मजिस्ट्रेटके पद पर पहुँच गये। इस समय पेन्शन लेकर कृष्णनगर-गोआडीमें आनरेरी मजिस्ट्रेट हैं। उस दिन एक मुकदमेमें मैंने उनके इजलासमें गवाही दी थी। उन्होंने मेरा नाम सुनते ही मुझको पहचान लिया, और अपने इजलासमें ही कुर्सी देकर काफी खातिर की। मैंने उनको देखकर पहचाना नहीं, गयामें मैं तीन वर्ष तक रहा। कुछ दिनके बाद वहाँ सपरिवार रहने लगा था।

उस समय मेरी कन्याकी उम्र ३-४ वर्ष रही होगी। गयामें श्रीविष्णुपादपद्म श्रीमन्दिरके पास एक पत्थरके बने तीन तल्ले मकानमें मैंने सपरिवार कुछ दिन गया धाममें वास करनेका सौभाग्य प्राप्त किया था। मकानमें ऊपर-नीचे ५-७ कोठरियाँ थी। चारों ओर सुन्दर बरामदेसे घिरा था। कुआ नीचेके तल्लेमें था, परन्तु तितल्लेमें जल खींचनेका प्रबन्ध था। इतने सुन्दर तीन तल्ले मकानका भाड़ा उस समय १८ रु० मात्र अर्थात् केवल १॥ रु० महीना था। उन दिनों गयामें मकान इतने सस्ते भाड़ेमें मिलता था। भोजनके पदार्थ भी खूब सस्ते थे। बड़ा डाकघर था सिविल स्टेशनमें, मेरे वासेसे १॥ मील दूर। मुझको डाकघर प्रातःकाल ६ बजे जाना पड़ता था। भोजन करनेके लिए दोपहरको वासे पर आता, और फिर दो बजे जाकर सन्ध्या कालके बाद रातमें ८-९ बजे वासे पर लौटता था। इस प्रकार प्रतिदिन मुझको ६ मील पैदल चलना पड़ता था। ग्रीष्म और वर्षाकालके कष्टकी बात कही नहीं जा सकती? गया खूब ग्रीष्म प्रधान देश है, प्रायः चारों ओर पहाड़-पर्वत हैं। असह्य गर्मी पड़ती है, उसी गर्मीमें मध्याह्नमें तीन मील रास्ता आना-जाना कितना कष्ट-प्रद है, इसे भुक्तभोगीके सिवा और कोई नहीं जान सकता। नौकरी वस्तु ही ऐसी है, नौकरीमें मनुष्यको सब सहना पड़ता है। नौकरी बनाए रखनेके लिए जगत में ऐसा कोई काम नहीं, जिसे वह न कर सके। नौकरीको इसी कारण दिल्लीका लड्डू कहते हैं। जो खाता है वह भी पछताता है, और जो नहीं खाता वह भी पछताता है। पेट भरनेके लिए इस नौकरीके लिए इतना कष्ट! उसपर ऊपर गोनपाँवके ऊपर विषैला फोड़ा! ऊपरसे अफसरोंका डंडा जूता सहना पड़ता है। परन्तु मुझको नौकरीसे कभी घृणा नहीं हुई। न जाने क्यों? छोटी नौकरीके समयसे ही ऊपर वालोंकी सदा ही मेरे ऊपर कृपादृष्टि रही। बड़ी नौकरीकी तो बात ही क्या? बड़े बड़े साहब लोगोंको मेरी सहायताकी जरूरत पड़ती थी। गुनामदका तो मैं नाम ही नहीं जानता था। डाली देना तो दूर रहा अपनी नौकरीके समय बड़े बड़े ऊपर वाले साहबोंसे मैंने स्वयं डाली प्राप्त की है। इन सब

बातोंकी यहाँ आवश्यकता नहीं है। यथा समय अपनी बडी बडी नौकरीके जीवनकी अनेक बडी बडी बातें कहूँगा।

गया धाममें रहते समय मेरी माताका स्वर्गवास हो गया। वे मेरे छोटे भाई गुरुदासके पास मोतीहारीमें थीं। अचानक निमोनियासे उनका देहान्त हो गया। चम्पारन जिलेमें मोतीहारीसे १२ फरवरी १८६६ ई० को तार पाकर जबमें गयासे मोतीहारी गया तो अपनी पूज्यनीया माताको मृत्युशैय्या पर सोते पाया। कुछ बात तो नहीं हो सकी, परन्तु मृत्युकालमें उनको देख पाया। यही मेरे लिए परम सौभाग्यकी बात थी। गण्डकी नदीके तीर उनकी अन्त्येष्टि क्रिया करके दोनो भाइयोंने सपरिवार गया आकर उनकी श्राद्धादि क्रिया सम्पन्न की। दस वर्ष पूर्व मैं पितृ-विहीन हो चुका था, अब मातृ विहीन होकर संसारको अन्धकारमय देखने लगा। दोनों भाई आपसमें गलेमें हाथ डालकर खूब रोये। मातृ-निधनके साल दोगाछियाके पूजागृहका ताला बन्द था। ब्राह्मण पण्डितके घर पीतल और कासेके वर्त्तनोंका अभाव न था। एक घर कलसी ही कलसीसे भरा था। मेरे पूज्यनीय पिताजी सुविख्यात भागवत कथावाचक थे। दरी, गलीचा, चौकी, आसन, लोटा, कटोरा वर्तन आदि हमारे घरमें भरे पडे थे। कुछ दिनके बाद समाचार मिला कि घरका ताला तोडकर चोर सब कुछ चुरा ले गये हैं। छुट्टी लेकर घर जाकर देखा तो पता लगा कि स्वजन दस्युओं द्वाराही यह कार्य सम्पन्न किया गया है। कई आदमियोंके घरमें देखा कि मेरे ही घरकी वस्तुएँ व्यवहृत हो रही हैं। परन्तु साधारण तुच्छ वस्तुके लिए मैंने और कुछ न करना चाहा। हमारे घरकी एक प्राचीन हस्तलिखित श्रीमद्भागवतकी पोथी भी चोरी चली गयी थी। पश्चात् ज्ञात हुआ कि वह नवद्वीपके किसी भागवत व्यवसायी गोस्वामी सन्तानके हाथ साधारण मूल्यमें बची गयी है। छोटी उम्रमें मैं पितृ-विहीन हो गया था, अब मातृ विहीन हो गया, पैतृक सम्पत्ति चली गयी, घर द्वार सब चला गया। केवल दिल्लीका लड्डू २० रु० मासिककी नौकरी ही एक सहारा रह गयी। ऐसी अवस्थामें पडकर जो मनुष्य बनता है, वही यथार्थ मनुष्य है। परन्तु इस हतभाग्यके पक्षमें यह नियम कारगर न हुआ। मनुष्य भी न हो सका, सज्जन भक्त होना तो दूरकी बात है।

कहना भूल गया, जिस समय मैं गयामें अकेला मेसमें रहता था, उस समय एक मासके लिए मुझे गया जिलेके वजीरगंज डाकघरमें सब-पोष्ट-मास्टरी करनेके लिए जाना पडा था। वजीरगंज गयासे २०-२२ मील दूर है। वहाँ ऊँट गाडी करके जाना पडता है। वह अति प्राचीन स्थान है। किसीभी स्थानमें जमीन खोदने पर पत्थरकी बौद्ध मूर्त्ति आज भी निकलती है। मैं भी एक अति सुन्दर प्राचीन बुद्धदेवकी श्रीमूर्त्ति वहाँसे ले आया था। वह तौलमें आधा मन, तीस सेर तक होगी। वह गयामें ही रखी गयी है। संभवतः आज भी मेरे मित्र गयानाथ बाबूके यहाँ होगी।

गोस्वामी प्रभु कहकर मेरा बडा सम्मान होता था। इससे मुझे बड़ी लज्जा आती थी। डाकघरोमे मेरी ख्याति थी सुशिक्षित मनुष्यके रूपमे। डाकघरके लोग प्राय' मूर्ख होते है, परन्तु लिखा-पढीमे मैं तेज था। इस कारण डाकघरके लोग मुझसे भय भी खाते थे और सम्मान भी करते थे। रञ्जन बाबूके साथ भी कई बार लिखा-पढीकी लडाई हुई थी। उस समय सुपरिण्टेण्डेण्ट थे J. A. Betham साहब। वे बडे सज्जन थे, पादरीके समान थे। वह मध्यस्थ होकर हमारा झगडा मिटा देते थे।

आरा और पूर्णियामे सुपरिण्टेण्डेण्टके बडे बाबूका वेतन केवल ३० रु० महीना था। अब २५० रु० महीना हो गया है। मैने इन दोनो जगहोमे एक-एक महीने अस्थाई भावसे काम किया था। दोनो स्थानोमे सुपरिण्टेण्डेण्ट लाल मुँह वाले साहब थे। एकका नाम Burn था और दूसरे का नाम Love उन दिनो पूर्णियाँ बडा ही अस्वास्थ्यकर स्थान था। वहाँका हवापानी मुझे सहन न हुआ। माताकी बीमारीके बहाने छुट्टी लेकर मैं वहाँसे भाग गया, फिर नही लौटा। इससे साहब बहादुर बहुत रुष्ट हुए। उससे मेरी कोई हानि न थी। वही Love साहब बादमे कलकत्तामे प्रेसिडेंसी पोस्ट मास्टर हो गये थे।

इतने दिनो तक मेरी असली तनख्वाह २० रु० महीना ही रही। मुझको अस्थायी भावसे बडी बडी उत्तरदायित्वपूर्ण नौकरियाँ करनी पडती। इन नौकरियोमे कही २६ रु० कही ३० रु० महीना वेतन मिलता था। इसके बाद मैं ३० रु० महीने पर पक्का होकर क्लर्कके काम पर फिर गया हेड आफिसमे आया, यह १६ अगस्त १८९८ ई० की बात है। मैं जब छपरा जिलेमे दिघवारा पोस्ट आफिसमे काम करता था, उस समय एक बडा भूकम्प हुआ था। यह भूकम्प सारे देशमे व्याप्त था। बहुत लोग मरे, बहुतो को हानि भी अत्यधिक हुई। मुझको याद है कि मैं आफिसमे बैठकर काम कर रहा था। मानो किसीने मुझको वहाँसे हटाकर घरके बाहर कर दिया। सारा मकान तूफान वृक्षकी डालके समान डोल रहा था। वैसा भूकम्प मैने जीवनमे कभी नही देखा। उस समय मेरी पूज्यनीया माता देवी जीवित थी। मेरा समाचार जब तक न मिला तब तक उन्होने अन्न-जल ग्रहण नही किया। मेरा पत्र पानेके बाद ही उनको शान्ति मिली।

यह लिखना भूल गया हूँ कि जब मैं श्रीविष्णुपादके मन्दिरके पास गया धामके पाँच मुहल्लामे १८ रु० वार्षिक भाडेमे तीन तल्ले मकानमे रहता था, उस समय मेरी कन्या सुशीलाकी अवस्था केवल ३-४ वर्ष थी। बचपनसे वह बडी चचल और धृष्ट थी। गयाकी गलियाँ टेढी-मेढी है, और तग है। दोनो ओर बडे-बडे पक्के तीन तल्ले, चौतल्ले मकान है। गलियोके रास्ते भी पक्के है। नीचे नालियाँ है। आगन्तुक यात्री सहज ही इन गलियोमे रास्ता भूल जाता है। मेरी शिशु कन्या सुशीला

बाबूके द्वारा हुआ था । वे मुझको विशेषरूपसे जानते थे । मेरे द्वारा अंग्रेजी और बगला पत्रोमे इस विषयका आन्दोलन करानेके उद्देश्यसे महन्तके पास वे मुझको ले गये थे । यद्यपि मैं नौकरी करता था, परन्तु सब लोग जानते थे कि लेखादिके द्वारा वाद विवाद चलानेमे मैं बडा पटु हूँ । अंग्रेजी-बगला भाषामे समाचार-पत्रोमे युक्तिपूर्ण प्रबन्ध लिखकर मैं सुन्दरतापूर्वक आन्दोलन करनेमे सिद्धहस्त हूँ, यह बात सब लोग जानते थे । मैंने सामयिक अंग्रेजी और बगला समाचार-पत्रोंमे कतिपय सुयुक्तिपूर्ण निबन्ध लिखकर महन्त महाराजका कुछ उपकार किया था, इसलिए उन्होने मुझको विधिपूर्वक पारिश्रमिक, तथा भोज्य वस्तुएं और वस्त्रादि भेंट किये थे । उन सब लेखोकी कत्तरन आज भी मेरे पास हैं । डाकघरमे सिरतोड परिश्रम करनेके बाद भी मैं घरमे अध्ययन करता था । रातके नौ बजेके बाद डाकघरसे आकर भोजनादि करके मैं लिखने-पढनेका काम प्रारम्भ करता था । इस कार्यका मानो मुझको एक नशा था । कुछ लिखे पढे बिना रातको मुझको नीद नही आती थी । यदि यह नशा अपने जीवन-सर्वस्व धन श्रीगौराङ्गके सम्बन्धमे होता तो मेरा जीवन और यौवन सार्थक हो जाता । दुर्भाग्यवश उस समय मेरा यह भाव नही था, यह प्रेम नही था । अब उसके लिए हाय-हाय करता हूँ, और दिन-रात दीवालमे सिर पटकता हूँ । मेरा दुर्लभ जीवन-यौवन एकबारगी व्यर्थ गया । इसी दुःख और अनुतापसे जबलपुरमे बैठकर १८ वर्ष पूर्व मैंने एक पद लिखा था, उसको नीचे उद्धृत करनेका लोभ सवरण नही कर सकता ।

यथा राग

गौर हे !
(आमार) वृथा बहि गेल यौवन ।
नवीन यौवने, ना पानु तोमारे,
कि फल राखिये जीवन ।
साधेर यौवन, वृथा बहि गेल,
ना पानु पराण धन ॥
केह ना बलिल, तुमि गुणनिधि,
छिले मोर निज जन ।
(एखन) गियाछे यौवन, कि दिये तोमाय,
तुषिब हे प्राणधन ॥
नाहि नव रूप, नाहि रस लेश,
नाहि उचाटन मन ।
नाहि वेशभूषा, पीरित-पियासा,
(से) कातर मनोवेदन ॥

हे गौराग !
मेरा यह यौवन व्यर्थ ही चला गया । नवयौवन-कालमे तो तुमको पाया नही, अब जीवन रखनेसे क्या लाभ ? मेरा अभीप्सित यौवन व्यर्थ बीत गया, मुझे प्राण-धन नही मिले । किसीने नही बतलाया कि तुम गुणनिधि मेरे निज जन थे । हे प्राणधन ! अब यौवन तो चला गया, अब क्या देकर तुम्हें सन्तुष्ट करूँ ? न तो अभिनव रूप है, न रसका लेश है, और न मनका उच्चाटन है । न वेशभूषा है, न प्रीतिकी प्यास है, और न कातर मनोवेदना है ।

रूप चलि गेल, रस फुराइल,
तबे एले प्राणधन ।
कि दिब तोमाय, तुमि रसमय,
(हे) सुन्दरी-मनोमोहन ॥
अदृष्ट तोमार, अदृष्ट आमार,
(तुमि) पीरितेर वश अति ।
पीरितेर धन, परम रतन,
(तुमि) वृद्धार युवक पति ॥
रूप नाहि ब'ले, देखा कि दिबे ना ?
ओहे प्राणरमण !
(तव) दुःखिनी दासिया, मरे जे काँदिया
हाराये यौवन धन ॥
कि दिये तुषिब विष्णुप्रिया धव,
अङ्गे नाहि आभरण ।
(ताइ) मेखेछि अङ्गे, परम रङ्गे,
धूलि तव श्रीचरण ॥
एस रसराज, धूलि माखा साजे,
सङ्कीर्तन-रासरङ्गे ॥
हरिदासियार मन भ्रान्ति सब,
घुचाओ हे भ्रूभङ्गे ।

जब रूप चला गया रस सूख गया, तब प्राणधन आये। हे सुन्दरियोंके मनमोहन! तुम तो रसमय हो तुमको क्या दूँ? तुम्हारा अदृष्ट और मेरा अदृष्ट एक है। तुम प्रीतिके परम वशवर्ती हो तुम प्रीतिके धन हो, परम रत्न हो तुम वृद्धाके युवक पति हो। हे प्राण-रमण! मेरे पास रूप नहीं है इस कारणसे क्या तुम दर्शन न दोगे? तुम्हारी यह दुःखिनी दासी यौवन धनको खोकर रो रोकर मर रही है। हे विष्णुप्रिया-वल्लभ! मेरे अङ्गमें कोई आभूषण भी नहीं है। तुमको क्या देकर सन्तुष्ट करूँ? इसी कारण तुम्हारे श्रीचरणकी धूलि अपने अङ्गमें परम आनन्दसे मैंने लगा रखी है। हे रसराज! धूलि धूसरित होकर सङ्कीर्तनके रासरङ्गमें आओ और हे प्रियतम! अपनी भ्रूभङ्गिमाके द्वारा हरिदासियाके मनकी सारी भ्रान्ति दूर करो।

०

काशी-यात्राका अनुभव

•

गयामें नौकरी करते समय मुझे काशी तीर्थ दर्शन करनेका एक बार सौभाग्य प्राप्त हुआ। वह बडी अद्भुत तीर्थ कहानी है। गयाके डाकघरके सहकर्मी अमृतलाल गागुलीके पुत्र उपेन्द्रलालने रेलवे पासका जोगाड किया था। हम चार मित्र एक साथमें गयासे उस पासके द्वारा काशीके लिए रवाना हुए। मुगलसराय स्टेशन पर उतरते ही एक सम्भ्रान्त वेशधारी मध्यम वयस्क ब्राह्मणने हमको पुकार कर कहा कि उसके वासेमें किसी प्रकारका खर्चा नही है। प्रत्येक आदमीके ऊपर प्रतिदिन एक पैसा मकानका भाडा लगेगा। हम लोग गाडी-भाडा करके उनके साथ बगाली टोलेमें गये। वहाँ यह ब्राह्मण सपरिवार निवास करते थे। उन्होंने एक घर खोलकर बिछौना लगा दिया, स्नान करनेके लिए तेल दिया। हम लोगोने मणिकर्णिका पर स्नान करके अन्नपूर्णा विश्वनाथका दर्शन करके देवालयमें कुछ दक्षिणा चढाकर बाजारसे काशीकी कुछ वस्तुएँ खरीदकर वासे पर आकर बाजारसे लाया हुआ भोजन ग्रहण किया। सन्ध्याकी ट्रेनसे ही हमारे गया वापस जानेकी बात थी।

अपराह्न कालमें देखा कि उसी वासेमें काशीके दो पण्डे या गुण्डे हाथमें लाठी लिए हमारे घरके द्वार पर बैठे हैं। हमने पूछा "तुम लोग क्या चाहते हो ?" उन लोगोंने गम्भीर भावसे उत्तर दिया—"तुम लोगोंने मणिकर्णिकामे स्नान किया, अन्न-पूर्णा-विश्वनाथका दर्शन किया। अब पण्डाकी विदाई करो। आदमी पीछे पाच रुपया दो।" हम लोग यह सुनकर आश्चर्य-चकित होकर बोले—"हम लोग तीर्थ करने नही आये हैं। काशी देखने आये हैं, हमारे पास पैसा-कौडी भी नही है। पाससे आये हैं, पाससे चले जाँयगे। हम लोग कुछ नही दे सकते।" यह बात सुनकर काशीके दोनो पण्डे बोले—"वह बात नही सुना जायगा। बीस रुपया देना होगा। नहीं देनेसे घरमें ताला बन्द कर देंगे।" उपेन्द्र बाबू बिगडकर गाली-गलौज करने लगे। घरके मालिक उस ब्राह्मणने तब आकर उन गुण्डोका साथ दिया और बोला—"रुपये तो देनेही पड़ेंगे। हम सब लोग उस समय खाली हाथ थे, कहाँ रुपया मिलता। आधे घण्टे तक रगडा-भगडा होनेके बाद वे हम लोगोको उस घरमें बन्द कर ताला लगाकर चले गये। जाते

मनुष्य बोल गए— कल सुबह फिर आवेंगे। रुपया देना होगा, नहीं तो जान लेंगे।" हम लोग बड़ी विपदमें पड़े। धीरे धीरे रात हुई। अंधेरा घर था। बड़ा कष्ट परिदेवना। वहाँ कोई न था। मकान वालेका कोई पता न था। दरवाजेको खटखटाने पर भी कोई आवाज नहीं आयी। तब हम लोग इस महा विपत्तिसे त्राण पानेका उपाय सोचने लगे। उस घरके पीछेका दरवाजा खोलकर अपना सामान लेकर हम लोग छत पर चले गये। काशीके मकानोंकी छतसे छत मिली रहती हैं। दो-तीन घरोंकी छत पार करने पर एक घरसे बाहर जानेकी सीढ़ी दीख पड़ी। अति कष्ट पूर्वक उस सीढ़ीसे उतर कर एक अंधेरी गलीमें उतरतेही एक पुलिसने हम लोगोंको पकड़ लिया। उस समय रातके १ बजे थे। हम लोगोंके पास काशीकी जो एक नयी वस्तुएँ थीं। हमारे पास एक पीतलका पुष्प पात्र था। पुलिस हमको चोर समझ कर थाने पर ले गयी। थानेदार एक बंगाली सज्जन थे। हम लोगोंकी अवस्था जान लेने पर उन्होंने हमको छोड़ दिया और एक पुलिस कान्स्टेबलको आदेश दिया कि हमको स्टेशन तक पहुँचा दे। पहले मुझको पता नहीं था कि पुलिसके थानेदार भी ऐसे सज्जन होते हैं। उनको हृदयसे धन्यवाद देकर हम पुलिस कान्स्टेबलके साथ स्टेशन पर आये, और रातके ३॥ बजेकी ट्रेनसे गया रवाना हुए। इस तीर्थ यात्राका विवरण मैंने समाचार-पत्रोंमें भेजा था। इस बार हमारा एक बड़ा भारी ग्रह कट गया ऐसा जान पड़ा।

बक्सर और साहेबगंजमें

●

गयाधामसे दो महीनेके लिए मेरी बदली ३० रु० मासिक वेतन पर आरा जिलेके बक्सर पोष्ट आफिस मे सब पोष्ट मास्टरकी जगह पर हुई । ता० ३-६-१८९९ ई० को मैंने वहां जाकर कार्यभार सँभाला और ५-११-१८९९ को वहांसे पूर्णियां डिवीजनके सुपरिण्टेण्डेण्टके हेड-क्लर्कके पद पर साहेबगज गया । श्रीरामपुरके द्वारकानाथ गोस्वामी उस समय वहांके सुपरिण्टेण्डेण्ट थे । वे मुझको विशेषरूपसे जानते थे । उन्होंने लिखा-पढ़ी करके मुझको अपना हेडक्लर्क बनाकर साहेबगज बुला लिया ।

बक्सरमे मैं बीमार पड़ गया, और मुझको छुट्टी लेनी पड़ी । उस समय मेरे छोटे भाई गुरुदास मोतीहारीमे अफीमके महकमेमे काम करते थे । मैं कुछ दिन वहाँ जाकर सपरिवार रहा ।

बक्सरमे शरीर अस्वस्थ रहनेके कारण तथा बहुत कम दिन वहाँ रहनेके कारण विशेष कुछ देखनेका सौभाग्य नहीं प्राप्त हुआ । बक्सर प्राचीन शहर है, गङ्गाके दाहिने तट पर अवस्थित है । वहां उस समय एक बड़ा जेलखाना था । खूब स्वास्थ्यप्रद स्थान है । बक्सरमे किला देखने योग्य है । अग्रेजोंने १७६८ ई० मे अवधके नवाब शुजा उद्दौला तथा बगालके नवाब मीरकासिमकी संयुक्त सेनाको यहां ही हराया था ।

साहेबगजमें मैंने सपरिवार एक छोटेसे मकानमें डेरा लिया । सुपरिण्टेण्डेण्ट गोस्वामी महाशय भी वहाँ सपरिवार एक बड़े बासेमें रहते थे । आफिस स्थानीय पोष्ट आफिसके एक भागमे था । गोस्वामी महाशय सन्थाल परगना और पूर्णिया जिलाके डाक-घरोंके कर्त्ता धर्त्ता विधाता थे । और उनके दाहिने हाथ थे हरिदास गोस्वामी महाशय । दोनों गोस्वामियोका यह अपूर्व मिलन बड़ा ही सुखमय था । द्वारकानाथ गोस्वामी महाशय मुझको प्राणतुल्य मानते थे, और अपने छोटे भाईके समान स्नेह और प्रेम करते थे । अपनी गृहस्थीके प्रबन्धका सब प्रकारका भार उन्होंने मेरे ऊपर दे रखा था । इससे उनकी गृहिणी कुछ मेरे ऊपर ईर्ष्यालु रहती थी । गोस्वामी महाशय १५ रु० महीने

बेननके पोस्ट मास्टर जनरलके आफिसके क्लर्क होनेके बाद सुपरिन्टेण्डेण्ट हुए थे । Sorting तथा रेलवे Mail arrangement में उनकी बुद्धि खूब काम करती थी और उन्होंने नाम भी प्राप्त किया था । मैं उनका दाहिना हाथ था । काली प्रसाद नामक एक उनके हिन्दुस्तानके निवासी २० रु० मासिक वेतनके क्लर्क मेरे सहायक (Assistant) थे । मैं draft करता था । काली प्रसाद नकल करते थे । गोस्वामी महाशय जब हुग-क्वाटरस रहते थे तो वे रातमें ८ ९ बजेके बाद आफिसमें आते थे । हम लोग १० बजेसे ६-७ बजे तक जब काम करते-करते थक कर घर जाते थे उसके कुछ देर बाद ही वे आकर अपना कार्य प्रारम्भ करते थे । हम लोग आफिसके समीपमें ही रहते थे । उनके प्रेमके वश तथा कार्य करनेमें अनुराग होनेके कारण हम लोग उस समय आने पर नहीं रह सकते थे, कुछ जल-पान करके दोनों आदमी फिर रातको आफिसमें जाकर हाजिर हो जाते । इसका नाम है कामका नशा । काम करने वाले आदमी कभी अपने सुख या स्वास्थ्यका विचार नहीं करते । आराम नहीं चाहते । वे काम मिलने पर ही सन्तुष्ट होते हैं । आहार मिला हो या न हो । हमारी भी यही दशा थी । जब गोस्वामी महाशय अपना कार्य पूरा करके जाने पर आते थे तब रातको बारह एक बजे हम लोग भोजन करते थे । वह कहते थे कि रातको उनका मस्तिष्क खुलता है इसी कारण दिनकी अपेक्षा रातको काम करना उनको अधिक पसन्द था । हम लोगोंको दिन और रातमें समान रूपसे खटना पड़ता था । परन्तु हम लोग सोचते थे—"कुछ परवा नहीं, काम तो सीख लिया । इसी तरह मैं भली भांति काम सीख सका । बालक गृहिणी छोटी बालिकाको लेकर रसोई बनानेका काम समाप्त करके भोजन सामग्री ढक कर घरका द्वार बन्द करके निश्चिन्त होकर सो जाती थी । रातके समय साढ़े बारह बजे धूप मेल चले आनेके बाद मुझे घर पर जाकर जोरसे द्वार पर धक्का देकर गृहिणीकी निद्रा भङ्ग करनी पड़ती थी । बेचारीके कष्टको देखकर दुःख होता था । परन्तु जो लोग कामके पीछे पागल होते हैं वे स्त्री-पुत्रके पीछे पागल नहीं होते । मानो हमारा विवाह कामसे ही सम्पन्न हुआ था कामसे ही हमको स्नेह प्रेम था । आज बुढ़ापेमें भी यही बात है । दिन रात काम रूपी प्रणयिनीके साथ रमालाप करनेमें जो सुख पाता हूँ वैसा सुख और कहीं किसी वस्तुमें नहीं दीखता । यह मेरा दोष है या गुण—विचारवान् पाठक स्वयं विचार करें । पाठिकाओंको यह बात सुनकर रोष होगा यह मैं समझता हूँ इसी कारण इनके ऊपर विचार करनेका भार नहीं दिया है ।

संथाल परगनामें

छः महीने इस प्रकार काम करनेके बाद कुछ दिनके लिए अस्थाई भावसे संथाल परगनामें मुझे डाकघरके इन्सपेक्टरका काम करना पड़ा था। संथाल परगना इलाका बहुत बड़ा है। एक-एक डाक घर ४०-५० मीलकी दूरी पर अवस्थित है। समस्त परगनाकी संथाल जातिने ईसाई धर्म ग्रहण कर लिया है। ३-४ बड़े पादरी राजप्रासादके तुल्य अट्टालिकामें वहाँ सपरिवार लाट साहबके समान निवास करते हैं और इस प्रकार की एक वीर जातिको अपना पदावनत दास बना लिया है। भीतरी बातें बतलाना यहाँ अप्रासाङ्गिक होगा, इसलिए यहाँ इस सम्बन्धमें कुछ विस्तार पूर्वक कहना नहीं चाहता। बेनेगोडियाके पादरीके पास मैंने एक हजार गायें देखी हैं। खेती-बारी, घर-द्वार, पोखरा-पोखरी सब कुछ है। केवल हिरणपुरमें एक बालिका विद्यालय है। ४-५ सौ संथाली लड़कियाँ पढ़ती हैं और वहाँ चाय बागानके कुलीके समान रहती हैं। इतनी खेती-बारी, गोचारण, पोखरा-पोखरी निर्माण आदि सब उन्हींके काम हैं। देखने पर दुःख होता है। बालकोंके भी ऐसे ही स्कूल हैं। किसी डाकघरमें जाने पर कोई हिन्दू नहीं मिला। अपने हाथसे कुएंसे जल निकालकर प्यास बुझाई। छोटे-छोटे लद्दू घोड़े भाड़ा करके मुफस्सिलमें जाना पड़ा है। जबमैं अकेला था, तब कुछ भोजनकी सामग्री लोटेमें रखकर घोड़ेके गलेमें बांधकर धीरे-धीरे मैदानके रास्ते जाता था। वहीं डाकघरमें खाकर किसी प्रकार दिन काटकर आना पड़ता। इस प्रकार संथाल परगनाके डाकखानोंकी इन्सपेक्टरी दो-दो बार मुझको करनी पड़ी। वेतन केवल ३०+१४=४४ रु० मात्र था और बाहर जाने पर प्रतिदिन ३ रु०भत्ता मिलता था। जो हो, तरक्की तो थी और डाकघरके क्लर्कके लिए अफसरी भी मिली थी। उन दिनों साहेबगंजमें चीजें बड़ी सस्ती थीं। टीन-का-टीन गायका घी मेरे बासे पर सदा मौजूद रहता था। उत्तम चावल बोरेका बोरा पड़ा रहता। भण्डार चीज-वस्तुओंसे भरपूर रहता। राजसी ठाटसे रहता, भोजन करता और बन्धु-बान्धव अतिथि-अभ्यागतको खिलाता था। आजकल ३००-४०० रुपये मासिक वेतन पाने वाला भी उतने ठाटसे नहीं रह सकता है। मुझे याद है, ऐसे ही समयमें मेरी कन्या

सुनीताके श्वसुर त्रिगुणाचरण भट्ट महाशय अपने पुत्र आनन्दमय भट्टको लेकर एक बार मेरे यहां पर आये थे। वह केवल एक दिन ठहरे थे। उस समय आनन्दमयकी अवस्था १०-११ वर्षकी थी। सुनीता उस समय ५-६ वर्षकी रही होगी। वह बालक उस समय का लड़का था परम सुन्दर था। वैदिक ब्राह्मणोंमें उन दिनों एकमात्र अमरदार व मुर्शिदाबाद बहरमपुर उपकण्ठवासी प्रसिद्ध भट्टवंश। इसी भट्टवंशके साथ मेरा सम्बन्ध हम लोगोंका वैवाहिक सम्बन्ध होगा यह मैं उस समय सोच भी नहीं सकता था। त्रिगुणाचरण भट्ट महाशय अतिशय सुशिक्षित आदमी थे, बड़े उदार थे। उन्होंने मेरे बाल पर एक दिन हंसकर कहा था कि इस प्रकारका सिवाल-दिवालेका बन्दोबस्त बड़े-बड़े जमींदारोंके घर भी मैंने नहीं देखा। ब्राह्मण वैदिक ब्राह्मणोंके लिए इस प्रकारका सुनाम प्राप्त करना साधारण बात नहीं है। उस समय अगर मिला याद आज और कल मेरे मनमें बड़ा दुःख होता। यदि वे लोग इस समय होते तो मैं कितना सुखी होता? मैं उनकी सेवा करके कृतार्थ हो जाता। इस प्रकारके भाव मनमें आये और दुःखके कारण आंखोंसे अश्रुधार बह निकली।

•

डेहरी आन सोन और सोनपुरमें

•

दो वर्ष तक इस प्रकार पूर्णिया डिवीजनके डाकघरोंके सुपरिण्टेण्डेण्टके हेड-क्लर्क तथा सथाल परगनाकी इन्सपेक्टरी करनेके बाद मेरी बदली हुई डेहरी आन सोनमें। वहाँ सब पोष्ट माष्टरकी जगह पर ता० १८-५-१९०१ ई० को बहाली हुई। डेहरी अत्यन्त स्वास्थ्यप्रद स्थान है। बहुत बड़े पी० डबल्यू० डी० के बंगलेमें डाकघर था। वहाँ सपरिवार चार महीने रहा। वहाँ उस समय पी० डबल्यू० डी० के बड़े साहबका आफिस था। Ex. Engineer, Asstt Engineer, Sub-Engineer, Overseer, Sub-Overseer सभी बगाली थे। पहले डेहरीके सामने सोन नदीके उस पार गया जिलेके बारुण डाकघरमें जब मैं पोष्ट माष्टर था तो डेहरीमें प्राय निमन्त्रण खानेके लिए आता था। सोन नदीके विषयमें पूर्व ही बहुत कुछ लिख चुका हूँ। यहाँ विशेष कुछ लिखना नहीं है। डेहरी सुन्दर स्वास्थ्य-निवास है। चार महीनेके समयमें ही हम सबके स्वास्थ्यमें विशेष उन्नति हुई।

डेहरीसे मेरी फिर छपरा जिलेके सोनपुरमें बदली हो गयी। वहाँ भी सब-पोष्ट माष्टर रहा। इसी सोनपुरमें प्राचीनकालमें प्रसिद्ध हरिहरक्षेत्रका मेला लगता है। इस मेलाके समय सोनपुर एक बड़े शहरके रूपमें परिणत हो जाता है। बड़े-बड़े साहेब और मेम इकट्ठे होते हैं। घुड़दौड़ होती है। चौरङ्गीके समान साहेब लोगोंका *मोहल्ला बस जाता है। मेलेके बाजारमें हाथी-घोड़े बिकते हैं। सारे भारतवर्षके* राजा लोग हाथी-घोड़ा खरीदने आते हैं। टेलिग्राफिक मनीआर्डर द्वारा दस, बीस, चालीस-पचास हजार पर्यन्त उनके रुपये आते हैं। डाकघरके एक इन्सपेक्टर बराबर महीने भर वहाँ रहते हैं। इसके अतिरिक्त पोस्ट मास्टर जनरल, सुपरिण्टेण्डेण्ट आदि बड़े अधिकारी भी बीच-बीचमें निगरानी करने आते हैं। क्लर्क और पोष्ट माष्टरोंकी सख्या बढ़ जाती है। महीने भर यह मेला रहता है। इस प्रकारके पोष्ट आफिसमें इसी प्रचण्ड मेलेके समय मैं पोष्ट माष्टर था। मेरा वेतन अब ३० से ३५ हो गया था। ता० २१-८-१९०१ से ३०-१२-१९०१ तक मैंने सोनपुरमें पोष्ट माष्टरी की

थी। बारह वर्षों के बाद दस रुपये महीनेसे पंचीस रुपये महीना वेतन मेरा पक्का हो गया था। इस क्षुद्र मासिक वेतन तक उन्नति करनेमें एक युग लग गया था। उस समय डाकघरोंमें इसी प्रकार पदोन्नति होती थी। आजकल एक बारगी ३५-४० रुपये मासिक वेतन पर Paid Probationer नियुक्त होते हैं।

परीक्षा और पदोन्नति

•

छोटे-बड़े दरिद्र पेट पालने वाले मेरे जैसे भाग्यवान किन्तु मूर्ख विरानी धुरन्धरके ऊपर बहुत समयके बाद अब डाक देवताका अनुग्रह वर्षण हुआ जिसकी स्वप्नमे भी आशा न थी। दानापुरमे बड़े साहेबके दफ्तरमे यह छीका टूटा हुआ धन पानेकी प्रतियोगिता परीक्षाके लिये एक कमेटीका निर्माण हुआ था जिसमें स्वय डिप्टी पोष्ट-माष्टर जनरल साहब बहादुर मिष्टर आई० जी० जे० हैमिल्टन सभापति थे और सदस्य थे तिहुत, पटना, भागलपुर, पूर्णिया व शाहाबाद-आरा डिवीजनके डाकघरके सुपरिण्टेण्डेण्ट पचक मुंगेर शहरका सरकिट हाउस अर्थात् डाक बँगला इस परीक्षाका केन्द्र था।

इसी समय डाकघरके सुपरिण्टेण्डेण्टके हेड क्लर्कोंके वेतनमे वृद्धिहुई। पहले ३० रु० था अब ७० रु०, ६० रु०, १०० रु० का ग्रेड बन गया, अर्थात् थर्ड ग्रेड ७० रु०, सैकेण्ड ग्रेड ६० रु० और फर्स्ट ग्रेड १०० रु० मासिकका बना था। यह पदोन्नति मजूर होनेके बाद प्रदेशके तत्कालीन डिप्टी पोष्ट-माष्टर जनरल साहब J. Hamilton ने यह आदेश जारी किया था कि वह एक प्रतियोगिता परीक्षा लेकर उपयुक्त और शिक्षित मनुष्यको इस पद पर बहाल करेंगे। निश्चय यह हुआ कि तीन सुपरिण्टेण्डेण्ट जिसको चुनेंगे, उसीको परीक्षामे बैठने दिया जायगा। इसके अतिरिक्त बाहरसे दो चार M A., B A Graduate को भी परीक्षामे बैठने दिया जायगा। उस समय बिहारमे पाँच सुपरिण्टेण्डेण्टके डिवीजन थे। अतएव केवल पाँच हेड क्लर्ककी आवश्यकता थी। Nomination की सख्या थी १६-२० आदमी। प्रतियोगितासे पहले यह आदेश प्रचारित हुआ था कि पांच आदमी लिये जाएँगे। मैं उस समय सोनपुरमे रात दिन कार्यमे व्यस्त रहता था। कायदा-कानूनके ग्रन्थ पढनेका अवसर न था। परीक्षाका समय भी आ गया था। परीक्षाके विषय थे—दो-तीन अंग्रेजी रचना डाकघरके सारे कायदे-कानूनकी पाँच जिल्दें। Civil Service Regulation सम्पूर्ण, Post Office Act, Postal and Teligraph Guide इत्यादि। मुंगेरका Circuit House परीक्षा केन्द्र नियत हुआ। तीन दिन दोनो वक्त परीक्षा होगी। लिखित उत्तर देना पड़ेगा, ठीक उसी प्रकार जमे

तुम दूसरे विषयोंमें भी अच्छे नम्बर प्राप्त करोगे।" और इसी बड़े साहबने एक सप्ताह पूर्व सोनपुर डाकघरका परिदर्शन करते समय मेरे आफिसके मुहरकी छापको स्पष्ट न देखकर मुझको यह कहकर धमकाया था कि, 'किसने तुमको परीक्षा देनेकी सिफारिश की है? मैं तुमको परीक्षा नहीं देने दूंगा।" बराबर मेरा भाग्य उज्ज्वल रहा, जिसके फलस्वरूप मूर्ख होने पर भी सर्वत्र विद्वानोंमें मेरी गणना होती थी। भाग्यसे ही मैं सबसे बड़ा बना—"न विद्या न च पौरुषम्।"

अस्तु—मैंने इस परीक्षाके फलस्वरूप ७० रु० महीने पर डबल प्रोमोशन प्राप्त किया और तिरहुत डिवीजनके सुपरिण्टेण्ट Mr J A. Betham साहबका हेडक्लर्क होकर मुजफ्फरपुर गया। सुननेमें आया कि मुझको हेडक्लर्क बनानेके लिए पाँचों डिवीजनके सुपरिण्टेण्डेण्टमें काफी चखचख हुई थी। सबकी इच्छा और चेष्टा यही रही कि मुझे अपने पास रखें परन्तु बड़े साहब बहादुर खूब हुशियार आदमी थे। उन्होंने इस झगड़ेको मिटानेकी एक सुन्दर व्यवस्था करदी। पाँचों सुपरिण्टेण्डेण्टकी Seniority के अनुसार पाँचों क्लर्कोंका बँटवारा हुआ। मैं पड़ा—वृद्ध पादरी साहब Mr J.A. Betham के हाथमें या गलेमें—ठीक कह नहीं सकता। यह साहब मेरे पूर्व परिचित, देव तुल्य थे, बड़े ही दयालु थे और विद्वान् भी खूब थे। उन्होंने ही पहले मुझको एक पत्रमें लिखा था—I will forward your application to the District Judge with pleasure and trust you will be successful. I am sure you will get on better in the Revenue or Judicial Branch of the Public service than in the Post office—I hope you may rise to be a Deputy Magistrate or perhaps something better अर्थात् "उनके विचारसे मैं डाकघरकी अपेक्षा न्याय विभागकी नौकरीमें अधिक उन्नति कर सकूँगा। यहाँ तक कि डिप्टी मजिस्ट्रेट या उससे ऊपरका अफसर भी हो सकता हूँ।" परन्तु पता नहीं, मेरे भाग्यके ऊपर पत्थर रखा हुआ था, या किसी मतलबी दुष्ट आदमीने सुन्दर पुरुषके उज्ज्वल सुन्दर कपालको नजर लगादी। मेरा जिस समय वेतन २० रु० मासिक था, उस समयका यह सिफारिशी पत्र है।

मैंने १ जनवरी १६०२ ई० के दिन मुजफ्फरपुरमें सुपरिण्टेण्डेण्टके आफिसमें नये उत्साहसे नयी नौकरीका कार्य प्रारम्भ किया। हमारा आफिस था काँजी सरायके डाकघरके पास एक भाड़ेके मकानमें। मैं सपरिवार उसी मकानमें रहता था। मकान सुन्दर था। उस समय मेरी कन्या सुशीलाकी अवस्था केवल ७ ८ वर्ष थी। सुपरिण्टेण्डेण्ट अपने बंगलेमें अंग्रेजी क्वार्टरमें सपरिवार रहते थे, बीच बीचमें आफिस आते थे। मेरे सिवा आफिसमें दो और क्लर्क थे, एकका वेतन ३० रु० था और दूसरेका २० रु० महीना। मेरे ही ऊपर सारा लिखने-पढ़नेका, तथा काम-काज देखभाल करनेका भार था। उस समय डाकघरके Paid Probationer का वेतन केवल १५ रु० मासिक था।

मैंने विशेष चेष्टा करके एक दर्जन चिट्ठी लिखनेवाले Paid Probationer क्लर्क रख लिए थे। वे सब पहले मेरे पास आफिसका काम सीखते थे प्रयोजन पड़ने पर डाकघरमें जाकर भी काम सीखते थे। सबको नियम-पूर्वक मेरे आफिसमें १० बजे से ५ बजे तक काम करना पड़ता था। उनमें इन्ट्रेन्स पास एफ० ए० पास बी० ए० फेल भाई थे। एक आदमी बी० ए० बी० एल० भी थे। उनका नाम था मृत्युञ्जय गांगुली। ये मोतीहारीके मेरे मित्र नन्दलाल बाबूके सहोदर भाई थे। वकालत का काम किसी कारणवश नहीं चलनेके कारण उन्होंने इनको डाकघरमें प्रवेश करानेके लिए मुझसे अनुरोध किया था। अब सुना है कि यह डाकघरके इन्स्पेक्टर हो गये हैं। १५० रु० वेतनके पदपर हैं। ये एक दर्जन शिक्षानवीस मेरी लिखी चिट्ठियाँ प्रतिलिपि नकल करते थे। मैं इतनी चिट्ठियाँ प्रतिदिन लिखता था। बड़े बड़े सुपरिन्टेन्डेन्ट इसकी बड़ी बड़ी राय लिखते कि मेरे सहकारी दो क्लर्क और एक दर्जन शिक्षानवीस उनकी बराबरी नहीं कर पाते थे। मैं इतना काम करता था कि कामकी अधिकतासे सब लोग घबरा जाते थे। कामको लेकर मेरा सुनाम फैला परन्तु साथही शत्रु भी पैदा हो गये। अनियमित रूपसे कामका होना प्रायः अवश्यम्भावी होता है। अमलके नियम भी यही बात है बड़े बड़े साधु महात्माओंके बड़े बड़े शत्रु होते हैं, जिसका जितना ही यश अधिक फैलता है उसके उतने ही शत्रु होते हैं। जो हो मेरे इस निःस्वार्थ और निरपेक्ष परिश्रमके कारण मेरे अफसर तथा सज्जन लोग मेरे ऊपर खूब प्रसन्न रहते थे। कुछ लोग स्वार्थी तथा कामचोर आदमी मेरे विरुद्ध षड्यन्त्र करनेमें बाज नहीं आते थे। अकारण शत्रु उनको देखकर लोग व्यवहार करते हैं जिनको दोरंगा कहते हैं अर्थात् यह वस्तु जो दोनों तरफ चले कुछ लोग बोलते तो मधुर हैं पर पहले विष होता है। सामने खुशामद करते हैं और पीठ पीछे निन्दा करते हैं। इस प्रकारके लोगोंकी संख्या अधिक है।

मुजफ्फरपुरमें

मुजफ्फरपुरके पोष्ट माष्टर उस समय एक अंग्रेज साहब थे, उनका नाम था Mr. Debeaux वे वृद्ध थे। काम-काजमें उनकी ख्याति नहीं थी। वे स्वाधीनतापूर्वक कोई काम नहीं कर पाते थे, तथा किसी पर विश्वास भी नहीं करते थे। उन्होंने बड़े साहबसे मेरे विरुद्ध कुछ चुगली करके मुझको अपने आफिसमें Deputy बनानेकी चेष्टाकी। इस समय मेरे पुराने अफसर सुपरिण्टेण्डेण्ट Mr. Beatham की बदली हो गयी थी। एक नये खास विलायतसे आये हुए छोकड़े साहब Mr. Richardson तिरहुत डिवीजनके सुपरिण्टेण्डेण्टके पद पर नियुक्त होकर आये थे। उसी समय मुजफ्फरपुर हेड आफिसमें डिप्टी-पोष्ट-माष्टरके पद पर मेरी बदली हुई। एक वर्ष सात महीने डटकर सुपरिण्टेण्डेण्टके हेडक्लर्कका काम करके ६ अगस्त १६०३ ई० को मैं मुजफ्फरपुर बड़े डाकघरकी डिप्टीगीरी पर नियुक्त हुआ। इस पद पर मैं केवल १० महीने तक रहा। इस बीच वृद्ध पोष्ट माष्टर साहबकी बदली अजमेर हो गयी, और उनके स्थानमें Mr. A.C Vernuix नामक एक दूसरे नवयुवक साहब मुजफ्फरपुरके पोष्ट माष्टर हुए। वह केवल दो महीने काम करके अचानक China Field Force में चले गये, और उनके स्थानमें मैं ही मुजफ्फरपुरका अस्थायी हेड पोष्ट माष्टर हो गया। उस समय पोष्ट माष्टरका वेतन २०० रु० महीना था। मैंने इसी वेतन पर कुछ दिन काम किया। Vernuix साहब खूब विद्वान आदमी थे और बड़े साहसी कर्मचारी थे। मैंने उनके पास थोड़े ही दिन काम किया था। इस समय वे पोष्ट माष्टर-जनरल हो गये हैं। उनके पास नौकरीके विषयमें कतिपय विशिष्ट शिक्षाएँ तथा सदुपदेश प्राप्तकर तथा उनका पालन कर नौकरीके क्षेत्रमें मैं समय समय पर विशेष उपकृत हो चुका हूँ, इसके लिए मैं उनका कृतज्ञ हूँ। वे मुझको बहुत मानते थे, उनके विषयमें बहुतसी बातें लिखनी हैं, परन्तु अभी इतना ही बस है। वह जब Field Force में गये तो मेरे लिए पोष्ट माष्टर जनरल साहबके निकट उन्होंने एक सिफारिश पत्र लिखा था, उसकी प्रतिलिपि नीचे दी जाती है।

"I wish to bring to your notice before I leave for the Sikkim Mission, the good work done by my deputy Babu Hari Das

Goswami I have been in charge of the office for nearly five months and never during the period he failed to consistently maintain all the good qualities, which have so often been acknowledged before both by his officers and others I have also observed that he is firm with his subordinates and while displaying tact and courtesy he is able to hold his own when personally dealing with European Public.

(Sd) A C. Vernux.
10-4-1904

मुजफ्फरपुरमें भूतपूर्व पोस्ट मास्टर Mr Debeaux, जिन्होंने मेरे विषयमें निन्दा गिकायत करके मुझे कुछ दिनोंके लिए अपने आफिसमें डिप्टी बना लिया था, आश्चर्यकी बात है कि वह भी मेरे कामको देखकर मुझसे सन्तुष्ट थे। उनके आफिसके बहुतसे मुकदमोंके सम्बन्धमें उनके पास बड़े साहबके दफ्तरसे कड़े कड़े पत्र आते थे, उनके मूलमें मैं ही था, उस समय मैं सुपरिण्टेण्डेण्ट आफिसमें हेड क्लर्क (बड़ा बाबू) था, उनका आफिस मेरे अधीन था, और मेरा काम ही था सरकारी कामकाजकी निरपेक्ष आलोचना करना। इसी कारण वह मेरे ऊपर असन्तुष्ट थे और मैं जब उनका डिप्टी बनकर गया तो अपने मनका भाव न छिपाकर उन्होंने स्पष्ट रूपसे पहले ही दिन मुझसे कहा था—'Mr Goswami, I am very glad to have you under me" मैंने सुस्पष्ट उत्तर दिया—"I am also very glad to come under you" इस प्रकार दोनोंमें पहले पहल प्रेमालाप हुआ। वही सज्जन अजमेर बदली होनेके पहले मेरे सम्बन्धमें क्या लिखते हैं, उसे भी सुन लीजिए।

"I have much pleasure in certifying that Babu Haridas Goswami worked under me at Muzaffarpur H.O. as Deputy Postmaster and I am very glad to say that he did his duties remarkably and admirably well and to my entire satisfaction. He is familiar with rules and regulations, efficient and quick in drafting correspondence. I would much like to have him again in a like capacity in another office and trust the opportunity will soon be found"

(Sd) L.W. Debeaux.
Postmaster, Muzaffarpur
24-11-1903.

यह साहब जब जबलपुरमें पोस्ट मास्टर हो गये, तो उन्होंने मुझको वहाँ अपना डिप्टी बनाकर बुला लिया। उस समय मेरा वेतन १५० रु० हुआ, और पश्चात् उसी जगहमें ३००-२०-४०० रु०के ग्रेडमें पोस्ट मास्टर हो गया। ये सब बातें आगे लिखूँगा।

दानापुरमें इन्स्पेक्टरके पद पर

•

अस्थायी रूपसे मुजफ्फरपुरमें पोष्टमाष्टरी करते करते मेरी पदोन्नतिके साथ दानापुरमें बड़े साहबके Supernumary Inspector (विशेष कार्यके लिये अतिरिक्त इन्स्पेक्टर) के पद पर ६० रु० मासिक वेतन पर बदली हुई। बिहार प्रदेश भरमें सर्वत्र मुझे डाकघर सम्बन्धी चोरी डकैती आदिके मामलोंके निपटानेके लिए घूमना पड़ता था। उस समय इस कामके लिए पोष्टमाष्टर जनरलके आफिसमें दो इन्स्पेक्टर स्थायी रूपसे नियुक्त थे। दोनों आदमियोंको बाहर जाना पड़ता था, और आफिसका काम करना पड़ता था। इस नये उत्तरदायित्वपूर्ण कार्यके लिए मेरी नियुक्ति होनेपर मुझे दानापुरमें बड़े साहबके दफ्तरमें १५ मई १६०४ ई०के दिन आना पड़ा था। इस उत्तरदायित्वपूर्ण कार्यपर मैं पूरे एक वर्ष नियुक्त रहा, और ख्यातिपूर्वक कार्य सम्पादन किया।

●

मैं उन दिनों अकेला था, इससे त्राण मिला। तार पाते ही सोनपुरके लिये चल पड़ा। सोनपुर जाकर मैंने सुना कि पोस्ट मास्टर २-३ दिन पहले ही प्लेगसे मर गये। उनकी साध्वी स्त्री पतिको रोगग्रस्त छोड़कर प्राण-भयसे भाग गई। पोस्ट मास्टरका मृत शरीर एक दिन डाकघरमें पड़ा रहा। पुलिसने आदमी लगाकर मृतशरीरका दाहसंस्कार कराया। डाकघर अभी बन्द है, मुझको उसी डाकघरमें इस समय काम करना पड़ेगा।

मैं सदासे ही दुःसाहसी पुरुष रहा। पुलिसकी सहायतासे डाकघर साफ-सुथरा कराके वहाँ काम करने लगा। मुझे प्राणोंका भय नहीं होता था, यह नहीं कह सकता। तथापि नौकरीके उत्तरदायित्वके सामने सब भय भूतके भयके समान भाग जाते हैं। तीन महीने मैं अकेले खाना बनाकर खाता रहा, और नौकरी करता रहा। पश्चात् गृहिणीको वहाँ ले आया। सोनपुर खूब स्वस्थ्यकर स्थान था। खूब भूख लगती थी, परन्तु अपने हाथसे पकाकर खानेसे मेरा पेट कभी नहीं भर पाता था। दिनमें भात और रातमें पराठा खाता था, दोनों समय ही मेरा पेट नहीं भर पाता था। कृपणता मेरे स्वभावमें नहीं थी, तथापि चावल या आटेका माप ठीक नहीं रख पाता था। मैं स्वयं खूब अच्छा खाना पका लेता, परन्तु भात और दाल-रोटी सभी कम पड़ जाते थे। जलवायुके कारण भूख बढ़ गयी, इसीसे राक्षसके समान अधिक खाने लगा, अथवा स्वयं अपने भोजनका अंदाज नहीं कर पाता था—यह समझमें नहीं आता था। जो हो, गृहिणीके आनेपर मेरे भरपेट आहारकी व्यवस्था हो गयी। उसके पहले तीन महीने तक प्रतिदिन अपनी शिकायत अपने आप करता रहा, परन्तु उससे कोई विशेष फल न निकला।

भागलपुर व जमालपुरमें एवं सुशीलाकी शिक्षा

•

दानापुरमें इन्सपेक्टरके कामके बाद मुझको ता० २४-४-१९०५ से ता० २३-६-१९०५ तक भागलपुरमें हेड आफिसमें पोस्ट मास्टरका कार्य करना पड़ा। उस समय भागलपुरमें बाबू सत्यचरणराय नामक एक प्रसिद्ध पुराने पोस्ट मास्टर काम करते थे। उनकी बीमारीसे डाकघरमें विशेष रूपसे हिसाब-किताबकी गड़बड़ी हो जानेके कारण बड़े साहबने उसे ठीक करनेके लिए मुझको वहां नियुक्त किया था।

इसी भागलपुरके हेड आफिसमें सबसे पहले मैंने उम्मीदवारी की थी, और मुझको घरका खाकर वनका भैंस हांकना पड़ा था। यह केवल १३-१४ वर्ष पूर्वकी बात है। उस समय मैं भागलपुरमें कन्या पाठशालाके हेड पण्डित अपने बहनोई श्री चन्द्रभूषण भट्टाचार्य महाशयका अन्नदास था। यहीं पहले मैंने तेज नारायण जुबली कालेजमें पढ़ाईकी थी। वहां सब लोग मुझको जानते थे और प्रेमभाव रखते थे। बहुतसे उच्च पदाधिकारी मुझको अंग्रेजी लिखने-पढ़नेमें परम पण्डित समझकर सम्मान भी करते थे। यह बातें पहले लिख चुका हूं, यहां उनकी पुनरुक्ति करना अनावश्यक है। भागलपुरमें अस्थायी रूपसे हेड पोस्ट मास्टरका काम करते-करते मेरी बदली मुंगेर जमालपुरमें हो गयी। वहां मैंने २८-६-१९०५ से ३१-१०-१९०५ तक पोस्ट-मास्टरी की।

उस समय मेरी कन्या सुशीलाकी आयु ८-९ वर्षकी थी। उसको अभी तक मैंने स्कूलमें पढ़नेके लिए नहीं भेजा था। न जाने क्यों, आधुनिक ढंगके स्कूलोंकी पढ़ाईके प्रति मेरे मनमें एक प्रकारकी द्वेष-बुद्धि थी। विशेषतः लड़कियोंकी स्कूल कालेजकी शिक्षाके सम्बन्धमें चिरकालसे मेरा विरोध भाव रहा है। परन्तु जमालपुरमें आने पर

अपनी स्त्रीकी प्रेरणासे सुशीलाको केवल चार महीने तक एक मिशनरी गर्ल्स स्कूलमें पढने दिया था। सुशीला घर पर बैठकर इस छोटी उम्रमें बहुत-सी बडी-बडी पुस्तकें पढ चुकी थी। छोटी उम्रसे ही उसको पढने-लिखनेके प्रति एक स्वाभाविक उत्कण्ठा थी। भागलपुरके जिला स्कूलके नन्दलाल भट्टाचार्य महोदय मेरे पडोसी थे। उनके पुस्तकालयमें संस्कृत बंगलाकी अनेकों पुस्तकें थी। सुशीला उनके घर जाकर आलमारीमे बडी-बडी पुस्तकें लाकर खाटके नीचे बैठकर छिपकर अपने आप पुस्तकें पढा करती थी। रामायण, महाभारत, नाटक उपन्यास कुछ भी वह नहीं छोडती थी। उसे दिनमें खोजना कठिन होता था। पण्डित महोदय उसको बहुत प्यार करते थे। उनके घरमें उसको पकड़कर लाना पड़ता। इसके लिए वह अपनी मांसे तथा मुझसे बहुत डांटी-फटकारी जाती थी, परन्तु इसकी वह कुछ परवाह नहीं करती थी। इस प्रकार उसने अपने आप लिखना-पढना सीखा। उसे कभी किसीने नहीं पढाया। संस्कृत साहित्यमें इसी प्रकार उसने अपने आप अद्भुत ज्ञान प्राप्तकर अब गीता, भागवत, पुराण तथा सारा गोस्वामी शास्त्र टीकाकी सहायतासे भली भाँति पठन-पाठन करना सीख लिया। इसे ही दैव विद्या कहते हैं। वह एक स्वाभावतः कवि है और बंगला साहित्यमें भी उसको दिव्य ज्ञान प्राप्त है।

मेरी पक्की नौकरी भागलपुरमें डिप्टी पोष्ट माष्टरकी थी। मुझको उपयुक्त समझकर बड़े साहब अस्थायीरूपसे उच्च वेतन पर अनेक स्थानोंमें विशिष्ट कार्य पर नियुक्त करते थे। वे मुझको विशेषरूपसे जानते थे और मेरे ऊपर विशेष कृपा-दृष्टि रखते थे। उनका नाम था Mr. F. B. O'shea साहब। वे बदलकर जब नागपुर गये तो मुझको उच्च वेतन पर बिहारसे मध्यप्रदेशमें ले गये। यह आगे चलकर वर्णन करूंगा।

कनिष्ठ भ्राता गुरुदासके पास

•

रमानपुरसे मुझको पुनः भागलपुर डिस्ट्री पोस्ट मास्टरी पर आना पड़ा। उस समय तीन महीनेकी छुट्टी लेकर मैं मोतीहारीमें सपरिवार अपने छोटे भाई गुरुदासके यहाँ रहा। उस समय मोतीहारीमें रञ्जन विलासराय चौधरी पोस्ट मास्टर थे। वह महात्मा शिशिरकुमारके सुयोग्य भानजे और परम गौर भक्त थे। इसी मोतीहारीमें २० रु० मासिक वेतन पर डाकघरमें तारबाबू था। बहुतसे मेरे पुराने मित्र और सखा यहीं पर थे। यहाँ छुट्टी बहुत आनन्द पूर्वक कट गयी। यहाँ रहते हुए मुझे महात्मा शिशिर बाबू द्वारा लिखित 'अमिय निमाई चरित' पाठ करनेका पहले पहले सौभाग्य प्राप्त हुआ था और रञ्जनबाबूके साथ गौर कथाकी आलोचना करनेकी सुविधा मिली थी। मेरे छोटे भाई गुरुदासने उस समय रञ्जनबाबूके साथ गौर-तत्त्वकी आलोचना प्रारम्भकी थी जिसके फलस्वरूप उनके द्वारा लिखित एक लेख बंगलाकी हरि सभामें पढ़ा गया था। परन्तु मेरे हृदयमें उस समय तक गौर-तत्त्वानुशीलन अथवा गौरलीला रसास्वादनकी लालसा उतनी बलवती नहीं हुई थी। सारांश यह है कि उस समय भी मेरे ऊपर हृदय-आसन श्रीगौरसुन्दरके श्रीचरणोंका स्पर्श नहीं हुआ था। जहाँ तहाँ अमिय निमाई-चरितके कुछ अध्याय पठन अवश्य किया परन्तु उससे कुछ विशेष फल प्राप्त नहीं हुआ। इसका कारण यह था कि तब तक श्रीगुरुके चरणोंका आश्रय लाभकी योग्यता प्राप्त करनेका सौभाग्य मुझे प्राप्त नहीं हुआ था। यह सौभाग्य प्राप्त होनेके बाद जब दूसरी बार मैंने अमिय निमाई चरित का पाठ किया उस समयके रसकी बात मैं पीछे लिखूँगा।

इसके बाद मैं भागलपुरमें अपनी स्थायी नौकरी डिप्टीगीरी पर लौट आया और यहाँ आठ महीने तक रहा। बंगाली टोलामें मेरा वासा था। भागलपुरमें ही गुणदाका विवाह हुआ। ये सब बातें विस्तारपूर्वक पीछे बताऊँगा।

गौरपादपद्म मेरे कनिष्ठ भ्राता श्रीमान् गुरुदास गोस्वामी लिखित 'श्री गौराङ्ग अवतार' शीर्षक निबन्ध १६०८ ई० में आनन्द बाजार और श्री विष्णुप्रिया पत्रिका' में प्रकाशित हुआ था। यह निबन्ध मेरी आत्म-कहानीके साथ स्थायी आवश

रखते बिना वह अपूर्ण रह जायगी। अतएव सारा निबन्ध यहाँ दिया जा रहा है। मेरे प्राणोंसे भी प्रिय, परम गौरभक्त, कनिष्ठ भ्राता गुरदास आज जीवित होते, तो वह मेरे प्राण-प्रिय भाई मेरे गौर-धर्म-प्रचारमें बहुत सुन्दर सहायक बनते। मैं जीवाधम भाग्यहीन हूँ। इस प्रकारके योग्य भाईकी सहायतासे आज वञ्चित हो एकाकी, असहाय और दुर्बल हो गया हूँ। प्रभु और प्रियाजीकी यही इच्छा थी जो मेरे जैसे नराधम अयोग्यके द्वारा अकेले इस गुरुतम भारको वहन करा रहे हैं। बीस वर्षकी अवस्थामें ही मैं सर्वतोभावेन अकेला, साधनहीन, निःसहाय हूँ। प्रभु-प्रियाजीकी यही इच्छा है। मैं क्या कर सकता हूँ? उनकी इच्छा पूर्ण हो। जय श्री विष्णुप्रिया-गौराङ्ग।

श्रीगौराङ्ग-अवतार

"आजकी सभामें सहृदय भ्रातृगणने मुझको धर्मके सम्बन्धमें कुछ लिखकर ले आनेका आदेश दिया था। आप लोगोंके सामने श्रीगौराङ्ग देवके तत्त्वके विषयमें कुछ व्यक्त करनेकी मेरी इच्छा है। मैं ज्ञानहीन हूँ—क्षुद्रसे भी क्षुद्र हूँ, जीवाधम हूँ। उनके तत्त्वकी बात कैसे कहूँ—साहस नहीं हो रहा है। श्रीगौराङ्गका परम पवित्र नाम स्मरण करके जहाँ तक हो सकेगा उनका गुणगान करूँगा। आशा करता हूँ, आप लोग ध्यान देकर श्रीगौर-कथा श्रवण करेंगे।"

अनर्पितचरीं चिरात् करुणयावतीर्णः कलौ।
समर्पयितुमुन्नतोज्ज्वलरसाम् स्वभक्तिश्रियम्॥
हरिः पुरटसुन्दरद्युतिकदम्बसन्दीपितः।
सदा हृदयकन्दरे स्फुरतु वः शचीनन्दनः॥

अर्थ—जो कलयुगमें अन्य अवतारोंके द्वारा अनर्पित (अदत्त) मुख्य उज्ज्वल रसपूर्ण अपनी भजन-सम्पत्ति रूप भक्तिके प्रदानके लिए कृपा करके अवतरित हुए हैं, जिनकी कान्ति स्वर्णसे भी अधिक उल्लसित है, वह शचीनन्दन श्रीहरि आप लोगोंकी हृदय-रूप गिरि-कन्दरामें प्रकाशित हों।

राधाकृष्णप्रणयविकृतिर्ह्लादिनीशक्तिरस्मा—
देकात्मानावपि भुवि पुरा देहभेदं गतौ तौ।
चैतन्याख्यं प्रकटमधुना तद्द्वयं चैक्यमाप्तं
राधाभावद्युतिसुवलितं नौमि कृष्णस्वरूपम्॥

अर्थ—श्रीकृष्ण-प्रेमकी विकृति स्वाह्लादिनी शक्ति ही राधा नामसे अभिहित हैं। इसी कारण राधाकृष्णने एकात्मा होकर भी अनादिकालसे विलासकी अभिलाषासे भूतल पर देहभेद स्वीकार किया है। अब वे दोनों एकत्वको प्राप्त होकर चैतन्यके

नाममें प्रकट हुए हैं। अतएव राधाभाव और राधाकान्ति समन्वित श्रीकृष्णस्वरूप (निराकार परब्रह्मस्वरूप) श्रीकृष्णचैतन्यदेवकी मैं वन्दना करता हूँ।

> श्रीराधायाः प्रणयमहिमा कीदृशो वानयैवा
> स्वाद्यो येनाद्भुतमधुरिमा कीदृशो वा मदीयः।
> सौख्यं चास्या मदनुभवतः कीदृशं वेतिलोभा—
> त्तद्भावाढ्यः समजनि शचीगर्भसिन्धौ हरीन्दुः॥

अर्थ—श्रीराधाकी प्रणय महिमा कैसी है? श्रीराधा प्रेम द्वारा जिसका आस्वादन करती हैं, मेरा वह अद्भुत माधुर्य कैसा है? मेरा अनुभव करते हुए श्री राधाको जो सुखोद्रेक होता है वह सुख कैसा है? इन तीनों सुखोंके लोभसे राधाभावयुक्त श्रीकृष्णरूप चन्द्र शचीगर्भरूप समुद्रसे प्रादुर्भूत हुए हैं।

श्रीगौराङ्ग, भक्त हैं या भगवान्—इस विषयको लेकर विचार करना यहाँ प्रयोजनीय नहीं है। जो लोग हृदयमें श्रीभगवान्‌को करुणामय कहते हैं उनके लिए श्रीभगवान्‌का अवतार असम्भव नहीं है। गीताके अध्याय ४ श्लोक ५ में श्रीभगवान् अर्जुनसे कहते हैं—

> परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
> धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे॥

श्रीभगवान्‌के अवतारकी इयत्ता नहीं है। जो लोग मुँहसे उनको करुणामय कहते हैं और फिर मन ही मन कहते हैं कि वह इस क्षुद्र समाजमें किसलिए आवेंगे वे निश्चय अवतारको नहीं मानते। जो अपने मनमें विश्वास करते हैं कि श्रीभगवान् वस्तुतः बड़े दयालु हैं उनको यह बात माननेमें क्या आपत्ति हो सकती है कि वह हमारे बीच आते हैं। विशेषतः उनके साथ यदि मिलनेकी आवश्यकता होती है तो, क्योंकि हम उनके जैसे नहीं बन सकते, इसलिए उनको ही हमारे समान बनकर हमारे पास आना पड़ता है। बिना इसके जीवोंका उद्धार नहीं हो सकता। संसारमें जितने अवतार हुए हैं उनमें गौराङ्ग-लीला ही विशेष प्रमाणित है। क्योंकि इनके बारेमें प्रसिद्ध पण्डित और साधु जन अपनी आँखों देखकर लिखकर छोड़ गये हैं। भगवान्‌में जितनी शक्तियाँ हैं, उनमें प्रेम और करुणा सर्वश्रेष्ठ हैं, और इन दोनों शक्तियोंको उन्होंने जगतमें दो अवतारोंके द्वारा पूर्णतः प्रकट किया है। श्रीकृष्ण अवतारमें पूर्ण प्रेम और श्रीगौराङ्ग अवतारमें पूर्ण करुणाका विकास हुआ है। युगलके बिना श्रीभगवान् पूर्ण नहीं होते। भगवान् नित्यपूर्ण हैं। अतएव नित्य युगल हैं। परन्तु जब लीलाके लिए वह जगतमें अवतीर्ण होते हैं तब लीलारसका विकास और उद्दीपन करनेके लिए स्वतन्त्र पुरुष प्रकृति बनकर उदय होते हैं। इसी कारण प्रेमावतारमें श्रीकृष्ण और श्रीमती राधा तथा करुणावतारमें श्रीगौराङ्ग और श्रीमती विष्णुप्रिया बनकर श्रीभगवान्‌का विकास हुआ।

प्रेमावतारमें व्रजमें श्रीकृष्णने प्रेम-प्रकाशके लिए जैसे ही वंशी बजायी वैसे ही श्रीमती राधिकाजी तथा करुणावतारमें नवद्वीपमें श्रीगौराङ्गके जैसे ही नयनाश्रु उमड़ पड़े वैसे ही श्रीमती विष्णुप्रिया आकर युगल हो गयीं। अतएव श्रीमती राधा और श्रीकृष्ण जैसे प्रेमकी युगल मूर्त्ति हैं, उसी प्रकार श्रीमती विष्णुप्रिया और श्रीगौराङ्ग करुणाकी युगल मूर्ति हैं। भगवत-प्रेमके विकासके लिए श्रीकृष्णका अवतार तथा जीव जिससे वह प्रेमधन प्राप्त कर सके, उस साधन शक्तिकी शिक्षा देनेके लिए श्रीगौराङ्गका अवतार है। श्री गौराङ्ग इसीसे करुणाका सार होकर अवतीर्ण हुए हैं। साध्यवस्तु और साधनके मिलनके बिना साधककी अभीष्ट सिद्धि नहीं होती और श्रीभगवान्की करुणाके बिना जीव और भगवान्‌में मिलन नहीं हो सकता। स्वेच्छामय भगवान् इच्छा होते ही जीवको दर्शन दे सकते हैं। परन्तु भक्ति-जगतका नियम यह है कि, जिस समय जीव अकिञ्चन भावसे श्रीभगवान्की शरण लेता है, उसी समय यदि श्रीभगवान् नम्रमुख हो तो जीव और भगवान्‌में मिलन हो सकता है। जीवके प्रति भगवान्की कृपादृष्टि होनेसे ही जीवकी इष्ट सिद्धि हो जाय ऐसी बात नहीं है। श्रीभगवान्‌से प्राप्त इस करुणाके द्वारा जीव निर्मल होकर केवल साधन बल प्राप्त करता है। इस साधन बलको प्राप्तकर इसमें जीवका जिस परिमाणमें अधिकार प्राप्त होता है उसी परिमाणमें जीवके हृदयमें श्रीभगवान् विकसित होते हैं। करुणादृष्टि द्वारा जीवको निर्मल करके उसको साधन-बल तथा उसके उत्कर्ष साधनकी शिक्षा प्रदान करके और उस साधन बलके उत्कर्षके साथ-साथ जीवके हृदयमें श्रीभगवान्की शक्तिका विकास करनेके लिए श्रीगौराङ्ग अवतारको सब अवतारोंसे श्रेष्ठ मानना पड़ेगा। इसी कारण उनका एक नाम 'जीव बन्धु' है।

अनन्तकालसे जीवकी सृष्टि हो रही है और जीवकी सृष्टिके साथ-साथ साधककी सृष्टि हुई है। तभीसे साधन-बलके लिए जीवको श्रीभगवान्की करुणाके ऊपर निर्भर रहना पड़ा है और श्रीभगवान् भी जीवोंको यह करुणा प्रदान करते आये हैं। भगवत्-करुणाको प्राप्त करनेके लिए जीवको कठोर तपस्या सदा ही करनी पड़ी है। परन्तु जीवका तप-बल ह्रास होते-होते क्रमशः साधन-बल भी घट जाता है। श्रीभगवान् करुणामय हैं। जीवका पतन देखकर वे कातर हो जाते हैं और उनकी इच्छा होती है कि अपेक्षाकृत सहज उपायसे जीवके ऊपर करुणा करें। इसी इच्छाके वश होकर श्री भगवान् श्री श्रीगौराङ्ग रूपमें जीवोद्धारके निमित्त श्री नवद्वीप धाममें अवतीर्ण हुए हैं।

श्रीभगवान्की साक्षात् प्राप्तिमें जीवके हृदयमें जो साधन-बल प्रकट होता है उसीको श्रीगौराङ्गने प्रदान किया एवं स्वयं साधक होकर जीवको भक्ति-साधन योगकी शिक्षा दी। इससे जीवको जिस परिमाणमें अधिकार प्राप्त होता है, उसी परिमाणमें उसके हृदयमें उन्होंने भगवत् शक्तिका विकास करके आत्मोन्नतिके मार्गमें मानवको

उठनेकी शिक्षा दी है। ज्ञानयोगमें जीव ब्रह्मके तुल्य हो जाता है। परन्तु जगतमें दो ब्रह्मका अस्तित्व नहीं रह सकता। इसलिए ज्ञानयोगमें जैसे ही जीव ब्रह्मके तुल्य होता है वैसे ही वह ब्रह्ममें लयको प्राप्त हो जाता है। इसको ही निर्वाण मुक्ति कहते हैं। जिस योगके द्वारा ब्रह्मके तुल्य होकर जीव ब्रह्ममें लयको प्राप्त होता है, उसकी शिक्षा देनेके लिए श्री श्रीगौराङ्ग अवतारका उदय नहीं हुआ है। वह निखिल सुख जिसमें आनन्दका लय हो जाता है जीवको वह सुख या आनन्द प्रदान करनेके लिए भी श्री श्रीगौराङ्गका उदय नहीं हुआ। जो सुख या आनन्द नित्य और निरुपम है वह जिससे जीवको प्राप्त हो इसी निमित्त श्री श्रीगौराङ्ग अवतारका उदय हुआ है।

परिवार फैलाकर जीवन बितानेकी स्पृहा जीवके लिए अनिवार्य है। यह अनिवार्य स्पृहा जीवको श्रीभगवान्‌की स्पृहामयी शक्तिसे प्राप्त हुई है इसमें सन्देह नहीं है। इसीलिए भक्त लोग कहते हैं कि श्रीभगवान्‌का भी परिवार है एवं ब्रजधाम और कुछ नहीं है केवल श्रीभगवान्‌का एक वृहत् नित्य सुखमय परिवार है। इस ब्रजधाममें जो श्रीभगवान्‌के साथ वास करते थे उनके साथ श्रीभगवान्‌की जिस परिमाणमें आत्मीयता तथा प्रेम-सम्बन्ध उत्पन्न हुआ था उसी परिमाणमें तथा उसी प्रेम सम्बन्धके अनुसार उनको श्रीभगवान्‌के साथ अपना बनकर रहना पड़ता था। इस आत्मीयताके अनुरोधमें इस संसारमें जीव किसी भी प्रकारसे भगवान्‌के तुल्य नहीं हो सकते। अतएव ज्ञानयोग सिद्ध जीव जैसी निर्वाण मुक्तिको प्राप्त होता है वैसी निर्वाण मुक्तिकी अपेक्षा उनको नहीं होती। श्रीभगवान् नित्य हैं और उनका संसार भी नित्य है अतएव उनके संसारमें जो वास करते हैं वे भी नित्य हैं। जिस साधन-बलसे जीव इस नित्य संसारमें नित्यानन्द सुखमें सुखी होकर श्रीभगवान्‌के साथ एकत्र वास कर सकता है जीवको उसी साधन करनेकी शिक्षा देनेके लिए श्री श्रीगौराङ्ग देवका अवतार है।

निज जन हुए बिना कोई किसीके संसारमें प्रवेश नहीं कर सकता और हृदयके प्रेम-बन्धनके बिना कोई किसीका निज जन नहीं हो सकता। जिस प्रेमयोगके द्वारा जीव श्रीभगवान्‌के साथ हृदयका अटूट बन्धन स्थापित करके उनके संसारमें प्रवेश कर सकता है श्रीगौराङ्गने जीवको उसी प्रेमयोग की शिक्षा दी है। यद्यपि वे जीवको प्रेमयोगकी शिक्षा प्रदान करनेके लिए श्रीधाम नवद्वीपमें अवतीर्ण हुए थे अतएव उन्होंने नवद्वीपका परित्याग इसलिए नहीं किया कि वह प्रेमयोगका अधिकारी न बनने पाये। यहाँ दयाल पूर्णानन्द बन कर प्रेमदाता बनकर इस धराधाममें अवतीर्ण हुए थे और जिस जीवन जिस भावसे उनकी आराधनाकी उन्होंने उसको उसी प्रकार साधन कराकर सिद्धकाम बना दिया था। अब भी जीव सद्गुरुके चरणोंका आश्रय लेकर श्री श्रीगौराङ्ग महाप्रभुके प्रवर्तित होकर उनके प्रदर्शित पथका अवलम्बन करके स्वच्छ हो और अनायास प्रेमभक्ति मार्गमें प्रवेश करनेमें समर्थ होगा। श्री श्रीगौराङ्ग

प्रभुके द्वारा प्रवर्तित भक्तिमार्गका पथ बड़ा ही सुगम है। अन्धजीव टेढ़े रास्तेको पकड़ कर व्यर्थ ही विडम्बनामें पड़ते हैं। साधु, गुरु तथा आचार्यगण इसी श्रेणीके अंधे जीवोंको सच्चा पथ दिखलाकर उनका भ्रम संशोधन करेंगे। दूसरी बात यह है कि सच्चे आचार्यका मिलना आजकल दुष्कर हो गया है, सच्चे आचार्यके बिना अधम जीवका उद्धार होना बड़ा ही कठिन है।

श्रीगौराङ्गके देहमें पुरुष प्रकृति—दोनों भावोंके मिश्रणका और एक कारण है। श्री श्रीगौराङ्ग श्रीमती विष्णुप्रियाको साथ लेकर जो लीला करते हैं, वह उनकी करुणाकी लीला है। श्री श्रीगौराङ्ग विरही, और श्रीमती विष्णुप्रिया विरहिणी होकर इस करुणाका विकास करते हैं। श्री भगवान् प्रकृतिसे स्वतन्त्र होकर लीला करें तो वे मधुर नहीं हो सकते। परन्तु सन्यासी श्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभुने प्रकृतिके मुख-तकका भी दर्शन नहीं किया था। इस कारण प्रकृति और पुरुषका एकत्र मिलन होकर श्रीगौराङ्गका आविर्भाव हुआ था। श्री श्रीगौराङ्ग देवके श्रीअङ्गमें श्रीमती राधा अविछिन्न भावसे विराजती हैं, इस कारण श्रीविष्णुप्रियाके साथ लीलाके उद्देश्यसे विछिन्न होने पर भी श्री श्रीगौराङ्गमें मधुर भावका अभाव नहीं हुआ। श्री श्रीगौराङ्ग प्रेमके साधक बनकर जीवको इस अपूर्व प्रेम-साधन-योगकी शिक्षा देते हैं। इसी कारण वे श्रीमती राधाकी भाव-कान्ति लेकर जगतमें अवतीर्ण हुए। श्री श्रीगौराङ्ग जीवके हृदयमें व्रजके निगूढ़ रसका विकास करके, किस प्रकार वह संसारमें रहकर इस रसका आस्वादन कर सकते हैं, इसकी शिक्षा देनेके लिए वह सदा सर्वदा प्रेम-रस-तरङ्गमें स्वयं मत्त रहते थे, और इसी कारण व अपने हृदयमें श्री श्रीराधाकृष्णके युगल रूपको छिपाकर आये थे। जो लोग मातृभावसे श्रीभगवानकी उपासना करना चाहते हैं उनके लिए वह जगन्मालाकी शक्ति लेकर आये थे, और नाटकके बहाने उन्होंने जगन्माता रूप धारण करके भक्तोंको मोहित किया था।

उपनयनके समय वे वामन मूर्ति धारण करके प्रकट हुये और किसी भक्तको उन्होंने वाराह मूर्ति तथा काजीको नरसिंह मूर्ति दिखलायी थी। राय रामानन्द आदिको उन्होंने द्विभुज मुरलीधर रूपमें दर्शन दिया था। गौर भक्तगणने उनमें अपनी अपनी सर्वदेव मूर्तियोंका दर्शन किया था। इसी कारण ज्योतिषी और गणकने उनकी महती शक्तिकी महिमाकी गणना करके उनका नाम श्रीविश्वम्भर रक्खा था।

जगत-प्रसिद्ध श्रीवासुदेव सार्वभौम जिन्होंने मिथिलासे समस्त न्यायशास्त्र कण्ठस्थ करके नवद्वीपमें न्यायके ग्रन्थ लिखकर विद्यालय स्थापित किया था, तथा जो काशीधाममें रहकर वेदशास्त्रमें विशेष व्युत्पत्ति अर्जन करके सहस्रों दण्डी सन्यासियोंको वेद विहित धर्मकी शिक्षा देकर 'सोऽहं' कहकर परिचय देनेमें नहीं हिचकते थे, वे भी अन्तमें श्रीश्रीगौराङ्गके चरणोंमें आत्मसमर्पण करके उनकी करुणाके प्रार्थी हुए थे। वासुदेव सार्वभौम लिखते हैं –

अन्य बन्धु-बान्धवोंके सम्बन्धमें

पहले कह चुका हूँ कि मैंने छुट्टी लेकर मोतीहारी (जिला चम्पारण) में अपने कनिष्ठ भ्राता श्रीमान् गुरुदासके यहाँ पर कुछ दिन वास किया। उसी समय गुरुदासके साथ अपने पूर्वज द्विज बलरामदास ठाकुरकी पदावलीके विषयमें कुछ आलोचना हुई। महात्मा शिशिर कुमारके सुयोग्य भानजे श्रीयुत रञ्जनविलास राय चौधरी जो उस समय मोतीहारीमें पोस्ट मास्टर थे, हमारी इस आलोचनामें योगदान करते रहे। फल स्वरूप "गौर-पद-तरंगिणी" श्रीग्रन्थकी विस्तृत उपक्रमणिकाके ११८-११६ पृष्ठमें श्रीमान् गुरुदासके द्वारा लिखे एक पत्रमें हमारी वंशावलीका कुछ अंश प्रकाशित हुआ। उसके बहुत दिन बाद १३२८ बंगाब्दमें मैंने 'द्विज बलराम दास ठाकुरकी पदावली और संक्षिप्त जीवन चरित' एक पुस्तक लिखी, उसमें हमारी सम्पूर्ण वंशावली तथा श्रीपाट दोगाछिया तथा बालगोपाल उपासक पदकर्त्ता द्विज बलरामदास ठाकुरके सम्बन्धमें बहुतसी प्राचीन अप्रकाशित सामग्री सग्रहित हुई है। ये सारी बातें यथा स्थान मेरी धर्म जीवन-कथामें व्यक्त होंगी।

छुट्टीके बाद मैंने फिर अपनी पक्की नौकरी डाकघरकी डिप्टीगीरी पर बहाल होकर भागलपुरमें सात महीने तक काम किया। मेरा बासा गंगाके किनारे बंगाली टोलामें था। डाकघरके सुपरिण्टेण्डेण्ट मेरे पुराने अफसर स्व० द्वारकानाथ गोस्वामीके दोतल्ले नये मकानमें मैं केवल ८ रु० मासिक भाड़े पर रहता था। उस समय बंगाली टोलेमें कई प्रसिद्ध बंगाली सज्जन रहते थे। सबके साथ मेरा खूब मेलजोल था। वहांके सब लोग मुझको विद्यार्थी जीवनसे ही जानते थे और विशेष स्नेहकी दृष्टिसे देखते थे।

यहाँ प्रसङ्गवश अपने पुराने अफसर स्व० द्वारकानाथ गोस्वामीकी आकस्मिक मृत्युका उल्लेख तथा साथ ही उनके पुत्र श्रीमान् दीनानाथ गोस्वामी, वर्तमानकालमें उडीसा-सम्भलपुर डिवीजनके डाकघरोंके सुपरिण्टेण्डेण्टके विषयमें कुछ न कहनेसे मेरी कथा अधूरी रह जायगी। श्रीरामपुर (हुगली) निवासी द्वारकानाथ गोस्वामी महाशय विशिष्ट कुल सभूत और उच्च राजकर्मचारी थे। उनकी उम्र ५० वर्षसे अधिक थी। वे भागलपुरमें डाक-बंगलेके तत्कालीन डाकघरोंके बड़े साहब Mr. J. Hamilton

अपने हाथसे अपनी बात लिखनेमें लज्जा जान पडती है। पूज्यपाद श्री चैतन्य चरितामृतकार कविराज गोस्वामीने लिखा है—"आपनार कथा लिखि निर्लज्ज हइया"—मैं भी निर्लज्ज होकर लिख रहा हूँ। मैंने डाकघरमें बहुतोंको नौकरी दिलायी। उनमेंसे आज भी छोटी-बडी जगहो पर कई आदमी है। बिहार और मध्य-प्रदेशके डाकघरोंमें अनेकों बगाली-अबगालीको काम दिलाया था। इसके लिए एक दिन सिविलियन पोष्ट माष्टर जनरलने मुझको स्पष्ट कहा था—"Mr. Goswami, you are very fond of your own race Bengalis." मैंने उनके मुँह पर जबाब दिया था—"Are you not Sir, very fond of your own race ? Is that a fault ?" यह बात जब मैंने कही थी, उस समय मैं डाकघरोंके एक गजटेड अफसरके पद पर प्रतिष्ठित था और एकबारगी ५०-६० रु० महीने पर कई बगाली ग्रेजुएटको मैंने स्वयं डाकघरकी नौकरी दी थी। मुँह पर ही ऐसा स्पष्ट उत्तर पाकर साहब बहादुरने उस समय तो मुझसे कुछ नहीं कहा। परन्तु Appointment Roll के ऊपर मन्तव्य लिखकर मुझसे कैफियत मांगी। मुझे याद है उत्तरमें मैंने लिखा था—"The appointments were in my gift and I have selected the best men according to my own judgement, if you like, you can cancell the appointments." इसका कुछ उत्तर मुझे नहीं मिला।

कन्या का विवाह

इसी समय भागलपुरमें मेरी एकमात्र कन्या श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवीका शुभ विवाह हुआ। उस समय उसकी उम्र केवल दस वर्षकी थी। १३ फागुन १३१२ साल तदनुसार २८ फरवरी १९०६ को नया बाजारमें राय बहादुर गोपालचन्द्र सरकार वकीलके दो तल्ले बड़े मकानमें इसका काम बन्दोबस्त कर शुभ कार्य सम्पन्न किया गया। मुर्शिदाबाद बहरमपुर वकीलपाड़ा निवासी वकील और जमींदार श्रीश्यामाचरण भट्ट महाशयके पौत्र बङ्गालके प्रसिद्ध जमींदार महाराजा प्रद्योतकुमार ठाकुरके प्राइवेट सेक्रेटरी श्रीयुत त्रिपुराचरण भट्ट महाशयके पुत्र श्रीमान् आनन्दमय भट्टके साथ श्रीमती सुशीला सुन्दरीका शुभ विवाह कार्य बड़े समारोहके साथ सम्पन्न हुआ था। इस विवाहमें कलकत्तासे बहुतसे सम्भ्रान्त लोग बाराती आये थे। उन लोगोंके रहनेके लिए एक बड़े राजगृहमें स्वतन्त्र स्थान निश्चित किया गया था। हमारे सम्बन्धी श्रीयुत् त्रिपुराचरण भट्ट महाशय बड़े रसिक पुरुष थे। वे बड़े ही खुश दिल आदमी थे। वे और उनके पुत्र आज २२ वर्ष हुए हैं परलोक सिधार गये। यह बड़े दुःखकी बात है। पश्चात् यथास्थान इसके विषयमें लिखूँगा। पिता पुत्रकी मृत्युमें केवल २० दिनका व्यवधान था। पुत्रकी मृत्युके बाद पुत्रशोकमें पिताने देह त्याग किया।

मेरी कन्याके विवाहमें सितार सिखानेका सारा भार मेरे प्रिय मित्र श्रीयुत् निमाईचरण चट्टोपाध्याय एल० एम० एस० आनरेरी सनद प्राप्त (रिटायर्ड) सिविल सर्जन महाशयके ऊपर था। निमाई बाबूके साथ मेरा बहुत दिनोंसे प्रेम व्यवहार सम्बन्ध था। वे मानीगंजमें सिविल सर्जन थे। मेरे छोटे भाई सुरेन्द्रको अपने छोटे भाईसे भी अधिक स्नेह करते थे। वे लड़कोंको सितार सिखानेके काममें खूब अभ्यस्त थे। स्वयं भी उत्तम भोजन बना सकते थे। लड़कोंको सिखाना उनका एक नियमित व्रत था। बड़े-बड़े लोगोंके घर यदि किसी उत्सवमें सितार सिखानेका आयोजन होता तो वहाँ वह अगुआ बन जाते थे। मेरी कन्याके विवाहमें उन्होंने स्वेच्छापूर्वक यह काम अपने ऊपर लिया था। मुझे याद है सुशीलाके विवाहमें बहुतसे गण्यमान्य

लोगोंको भली भाँति भोजन कराया गया था। खूब उच्चस्तरका खाना-पीना हुआ था। बासेमें हलवाई मिठाई बनानेके लिए बैठाये गये थे। निमाई बाबूने अपनी देख-रेखमें देश-देशकी नाना प्रकारकी प्रसिद्ध-प्रसिद्ध मिठाइयाँ भागलपुरमें बैठे-बैठे तैयार कराई थी। उनके साथ साथ सदा २३ रसोई बनाने वाले पक्के पाचक ब्राह्मण रहते थे। वे मोतीहारीमें अकेले रहते थे, फिर भी उनके बासेमें नित्य दावत होती थी। उनको मित्रोंको तथा प्रियजनोंको साथ लेकर खानेमें बड़ा आनन्द मिलता था। मेरी कन्याके विवाहके बाराती विशिष्ट सम्भ्रान्त लोग थे। उन लोगोंने भोजन करते समय विवाहकी रातमें पक्का फलाहार, और दूसरे दिन मध्याह्नके भोजनके समय विशेष रूपसे प्रशंसा करते हुए कहा था—"ये नाना प्रकारकी उत्तम मिठाइयाँ कहाँसे मगायी गयी हैं?" उत्तरमें निमाई बाबूने कहा था—"हरिदास बाबूने बहुत खर्च करके कलकत्ता, बर्दवान, बनारस, दिल्ली, आगरा आदि दूर-दूरके स्थानोंसे मँगाकर मिठाइयोंका संग्रह किया है।" इस विवाहमें खिलाने-पिलानेमें मुझे बड़ा यश प्राप्त हुआ था। मेरे अनेकों मित्रोंने इस विवाहका सब भार अपने ऊपर ले लिया था। मेरे कनिष्ठ भ्राता गुरुदासने सपरिवार भागलपुरमें आकर काम-काज सम्भाला था। मैं केवल फूल बाबूकी तरह दुपट्टा डाले लोगोंसे मीठी-मीठी गल्प मारा करता था। इस विवाहमें मेरे जन्म-स्थान दीगाछियासे अधिकांश आत्मीय स्वजन आये थे। खर्च भी मेरा यथेष्ट हुआ था। यद्यपि मेरा मासिक वेतन उस समय केवल ७० ८० था—तथापि अधिकांश समय मैं ऊँचे वेतन पर स्थान-स्थान पर काम करता था। इससे हाथमें कुछ रुपये हो गये थे।

मेरे जमाई श्रीमान् आनन्दमय भट्ट उस समय १७-१८ वर्षके नवयुवक अति सुन्दर पुरुष और पूर्ण स्वस्थ थे एवं सबके चित्तको आनन्दित कर लेते थे। इस विवाहमें भागलपुर शहरमें बंगाली समाजमें एक प्रकार धूम-सी मच गयी थी।

पहले कह चुका हूँ कि मेरे एक बहनोई पण्डित चन्द्रभूषण भट्टाचार्य भागलपुरमें कन्या-विद्यालयमें हेड पण्डित थे। उनके देहावसानके बाद भागलपुरमें मेरी कन्याका विवाह हुआ था। मेरी दीदी, बड़ी बहन, भान्जा और भान्जीने इस विवाहमें मेरी विशेष सहायताकी थी। नौकरी करते समय भागलपुरमें ही मैंने अपनी एक भान्जीके शुभ विवाहका सम्बन्ध स्थिर करके स्वयं उपस्थित होकर कार्य-सम्पादन किया था। बालिकाका नाम था श्रीमती पाषाणीदेवी। वह सर्व सुन्दर लक्षणोंसे युक्त साक्षात् लक्ष्मी स्वरूपा थी। पाषाणी केवल नाम था, कार्यमें वह दयावती लक्ष्मी स्वरूपिणी थी। उसका विवाह मलेरिया ज्वरकी सुप्रसिद्ध पेटेण्ट दवा 'वैसलिन' के आविष्कर्ता द्वितीय पक्षके वर श्रीमान् विपिनविहारी चक्रवर्ती एल० एम० एस० डाक्टरके साथ हुआ था। जिस समय यह विवाह हुआ था, उस समय डाक्टर श्रीमान् विपिनकी आर्थिक दशा

नागपुरको बदली और यात्रा

•

पहले कहना भूल गया हूँ कि दानापुरमें बड़े साहबके दफ्तरमें जब मैं काम करता था उस समय पोस्ट मास्टर जनरलके Head Asstt. Mr D J C Burn नामक एक साहबने मुझसे डाकघरके काम-काज तथा कायदा-कानून सीखनेका अनुरोध किया था। वे उस समय सुपरिण्टेण्डेण्टकी परीक्षाके लिए तैयारी कर रहे थे। कई महीने उनके बगले पर जाकर उनको नियमपूर्वक पढाना पडा। इसी सूत्रमें मेरे साथ उनका विशेष मिलना-जुलना तथा प्रेम-भाव हो गया। पश्चात् परीक्षा पास करके वे नागपुरमें पोस्ट मास्टर जनरल साहबके Personal Asstt नियुक्त हुए। मेरे पूर्व-कालके अफसर Mr. F B O'shea उस समय वहाँके डिप्टी पोस्ट मास्टर जनरल थे। उस समय छोट-छोट Postal Circle डिप्टी पोस्ट मास्टर जनरलके अधीन थे। इन दोनों महाशयों (Messrs D J C Burn तथा F B O'shea) ने परामर्श करके मुझको विहार सर्किलसे मध्य प्रदेशके बडे साहबके दफ्तरमें नागपुर बदली करा लिया। कहाँ भागलपुर और कहाँ नागपुर ? बारह सौ मील दूर नये अज्ञात स्थानमें इस प्रकार साधारणत Non gazetted अफसरकी बदली नहीं होती थी। परन्तु मेरे सम्बन्धमें विशेष कानून लगा, क्योंकि वहाँ योग्य व्यक्तिकी आवश्यकता थी। दोनों अंग्रेज अफसरोंकी विशेष सिफारिश थी, फिर कोई बचाव कैसे होता ? नागपुर बडे साहबके दफ्तरमें Supernumary Inspector के पद पर बहालीका परवाना भागलपुरमें जा पहुँचा। उस समय मेरी कन्याका विवाह हुए कुछ ही महीने हुए थे। जामाताको भागलपुरमें बुलाया था, वे हमारे साथ ही थे। उसी समय अचानक बदलीका हुक्म आ गया। बन्धु-बान्धव, मित्र-स्नेही सब लोगोंने इतनी दूर जानेसे मना किया। परन्तु मेरा मन नागपुरके बडे बडे सन्तरे खानेके लिए लुब्ध हो गया। नये-नये स्थान देखनेको मिलेंगे, यह सोचकर मन उत्फुल्ल हो उठा। जामाताजीको साथ लेकर उसी दूर देशके लिए डेरा डण्डा लेकर कूच करनेकी तैयारी करने लगा। नागपुर मेरा बिल्कुल अज्ञात स्थान था, वहाँ मेरा एक भी परिचित आदमी न था। मैं सदासे बडा दु साहसी आदमी था। सारे परिवार (मैं, मेरी स्त्री और जामाता, कन्या तथा एक बूढा नौकर घुनसिया

और अपने पूज्य पिताजीके पढ़ाये एक मैना पक्षी) को साथ लेकर भागलपुरसे १० अक्टूबर १९०६ ई० को मैंने नागपुरकी यात्राकी। बहुत सर-सरजाम साथ लेकर बहुत दिनका डेरा-दण्डा लेकर जाना पड़ा था। बन्धु-बान्धव, आत्मीय स्वजन और कर्मचारीगण सब लोग बहुत दुःखी होकर मुझको विदा करनेके लिये स्टेशन गये थे। उनमें बूढ़े पोस्ट मास्टर काशीप्रसाद बाबू भी थे। वे मुझको विशेष स्नेहकी दृष्टिसे देखते थे।

भागलपुरसे हावड़ा होकर मैं पैसेंजर ट्रेनसे नागपुर रवाना हुआ। साथमें बहुत सर सरजाम था स्त्रियाँ थीं। मेल ट्रेनसे जानेकी हिम्मत न हुई। नौकर बहुत बूढ़ा था। किसी प्रकार थर्ड क्लासके एक खाली डिब्बेमें सामानको गोदामकी तरह भरकर हम रवाना हुए। नागपुर पहुँचनेमें पूरे ढाई दिन लगे। वह नितान्त अपरिचित स्थान था। कोई भी परिचित आदमी न था। कोई सिफारिशी पत्र नहीं ला सका। कहाँ जाऊँ किसके घर उतरूँ तीन दिनसे किसीके मुँहमें अन्न नहीं गया था, बच्चोंके लड़कोंके प्राण अन्नमें रहते हैं। भूखे कुत्तेके समान सब अन्नके दानेके लिए लालायित थे। पहले मैंने अपने पुराने अफसर Personal Asstt Mr Burn को एक पत्र लिखकर अपने नागपुर पहुँचनेकी तिथिकी सूचना दे दी थी। उन्होंने कृपा करके आफिसके एक चपरासीको स्टेशन पर भेज दिया था। ता० १२ अक्टूबर १९०६ ई० के दिन खूब तड़के गाड़ी नागपुर स्टेशन पर पहुँची। हावड़ासे किसी स्थान पर गाड़ी बदलनी नहीं पड़ी। कहीं हम लोग उतरे भी नहीं। ट्रेनसे प्लेटफार्म पर उतरनेमें भी मुझको भय लगता था। अब भी मुझमें वह भय विद्यमान है कि कहीं गाड़ी छूट जाय और मैं चढ़ न पाऊँ। गाड़ी १० १५ मिनट रुकती है और कहीं आधा घण्टा तक रुकती है इस बातमें मेरा विश्वास नहीं होता था। मेरे पूज्यपाद पिताजी पुरातन युगके अध्यापक पण्डित थे। बीच बीच निमन्त्रणमें उनको अनेक स्थानोंमें जाना पड़ता था। रानाघाटमें उनकी पाठशाला थी, बहुतसे छात्र पढ़ते थे। उनको जब किसी दिन गाड़ीसे कहीं जाना होता और गाड़ी ९ बजे आने वाली होती तो प्रातःकाल उठकर स्नानादि कृत्य समाप्त करके कभी-कभी १ २ घण्टे पहले ही स्टेशन पर पहुँचकर बैठ रहते। मैं स्टेशन पर साथ साथ जाता था इतना पहले आकर व्यर्थ ही बैठकर समय खोनेकी बात सोचकर मैं पूछता— बाबा! आप इतना पहले स्टेशन क्यों आते हैं? गाड़ीका समय तो निर्दिष्ट है उसमें थोड़ी देर पहले आनेसे काम बन जाता।' वह उत्तर देते— बापू तुम लोग लड़के हो समझते नहीं हो यदि गाड़ी छूट जाय तो वह बड़े ही कष्टकी बात होगी। उसकी अपेक्षा पहलेसे ही आकर बैठना अच्छा है और एक बात है। गाड़ी जब तब आती जाती है। इसके समयका क्या ठिकाना?' बाबाकी मुखसे यह बात सुनकर मैं हँसता था। मैं अपने पिताका उपयुक्त पुत्र था। उनका यह भाव मुझमें सञ्चारित हो गया। रेलगाड़ीके समयका ठिकाना नहीं है यह पितृ वाक्य मेरे मनमें बद्धमूल हो गया। अब भी मैं बहुत पहले स्टेशन जाकर बैठता हूँ। कलकत्ता जाकर ट्राममें बैठकर कहीं उतरनेमें भय लगता है कि कहीं उतरते उतरते ट्राम चल न

जाय। कभी-कभी ट्रामके अन्तिम गन्तव्य स्थान तक जाकर वहाँसे पैदल लौटकर निर्दिष्ट स्थान पर जाता हूँ। यह मेरा दोष है या गुण, पाठक स्वयं विचार कर सकते हैं।

नागपुर स्टेशन पर पहुँचकर तीन ताँगे किये, माल-असबाब लदाकर सपरिवार गाडीमें बैठे। ताँगे वालेने पूछा—"बाबू साहब! कहाँ जाना होगा?" मैंने उत्तर दिया—"पहले बङ्गाली बाबूके डेरे पर चलो।" तीन गाडियाँ एक साथ चली। धनतली दाजी चालके निकट सदर रास्तेके ऊपर एक बङ्गाली बाबूके वासेके सामने गाडी खडी की गयी। मैं उतरकर उच्च स्वरसे बोला—"महाशय! घर पर हैं?" प्रातःकालका समय था, बार बार पुकारनेके बाद एक दाढी वाले प्रौढ वयस्क बङ्गाली बाबूने ऊपरके बरामदेमें खडे होकर उत्तर दिया। तब मैंने उनसे कहा—"मैं एक विदेशी बङ्गाली हूँ, भागलपुरसे यहाँ डाकघरके बडे साहबके दफ्तरमें बदली होकर सपरिवार आया हूँ, यहाँ मेरा परिचित कोई आदमी नहीं है, मुझको एक मकान भाडा कर देना होगा।" बाबूका नाम था नृसिंह प्रसाद। फौरन नीचे रास्ते पर उतरकर वे मुझको बङ्गाली बाबूके वासे पर अर्थात् दाजीके चाल पर ले गये। वहाँ एक चालके बारह खण्डोंमें १२ बङ्गाली एक साथ रहते थे। मेरी गाडीको रास्ते पर देखकर प्रायः सभी बङ्गाली बाबू अपने घरसे बाहर आकर मेरा आदर सत्कार करने लगे। श्रीयुत् पाँचू सहाय बन्द्योपाध्याय विशेष आग्रह पूर्वक माल-असबावके साथ हमको अपने बासेमें ले गये। उसी दाजीके चालमें उस समय कालेजमें तीन बङ्गाली प्रोफेसर रहते थे, शारदाबाबू, गाङ्गुली बाबू और प्रियनाथ मुखोपाध्याय महाशय। चक्रवर्ती महाशय, दास महाशय, राय महाशय आदि कतिपय बाबू भी वहाँ थे। दास महाशयका पूरा नाम था श्रीयुत हरिचरण दास। वह पी० डबल्यू० डी० के ओवरसियर थे। वहाँ ये सब लोग मेरे परम मित्र हो गये। यही हरिचरण बाबू आज ३ ४ वर्ष हुए, श्रीधाम नवद्वीप में आकर सपत्नीक मुझसे दीक्षा ग्रहण कर गये हैं। अस्तु, एक ही दिनमें अपने समीप मेरा बासा ठीक के लोग करके अपने घरसे चौकी खटिया आदि स्वयं उठाकर ले आये, तथा बासेके लिए अन्यान्य प्रयोजनीय वस्तुओंका भी संग्रह कर दिया। विदेशी बङ्गालियोंका इस प्रकार सहानुभूति-सूचक आदर व्यवहार देखकर मेरा मन आनन्दसे भर गया। उस दिन श्रीयुत् पाँचूसहाय बन्द्योपाध्याय महाशयके बासेमें तीन दिनके पश्चात् अन्न प्रसाद पाकर हम लोगोंने परम आनन्दपूर्वक पेटभर भोजन किया। पश्चात् अपने बासे पर जाकर दो एक दिनके भीतर सारा बन्दोबस्त कर लिया। घरका भाडा १३ रु० मासिक तय हुआ। उस समय नागपुरमें बङ्गालियोंमें बडा वेतन पाने वाले थे श्रीयुत् मन्मथनाथ भट्टाचार्य एम०, ए०, Acctt General, C P। वे स्व० प्रातः स्मरणीय महामहोपाध्याय महेशचन्द्र न्यायरत्नके पुत्र थे। एक नया बङ्गाली नागपुरमें आया है, यह सुनकर वे एक रविवारके दिन प्रातःकाल गाडी भाडा करके मेरे बासे पर उपस्थित हो गये। मेरा परिचय, कुशल-मङ्गल, जरूरत आदिकी सारी बातें पूछकर उन्होंने अपनी वयोचित भद्रताका अच्छा परिचय दिया।

आकर बहुतोंकी आँखोंका काँटा बन गया था । एक क्लर्क मिष्टर खरेने मेरे नामसे अपील भी की थी । उस अपीलके उत्तरमें बड़े साहबने उनको मौखिक कहा था—"Mr Goswami can teach yon for ten years." आफिसमें महाराष्ट्री खरे, चोखारे, काले आदिका एक प्रबल दल था। एक बङ्गालीका कहींसे उड़कर आना और जमकर बैठना उनको कैसे सह्य हो सकता था ? दोष उनका नहीं था, दोष मेरा था।

नागपुर रहते हुए सरकारी कामोंको लेकर मुझे समग्र मध्यप्रदेश, मध्यभारत, एवं रीवा राज्यके विभिन्न स्थानोंमें भ्रमण करना पड़ता था। डाकघरके चोरी डकैती आदिके मुकदमोंको लेकर, और दूसरे विशेष कामोंको लेकर और अन्यान्य विशेष अनुसन्धानके कार्योंको लेकर विभिन्न स्थानोंके पोलिटिकल एजेंट, कमिश्नर, डिप्टी कमिश्नर, जज, मजिस्ट्रेट प्रभृति उच्च पदस्थ सरकारी राजकर्मचारी लोगोंसे मिलना पड़ता था । फौजदारी कचहरीमें डाकघरके मुकदमोंका विचार करने वाले हाकिमके समक्ष नियमानुसार वकालती बहस भी मुझे करनी पड़ती थी। बड़े साहबके दफ्तरके साथ मेरा दफ्तर था और साथमें सहकारी किरानी बाबू (क्लर्क) था। वहाँसे मेरे लिए डाकका विशेष थैला बराबर आया जाया करता और बाहर भी मुझे अपने दफ्तरका कार्य उपरोक्त कामोंके अतिरिक्त बराबर करना पड़ता था।

जब मैं भागलपुरसे इस नये कार्य पर नियुक्त होकर नागपुर आया था तब मैं नया व्यक्ति हूँ इसका बहाना बनाकर बड़े साहबके दफ्तरके बड़े बाबू (हेड क्लर्क) ने अपने प्रिय बन्धु द्वितीय किरानी बाबू थानसिंहको इन कामोंके लिये बाहर भेजनेके उद्देश्यसे बड़े साहबके पास चुपचाप नीचेस सिफारिश पहुँचाई थी। बाहर जानेसे दैनिक भत्ता आदिसे दो पैसोंकी आमदनी भी होती थी और मान, यश और प्रतिष्ठा भी होती थी। इसीलिये अपने स्वार्थ-साधनके लिये इस प्रकारकी गुप्त, हीन चेष्टायें गई थी। मैं इन्वेष्टीगेशन इन्स्पेक्टर था, मेरा वेतन एकसौ रुपया मात्र था। द्वितीय किरानी बाबू थानसिंहका वेतन था १२० रु०। अधिक वेतन होनेसे क्या होता है ? ये तो केवल किरानी बाबू (क्लर्क) और मैं था अफसर। मुझे निकम्मा साबित करनेके लिये इस प्रकारका षड्यन्त्र रचा गया था । हेडक्लर्क रामसिंहजीने डाकघरके एक मुकदमेके कागज पर बड़े साहबको एक नोट लिखकर भेजा था "Mr. Goswami is a raw man, may I send Thansingh out ? अर्थात् गोस्वामीजी नये आदमी हैं अत: अनुपयुक्त हैं इसलिये थानसिंहको बाहर भेजना अच्छा होगा। इस प्रकारकी गुप्त बात लिखा-पढ़ी द्वारा हुई थी क्योंकि बड़े साहब उस समय मुफस्सिलमें बाहर थे। इसके उत्तरमें उन्होंने हेड क्लर्क बाबूको लिखा था "Send Mr. Goswami out He was investigating Inspector Bihar cercle for a long time and can teach Thansingh for ten years. अर्थात् गोस्वामीको ही बाहर काम पर भेजा जाय, ये बिहारमें बहुत समय तक इन्वेष्टिगेटिंग इन्स्पेक्टर रह चुके हैं, ये थानसिंहको अभी दस वर्ष काम सिखा सकते हैं।

बंधु-वियोग

●

भ्रातृ-वियोग

[यह प्रकरण श्रीहरिदासजी गोस्वामीके भतीजे श्री सुरेन्द्रनाथ गोस्वामी एवं उनकी कन्या श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवीसे जानकारी प्राप्त करके लिखा गया है।]

आत्म-कथामे वर्णन आ चुका है कि प्रभुपाद श्रीहरिदास गोस्वामीके एकमात्र अनुज थे श्रीगुरुदास गोस्वामी। बाल्यावस्थामे दोनों भाई सर्वतोभावेन विपरीत प्रकृतिके थे। आकृतिमे श्रीहरिदास गोस्वामी गौरवर्ण थे तो श्रीगुरुदास अपेक्षाकृत श्यामवर्णके थे। ये लम्बे कदके थे तो वे नाटे। ये सहिष्णु और उदासीन थे तो वे उद्धत और बडे नटखटी धूर्त। बचपनमे दोनों भाइयोमे पटती न थी, परन्तु कालक्रमसे जब वे बडे हुए तो उन्हीमे भ्रातृप्रेमकी पराकाष्ठा-सी हो गयी। सुदूर स्थानोमे रहते हुए भी पत्र-व्यवहारके द्वारा वे सदा समीप सहृदय थे। उत्तर-प्रत्युत्तरका क्रम अबाध-गतिसे चलता रहता। दोनोंमे सामञ्जस्य पैदा हो गया। दोनोंके हस्ताक्षर तक एक समान थे। दोनों ही भक्तिमार्गके पथिक थे। श्रीहरिदासजीने अमिय निमाई-चरितका प्रथम बार अध्ययन मोतीहारीमे श्रीगुरुदासजीके यहाँ ही किया था। अत यदि यह कहे कि गौरभक्तिकी प्रेरणा उनको अपने अनुजके निमित्तसे ही सर्वप्रथम प्राप्त हुई तो अत्युक्ति न होगी।

नागपुरमे डाकविभागके सेवा कालमे श्रीहरिदासजीको अपने इन अभिन्न आत्मा, प्राण-प्रिय भाईके आकस्मिक वियोगका मर्मान्तिक दु ख स्वीकार करना पडा।

श्रीगुरुदास गोस्वामीके देहावसानकी घटना भी अत्यन्त ही हृदय-विदारक है। मोतीहारीमे उन्होंने अपना निजी वास गृह बना लिया था। वहाँसे वे कार्यवश गया गये हुए थे। गयाके पास देहातमे वे अकस्मात् बीमार पडे। गयाके अस्पतालमे प्रवेश होनेके बाद उनकी बीमारी बढ गयी और वहीं गौरधामको प्रयाण कर गये। उस समय उनके पास उनके एक निजी नौकरके सिवाय दूसरा कोई न था। उसने दाह-संस्कार किया तथा तार द्वारा इसकी सूचना नागपुर भी भेजी। गोस्वामीजीके ऊपर

अवश्य वज्राघात-सा हुआ, मगर प्राण-प्रिय प्रभुके वियोगमें वे व्याकुल हो उठे। उन्हें चतुर्दिक अन्धकार ही अन्धकार दीखने लगा, रोते धोते वे मोतीहारी पहुँचे। मोतीहारीसे अपना अनुज वधू तथा उनके दश बच्चोंको नागपुर साथ ले आये। (अनुमानतः यह १९१८ ख्रीष्टाब्दकी घटना है।)

अब भ्रातृ वियोगका कष्ट अपनेको सँभालकर श्रीगोस्वामीजीने कर्तव्य पालनकी ओर ध्यान देना प्रारम्भ किया। उस समय श्रीगुरुदासजीके पाँच पुत्र जीवित थे—ज्ञानेन्द्रनाथ गोस्वामी, निशानाथ गोस्वामी, जितेन्द्रनाथ गोस्वामी, धीरेन्द्रनाथ गोस्वामी तथा सुरेन्द्रनाथ गोस्वामी। इन सबकी शिक्षा दीक्षाका भार उनके ऊपर आ पड़ा। डेढ़ वर्ष तक अपने साथ रखनेके बाद बच्चोंकी शिक्षाकी समुचित व्यवस्था वहाँ न होनेके कारण गोस्वामीजीने अपनी अनुज वधूको सपरिवार नवद्वीपमें उनके पीहर भेज दिया। अनुज वधूको आशा थी कि ननिहालमें रहकर उनके लड़कोंकी शिक्षा-दीक्षा सुचारु रूपसे चल सकेगी। परन्तु ६ महीने भी बीतने न पाये थे कि लड़कोंकी शिक्षामें बाधा डालने लगे। उधर इन सभी कारणोंसे अपने पीहरसे पूर्ण विरक्ति हो गयी। लाचार उन्होंने श्रीहरिदासजी गोस्वामीको अपनी विपद-कथा लिख भेजी और निवेदन किया कि उनके रहनेके लिए नवद्वीपमें एक अलग मकान ठीक कर दें, जहाँ रहकर वे बालकोंकी शिक्षा भली भाँति सम्पन्न करा सकें। पत्र पाकर श्रीहरिदास गोस्वामीने तुरन्त रुपया भेजा जिससे वर्तमान श्रीगौरविष्णुप्रिया कुञ्जकी भूमि खरीदी गयी। इस कुञ्जमें रहनेके लिए टूटा-फूटा सा मकान था। वहीं रहकर अनुज-वधू अपने बालकोंको शिक्षित करने लगीं।

४३२ गौराब्द १३२५ सालमें श्रीहरिदासजी अजमेर डाकघरमें काम करते समय अवकाश लेकर नवद्वीप आये तथा अपनी अनुज-वधूके परिवारको कुछ कालके लिये अन्यत्र भाड़े घरमें रखकर कुञ्जको नये सिरेसे तैयार करवाया। कुञ्जका मकान तैयार होने पर अनुज-वधू पुत्र अपने परिवारके साथ इस नये स्थान पर आ गयी। उसी स्थानको प्राण धरकर श्रीयुगल मानुष श्रीगौर विष्णुप्रिया-कुञ्ज नाम प्रदान किया।

श्रीहरिदासजीने उनके पुत्रोंको मानव बनाया। जिनमें प्रथम श्रीज्ञानेन्द्रनाथ गोस्वामी जबलपुरमें पोस्ट मास्टरके पदसे अवकाश ग्रहण करके वहीं ही मकान बनाकर रहते हैं। इनके (श्रीज्ञानेन्द्रनाथ गोस्वामीके) दो लड़के इंजीनियर हैं।

दूसरे श्रीनिशानाथ गोस्वामी प्रयाग रेलवे ऑफिससे अवकाश ग्रहण करके प्रयाग [illegible] हैं, इनके भी दो लड़के इंजीनियर हैं।

तीसरे श्रीजितेन्द्रनाथ गोस्वामी (जर्मनीसे विशेष शिक्षा प्राप्तकर) दामोदर वैली कारपोरेशनमें सुपरिन्टेन्डिंग मुख्य इंजीनियरका काम कर अवकाश ग्रहण कर चुके हैं।

इनका एक लड़का (जर्मनीमें विशेष शिक्षा प्राप्त करके) आजकल कोलम्बोमें इञ्जीनियर है।

चौथे श्रीधीरेन्द्रनाथ गोस्वामी अजमेरमें पोस्ट मास्टरके पदसे अवकाश ग्रहण कर चुके हैं।

सबसे छोटे पाँचवें लड़के हैं श्रीसुरेन्द्रनाथ गोस्वामी। इन्होंने साबरमती आश्रममें तीन महीने तक शिक्षा पायी और भारतके स्वाधीनता-संग्राममें महात्मा-गान्धीके नेतृत्वमें वर्षों काम किया है। पाँच बार कारावास भी जा चुके हैं। लगभग दो-ढाई वर्ष तक कारावासमें रहना पड़ा है। इनके निमित्तसे श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग कुञ्जमें कई बार तलाशियाँ भी हुईं। स्वतन्त्रता-प्राप्तिके बाद सब प्रपञ्च छोड़कर श्रीगौर विष्णुप्रिया-कुञ्ज नवद्वीप धाममें रहकर ही आप भजन साधनमें जीवन बिता रहे हैं।

श्रीगुरुदास गोस्वामी आबकारी विभागमें एक साधारण सेवा (नौकरी) पर नियुक्त थे। परन्तु उनकी मृत्युके पश्चात् उनके पुत्रों और पौत्रोंने आशातीत उन्नति की। इस उन्नतिके मूल निमित्त श्री हरिदास गोस्वामी प्रभु ही हैं। वे विलक्षण संयमी थे, इसका प्रमाण उनके भ्रातृ पुत्रोंके इस उन्नत जीवनमें स्पष्ट अभिलक्षित होता है।

कन्याका वैधव्य

आत्मकथामें पहले वर्णन आ चुका है कि भागलपुरमें १३ फाल्गुन १३१२ बंगाब्द, ४१६ गौराब्द २८ फरवरी सन् १९०६ ई० को कन्याका विवाह सम्पन्न करके लगभग ७ महीनोंके बाद अक्टूबर १९०६ में भागलपुरसे जब श्रीहरिदासजी गोस्वामीकी बदली नागपुर हुई तो वे जामाता आनन्दमय भट्टके साथ अपनी नव विवाहिता कन्याको भी साथ-साथ नागपुर लेते गये। वहाँ कुछ महीने रहनेके बाद उनके जामाता अपने घर बरहमपुर चले गये।

विवाहके लगभग दो वर्षके उपरान्त बरहमपुरमें रहते समय श्रीआनन्दमय भट्ट कालाजार ज्वरसे ग्रस्त हो गये और लगभग दस महीने बराबर औषधोपचार करने पर भी वे रोग मुक्त न हो सके। तब जलवायु बदलने और नये चिकित्सककी देख-रेखमें रहनेके उद्देश्यसे वे नवद्वीपमें लाये गये। दो महीने वहाँ रहने पर उनके स्वास्थ्यमें कोई सुधार नहीं हो पाया। श्रीहरिदासजी भी अपने जामाताको देखनेके लिये इन दिनों नवद्वीप आये हुए थे। (उस समय वे जबलपुरके डाकघरमें काम करते थे।) नवद्वीपसे जामाताको जबलपुर ले जाकर दो महीने चिकित्सा करायी, परन्तु कुछ लाभ होते न देखकर प्रयाग ले जानेका विचार किया।

श्रीहरिदासजी गोस्वामीके जामाताके पितृव्य श्रीविद्याधराचरण भट्ट प्रयागमें गंगापार झूँसीमें समुद्रकूप आश्रममें साधन-भजनमें अपना जीवन यापन कर रहे थे। प्रयागकी जलवायु अधिक उपयोगी होगी, यह विचारकर श्रीहरिदासजी अपनी पुत्रीके साथ जामाताको वहाँ ले गये और उनको उनके पितृव्यदेवकी देख-रेखमें छोड़कर अपने काम पर जबलपुर लौट आये। प्रयागमें भी कुछ दिन रहने पर कोई सुधार दृष्टिगोचर नहीं हुआ। यह समाचार पाकर जामाताके पिता श्रीत्रिपुराचरण भट्टने कलकत्तेमें औषधोपचार करानेके विचारसे एक मकान भाड़े पर लिया और बेटेको प्रयागसे बुलवाया। श्रीविद्याधराचरण भट्ट अपने भाईके पुत्र और पुत्र-वधूको लेकर कलकत्ते आये। उन दिनों कालाजार ज्वरको शमन करने वाली औषधिका आविष्कार नहीं हुआ था, और यह ज्वर प्रायः असाध्य माना जाता था। कलकत्तेके डाक्टरोंने बहुत चिकित्साकी, पर वे उन्हें रोग-मुक्त न कर सके। हालत बिगड़ती ही गयी और अन्तमें आश्विन कृष्ण पक्षमें श्रीआनन्दमय भट्ट इस संसारको छोड़कर चले गये।

अपने इकलौते बेटेकी मृत्युसे श्रीत्रिपुराचरण भट्टके हृदय पर वज्रपात-सा हो गया। अन्तमें बेटेका दाह-संस्कार करके वे पत्नी एवं अपनी पुत्र-वधू श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवीको साथ लेकर अशौचमें ही प्रयाग पहुँचे। प्रयागमें ही श्राद्धादि कर्म किया। पुत्र-विछोहका इतना प्रबल आघात पड़ा कि श्रीत्रिपुराचरण भट्ट श्राद्धकर्मकी समाप्तिके बाद एक सप्ताह भी जी न सके और पुत्र-वियोगमें तड़प-तड़पकर इस धराधामसे कूच कर गये।

इस विकट समयमें श्रीहरिदासजी गोस्वामी भी अपनी पत्नीके साथ प्रयाग आ गये थे। अपनी इकलौती पुत्रीके पतिकी अकाल मृत्यु और इसके साथ-साथ उसके श्वसुरजीका गुरलोक प्रयाण, इन दोनों हृदय विदारक घटनाओंसे गोस्वामीजीके हृदय पर क्या बीती होगी, इसका पाठक सहज ही अनुमान कर सकते हैं।

(यह १३१६ बंगाब्दके आश्विन मासकी घटना है।) श्वसुरका श्राद्धादि कर्म जब प्रयागमें समाप्त हो गया तो श्रीमती सुशीला सुन्दरीको एक ओर तो माता पिता अपने साथ ले जाना चाहते थे और दूसरी ओर उनकी सास उन्हें छोड़ना नहीं चाहती थी। इसके अतिरिक्त श्रीत्रिपुराचरणजी भट्ट अपनी सम्पत्तिका अर्द्धभाग अपनी पुत्र-वधूके नाम जीवितावस्थामें वसीयत (will) कर गये थे। उसकी लिखा-पढ़ीका कार्य बरहमपुरमें सम्पन्न होना था। इस उद्देश्यसे भी श्रीसुशीला सुन्दरीका बरहमपुर अपनी सासके साथ जाना निश्चित हुआ। वह अपने पितृव्य श्वसुर श्रीविद्याधराचरण भट्ट और अपनी सासके साथ बरहमपुर चली गयीं और वहाँ कुछ महीने रहकर वसीयतनामेकी कार्यवाही पूरी हो जाने पर उनके साथ प्रयाग लौट आयीं।

श्रीश्रीमाँ और दादा

श्रीवसन्त साधु (दादा) का परिचय

•

(श्रीगौरपद घोष द्वारा निर्मित नित्य-वसन्त-माधुरी ग्रन्थके आधार पर लिखित)

बाल्यकाल

श्रीवसन्त साधु वैष्णव गृहस्थ साधु थे । इनके पिताका नाम श्रीरामहरि देव और माताका नाम श्रीमती उमातारा देवी था । वसन्त साधुका जन्म बगाब्द १२६७ साल आश्विन मासकी दुर्गाष्टमीके दिन ठीक दुर्गोत्सवके समय त्रिपुरा गावमे हुआ था जबकि चारो ओर शख घटा, कासर, ढोल आदि वाद्यो और कुलागनाओकी मगलमयी जय ध्वनिसे दशों दिशाएँ गुजार रही थीं । जन्मके समय इनके पैर सबसे पहले पृथ्वी पर आये (न कि शिर जैसा साधारणतया होता है) तो भी माताको कोई अस्वाभाविक प्रसव पीडा नही हुई। इनके एक बडी बहिन तथा एक छोटे भाई थे । अपने माता-पिताके ये तीनही बालक थे। शिशु अवस्थामे जब भी श्रीवसन्तसाधु रोने तो "हरि बोल, हरि बोल" ध्वनि सुनकर क्रन्दन छोड खिलखिला उठते ।

बाल्यकालमे कुछ समय ग्राम्य पाठशालाओमे पढनेके बाद इन्हें मुरादनगर मिडिल स्कूलमे पढने भेजा गया, जहाँ रोज तीन मील पैदल चलकर जाना पडता था। मार्गमे कभी बाघ आदि जगली जानवरोका भय रहा करता । कुछ कालके बाद इनके पिताने ढाकामे अपने पास बुलाकर वहाँके विद्यालयमे प्रवेश कराया । दो वर्ष वहाँ पढकर "मध्य बगला छात्रवृत्ति" परीक्षामे उत्तीर्ण होनेके बाद इनकी कोई कालेज आदिकी उच्च शिक्षा नही हुई।

ढाकामे पढते समय एक बार इन्हे किसी उत्सवके समय राजा बनाकर सोनेकी नौकी पर बैठाया गया था, इससेही इनकी सुन्दरताका अनुमान किया जा सकता है। अपूर्व सौन्दर्यके बिना राजअभिनयके लिये इनका निर्वाचन कैसे सभव होता ।

मध्य बगला छात्रवृत्ति परीक्षोत्तीर्ण लोगोकी तरह वकालतके व्यवसायका आश्रय ये ग्रहण नही कर सके । इस व्यवसायके अनेक दोष इनकी सहज-वृत्तिके

विकासमें बाधक जो थे। कुछ दिन किसी दफ्तरमें किरानीगीरी (क्लर्की) करके एक मध्य अंग्रेजी स्कूलके हेड (मुख्य) पण्डितके पद पर नियुक्त हुये। लेकिन वहाँभी असत्यके व्यवहार (कम वेतन लेकर अधिक वेतन प्राप्तिकी रसीद देना) के कारण उस वृत्तिको इन्होंने छोड़ दिया। उस समय इनकी अवस्था अनुमानतः सोलह वर्षकी थी।

विवाह

इनके एक कुटुम्बी श्री कुञ्जमोहन देवने कलकत्ता बड़ा बाजारमें मसालेका व्यवसाय करके अच्छी ख्याति प्राप्तकी थी। वहीं पर बाबू बाजारमें (उन्हींके देश) त्रिपुरा जिलेके जालधर ग्राम निवासी एक श्री प्राणकृष्ण देव महाशयने भी चावलकी दुकान द्वारा अच्छी उन्नति उपार्जित कर ली थी। दोनोंकी आपसमें बहुत घनिष्ट आत्मीयता थी, आपसमें सुख-दुःखकी सभी बातें हुआ करती थी। श्रीप्राणकृष्ण देवके कोई पुत्र सन्तान नहीं थी, केवल दो कन्यायें थीं। बड़ी कन्याका विवाह हो चुका था। लेकिन दो वर्ष बाद ही उसका अन्तकाल हो गया। अब रह गई एकमात्र दूसरी कन्या, जिसका नाम था नित्यवासिनी। इसका जन्म भी बंगाब्द १२७५ की सालमें आश्विनकी शारदीय महाष्टमी तिथिके दिन हुआ था और इसने भी जन्मके समय पहले पृथ्वी पर चरण ही रखे थे। प्रसवके समय माताको भी कोई अस्वाभाविक वेदना नहीं हुई थी। लेकिन तीन वर्षकी शैशवावस्थामें ही इन्हें मातृ-विहीन होना पड़ा। इनके पिताने दूसरी बार विवाह नहीं किया और कन्याको चादला ग्राम निवासी उसके मामा श्रीरामदयालके यहाँ प्रतिपालनार्थ भेज दिया।

श्रीप्राणकृष्णदेवको अपनी कन्याके योग्य वरकी चिन्ता होने लगी। कथा-प्रसंगमें एक दिन अपनी चिन्ता उन्होंने अपने आत्मीय श्रीकुञ्जमोहनदेवके समक्ष व्यक्त की तथा उन्हें बताया कि शिक्षित सच्चरित्र पात्रके साथ अपनी कन्याका पाणिग्रहण करनेके लिए वे अत्यन्त उत्सुक हैं। रूप और धन उनकी दृष्टिमें पात्रताकी प्रथम वस्तु नहीं थे। श्रीकुञ्जमोहनने दयालकुमारका प्रस्ताव सामने रखा। लेकिन प्राणकृष्णदेवको सन्देह था कि रामहरिदेव अपने सुन्दर और योग्य बालकके लिए मातृहीना कन्याको स्वीकार कर लेंगे। 'नियति केन बाध्यते' की नीतिके अनुसार रामहरिदेव और उमातारा देवीसे सलाह किये बिना ही कुञ्जमोहनने अपनी जिम्मेदारी पर यह सम्बन्ध स्थिर कर लिया और बंगाब्द १२८३ में परिणय कार्य भी सम्पन्न करा दिया। नव-वधूके प्रत्यावर्तन पर धूमधामके साथ श्रीकुञ्जमोहनने फुलनालका अनुष्ठान किया। श्रीरामहरि देव और श्रीमती उमातारा देवीने बिना किसी समालोचनाके नव वधूका बड़े आदरके साथ स्वागत किया और पुत्रवधूकी तरह उसे स्नेह प्रदान करने लगे। अल्पवयस्का वधूको सास श्वसुर गोदमें लिये फिरा करते थे। बालिका बधू सास

श्वसुरके स्नेह और ममतापूर्ण व्यवहारसे इतनी सन्तुष्ट हुई कि एक प्रकारसे अपने पिताको भूल-सी गई।

वधूकी रुग्णता

सयोगकी बात, तेरह-चौदह वर्षकी अवस्थामें वधू व्याधिग्रस्त होकर मरणासन्न हो गई। उस समय बसन्तकुमार अपने श्वसुर प्राणकृष्णके पास कलकत्तामें काम सीख रहे थे। प्राणकृष्णने कन्याकी व्याधिका समाचार पाकर उसे चिकित्सार्थ कलकत्ता लानेको बसन्तकुमारको प्रेरित किया। बसन्तकुमारके बाल-बन्धु गुजर निवासी गुरुदास व्यापारीके प्रस्ताव पर कलकत्ता जानेके पहले रास्तेमें ढाकाके निकट, मिद्धिगज स्थित हरिसिद्धा माताके पास वधूको ले जाया गया। वहाँ जाते ही रोगकी निवृत्ति हो गई लेकिन एक सप्ताहके बाद घर लौटते ही फिर रोगके लक्षण उभर आये और फिर हरिसिद्धा माताके पास जाना पडा। अबकी बार हरिसिद्धा माता रुग्णा नित्यवासिनीको प्रति रातको निम्ब वृक्षके नीचे अपने देव-मन्दिरके सम्मुख लेकर बैठती और सारी रात निद्रा विहीन दोनो एक दूसरेके समक्ष बैठे न जाने क्या आदान प्रदान करते रहते। एक सप्ताहके बाद घर लौटते समय सिद्धामातासे पूछा गया कि फिर आनेकी आवश्यकता है क्या ? तो उत्तर मिला 'और तुमको आनेकी आवश्यकता नही है, मैं ही तुम्हारे पास शीघ्र आऊँगी।" और वहांकी रज, कुछ सरसोका तेल और कुछ सिंदूर देकर उनको विदा किया और आदेश दिया कि लहसन, प्याज, मसूर की दाल और मास न खाया जाय, नित्य तीन बार स्नान किया जाय, एकादशी व्रत रखा जाय एव घरमे उत्तम स्थानमे तुलसी वृक्ष लगाकर प्रात साय धूप-दीपके द्वारा आरती की जाय और मिश्री या बताशो चढाकर प्रसाद वितरण किया जाय तथा बहुतसे रोगी आवेंगे उन सबको रज, तेल, सिंदूर देकर उल्लिखित नियमोका पालन करना बताया जाय।

घर लौटकर हरिसिद्धा माताका आदेश यथावत पालन किया गया। नित्यके अनुष्ठानमे खोल-करतालकी वाद्य ध्वनि और हरिनाम सकीर्तनकी ध्वनिसे आकर्षित होकर निशमे बहुत लोगोका यातायात बढ गया। कुछ समयके उपरान्त हरिसिद्धा माताने भी एक दिन अपने स्वयके स्थापित विग्रहोके सन्मुख तुलसीके नीचे सज्ञाना-वस्थामे कीर्त्तन लीलाके बीच स्वेच्छासे इह लीला समाप्तकी। उसी समयमे वहाँ यह मान्यता प्रसिद्ध हो गई कि हरिसिद्धा माता वधूके शरीरमे प्रवेश कर अलौकिक लीला खेल रही है।

वधूका चमत्कार

निशमे लोगोका आगमन-दिन प्रतिदिन बढने लगा। एक दिन निकटवर्ती हुसैनतल्ला ग्रामकी एक गर्भवती स्त्री तेरह मासके गर्भको लिये अन्य चिकित्सायोंसे

हताश होकर वहाँ उपस्थित हुई । उसको पूर्वोक्त रज, तेल, सिंदूर देकर परिसिद्धा माताके बताये नियमोंका पालन करनेको बतला कर विदा किया गया । घर पहुँचतेही उस स्त्रीने पुत्र प्रसव किया, और एक माहके बाद शिशुको लेकर बहुत धूमधामके साथ हरिनाम कीर्तन में सम्मिलित हुई । अब तो चारो ओरसे टिड्डी दलकी तरह असाध्य रोगी वहाँ आने लगे और आरोग्य लाभ करने लगे ।

जब वहाँ प्रात सन्ध्या तुमुल-कीर्तन तरंगमें लोग मतवाले हो उठते उसी समय वे (वधू नित्यवासिनी) आविष्टावस्थामें ऊर्ध्व बाहु तथा उन्मुक्त स्वरूप धारण किये घरके भीतरसे तीव्र गतिसे आकर तुलसीके बिरवेके सम्मुख दण्डवत हो पड़ जातीं। कीर्तन शेष होने पर जब वे उठकर जातीं तब तुलसी तलेके थालमें कभी फलफूल, कभी छेना, सन्देश, मिश्री, कभी बताशा और कभी सिंदूर पाया जाता । प्रसाद स्वरूप सभी उसको ग्रहण करते ।

इन घटनाओंको लेकर लोगोंमें नाना प्रकारकी अनुकूल-प्रतिकूल समालोचनायें होने लगीं । इससे श्रीवसन्तकुमारजी को इस प्रकारके तुमुल कीर्तनको स्थगित करना पड़ा । फलस्वरूप एक नयी मुसीबत सामने आई । रात्रिको वधू नित्यवासिनी चीत्कार कर उठतीं मानों भयानक स्वप्न देख रही हों और नींद नहीं ले पातीं । श्रीवसन्तकुमार जीने आते आप करतालोंके साथ उनको स्वयं कीर्तन सुनाना आरम्भ किया; इससे भावमें कुछ शमन हुआ पर अब ऐश्वर्य भावका स्वाभाविक प्राकट्य बढ़-सा हो गया।

दाम्पत्य जीवन

इस बीच दम्पतिको चार सन्तान हुईं क्षीरदा नामकी एक कन्या तथा कालाचाँद, निशिकान्त और शिशिर नामके तीन पुत्र। एक समय गाँवमें विषूचिका (हैजे) का प्रकोप फैला जिसमें क्षीरदा और कालाचाँद आक्रान्त हुये । अनेक विशेषज्ञोंसे चिकित्साएं कराई गई लेकिन क्षीरदा अकाल कवलित हो गई । तब वधू नित्यवासिनीने निवेदन किया "इतनी चिकित्साके कराने परभी आप लोग क्षीरदाको नहीं बचा सके तो अब मेरी इच्छा है कि कालाचाँदको कमसे कम मृत्यु पूर्वका स्नान तो करा दिया जाय जिससे उसकी सद्गति हो ।" चिकित्सासे हताश परिजनों और चिकित्सकोंने कोई बाधा नहीं दी । नित्यवासिनीने मरणासन्न बच्चे कालाचाँदको गोदमें लेकर पुष्करिणीमें २०-२५ डुबकियाँ लगवाईं और घर लाकर उससे पूछा—"क्या खानेकी इच्छा है ?" कालचाँदने उत्तर दिया—"माँ ! पान्ता भात, मट्ठा और केला मिलाकर खानेकी इच्छा है।" माताने अपने हाथ सब चीज तैयार कर पेट भर कर खानेको दिया। कालाचाँदने सोकर उठनेके पश्चात् फिर उसी प्रकार खानेको मांगा । पुनः उसे वही भोजन दिया गया और इस तरह वह अपने आप पूर्ण स्वस्थ हो गया ।

वधूको सर्पाघात

एक बार शौचके लिये जाते समय नित्यवासिनी देवीके दाहिने पैरकी कनिष्ठिका अगुलीको सांपने डस लिया। घरके सब परिजन घबरा गये। नित्यवासिनी देवीने सबसे करबद्ध निवेदन किया कि "सात दिन तक मेरी कोई चिकित्सा अथवा झाड-फूक न कराई जाय, सात दिनके बाद मेरे मस्तकपर कई कलशोंकी जल-धारा दी जाय, इससे चैतन्य सञ्चार होगा और इसके बाद पान्या भातका प्रसाद और दही खानेको दिया जाय।" यही किया गया, इससे वे ठीक हो गयीं। इस घटनाके बादसे नित्यवासिनी देवीकी सभी बातोंका विशेष आदर होने लगा और सभी बातें यथावत पालन की जातीं।

बसन्तकुमारको प्लेग

श्वसुरके परलोक गमनके पश्चात् श्रीबसन्तकुमार ही उनकी सम्पत्तिके उत्तराधिकारी हुये और उनके द्वारा स्थापित कलकत्ताके कारबारकी स्वयं देखभाल करने लगे। एक बार कलकत्तेमें प्लेगका आगमन हुआ और धडाधड लोग मरने लगे। श्रीबसन्तकुमार भी प्लेगसे आक्रान्त हो गये। समाचार पाते ही उनके पिता रामहरि देव वधू नित्यवासिनी देवी सहित गांवसे कलकत्ता आये। नित्यवासिनी देवी प्लेगकी दारुण सक्रामकताका भय किये बिना ही चेतनाशून्य अपने स्वामीको गोदमें लिये तीन दिन तीन रात बिना स्नान, आहार और निद्राके एकान्तमें कमरेमें बन्द रहीं। चौथे दिन प्रातःकाल श्रीबसन्तकुमारने आंखें खोलीं और अङ्क-दान-कारिणीको मा! मा! सम्बोधन करते हुए वे उठ बैठे। कक्ष द्वार खोलकर नित्यवासिनी देवीने उपस्थित परिजनोंसे निवेदन किया कि जब इस रोगसे कोई भी जीवित नहीं रह पा रहा है तो कमसे कम रोगीको मृत्यु पूर्व गङ्गा-स्नान तो करा दिया जाय। सबकी सहमति लेकर दो तीन लोगोंकी सहायतासे वे बसन्तकुमारको गङ्गाजी ले गयीं और उन्हें बीस-पच्चीस डुबकियाँ दिलायीं। इसके बाद लगा कि प्लेगका दारुण ज्वर जैसे शान्त हो रहा है और बसन्तकुमार लाठीके सहारे धीरे-धीरे स्वयं चलकर घर आये। श्रीबसन्तकुमारने पूछे जाने पर मूंगकी दाल और भात खानेकी इच्छा प्रकट की। नित्यवासिनीने स्वयं रन्धन करकर उनको मन-इच्छा वस्तु खिलायी तथा उन्होंने भी स्वस्थ व्यक्तिकी तरह खूब पेट भर भोजन किया। धीरे-धीरे वे पूर्ण स्वस्थ हो गये। वधू नित्यवासिनी देवीके इस अलौकिक प्रभावसे सभी बहुत विस्मयाविष्ट हुए।

इस घटनाके सन्दर्भमें जबसे श्रीबसन्तकुमारने अङ्कदात्री नित्यवासिनी देवीको "मा" कहकर सम्बोधित किया, तभीसे उन्होंने पत्नी भावका परित्याग कर दिया; लेकिन लोक समाजमें इसका कोई प्रचार नहीं हुआ।

चरितामृतका पाठ हुआ और उसके बाद रसालाप । श्रीबसन्तकुमार बराबर आत्म-विस्मृतसे बने रहे । जब कीर्त्तन आरम्भ हुआ और भक्तगण उद्दाम नृत्य करने लगे तब श्रीबसन्तकुमारकी चेतना जागी और वे भी उसमें योगदान देने लगे और आवेशावस्थामें एक काठकी खूँटीको ऐसा जकडा कि कोई छुडा न सका । प्रातःकाल कुछ ठीक अवस्था होने पर उन्हें घर ले जाया गया ।

श्रीबसन्तकुमारकी अवस्था हर समय अप्राकृत-सी रहने लगी । कभी अश्रु, कम्प, स्वेद, पुलक आदि अष्ट सात्विक भाव उदय होते, कभी हँसते, कभी रोते, कभी स्थिर, कभी अस्थिर, कभी निर्वाक, कभी वाचाल और ज्ञान-शून्य अवस्थामें दौडा-दौडी करते और घरका सामान अस्त-व्यस्त कर देते । इनको उन्माद रोग ग्रस्त समझ कर नाना प्रकारकी चिकित्सा करायी गई । यहाँ तक कि उन्हें बाँधकर, जकडकर भी रखा गया । जब कोई भी उपाय सफल नहीं हुआ तो उनके कनिष्ठ भ्राता चन्द्रकुमारने ज्येष्ठ भ्राताका दैहिक कष्ट न सह सकनेके कारण उन्हें बन्धन-मुक्त कर दिया । श्रीबसन्तकुमार घरकी उत्तर दिशाकी एक झोपडीमें कपाट बन्द करकर चुपचाप रहने लगे । उनकी पत्नी अब तक धैर्य-रक्षा करती आ रही थीं । अब लज्जा छोड सास, श्वसुर और देवरसे बोली कि आप लोगोंको अब कुछ करना बाकी नहीं रहा, अब रोगीको मेरे हाथोंमें छोड देवें । सबने चुपचाप इसको स्वीकार कर लिया ।

नित्यवासिनी देवीने उस झोपडीका कपाट खुलानेका असफल प्रयत्न किया । फिर झोपडीके बाँसोंकी टट्टीको चीरकर अन्दर झाँका तो देखा कि श्रीबसन्तकुमार हाथमें लोहेका दाव लिये बैठे हैं । वे झोपडीकी दीवारका बन्धन काटकर जगह बनाकर अन्दर गईं । उनके अन्दर जाते ही श्रीबसन्तकुमारने दाव चलानेकी कोशिश की । नित्यवासिनी देवीने दावके नीचे सिर झुका दिया । श्रीबसन्तकुमार दाव फेंककर शान्त हो गये । उनकी पत्नीने सबको सावधान कर दिया कि जब तक दरवाजा स्वेच्छासे न खोला जाय तब तक कोई भी उसको खोलनेका प्रयत्न न करे । इस प्रकार जब कई दिन बीत गये तब श्रीबसन्तकुमारके माता पिता उमातारा देवी और रामहरि देव अपने पुत्र और पुत्र-वधूको इतने दिनोंतक अन्न-जल विहीन देखकर चिन्तित हो उठे और क्रन्दन करते हुए उनके नाम लेकर पुकारने लगे । उधर इस बातका प्रचार होनेसे चारों ओरके लोग एकत्रित होने लगे ।

भावावेश

ग्यारहवीं रात्रि बीतने पर प्रातःकाल श्रीबसन्तकुमार चीत्कार कर उठे और उपस्थित लोगोंको कहने लगे कि तुम लोग क्या कर रहे हो, आकर माके दर्शन करो और वर माँगो । सबको देखकर बहुत आश्चर्य हुआ । कइयोंको झोपडीकी दीवारकी दरारों और छिद्रोंसे हिरण्मय ज्योति और विद्युतका-सा प्रकाश निकलता दिखाई

स्थिया और आंख झनझना गई। किसी किसीको नित्यवासिनीमें दस भुजा दुर्गारूपके दर्शन हुए। बसन्तकुमार पुलक और विल्वान द्वारा कम्पना करते और मां ! मां ! कहते हुए आतुर कण्ठसे पुकारते दीख पड़े। इसी समय सुरेन्द्र बाबूकी माने धन-जन श्री-वृद्धिका वर मांगा और जब्बर अलीकी माने वर मांगा कि मेरे मरणकालमें तुम दोनों मुझे स्थान देना। दोनोंकी इच्छा यथावत् पूर्ण हुई थी। कोठरीमें प्रवेश करते वक्त सबसे पहले जब्बर अलीकी मा पर बसन्तकुमारकी दृष्टि पड़ी। दृष्टि पड़ते ही बसन्तकुमारने जब्बर अलीकी माको कहा— मधुर हरि नाम लेकर नृत्य करो।' मुस्लिम धर्मावलम्बी जब्बर अलीकी मां मन्त्र मुग्धकी तरह ऊर्ध्व बाहु हो हरिनाम कीर्तन कर नाचने लगी।

वास्तवमें इन ग्यारह दिनोंमें बसन्तकुमार और नित्यवासिनी देवी भाव समाधिमें रहे। उस अवस्थामें उन्हें अनेक प्रकारके अनुभव हुए। उनके पास अनेक देवी-देवता पीर-पैगम्बर आते और तरह-तरहके उपदेश देकर वर मांगनेको कहते। उत्तर मिलता 'दयालु श्रीगुरुके चरणोंका भरोसा। इस तरह अन्तमें श्रीगौराङ्ग आये और नित्यवासिनी देवीको मां कहकर सम्बोधन किया। इसके बाद शिशिर बाबू आये और समाधि भङ्ग कराकर श्रीबसन्तकुमारसे बोले— भाई अभी तो मैं जाता हूँ फिर आऊँगा। ब्राह्मणपाड़ाके अक्षय बाबू आकर तुम्हारी खबर लेंगे। इसके उपरान्त श्रीगौराङ्गने श्रीबसन्तकुमारको कहा— ये तुम्हारी भी मां है और मेरी भी मां है इतना ही नहीं यह जगत जननी हैं। बसन्तकुमारने पूछा— मैं तो इनके गर्भसे पैदा नहीं हुआ ये मेरी मां कैसे हुई ? श्रीगौराङ्गने कहा— 'अच्छा देखो।' इतनेमें ही श्रीबसन्तकुमार उनके गर्भमें प्रवेश कर भूमिष्ठ हुए। इसके बाद श्रीबसन्तकुमारने प्रश्न किया— जगत जननी तो दशभुजा भगवती होती है। ये जगत जननी कैसे हुई। तब श्रीगौराङ्गने बसन्तकुमारको उनके दशभुजा रूपका दर्शन करवाया। दर्शन करते ही बसन्तकुमार चीत्कार कर उठे।

श्रीबसन्तकुमारने श्रीगौराङ्गसे पूछा—'अब मेरे लिये क्या कर्तव्य है ? श्रीगौराङ्गने उत्तर दिया— तुमको कुछ नहीं करना है जब जैसी आवश्यकता होगी तुमसे करवा लिया जायगा। इसके बाद श्रीबसन्तकुमार प्राय आविष्ट अवस्थामें रहा करते और उसी अवस्थामें सब काम होता रहता।

मातृभाव

श्री मा (नित्यवासिनी देवी) ने सोचा कि ये (बसन्तकुमार) तो अब मेरे पुत्र हो गये मैं इन्हें क्या कहकर सम्बोधन करूं। श्रीगौराङ्गने बताया—"गोपाल कह कर सब अवस्थामें श्रीबसन्तकुमार नित्यवासिनी देवीके साथ ठीक पुत्रवत रहने लगे और जगत जननी नित्यवासिनी देवीके लिये श्रीबसन्तकुमार और जगतके सब

प्राणो गोपाल बन गये । जगत जननीकी सन्तानके नाते वसन्तकुमार सबके भाई हुए। बङ्गालमे बडे भाईको दादा कहते हैं । सभी लोग श्रीवसन्तकुमारको 'श्रीदादा' और निरयवासिनी देवीको 'श्रीमा' कहने लगे और तबसे इसी नामसे इनकी चारो ओर ख्याति हुई । प्लेगके चगुलसे बचनेके बाद उपरोक्त भाव समाधिके समयसे "वसन्त दादा" बङ्गाब्द १३०८ पौष माससे लेकर बङ्गाब्द १३०९ ज्येष्ठ माम तक (छ माह) बड़ी विचित्र भावाविष्ट अवस्थामे रहा करते ।

भाव-समाधिके बाद

भाव-समाधिमें शिशिर बाबू जिस प्रकार कह गये थे (ब्राह्मणपाडाके प्रकाश बाबू आकर तुम्हारी खबर लेंगे) ठीक उसी तरह कुछ समयके बाद ही ब्राह्मणपाडाके प्रकाशचन्द्र घोष स्वत प्रवृत्त होकर दल-बल सहित वसन्त दादाकी खोजमें विरा आये और श्रीदादाके साथ इष्ट-गोष्ठी और कीर्तनमें प्रवृत्त हुए। ये प्रकाशचन्द्र घोष उस प्रान्तके अतीव सम्पन्न और प्रभावशाली, कुलीन जमींदार थे । उनके द्वारा श्रीदादाके भाव-पोषणको देखकर जो भी प्रतिकूल समालोचनायें थीं, सब शान्त होने लगी । कुमिल्ला और कृष्णपुर आदि स्थानोंसे परम भागवत वैष्णव-गण आ-आकर योगदान देने लगे । इन सब वैष्णव महाजनोंके समागमसे एक अपूर्व कीर्तनानन्दकी लहरी प्रवाहित होने लगी । इस भावाविष्ट अवस्थामे श्रीदादा किसी किमी भागवतकी ओर अगुलीका इशाराकर उनका परिचय जाननेकी जिज्ञासा करते तब श्रीमा बताती कि —

ये नरोत्तम हैं (ब्राह्मणपाडाके प्रकाश घोष)

ये रामानन्द हैं (चान्दलाके प्रसन्नदास)

ये गदाधर हैं (गुञ्जरके गुरुदास व्यापारी)

ये श्रीधर हैं (गुञ्जरके हरीश मुन्शी)

ये विश्वम्भर हैं (कृष्णपुरके बैकुण्ठ बाबू)

ये स्वरूप हैं (सुविलके तारक बाबू)

ये छोटे हरिदास हैं (त्रिशाके प्यारी देव)

इन छ माहकी भावाविष्ट अवस्थामे श्रीदादाको अक्सर श्रीमाके ऐश्वर्य रूपके दर्शन होते । उस समय वे बिल्वपत्र पुष्प चन्दन आदिसे उनकी अर्चना किया करते ।

महात्मा शिशिरकुमार घोषसे सम्पर्क

इस प्रकार (६ महीने) भावाविष्ट अवस्थामे रहनेके बाद बिना साक्षात परिचयके केवल भाव-समाधिमे मिलन सम्बन्धके आधार पर वसन्त दादाने बङ्गाब्द

१३०६ सालकी आठवीं आषाढ़को शिशिर बाबूको कवितामें एक पत्र लिखा जिसमें उन्होंने अपनी अवस्थाका कुछ वर्णन किया है उसको नीचे उद्धृत किया जा रहा है'—

श्रीगुरु कृपा करिया मात्र
कम्प कण्टकित हइल गात्र ;
क्रमे आर्त्तनाद प्रलाप कथा,
ज्ञान वशीभूत नहेक माथा।
ए रूप देखिया स्वजन कांदे,
अपरे बलये राख हे बेंधे ;
कोन भाग्यवान् देखे लखन,
कि भावे के जाने करे रोदन।
एइ रूपे दश दिवस गत
कत कत भाव कहिब कत ?
कखन रोदन कखन हास
कम्प, मोह, भय, कखन त्रास।
एइ रूपे दश दिवस गत
जत जत भाव कहिब कत ?
एकादशे आसि कोन महाजन
कहिते लागिल मधुर वचन,
'बसन्त प्रशान्त हये कि कारण
आसियाछि आमि शान्त कर मन।
अधैर्य्य हइले नहे साध्य काज
पावे तत सुख जत कर काज।
मम परिचय शुन बलि भाइ
श्रीगौराङ्ग आज्ञा लइया बेड़ाइ।
रहिते पारिनु देख भव त्रास
आसियाछि आमि बलराम दास*।
क्रमे परिचय पाइबे मोर
निज गुणे बांधे रहिब तोर।
तोमरा जुगल लइया गुणे
खेलिये ए भवे देखिबे जीवे।
पत्नीभाव छाड़ि मातृभाव धर,

* महात्मा श्रीशिशिरकुमार घोषका काव्य-मन्थका उपनाम 'बलरामदास' था।

उपासना सत्य तबे हवे दृढ़ ।
मर्कट वैराग्ये नाहि प्रयोजन,
जाहा सत्य ताहा ना कर गोपन ।
त्यजि परवाचार, छाड़ लज्जा भय,
एसब थाकिले कृष्ण प्रेम नय ।
पवित्र हइले पवित्र पाइबे,
पर शिशुभाव वासना पूरिबे ।
मातृरूपे तब रहिनु काछे,
वात्सल्य प्रेमेते लइब ग्रजे ।
नयनेर तारा करे राख मोरे,
सहज भजन शिखाइनु तोरे ।"
ग्रासिब ग्राबार बलि लुकाइल
क्षणेकेर तरे विस्मय जन्मिल ।
जत उठे मने तत काँदे मन,
क्षणे श्वास रोध क्षणे हय घन ।
सपत्नी छिलाम बसि एकासने
चेये देखि जाया बसियाछे ध्याने ।
देखि से मूरति उपजिल भय
ग्रपरूप शोभा देह ज्योतिर्म्मय ।
मा, मा बलि तबे पड़िनु चरणे,
"देह पद छाया रक्ष ए सन्ताने ।"
ग्रानि गन्ध पुष्प स्वजन सहित
पूजि श्रीचरणे हलाम ग्राश्रित ।
क्षण परे देह हल ग्रचेतन्,
कत जे विभूति करि दरशन ।
से सब लिखिते साहस ना पाइ,
ग्रपरे देखिले भाबिबे बड़ाइ ।
भुक्तभोगी जारा तारा छाड़ा ग्रार
ग्रपरे बूझिते नाहि ग्रधिकार ।
दादा ! तव पदे जानाइते साध
जे खेला तुमि खेल मम साथ ।
कृतज्ञता लागि लिखिते प्रयास
वन्दि श्रीचरण दन्ते करि घास ।

तोमार करुणा तोमारे जानाते
केन जानि श्रड़ सुख हय ताते ।
कविता कुसुम नहे प्रस्फुटित ;
भय करे पदे करिते अर्पित ।
किंचित् करुणा कर दीन दासे,
बसन्त अशान्त श्रीचरण आशे ।
– (१३०६ बङ्गाब्द, ८वीं आषाढ़)

इस प्रथम पत्रके दस दिन बाद अर्थात् १८वीं आषाढ़ बङ्गाब्द १३०६ को बसन्त दादाने दूसरा पत्र शिशिर बाबूको लिखा था और उसके बाद कई पत्रोंका आपसमें विनिमय हुआ ।

भाव समाधिके समयकी श्रीदादाकी अवस्थाकी सूचना, कलकत्ता स्थित 'दादा' की जातिके बन्धुओंने जब शिशिर बाबूको दी तो उन्होंने अन्तर्यामीकी तरह उत्तर दिया कि तुम्हारे बतानेके पूर्वही मुझे सब मालूम हो गया है, कोई चिन्ताकी बात नहीं है । तत् पश्चात् उनसे सम्बन्धित और भी कितनी ही अज्ञात गूढ़ बातें शिशिर बाबूने प्रकट कीं ।

इसके बाद उस प्रान्तसे आसपासके पढ़े-लिखे अनेक लोग वहाँ आने लगे । कोई भक्ति-भावसे आता, कोई कुतूहलवश तमाशा देखने आता और कोई परीक्षा लेनेके हेतु । जो भी आते, वे सभी प्रभावित और उन्मादित हो लौटते ।

कुछ समयके बाद श्रीमा और दादा कलकत्ता आकर रहे और वहाँ शिशिर बाबूसे इष्टगोष्ठी चलने लगी । शिशिर बाबूके एक सहोदर भाई थे जिनका नाम था बसन्तकुमार । उनका परलोक गमन हो चुका था । श्रीदादाको वे अपने परलोकगत भ्राताजीकी जगह मानते थे और उसी प्रकार व्यवहार करते थे । कलकत्तामें बीच-बीचमें श्रीमा और दादा तीर्थयात्राके लिये कभी नवद्वीप, कभी वृन्दावन और कभी श्रीक्षेत्र जाकर भी रहा करते ।

एक बार दीर्घकाल तक वे नवद्वीपमें रहे । तब शिशिर बाबूने, गौरधर्म-प्रचारके अपने उद्देश्य-सिद्धिमें विघ्न पड़ते देख, श्रीदादाको नवद्वीप एक पत्र लिखा —
"भाई बसन्त,

कोटि कोटि जीव त्रिताप ज्वालासे दग्ध हो रहे हैं । अपने स्वदेशमें जाकर प्रेमनदीकी बाढ़ लाकर उन्हें शीतल करो । तुम्हारे लिये स्वदेशमें अनेक काम बाकी हैं ।"

श्रीदादाने अपनी अयोग्यता और अनधिकारकी अनेक बातें उत्तरमें लिखी । किन्तु शिशिर बाबूने अन्तमें लिखा—"श्रीप्रभुने स्वप्नमें मुझे गौर-धर्म प्रचार करनेका आदेश दिया है । किन्तु मैं वृद्ध, जराजीर्ण और अक्षम हो गया हूँ । अतएव मैं तुम्हें

वह भार दे रहा हूँ। अयोग्य कहनेसे काम कैसे चलेगा ? पूर्व बङ्गालमें जाकर प्रचार कार्य आरम्भ करो। श्रीप्रभु तुम्हारी सहायता करेंगे।

श्रीदादा अब और अपने भाव गुरु शिशिर बाबूके आदेशकी अवहेलना नहीं कर सके और पूर्व बङ्गालमें जाकर अधिकतर वहीं रहे और जैसा आदेश और प्रेरणा होती रहती थी उसी प्रकार कार्य करते थे।

अमेरिकाकी नित्यानन्ददासी

अमेरिकाके शिकागो नगरकी एक क्रिश्चियन रमणी श्रीमती जी० बी० आदम्स शिशिर बाबूके अमिय-निमाइ-चरितके संक्षिप्त अंग्रेजी संस्करण 'लार्ड गौराङ्ग" को पढ़कर वैष्णव-धर्ममें अनुरक्त हुई थी और विधिपूर्वक दीक्षा ग्रहणकर शिशिर बाबूकी अनुगामिनी बनी थी। शिशिर बाबूने उनका दीक्षाका नाम 'नित्यानन्द दासी' रखा था। इन भद्र महिलाने एक दिन भाव-समाधिमें देखा कि वे 'श्रीमा-श्रीदादा' श्रीश्रीगौराङ्गके प्रकट लीलाकालमें भाई-बहन थे और साथ-साथ गौर भजन किया करते थे। कहाँ तो भारतवर्षके बङ्गाल प्रदेशमें त्रिपुरा जिलेमें छोटा-सा विद्र गाँव और कहाँ अमेरिकाका शिकागो। अमेरिकामें बैठे-बैठे ध्यान-समाधिमें उन्होंने श्रीदादाको पहिचाना। यह 'लार्ड गौराङ्ग' के माध्यमसे शिशिर बाबूकी कृपाका ही प्रभाव था। शिकागोमें उन्होंने श्रीदादाके साथ पत्र विनिमय आरम्भ किया जिनमें से एक पत्रका संक्षिप्तांश इस प्रकार है :—

"I feel sure I lived in those days—know Chaitanya. Even if our tongues speak unknown languages, our hearts speak the same words of love and praise to Him our sweet 'Lord Krishna Chaitanya'—Lovingly Nityananda Dasi."

गौर-धर्म-प्रचार

श्रीमन्महाप्रभुजीके अप्रकटकालके पूर्व उनके विशेष आदेशके अनुसार प्रभुपाद श्रीनित्यानन्दजी सन्यास धर्मका त्यागकर गृहस्थ धर्ममें प्रवेश करके गौडमें हरिनाम प्रचारके लिए नये भावसे व्रती हुए थे। महाप्रभुने गम्भीरालीला साधनमें जिस स्तरका आचरण करके दिखाया था उसका कलिजीवोंके लिये आचरण तो दूरकी बात रही, कल्पना भी असम्भव है। इसलिये क्षमाके अवतार, विश्व प्रेमिक, जगाई मधाई जैसे पतित पाखण्डियोंके उद्धारकर्ता निताई चाँदको वैष्णव धर्म-प्रचार करनेके लिये कठोर आदेश देकर संन्यास त्याग करवाकर पुनः गृहस्थ बनाया। महाप्रभुके अप्रकट होनेके बाद उनके आवेशावतार नरोत्तम ठाकुर, श्रीनिवास और श्यामानन्दके साथ वृन्दावनसे तत्कालीन गोस्वामी पादके आदेशसे गौडमें आकर कालोपयोगी धर्म-प्रचारके लिये आदिष्ट हुए थे। नरोत्तम ठाकुरने स्वप्नादिष्ट हो गोपालपुरके विप्रदासके धान्यगोलासे

एक युगल-विग्रह लाकर तत्कालीन गोस्वामी पादगण और नित्यानन्द गृहिणी जाह्नवी गोस्वामिनीके अनुमोदन समर्थनसे उनको खेतरीमें खूब समारोहके साथ प्रतिष्ठित किया था, किन्तु नरोत्तम ठाकुरके अप्रकट होने पर उस धर्मका भी समस्त गौड़ देशमें प्रचार नहीं हो सका। बहुत कालके बाद महात्मा शिशिरकुमार घोषने वैष्णव धर्म व भक्ति-मूलक 'विष्णुप्रिया' पत्रिका द्वारा धर्मका प्रचार आरम्भ किया। तत्पश्चात् श्रीवसन्त दादाको प्रेरित कर उन्हें अपनी शक्ति प्रदान कर उनके द्वारा भागवत आचरण करवाकर पूर्व बङ्गालमें उसका खूब प्रचार करवाया। श्रीवसन्त दादाके प्रकट होनेके पश्चात् उस धर्मको प्रभुपाद श्रीहरिदासजी गोस्वामीके द्वारा उत्तेजित किया गया। (पूर्व बङ्गालमें जो कुछ हुआ उसका दिग्दर्शन 'श्रीगौर-विष्णुप्रिया-युगल-सेवा-प्रकाश व प्रचार' के प्रकरणमें आगे मिलेगा।)

उपसंहार

श्रीदादाका महाप्रयाण बङ्गाब्द १३३० साल श्रावणमें हुआ था। इस प्रकार श्रीदादाने १६ वर्ष कौमार्य जीवन और ४७ वर्ष विवाहित जीवन बिताया जिसमें अन्तिम २३-२४ वर्षोंमें तो श्रीदादाने 'श्रीमा' के निकट पुत्र भावकी लीला खेली। यह सिर्फ लोक-दिखाऊ लीला नहीं थी, बल्कि वास्तविक भावमें थी, जिसका कुछ दिग्दर्शन 'वसन्त साधुके साथ मङ्गलमागम' के प्रकरणमें श्रीक्षेत्र पुरीधामकी यात्रामें होता है। यदि यह लोक-दिखाऊ लीला होती तो एक-न-एक दिन कोई-न-कोई दोष किसी-न किसीके दृष्टिगोचर तो होता ही। वर्षों घोर तपस्या करनेके बाद भी परनारीके प्रति भी स्थायी मातृभाव दुःसाध्य देखा गया है। अपनी परिणीता नारीको मातृ सम्बोधन करने वाले भी सिद्ध सन्त देखे गये हैं, लेकिन उन्होंने भी उसके निकट निवासका त्याग किया। अपनी परिणीता नारीके साथ एकान्तमें दीर्घकाल तक निवास करते हुए विषधर सर्पके साथ खेल करने वाले कहीं देखने-सुननेमें नहीं आये।

श्रीदादाके लीला सवरणके लगभग १३ महीने बाद बङ्गाब्द १३३१ भाद्रमासकी अमावस्या शनिवारके दिन पूर्वाह्न कालमें श्रीमन्दिरमें भगवानके बाल्य भोगका प्रसाद पाकर भक्त नर-नारियोंसे समावेष्टित 'जयगौर-विष्णुप्रिया, प्राण गौर-विष्णुप्रिया' कीर्तनानन्दके बीच श्रीमा भी यह लोक-लीला सवरणकर गौरधाम पधारी। इन तेरह महीनोंकी उनकी अपूर्व दिव्योन्माद दशा जिनको देखनेका सौभाग्य प्राप्त हुआ उन्होंने अनुभव किया कि उन्ने लोककी दो अपूर्व वस्तु किस धामसे आविर्भूत हो सारे पूर्व बङ्गालको गौरमय बना गयी।

●

श्रीबसन्त साधुके साथ महत्समागम

•

(प्रभुपाद श्रीहरिदासजी द्वारा स्वलिखित)

परिचय

त्रिपुरा* जिलेमें कम्पनीगंज परगनेके अन्तर्गत विरानगरके श्रीबसन्त साधुका नाम बङ्गालके सभी गौरभक्तोंमें सुविख्यात है। उनका पूरा नाम था श्रीवसन्तकुमार दे। वे एक उच्च कायस्थ वंशके महापुरुष थे। उनके प्रेमीभक्त उन्हें 'श्रीदादा' कहकर पुकारते हैं। पूर्वी बङ्गालमें उनके पवित्र नामका स्मृतिगान घर-घरमें गूंज रहा है। उनके द्वारा प्रचारित श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-सेवा व नाम-कीर्तनसे समग्र पूर्वी बङ्गाल आज भी मुखरित हो रहा है। वे गौरधामगत महात्मा श्रीशिशिरकुमार घोषके बड़े कृपापात्र थे।

पूर्वानुराग

बसन्त साधुके साथ मेरा सर्वप्रथम अप्रत्यक्ष परिचय जबलपुर (मध्यप्रदेश) में श्रीशिशिरकुमारजीकी गौर-पागलिनी भक्तिमती-विदुषी बहिन श्रीमती स्थिरसौदामिनीके मुँहसे उनके अपूर्व गौर-प्रेमकी कथा सुनकर हुआ था। यह घटना वङ्गाब्द १३१८ सालकी होगी। श्रीबसन्त साधुने इन रमणी-रत्नको, महात्मा श्रीशिशिरकुमारके देहान्तके पश्चात् एक अद्भुत पत्र लिखा था जिसमें शिशिर बाबूके सम्बन्धमें बहुत कुछ अप्रकट बातें लिखी गयी थीं। इस पत्रको पढ़नेके उपरान्त मैं सर्वप्रथम श्रीदादाके प्रेमकी ओर आकृष्ट हुआ। श्रीमती स्थिर सौदामिनीजीके पाससे मैंने इस पत्रकी नकल ले ली थी। शिशिर बाबूके सुयोग्य भान्जे श्रीमान् तड़ितकान्ति एम० ए० जबलपुरके एक कालेजमें अध्यापक थे। उनकी माता उन्हींके साथ जबलपुरमें रहती थीं। हमारा निवास स्थान पास-पास था। हम लोगोंकी गोष्ठी भी सर्वदा होती रहती थी। बसन्त साधुके इस पत्रको नीचे उद्धृत किया जा रहा है। इस पत्रमें बहुत सी गूढ़ बातें हैं। इस पत्रका मर्म मैं बादमें प्रकाशित करूँगा। अभी केवल इतना ही अभीष्ट है।

---

* अब यह स्थान पूर्वी पाकिस्तानके अन्तर्गत चला गया है।

कि महात्मा श्रीशिशिरकुमारजीके आदेशके अनुसार इन श्रीवसन्त साधुने अपनी सह-धर्मिणी पत्नीको माता कहकर सम्बोधित किया तथा इस सम्बन्धकी मर्यादाका उन्होंने आश्चर्यजनक रूपसे आजीवन निर्वाह किया। इससे पहले वैष्णव जगतमें एक ठाकुर लोचनदासजीके अतिरिक्त ऐसे निवाह समर्थ किसी भी महापुरुषका नामोल्लेख नहीं है। ठाकुर लोचनदासके इस भावके साथ भी वसन्त साधुके भावका सर्वथा साम्य नहीं है।

वसन्त साधुका वह पत्र यह है —

'परमाराध्य श्रीश्रीयुक्त स्थिर सौदामिनी देवी दीदी! ठकुरानीके श्रीचरण कमलोंमें।

दीदी!

मानका यह कङ्गाल भाई आपको प्रणिपात हो रहा है। इस अधमके ऊपर कृपा कीजिये। प्रभुने मुझे थोड़ा सा (यह भाईपनका) अहङ्कार दिया है जो मैं निर्लज्ज उसका पोषण कर रहा हूँ। दीदी! मेरे मनकी बातें कहनेकी नहीं हैं। दूसरे सुनेंगे तो हँसेंगे। आज आपके चरणोंमें अपने मनकी दो बातें कहकर मैं कृतार्थ हो जाना चाहता हूँ।

श्रीप्रभु (शिशिर बाबू) हम लोगोंको छोड़कर अपने निज-स्थानको चले गये हैं। जीवके अभाव मोचन करनेके लिये और उन्हें सुख प्रदान करनेके लिये वे आये थे। यह काम पूरा कर गये। लेकिन जिस प्रकार उन्होंने मेरे ऊपर कृपाकी है उस प्रकारसे किसीके ऊपर नहीं की।

एक दिन बसि भावि आपनार मने।
कि छिलाम कि हइलाम काहार साधने॥
जाइ नाइ गहन वने साधि नाइ व्रत।
प्राकृत जगत येन हेरि अन्य मत॥
जगत आहारे भजे से भजे आमारे।
चर्व्य, चोस्य, लेह्य, पेय नाना उपहारे॥
वसन भूषणे तोषे मा माणये किछु।
मम हित लागि सदा धाये पिछु पिछु॥
असाधने हेन धन आनि दिल के।
बलराम* दादा बार ए जाने के॥

दीदी! सच्ची बात यह है कि दादाने मुझे अभावशून्य स्वभाव दिया था। मैं अत्यन्त कृतघ्न हूँ इसलिये उन्हें भूलकर नष्ट भ्रष्ट हो रहा हूँ। प्रभु (शिशिर बाबू)

---

* महात्मा श्रीशिशिरकुमार घोषका काव्य-रचनाका उपनाम 'बलरामदास' था।

सबके ऊपर दया किया करते थे, पर मुझ पर तो उन्होंने अनुपम कृपा की है। कहाँ कलकत्ता और कहाँ यह सुदूर त्रिपुरा। अलक्षित रूपमें आकर 'भाई' कहकर मुझे अपनी गोदमें शरण दे दी और असम्भवको सम्भव कर दिखाया। इस संसारमें हम लोगोंको उन्होंने एक नयी रूपसज्जा प्रदान की और बताया कि :—

भाई !

तोमरा युगल लइया सुखे।
देखिबे ए भाव देखिबे जीवे॥
श्रीगौराङ्ग प्रेम पवित्र कत।
ना बुझिया जीवे आश्रय रत॥
पत्नी भाव छाड़िया मातृभाव धर।
प्रेमेर बन्धन तबे हबे दृढ़॥
कि भय तोमार आमि तव भाइ।
बलराम दास जानिओ निताइ*॥

इस तरहकी कृपा तो प्रभु (शिशिर बाबूने) किसी पर भी नहीं की। इस प्रकारके घोर अन्धकारमें उन्होंने किसीको भी ऐसी विद्युत-ज्योति नहीं दिखायी।

प्रभु (शिशिर बाबू) अपनी इस अलौकिक शक्तिके द्वारा सबको दर्शन, स्पर्शन देकर कृतार्थ करते थे, पर सभीको यह ज्ञात था कि वे मुझे सर्वाधिक आदर और प्यार करते थे। यद्यपि उनका सर्व जीवोंके प्रति समभाव था तथापि उनका स्वतन्त्र रूपसे अवलोकन करनेसे ऐसा लगता था कि मेरे सौभाग्यसे मुझे वे :—

देखिलेइ आनन्दे हतेन मातोयारा।
कभू अचेतन कभू श्रीनयने धारा॥
कभू उच्च हास्ये आसि चुम्बित वदने।
जतने लइया जेतेन निर्जन भवने॥
डाकिया आनिया प्रभु प्राणेर परशे।
तानसेनेर गान मोरे शुनान हरषे॥
भावेर आवल्ये कभु ह'ये अचेतन।
धरिया फुलिर गले करित रोदन॥
कभू आनन्दे प्रभु हइये मगन।
आपनि गाइत प्रेमे करित नर्त्तन॥

---

* महात्मा श्रीशिशिरकुमार घोषका काव्य रचनाका उपनाम 'बलरामदास' था। श्रीनित्यानन्दजी श्रीबलरामजीके अवतार माने जाते हैं। श्रीवसन्त दादाको श्रीशिशिरकुमारजीमें श्रीनित्यानन्दजीका आविर्भाव प्रतीत होता था।

कभू प्रभु बुझि मोर प्रानेर आवेग।
फुल साजे सजाइते दितेन सुयोग ॥
बसि निज जनसङ्गे हृदये विभोर।
लइतेन मम पूजा प्रानेर ठाकुर ॥
हेन गुननिधि मोरे गियाछेन छेड़े।
बसन्त प्रशान्त एखन कि उपाय करे ॥

दीदी मेरे प्राण अब एकाकी लगते हैं। इस संसारमें बड़े-बड़े बुद्धिमान और ज्ञानीभक्त-भावुक दादाके स्नेह-पात्र हैं, लेकिन मुझे सबसे अधम जानकर वे मुझे ही सबसे ज्यादा प्यार करते थे। मैं भी दादाका आदर पाकर इस पृथ्वीको गोलोक अनुभव करता था। उनके लिये तो भूलोक और गोलोक एक ही था। वे कहा करते थे—"भाई ! हमारे ये प्रभु बुरा करना जानते ही नहीं, तब क्या चिन्ता है ? केवल नाचो और गाओ।" मैं भी ऐसा ही करता था। (उनके) प्रेममें (मेरी) आँखें अन्धी थीं तो भी दादा मेरी बातचीत, मेरी लिखावट, मेरा चाल-चलन सब कुछ पसन्द करते थे। दीदी ! अब इस पागलका पागलपन कौन समझेगा ? कौन अब इसका गौरव बढ़ावेगा ? दीदी ! क्या आप इस पागलको आशीर्वाद देकर कृतार्थ करेंगी ? दादा हर महीने मुझे अपनी कृपालिपि भेजा करते, वे अब नहीं मिलतीं। मेरी सुध लेने वाला अब और कोई नहीं है। श्रीयुक्ता राङ्गामाके श्रीचरणोंमें प्रणाम निवेदन कीजियेगा और श्रीमती कुलि गौरमणि माको प्रीति-भक्ति।

आपका हतभाग्य—
बसन्त

पहले लिख चुका हूँ कि इस पत्रको पढ़कर ही मैं श्रीदादाके प्रेमके प्रति आकृष्ट हुआ हूँ। मेरे साथ उनका एक सम्बन्ध है, जिसको उन्होंने स्वयं ही अयाचित भावसे स्थापित किया था। दोनोंका यह सम्बन्ध-सूत्र एक ही रज्जुमें बँधा है। ये गूढ़ बातें कहनेकी नहीं हैं। श्रीदादाकी लीलाकथा अनन्त है जो क्रमशः भक्ति-जगतमें प्रकाशित होती जा रही है।

अप्रत्यक्ष मिलन

(लगभग बङ्गाब्द १३२२, गौराब्द ४२६ सन् १९१५ ईस्वीकी बात होगी) मैं जबलपुरसे बदलकर भोपाल आया था। उसके लगभग एक ही महीनेके भीतर मुझे बसन्त दादाका पहला पत्र मिला। "श्रीविष्णुप्रिया पत्रिका" में (जो शिशिर बाबूके सम्पादनमें प्रकाशित होती थी) श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रियाके भजन-तत्त्वके सम्बन्धमें मेरे लेखोंको पढ़कर उन्होंने जो मेरे साथ सम्बन्ध स्थापित किया था, वह उनके पत्रसे प्रकट होगा। वे नवद्वीप रसके सुरसिक भक्त थे। उनका विशुद्ध नदिया-नागरी भाव था।

उन्होंने मुझको भूपाल-वासिया हरिदासिया सम्बोधन करके एक कविता लिखी थी। वे पत्रादिमें मुझे कभी दादा (बड़ा भाई) कभी दीदी (बड़ी बहिन) लिखकर सम्बोधन किया करते थे। मैं सर्वथा अरसिक हूँ, और उनके समान उच्च-भजनके अयोग्य हूँ—इसे वे शायद नही जानते थे। उनका प्रथम पत्र पाकर मैं बड़ा लज्जित हुआ था। किन्तु वे अपने साधु स्वभावसे मेरी इस अयोग्यताको वैष्णवीय दैन्य समझकर, अपने भक्त-समाजमे मुझको प्रतिष्ठित और सम्माननीय बनाकर मेरे अभिमानकी वृद्धि कर गये। मैं जानता हूँ कि मैं क्या हूँ और मेरा कितना-सा मूल्य है। वसन्त दादाका शुद्ध-बुद्धिसे जो मेरा सम्मान करते थे वह उनके गुणोका परिचायक है। मैं उनके शिष्यका शिष्य भी होनेके योग्य नही हूँ—यह मैं भली भाँति समझता हूँ और उनके अनुगत भक्तवृन्दके साथ उसी रूपसा भाव-प्रकाश करता हूँ। खैर, बसन्त दादाका पत्र नीचे उद्धृत है —

"श्रीश्रीचरण कमलेषु—

प्राणप्रिय दादा! दादा हे! तुम मेरे जीवन मरणमे इह-लोक और परलोकको गति हो। इस बातको मेरी दीनता न समझें, यथार्थ मनकी बात है। सुनिये। गत आषाढ मासमे मैंने स्वप्न देखा मानो मैं वही गया हूँ। वहाँ विशेष शिक्षित लोगोका समाज जुटा है। मैंने उनकी ओर देखकर जान लिया कि वे लोग मुझे अश्रद्धाके भावसे देख रहे हैं। तब मैं वहाँसे दूर चले जानेका उद्योग करने लगा, इस पर उन महानुभावोने अपने एक नौकरको मुझे अपमानित करनेके लिये इशारा किया। वह नौकर मुझको धूर्त पाखण्डी आदि कहकर तिरस्कृत करने लगा। मैंने अपने स्वभावके अनुसार उसको दण्डवत् करते हुए कहा—'गुरु! तुम मुझको शिक्षा देकर मेरा सुधार कर रहे हो।' वह नौकर हँसकर बोला—'मैं माया हूँ और तुमने मुझे गुरु कहकर वरण किया है, अतएव मेरे द्वारा तुमको मन्त्र दिया जाना आवश्यक हो गया।" इतना कहकर उसने मुझको कृष्ण-मन्त्र दिया और कहा—'तुम्हारे गुरु श्रीपाद हरिदास गोस्वामी प्रभु है।' मैंने मन ही मन सोचा कि जो माया है वे कृष्ण-मन्त्रके सिवाय और कुछ नही जानते। इसी कारण शायद उन्होंने मुझे उपदेश दिया है कि श्रीपाद हरिदास गोस्वामी प्रभु मेरे भावदाता गुरु हैं। स्वप्न टूटनेपर मुझे विशेष आनन्द प्राप्त हुआ।

प्रभात होनेपर यह स्वप्न-कथा मैंने 'श्रीमा' को बताई। वे बोली—'तुम्हारे भावदाता गुरु श्रीमान् शिशिर कुमार घोष थे। वे इस समय अप्रकट हैं और उन्होंने श्रीपाद हरिदास गोस्वामीके शरीरमे प्रवेश किया है इसलिये अब वे ही तुम्हारे गुरु हैं।' मैंने भी मन-ही मनमें यह धारणा बनाई थी। अतएव इस प्रथम पत्रके आरम्भमें लिख बैठा कि तुम मेरे जीवन-मरणमें इहलोक और परलोककी गति हो।

प्रभु श्रीशिशिरकुमारजीने मेरे ऊपर अलौकिक भावसे कृपाकी थी। कहाँ मैं त्रिपुरा जिलेके एक छोरपर निज गाँवमे और कहाँ वे कलकत्तामें। अयाचित भावसे

अशरीर देहसे आकर मुझे 'भाई' कहकर गोदीमें लेकर उन्होंने अपना परिचय दिया—"मैं नित्यानन्द हूँ, शिशिर बाबूके शरीरमें रहकर गौर-लीलाका विस्तार कर रहा हूँ, उनके संयोगसे तुम मेरा ही सङ्ग समझना—इत्यादि अनेक बातें हैं जो साक्षात् मिलूँगा तब बताऊँगा। दीदी! दीदी हे! अब तो तुम्हारे दर्शनोंके लिये प्राण अतिशय पिपासातुर हो रहे हैं। और एक बात—इस बीचमें तुम्हारी कृपासे जो कुछ अङ्कुरित हुआ है उसको आओ, तुम्हें एक बार दिखाऊं, नहीं तो मरनेपर भी मुझे शान्ति नहीं मिलेगी। श्रीशिशिरकुमारजीको दिखा नहीं सका, इसका दुःख जीवन भर नहीं जायगा। तुम्हारे देखने मात्रसे उनका भी देखना हो जायगा। मैं विशेष लिखना नहीं जानता, तुम मेरी सभी बातें जानते हो।

'अद्यापिओ सेइ लीला करे गौरा राय।
कोन कोन भाग्यवाने देखिवारे पाय॥'

भाग्यवान कौन है? श्रीशिशिरकुमारजी कहा करते थे कि नदिया-नागरी भाग्यवान् हैं। यह अक्षरशः सत्य है। पर मेरा ऐसा भाग्य कहाँ, मैं तो कुछ भी नहीं देख पाता। जो लोग श्रीगौरविष्णुप्रियाकी सेवा करते हैं उनके साथ 'वे' कभी परोक्षमें कभी साक्षात्‌भावसे अपूर्व व अलौकिक लीला-रङ्ग करते हैं। मैं यह सब सुनकर विस्मित और आनन्दित हो जाता हूँ। तुमको सब कुछ बतानेका मन करता है। जो कुछ देखता हूँ वह तुम्हारी ही शक्ति है।

तोमार महिमा तोमाके जानाते।
केन जानि लोभे हइतेछे चिते॥
वासना पुराओ देते नाहि सहे।
कङ्गाल बसन्त कर जोड़े कहे॥

श्रीमती सुवर्णमयी नामकी एक बालिकाने हमारे श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रियाकी सेवाका भार लिया है। विगत ईर्षा आड़मासको श्रीविष्णुप्रिया ठकुरानीने सेवाके समय जब उनके चरणोंमें तुलसी समर्पितकी गई तब साक्षात् कहा—"बाबाको कहना कि एक नीलाम्बरी साड़ी दें।" बालिका प्रेमानन्दसे रोती-रोती मूर्छित हो पड़ी। जब उसको बाह्य ज्ञान हुआ तब उसने यह बात बताई। प्रभु और प्रियाजी जगह-जगह इस प्रकारकी लीलाएँ नाना प्रकारसे विस्तार कर रहे हैं। यदि कभी मिलनेका सुयोग हुआ तो जी भरकर ये सब बातें विस्तारसे बताऊँगा। इति।

तुम्हारा दर्शन-भिखारी
"बसन्त"

प्रत्यक्ष मिलन

श्रीवसन्त साधुका मेरे साथ सर्वप्रथम साक्षात मधुर-मिलन वगाब्द १३२८ सालके आषाढ मासमे श्री श्रीजगन्नाथजीकी रथ यात्राके प्राय एक मास पूर्व (श्रीधाम नवद्वीपमे श्रीविष्णुप्रिया गौराङ्ग कुञ्जमे) हुआ। यह बडा ही शुभ दिवस था। मैं उस समय सरकारी नौकरीसे छुट्टी लेकर कुछ समयके लिये श्रीधाममे वास कर रहा था। वसन्त साधुने श्रीधाम नवद्वीप आनेके पूर्व ही मुझको एक पोस्टकार्डके द्वारा सम्वाद दिया था —

मेरे प्राण प्रिय दादा,

श्रीचरणकमलेषु।

तुम्हारे दर्शन करने श्रीधाम आऊँगा, पश्चात् प्रभु और प्रियाजीकी इच्छा हुई तो पुरी धाममे श्रीजगन्नाथजीकी रथ-यात्राका दर्शन करने जाऊँगा। तुम श्रीधाममे रहोगे या नही, सूचित करना। तुम्हारे साथ मेरी विशेष बातें होगी, और कार्य भी है।

तुम्हारा दासानुदास,

वसन्त

वसन्त साधु श्रीधाममें 'श्रीमा' और अपने कुछ निजजनके साथ सकीर्तन करते हुए श्रीगौर विष्णुप्रिया कुञ्जमे आ उपस्थित हुए। अपराह्नका समय था। मैं जैसे ही श्रीमन्दिरके द्वार पर उनका स्वागत करनेके लिये उपस्थित हुआ, वे मुझे प्रेमालिङ्गन करनेका अवसर न देकर मेरे ही चरणो पर प्रेमानन्दसे दुल पडे। वसन्त साधुके मुखसे मैंने पहले पहल अपूर्व नाम सकीर्त्तन-सुधाका पान किया। उनके मुखसे "जयगौर-विष्णुप्रिया प्राणगौर-विष्णुप्रिया" उच्च नामकीर्त्तन मधुसे भी मधुर बोध होने लगा। वह अपूर्व प्रेम-भाव, वह विचित्र प्रेम-दृश्य भाषाके द्वारा वर्णित नही हो सकता, लेखनीके द्वारा अकित नही हो सकता। मैंने उन्हे भूमिसे उठाकर प्रेमालिङ्गनमे जकड लिया तथा बडी कठिनाईसे श्रीमन्दिरके प्राङ्गण तक लाया। श्रीमन्दिरके प्राङ्गणमे धूलमें ही लोटकर उन्होने साष्टाङ्ग प्रणाम किया। उनकी आँखोंसे प्रेमाश्रुधारा बह रही थी, सर्वाङ्ग पुलकित हो रहा था और प्रेमानन्दमे वे बाह्य-ज्ञानशून्य थे। बहुत देर तक वे भूतल पर पडे रहे। उनके पास बैठा मैं उनके शरीर पर हाथ फेर रहा था और मृदु मन्द स्वरमे नामकीर्त्तन कर रहा था। इसी समय वसन्त साधु मेरी गोदमे अपना मुँह छिपाकर महिला सुलभ सरलतासे चीत्कार करकर रोने लगे, मुँहसे कोई शब्द बोल नही पा रहे थे। प्रेममें गद्-गद् थे, कभी कभी मेरे मुँहकी ओर देखकर कहते—"दादा!" श्रीमन्दिरके प्राङ्गणमें कीर्त्तन चल रहा था 'विष्णुप्रियार प्राण गौराङ्ग—गौराङ्गेर प्राण विष्णुप्रिया' हम दोनो प्राङ्गणमे इसी प्रकार बैठकर अजस्र आँसू बहा रहे थे। हम लोगोंको घेरकर कीर्त्तन चल रहा था। यह अपूर्व दृश्य था।

वसन्त साधु—"शिशिर बाबूने तुम्हारे अन्दर प्रवेश किया है, अतः तुम मेरे गुरु हो।"

मेरे कानोंमें वह स्वप्न प्राप्त मन्त्र कहकर उन्होंने बलात् अपने कानोंमें पुनः मेरे द्वारा कहलवा लिया। मैं काठकी पुतलीके समान चुपचाप बैठा रहा, कुछ बोल ही न सका। अन्तमें फिर वे ही बोले—"स्वप्न-प्राप्त-मन्त्र गुरुके स्थान पर जाकर फिरसे कानमें लेना पड़ता है। इसी कारण मैंने इस सुयोगका उपयोग कर लिया।"

इतना कहकर बसन्त साधु मेरे चरण पकड़कर पुनः रोने लगे। मैं बड़े असमञ्जसमें पड़ गया। क्या कहूँ, कुछ समझमें न आया। अकस्मात् जो मनमें स्फुरणा हुई वही कहने लगा।

मैंने कहा—"दादा! तुम तो विधिकी परवाह नहीं करते, फिर तुमने यह जो किया है वह तो शास्त्र विधि है। राग-मार्गमें तो विधिका बन्धन है ही नहीं।"

उन्होंने उत्तर दिया—"तुम्हारे गोस्वामी प्रभुगणोंने ही सम्प्रदाय बांध रखा है। तुम नित्यानन्द-परिवारके हो, अतएव इस बार तुम्हारे और मेरे बीच पक्का सम्प्रदाय-सम्बन्ध हो गया।" इतना कहकर उन्होंने उपस्थित निजजनोंसे कहा कि यह विष्णुप्रिया-गौराङ्ग-कुञ्ज हम लोगोंका गुरु कुञ्ज है।

इसके पश्चात् मैं बसन्त साधुका हाथ पकड़कर उन्हें घरके भीतर ले गया। एक बात लिखना भूल गया कि 'श्रीमां' ने आते ही मुझे 'गोपाल' कहकर सम्बोधित किया तथा गोदमें लेकर मधुर-स्नेहपूर्ण बातों द्वारा सन्तुष्ट करके घरके भीतर मेरी पत्नी और कन्याके साथ चर्चा करने लगीं। बसन्त साधु और मैं उनके पास भीतर आये। श्रीबसन्त साधु इतनी देर तक 'श्रीमां' को देख न पानेसे अस्थिर हो उठे थे। उनका स्वाभाविक बाल्यभाव था। बसन्त साधुने झटपट जाकर 'श्रीमां' से पूछा—"मां! मेरी भाभी कौन है?" श्रीमांने मेरी गृहिणीको दिखा दिया। बसन्त साधुने उनको प्रणाम करके कहा—"मेरे बड़े भाईके न होने पर मेरे लिये 'भाभी' दुर्लभ वस्तु थी। मैं बचपनमें जब रामायण पढ़ता था तो श्रीसीताजी तथा श्रीलक्ष्मणजीके लीला-प्रसङ्गको पढ़कर मेरे मनमें अपूर्व आनन्द होता था। सोचता था कि भाभी देवरके लिये सर्वाश्रय है। एक ओर वह जैसे मातृभक्ति ग्रहण करती है, दूसरी ओर वही सख्यभावका पोषण करती है। इस जगतमें रसाश्रयका ऐसा अपूर्व सम्बन्ध अन्यत्र नहीं मिलता। इस जीवनमें यह अपूर्व वस्तु प्राप्त होनेकी सम्भावना न देखकर मनमें बड़ा क्षोभ होता था। परम प्रेममयी श्रीविष्णुप्रिया ठकुरानीने मेरे मनके दुःखको देखकर इस अपूर्व लीला-रङ्गसे मेरे मनकी साध पूरी कर दी।" इतना कहकर बसन्त साधुने मेरी गृहिणीके साथ देवरोचित रसालापमें आनन्दका तूफान खड़ा कर दिया। उपस्थित रमणीवृन्द प्रेमानन्दमें मग्न हो गयीं।

'श्रीमा' का अपूर्व मातृभाव था। जगतवासी समस्त पुरुष उनके 'गोपाल' थे। उनके पति भी उनके 'गोपाल' थे और जितनी स्त्रियाँ थीं वे सभी दादाके लिये मा-बहिन थीं। उनकी स्त्री भी उनकी 'श्रीमा' थी। इस कोटिके पति-पत्नीके बीच समाज-विरुद्ध इस प्रकारके मातृभाव सम्बन्धके होने पर एकत्र भजन-भोजन-शयन आदि लोक-दृष्टिसे वर्जित होने पर भी वसन्त साधु जैसे इन्द्रियजयी महापुरुषके लिये गुरु-कृपा तथा उनके आदेशवाणीसे ही यह पूर्णतः सफल हुआ था। वास्तवमें इस अपूर्व आदर्श चरित्रके बीच जगतमें एक महान प्रेम-शिक्षाकी सृष्टि हुई है। वसन्त साधु और उनकी पत्नीके प्रति उनके गुरुदेव अभिन्न नित्यानन्दजीकी आदेशवाणी हुई थी:—

तोमरा युगल सइया सुखे।
रहिलव ए भावे देखिबे जीवे॥
श्रीगौराङ्ग प्रेम पवित्र बल।
ना बुझिया जीव भावये रत॥
पत्नीभाव छाड़ि मातृभाव धर।
प्रेमेर बन्धन तबे हबे दृढ़॥
कि भय तोमार आमि तव साह।
बलराम दास जानिओ निताइ॥

धर्मजगतके इतिहासमें श्रीदादा और श्रीमाके समान अपूर्व आदर्श चरित्र और कहीं देखनेमें नहीं आता। बहुतसे साधु महापुरुषोंने स्त्री-सङ्गका त्याग किया है, स्त्री-जाति-मुख-दर्शन भी नहीं किया, अपनी परिणीता पत्नीको मातृ-सम्बोधन कर इस जन्मके लिये गृह-संसार परित्याग किया है। परन्तु वसन्त साधुके समान अपनी परिणीता पत्नीका—जिसके गर्भसे दो उपयुक्त पुत्र उत्पन्न कर दीर्घ काल तक गृहस्थ धर्मका निर्वाह किया हो—माता कहकर साथ-साथ रहते हुए आजीवन इस अलौकिक भाव सम्बन्धको निभाने वाला महापुरुष इस रत्नगर्भा धरित्रीपर शायद ही और कोई रहा होगा। कामजयी पुरुष जगतमें विरले ही होते हैं। ब्रह्मादि देवता गण भी इससे बच नहीं सके। वसन्त साधु उस बलवान कामेन्द्रियको दाँत उखाड़े हुए काल-सर्पके सदृश निस्तेज और निष्क्रिय कर चुके थे। इस एक गुणसे ही ये जगत्पूज्य महापुरुष हैं।

पुरुषोत्तम-क्षेत्र पुरीकी यात्रा

वसन्त साधुने श्रीधाम नवद्वीपसे उसी वर्ष पुरुषोत्तम क्षेत्रके लिये प्रस्थान किया। उनके साथ थे गम्भीर श्रीताराचन्द्र सिंह एवं अब्दुल्लापुरके श्री चन्द्रकुमार चक्रवर्ती। श्रीक्षेत्रमें रथारूढ़ श्रीश्रीजगन्नाथ देवके दर्शनोंके लिए उनका मन व्यग्र हो रहा था। प्रस्थानके दिनसे पूर्व उन्होंने श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग कुञ्जमें आकर हमारे साथ इष्टगोष्ठी की और मेरी पत्नीसे 'भाभी' कहकर सम्भाषण किया। बातोंही बातोंमें

वसन्त साधुने उनसे कहा—"भाभी ! हमारे साथ जगन्नाथजी चलोगी ?' उन्होंने उत्तर दिया—"यह सौभाग्य क्या श्रीजगन्नाथजी मुझको देंगे ?" वसन्त साधुने हँसकर कहा—"आपका सौभाग्य शिव विरञ्चि अभिवाञ्छित है। दादाको साथ लेकर आप अवश्य आवें । हमलोग आगे जाकर वास स्थान ठीक करके पत्र देंगे।" उन्होंने मेरे दोनों हाथ पकडकर अपनी स्वभाव-सुलभ सरलतापूर्ण मधुर शब्दोंमे कहा—"दादा ! आपको इस बार सत्नीक श्रीक्षेत्र जाना पडेगा । मेरे सिरकी सौगन्ध।"

मैं और कोई बात न कह सका। वसन्त साधुने हम लोगोंसे विदा लेकर अपने साथियोंके साथ दूसरे दिन श्रीक्षेत्रके लिये प्रस्थान किया । उनके प्रस्थान करनेके दो तीन दिनके बाद उनका एक पत्र आया "स्वर्गद्वारमे महाराज मनीन्द्रचन्द्र नन्दीका एक छोटा सा घर भाडे पर लिया गया है, आप लोग शीघ्र आवें।" आषाढका महीना था, सामने श्रीजगन्नाथजीकी रथयात्रा थी। मेरी गृहिणीने कहा—' ऐसा सुयोग नही छोडना चाहिये, चलो आज ही चलें।" घरमे तैयारी होने लगी। स्त्री, कन्या और वृद्ध ज्येष्ठ बहिनके साथ दूसरे दिन हम लोगोंने श्रीक्षेत्रके लिये प्रस्थान किया । यथासमय पुरी पहुँचकर स्वर्गद्वारमे उस भाडे किये हुए मकानको खोजकर वहाँ पहुँचे। पण्डा-लोगोका दल पीछे पड गया था। पण्डाका नाम पूछनेपर अकस्मात मेरे मुँहसे ' विश्वम्भर पण्डा" निकल पडा। फिर क्या था, एक विश्वम्भर नामके पण्डा आकर साथ लग गये। हम सब स्वर्गद्वारमे जाकर वसन्त साधु और श्रीमाके पास पहुँचे। उन्होने बड़े आदर सहित हमलोगोको रहनेके लिये स्थान दिया । वसन्त साधु अपनी भाभीसे नाना प्रकारकी हँसीकी बातें करने लगे। वे बोले—"भाभी ! इस बार रथारूढ श्रीजगन्नाथजीके युगलजोडी सहित दर्शनोंका यह फल मुझे देना होगा।" उत्तर मिला—' तुम तो वैष्णव हो, किसी फलकी कामना तुम्हारे लिये उचित नही है।" वसन्त साधुने कहा—"श्री जगन्नाथ-दर्शनका फल श्रीगौराङ्गकी प्राप्ति तो मैं चाहूँगा ही। अन्य फल 'पुनर्जन्म न विद्यते' मुझे नही चाहिये । आप मुझे आशीर्वाद दें कि इसी जन्ममे श्रीगौराङ्गको प्राप्त कर सकूं।"

हमलोगोंने एक साथ श्रीधाममे रथारूढश्रीजगन्नाथजीके दर्शन किये। १५-१६ दिन तक नित्य एक साथही समुद्रमे स्नान किया करते, एक साथ प्रसाद पाया करते। आनन्दपूर्वक समय कटा। वसन्त साधु माका अञ्चल पकडकर श्रीक्षेत्रके मार्गमे चलते, समुद्र स्नानको जाते, क्षण भर भी श्रीमाका सङ्ग छोडकर नही रह सकते थे। प्रात नींद टूटते ही मधुर प्रभाती कीर्तन करते हुए बहुत हँसीकी बातें करते, नाना प्रकारसे गौर-कथा कहते। वे बडे ही रसिक पुरुष थे।

एक दिन समुद्र स्नानके लिये हम लोग कई स्त्री-पुरुष आपसमे हाथ पकडकर कमरमे कपडे बाँधकर तथा उन्हे अच्छी तरह लपेट कर समुद्रकी तरंगोका सादर आवाहन करने लगे। उस समय और भी बहुत से स्त्री पुरुष स्नान करनेको आये थे।

हमलोग सभी एक साथ समुद्र स्नानके लिये उद्यत थे। प्रबल तरङ्गाघातसे उस बालुका-मय समुद्र तटपर हम लोग कुष्माण्डके सदृश आपसमें लोट-पोट होने लगे । कहींका कपड़ा कहीं चला गया। हम सब तितर-बितर हो गये। कमरेके आपसमें बाँधे कपड़े खुल गये। बड़े बड़े बालुकणोंके आघातसे हाथ पैरके कोहनी घुटने रक्तान्तमें हो गये, स्त्री-पुरुष अर्द्ध-नग्नावस्थामें कुष्माण्डकी तरह लोटपोट होते रहे। प्राणरक्षार्थ एक दो जगह तो अज्ञानमें स्त्री-पुरुष आपसमें लिपट भी गये। समुद्र महाराजका यह अपूर्व लीला रङ्ग देखकर सबसे पहले बसन्त साधु श्रीमांको खींच ले गये और दौड़कर किनारे पर खड़े होकर दोनों हाथोंसे ताली बजाते हुए उच्च स्वरसे कहने लगे—"कैसा मजा है? हमारे ठाकुर दादा और नाती-नातिनियोंके साथ समुद्र महाराज कैसा सुन्दर मधुर लीलारङ्ग कर रहे हैं।" हम लोग उस समय वस्त्र सँभालते हुए, लज्जासे मस्तक नीचा किये किनारे पर आये। बसन्त साधु धीरे-धीरे हमारे निकट आकर कई प्रकारके हास-परिहास करने लगे। उनका स्मरण आनेसे आज भी मुझे हँसी आती है। वे रस शास्त्रके पूरे पण्डित थे। समुद्र स्नानके लिये जाने पर वहाँ उनका बाल स्वभाव उमड़ पड़ता। काँचा कसकर, दोनों हाथोंमें ताल ठोककर श्रीमांका अञ्चल पकड़कर समुद्रकी ऊँची तरङ्गोंकी लवण-अम्बु राशिके बीच जब वे बाल भावसे जलक्रीड़ा करते तब प्रेमानन्दका स्रोत फूट पड़ता। वह दृश्य बड़ा मनोरम होता।

प्रसाद पानेके समय बसन्त साधुका लीला-रङ्ग मधुरसे मधुरतर बोध होता था। यह जगन्नाथ क्षेत्रमें हम लोगोंको पाकर दिन खोलकर प्रसादके माहात्म्यका कीर्तन करते थे, और स्वयं प्रसाद लेकर हम सबके मुँहमें दे देकर फिर स्वयं खाते थे। जगन्नाथके श्रीमन्दिरसे उत्तम-उत्तम प्रसाद लाकर हम लोगोंके सहित महा आनन्द-पूर्वक महोत्सव करते थे।

बसन्त साधुका श्रीमांके साथ मातृभावका पूर्ण परिचय मुझे श्रीक्षेत्रमें मिला। वे एक दिन घरके बरामदेमें बैठे हमारे साथ गौर-कथा कह रहे थे। उस समय किसी एक आदमीको मेलेके बाजारसे खरीदकर एक छोटा-सा मिट्टीका हाथी लिये उस रास्तेसे जाते देखकर बसन्त साधु श्रीमांका अञ्चल पकड़कर जिद्द करने लगे—'मा! मैं यह हाथी लूंगा"। श्रीमांने कहा—"इस समय मैं इसे कहाँसे लाऊँ, बाजार जाकर देखूँगी, यदि मिल गया तो खरीदकर ला दूँगी।" बसन्त साधु बालककी तरह श्रीमांकी गोदीमें जाकर छलछल नेत्रोंसे जिद्द करने लगे "मा! मैं तो यही हाथी लूंगा"। आखिर श्रीमांने घरके दरवाजेसे बाहर निकलकर जो व्यक्ति हाथी लिये जा रहा था उसको पुकारा और आने पर बोलीं—"बाबा! यह हाथी तुम कहाँसे लाये हो? क्या दाम है?' उसने उत्तर दिया—"बाजारमें मिलता है, केवल एक आना दाम है।" श्रीमांने कहा—"बाबा! यह हाथी तुम मुझको दे दो, हमारा 'गोपाल' यह जिद्द कर रहा है, मैं तुमको दो आने देती हूँ, तुम इसके बदलेमें दो हाथी खरीद लेना।" उस व्यक्तिने

बिना विवाद किये हाथी श्रीमाको दे दिया। श्रीमाने उस हाथीको गोपालके हाथमें देकर कहा—"गोपाल! तुम बडे दुष्ट बालक हो, बडे जिद्दी हो, इस तरह क्या माको पागल कर दिया जाता है?" बसन्त साधुने उत्तर दिया—"मा! तुम्हारी बात सुनकर मुझे हँसी आती है। बच्चा माके पास जिद नही करेगा तो किसके पास करेगा?" यह कहते हुए परम प्रेम-पूर्ण निर्विकार चित्तसे श्रीमाके गलेमें बाँह डालकर कितना ही प्यार करते लगे। यह दृश्य अभूतपूर्व और बडा ही मनोरम था।

इसकी अपेक्षा एक और अपूर्व चित्रका यहाँ वर्णन करता हूँ। मैं सदासे ही दुष्ट हूँ। परीक्षा किये बिना मुझे किसी प्रकार विश्वास नही होता। अपनी आँखोंसे देखे बिना सत्यासत्यका निर्णय नही कर पाता। एक दिन ब्राह्म मुहूर्तमें मेरी निद्रा भग हुई। श्रीदादा और श्रीमा मेरे बगलके कमरेमें एक साथ सोये थे। मच्छहरीके भीतर दोनो जने सोये थे। धीरे धीरे द्वार खोलकर जो मैंने देखा उससे मेरे जैसे पाखण्डीका मन भी वात्सल्य रससे द्रवीभूत हो गया। मैंने देखा कि श्रीमाके वक्षके बीच मुँह छिपाये बसन्त साधु घोर निद्राके वशीभूत हैं, श्रीमाका एक स्तन उनके मुँहमें है और दूसरा हाथमें पकडे हैं। अहा! कैसा मधुर बालभाव है! कैसा अपूर्व मातृभाव है! पहले जो स्वामी-स्त्री थे उनका वह सम्बन्ध उनके दयालु गुरुदेवने उच्छेद कर दिया। जिस पत्नीके गर्भमें दो सन्तानें उत्पन्न हुई थीं उनसे साथ ऐसा विशुद्ध मातृभाव स्थापन करके उसकी इस प्रकार अलौकिक भावसे रक्षा करना सामान्य मनुष्यका काम नही। बसन्त साधु साधारण मानव नही थे, वे उससे भी ऊपरकी वस्तु थे। इन्द्रियजयी महापुरुष अनेक हैं, किन्तु इस प्रकार कालसर्पको लेकर कितने आदमी खेल खेल सकते हैं? कामजयी होना बडा कठिन व्यापार है।

बसन्त साधुको यथार्थ रूपमें जिन्होंने पहचाना था, उनका कहना है कि ऐसे महापुरुष साधुजन कलयुग क्या, किसी भी युगमें विरले ही होते हैं। केवल विद्या और पाण्डित्य अधिक होनेसे या शास्त्र-चर्चा करनेसे ही कोई महापुरुष नही होता। महापुरुष इन्द्रियजयी होता है। सर्वेन्द्रियजयी महापुरुषका नाम जगतके इतिहासमें नही मिलता। बसन्त साधुकी साधु प्रकृति ही उनके साधुत्वका प्रत्यक्ष प्रमाण थी। असाधु प्रकृतिके लोग इन्द्रियजयी नहीं हो सकते। वे सर्वभावेन सन्त थे, उनका स्वभाव था आनन्दमय। उनकी मूर्त्ति प्रशान्त और प्रेमभाव व्यञ्जक थी, उनके दोनो नेत्र प्रेमपूर्ण थे, उनकी भाषा सरल मधुर बालभाषाके समान थी, 'अमृत बाल भाषितम्'। वृद्ध होने पर भी उनकी बातोंमें अमृत-वर्षण होता था। निन्दाकी बात उनके मुँह पर नहीं आती थी, वे अदोषदर्शी पुरुष थे। वे गृही होते हुए भी उदासीन थे, संसारी होते हुए भी विरक्त थे, विषयी होते हुए भी निर्विषयी थे। इस प्रकारके महापुरुषका सङ्ग न तो मेरे गुरु गोसाईं ने किया और न महन्त महाजनोंने। कारण बसन्त साधुके मुँह पर दाढी थी। वे एकादशीके दिन प्रसादका सम्मान नही करते, न तिलक लगाते। इसलिए

सभी वैष्णवगण उनको सदाचार सम्पन्न वैष्णव बताने कुण्ठित होते थे। फल-मूलादिके आवरणको लेकर रसास्वादन करनेमें जैसे उसके मधुर रसका आस्वादन नहीं मिल सकता, उसी प्रकार बाह्य आचार व्यवहारसे साधुके साधुत्वका निर्णय नहीं किया जा सकता। वास्तविक साधु पुरुषोंका आचार-व्यवहार साधारण लोगोंके लिये दुर्बोध्य है। यही सिद्धान्त श्रीनित्यानन्दजीके सम्बन्धमें श्रीमन्महाप्रभु बता गये हैं।

विशेष कारणवश बसन्त साधुने श्रीक्षेत्रसे २-३ दिन पहले ही अपने घरकी यात्राकी, हम लोग उसके बाद भी कुछ दिन उस स्थानमें रहे। बसन्त साधुका सङ्ग पाकर श्रीपुरुषोत्तम क्षेत्रमें हमको परम आनन्द प्राप्त हुआ। बसन्त साधु तीर्थ करनेके लिये पुरुषोत्तम क्षेत्र नहीं गये। वे साधु पुरुष थे, तीर्थको तीर्थत्व प्रदान करनेके लिये ही साधु-महापुरुष तीर्थ जाते हैं 'तीर्थी कुर्वन्ति साधवः'।

बसन्त साधुके विरहमें तीर्थ-वास हमको नीरस लगने लगा। सेतुबन्ध रामेश्वर पर्यन्त हमारी जानेकी इच्छा थी। हम दुःखित होकर श्रीक्षेत्रसे ही श्रीधाम नवद्वीप वापस लौट आये।

पुरी-यात्राके बाद

श्रीपुरुषोत्तम क्षेत्रसे हम श्रीधाममें श्रावण मासमें लौटे। इसके एक महीने बाद मेरे पत्रके उत्तरमें श्रीदादाका एक मधुमय पत्र पाकर मैं कृतार्थ हो गया। मैंने अपने पत्रकी नकल नहीं रखी थी। स्मरण नहीं कि क्या लिखा था जिसको पढ़कर उनको इतना आनन्द मिला कि उन्होंने उसको अपने सब निजजनोंको दिखाया। श्रीदादाने इस मधुमय पत्रमें तारीख १४ आश्विन १३२८ साल लिखी थी। उस अमूल्य पत्रका अविकल अनुवाद नीचे दिया जा रहा है —

॥ श्रीश्रीगौर विष्णुप्रिया जयतः ॥

'श्रीश्रीचरण कमलेषु,

श्रीगुरुके श्रीचरणोंका अवलम्बन।

प्राणोंके दादा! प्राणोंकी दीदी! प्राणोंके प्राण! इस अज्ञानका साष्टाङ्ग दण्डवत्। आपका आशीर्वाद-पत्र जन-जनको दिखाकर, जन-जनको सुनाकर मैं गर्व-बोध करता हूँ। आप लोगोंको यों पहचाननेका और पकड़ानेका मेरे लिये कोई कारण नहीं था। महामायाकी कृपासे अब आपके श्रीचरण-कमल प्राप्त हुए हैं। और भी समझा कि ये महामाया ही योगमाया है।

दादा! प्राण प्रिय दादा! इस बार आपकी श्रीचरणधूलि प्राप्तकर नया जीवन पा गया हूँ। अब मैं चारों ओर श्रीश्रीराधिकाशेखरकी रसिकता अनुभव कर जगतको सुखमय देख रहा हूँ। दादा! इस सुखमय आनन्द-सागरमें मुझे डुबाये रखो न! मैं अभिमानी जीव हूँ, किसी अपराधसे कहीं फिर बह न जाऊँ, यही चिन्ता है। श्रीगुरु-

बाहर देखता हूँ श्रीप्रेममय रसिकशेखरकी रस-चातुरी। सुना था कण-मात्र प्रेममें जगत डूब जाता है। अब उसे देख रहा हूँ और अनुभव कर रहा हूँ। आपकी चरण-धूलिकी महिमामें कितना बल है। हृदयकी बात कह नहीं पाता, इसका मनमें क्षोभ रहता है। घर आने पर श्रीमाको प्राप्तकर भ्रातगणोंके मृत शरीरमें मानो प्राण आ गये। नित्य कीर्तन-महोत्सव चल रहा है। इसी बीच कई स्थानोंमें विशेष अनुरोधसे बाध्य होकर भ्रमण करने चला गया था। प्रत्येक स्थानमें श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रियाके विग्रहका सानुराग पूजन हो रहा है। जहाँ-तहाँ आनन्द और भाइयोंके हृदयका भाव देखा, वह सब लेखनीसे लिखा जाना सम्भव नहीं है। दादा! इस आनन्द-सिन्धुमें डुबाये रक्खो, जिससे फिर कभी वह न जाऊँ। श्रीमाके श्रीअङ्गोंका कुशल है। सन्तानगणके साथ विशेष आनन्दसे हैं। इस बार तीर्थ-भ्रमणमें आप लोगोंको पाया है, हमारे लिये यही चर्चाका विषय है। जितना ही बोलता हूँ, उतना ही अभिनव रस पाता हूँ और भाइयोंको भेंट करता हूँ।

जय गौर विष्णुप्रिया, प्राण गौर-विष्णुप्रिया। जय हमारे श्रीविष्णुप्रियाजीके गण!

आपका अधम भाई—
वसन्त।"

वसन्त साधुकी बात याद आनेपर, उनके संग सुख स्मरण होनेपर मेरे मनमें अनिर्वचनीय प्रेमानन्दका सञ्चार होता है। मैं सहस्र मुखसे उनके गुणगान करता हूँ। संसारमें सबसे बड़ा पाप है जीवके मनमें उद्वेग पैदा करना और सर्वश्रेष्ठ पुण्य है जीवके प्राणोंको सुख प्रदान करना। वसन्त साधुके जीवनका व्रत था संसारके संतापसे दग्ध जीवके हृदयमें सुख प्रदान करना—मनको आनन्दित करना। इस कार्यमें वे सिद्ध महापुरुष थे। मैंने उनके मुँहसे कभी ऐसी बात नहीं सुनी, जिससे किसीके मनमें किसी प्रकारका उद्वेग पैदा हो। वे सदानन्द पुरुष थे, वे सदा ही हँसमुख प्रफुल्ल चित्त और प्रसन्न मन रहते थे। उनको देखकर स्वतः मनमें भगवत्स्फूर्ति होती थी। उनके साथ बातें करते समय हृदयमें प्रेमानन्दकी तरङ्ग उठा करती थी, उनके अङ्गकी वायुसे सर्व पाप दूर हो जाते थे। उनके निज जनोंसे मुझे पता लगा कि संसार-तापसे दग्ध न मालूम कितने लोग दूर-दूरसे आकर अपनी मनोवेदना उनसे कहते और उनके दर्शन करके, उनके मुँहसे मीठी-मीठी बातें सुनकर एक बार उनके हाथका स्पर्श प्राप्तकर उन लोगोंके सारे दुःख-ताप, सारी ज्वाला-यन्त्रणा दूर हो जाया करती और कहनेको कोई बात नहीं रह जाती। इस प्रकारके पारस-पत्थर थे हमारे वसन्त दादा। उनके गुणगानकी इयत्ता नहीं। जैसे-तैसे दो-चार बातें कहकर मैंने किसी प्रकार अपनी आत्मशुद्धि की है।

त्रिशके लिये प्रस्थान

"बसन्त दादाका बहुतही आग्रहपूर्ण निमन्त्रण था कि बङ्गाब्द १३३० सालके श्रावणके झूलन-पूर्णिमाके उत्सव पर हम लोग त्रिश आवें तथा कामिल्लाग्रामके सुप्रसिद्ध डाक्टर एवं गौरभक्त श्रीअक्षयकुमारजी रायके घर श्रावणकी ३२वीं तारीखको श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-युगल श्रीमूर्तिकी प्रतिष्ठाके महोत्सवमें सम्मिलित भी होवें। कलकत्ता तार-विभागमें इतनी जल्दी छुट्टी मिलनेकी सम्भावना बहुत कम थी इसलिये मैंने उन्हें स्थिति बताते हुए वहाँ जानेकी सन्दिग्धताका-सा समाचार लिखा। इस पर उन्होंने पुनः मुझे निम्नलिखित पत्र लिखा —

परमाराध्य प्राणप्रिय दादा,

मेरे दिनोंसे एक कामना थी, वह कामना प्रियाजी पूर्ण करेंगी या नहीं इसको वे ही जानें। आप इस उत्सवमें पधारेंगे इसकी मैंने सब भक्तवृन्दमें घोषणा करदी है। सभी आपके शुभागमनका सम्वाद पाकर आनन्दसे नाच उठे हैं। आप आनेकी चेष्टा रक्खें, प्रभु और प्रियाजीकी इच्छासे आपको छुट्टी मिल जायगी, मेरे जीवनकी अभिलाषा पूर्ण होगी। यदि हम लोगोंके दुर्भाग्यसे आपकी चरण-धूलि इस देशको प्राप्त न हो सके तो प्रियाजीके लेकर अपने एक प्रतिनिधिको भेजनेकी कृपा करें।

श्रीकुञ्जलाल गोस्वामी पधारें तो कैसा रहे? मैंने तो और किसीको भी पत्र नहीं लिखा। आपका पत्र आनेसे मेरे मनको शान्ति होगी। आपकी चरणधूलि मेरे घरमें नहीं पड़ेगी तो मुझे दारुण दुःख होगा। आपके चरणोंमें मेरा बार बार निवेदन है कि आप अवश्य पधारें। अपने मनकी अन्तिम बात आपको इस बार बताऊँगा।

श्रीगौर स्नेह। जय गौर-विष्णुप्रिया।

आपका सेवक,
बसन्त।"

यह पत्र पाकर मेरा मन बड़ा अस्थिर हो उठा। छुट्टीका आवेदन-पत्र पहिले दिया हुआ था, दूरभाष (टेलीफोन) पर फिर ताकीद की। दस दिनकी छुट्टी मञ्जूर हो गयी है यह सम्वाद पाते ही मैंने उसी दिन श्रीदादाको सूचना भेज दी और त्रिश जानेकी तैयारी करने लगा। मेरे साथ श्रीनित्यगोपाल गोस्वामीका भी जाना स्थिर हुआ। वे नवद्वीपसे आकर मेरे पास उपस्थित हो गये। श्रीदादाके कृपा-पात्र, एक परम सेवानिष्ठ युवा श्रीमान् जगदीशचन्द्र हम लोगोंको साथ ले जावेंगे यह स्थिर हुआ। यह समाचार पाकर श्रीदादाको वर्णनातीत आनन्द हुआ। यह वर्षाकाल था। पूर्व बङ्गालमें नद-नदी-नाले, घाट-बाट, देश-ग्राम सभी उस समय जलमय हो रहे थे। ऐसे समय हम लोग वहाँ जानेको प्रस्तुत हुये थे।

हम लोगोंने २६वी श्रावनके दिन सियालदा स्टेशनसे चट्टग्राम एक्सप्रेस गाडी द्वारा त्रिश कम्पनीगन्जके लिये प्रस्थान किया। दादाके विशिष्ट अनुगत अन्तरङ्ग भक्त श्रीजगदीश साथ थे ही। वे बडी सम्हाल पूर्वक रेल, जहाज और फिर नइनपुर स्टेशनसे नाव द्वारा हमे अपने गतव्यकी ओर ले गये। नइनपुरमे श्रीदादाके सुपुत्र श्रीकालाचाँद भी अपने दल बलके साथ उपस्थित थे। ३१वी श्रावणके दिन अनुमान ९-१० बजे हम लोग नहरके किनारे त्रिशके घाट पर पहुँचे।

महाप्रयाण

वसन्त दादाके साथ मेरा यह मिलन सर्वथा नया नही था। विगत १० वर्षोसे पत्राचारके माध्यमसे मेरा उनका परिचय था। विगत २ वर्षोमे श्रीधाम नवद्वीपमे तथा श्रीक्षेत्रमे दो बार उनका सङ्ग लाभ प्राप्त करनेका सुयोग और सौभाग्य भी प्रभु कृपासे मुझे मिला था। वसन्तदादा गुरुवुद्धिमे मेरा प्रगाढ सम्मान और भक्ति करते थे। वे अत्युज्ज्वल नवद्वीप-रसके रसिक भक्त थे, उस मधुर रसके विन्दु मात्रके आस्वादनकी क्षमता मुझमे नही, अतएव मैं भी उनको उस अत्युज्ज्वल नवद्वीप-रसके भजनका गुरु मानकर परम प्रेममय दादा कहकर सम्बोधन करता था।

हमारी नाव त्रिशमे पहुँचते ही वसन्त दादा प्रेमानन्दमे उन्मत्त होकर अपने भक्तगण और अपूर्व सङ्कीर्त्तनदलके साथ हमारे स्वागतार्थ अपने नहरके किनारे-किनारे अगवानीके लिये आगे बढे। कामिल्लाके उस उत्सवके उपलक्ष्यमे उस समय बहुतसे भक्तजनोका त्रिशमे शुभागमन हुआ था। उस दिन वसन्त दादाका अपूर्व भाव था, उनके मुँहमे मानो हँसी समाती नही थी, मनमे भरपूर आनन्द था। उनके मनमे बडी साध थी कि मैं एक बार त्रिशमे उनके द्वारा प्रतिष्ठित श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-युगल मूर्त्ति तथा उनकी अनुरागपूर्ण प्रेम-सेवाकी रीतिके दर्शन करूँ। इसके लिए उन्होंने पहले भी कई बार विशेष भावसे अनुरोध किया था। कुतेकी वृत्तिधारी मुझ जैसे जीवाधम विषय-कीटको यह सौभाग्य केवल एकमात्र प्रेममय वसन्त दादाके प्रबल प्रेमाकर्षणसे ही प्राप्त हुआ। उस आकर्षणकी कथा लिखनेमे उसका एक अलग प्रबन्ध हो जायगा। अत उसके सम्बन्धमे यहाँ कुछ नही कहूँगा।

वसन्त दादा हमारा स्वागत करके **'प्राण गौर-विष्णुप्रिया, जय गौर विष्णुप्रिया, जय शचीनन्दन, विष्णुप्रियार-प्राणधन'**—इत्यादि मधुमय नाम-कीर्तन करते करते भक्तवृन्दके साथ हम लोगोको श्रीमन्दिरमे ले आये। वह दृश्य कैसा भक्ति-उद्दीपक था, कैसा विचित्र प्रेमसे परिपूर्ण था, वे भाव कैसे अमृतमय थे, कैसे मधुमय थे! जिन्होंने यह दृश्य देखा सदाके लिए उनके हृदय-पटलपर स्वर्णाक्षरोमे उसका सजीव चित्र अङ्कित हो गया। भावनिधि दादाके उस दिनके भाव अति अपूर्व, अति अद्भुत, अति महान, और अति प्राण स्पर्शी थे। उनकी उस दिनकी आनन्दमयी परम पवित्र श्रीमूर्त्ति

जिन्होंने भली भाँति ध्यानसे देखी थी, वे समझ पाये थे कि हमारे प्रेममय दादा एक नये ही प्रेम भावमें तल्लीन हैं। इतना भरपूर आनन्द, इतना उत्साह, प्रेमातिशय्य भाव उनका पहले कभी किसीने नहीं देखा था।

कीर्तनके समय मार्गमें और कीर्तन समाप्त होनेपर श्रीमन्दिरके प्राङ्गणमें हम दोनोंका प्रेमालिङ्गन और प्रेम क्रन्दन उपस्थित भक्तोंके लिए बड़ा ही भावोत्पादक हो गया था। स्नेहमयी श्रीमाके क्रोडमें मुख छिपाकर प्रेम क्रन्दनमें मुझे जो आनन्द मिला, उनके परम पवित्र स्नेहावर्षणकी 'गोपाल'! 'गौर'! की मधुर पुकारमें जो माधुर्य था, उनके आदर-सोहागमें जो मधुवृष्टि होती थी, उसे भुक्तभोगीके सिवाय दूसरा कोई नहीं जान सकता।

कीर्तन शेष होनेपर मेरे साथ दादाकी मनकी कितनी बातें हुईं उनको विस्तार पूर्वक लिखा जाय तो एक ग्रन्थ बन जायगा। दादाकी प्रतिष्ठित श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया श्रीयुगल विग्रह एक अपूर्व वस्तु है। ऐकान्तिक प्रेम सेवाके फलसे श्रीविग्रह मानो चिर-सौन्दर्य और परिपूर्ण माधुर्यभावका अनुपम आधार बनकर श्रीमन्दिरको आलोकित करते हुए रत्नसिंहासनपर आसीन हैं और उनका प्रफुल्ल हास्य वदन, सहज स्वभाव-सुन्दर प्रेमालिङ्गन भाव एवं परिपूर्ण नदिया माधुरी-मय सुवलित सर्वाङ्ग सौष्ठव गठन नवद्वीप-रसलोलुप रसिक-भक्तवृन्दके मन प्राण हरण कर रहे हैं। श्रीमूर्त्तिके दर्शन मात्रसे एक मधुमय प्रेमभावकी तरङ्ग, एक अभूतपूर्व नदिया-माधुरीकी किरण छटा, बिजलीके प्रवाहके समान दर्शक वृन्दके अङ्गोंमें प्रवाहित हो जाती है। श्रीप्रभु व प्रियाजीकी प्रेमसेवाकी सुव्यवस्था, उनकी प्रिय वस्तुओं द्वारा भोगरागका प्रबन्ध, विचित्र वसन-भूषण और शयनासनादिकी परिपाटी देखकर नयन सार्थक हो गये। श्रीप्रभुके अपने मन्दिरमें और प्रियाजीके पित्रालयमें उन्हें जो सुख स्वच्छन्दता कभी नहीं मिली, आज इस भिन्न प्रान्तमें एक पाण्डव वर्जित त्रिपुरा जिलेके नाना स्थानोंपर अनुपम सुश्वैर्यके साथ श्रीश्रीगौर विष्णुप्रिया परम समादरके साथ पूजित और सेवित हैं—यह देखकर मेरे मन-प्राण प्रेमानन्दसे परितृप्त हो उठे। श्रीविष्णुप्रिया परिवारके श्रीनित्यगोपाल गोस्वामी मेरे साथ थे, उनको ये सब बातें बताकर मैंने अपनेको कृतार्थ किया। यहाँ जो देखा उससे हमको अनेक शिक्षाएँ मिलीं।

भक्तगणोंके साथ प्रेमानन्द पूर्वक प्रसाद-भोजनके उपरान्त प्रेममय दादाने परम मङ्गल गौर-कथाके प्रसङ्गमें उन्होंने उस दिन मनकी अनेक बातें बताईं। मुझे क्या पता था कि मेरे प्राणप्रिय दादा हमको धोखेमें रखकर उसी दिन गौरधाम चले जायेंगे। बातोंही बातोंमें उस दिन सिद्ध चैतन्यदास बाबाजीकी बात उठाकर वे बोले—

"आमार भजन हइल सारा।
गौराङ्गेर काछे आमि, काछे आमार गौरा॥"

इसके साथ उन्होंने यह भी कहा—"दादा ! मेरी बडी इच्छा थी कि महात्मा शिशिर बाबूको मेरे कुटीरके श्रीश्रीनदिया-युगल-विग्रहके दर्शन कराकर धन्य होऊँ, लेकिन मेरी वह आशा अपूर्ण ही रही । तुमने मेरे प्राणोंके ठाकुर-ठकुरानीको देख लिया इससे आज मेरा वह दुःख दूर हो गया, कारण तुम्हारे देखनेसे शिशिर बाबूका देखना हो गया, ऐसा मेरा दृढ विश्वास है । मेरा काम पूरा हो गया, मेरा भजन भी पूरा हो गया, तुम्हारे साथ मिलन हो गया, तुमको मेरे प्राणोंकी वस्तु श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया श्रीविग्रह दिखा दिया, बस मेरी प्राणोंकी आकाक्षा पूर्ण हो गई ।"

दादाकी इन बातोंका मर्म समझनेकी शक्ति उस समय मुझमें नहीं थी । पहिले भी बातों ही बातोंमें एक बार दादाने मुझसे कहा था—"पहिले कितने जन्मोंमें कई देवताओंके नाम लेकर मरा हूँ, अबकी बार गौर विष्णुप्रिया नाम लेकर मरकर देखूँ ।" आज फिर उन्होंने इसी ढगकी बात कही । मैंने सहज रूपसे कहा—"इससे बढकर सौभाग्य और क्या हो सकता है ।" दादा मेरे मुखकी तरफ देखकर मधुर मुस्कराए । इस हँसीका मर्म 'अबकी बार गौर-विष्णुप्रिया कहकर मर कर तुमको दिखाऊँगा' अब समझमें आया ।

इसके बाद दादाने स्वरचित श्रीश्रीगौरविष्णुप्रिया सम्बन्धी दो एक मधुर पद स्वय पढकर मुझको सुनाए । सब भक्तवृन्द वहाँ उपस्थित थे । दादाके मुखसे उनके स्वरचित पद बडे ही मधुर लगे । उनका परम सुख और आनन्दका विषय था श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-सेवा-प्रकाश व श्रीनामकीर्तन—जिसके सम्बन्धमें कितनी ही बातें हुईं ।

कामिल्ल्या ग्राममें प्रतिष्ठित करानेके लिये श्रीधाम-नवद्वीपसे बनवाकर श्रीश्रीगौर विष्णुप्रियाकी दारु मूर्ति एक वर्ष पूर्व दादाके घर शिवगे मँगाई गयी थी । न मालूम क्यों वह मूर्ति दादाको पसन्द नहीं आई । उन्होंने दुबारा अपने भास्कर (मूर्ति निर्माता) द्वारा श्रीमूर्तिका पुनर्गठन एव अङ्गराग अपने सम्मुख बैठाकर करवाया यह बात उन्होंने मुझे बताई और वही श्रीमूर्ति उन्होंने मुझे दिखाई भी । कैसी अनुपम श्रीमूर्ति थी ! श्रीश्रीनदिया युगलकी रूप माधुरी अपूर्व थी । प्रियाजीकी श्रीमूर्ति तो मानो जीवित प्रतिमूर्ति ही हो । देखने मात्रसे ही प्राण शीतल होते और मन प्रेमानन्दसे विभोर हो जाता ।

अपराह्नमें श्रीनदिया युगलकी यही नव-मूर्ति लेकर कामिल्ल्या जानेका सब प्रबन्ध ठीक हो गया था । श्रीयुगल नव मूर्तिके मस्तकके लिये मुकुट, गलेके लिए हार, हाथोंके लिए बाजूबन्द, पैरोंके लिए नूपुर आदि दो तीन हजार रुपयेके स्वर्णालङ्कार मगाकर, दिव्य पटवस्त्र पहनाकर श्रीमूर्तिद्वयका अपूर्व शृङ्गार किया

गया। घाट पर एक अति सुन्दर बजरा तैयार था, एक अंग्रेजी-बाजेका दल नौका पर था। भक्तवृन्दोंके जानेके लिये १०-१२ नौकाएँ तैयार थीं। सङ्कीर्तन दलके सभी लोग प्रस्तुत थे। श्रीनदिया-युगल-श्रीमूर्तिको लेकर वाद्यभाण्ड और सङ्कीर्तनके साथ समारोह कामिल्लाके लिए प्रस्थान करना है। अनेक भक्त रमणीवृन्द अपने स्वामी अथवा आत्मीय स्वजनोंके साथ उत्सव दर्शनके लिये दादाके घर आई हुई हैं। उपस्थित सभी कामिल्ला जायेंगे। समय अन्दाज पाँच बजेका है। बसन्त दादाने स्नान करके वस्त्र बदला, और श्रीमन्दिरके प्राङ्गणमें आकर मुझको प्रणाम करके कीर्तनमें उतरे। उनके अपूर्व कीर्तनका प्रथम चरण था—'विष्णुप्रियार प्राण गौराङ्ग गौराङ्गेर प्राण विष्णुप्रिया'—इस पदको केवल तीन बार गाकर प्रेमानन्दमें मधुर नयन-रञ्जन नृत्य करते-करते श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया श्रीविग्रहके नेत्रोंमें अपनी दृष्टि स्थिर रखकर अपूर्व दर्शनानन्दमें तल्लीन होकर वे श्रीमन्दिरके प्राङ्गणमें लुढ़क गये। अब दादाको सञ्ज्ञा नहीं रही। शरीर शीतल, उत्तान नयन, देग, महासमाधिस्थ हो गये। मेरे प्राणप्रिय बसन्त दादा फिर न उठे। श्रीविष्णुप्रियादेवीने मानों उनको अपनी गोदमें ले लिया। सङ्कीर्तन मृदुभावसे चलने लगा, श्रीमन्दिरका प्राङ्गण लोगोंसे खचाखच भर गया। व्याकुलमी स्नेहमयी श्रीमा आकर दादाको गोदमें लेकर बैठ गयीं, और करुण स्वरमें 'गोपाल! गोपाल रे! कामिल्ला नहीं जायगा? बात तो करो! बोलो तो सही!' इस प्रकार अपूर्व वात्सल्य-भावसे दादाको पुकारने लगी। प्रेमक्रन्दनके कोलाहलसे श्रीमन्दिरका प्राङ्गण पूर्ण हो गया। भक्त-वृन्दकी हाहाकार-ध्वनिके साथ पुर-नारियोंके हृदय-विदारक क्रन्दनसे मिलनेसे आनन्दोत्सवमें निरानन्दका स्रोत बह चला। कुछ समय तक समाधिस्थ रहकर सारी भक्तमण्डली और निजजनोंको रुलाकर पूर्वबङ्गको अन्धकारमय करके हमारे प्राणप्रिय दादा गौर-धाममें चले गये। उसके बाद जो कुछ हुआ, उसका वर्णन करनेकी सामर्थ्य लेखनीमें नहीं है। श्रीमाकी दशा मैंने अपनी आँखोंसे देखी सो है, परन्तु उसको लिखकर व्यक्त करना मेरे लिए साध्य नहीं है। पता लगा था कि श्रीदादा अपने किसी अन्तरङ्ग भक्तको बता गये थे कि श्रीभगवान् युग युगमें अपनी जानीको बहुत दुःख देकर गये हैं वे श्रीमाको भी कुछ दुःख देंगे। जो बात उन्होंने कही वही हो गई।

इस प्रकार तारीख २१ श्रावण बङ्गाब्द १३३० साल, श्रावण शुक्ला पञ्चमी तिथि, गौराब्द ४३७ के दिन कुमिल्ला जिला निवासी रागमार्गके श्रेष्ठ साधक श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-युगल भजन परायण, नवद्वीप-रस-रसिक-श्रेष्ठ भक्त प्रवर श्रीबसन्त कुमार दे महाशयने अपने स्वप्रतिष्ठित इष्ट देवता श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया श्रीविग्रहके मंदिर प्राङ्गणमें गौर-कीर्तनानन्दमें बीच अवसरमान समाधि प्राप्तकर गौरधाममें महाप्रयाण किया।

महाप्रयाण के बाद

वसन्त दादाकी हार्दिक इच्छा थी —कामिल्ल्यामे जाकर श्रीश्रीनदिया-युगल श्रीमूर्तिकी प्रतिष्ठाके कार्यको सम्पन्न करनेकी, श्रीमाका आदेशभी यही था। दादाकी वासनाको पूर्ण करना, और श्रीमाके आदेशका पालन करना अब हमारा प्रधान कार्य हो गया। इस कार्यका गुरुभार पड़ा मुझ जैसे अयोग्य जीवाधम पर। दूसरे दिन प्रातःकाल श्रीमान् नृत्यगोपाल गोस्वामी तथा भक्त-मण्डलीके साथ श्रीविग्रहको लेकर नाव द्वारा हम लोग कामिल्ल्या गये तथा वहाँ हम लोगोंने दादाकी कामना और श्रीमाके आदेशको पूरा किया। त्रिपुरा जिलाके कामिल्ल्या ग्रामके प्रसिद्ध धनी श्रीअक्षयकुमार रायने बड़े समारोहके साथ श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया युगल-विग्रहकी प्रतिष्ठा करायी। पक्के नये ईटोंके श्रीमन्दिरमें बहुमूल्य स्वर्णालङ्कारसे विभूषित श्रीविग्रहका दर्शनकर लोग आनन्दोन्मत्त हो उठे। इस प्रतिष्ठाकार्यमें २०-२२ हजार रुपये व्यय हुए थे।

इतने निरानन्दके बीच भी इस उत्सवमें कामिल्ल्यामें वसन्त दादाका अपूर्व प्रभाव लक्षित हुआ। प्रत्यक्ष दर्शी भक्तवृन्दने इसका अनुभव करके विशेष आनन्द प्राप्त किया था। निकटस्थ गुन्जार ग्रामके निवासी दादाके एक अनुगत भक्तने कहा कि दादाके महाप्रस्थानके बाद उसने उनको नौकासे कामिल्ल्या जाते हुए देखा था। वे दादाके तिरोभावकी बात नहीं जानते थे। उन्होंने दादाको देखकर पूछा था—"इतनी रातमें आप अकेले कहाँ जा रहे हैं?" दादाने उत्तर दिया—"कामिल्ल्याके उत्सवमें जा रहा हूँ, विशेष कामसे दूसरे गाँव गया था, इसीसे देर हो गयी।" इस प्रकारके अलौकिक कार्य सिद्ध पुरुषोंके लिए असम्भव नहीं हैं।

श्रीदादाके असख्य अनुगत भक्तों, शिष्यों और प्रशिष्योंमें शिक्षित व धनी महाजनोंकी सख्या कम नहीं है। चटगाँवके प्रसिद्ध धनी जमींदार और व्यापारी श्रीयुक्त अमरकृष्ण राय (जो बङ्गालमें पष्ट धनी बोलकर प्रसिद्ध थे), ब्राह्मण वेड़ियाके जमींदार महाजन श्रीहरचन्द्र व नवद्वीपचन्द्र राय, बरीशाल वासण्डाके जमींदार श्रीकिरण कुमार रायचौधरी, प्रसिद्ध व्यवसायी व जमींदार श्री गोविन्दचन्द्र राय, ब्राह्मण-वेड़ियाकी हाई स्कूलके भूतपूर्व हेडमास्टर श्रीविधुभूषण सरकार बी०ए०, जमींदार श्रीरजनीकान्त राय, श्रीप्रकाशचन्द्र प्रतापचन्द्र घोष, कामिल्ल्याके प्रसिद्ध धनी महाजन श्रीअक्षयकुमार राय व बिहारीलाल राय, एव बहु उच्च शिक्षित वकील शिक्षक, प्राध्यापक, प्रभृति वसन्त दादाके बहुतसे शिष्य एव एकान्त अनुगत भक्त थे। श्रीदादाके उपयुक्त स्मृतिचिन्ह बनाये रखनेके लिए ये लोग अवश्य ही यत्नवान होंगे इसमें सन्देह नहीं।

श्रीदादाके एकान्त अनुगत भक्त श्रीविधुभूषण सरकार एक विशिष्ट वैष्णव साहित्यिक हैं। उनको लीला-कथा लिखनेका भार उन्हींको सौंप कर हम लोग चले आए।

दादाकी अवस्था ६८ वर्षकी हो गई थी। उनके दोनों पुत्र प्राणबोद और निशिकान्त परम भक्तिमान एवं श्रीश्रीगौर विष्णुप्रिया-नयानिष्ठ हैं। वे अपने पूज्य पिताजीके अनुरूप ही साधु पुरुष हैं वे अपने पितृदेवके नामकी रक्षा करनेमें समर्थ होंगे इसकी मुझे पूरी आशा है।

२६ भाद्रपद शनिवारके दिन गौर-धामगत वसन्त साधुका श्राद्धादि-कर्म क्रियाम यथाविधि बड़े समारोहके साथ सम्पन्न हुआ। वसन्त दादाके अनुगत भक्त-वृन्द जहाँ-जहाँ थे, वहाँ सबने अखण्ड कीर्तनादिके द्वारा उनका तिरोभाव महोत्सव मनाया गया। उस दिन मैंने श्रीदादाके अनुगत श्रीयुत् जगन्नाथ सेन गुप्तके घर पर कलकत्तेमें इस अवसर पर उपस्थित रहकर कीर्तनमें योगदान किया था।

वसन्त दादाके कुछ पत्रोंका संकलन

[श्रीमहाप्रभुजीने श्रीनित्यानन्दजीको आज्ञा दी थी कि वे गौड़ देशमें जाकर प्रेम-भक्तिका प्रकाश करें। वर्तमान समयमें श्रीनित्यानन्दजीने पहिले यह कार्य श्रीशिशिरकुमार घोष द्वारा करवाया था। इनकी काव्य रचनाका उपनाम था 'बलरामदास'। वसन्त साधुको अपनी विवाहिता पत्नीमें मातृभाव धारण करनेकी प्रेरणा करते हुये उन्होंने जो पयार छन्द उनको लिखकर भेजा था उसके अन्तिम चरणमें लिखा था—"कि भय तोमार आमि तव भाइ, 'बलरामदास' जानिओ निताई।" श्रीहरिदासजीके कुलके ठाकुर भी श्रीनित्यानन्दजी थे। उन्होंने अपने 'श्रीगंभीराय विष्णुप्रिया' पुस्तकके निवेदनमें यह स्पष्ट किया है कि इन सब रचनाओंका इतिहास अमोघ परमानन्द अवधूत श्रीनिताई चाँदकी अयाचित कृपा-करुणाकी अपूर्व महामहिमाका एवं उनके पतित पावन नामकी अद्भुत महिमाका है। पूर्व बंगालमें यह कार्य करवाया त्रिपुरा जिलेके निशा गाँवके श्रीवसन्तकुमार देवके द्वारा। उनके द्वारा श्रीहरिदासजी गोस्वामीको लिखे गये पत्रोंसे पता चलता है कि श्रीगौर-विष्णुप्रिया सेवा धर्मका प्रचार किस भाँति हो रहा था। उन्हीं कुछ पत्रोंका संकलन यहाँ दिया जा रहा है।]

१. त्रिपुरा जिलाके गोपालपुर निवासी श्रीरूपचन्द्रदास तथा उनकी पत्नीने २० श्री पंचाननको श्रीगौरविष्णुप्रियाकी सेवा ग्रहण की। दो दिनके उपरान्त ही उनकी पत्नी रात्रिको स्वप्न देखकर विह्वल होगईं। उनकी अवस्था देखकर घरके सभी लोग उनके पास घेरे आये। सान्त्वना पाने पर भी वे कुछ बोल न सकीं।

उन्होंने देखा कि श्रीविष्णुप्रिया देवीकी परम उज्ज्वल मूर्त्ति उनको कह रही है कि 'तुमने आज रक्तवर्ण फूल द्वारा पूजाकी है, ऐसा फूल अब नहीं देना, सफेद गन्धयुक्त, पुष्पसे श्रीगौराङ्गकी सेवा की जाती है'। स्वप्न टूटने पर भी उनके रूपकी ज्योतिकी चकाचौंध प्राणों और आखोंसे दूर नहीं हुई। उनकी इस प्रकारकी अवस्था देखकर अनेक लोग आश्चर्य चकित और मोहित हो गये। उससे यहांके अनेक लोग श्रीगौर-विष्णुप्रिया-सेवा ग्रहण करनेको व्याकुल हो रहे हैं।

२ चान्दपुर पाइकपाडा स्कूलके हेड पण्डित श्रीयुक्त गोकुलचन्द्र कर छुट्टियोंके दिनोंमें गत आश्विन मासमें कई भक्तोंके साथ यहाँ आये थे। वे कोई भक्तिभाव लेकर नहीं आये थे, बल्कि त्रिशमें क्या कुतुहल है इसको देखने आये थे। सध्याके आरती और कीर्त्तन सुनते-सुनते वे विह्वल हो गये और फिर उन्मादीकी भाँति नृत्य करते रहे। कुछ समयके बाद चेतना हुई तब देखा गया कि उनके मुखपर उज्ज्वल कान्ति है, चक्षु टलमल भर रहे है, किसीसे कुछ बोल नहीं रहे हैं। उन्हे रात्रिको निद्रा भी नही आई। प्रात काल मुझे और विधुबाबूको एकान्तमें लेकर बोले कि कल जब मैं आरती और कीर्त्तनके दर्शन कर रहा था उस समय कृष्ण वर्णका एक बालक आकर बोला 'तुम मुझे नहीं जानते ? मैं कृष्ण हूँ और यहाँ विष्णुप्रियाके साथ गौर-लीला कर रहा हूँ। इस घरके लोगोंकी अवज्ञा नहीं करना।' (गोकुल पण्डितने बादमें स्वय अपने मुँहसे बताया था कि यहाँ आकर उनको कोई श्रद्धा-भक्ति नहीं हुई थी, यहाँ तक कि उन्होंने ठाकुरजीको प्रणाम भी नहीं किया था) इतना बोलते-बोलते उन्होने उच्च स्वरसे क्रन्दन करना आरम्भ कर दिया, उस समय वे जिन जिनके पास गये उसीके पास लोट पलोट होने लगे। उनकी ऐसी अवस्था देखकर सभी विस्मयापन्न हो गये।

३. फेणीके विधुबाबूकी गौर-विष्णुप्रिया सेवा देखकर किसी एक नाजिरकी एक विधवा कन्याने गौर-विष्णुप्रिया-सेवाव्रत ग्रहण किया। उसकी अवस्था २०-२१ वर्षकी होगी। उसका नाम है दुखीकी मा। उसके दो वर्षकी अवस्थाकी एक पुत्र सन्तान थी। सेवाव्रत ग्रहण करनेके कुछ समय बाद ही उनका पुत्र मर गया, तब तो वास्तव मे वह दुखीकी मा हो गई। ठाकुरजीकी इच्छासे इस बालिकाने पुत्र-शोकका अधिक अनुभव नहीं किया। उसकी भक्ति और भी दृढ होगई। उसके स्वामीका घर विक्रमपुर रसुनिया ग्राममें है। पुत्रके मर जानेके बाद उसके देवर और जेठ उसकी ओरसे और उसके ठाकुरजीकी ओरसे बहुत विरक्त हो गये। गत आषाढ मासमें दुखीकी मा युगल-ठाकुर श्रीगौर-विष्णुप्रिया-विग्रह लेकर स्वामीके घर गई। नाव रसुनिया ग्राम

पहुँचतेही उसके देवर और जेठ लाल-आँखें करके कहने लगे कि ठाकुरजीको लेकर अपने पितृ-गृहमें रहो या ठाकुरजीको जलमें फेंककर हम लोगोंके घर चलो। दुखीकी मा ठाकुरजीको लिए हुए नौका पर रोने लगी। अन्तमें घरमें एक छोटी-सी कोठरी ठाकुरजीके लिए देनेकी बात हुई। वहाँ ठाकुरजी विराजमान किये गये। दूसरे दिन ठाकुरजीको भोग राग देना होगा—सुनकर फिर उपद्रव खड़ा हो गया। कोई बोला—'ठाकुरजी थोड़े ही हैं? हम लोगोंके सामने यदि खावें तो विश्वास करें। सुमन हविष्यके बहाने दोनों वक्त अच्छे अच्छे खाद्य पदार्थ अपने खानेके लिए उपाय रचा है।' कोई बोला—'कायस्थकी लड़की होकर ठाकुरजीके लिये भात व्यञ्जन राँधेगी ऐसी बात तो आज तक सुनने में नहीं आई इसी पापसे तो पुत्र मर गया, और न जाने क्या क्या होगा।' जो हो, रन्धन शेष होने पर अन्न-व्यञ्जन और दूधकी कटोरी सजाकर ठाकुरजीके निकट रखी गई और उनमें तुलसी-दल देकर कपाट बन्द कर दिए गए। दुखीकी मा बाहर आकर दण्डवत होकर पड़ी रही। अनेक लोग बाहर कौतूहल-वश चारों ओर खड़े रहे। दो तीन मिनटके बाद कपाट खोलकर देखा गया कि अन्न व्यञ्जन और दुग्धके सभी पात्र खाली थे, ठाकुरजीने समस्त ग्रहण कर लिया था। मेरे दयालु ठाकुरने भक्तकी महिमा बढ़ानेके लिये इस प्रकारकी अलौकिक घटना दिखाई। इस प्रकारकी अलौकिक घटनाएँ अक्सर प्रकाशित होती रहती हैं। चार पाँच बी० ए० उपाधिकारी सुशिक्षित व्यक्तियोंके बीच इस प्रकारकी अप्राकृतिक घटना हुई है। ये सब देखकर लोग स्वयं ही श्रीश्रीनदिया-युगल-सवाम आकृष्ट हो रहे हैं।

४   १८वीं [illegible]से २२वीं पर्यन्त ब्राह्मणबाड़ियामें उत्सव हुआ था। ढाका, फरीदपुर और बरीसालसे अनेक शिक्षित युवक आये थे। अबकी बार ब्राह्मणबाड़ियामें श्रीयुत जगत बाबूके परम श्रीश्रीगौर विष्णुप्रिया श्रीविग्रहके दर्शन करकर सारासर सभी विमोहित हुये थे। चाँदपुरके एक विशिष्ट व्यक्ति इस उत्सवमें आये थे। वे जातिके कायस्थ थे, उनका व्यवसाय था आयुर्वेदिक चिकित्सा। पहिले वे अनेक सम्प्रदायोंमें गये लेकिन उनको कहीं भी तृप्ति नहीं हुई। ब्राह्मणबाड़ियामें क्या होता है इसीको देखने वे आये थे। एक दिन कीर्तनमें

वे लोट पलोट होने लगे, तबसे चार दिन पर्यन्त बाह्य ज्ञान शून्य रहे, बीच-बीचमे 'कैसी लीला, कैसी लीला' बोल उठते थे। इस अप्राकृत भावमें ही उनके सङ्गी उनको घर ले गये। दादा! प्रभुके जो लीलाखेल हो रहे हैं उनको कहाँ तक लिखूँ ?

एक घटना और सुनिये। शुविल स्कूलके हेडमास्टर तारक बाबूने मुझसे प्रश्न किया-'नवद्वीप रस उन्नत और उज्ज्वल है, ब्रजलीलामें जैसे राधारानीकी मान लीला देखनेमे आती है नवद्वीपमें उस प्रकारकी प्रियाजीकी मानलीला कुछ है क्या ?' मैंने उत्तर दिया—'निश्चय ही है। वह किस प्रकारकी है यह मैं तुमको एक सप्ताहके भीतर-भीतर बताऊँगा।' उसके दूसरे ही दिन प्रातःकाल श्रीहरिचरण आचार्यने (जिनका गुरुदत्त नाम रघुनाथ है) नरसिंहदीसे आकर श्रीमती विष्णुप्रियाके मान-भञ्जनका एक प्रबन्ध मेरे हाथमें दिया। तारक बाबूके साथ मेरी जो बात हुई उसको दूसरा कोई नही जानता। केवल प्रियाजीके निकट मैंने निवेदन किया था। श्रीहरिचरण आचार्यने भावमें जो लीला देखी वह कवितामें लिखकर मुझे दी। आपके आस्वादनके लिये वह कविता भेज रहा हूँ।

(यह कविता खोजने पर भी नही मिल पाई)

५ ब्राह्मणवाडियाके श्रीमान् नवद्वीप राय पुरीधाम गये थे। श्रीजगन्नाथजीके मन्दिरमें गरुडस्तम्भके पास जिस स्थान पर खड़े होकर प्रभु जगन्नाथ-दर्शन किया करते थे, जगन्नाथजीके सन्मुख उसी दीवालपर श्रीजगन्नाथजीकी इच्छासे श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रियाका चित्र अंकित हुआ है। श्रीमान् नवद्वीप राय अपनी आँखोंसे उसके दर्शन करकर आये है। इसकी छानबीन करनेसे पता लगा कि एक चित्रकारने अपने आप श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रियाके इस चित्रको अंकित किया है। पुजारी, पण्डा या मैनेजर किसीने भी उसको इस प्रकारका आदेश नही दिया था। चित्रकारने अपने आपही दीवाल पर श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-युगल चित्र अंकित किया यह बडे रहस्यकी बात है।

(बसन्त दादाने प्रभुपाद श्रीहरिदासजी गोस्वामीको बहुतसे पत्र लिखे थे। उनमेसे जो सर्वप्रथम लिखा था उसका उद्धरण तो अप्रत्यक्ष मिलन परिच्छेदमे आ गया। कलेवर बहुत न बढ जाय इसलिये और पत्रोंका समावेश इसमें नही किया जा रहा है। बसन्त दादा अपने पत्रोंमें प्राय. तिथि नही लिखा करते थे इसलिये यह पता नही लगता कि कौनसा पत्र कब लिखा गया। प्रभुपाद श्रीहरिदासजीने कभी अपने लिखे पत्रोंकी नकल नही रखी इससे उनका

कोई अनुसन्धान नही मिलता। श्रीदादाके भक्त श्रीविधुभूषण सरकार द्वारा या और किसी भक्त द्वारा सङ्कलित बसन्त दादाकी जीवन-कथाका पता चला और उसको हिन्दीके पाठकोंके समक्ष रखनेका अवसर आया तो उसमे उन पत्रोका समावेश कुछ किया जा सकता है।

अपने प्रत्येक पत्रमे प्राय बसन्त दादा अपना भाव स्वरचित पदोंमे व्यक्त किया करते थे। श्रीहरिदासजीने एक स्थानपर लिखा था कि उन पद्यावलियोका संग्रह हो रहा है, लेकिन अभी तक उनका कोई अनुसधान नही मिल पाया है।)

पूर्व वङ्गालमें श्रीश्रीगौरविष्णुप्रिया-युगल-सेवा-प्रकाश

•

[पूर्व वङ्गाल की प्रथमयात्रा प्रभुपाद श्रीहरिदासजी गोस्वामी द्वारा लिखित]

नरसिंहदीमें पुष्प-डोल उत्सव

२४वी वैशाख, बगाब्द १३३२ साल,

गौराब्द ४३९ के दिन श्रीश्रीगौर विष्णुप्रिया सेवा-प्रकाश और नाम-सकीर्तन-प्रचारमे श्रीपाद नृत्यगोपालजी गोस्वामी तथा श्रीखंडके ठाकुर परिवारके श्रीयुत् किशोरानन्दजीके साथ नरसिंहदी (ढाका) मे नवद्वीप-रस-रसिक, श्रीश्रीनदिया युगल-भजन-निष्ठ, गौर-भक्त प्रवर श्रीहरिचरण आचार्यके घर मे पुष्प-डोल उत्सवमे सम्मिलित हुआ। रास्तेमे नारायणगजमे श्रीउपेन्द्रनाथ सेनके श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया मन्दिरमें कई घण्टे विश्राम किया और प्रसाद पाया। (उपेन्द्रबाबूके घरमें श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-सेवाकी परिपाटी तथा वैष्णव-सेवाके आग्रहातिशय्यको देखकर परम आनन्दित हुआ।) यह नरसिंहदीका समारोह वार्षिक महोत्सवका रूप ग्रहण कर चुका था। उक्त अवसर पर बहुतसे भक्तोका समागम हुआ करता था, प्रेम आनन्दकी तरगें लहराया करती थी। हम लोगोंके भाग्यमे इसका दर्शन-लाभ इस बार ही लिखा था। चट्टगांवके श्रीअमरकृष्ण राय और तारकचन्द्र सिंह महाशय नारायणगजमे हमारी प्रतीक्षा कर रहे थे। हमारे साथ-साथ ही वे भी उसी दिन नरसिंहदी उत्सवमे आये।

दो वर्ष पूर्व त्रिशाके बसन्त साधु (श्रीदादा) के आकर्षणसे झूलनोत्सवके उपलक्ष्यमे इधर आना हुआ था, उस समयका "श्रीदादा" के महा प्रयाणका, उत्सवके हर्ष विषादमय विवरणका उनके देह त्यागके उपरान्त भी नौका द्वारा सशरीर उत्सवमे शामिल होनेकी घटनाका एव कामिल्लामे अक्षय कुमार रायके घर श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-युगल विग्रह-प्रतिष्ठाका वर्णन पहले आ चुका है।

सर्व प्रथम त्रिशाके पाण्डव वर्जित देश कामिल्लामे बसन्त साधुकी अक्षय-कीर्ति स्वरूप श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-सेवा-प्रकाश व नाम-कीर्तन देखकर मन ही-मन अन्यान्य

स्थानीय प्रतिष्ठित नदिया-युगल-सेवा दर्शनकी अभिलाषा जाग्रत हुई थी। वह अभिलाषा प्रभु व प्रियाजीने आंशिक भावसे आज पूर्ण की।

ढाकाके नरसिंहदी गाँवमें श्रीहरिचरण आचार्य द्वारा प्रतिष्ठित श्रीश्रीनदिया-युगल श्रीमूर्तिके अपूर्व दर्शन हैं। यहाँके श्रीविग्रह-युगल पद्मासनपर रत्नसिंहासनके ऊपर दण्डायमान श्रीमूर्ति है। श्रीविश्वम्भर और विष्णुप्रियाका अपूर्व मिलन है। यहाँके श्रीविग्रहकी पूर्वकी लीला-कथा लिखी जाय तो एक उपादेय भक्ति-ग्रन्थ बन जाय।

पूर्वबङ्गमें श्रीश्रीगौर विष्णुप्रिया-युगल-सेवा नरसिंहदी ग्राममें ही सर्वप्रथम प्रतिष्ठित हुई। तत्पश्चात् त्रिपुरा जिलेके किसी ग्रामके वसन्त साधुके घरपर इस सेवाकी प्रतिष्ठा हुई। वृद्ध श्रीहरिचरण आचार्यका कथन है कि प्रभुने पूर्वबङ्गमें भ्रमण करते समय इस स्थानको भी अपनी चरण धूलिसे धन्य किया था। यह बात उन्होंने एक प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थमें देखी थी। शायद इसीलिये नरसिंहदीमें श्रीश्रीगौर विष्णु-प्रियाका आविर्भाव माना जाता है और इसका प्रभाव भी है। यह स्थान आजकल वैष्णव-तीर्थके रूपमें परिणत हो गया है। प्रतिवर्ष पुष्प दानके अवसरपर वैशाख मासमें यहाँ महामहोत्सव होता है।

त्रिपुरा महाराजके मन्त्री गौरधामगत वैष्णव अग्रगण्य स्वनामधन्य श्रीराधारमण घोष महाशय बहुत दिन पूर्व यहाँ आकर श्रीश्रीनदिया युगल विग्रहके दर्शन करकर परम आनन्दित हुए थे। हरिचरण आचार्य महाशयसे उनका घनिष्ठ सम्बन्ध उसी समयसे चला आ रहा है।

पहले श्रीगौराङ्ग प्रभु यहाँ अकेले ही प्रतिष्ठित थे। कुछ दिनोंके बाद वे प्रियाजीके साथ इस स्थानमें विराजमान हुए। इस घटनाका एक इतिहास है जिसका वर्णन करनेसे प्रबन्ध बहुत बड़ा हो जायगा। त्रिताम श्रीविष्णुप्रिया देवीकी श्रीमूर्ति लाकर वसन्त साधुने बड़े समारोहसे नरसिंहदीमें श्रीगौरसुन्दरके साथ देवीका शुभ विवाह उत्सव सम्पन्न किया था। त्रिपुरासे नौका द्वारा बहुतसे लोग इस शुभ विवाहका द्रव्यसंभार लेकर कन्या व वर-यात्रीदल बनकर नरसिंहदीमें आकर एकत्रित हुए थे। श्रीचैतन्य-भागवतमें वर्णित श्रीवृन्दावनदास ठाकुरकी निम्नलिखित वाणी—मानो यहाँ प्रत्यक्ष फलित हो गयी थी।

"जेबा हेर मूर्तिर विवाह देखिले नयने।
सर्व्वपापमुक्त जाय वैकुण्ठ भुवने॥
से प्रभुर विवाह लोके देखये साक्षात्।
तेञि तौर नाम दयामय दीननाथ॥"

श्रीश्रीगौर विष्णुप्रियाकी श्रीमूर्तिके शुभ विवाहके उपलक्ष्यमें इस स्थानमें उस समय जो महा महोत्सव सम्पन्न हुआ, जन-साधारणका समूह जिस प्रकार एकत्रित हुआ और भक्तोंके हृदयमें प्रेमानन्दका जैसा अविरल स्रोत प्रवाहित हुआ, वैसा

कहीं भी देखनेमें नहीं आया। राज-पुत्रके विवाहकी तरह इस विवाहके शुभकार्यमें अपार धन-राशि व्यय हुई थी। इस अपूर्व परम-आनन्दकी कथाको प्रत्यक्षदर्शी आज भी जब वर्णन करते हैं तो श्रोता भक्तगण सब प्रेममें आत्म-विस्मृत हो जाते हैं। इस प्रेम-आनन्दमय महा-महोत्सवका सम्पूर्ण वृत्तान्त लिखा जाय तो एक परम उपादेय भक्ति-ग्रन्थ बन जायगा।

नरसिंहदीके उत्सवमें इस बारभी परम-आनन्दकी तरङ्गें उठीं। हरिचरण दादा काठकी पुतलीके समान आँगनमें एक ओर खड़े-खड़े आनन्द-मग्न हो रहे थे। न जाने कहाँसे सैंकड़ों-हजारों आदमी आकर उनका सारा कार्य कर रहे थे, और नाना प्रकारके द्रव्योंसे घरका भण्डार भर रहे थे। वे धनी पुरुष नहीं हैं, सालमें गौराङ्ग लीलाके काव्यको गा-गाकर जो कुछ उपार्जन करते हैं, इस वार्षिक उत्सवमें वह सब पूराका पूरा व्यय कर देते हैं।

महेशचन्द्रपाल यहाँके एक विशिष्ट व्यापारी हैं। वे भी गौर-विष्णुप्रिया भजन-निष्ठ हैं। उनके घरपर भी श्रीयुगल-विग्रहकी सेवा होती है। वे भी इस उत्सवमें विशेष सहयोग प्रदान करते हैं।

अष्टप्रहर नामसंकीर्त्तन मैंने अनेक स्थानोंमें देखा है। पारिश्रमिक लेनेवाले गायकों और मृदंग-वादकोंके द्वारा प्रायः यह कार्य सम्पन्न होता रहता है। परन्तु यहाँका अष्टप्रहर नामसंकीर्त्तन-यज्ञ एक अपूर्व वस्तु है—नितान्त स्वाभाविक कृत्रिमता विहीन। भाड़ेके गायक और वादककी तो गन्ध भी नहीं है। लोक-संग्रहकी चेष्टाका भी सर्वथा अभाव है। भक्तगण स्वयं ही गायक और वादक हैं।

क्या दिन और क्या रात्रि, किसी भी समय इस अष्टप्रहर कीर्त्तनमें सैंकड़ों आदमियोंसे कम लोग नहीं होते, बल्कि कभी-कभी तो बहुत ही अधिक लोग एकत्रित हो जाते हैं। भक्तोंके बीच भाव और दशाकी कोई सीमा नहीं है। कीर्त्तनकी मधुर ध्वनि सर्व-चित्ताकर्षक है। पशु-पक्षी एवं कीट-पतंग पर्यन्त मानो चकित एवं पुलकित हो रहे हैं। दशों दिशायें मुखरित हैं। भक्तप्रवर महानन्द आचार्य और सुरेन्द्रनाथके मधुर कीर्त्तनसे पाषाण भी विगलित हो जाते हैं। जाति-भेदके बिना सभी लोग इस महासंकीर्त्तनमें योगदान करते हैं। बहुतसे लोग प्रतिदिन महाप्रसाद भी पाते हैं। अन्तिम दिन हजारों लोगोंको नानाप्रकारके महाप्रसादके द्वारा भर पेट भोजन कराया जाता है। अष्टप्रहरके बाद जब भक्तगण नगर-कीर्त्तनके लिये बाहर निकलते हैं तो वह भी अपने आपमें एक अपूर्व दृश्य होता है। इस प्रकारका निरुपाधि*

---

* भाड़ेके लोगोंके बिना भक्तों द्वारा सम्पादित नितान्त स्वाभाविक और कृत्रिमता विहीन कीर्त्तन निरुपाधि कीर्त्तन कहा जाता है।

कभी साक्षातमें कथा-वार्त्ता कहते हैं। सारे ही प्रेमसेवानिष्ठ भक्तवृन्दोंका अभाव-अभियोग वे सुनते रहते हैं और अपना भी अभाव, जिज्ञासा व मनोभाव आकारसे, इंगित और स्वप्नमें उनको जताते रहते हैं। भक्त और भगवानका इस प्रकार प्रेम-प्रीतिका आदान प्रदान और नैसर्गिक सुख-शान्ति इनके घरोंमें सदा विराजती हैं। किसी वस्तुका अभाव तो मानो है ही नहीं, सभी जैसे आनन्दकी एक-एक मूर्त्ति ही बन गये हो। गृह-लक्ष्मीगण अलग ही सदानन्दमयी और हास्यमयी बनी हुई हैं।

सभी अपना अपना काम करते रहते हैं, किसीके भी मुँह पर उत्सवके अतिरिक्त और दूसरी बात नहीं। किसीकी भी त्रुटि विच्युतिके लिये कोई शोरगुल नहीं, वे सभी मानो क्षमा और धैर्यके एक एक अवतार हैं। ऐसे एक मात्र सुख-शान्तिदाता वसन्त साधुको वे 'श्रीदादा' कहकर सम्बोधित करते हैं एवं निज जन जानकर उन्हे ही परम गुरुके आसनपर बिठाये हुए हैं। अन्य कोई उस आसन पर अधिकार नहीं कर सकता। इन भक्तोंके मन्त्रदाता पूर्व-गुरु भी हैं, पर उनका कोई भी असम्मान नहीं। पूर्वजोंके उपास्य देवता भी हैं, उनका भी यथा रीति पूजा भोग होता है किन्तु युगानुवर्त्ती भजन इन्होंने वसन्त-साधुसे ही ग्रहण किया है, उनसे हरिनाम महामन्त्र और गौर-विष्णुप्रियाकी युगल-सेवा ग्रहणकी है।

साटिरपाड़ा और ब्राह्मणबेड़ियामें

उत्सवके बाद हम लोग नरसिंहदीके समीप साटिरपाडा ग्राममें श्रीलालमोहन मोदकके घर वार्षिक-उत्सवमें सम्मिलित हुए। यहाँ भी पूर्ववत् प्रेमानन्दोत्सव, अष्टप्रहर-कीर्त्तन और वैष्णव-भोजन सम्पन्न हुआ। यहाँ भी श्रीश्रीनदिया-युगल-विग्रहकी सेवा घरकी गृह-लक्ष्मियों द्वारा परम प्रेम और विधि-पूर्वक होती है। यहाँ अष्ट-प्रहर नाम कीर्त्तनसे जो प्रेम-आनन्दका श्रोत प्रवाहित हुआ उसके घात-प्रतिघातसे आस-पासके बहुतसे ग्रामोंके असख्य लोगोंके हृदयमे प्रेम-आनन्दकी तरङ्गें लहरा उठी थी। नौकाके द्वारा कलकत्तासे गंगाजल मँगाकर यहाँ श्रीविग्रह और वैष्णवोंकी सेवा हुई थी। गौर भक्तवर लालमोहनका घर मानो लक्ष्मीका भण्डार था। घरके स्त्री, बाल, वृद्ध, युवा सभी सेवानिष्ठ एवं भक्तिमान थे। यहाँके कीर्त्तन और अष्ट गोष्ठीमें हरिजनगण आनन्दमें भी सम्मिलित हुए थे।

वसन्त साधुके प्रिय-भक्त श्रीतारकचन्द सिंह महाशयने अपने उद्दाम-नृत्य-कीर्त्तन व मधुर पदावली गान द्वारा भक्तवृन्दके प्राणोंको अपार प्रेम-आनन्द प्रदान किया था। जब उन्होंने कमर डुलाते हुए कीर्त्तन-आँगनमें अपूर्व-प्रेमनृत्य किया था, उस समय उन वृद्ध भक्तशूरके लाखो सफेद बाल और दाढी मूँछ देखकर हमारे गौर आना गोसाईं (श्रीअद्वैताचार्य) की याद पडी। दुर्जय पुत्रशोकको तृणवत् समझकर ये गौरभक्त महा-पुरुष प्रेम-आनन्द और नृत्य-कीर्त्तनमें सतत विभोर रहते हैं। गत वर्ष विजयादशमीके

दिन इनके सुयोग्य दो पुत्र नाव डूबनेकी दुर्घटनामें मकानमें ही गौरधाम चले गये थे। इतने पर भी एक दिनके लिये भी इनके मुँह पर किसीने विषादकी छाया नहीं देखी। वास्तवमें गौरभक्तके वास्तविक लक्षण तारकचन्द्रमें दीख पड़े।

सादिरपाड़ा उत्सव देखकर हम त्रिपुरा ब्राह्मणबेड़ियामें श्रीहरचन्द्ररायके पर आये। हरचन्द्र हमारे साथ ही थे। ये तीन भाई हैं—हरचन्द्र, जगच्चन्द्र एवं नवद्वीपचन्द्र। इनके प्रसिद्ध कारबारका नाम टी० सी० राय एण्ड कम्पनी है। ये प्रसिद्ध व्यवसायी और धनी पुरुष हैं। इनके कारोबारका तारका पता "श्रीविष्णुप्रिया गौराङ्ग" है। इनकी गृहस्थी और कारोबारके कर्त्ता और गृहिणी श्रीगौराङ्ग विष्णुप्रिया हैं। एक कामके लिये श्रीगौराङ्गको दस हजार रुपयों की जरूरत है, श्रीविष्णुप्रिया-भण्डारसे श्रीविष्णुप्रिया रुपया भेज रही हैं। इनके घरमें ही श्रीमन्दिर है, सामने एक अत्यन्त सुरम्य नवीन पुष्करिणी है। बीस हजार रुपये लगाकर उसकी खुदाई और बंधाई की गयी है। उसका नाम है श्रीविष्णुप्रिया-कुण्ड। दोनों ओर पक्के सुन्दर घाट बने हैं। नाम है श्रीगौराङ्ग घाट तथा श्रीविष्णुप्रिया घाट। पुरुष श्रीगौराङ्ग घाट पर एवं स्त्रियाँ श्रीविष्णुप्रिया घाट पर स्नान करती हैं। इस पुष्करणीमें स्नानके सिवा और कोई कार्य नहीं करने दिया जाता। पुष्करणीके ऊपरी भागमें एक सुन्दर बगीचा है, जिसका नाम "श्रीविष्णुप्रियावाटिका" है।

यहाँके श्रीयुगल-विग्रह परम सुन्दर हैं। सेवाका भार स्वयं मालिक हरचन्द्रके हाथमें है। वे परम गम्भीर और सर्व-समाधानकारी सेवानिष्ठ गौरभक्त हैं। मैंने अतिथि और वैष्णव सेवामें उनकी परम प्रीति देखी। अति उत्तम व्यञ्जनों द्वारा प्रभु और प्रियाजीका भोग लगता है।

चट्टग्राममें

परम आनन्द पूर्वक वहाँ दो दिन इष्ट गोष्ठी करके हम चट्टगाँवके लिए रवाना हुए। हम लोगोंके साथ तारक दादा सपत्नीक थे। वे अपनी कर्म-भूमि चट्टगाँवमें आये। चट्टगाँवके प्रसिद्ध धनी जमींदार और व्यवसायी श्रीअमरकृष्ण राय भी केवल ब्राह्मणबेड़ियाके अतिरिक्त बराबर हमारे साथ-साथ थे, किसी विशेष कार्यसे वे एक दिन पहले चट्टगाँव चले गये थे। चट्टगाँव स्टेशनसे बड़े समारोहके साथ हमें श्रीअमर बाबू एवं नवद्वीप बाबू स्वयं अपने घर ले गये। हम लोग चट्टगाँवमें तीन दिन ठहरे। इन तीन दिनोंमें हम लोग दोनोंके यहाँ बारी-बारीसे अतिथि रहे।

चट्टगाँवमें चौदह आने मुसलमान और दो आने हिन्दू थे। दो स्थानोंमें श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया युगल विग्रह प्रतिष्ठित होकर बड़े समारोहसे विधि-पूर्वक पूजित और सेवित हो रहे थे। श्रीनवद्वीपचन्द्र रायके घरों पर ब्राह्मणबेड़ियामें उनके श्रीयुगल विग्रहकी

सेवाकी बात पहले कही जा चुकी है । यहाँ पर उनके आश्रममें श्रीतारकचन्द्र सिंह द्वारा प्रतिष्ठित श्रीविग्रहकी सेवाकी जा रही है (ये श्रीविग्रह उनके अपने घरके ही हैं)। गृहस्थी श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रियाकी है। आश्रम परम सुन्दर है, और रमणीय है। अतिथि-अभ्यागत वैष्णवोंके प्राण शीतल करने लायक स्थान है। नवद्वीप बाबू वैष्णव शास्त्रके सुपण्डित है। चैतन्यचरितामृतपर उनका विशेष अधिकार देखनेमें आया। वैष्णव-धर्मके आधुनिक जटिल प्रश्नोंका जिस प्रकार वे सुसिद्धान्त समाधान करते हैं उससे ऐसा लगता है मानो वे कोई कृपासिद्ध गौरभक्त हैं।

श्रीअमरकृष्ण रायके घर श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-युगल-विग्रह उनकी दो मंजिली अट्टालिका पर प्रतिष्ठित है। वे बङ्गालके एक प्रख्यात धनी हैं। उनके घर श्रीविग्रहकी सेवा भी उनके वैभवके अनुरूप बडे लाड-चावसे सम्पन्न होती है। ६-७ हजार रुपयेके खर्चसे निर्मित स्वर्णके थाली, कटोरा, गिलास आदिमें श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रियाको नित्य भोग लगाया जाता है। श्रीयुगल-विग्रहके श्रीअङ्ग बहुमूल्य स्वर्णाभरणसे विभूषित हैं। श्रीमस्तकपर स्वर्णका मणिमय मुकुट सुशोभित है। अति सुन्दर गठनके ये दारु विग्रह रत्नसिंहासनपर विराजित हैं। श्रीश्रीनदिया-युगलकी छटा शोभा यहाँ अपरूप और न्यारी ही है। रत्न-खचित पलङ्गपर बहुमूल्य शैया एवं दिव्य वस्त्र परिधान है। श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया दोनोंही अभय दानकी मुद्रामें हैं।

जितने श्रीविग्रहोंकी कथा इसके पूर्व आयी है सभीके गठन और भावमें कुछ पार्थक्य है। इन सब मूर्तियोंके निर्माता भास्कर (शिल्पी) पूर्वी बङ्गालके ही हैं। बसन्त साधुके विशेष तत्वावधानमें उस भाग्यवान भास्करने श्रीमूर्त्ति निर्माणकी विशेष कला सीख ली है।

अमरबाबूके श्रीविग्रहका निखुत सौन्दर्य एवं उनकी माधुरीकी परिपूर्णता देखकर हमलोगोंको परम आनन्द हुआ। भोगरागकी व्यवस्था तो अति सुन्दर थी ही। निरुपाधि नाम-कीर्त्तन हृतकर्ण रसायन था।

चट्टग्राममें अमरबाबूके घरमें 'श्रीविष्णुप्रिया बालिका-विद्यालय' की छात्राओंने मत्प्रणीत 'श्रीविष्णुप्रिया-नाटक' का आंशिक अभिनय दिखाकर हम लोगोंको खूब रुलाया था। सरलमति भक्तिप्राणा बालिकावृन्दका अभिनय अति सुन्दर हुआ था।

अमरबाबू अति गम्भीर प्रकृतिके तेजस्वी वैष्णव थे । उनमें वैष्णवीय दैन्य भी यथेष्ट मात्रामें था । इतने बडे धनिक और कर्मवीर होकर, सामान्य दीन-हीनकी तरह, प्रति उत्सवमें नाना स्थानोंमें भक्तोंके घर जाकर साधारण भावसे सम्मिलित होते, सब भक्तगणोंके साथ एकत्र-वास करते और प्रसाद पाया करते। विलासिताका तो उनमें लेशाभास भी नहीं था, बडप्पनका चिन्ह भी लक्षित नहीं होता था। वैष्णवीय दैन्य व तेजोमयताके एक अपूर्व मिश्रण थे अमरबाबू। उनके साथ मेरा सर्वप्रथम

साक्षात्कार जिसमें बसन्त साधुके आश्रममें दो वर्ष पूर्व हुआ था। इसके बाद टाटानगरके उत्सवमें लौटते समय वे भक्तवृन्दके साथ श्रीधाममें मेरे कुटीरमें भी पधारे थे। श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-कुञ्जमें सबने मिलकर कीर्त्तन किया था; उससे सबोंको बड़ा आनन्द मिला था। अमर बाबूसे परिचय होनेसे लेकर आजतक उनके साथ विशेष रूपसे कोई बातचीत करनेका अवसर नहीं मिला था। अबकी बार उत्सवमें उनके साथ इष्ट-गोष्ठी होनेसे एवं उनके अतिथि होनेसे उनको समझने का प्रचुर सुयोग प्राप्त हुआ। इतने दिनों पश्चात हम लोगोंके सामने उनका मुँह खुला। उन्होंने निर्भीक भावसे वर्त्तमान वैष्णव-धर्मके प्रति व्याप्त ग्लानिके मूल कारणों पर प्रकाश डालते हुये वैष्णवाचार्योंकी स्वार्थ-परता व प्रतिष्ठा-लाभकी चेष्टाका तीव्र प्रतिवाद कर जिस रूपसे अपना स्वाधीन मत हम लोगोंके सामने प्रतिपादित किया उससे विदित हुआ कि वे एक स्वाधीनचेता, सत्साहसी, सजग एवं निश्छल प्रकृतिके वैष्णव हैं। ऐसे गुरुगौरनिष्ठ एवं श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रियाके एकनिष्ठ भजनपरायण भक्तके साथ, हमारे जो कई एक दिन परम आनन्दमें बीते वे सचमुच जीवनके विशिष्ट दिन प्रतीत हुए। कर्मवीर अमर बाबूकी कीर्त्ति अनन्त है। उनकी गुप्तदानकी शक्ति, सुतीव्र गुरुनिष्ठा, स्वभावसिद्ध अकपट-सरलताका यथेष्टपरिचय पाकर हम लोग तो मुग्ध हो गये। वे कहा करते थे कि उनके लिये तो गुरु बलही श्रेष्ठ बल है। 'श्रीदादा' और 'श्रीमा' की कृपासे उनमें क्या क्या परिवर्तन आ गये—वे क्या थे और क्या हो गये इसका विचार करते ही उनके नयनोंसे प्रेमाश्रुकी धारा बहने लगती।

सच बात तो यह है कि बसन्त साधुके प्रकटकालमें उनको पहचाननेकी लोगोंने चेष्टा ही नहीं की या जानकर भी पहचान नहीं पाये। जिन्होंने पहचाना उन्हें तो जैसे सौभाग्य ही मिल गया, उनके गुणोंसे आकृष्ट होकर उनको गुरुपदसे वरण करकर वे कृतार्थ होगये। जो कुबुद्धिवश या कुतर्क-जालमें फँसकर उनके सङ्गलाभसे वंचित रहे, उनके परितापकी अब सीमा नहीं। सच भी है, दाँत रहते दाँतोंकी मर्यादा कोई नहीं समझता। अब बसन्त साधुके अप्रकट होनेके बाद उनका आध्यात्मिक प्रभाव, उनका अद्भुत माहात्म्य सर्वत्र परिव्याप्त हुआ है और हो रहा है। उनके जीवन-सर्वस्व धन श्रीश्रीगौर विष्णुप्रियाका सवाप्रकाश व उनका नाम-कीर्तन सर्वत्र पूर्वापेक्षा अधिक प्रचलित हो रहा है। उनके प्रकटकालमें जो काम असम्पन्न रहा वह अब सुसम्पन्न हो रहा है। अपने अनुगत भक्तोंके बीच सूक्ष्मदेहसे प्रकट होकर वे उनको सर्वदा विशेष भावसे उत्साहित करते रहते हैं। कीर्तनमें उनका आविर्भाव होता है; सचेतन आँखों वाले उन्हें सर्वदा देख पाते हैं। जहाँ भी श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रियाका नामकीर्त्तन होता है, वहाँ वे अवश्य आते हैं, क्योंकि उनकी आत्मा श्रीगौरविष्णुप्रियाके नामसे जड़ित है। वहाँ वियोग विच्छेद विरह आदि है ही नहीं, केवल मिलन ही मिलन है, मधुर मिलन,

भक्त भगवानका नित्यमिलन। नाम-नामी जैसे अभेद-तत्त्व है वैसे ही भक्त और भगवान भी अभेद तत्त्व हैं।

टाटानगरकी बात

सुननेमे आया कि टाटानगरके उत्सवमे अँग्रेज, मुसलमान, पारसी, ईसाई, हिन्दू, अहिन्दू सभीने सम्मिलित होकर न केवल उन्मुक्त कीर्त्तनृत्य किया था बल्कि उसके पश्चात सभीने धूलि-धूसरित, कर्दम सने शरीरसे नदीमे स्नानभी किया था। यहाँके एक उच्च-पदस्थ रेलवे कर्मचारी मुसलमान युवक जिनका नाम मुहम्मद नूरल्ला है—बहुत दिनोंसे सस्त्रीक वैष्णव-धर्ममे दीक्षित होकर श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रियाकी पटमूर्त्तिकी सेवा कर रहे हैं। टाटानगरमे योगेन्द्रचन्द्र घोषके गौराङ्ग-आश्रममे उत्सव होता है वहाँका आर्थिक व्यय-भार भी इन्होंने ही वहन किया था। उस उत्सवमे ये सस्त्रीक सम्मिलित भी हुए थे। वहाँ के एक और पदस्थ मुसलमान कर्मचारी वैष्णवधर्म ग्रहण करनेको प्रस्तुत हुये हैं। उन्होंने तारक दादाको जो पत्र लिखा उसे देखनेसे विदित हुआ कि सचमुचही वे आर्त्त हैं एवं वैष्णव-धर्म ग्रहण करके श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रियाके भजनके निमित्त उत्सुक हैं। यह सब देख-सुनकर ऐसा लगता है कि श्रीचैतन्य भागवतकी महावाणी—

"अन्धेरे कि दाय विष्णु द्रोही जे यवन।
ताहाराओ ए जनार भजिबे चरण॥"

क्रमश सचमुच सफल हो रही है।

चट्टगाँवके बाद

चट्टगाँवसे हमलोग सीताकुण्ड आये। यहाँ गौरभक्त श्रीनिवारणचन्द्रके वंश द्वारा प्रतिष्ठित श्रीश्रीगौर गोविन्द आश्रम देखकर मन परम प्रसन्न हुआ। भूतपूर्व 'श्रीगौराङ्ग' और 'सेवा' के सम्पादक श्रीयोगेन्द्र मोहन घोष आदि प्रमुख गौरभक्तोंके द्वारा प्रतिष्ठित श्रीश्रीगौराङ्ग आश्रम अब लुप्त हो गया है। अब यहाँ पर 'शनि बाड़ी' है। निवारण बाबूका आश्रम नया बना है, विस्तृत भूखण्डमे एक सुन्दर पुष्करिणी और नाना प्रकारके फल-फूलसे परिशोभित सुरम्य उद्यानमे एक श्रीमन्दिरमे श्रीश्रीराधा-गोविन्दकी श्रीमूर्त्ति श्रीगौर-गोविन्दकी पटमूर्त्तिके साथ पूजित और सेवित होती है। यहाँ श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रियाकी सेवा-प्रतिष्ठापित होने वाली है, उसकी व्यवस्था हो रही है।

यहाँ पर परम गौरभक्त श्रीत्रिपुराचरण भट्टाचार्यके साथ परिचय लाभकर मुझे अतीव हर्ष हुआ। ये वैष्णव शास्त्रके सुपण्डित एवं परम-सेवानिष्ठ श्रेष्ठ-भक्त हैं। इस आश्रममे एक दिन परम आदर सहित प्रसाद पाकर हम लोग धन्य हुए।

सीताकुण्डसे उच्च पर्वत शिखरपर चन्द्रनाथ विरूपाक्ष उनकोटि शिवलिङ्ग ज्योतिर्मयलिङ्ग, व्यासकुण्ड बड़वानल कुण्ड, सहस्रधारा सूर्य कुण्ड गुरु धुनी आदिका दर्शन करके फरीदपुर राजवाड़ी होते हुए २० दिनके बाद हम लोग श्रीधाम लौटे ।

चट्टग्राम(दरिया हुसाइ) देवी भवानी पीठ और भैरव चन्द्रशेखर शिवलिङ्ग दर्शन करके भी हम कृतार्थ हुए थे। इनको चन्द्रशेखर-तीर्थ कहते हैं। आदिनाथ-तीर्थ गिरिराज मैनाक पर्वतके ऊपर समुद्रके भीतर महेशखाली द्वीपमें अवस्थित है। चट्टग्राममें समुद्रके मार्गसे जहाजके द्वारा वहाँ जाना पड़ता है । वृष्टिके आधिक्यसे हमको वह तीर्थ दर्शनेका सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ ।

बरिसालके जमींदार श्रीकिरणकुमार रायके घरका उत्सव

श्रीश्रीगौर विष्णुप्रियाका अष्टप्रहर नाम-कीर्तन प्रायः सर्वत्र ही हुआ करता था। बासण्डा (बरिसाल) के जमींदार श्रीयुक्त किरण कुमार राय महाशयके घरमें तारीख १३वीं ज्येष्ठसे २१वीं पर्यन्त ५६ प्रहरका नाम सकीर्तन महा महोत्सव हुआ। हम लोग उस उत्सवमें सम्मिलित होनेका सौभाग्य नहीं प्राप्त कर सके । धुपाई (ढाका) निवासी श्रीयुक्त शशिकान्त चक्रवर्ती महाशयने अपने छात्रवर्गके साथ श्री श्रीगौर विष्णुप्रियाका निरवधि नाम-सकीर्तन-यज्ञ एक वर्ष तक अनुष्ठित किया था।

भक्तवर श्रीकिरणकुमार रायने इस कीर्तन महोत्सवका विवरण-पत्र भेजा था। उनकी ही मधुर भाषामें इसका विवरण पढ़िये—

श्री श्रीचरण कमलेषु,

कृपया मेरा दण्डवत् प्रणाम ग्रहण करें। आपका कृपा-पत्र पाकर अनुगृहीत हुआ।

आपके कृपा आशीर्वादसे छप्पन प्रहरका श्रीनाम-सकीर्तन महायज्ञ महासमारोहके साथ सुसम्पन्न हुआ। इसका विस्तृत विवरण देने योग्य मेरी भाषा नहीं है। आपकी आज्ञा प्रतिपालनार्थ मैं परम कुछ लिखता हूँ।

गत १३वीं ज्येष्ठ अधिवासके दिन १० बजेके समयसे विभिन्न जगहोंसे भक्तगण कीर्तन लेकर आने लगे। विभिन्न स्थानोंसे समागत भक्तगणोंकी विभिन्न रंगकी पताकायें थीं। अतः दूरसे ही पताकाका रंग देखकर पहचाना जा सकता था कि किस जगहके भक्तगण आरहे हैं। नगर किनारे दूरसे ही उनकी पताका देखकर और कीर्तन ध्वनि सुनकर प्रियाजीके आनन्द स्थानीय भक्तगण बाजे गाजे हुए उन लोगोंकी अभ्यर्थना करके ले आते हैं। अनेक स्थानोंसे भक्तगण कीर्तन करते हुए पैदल ही आते हैं इस पद-यात्राका मुख्य उद्देश्य है भुवन मङ्गल गौर-नामकी कीर्तन ध्वनिसे चतुर्दिकको मुखरित करना।

कौटाली पहाड़से यहाँ आनेके लिये नावसे एक दिनका मार्ग है, फिर भी वहाँके भक्तगण पैदल चलकर तीन दिनमे यहाँ पहुँचे। वे लोग पैदल चलकर आने वाले ८६ व्यक्ति थे, एक श्वान भक्तको लेकर ८७ जन हुए। उनकी पताका थी पीत वर्ण। गौरनामकी पताका उड़ाते हुए कीर्तन ध्वनिसे ग्राम-ग्रामान्तर मुखरित करते हुए जब वे लोग श्रेणीबद्ध होकर नदीके उसपार खड़े हुए और नदीके इस पार प्राय. एक सौ भक्त कीर्तन लेकर उनकी अभ्यर्थना करनेको आये तब वह एक अपूर्व दृश्य था। इसके उपरान्त परस्पर मिलनमे जो आनन्दकी तरङ्गें उमगी वे तो और भी अपूर्व थी। नयनोंसे प्रेमाश्रुधारा, उर्ध्वबाहु होकर अपूर्व कीर्तन, उद्दण्ड नृत्य, भूमिलुण्ठन इत्यादि सभी अपूर्व अप्राकृत थे।

रात्रिको प्राय ६ बजेके समय अधिवास आरम्भ हुआ। उस समयका पद यों है।

शचीमा डाकिया कहे निताइ श्रीवास।
कालि कीर्तन कर एसे अमागिनीर वास॥
अद्वैत आचार्य्य मोर प्रणति विशेष।
सपार्षदे आसेन जेन सङ्गे हरिदास॥
नरहरि, गदाधर, मुरारि, मुकुन्द।
निमाइ लइया कर कीर्त्तन नर्त्तन॥
शचीमार आदेशे निताइ श्रीवास।
अहोरात्र संकीर्त्तनेर करेन अधिवास॥
छापान्न प्रहर हवे कीर्त्तन-मङ्गल।
शुनिया भकत सबे प्रेमेते पागल॥

अहोरात्र सकीर्त्तनका, अधिवासका पद 'श्रीदादा' का है। शेषकी दो पंक्तियाँ नयी दी गई है। वास्तवमे ७ दिन पर्यन्त भक्तगण प्रेममे पागल हो रहे थे। न तो मैं भक्त ही हूँ और न मुझमे प्रेम ही है, तथापि सङ्गके प्रभावसे दिशाहारा सा हो रहा था। प्रतीत होता है मेरी ऐसी स्थिति देखकर ही मेरे ५ वर्षके शिशुने अपनी मासे कहा था—'बाबा कुछ पागल हो गये है।' अगगाका जल गगाजीमे पड़नेसे गगाजल ही हो जाता है।

सात सम्प्रदाय बनाई गई थी, जैसे—नित्यानन्द, मुकुन्द, सीतानाथ, गदाधर, वासु घोष, मुरारि व नरहरि। प्रत्येक सम्प्रदायमे ४ मृदग वाले, ८ जोडा करताल और इसके अतिरिक्त १३ जन गायक होते थे। इतना तो निर्दिष्ट था, इसके अतिरिक्त भी बहुतसे लोग प्रत्येक सम्प्रदायमे सम्मिलित होते थे। प्रथम सम्प्रदायके नेता थे श्रीयुत् किरणचन्द्र वैद्य, द्वितीयके श्रीयुत क्षीरोदचन्द्र आचार्य, तृतीयके श्रीधर, चतुर्थके श्रीगुरुनाथ राढी, पञ्चमके श्रीआशु घोष गुह ठाकुर, षष्ठीके पण्डित प्रतापचन्द्र राय और सप्तमके श्रीमान् रमणीमोहन चक्रवर्ती। सब सम्प्रदायोंके चालक थे श्रीयुक्त राइचरण चक्रवर्ती।

घरके बाहरकी तरफ छप्पन प्रहरमें प्रति प्रहर छप्पन रागिनीमें नौबतमें रसनचौकी बजाई गई। किसी किसीका कहना है कि इस रसनचौकी वाद्यका अर्थ यह है कि भक्तगण जिस आसनसे श्रीगौराङ्गके सहित जिस कीर्तन रसका रस प्रकट करते वह प्रति प्रहर विभिन्न रागिनीमें चौकी द्वारा सबको जनाया जाता था। इसीलिये इस वाद्यका नाम रसनचौकी पड़ा। वास्तवमें रसनचौकी वाद्यकी सार्थकता यहीं हुई।

प्रतिदिन दोनों समय एक हजारसे भी अधिक भक्त प्रसाद पाया करते। प्रसाद पानेके समय भी पद-कीर्तन व प्रेमध्वनि चलती रहती। ८ ९ दिनोंकी गौरनाम प्रेमकी बाढ़में सभी आप्लावित से लगते थे। बड़ी आशा थी कि आप शुभ पदार्पण करेंगे और आपके साथ मैं इस आनन्दका उपभोग करूंगा लेकिन शायद भाग्यमें वह नहीं बदा था। मेरा अपना पात्र ही कितना-सा है उसमें मैं कितना आस्वादन कर सकता? आप होते तो अपार रस पाते। दण्डवत् प्रणाम स्वीकार करें।'

मेरा दुर्भाग्य है कि इस महामहोत्सवमें मैं सम्मिलित नहीं हो सका, लेकिन मेरा मन इन कई दिनोंमें वहीं पड़ा रहा। नाना कारणोंसे शरीर असमर्थ होरहा है, किन्तु परम दयालु जीवन-सर्वस्व धन श्रीश्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग अभी भी प्राणोंमें नय-नय उत्साहका सञ्चार करते रहते हैं। श्रीमान् किरणकुमार मेरे श्रीश्रीगौर विष्णु-प्रियाके चिन्हित दास हैं। मेरे प्रभु व प्रियाजीकी सेवा व नाम कीर्तनमें ही ये दिन रात मग्न रहते हैं। उनकी अतुल सम्पत्ति सब कुछ श्रीश्रीगौर विष्णुप्रियाके सेवाकार्यके निमित्त उत्सर्गीकृत है। ये श्रीदादा और श्रीमाके विशेष कृपा-पात्र हैं। इनके अवतार वैष्णव चूड़ामणि श्रीमान् किरणकुमारजीको मैंने केवल एकबार ही देखा था। तभीसे न जाने कैसे एक अनोखे प्रेम-बन्धनमें बँध गया हूँ। वे परम रूपवान युवक ऐश्वर्यकी गोदमें लालित-पालित होकर भी परम प्रेमिक और अतिशय दीन-हीन हैं। श्रीदादाकी कृपासे अब वे श्रीश्री-गौरविष्णुप्रियाकी युगल सेवामें उन्मत्त हैं और गौर-प्रेममें पागल हैं।

पूर्व वङ्गालकी द्वितीय यात्रा

•

[श्रीअमृतलाल दत्त द्वारा वर्णित]

(वङ्गाब्द १३३३, गौराब्द ४४० की वैसाखी पूर्णिमाके पुष्पडोल उत्सवपर पूज्यपाद हरिदास गोस्वामी प्रभुने फिर पूर्व वङ्गालकी यात्राकी थी। इस यात्रामें उनके साथी थे श्रीविष्णुप्रिया परिवारके श्रीपाद नृत्यगोपाल गोस्वामी प्रभु, ढाका दक्षिणके महाप्रभुजीके पितृव्यवंशी श्रीपाद रासदयाल मिश्र महाशय एवं श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग-पत्रिकाके कार्याध्यक्ष श्रीअमृतलाल दत्त और उनके सहकारी श्रीगोकुलचन्द्र धर। इस यात्राका वृत्तान्त श्री अमृतलाल दत्तका लिखा हुआ है जो यहाँ दिया जा रहा है।)

पुनः नरसिंहदीमें

हमलोग भक्तवर श्रीहरिचरण आचार्य महाशयके द्वारा प्रतिष्ठित श्रीगौर-विष्णुप्रियाके मन्दिरके वैसाखी पूर्णिमाके पुष्पडोल उत्सवमें सम्मिलित होनेके लिये कलकत्तासे ढाकामेलसे चलकर अधिवासके दिन रात्रिमें लगभग १० बजेकी गाड़ीसे पहुँचे। स्टेशन पर बहुतसे भक्त-वृन्द आये थे और यथायोग्य सम्मान सहित प्रभुद्वयको पुष्पमालासे विभूषितकर मोटरगाड़ी द्वारा श्रीमन्दिरमें लाकर महासंकीर्तन आरम्भ किया गया। 'जय गौर विष्णुप्रिया—प्राणगौर विष्णुप्रिया' की ध्वनिसे दिगन्त मुखरित हो उठा।

वासण्डा (बरिसाल) के सुविख्यात जमीदार भक्तवर श्रीकिरणकुमार राय स्वयं कीर्त्तनिया थे। जैसा उनका सुकण्ठ है वैसे ही वे प्रेमिक-भक्त हैं। गम्भीर रात्रिमें उनके अपने सुरमें श्रीगौर-विष्णुप्रिया नाम कीर्त्तनकी कैसी मधुवृष्टि हुई—वह देखे-सुने बिना किसीकी समझमें नहीं आ सकती। कलकत्ता विश्वविद्यालयके उच्च-शिक्षित युवक श्रीमान् रमणीमोहन महानन्द और देवेन्द्रनाथके मधुर कण्ठसे अलग मधुवर्षा हो रही थी। उच्च नामकीर्त्तन द्वारा इन सब गौर-विष्णुप्रिया भजन-निष्ठ तरुण युवकोंने उपस्थित भक्तवृन्दके मनमें अपूर्व प्रेमानन्दका सञ्चार करते हुए कीर्ताङ्गनको वैकुण्ठमें परिणित कर दिया।

नही है। भक्तवर विधुभूषणका मधुर प्रेम-नृत्य, तारकचन्दका उद्दण्ड-नृत्य, कीर्तनियोके मधुर कण्ठकी मधुधारा, मधुर-मधुर मृदङ्ग-ध्वनि मानो उपस्थित सभी भक्तवृन्दोके हृदयोमे कलसके कलस मधु उडेलने लगी। अर्द्धरात्रि तक इस प्रकारके अपूर्व कीर्तनानन्दसे सहस्त्रो लोग आत्मविस्मृत होकर मत्त हो रहे थे। इस प्रकारका विशुद्ध कीर्तनानन्द पश्चिम बङ्गालमे कठिन है क्योकि वहाँ भाडेके गायक और वादकोंके प्रादुर्भावसे प्रेमानन्दकी उत्कर्षताका लाभ सम्भव नही।

दूसरे दिन सभी प्रभुपादगण सपरिकर और भक्तवृन्द सहित नगरकीर्तनके लिये बाहर निकले। साटिरपाड़ाके श्रीलालमोहन मोदक द्वारा प्रतिष्ठित श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-श्रीविग्रह प्राङ्गणकी प्रदक्षिणा करके, नरसिंहदी धूम आनेपर महामहोत्सवकी पूर्णाहुति दी गयी—कादा महोत्सव (कर्दम महोत्सव) व जलकेलि रङ्गमे भक्तवृन्द मत्त हो गये।

इस वार्षिक उत्सवमे सर्व साधारणको प्रसाद वितरण 'दीयता भोज्यता' भावके अनुष्ठानमे कोई त्रुटि नही थी। श्रीहरिचरण दादाकी आर्थिक अवस्था अच्छी न होनेपर भी वे गत बीस वर्षोसे यह उत्सव महासमारोहके साथ सम्पन्न करते आ रहे हैं। 'भक्तका भार श्रीभगवान वहन करते हैं।' कहाँसे यह विपुल द्रव्य-सम्भार आता है, इसकी शायद ही किसीको कोई सच्ची कल्पना हो।

इस वर्ष नरसिंहदीके उत्सवके समय पूर्ण कुम्भका योग हुआ था। सब भक्त-गणोंके शुभ-आगमनसे अबकी बार महामहोत्सवकी शोभा व समृद्धिमें भी अधिक वृद्धि हुई थी।

हिन्दू-मुसलमानके झगडेके कारण इस वर्ष श्रीपाद हरिदास गोस्वामी प्रभुको पूर्व बङ्गाल जानेके लिये बहुतसे लोगोंने निषेध किया परन्तु उन्होंने किसीकी बात नही मानी। एक अपूर्व-लीला द्वारा श्रीगौरसुन्दरने गोस्वामी प्रभुकी आत्म-रक्षाका और गौर-निष्ठाका परिचय दिया। पूज्यपाद गोस्वामी प्रभु अपने स्वजनोंके साथ जब नरसिंहदी स्टेशनपर सर्व प्रथम उतरे तब एक भद्र श्रेणीके मुसलमान युवक उनके दर्शन करके आकृष्ट हुए और किस प्रकार उनसे साक्षात्कार हो—इसका उपाय करने लगे। गोस्वामी प्रभु कौन हैं और वे कहाँ जायेंगे—इसकी जानकारी उन्होंने ले ली। दूसरे दिन दोपहरको नरसिंहदीमे श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया मन्दिरके निकट बैठे हुए जब वे भक्तगणोंके साथ इष्ट-गोष्ठी कर रहे थे, उस समय वही युवक एक नारियल और एक उत्तम केलेकी छड हाथमे लिये वहाँ पहुँचे और सबके देखते हुए गोस्वामी प्रभुके आसनके सन्मुख बैठकर दोनो हाथोसे उनके दोनो चरण स्पर्श करते हुए उनकी वन्दना की। गोस्वामी प्रभुने स्नेहपूर्वक उनके मस्तकपर हाथ रखा और उनको उठाकर पूछने लगे—"बाबा!

तुम कौन हो और मेरे पास किस उद्देश्यसे आये हो। मुसलमान युवकने उत्तर दिया आप हिन्दू पीर और महात्मा हैं—यह मैंने जान लिया है। अपनी मस्जिदके मुल्ला साहबसे पूछकर मैं आपकी शरण आया हूँ। आपके ग्रहण कर लेनेसे मैं कृतार्थ हो जाऊँगा। गोस्वामी प्रभुने परम सम्भ्रमके साथ उनसे कहा—"मैं हिन्दू हूँ तुम मुसलमान हो मेरे द्वारा तुम्हारा क्या उपकार हो सकता है मैं नहीं जानता। तुम किसलिये मेरा अनुग्रह चाहते हो?" तब उस मुसलमान युवकने हाथ जोड़कर निवेदन किया—"मैं बहुत विपत्तिमें पड़ा हूँ। आपकी शरण आया हूँ। इस सम्पत्ति सम्बन्धी दलीलोंके मुकद्दमेमें मेरा सर्वनाश होनेकी तैयारी हो रही है। मुझे विश्वास है कि आपकी कृपा हो जाय तो मैं यह मुकदमा जीत जाऊँगा। आप सुनकर प्रसन्न होकर दया करें। इतना कहकर वह फिर गोस्वामी प्रभुके चरण पकड़ने लगे। गोस्वामी प्रभुने उनको उठा लिया "मैं तो कुछ जानता नहीं। लेकिन मेरे सर्वस्वधन श्रीराधे और श्रीगौराङ्ग प्रभुके चरणोंमें तुम्हारी कार्यसिद्धिके लिये मैं निष्कपट प्रार्थना करता हूँ कि तुम्हारी मनोकामना पूर्ण करें। यह बात सुनते ही मुसलमान युवकके मुँहपर हँसी खिल आयी और सन्तुष्ट होकर उन्होंने पुनः गोस्वामी प्रभुकी चरण वन्दना करके विदाकी अनुमति माँगी। वहाँ उनके साथ कुछ और मुसलमान उपस्थित थे और बहुतसे भक्तवृन्द भी थे। गोस्वामी प्रभुने कहा—"तुम्हारा काम सिद्ध हो जाय तो मुझे नवद्वीपमें एक पोस्टकार्ड द्वारा समाचार दे देना। मुसलमान युवकने हाथ जोड़े हुए कहा—"मैं स्वयं नवद्वीप आकर आपके श्रीचरणोंके दर्शन करूँगा।

नवद्वीपके उत्सवमें बहुतसे मुसलमानोंको सम्मिलित होते देखा था। कोई गोलमाल नहीं हुआ। कई मुसलमानोंने प्रसाद भी पाया था। वहाँ श्रीमन्महाप्रभुकी कृपासे हिन्दू मुसलमानोंमें कोई विरोध भाव देखनेमें नहीं आया।

एकदिन हरिदास गोस्वामी शीतल-शान्त होकर जब श्रीमन्दिरके प्राङ्गणमें एक तरफ आसन पर बैठे हुए थे और बहुतसे भक्तगण उनके श्रीचरणोंकी रजकी प्रार्थना करते हुए नाम स्मरण कर रहे थे उसी समय एक भाग्यवान कुत्ता उस ओर-अचानक आकर उनके चरण तले उपस्थित हुआ। उन्होंने उसको प्यार करते हुए उसके मस्तकपर हाथ रखते हुए कहा—'कृष्ण कहो'। इतनेमें ही यह कुत्ता दोनों पैर ऊपर उठाकर प्रेमानन्दमें अपनी भाषामें कुछ बोलने लगा और किसी प्रकार भी गोस्वामी प्रभुके पाससे अलग नहीं हुआ। तब वे अपने निर्दिष्ट स्थान पर आये तब भी यह कुत्ता साथ-साथ आकर उनके चरणोंमें पड़ा रहा। उसको प्यार करके 'कृष्ण कहो' कहते ही वह प्रेमानन्दमें दोनों पैर उठाकर अपनी भाषामें कई प्रकारकी अद्भुत ध्वनि करने लगा और किसी बात बोलने लगा। यह अपूर्व दृश्य देखकर उपस्थित भक्तवृन्दने प्रेमानन्दसे 'जय गौर विष्णुप्रिया' ध्वनिसे उस स्थानको गुँजा दिया।

पुनः साटिरपाड़ा ग्राममें

नरसिंहदी उत्सवके बाद सब भक्तगण वहाँके निकटवर्ती साटिरपाडा ग्राममे श्रीलालमोहन मोदकके घर श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रियाके वार्षिक उत्सवमे पहुँचे। यहाँपर भी वैसा ही अष्टप्रहरी नामसकीर्तन, वैसा ही प्रेमानन्दका निर्झर, वैसी ही प्रेम-तरङ्गें उसी प्रकारका लोकसंघट, उसी प्रकारकी प्रसाद वितरणकी सुव्यवस्था देखकर हम लोगोके प्राण प्रेमानन्दसे भर उठे।

अष्टप्रहरके नामकीर्तनमे सब जगह उसी तरह असख्य लोगोका समागम था। इसके लिये कहीं कोई आदर अभ्यर्थना, अनुनय-विनयकी आवश्यकता नहीं थी। विना बुलाये कहाँसे इतने सब लोग इस निरुपाधिक महासकीर्तनमे सम्मिलित होते हैं, इसको कोई नहीं जानता था। 'जय गौर विष्णुप्रिया, प्राण गौर विष्णुप्रिया' की गगन-भेदी ध्वनिसे दशो दिशायें गुन्जार रही थी। उदण्ड प्रेमनृत्यसे भूकम्प-सा हो रहा था। प्रचण्ड करताल व मृदङ्ग वाद्य द्वारा प्रत्येक नर-नारीके हृदयसे जो एक प्रकारकी अभूतपूर्व प्रेमानन्दकी तरङ्ग उठ रही थी, उसके वर्णनके लिये भाषा नहीं है।

भक्त लालमोहनकी गोष्ठी आदर्श वैष्णव सेवककी गोष्ठी थी। श्रीविग्रहकी सेवाका भार प्राय सर्वत्र ही नारायणी-शक्ति वैष्णव-गृहिणीगणोंके हाथोंमे था। वे ही अष्टकालीय सेवा और मगल व सन्ध्या आरती आदि किया करती। ये सब देखकर गौरआना गोसाई श्रीअद्वैत प्रभुकी महाप्रभुके पास की हुई वर प्रार्थना याद आई .—

अद्वैत बलये यदि भक्ति विलाइबा।
स्त्री शूद्र आदि जत मूर्खेरे से दिबा॥
विद्या धन कुल आदि तपस्यार मदे।
तोर भक्त तोर भक्ति जे जे जन बाधे॥
से पापिष्ट सब देखि मरुक पुड़िया।
आचण्डाल नाचुक नाम गुण लइया॥

(श्रीचैतन्य भागवत)

इस अपूर्व प्रार्थनाका वास्तविक फल पूर्व बङ्गालमे ही सुफल हुआ है। इन उत्सवोको देखकर हमलोगोको भी पूर्ण विश्वास हुआ कि श्रीअद्वैतवाक्य पूर्णभावसे फलीभूत हुआ है पाण्डव वर्जित देशमे पूज्यपाद कविराज गोस्वामीजीकी अभय वाणी—

"नीच शूद्रेर द्वारा धर्म्मेर प्रकाश"

देशके इस सपूर्ण भागमे प्रत्येक वर्णमे फलीभूत हो रही है। 'नीच' शब्दका उच्चारण करनेमे भी इस समय लज्जाका बोध होता है। श्रीगौराङ्ग युगमे ऊँच-नीच और

ब्राह्मण कुलमें कोई भेद नहीं। जो भक्तिमान है वही ऊँच है वही पूज्य है। जो भगवत् कथा परायण है वही श्रेष्ठ है—इस बातको साधु बाबाजीके मुँहसे सुना है और शास्त्रमें पढ़ा है लेकिन अब उनको अपनी आँखोंसे देखकर नयनोंको सार्थक किया।

शान्तिपाड़ाके विदाईका दृश्य बहुत ही करुण रसात्मक था। भक्तवृन्दने दोनों प्रभुओंको करुण प्रेमाश्रुजल द्वारा धोकर विदा दी।

शान्तिपाड़ासे कई विशिष्ट भक्तोंके साथ हमलोगोंने तिपरा जिलेके उजानचर ग्रामके लिए यात्रा की।

उजानचर ग्राममें

अनन्तर प्रभुपाद कुञ्जमोहन दास एवं गोस्वामी प्रभुके अनुगत प्रिय शिष्य रसिकचन्द्र दासके अनुरोधसे उजानचरके प्रेमकुञ्जमें स्थित श्रीविष्णुप्रियागौर मन्दिरमें जानेको ढाकासे स्टीमर (जहाज) द्वारा हमलोगोंको सादर ले जाया गया। पूज्यपाद हरिदास गोस्वामी प्रभुका यह विशेष नियम है कि प्रायः कहीं जानेका कार्यक्रम पहलेसे निश्चित करके नहीं बताते। तीन दिनसे रसिक दादा एवं कुञ्जदादा उनके पीछे पड़े हुए थे—प्रभु! आपको उजानचर जाना ही होगा, अब आप ही कौन-सा समय निश्चित किया जाय? गोस्वामी प्रभुके शिष्य हैं लेकिन वे उनके घर नहीं जाते। कभी कहीं जाना हो तो वे अन्दर अन्तर्यामीका अवसर कहा दो। एक मुहूर्त सन्ध्या मानके ठीक पूर्व बोले — चलो आजही उजानचर चलेंगे।" उसी समय यात्राका सब प्रबन्ध हो गया।

दूसरे दिन नारायणगंजके स्टेशनसे श्रीमहिमे नाव द्वारा चलकर करीब ९-१० बजेके समय हम लोग उजानचरमें प्रेमकुञ्ज घाटपर आ पहुँचे। जब आधा घंटेका ही रास्ता बाकी रह गया था तभी कुञ्जदादा और रसिकचन्द्र नावसे उतरकर पैदल चल दिये जिससे कि कुछ पहले पहुँचकर स्वागत-सत्कारका कुछ प्रबन्ध किया जा सके किन्तु यह बात उन्होंने बतलाई नहीं।

प्रेमकुञ्ज घाटपर नाव लगते ही देखा गया कि बहुतसे लोग संकीर्तन वाद्यभाण्ड और नानाविध मङ्गल पताका हाथमें लिये खड़े हैं। गोस्वामी प्रभुद्वयको नावपर खड़े देखते ही सबोंने प्रेमानन्दसे जय गौर विष्णुप्रिया की ध्वनिकी जिससे दसों दिशायें गूँज उठीं। कुञ्जदादाने आकर उन दोनोंको पुष्पमालाओंसे विभूषित किया और सब भक्त आनन्दित भाव द्वारा संकीर्तनके साथ पादुका आगे स्थित प्रेमकुञ्जके श्री श्रीगौर विष्णुप्रिया मन्दिरमें ले गये। ग्रामवासी स्त्रियोंके जय-जयकार, शुभ हुलुध्वनि, शंख मृदङ्ग और करतालकी मधुर ध्वनि सम्मिश्रित होकर अपूर्व प्रेमानन्दकी वृष्टि करने लगी। मानो देवताओं और भक्तोंके आनन्दकी वृष्टि हो रही थी। साथ-साथ वाद्यभाण्डभी चल

रहे थे। सुसज्जित पालकीभी प्रस्तुत थी। संक्षेपमें इतने अल्प समयमें प्रभुद्वयके स्वागत-सत्कारके लिये सब प्रबन्ध कर लिया गया।

प्रेमकुञ्जमें प्रेममय कुञ्जदादा द्वारा प्रतिष्ठितप्रेमकी अपूर्व मूर्ति श्रीश्रीनदिया-युगल श्रीविग्रहके दर्शनकर गोस्वामी प्रभुद्वयने प्रेम विगलित चित्तसे साष्टाङ्ग प्रणाम किया और संकीर्तनमें सम्मिलित हुए। इस समय वहाँ प्रेमका तूफान उठ खड़ा हुआ बहुत लोगोंका संघट जम गया।

कीर्तनके उपरान्त किञ्चित विश्राम करके पूज्यपाद हरिदास गोस्वामीको पहले पालकीपर बिठाकर प्रेमकुञ्जसे गाँवके बाजारमें होते हुए संकीर्तन और वाद्यभाण्डोंके साथ, उनके शिष्य रसिकचन्द्र दादा द्वारा प्रतिष्ठित श्रीश्रीगौर विष्णुप्रियाके मन्दिरमें ले जाया गया। रास्तेमें ग्रामवासिनी कुलवधूगणोंकी शुभ हुलुध्वनि और नागरिकगणोंकी उच्च हरिध्वनिसे उजानचर ग्राम गूँज उठा।

हरिदास प्रभुको श्रीमन्दिरमें छोड़कर इसी प्रकार संकीर्तनके साथ पालकीपर चढ़ाकर फिर नृत्यगोपाल गोस्वामी प्रभुको यथायोग्य सम्मानके साथ वहाँ ले आया गया।

दोनोंको विचित्र कारीगरीके पीढ़ोंपर खड़ा करके यथारीति गुरुपूजनका आयोजन किया गया। धान्य, दूर्वा, पुष्प, चन्दन आदिसे चरण पूजा करनेके बाद रसिक दादाकी गृहिणीने सप्तदीप द्वारा श्रीगुरुदेवकी मंगल आरती की। संकीर्तन पूर्ण मात्रामें चालू था। बीच-बीचमें हरिध्वनिके साथ कुलकामिनीगणकी अपूर्व श्रुति-मधुर शुभ हुलुध्वनि सुनी जा रही थी। धूप धूनाकी सुगन्धसे प्राङ्गण आमोदित हो रहा था। **'जय गौर विष्णुप्रिया'** नामसे दिग्मंडल गूँज रहा था। श्रीगुरुपूजाका ऐसा आयोजन, ऐसी रीति पूर्व बङ्गालमें ही देखनेको मिली। पश्चिम बङ्गाल वालोंके लिये यह सब शिक्षणीय है। भक्तिमती वैष्णव गृहिणीगण एवं उपस्थित भक्तवृन्दने गोस्वामी प्रभुद्वयका पादोदक पान किया और बालक-बालिकाओंको वितरण किया। इसके उपरान्त उपयुक्त स्थानपर विभिन्न आसनोंपर उनको बिठाकर लोग सेवा-कार्यमें लग गये।

रसिकमोहन दादाके घर श्रीश्रीनदियायुगल-श्रीपट्टमूर्तिकी सेवा प्रतिष्ठित हुए केवल एक वर्ष ही हुआ है। गत वर्ष नरसिंहदीके उत्सवके समय रसिक दादा सस्त्रीक दीक्षित हुए थे। एक वर्षमें ही उनकी दीक्षाके फलसे गोष्ठीमें जो प्रेमभक्तिका उदय हुआ उसको देखकर मुझे आश्चर्य हुआ। पूज्यपाद हरिदास गोस्वामीसे पूछनेपर पता लगा था कि नावमें बैठे-बैठे रसिक दादाको दीक्षा देकर वे चले आये और उन्हें कुछ पता नहीं।

प्रभु के निवासके आनन्दित उत्तम पलंग विछावन मानमारी दो नदी कुर्सियाँ दसान गुलदस्ता तक उत्तम वस्त्र आसन भूषण आदि सब कुछ यथारीति सजा कर रख गये हैं। उनका भोजन बहुत चमत्कारपूर्ण था। बालभोग पक्वान्न दुग्ध अन्नादि नाना स्वर दधि क्षार उत्तम भात भगवान केला आमका नाना मिठाई आचार मिष्टि आदि—किसी भी वस्तुका अभाव नहीं। यद्यपि रसिकचन्द्र दासकी अवस्था उतनी अच्छी नहीं थी उनका परिवार भी सामान्य नहीं था। श्रीश्रीगौरविष्णुप्रियाकी कृपासे उनकी गृहस्थीमें किसी वस्तुका अभाव नहीं था।

रसिकदास अब वृद्ध हो गये थे। उनकी पत्नी नहीं थी। श्रीश्रीगौरविष्णुप्रिया सेवाही उनका प्राण था। वे श्रीदासजी के सविशेष कृपापात्र थे। उनके द्वारा प्रतिष्ठित श्रीविग्रहयुगलकी प्रभातसे श्रीश्रीगौर विष्णुप्रियाकी नित्य कुञ्जसेवा सम्पादित होती थी। उल्लासवरमें श्रीदासके अनेक कृपापात्र थे। लेकिन उन सबमें प्रधान एवं शिक्षा-गुरु स्थानीय कुञ्जमोहन दादा ही थे। रसिकचन्द्र दास एवं अन्य कई लोगोंके वे शिक्षा-गुरु थे। वे परम भक्तिरसप्राण एवं शान्त प्रकृति थे। वे स्थानीय उच्च अंग्रेजी विद्यालयके हेड (प्रमुख) पण्डित थे। गौर कथा सुनते हुए उनके नयनोंसे झर झर प्रेमाश्रुकी धारा बहा करती थी। उनका वयसोचित दैन्य व शान्ति देखकर हमलोग बहुत आनन्दित हुये थे। इस प्रान्तमें उनका नाम सुपरिचित था और श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-सेवा प्रचारक वे सब प्रधान उद्योगी थे।

उल्लासवरमें पूज्यपाद गोस्वामी प्रभु पधारे हैं यह समाचार बिजलीकी तरह फैल गया। निकटवर्ती ग्रामोंसे बहुतसे शिक्षित लोग और धनी जमींदार आदि आकर दोला मञ्चपर साथ प्रभु समागम करने लगे। स्थानीय जमींदार अन्नदान बाबू भी उपस्थित थे। एक दिन … लोगोंकी भली जान… एसी … … निवास स्थानके सामने कुछ विछाकर पूज्यपाद श्रीहरिदास गोस्वामी और श्रीनृत्यगोपाल प्रभु बहुतसे शिक्षित लोगोंके साथ अलग-अलग बैठकर जब प्रभु-समागम करने लगे तब गौर-कथाका सब किसीमें प्रसङ्ग चल पड़ा। वहाँ नव शास्त्रालोचन विचार सिद्धान्त सभीको बताए हुए। उपस्थित सब लोग मन्त्र-मुग्ध हो गये। इसी पर कुञ्जमोहन बाबू बी०ए० बी०टी० हाई स्कूलके हेड मास्टर रसिकचन्द्र बाबू हारान्चन्द्र पण्डित आदि १६ १७ शिक्षित व्यक्ति गौर मन्त्र दीक्षित हुए। रसिकबाबूने श्रीश्रीगौर विष्णुप्रिया-सेवा ग्रहण की।

दो दिन उल्लासवरमें रहकर परम कौतूहलका दान करते हुए … रसिकचन्द्रको रुलाकर, नमस्कार आगमन … करके पूज्यपाद हरिदास गोस्वामी प्रभुने स्वयं … नाव द्वारा मालदह जानेके लिये प्रस्थान किया। यहाँ ज्योतिर्विनोद श्रीनित्यानन्द … पर श्रीगौर विष्णुप्रिया उत्सव हो रहा था। … कुञ्जमोहन दास और रसिकचन्द्र दास आदि सब भक्त हमलोगोंके साथ आ रहे थे।

उजानचरसे मेघना नदी पारकरके मायभाङ्गा जानेका आठ घटेका मार्ग था । कीर्तनानन्द और गौरकथाके रसरङ्गमे मग्न हुए, आनन्द पूर्वक हम सबने प्रभुद्वयके साथ अपने गन्तव्यकी ओर जानेके लिए प्रस्थान किया।

इसी समय रसिक दादाके घरसे आकर किसीने समाचार दिया—"उनके घरकी दशा बडी शोचनीय है । श्रीगुरुदेवको विदा देकर उनकी भक्तिमती स्त्री व अन्यान्य स्त्रीवर्ग एव बालक बालिकायें सभी पडी रो रही हैं। किसीके भी मुँहसे कोई बात नही निकलती, मानो समस्त घरको एक गभीर विपादकी छायाने घेर लिया है। श्रीविग्रहका मुखचन्द्र भी मलीन दिखायी दे रहा है।" गुरुभक्तिका सच्चा परिचय यहां मिला । सच्ची गुरु सेवाका फल यही है। श्रीगुरु कृपाका वास्तविक निदर्शन भी यही है।

पूज्यपाद हरिदास गोस्वामी प्रभुसे यदि कोई जिज्ञासा करता है—"प्रभु ! दीक्षा ग्रहण करूँगा, क्या लगेगा ?" तो वे मृदु मधुर हास्यके साथ उत्तर देते हैं—' एक फल सकल्पके लिये और एक फूल दक्षिणाके लिये रख लेना, इतना यथेष्ट है, और कुछ नही चाहिये ।" यह बात सुनकर बहुतोको आश्चर्य होता है, लेकिन कुछ कह नही सकते। भक्तवृन्दके लिये श्रीधाममे भी उनके श्रीमन्दिरका द्वार खुला है। दीक्षा प्रार्थी शिष्योंके लिये सब जगह उनकी एकही बात होती है । इसीसे वे गौरभक्तोंके इतने प्रिय हो गये हैं। बडे लोग और दरिद्र सभी उनकी आंखोंमे एकसे हैं। सभीके प्रति उनकी समदृष्टि है।

माथाभाङ्गामें

हमलोग तारीख १६वी ज्येष्ठकी रात्रिको लगभग ६-१० बजे नाव द्वारा माथाभाङ्गा गाँव पहुँचे । भक्तगण नदीके तट पर एकत्रित तो थे ही, दोनो गोस्वामी प्रभुओंको यथायोग्य सम्मान प्रदान कर सकीर्तनके साथ श्रीयुक्त महिमाचरण ज्योतिविशारदकी ठाकुरवाडीमे ले गये। यहाँपर भी श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया नाम सकीर्तन चल रहा था । हम लोग जब श्रीमन्दिरके प्राङ्गणमे पहुँचे तब कीर्तन प्रचण्ड गतिसे चल रहा था। २-४ भक्त मूर्छित निश्चेष्ट (वाह्य-ज्ञान-शून्य) होकर प्राङ्गणमे भूमिपर पडे थे। अन्य कुछ भक्तगण उनकी सेवामे नियुक्त थे । ज्येष्ठ महीनेकी भीषण गर्मीमे पसीनेसे तर भक्तगण (वाह्य-ज्ञान-शून्य) होकर प्रेमानन्दसे उद्दण्ड कीर्तन कर रहे थे और मृदग-करतालसे दिगन्त गूँज रहा था। लोक-सघटकी छटा देखकर मनमे आया कि इस सुदूर पाण्डव वर्जित देशमे श्रीगौराङ्ग भक्तोका अभाव नही है। इसीसे उनकी सच्ची गौर-भक्तिका परिचय मिलता है।

माथाभाङ्गा गाँव एक उन्नतशील गाँव है। वहां प्राय तीन सौ भद्र परिवार निवास करते है, लेकिन उनमे वसन्त साधुके अनुगत एकमात्र श्रीयुक्त आचार्यको छोडकर श्रीगौराङ्ग चरणाश्रित वैष्णव एक भी नही है। उन्हींके घरमे

होकर मनकी सभी बातें उन्होंने कहीं। उनके अपने घरमें भी कीर्तनके प्रति अद्भुत अनुरक्ति थी। श्रीगौराङ्गचरणमें उनकी प्रीति है। "प्रभु और प्रियाजी उनको अपनावें" यही आशीर्वाद देकर पूज्यपाद हरिदास प्रभु वहाँसे आये थे।

प्रभु व प्रियाजीके विशेष कार्यमें व्यस्त रहनेके कारण श्रीहरिदास गोस्वामी प्रभु मायाभाङ्गामें एकही दिन ठहरे। इसी एक दिनमें मायाभाङ्गा और वहाँके निकटवर्त्ती बहुतसे लोग उनके दर्शन करके उनके चरणोंमें आकृष्ट हुए। कई भाग्यवान्-शिक्षित लोग उसी दिन श्रीमन्दिरमें बैठकर दीक्षित हुए।

महिमाचरण दादाकी महिमासे सुदूर मायाभाङ्गा जैसे स्थानमें श्रीश्रीनदिया-युगलकी श्रीमूर्त्ति प्रतिष्ठित हुई, श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रियाकी युगल सेवाका प्रचार हुआ, श्रीदादाकी मनकी वासना उन्होंने पूर्ण की, धन्य हैं वे।

महिमाचरण दादाने पूज्यपाद हरिदास गोस्वामी प्रभुको पत्रमें लिखा था— "मायाभाङ्गामें इस कङ्गालके घर उत्सवमें पधारकर अबकी बार जो लीला, खेल और कृपाका प्रकाश कर गये, उसके समझ पानेकी क्षमता भी इस अधममें नहीं है। आप हमारे प्रेममय श्रीदादाके अभिन्न कलेवर हैं। आप इस बार श्रीदादा स्वरूपमें माया-भाङ्गाके माथे पर अपने दोनों अरुण चरणोंका स्पर्श कराकर उसको पवित्र कर गये हैं।"

मायाभाङ्गाके उत्सवकी विशेषता यही थी कि महिमाचरण दादा जैसे दरिद्र गृहस्थके इस उत्सवमें जो उद्योग आयोजन हुआ और जो खर्च किया गया, वह दरिद्र जैसा नहीं था। तीन दिन तक सब लोगोंने प्रसाद पाया। सम्मिलित होने वाले लोगोंकी संख्या भी अत्यधिक थी। सारा महोत्सव जैसे किसी अदृश्य नियंता द्वारा सचालित हो, स्वयमेव सम्पन्न हो रहा था।

विख्यात भास्कर (शिल्पी) श्रीयुक्त क्षीरोदचन्द्र आचार्यने स्वभाव-सिद्ध अपने भावसे श्रीविग्रहका गठन किया था। श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-युगल-विग्रह-गठनकर्त्ता भास्कर पूर्व बङ्गालमें एक मात्र ये ही हैं जिन्होंने नाना स्थानोंमें विभिन्न भावके बहुतसे श्रीश्रीनदिया-युगल विग्रहोंका निर्माणकर ख्याति प्राप्तकी थी। इनके अपने घरमें भी स्वहस्त निर्मित श्रीनदिया युगल विग्रह-सेवा प्रतिष्ठित है।

महिमाचरण दादाके श्रीश्रीनदिया-युगल-श्रीविग्रहकी माधुरी अनुपम है। श्रीप्रभु और प्रियाजी उनके प्राणोंसे बढ़कर धन है, हृदय सर्वस्वधन हैं। वहाँ उनके मनके अनुसार ही श्रीविग्रहका प्राकट्य हुआ है। उस दिन सन्ध्याकालके समय जब उनकी भक्तिमती स्त्रीने श्रीश्रीनदिया युगलकी अपूर्व सन्ध्या आरती की, उस कीर्तनमें एक अपूर्व भावकी तरङ्ग उठी। महिमाचरण दादा स्वयं कीर्तन कर रहे थे। बहुतसे

यहाँ अतिथि हुए। वहाँ पर बासण्डा (बरिसाल) के जमींदार गौर-विष्णुप्रिया भजन-निष्ठ श्रीयुक्त किरणकुमार रायचौधरी आदि भक्तगण भी थे। गोस्वामी प्रभुद्वयको पाकर वे सगोष्ठि प्रेमानन्दसे मत्त हो गये। वहाँ भी गौरकथाकी चर्चा प्रारम्भ हो गयी। प्रेममय विधु-दादाका मुँह गौर कथाका अजस्र श्रोत है। जैसी उनकी प्रेम-सेवा-निष्ठा है वैसे ही वे रसिक भक्त हैं। उनके सङ्गसे हमलोग कृतार्थ हो गये।

●

सभी तैयारियाँ हो चुकी थी । श्रीमन्दिरमे पहुँचते ही श्रीश्रीगौरविष्णुप्रिया नामसंकीर्तनका अपूर्व संयोजन प्रारंभ हुआ । दोपहरका समय हो गया था । ज्येष्ठ मासकी प्रचण्ड धूप थी, वहुत लोगोंका संघट था, सभी पसीनेसे तर थे ।

अनेक ग्राम्य बालक कीर्तनमे उद्दाम नृत्य करते हुए उन्मतप्राय होकर गोस्वामी प्रभुको घेरकर कीर्तन करने लगे, उस समयका दृश्य बडाही मनोरम एवं अपूर्व था । बालकोंके गुटका यह अपूर्व नृत्यकीर्तन देखकर प्रेमदादा निमाईचाँदकी स्मृति मनमे उदय हुई । ये सब प्रेमोन्मत्त भक्त बालकवृन्द नृत्यावेशमे भूमि-विलुण्ठित होकर गोस्वामी प्रभुके श्रीचरण पकडते उनकी चरण पूजा करते एवं प्रेममय गोस्वामी प्रभु प्रत्येक बालकको हाथमे लेकर उठाते तथा उनके मस्तकपर श्रीहस्त रखकर आशीर्वाद देते । यह अपूर्व दृश्य भाषा द्वारा वर्णनातीत है, जीवनमे कभी भुलाया नही जा सकता ।

वैष्णव जगतमे कीर्तनका आनन्द ही परमानन्द है एवं कीर्तनमे ही आनन्द-लीला-रसमय-विग्रह श्रीश्रीनिताई-गौरका आविर्भाव होता है । उस दिनके कीर्तनमे श्रीश्रीनिताई गौरका आविर्भाव सुस्पष्ट अनुभूत हुआ था ।

उस दिन श्रीअक्षयकुमार रायके परिवारके सभी लोग गोस्वामी प्रभुसे दीक्षित हुए । उस दिन वहाँ खूब महोत्सव हुआ । सभीने परम आनन्दसे प्रसाद पाया ।

सन्ध्याके पूर्व हम लोगोने धनपतिखोला जानेके लिए नाव द्वारा प्रस्थान किया । नावमे रातका समय गौरश्यामे ही कट गया । साथमे प्रेममय कुञ्जमोहन दादा भी थे । उनके सङ्गलाभसे हमलोग धन्य हो गये ।

दूसरे दिन प्रातःकाल हमलोग धनपतिखोला पहुँचे । इस ग्राममे भक्तवर द्वारकानाथ सरकार महाशय रहते हैं । उनके घरमें श्रीश्रीनदिया-युगल विग्रह सेवा हैं । वे सस्त्रीक गोस्वामी प्रभुसे श्रीश्रीगौराङ्ग-युगल मंत्रसे दीक्षित हैं । उनकी भक्तिमती स्त्री श्रीमती सरला यह प्रेमसेवा करती हैं ।

गोस्वामी प्रभुको यथोचित आदर-सत्कारके साथ वे लोग अपने घर ले गये । इस स्थानका प्राकृतिक दृश्य अतीव मनोरम है । उन्मुक्त शस्य श्यामल क्षेत्रके बीच एक सुन्दर वृक्षलता परिवेष्ठित मनोहर कुञ्जमे श्रीश्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्गकी चित्रपट-मूर्ति प्रतिष्ठित है । आज अपने पूज्यपाद गुरुदेवको अपने घरमे पधारे देखकर सरकार दम्पतिके आनन्दकी सीमा नही है । कहाँ तो श्रीधाम नवद्वीप और कहाँ इतनी दूर त्रिपुरा जिलेका यह क्षुद्र गाँव । गोस्वामी प्रभुका यहाँ पदार्पण हुआ है । अति कष्ट स्वीकार करके वे इस प्रान्तमे पधारेंगे—इसका स्वप्नमे भी किसीको ख्याल नही था । इस देशमे इतने कष्टोको झेलते हुए इतने दिनो उनका पर्यटन करना उनके भक्तवात्सल्य भावका पूर्ण परिचायक है । श्रीश्रीनदियायुगल सेवा परिदर्शनके आनन्दमे वे सब

गौरधामगत, गौर-भक्तवर वैकुण्ठनाथ दे रचित ब्रह्मचारी भणितायुक्त एक श्रीविष्णुप्रिया स्तोत्रका अति सुन्दर भावसे वहांके भक्तोने खोल करतालके साथ कीर्तन किया। ये महापुरुष बसन्त साधुके अनुगत थे। इन्होंने घर छोड़कर ब्रह्मचर्य आश्रमको ग्रहण किया था। ये एक अच्छे कवि थे। उनके रचित बहुत से पद 'लीलामृत' नामके एक वृहद् ग्रन्थमे उनके भक्तोने प्रकाशित करवाये हैं। गोस्वामी प्रभुके साथी प्रसिद्ध सङ्गीत गायक सुधामय गोस्वामी प्रभुने इनके साथ मिलकर यहां भी गौर-कीर्तन किया।

ब्रह्मचारी महाशय-रचित व उनके शिष्यगण द्वारा गायित उस श्रीविष्णुप्रिया स्तोत्रको नीचे दिया जाता है —

श्रीश्रीविष्णुप्रिया स्तोत्र

रक्त कोकनद रातुल श्रीपद,
नटवरमण्डल पूर्णिमार चान्द,
शीतल कौमुदी उजले अवनी,
देहि श्रीचरण गौराङ्गघरणी ॥१॥

सुवलित रामरम्भा जिनि उरु,
सुनितम्ब गुरु कटिदेश सरु,
कम्बुकण्ठस्वर पिककण्ठ जिनि,
देहि श्रीचरण नदे पाटराणी ॥२॥

सुधांशु वदन वात्सल्य पूरित,
स्मित ओष्ठाधर अमिय जड़ित,
त्रिताप-सन्ताप-बिनाशिनी वाणी,
देहि श्रीचरण जगतजननी ॥३॥

महामाया मिश्र सनातन सुता,
शचीमाता वधु त्रिलोक पूजिता,
कलि कलुषित-जीव निस्तारिणी,
देहि श्रीचरण आश्रित रञ्जनी ॥४॥

महाभाव सिन्धु गौरा द्विजमणि,
हृदिसर माझ फुल्ल कमलिनी,
गौरा ध्यान रता दिवस रजनी,
देहि श्रीचरण गौरा आदरिणी ॥५॥

राज राजेश्वरी गौरा मनोहरा,
धैरज निविता जिनि वसुन्धरा,
नर्तनि सुकीर्ति प्रेम प्रकाशिनी,
देहि श्रीचरण पतितपावनी ॥६॥

युग धर्मयुता सनातन सुता,
श्रीहरि शोभे परम शोभिता,
गौरा मर्दिनी गौरा काङ्गालिनी,
देहि श्रीचरण मात सुकल्याणी ॥७॥

विश्व चिन्तामणि धाम नदेपुरी
गौर पुरन्दर परम ईश्वरी,
देवी विष्णुप्रिया त्रिलोक वरेण्ये,
देहि श्रीचरण महामाया कन्ये ॥८॥

जगतेर प्रभु पुत्रे ते जननी,
बिलाइया दिले हृदयेर मणि,
ए जीवन तरे गौरा निस्तारिणी,
देहि श्रीचरण गौरा-विरहिणी ॥९॥

गौरा नाम गुण श्रवण नूपुर,
मलिन वदन भूषणे आनन,
नयन कमल तले सुरधुनी,
देहि श्रीचरण यौवने योगिनि ॥१०॥

त्रिपहर ध्यानी करि सकीर्तन,
नाम संख्या राम सम्पुट ग्रहण,
ताहा निवेदन जीवन धारण,
देहि भक्ति ताहार युगल चरण ॥११॥

मायेरे स्वपन श्रीमूर्ति स्थापन,
नवद्वीपे गौरसेवा प्रवर्तन,
जगत तारिते ए दया करि,
देहि श्रीचरण महीमा ईश्वरि ॥१२॥

विषम विरह-विदरित चित्त,
नयन युगल धारा अविरत,
श्रीमूर्ति अङ्गे ते लुकाले आपना,
देहि श्रीचरण गौरङ्गेर प्राण ॥१३॥

प्रेम महायज्ञ गोरा-प्रवर्त्तन,
आपनाके दिले आहुति अर्पण,
शोधन ना हल तबू ब्रह्मचारी,
देहि पदरेणु शिरेर उपरि ॥१४॥

●

तो इस विषय-कीट जीवाधाम लेखकको ठाकुर नरहरिके श्रीपाट श्रीखण्डके दर्शन सौभाग्यसे इतने दीर्घकाल तक वञ्चित नहीं रहना पड़ता ।

खण्डवासी ठाकुर गोष्ठीके प्रबल आकर्षणसे इस वर्ष (बङ्गाब्द १३३३, गौराब्द ४४० कार्तिक) के इस उत्सवके उपलक्ष्यमे मैं सपरिवार श्रीपाट श्रीखण्डके दर्शन सौभाग्यको प्राप्तकर कृतकृत्य हुआ । परम श्रद्धास्पद खण्डवासी श्रीपाद राखालनन्द ठाकुर, प्रमुख ठाकुर, नरहरिके अन्तरङ्गगणोके आदर एव अतिथि सत्कारसे मुझे परम सन्तोष प्राप्त हुआ । मैं मन ही मन अपनी अयोग्यताके कारण बहुत लज्जित हुआ और ऐसा अनुभव किया कि खण्डवासी ठाकुर गोष्ठीकी कृपा-कटाक्ष हुए बिना 'नरहरिके चितचोरा, विष्णुप्रियाके प्राणगोरा' की कृपा प्राप्ति सचमुच दूर की वस्तु है । इसलिये सबको समझानेकी चेष्टा करता हूँ कि श्रीधामवासीकी कृपासे वञ्चित होकर श्रीधामेश्वरकी कृपाप्राप्ति असम्भव है । ज्यो व्रजवासीकी कृपासे व्रजेन्द्रनन्दनका दर्शन लाभ सभव होता है त्यो ही नदियावासीकी कृपासे श्रीश्रीनवद्वीप-चन्द्रका दर्शन हो सकता है । इसी प्रकार खण्डवासी ठाकुर गोष्ठीकी कृपाके बलसे अपूर्व रसराज मधुर मूर्ति नदियानागर किशोर गौराङ्गका दर्शन लाभ होता है ।

श्रीपाटमे सभी जगह श्रीविग्रहकी प्रतिष्ठा है। सभीकी कुछ न कुछ विशिष्टता है। यही विशिष्टता श्रीविग्रहके नित्यत्वकी पूर्ण परिचायक है। यही अपूर्व प्रेमपरिपूर्ण प्राचीन ध्यानानुगत परिस्फुट भाव श्रीखण्डके श्रीगौर विग्रहकी विशिष्टता है। और यही विशिष्टता ठाकुर नरहरिके साक्षात नटवर नदियानागर गौर-किशोर श्रीमूर्त्ति दर्शनके फल-प्रसूत अपनी अभिज्ञताकी पूर्ण परिचायक है। श्रीमन्महाप्रभुका वह प्राचीन ध्यान नीचे उद्धृत है —

श्रीमन्मौक्तिक दामवद्ध चिकुर सुस्मेर चन्द्रानन,
श्रीखण्डागुरु चारुचित्र तिलक स्रग्दिव्यभूषाञ्चितम् ।
नृत्यावेश-रसानुमोद मधुरं कन्दर्पवेशोज्ज्वल,
गौराङ्ग कनकद्युति निजजनै. ससेव्यमान भजे ॥

जिनकी अलकावली जूडेके रूपमे मोतियोकी लडसे बँधी हुई है, जिनके चन्द्रविम्ब सदृश मुखमण्डलपर सुन्दर मुस्कान खेल रही है, जिनके ललाट पर अगरु और चन्दनका सुन्दर रग विरगा तिलक सुशोभित है, जो गलेमे फूलोका हार और शरीर पर दिव्य आभूषण धारण किये हैं, जो नृत्यके आवेश (उमङ्ग) से होने वाले आनन्दमे विभोर होनेके कारण परम मनोहर दिखाई देते हैं जो कामदेवका सा आकर्षक वेष धारण किये जगमगा रहे है और अपने पार्षदो द्वारा भलीभाँति सेवित हैं, उन स्वर्णकी सी कान्तिसे विभूषित गौर सुन्दरका मैं आश्रय करता हूँ—ध्यान करता हूँ ।

यह ध्यान किस प्राचीन गौरभक्त महात्मा द्वारा रचित है, यह मुझे पता नहीं, किन्तु यही अति प्राचीन ध्यान है एवं इसीके द्वारा ही श्रीमन्महाप्रभुकी श्रीमूर्ति, चाहे वह सन्यासमूर्ति हो, चाहे बालमूर्ति, गौरगोपाल हो, अति प्राचीन कालसे सर्वत्र पूजित व उपासित होती आ रही है। श्रीपाट श्रीखण्डकी श्रीगौराङ्ग मूर्तिमें यही ध्यानानुयायी परिपूर्ण भावकी अविकल स्फूर्ति स्फुटित हुई देखकर मेरे मनमें आया कि यह ध्यान पद ठाकुर नरहरि द्वारा ही रचित है।

परम सुन्दर नव नटवर नदियापुरन्दरकी यह अपूर्व रसराज श्रीमूर्तिके दर्शन करके हमलोग गोष्ठी सहित परानन्दमें मग्न हो गये थे। इस मधुर रूप चित्ताकर्षक श्रीमूर्तिका ध्यान अब तक मन ही मनमें किया करता था, इतने दिनोंके बाद पुण्य भूमि श्रीपाट श्रीखण्डमें अब मानो वे प्रत्यक्षीभूत हो गये, ऐसा प्रतीत हुआ। मेरी भक्तिमती कन्या श्रीमती सुशीला सुन्दरीदेवीने इस अपूर्व श्रीमूर्तिके दर्शन करके 'नरहरिर-पराण पूतली' शीर्षक निम्न कविताकी रचना वहाडागा तम्बूमें बैठकर की थी।

नरहरिर-पराण पूतली

ए आदर सुधा माखा बाहाइया बक्षे धरा,
ए पराण ढाला स्नेहगला शत सोहाग भरा।
नितिरस नव नव,
ए जे निते ह'बे तव,
ए जे जीवनेर वेदना साधना रोदन भरा,
प्राण आकुलिया पथ चाओया आंखि अश्रु भरा ॥१॥

जगत जीवेर अनायास यास से वासुदेवे,
ए नयनीसर बाहाइया कर कैमने सेवे ?
ए नयन अनिमेष,
कोथा पा'बे उद्देश ?
आंखिर कलस कोन सरोवरे पूरिया देवे ?
मोहन मूरति ना धरिबे यदि एमन सेवे' ॥२॥

नव नव भाव उद्गम-जल-कल्लोलिनी,
पाथार ताहार ना पासे कोथा जाय वाहिनी ?
ए सुधा मिटिबे केन ?
सुधा ना पाइले हेन,
प्राणेरा रुपे बुक भरा प्रेम-तरङ्गिनी,
हाते हाते धरा ना दिले कैमने लइबे चिनि ॥३॥

पीरित-क्षरित पराण पूतलि नयन तारा,
त्रियामा यामिनी जागिया पोहाइ तन्द्राहारा।
वक्ष कोटरे रहे,
प्राण से तो बड नहे,
बाहुर बोलाय दोलाइ तोमाय पागल पारा-
अपलके हेरि नरहरि प्राण पुतुलि गोरा ॥४॥

दीरघ कणक केतकी आंखिते सजल दिठि,
बिम्ब बांधुलि अधरे मधुर मृदु हासिटि।
आदरे कि गद गद,
श्रीचरण कोकनद,-
बाड़ा'ये नृत्य रस तरङ्गे चलेछ हाँटि,
सोनार अङ्गे सोहाग ना धरि झरिछे फाटि ॥५॥

नरहरि-हृदि-पद्मदलेर मत्त अलि,
प्रेम-सरोवरे रसावेशे भेसे पड़िछ ढलि।
सकल अङ्ग भरि
कि माधुरी पड़े झरि',
जेन परागेर पराण मथिया नवनी तुलि',
प्रेम छां'चे ढेले गड़े तुले निल प्राण पुतुलि ॥६॥

ठाकुर नरहरिकी एकान्त भजनस्थली पुण्य भूमि बडडागा, श्रीखण्ड ग्रामकी सीमाके अन्तवाले एक सुरम्य विस्तृत आम्रकाननके बीच अवस्थित है। श्रीखण्डके श्रीगौराङ्ग मन्दिरमें अति प्राचीन कालसे श्रीश्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग-युगल मूर्त्ति प्रतिष्ठित है। नदिया युगलकी यह मूर्त्ति श्रीमन्महाप्रभुके पुत्राधिक प्रियतम ठाकुर रघुनन्दनके आदेशसे उनके प्रियपुत्र ठाकुर कान्हाईने प्रतिष्ठा की थी।

इन्ही ठाकुर रघुनन्दन द्वारा सेवित श्रीखण्डके गोपीनाथ श्रीविग्रहने प्रेमवश बालक रघुनन्दनके हाथसे लड्डू खाया था। ये भी श्रीश्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग मूर्तिके साथ उसी श्रीमन्दिरमें अभी भी विराजमान हैं और उनके साथ साथ ठाकुर नरहरिके पूर्वजों द्वारा सेवित श्रीश्रीराधामदनमोहन श्रीमूर्त्ति भी बहुत कालसे सेवित व पूजित होती आ रही है।

ठाकुर नरहरिका विरहोत्सव

खण्डवासी ठाकुर नरहरिका विरहोत्सव प्रतिवर्ष कार्तिक कृष्णा दशमी, एकादशी और द्वादशी तिथियोंके दिन महासमारोहके साथ सम्पन्न होता है। बडडागाके इस उत्सवमें केवल मात्र श्रीगौराङ्ग व गोपीनाथ श्रीविग्रहद्वय श्रीमन्दिरसे वहाँ पधारते हैं।

गौरवश विनाशिनी श्रीमती विष्णुप्रिया देवी इन दिनों श्रीमन्दिरमें अकेली ही रहती हैं। कीर्तन लम्पट नरहरिके चित्तचोर अपनी वक्षविलासिनीको अकेली छोड़कर यहाँ भक्तोंके साथ तीन दिना तक उन्मत्त रहते हैं। उनको श्रीमन्दिरमें जानेका अवकाश नहीं मिलता। विरहिणी विष्णुप्रियाजीने इस दुःखसे श्रीअङ्गके अलङ्कार आदि सब खोलकर फेंक दिये हैं यह देखकर बड़ा दुःख हुआ। उनके दर्शन करनेसे ही ऐसा प्रतीत हुआ कि वे मानो किञ्चित कुपिता व अभिमानिनी होकर अपने प्राणवल्लभके शुभ आगमनकी प्रतीक्षा कर रही हैं। ऐसा लगा मानो वे अपनी अन्तरङ्गा सखी काञ्चनाको कह रही हैं—

सखि ! आज हल तीन दिन
प्राणेश्वर सङ्गहीन,
एकाकिनी आछि भुजि
कि करिया बाँचे मोर प्राण।
अनन्त भक्त सङ्ग,
नाचे गोरा बड़डाङ्गे
शुनि उच्च हरिध्वनि
बाड़े नाकि मोर अभिमान ?

मैंने ठाकुर राखालनन्दको प्रियाजीके मनकी वेदनाकी बात कही। आभरण शून्य गात्रकी बात कहनेपर मृदु मुस्कानके साथ उन्होंने उत्तर दिया— विष्णुप्रियाके प्राण-गौर केवल नरहरिके चित्तचोर ही नहीं हैं 'वे प्रियाजीके अलङ्कारचोर' भीहैं। प्रियाजीके समस्त अलङ्कार चुराकर उन्होंने स्वयं धारण कर लिये हैं। प्रियाजीके अलङ्कार पहिनकर उन्हें बड़ा सुख होता है। उनका यह सिद्धान्त सुनकर मुझे हँसी जरूर आयी, लेकिन नरहरिके चित्तचोरापर कुछ नाराजी भी हुई। पूर्व युगके प्रियाजीके कान्तिचोर' यदि इस युगमें प्रियाजीके अलङ्कारचोर न हों तो लोग उन्हें 'चौराग्रगण्य पुरुष नमामि' कैसे कहें ? चोरका स्वभाव कहाँ जायगा ?

बड़डाङ्गाके इस महामहोत्सवमें प्रतिवर्ष बहुतसे लोगोंका समागम होता है। रासभूमिमें उच्च नामकीर्तन द्वारा प्रमका तूफान सा उठ खड़ा हो जाता है। 'जय नरहरिर प्राणगौर' ध्वनिसे दिशायें गूंज उठती हैं बड़डाङ्गा प्रकम्पित होने लगता है।

प्रतिदिन १८-२० मन चावलोंका प्रसाद भोग होता है। ठाकुर गोष्ठी प्रतिवर्ष ५-६ हजार रुपय इस महोत्सवमें व्यय करता है। ठाकुर विनोदानन्दसे इस व्ययकी बात पूछने पर मृदु हँसीके साथ मेरा हाथ पकड़कर वे बोले— भाई ! यही आशीर्वाद करो कि जिससे भगवानको लेकर व्यवसाय नहीं करना पड़े भगवानका नाम लेकर अर्थ उपार्जन नहीं करना पड़े। कैसी सुन्दर भक्ति है उनकी कैसी सुन्दर गुरुनिष्ठा है ?

सभीने बताया कि अबकी बार सम्मिलित होने वालोंकी सख्या कुछ अधिक हो थी। स्वनामधन्य रामदास बाबाजी महाराज अपने दल-बलके सहित बडडाङ्गाकी खुली जगहमे तम्बू लगाकर ठहरे थे। वे अपने हृतकर्ण-रसायन पाषाण-द्रवण और कीर्तन द्वारा उपस्थित भक्त मण्डलीके मन-प्राणका भक्ति रससे सिंचन कर रहे थे। सुप्रसिद्ध कीर्तनीया गणेश और अवधूत बन्द्योपाध्याय महाशयके कीर्तनसे रसिक भक्तवृन्दको परम आनन्द मिलता था। उपस्थित भक्तवृन्दने सर्वत्र ठाकुर नरहरि सरकार महाशयकी लीलाकथा प्रसङ्गकी चर्चा और उसका आस्वादन करके परम तृप्ति लाभ की थी। ठाकुर वशीय श्रद्धास्पद गौराङ्ग एकनिष्ठ गौरगुणानन्द ठाकुर महाशयके गौरकीर्तनसे भक्तवृन्दके मनोमे गौर-प्रेमकी तरङ्गें उछलने लगी थीं। ठाकुरके गौरगुणानन्द नामकी सार्थकता वास्तवमे प्रमाणित हुई। उन्होने गौरगुणके आनन्दमे प्रेमोन्मत्त होकर उत्सवमे 'नरहरिके चितचोरा, विष्णुप्रियाके प्राण गोरा' के नागरी भावके रूपोल्लासका जब पदकीर्तन किया और गौर-विरहमे विह्वल होकर नरहरिके गौर-विरह-सङ्गीतका सङ्कीर्तन किया, उस समय उपस्थित विपुल भक्तसघने प्रेमानन्दसे उत्फुल्ल होकर 'ठाकुर नरहरिकी जय' का तुमुल घोष कर जीवनको सार्थक अनुभव किया था। रामदास बाबाजीके मधुर कण्ठसे नदिया नागरी भावकी मधुर पदावली भी भक्तवृन्दके कानोमे मधुवर्षा कर रही थी। इन सबका स्वय श्रवण किये बिना वास्तविक रसास्वादन का अनुमान भी कठिन है।

श्रीगौराङ्ग सुन्दरके नागरी भावके भजन विरोधी दलमे से वहाँ कोई उपस्थित था या नही, पता नही। यदि उनका यह सौभाग्य होता, तो वे समझ पाते कि ठाकुर नरहरि सरकार महाशयके भजन बलका कितना महान प्रभाव है, कैसा अपूर्व माहात्म्य है, कैसी चित्ताकर्षक असीम शक्ति है। उनकी भजन पद्धतिका अनुसरण करके यदि नरकमे जाना पडे तो वह भी परम श्रेय है। ठाकुर नरहरिके गण नरकका उद्धार करने मे पूर्ण समर्थ है।

'रसराज गौराङ्ग स्वभाव' ग्रन्थके लेखक, ठाकुर नरहरिके कृपासिद्ध महापुरुष श्रीविश्वम्भर बाबाजी महाशयने अयाचित मेरे तम्बूमे आकर मुझे दर्शन देकर कृपा की, उससे मैं बहुत कृतार्थ हुआ। उनकी सुधा-मधुर आकृति, उनके श्रीमुखकी मधुर हँसी, उनका सहज-सरल अपूर्व गौर-नागरी भाव दर्शन करके मनमे आया कि जिन लोगोंने ऐसे निष्किंचन वैष्णवके सम्बन्धमे गत वर्ष अभक्त द्वारा परिचालित साधारण समाचार-पत्रोमे नाना प्रकारका व्यग परिहास व कुत्सा निन्दा आदि झूठी रटना करके व्यर्थका वितण्डावाद उठाया था, उनके महापापका प्रायश्चित तभी हो सकता है जब वे बडडाङ्गामे रहकर छिन्न कोपीन व कन्थाधारी, कुटीरवासी एकान्त-भजननिष्ठ श्रीगौराङ्ग सुन्दरके इन रसिक भक्तकी पर्णकुटीरमे गौर-गदाधर व नरहरिके चित्रपटकी सेवा करें और गदाधर व नरहरिके भावसे भावित होकर रसराज गौराङ्गकी उपासना

लक्ष्मी, सरस्वती सभी कुछ उनकी श्रीविष्णुप्रिया ही है। वे सब प्रकारसे गौराङ्ग नामकी महिमाकी रक्षा कर रहे हैं। यहां तक कि बालिकाओंके आपसमें प्यारके सख्य भावके नाम सृजन भी गौर नामके द्वारा ही होते हैं। मेरे साथ मेरी पत्नी और कन्या भी थी। उनको ठाकुरबाड़ीके अन्तःपुरमें निवास स्थान मिला था। उन्होंने मुझे बताया कि ठाकुरबाड़ीकी एक रमणीने अन्य रमणी को सम्बोधन करते हुए कहा—"अरी गौरधूलि ! इनको बैठनेको आसन दो"। यह 'गौरधूलि' प्रथमोक्त रमणीकी सखीका प्यारका नाम था। पूछनेपर मेरी स्त्रीको पता लगा कि ये लोग सब भावसे सब कामोंमें गौर नामका इसी प्रकार प्रयोग करते हैं।

खण्डवासी ठाकुर गोष्ठीका आतिथ्य सत्कार सबको विदित है। एकनिष्ठ गौरभक्तोंके प्राण शीतल करनेका स्थान है ठाकुर नरहरिका पाट श्रीखण्ड, और गौर प्रेमके भण्डारी हैं ठाकुर-गोष्ठी। गौर कथा छोड़कर वे दूसरी कोई बात नहीं जानते। ऐसी गौर-गोष्ठीका निन्दावाद सुननेसे प्राणोंपर बड़ी चोट लगती है, तथा कठोर बात भी बोलनी पड़ती है।

श्रीखण्डके प्राचीन भक्तोंने बताया कि सिद्ध चैतन्यदास बाबाजीके साथ खण्डवासी ठाकुर गोष्ठीका एक विशिष्ट सम्बन्ध था। नागरी भावके अन्तिम महात्मा सिद्ध चैतन्यदास बाबाजी महाशय थे। ठाकुर नरहरिकी गोष्ठीके सदस्यगण श्रीगौराङ्ग सुन्दरके रसिक भक्त हैं, श्रीगौराङ्ग सुन्दरका वे मधुर भावसे भजन करते हैं। वे गौर नागरी भावसे विभावित हैं। इसीलिए सिद्ध चैतन्यदास बाबाजीके साथ श्रीखण्डका इतना घनिष्ट सम्बन्ध है। यह भी सुना गया है कि सिद्ध चैतन्यदास बाबाजी महाशय जब श्रीपाट श्रीखण्ड गये तब वहां गव नागरीको भोग देकर पीछे प्रसाद पाया करते।

श्रीखण्डसे विदा ग्रहण करके हम लोगोंने श्रीपाट काटोया (कण्टकनगरी) के दर्शनके लिये प्रस्थान किया।

कण्टक नगरी

काटोया (कटवा) का नाम शुद्ध 'कण्टकनगरी' है। यह बड़ा कठोर स्थान है। जैसा कर्कश और कठिन नाम है वैसा ही धाम है।

नदियावासियोंका जीवन सर्वस्वधन, विष्णुप्रियाके प्राणवल्लभ, शचीमाताके अञ्चलकी निधि, नरहरि गदाधरके प्राणनाथने इसी स्थान पर आकर शिखा-सूत्रका विसर्जन किया था। उनके भ्रमर सदृश कृष्ण एवं चिकने घुंघराले केशदाम यहीं अन्तर्धान हुए थे, यहीं उनकी समाधि है। वही गङ्गातीर, वहीं यज्ञवेदीका स्थान, वही केशव भारतीकी कुटीर और सर्वोपरि श्रीमन्दिरके सम्मुख एक अस्वस्थ वृक्षके मूलमें भाभी वृन्दके मुण्डित मस्तककी विशिष्ट केशराशिका संग्रह। आज पर्यन्त वह

जनित दुःख और ताप मेरे जीवनका लक्ष्य हो, उसी दुःख तापसे मेरी साधनाकी सिद्धि हो, वही दुःख ताप मेरे जीवनमरणका साथी हो, जीवनके अन्तिम कालमें यह दुःख ताप ही मुझे गौर-नाम-गानमें उद्बुद्ध करदे, दुःख, शोक, उत्पीडन, निदारो मेरा हृत्पिण्ड भुवन मङ्गल गौर-नाम कीर्तन करते-करते फट जाय और विष्णुप्रिया वल्लभ है ! वही छिन्न-विच्छिन्न हृत्पिण्ड तुम्हारे युगल चरण तले निपतित होकर प्रेम-आनन्दसे तुम्हारा यही नाम गान करे—

जय जय श्रीगौराङ्ग विष्णुप्रिया नाथ।
जीव प्रति कर प्रभु शुभ दृष्टि पात॥
(श्रीचैतन्य भागवत)

सच्चे गौर भक्तके लिए इसकी अपेक्षा ऊँची और कोई प्रार्थना नहीं।

भावके श्रोतमें पडकर बहुत दूर आ गया। कृपामय पाठकवृन्द जीवाधम लेखकके वातुल भावके लिए क्षमा करें। मेरे पगुन निताईका बोल 'गौरहरि, हरि बोल' ने मुझे उन्मत्त कर दिया, इसमें मेरा दोष कुछ नहीं है।

श्रीपाट कातोयाके श्रीविग्रहके दर्शन किये। श्रीविग्रहके दर्शनोंसे मनको जैसा आनन्द होता है वैसा नहीं हुआ। बड़े दुःखसे राग व अभिमानसे महाप्रभुके श्रीकेशके समाधि मन्दिरके निकट गोष्ठी सहित बैठा रहा, प्राणोंमें शान्ति नहीं; वेदनासे बोझिल हृदय, खारे आँसुओंसे भरे नेत्र, उदास मन-प्राण, कैसे कुछ अच्छा लगता ? किसी प्रकार दोपहर तकका समय व्यतीत हो गया। गृहिणी और कन्याके अतिरिक्त श्रीनिवास आचार्य परिवार, श्रीश्रीगौरविष्णुप्रिया भजन-निष्ठ श्रीआशुतोष त्रिवेदी महाशय भी साथ थे।

श्रीपाट एकचक्रा दर्शन

●

[प्रभुपाद श्रीहरिदासजी गोस्वामी द्वारा लिखित]

जीवनकी साध

बड़ गुरु नित्यानन्द एइ अवतारे।
चैतन्य देखाय यारे से देखिते पारे॥"

जीवनकी एक बड़ी अभिलाषा थी कि मेरे कुलके ठाकुर श्रीनिताईचाँदकी जन्म-लीला-स्थली श्रीपाट एकचक्राके एक बार दर्शन करके जीवन सार्थक करूँ। इस विषयमें मेरे जैसे मुझ जीवाधमके इस भाग्यमें परम दयालु निताईचाँदने यह सौभाग्य लिखा है अथवा नहीं, इसका मेरे मनमें बड़ा सन्देह था। किन्तु मेरे पाखण्डी-दलन-बाना निताईचाँदकी करुणाधारा ऐसी है, मेरे जैसे निताईचाँदकी इतनी अपार अहेतुकी दया है कि अबकी बार उन्होंने अपने शुभ-जन्मोत्सवके उपलक्षमें अपने प्रिय भक्त द्विज बलरामदास ठाकुरके पवित्र वंशके कुलाङ्गारको गलेमें डोरी बाँधकर, कान पकड़कर खींचा-खींचीसे अपने पुण्यधाम जन्म-लीला-स्थली श्रीपाट एकचक्राकी अपूर्व शोभा व अनुपम महिमाकी सच्ची अनुभूति एवं विभूति दिखाकर 'कुलके ठाकुर' नामका यथार्थ परिचय दिया। महाजन कवि भावावेशमें मनकी बात एक पदमें यों व्यक्त कर गये हैं —

'बलरामदास मने कि धनि मानि।
ए बड़ भरसा मोर कुलेर ठाकुर तुमि॥"

मेरे कुलके ठाकुर निताईचाँद परम दयालु हैं। यदि कुलके ठाकुर न होते तो इतनी दया क्यों करते? गत वर्ष श्रीपाट दर्शनके लिए जाते समय मैं विशेष कारणवश रोक दिया गया था। कान पकड़कर कुलाङ्गारका गढ़ स्वयं भरवाकर अपने अयोग्य और अनधिकारी इस दासानुदासको उस समय भटकाकर रखा—उसीके रहस्यका अब अनुभव कर रहा हूँ और रो रोकर उनके गुण गा रहा हूँ। अबकी बार निताईचाँदकी इसके सर्व साधुसङ्गका लाभ हुआ।

मार्ग-दृश्य

गौर भक्तवर महेन्द्रलाल वसु हमलोगोंके साथ थे। उनके सङ्ग गौर-कथा रसका सगोष्ठी आस्वादन करते हुए हमलोग रामपुर हाट होकर श्रीनित्यानन्द प्रभुके शुभ जन्मोत्सवकी तिथि द्वितीय फाल्गुन शुक्ला त्रयोदशी वङ्गाब्द १३३३, गौराब्द ४४० के दिन वीरभूम जिलाके श्रीपाट एकचक्रा ग्राम पहुँचे थे। इस ग्रामका दूसरा नाम वीरचन्द्रपुर है। श्रीनित्यानन्द आत्मज श्रीवीरचन्द्र प्रभुके परम पवित्र नामकी पुण्य-स्मृति-स्वरूप इस ग्रामका नाम वीरचन्द्रपुर हुआ।

श्रीधाम नवद्वीपसे चलकर पहले दिन कण्टकनगरी होते हुए अनुमानतः साढे चार बजेके समय हमलोग रामपुर हाट पहुँचे और वहाँ श्रीपाद निशानाथ गोस्वामीके घर रात्रिनिवासकर बहुत तड़के लगभग ३ बजे श्रीपाट एकचक्राके लिये प्रस्थान किया। रामपुर हाटसे एकचक्रा १२ मीलका मार्ग है। रास्ता अच्छा नहीं, बीचमें एक नदी पड़ती है, बैलगाडीके सिवाय आगे-जानेका दूसरा साधन नहीं। तीन गाडियोंमें हमलोग १० आदमी थे।

अरुणोदयके समय रास्तेके दोनों ओरके दूर दूर तकके शस्य श्यामल क्षेत्र दृष्टिगोचर थे। उषाकालमें मृदु मन्द स्निग्ध पवन बह रही थी। राढभूमिका सारा नैसर्गिक स्वरूप बड़ा ही मधुर लग रहा था। दीख पड़नेवाली प्रत्येक वस्तु मधुर, सुन पड़नेवाले प्रत्येक शब्द मधुर—यानी सभी कुछ मधुर था। मेरे मधुर मूर्ति निताईचाँदकी लीला-स्थली मधुरातिमधुर थी। इस देशके ग्रामीण पथ ऊँचे-नीचे क्षेत्रोंके बीच टेढे-मेढे रूपमें ग्रामोंके बीच होकर जा रहे थे। मोहिनी मिट्टीके सब ग्राम्य-गृह व कुटीर, टूटे-फूटे रास्तोंके पासके स्थान, ऊँचे-नीचे भूमि-खण्ड, मार्गके दोनों ओरके धानके लहलहाते खेत, खुले स्थानोंके बड़े-बड़े वटवृक्ष, छोटी छोटी पुष्करणियोंके किनारेके ताल वृक्षोंके समूह, गन्नेके खेतके लम्बे-लम्बे ईक्षुदण्डके हिलते पत्ते, ग्राम्य पुष्करणियोंके पङ्किल सलिलमें पड़े वृक्ष-वन समूह, वन-वन खेतमें खेलते हुये गायोंके बछड़ोंके हाम्बारव, ग्राम्यवासिनी स्त्रियों तथा पुरुषोंका उषाकालके समय सलज्ज भावसे खेतकी तरफ गमन, उषाकालीन पवन-आन्दोलित वृक्ष-शाखाओंकी पत्रराजि, वृक्षोंपर बैठे हुए पक्षीकुलका सुमधुर कलरव, सभी मधुर, सभी सुन्दर प्रतीत हो रहे थे। रूपके सागर, गुणके नागर अवधूत मेरे निताईचाँदकी अपरूप रूपराशि वृक्षकी शाखामें, तरुके तनेमें, पक्षियोंके कलरवमें, नरनारियोंके सुघड मुँह और सलोनी आँखोंमें, ग्राम्य-पथकी कठोर ककरीली भूमिपर, सुशोभित कोमल हरी-भरी दूबमें, पथमें, घाटमें, सब स्थानोंमें, सब जीवोंमें, स्थावर जङ्गममें प्रस्फुटित होकर प्रकाशित हो रही है। मानो, नित्यानन्दमयी राढ धरित्री सौन्दर्य भावसे नित्य आनन्दमें चिरमग्ना है, और नैसर्गिक सौन्दर्यकी अभिव्यक्ति मानो सर्व भूतोंमें प्रस्फुटित हो रही

-डी है।
श्रीवंकिमचन्द्रमें लीन अपने प्राणवल्लभ श्रीनिताईचाँदके दोनों बगलमें विराज रही हैं। इन मूर्तित्रयकी कुछ रहस्य कथा है। भ्रातृवधूके सहित श्रीवंकिमचन्द्र और श्रीनित्यानन्दचन्द्र दोनोंकी ही प्रणयासक्ति भावकी लीलाकथा ही परम रहस्य है। इसलिये बहुत कालसे किम्वदन्ति है—"भौजीके सहित श्रीश्रीबलराम एवं श्रीश्रीवंकिमचन्द्र यहाँ लीला कर रहे हैं"। मधुर रसकी यह कथा सुनकर हमलोग जी भरकर हँसे। रसिकशेखर ठाकुरद्वयकी रसमय लीला-रङ्गका अपूर्व वैचित्र्य देखकर मनमें बड़ा आनन्द हुआ। श्रीवंकिमचन्द्रको यथासाध्य भोग चढ़ाकर हमलोगोंने वहीं प्रसादका प्रबन्ध किया और फिर श्रीनिताईचाँदके गर्भवासके दर्शन करने निकले।

श्रीपाट एकचक्रा परिक्रमा आरम्भ

श्रीवंकिमचन्द्र के दर्शनकर हम लोगों ने श्रीपाट एकचक्राकी परिक्रमा आरम्भ की। दोपहरका समय हो गया था।

पहले कदम्बखण्डी पहुँचे। अब यहाँपर एक भी कदम्ब वृक्ष नहीं है। किसी समयमें वहाँ बहुतसे कदम्ब थे इसीलिये उस स्थानका नाम पड़ा कदम्बखण्डी। यहाँ श्रीगौर-निताईकी श्रीमूर्ति प्रतिष्ठित हैं। सेवा-भार दो महात्माओंके हाथमें है।

किम्वदन्ति है कि यहाँ बगलमें श्रीयमुनाजी प्रवाहित थीं। ऐतिहासिकगण राढ़देशमें श्रीयमुनाजीके प्रवाहकी बातपर विश्वास नहीं करेंगे, किन्तु भक्तोंके लिये अविश्वासका कोई कारण नहीं। अभिन्न गौरगोविन्द मूल सकर्षणावतार श्रीनिताई-चाँदका जहाँ आविर्भाव हो, वहाँ सर्व तीर्थोंका समावेश हुए बिना उस तीर्थका श्रेष्ठत्व सूचित नहीं होता। गङ्गा, यमुना, नर्मदा, सिन्धु, कावेरी आदि सर्वपुण्यतोया नदनदी सबका आविर्भाव राढ़ देशमें एकचक्रा ग्राममें श्रीनिताईचाँदके शुभ-आविर्भावके कालमें हुआ था—यह वैष्णव सिद्धान्त है।

उसी यमुनाके घाटका स्मृति चिह्न अभी भी वर्तमान है। कथित किम्वदन्तिके अनुसार इस यमुनाके घाटपर एक नीमका वृक्ष देखकर श्रीश्रीनिताईचाँदने उसी दारुखण्डसे श्रीवंकिमचन्द्र श्रीविग्रहका निर्माण कराकर एकचक्रामें प्रतिष्ठा की। स्वयं श्रीनिताईचाँदके प्रतिष्ठित यह अपूर्व वंकिमचन्द्र अभी भी उसी स्थानपर विराजे हुए हैं।

इसके बाद हम लोगोंने आधे रास्तेपर अपूर्व प्राचीन श्रीमदनमोहनजीकी श्रीमूर्तिके दर्शन किये। एक वृद्ध बाबाजीके हाथमें इस श्रीमूर्तिकी सेवा थी। उन्होंने बताया कि इसके निकट ही एक जगह गौराग्रज श्रीमद्विश्वरूप प्रभुका विश्राम स्थान है। उस स्थानपर एक वेदी सस्थापित है। किम्वदन्ति है कि संन्यास ग्रहणके उपरान्त श्रीमद्विश्वरूप प्रभु एकचक्रा ग्राममें पधारे थे। यहाँका प्रवाद है कि श्रीमद्विश्वरूप प्रभु ही हाड़ाई पण्डितके घर अतिथि होकर श्रीनिताईचाँदको सङ्ग ले गये थे। यह प्रवाद

गृहके ऊपर यही श्रीमन्दिर प्रतिष्ठित है, यही श्रीनिताईचाँदकी नाडी (नाल) गडी है। इस प्रकारकी प्राचीन किम्वदन्ति बहुत कालसे चली आ रही है। सामनेके मन्दिरमे श्रीश्रीगौरनित्यानन्दकी श्रीमूर्ति हैं जो दो साधु सेवको द्वारा-नित्य पूजित व सेवित होती हैं।

श्रीनित्यानन्द जन्मोत्सवपर इस श्रीमन्दिरमें कोई बाह्याडम्बर नही है, कीर्तनका भी कोई प्रवन्ध नही है। हम लोगोके साथ हमारे महेन्द्रलाल थे, निशानाथ गोस्वामी थे, करताल थी। हमलोगोने स्वय ही श्रीमन्दिरके प्राङ्गणमे बैठकर "निताई गौराङ्ग, निताई गौराङ्ग" नामकीर्त्तन प्रारम्भ किया। एई एक बाबाजी वहाँ अवस्थित थे, लेकिन उनको कीर्तनमे योग देते नही देखा। कीर्तनानन्दसे विभोर होकर हम लोगोने वही बैठे हुए अपने नेत्रोंके जलसे हमारे कुलके ठाकुर श्रीनिताईचाँदका अभिषेक किया और अपने साथ लाये हुए सामान्य फल-फूल मिष्ठानका श्रीनिताईचाँदको भोग अर्पण किया। इसके बाद वहाँ कितनी ही देर तक श्रीनिताईचाँदकी जन्म-लीला-कथाका आस्वादनकर कृतकृत्य हुए। हमारे पगले निताईचाँदके बोल 'गौरहरि हरिबोल' कीर्तनके बाद 'श्रीनिताईचाँदकी जय' घोष करके गर्भवासके भीतर जाकर वहाँ निताईकुण्डके परम पवित्र जलका स्पर्शकर धन्य हुए।

यहाँसे और कही जानेको मन नही करता था। मनमें आता था कि यही बैठकर हमारे कुलके ठाकुर श्रीनिताईचाँदका आजीवन गुण गाता रहूँ। भजन-साधन, ध्यान-धारणाकी तो सामर्थ्य और शक्ति है नही, हा निताई! हा निताई! रटते हुए यदि रोनेकी शक्ति मिल जाय तो अपने आपको परम धन्य समझूँगा। श्रीनिताईचाँद ऐसा सौभाग्य इस जीवाधम कुलाङ्गारको देंगे क्या? यही मेरी चिन्ता और ध्यान था।

(प्रभुपाद श्रीहरिदासजी गोस्वामीकी कन्या श्रीमती सुशीलासुन्दरी देवीने गर्भवासके दर्शन करके जो कविता वहाँ लिखी थी वह नीचे उद्धृत है)

कइ हे हाडाइ कइ श्रीनिताइ'
देखाओ देखाओ, खोला दुयार।
प्राणपण आशे एइ 'गर्भवासे'
आसियाछि देखा लइते ता'र॥
बहुदूर ह'ते बन्धुर पथे
भ्रमिते भ्रमिते आसियाछि हे।
देखाओ तोमार प्राणेर कुमार
चाँद चेपे आर रेखोना गृहे॥
एइ 'एकचाका' केन फाका फाका
केन से बलाइ लीलाविलासी

ए 'बकुलमूले' 'यमुनार' कूले
केन आसि' देखा देय ना हासि'?
कइ त खेले ना दोल की झुलना
राखाल-राजार बाल्य-लीला—
अभिनय कोथा? सेइ चपलता
हेरि' हेरि' हरषित जे शिला ॥
आगो पद्मावती! नमि नमि सति!
तोमार पावन पदाम्बुजे।
ओमा! एकबार देखाओ तोमार
नृत्य निताइ उर्द्धभुजे ॥
ओ जे अवतार मूर्त्त दयार
आदोष दरशी कलुषहारी।
ओ जे गो आमार बड़ आपनार
(ताइ) दरसन आशे एसेछि तारि' ॥

सिद्ध बकुल

उसके बाद हमलोग सिद्ध बकुल दर्शन करनेको आगे बढ़े। श्रीपुरुषोत्तम धाममें सिद्ध बकुलके दर्शन किये थे, यहाँके सिद्ध बकुलका नाम भी सुना था। अति प्राचीन बकुल वृक्षकी वहीं पुरानी स्मृति उदय हो गयी। कुछ दूर चलने पर लता गुल्मादि परिवेष्टित, प्राकृतिक सौन्दर्य विभूषित, आडम्बर शून्य, परम पवित्र आश्रम दृष्टिगोचर हुआ। दूरसे ही उस आश्रममें स्थित उस सिद्ध बकुल वृक्षको हमलोगोंने भक्तिभावसे प्रणाम किया। इसी वृक्षके नीचे हमारे कुलके ठाकुर निताईचाँदने बाललीलाकी थी। निताई-पद-कमल-सेवित यह वही बकुलवृक्ष रूपी प्राचीन श्रेष्ठ महाजन है, यह मेरे अपने निताईचाँदकी वही बाल्यलीला स्थली है—यह बात मनमें आतेही प्राणोंमें मानो प्रेमानन्दका विद्युत प्रवाह फूट चला, मनमें एक प्रकारका प्रेम वात्सल्य भावका उदय हुआ, हृदयमें एक प्रकारकी अपूर्व भाव-तरङ्गें रङ्ग-भङ्गीके साथ नृत्य करने लगीं। हम लोगोंने 'जय निताई' घोषके साथ आश्रममें प्रवेश किया।

प्राचीन वैष्णव-तीर्थस्थानका यह प्राचीन बकुल वृक्षरत्न चारसौ वर्षोंसे आज पर्यन्त मेरे अपने निताईचाँदकी बाल्य-लीला स्थलीका समुज्ज्वल परम पवित्र स्मृति चिह्न स्वरूप विराजमान है। किन्तु इस अपूर्व वृक्ष रत्नको ईंटोंसे आवृतसे बाँधनेका सौभाग्य आज तक किसीको प्राप्त नहीं हुआ—यह सोचकर मनमें बड़ा दुःख हुआ। राढ़देशकी उसी कंकरपूर्ण लालवर्णकी मृत्तिकासे इस सिद्ध बकुलका तना अति सुन्दर भावसे बाँधा हुआ था और उसके साथ इसी स्थलमें दो एक मृण्मय वेदियाँ भी निर्मित

थी। इससे प्राचीन लीला स्थलीके प्राचीनत्वकी रक्षा हो रही थी। प्राचीनत्व ही वैष्णव तीर्थका गौरव है। जहां इस प्राचीनत्वकी रक्षा हो रही है, उसी स्थानपर वैष्णव तीर्थके वास्तविक गौरवकी रक्षा हुई है—यह सोचकर मनमें बड़ा सुख हुआ।

दो-तीन साधु महात्मागण इस पवित्र आश्रमके रक्षाकर्ता हैं, इनमेंसे एक पुराने वैष्णव इस आश्रममें स्थित श्रीश्रीराधाकृष्ण श्रीविग्रहके सेवक हैं। मृत्तिका निर्मित एक परिष्कार और क्षुद्र कुटीरके भीतर श्रीविग्रह विराजित हैं। ये श्रीविग्रह भी प्राचीन बताये जाते हैं। हमलोगोंने परम आनन्द पूर्वक श्रीविग्रहके दर्शन करके परम भक्ति-भावसे प्रणाम किया।

वृद्ध वैष्णव बाबाजी महाशयके साथ इन सिद्धबकुल वृक्ष रूपी प्राचीन महाजनके सम्बन्धमें हमने चर्चा आरम्भ की। उन्होंने बताया कि इसी सिद्धबकुल वृक्षके तले श्रीनित्यानन्द प्रभु अपने बाल सहचरोंके साथ कृष्णलीला अभिनय किया करते थे। गौराङ्गज श्रीनिताईचांदकी ये सब बाल्य-लीला-कथा अति सुन्दर भाषामें श्रीचैतन्य भागवतमें वर्णित है। इस स्थानके प्राचीन वैष्णवोंसे यह किम्वदन्ति बहुत दिनोंसे सुनी जाती है कि एक दिन श्रीनिताई जननी पद्मावती देवीने अपने प्राणापेक्षा प्रियतम पुत्र रत्नको नाना स्थानोंमें अन्वेषण करनेपर भी न पाकर इस बकुल वृक्षके नीचे आकर देखा कि वे अपने बाल सहचरगणके साथ यहाँ बाल्य क्रीडा-रङ्गम उन्मत्त हैं। मध्यान्ह भोजनका समय हो जानेपर भी, भूख प्यास भूलकर निताईचाँद उस स्थानपर बालकोंके साथ कृष्णलीला अभिनय कर रहे हैं। तब माता पद्मावती देवीने कहा—"वत्स मेरे! क्षुधा तृष्णासे तुम्हारा मुंह सूख गया है, चलो बेटे, घर चलो, भोजनका समय हो गया है।" तब निताईचांदने हँसते हँसते अपनी स्नेहमयी जननीकी इस बातका उत्तर देते हुए कहा—"मा! कृष्णलीलाका एक अभिनय बाकी रह गया है—कालीय दमन लीला—उसको सम्पूर्ण करके मैं आता हूँ।" मा पद्मावतीदेवीने फिर कहा—'बेटा! सर्पके बिना कृष्णकी कालीय दमन-लीलाका अभिनय किस प्रकार करोगे।" निताईचांदने हँसते हुए फिर उत्तर दिया—"मा! इस बकुल वृक्षकी शाखा पत्र तोडकर उन्हें सर्पाकार बनाऊँगा और उसीसे हमलोगोंका अभिनय कार्य सम्पन्न होगा।" इतना कहकर मेरे कुलके ठाकुर श्रीनिताईचांदने इस सिद्धबकुल वृक्षकी एक शाखा अपने हाथसे तोडकर उसे सर्पाकार बनाया और निकटस्थ सरोवरमें उसको रखकर उसके ऊपर जलके बीचमें त्रिभङ्गी भावसे खडे हो गये। उनके सङ्गी बालकगण सरोवरके तीरपर नागवधूगणकी तरह खडे होकर हाथ जोडकर उनकी स्तुति करने लगे। यह अपूर्व लीलारङ्ग समाप्त करके निताईचांद बालसखाओंको साथ लेकर जननीके सहित अपने घर गये।

इस अद्भुत प्राचीन वृक्षकी शाखा प्रशाखा अनेक प्रकारसे विस्तृत हैं और एक तरफ निम्नगामी है। अभी भी एक-दो बड़ी शाखायें सर्पाकृतिसे इस प्राचीन वृक्षमें

विराजमान हैं। इनको हमलोगोंने अपनी आँखोंसे देखकर उन्हें सार्थक किया है। वृद्ध महात्माजीने अपने आश्रममें इन वृक्षकी यत्नपूर्वक रक्षित, चन्दनसे भूषित सर्पाकारकी दो-एक छोटी शाखाएं हमलोगोंको दिखाईं और बोले—"वृक्षकी ये सब शुष्क शाखाएँ हैं, जो अपने आप टूटकर गिरी थीं और हमको इसी रूपमें मिली थीं।"

* श्रीचैतन्य भागवतमें वर्णन मिलता है कि श्रीनिताईचाँदकी बाल्य-लीलाके खेल सभी भागवत सम्बन्ध सूचक थे और विशेषतः श्रीकृष्ण विषयक थे।

इस सिद्ध बकुल वृक्षके द्वारा यह पवित्र आश्रम सुशीतल बना रहता है। इस प्राचीन महान आत्मा स्वरूप सिद्ध बकुल वृक्षको प्रेमके आवेगमें प्रेमालिङ्गन करके हमलोगोंने अपने तप्त हृदयको शीतल किया और हा निताई बोलकर प्रेमावेगमें शुष्क नयनोंको द्रवित किया। हमारे साथी गौरभक्तवर महेन्द्रलाल एक वृक्ष शाखाका आलिङ्गन करके बहुत देर तक रोते रहे, उनकी अवस्था देखकर मुझे द्वेष हुआ।

यहाँसे निकट ही पञ्च पाण्डव जिस विप्र-गृहमें ठहरे थे, वह स्थान था। हमारे साथी उस प्राचीन स्थानके दर्शन करनेको जानेके लिये व्यग्र थे। किन्तु श्रीनिताईचाँदकी इस बाल्य-लीला-स्थलीके मधुर दृश्यको छोड़कर और कहीं जानेको मेरा मन नहीं करता था। सङ्गीगण भक्तवर महेन्द्रलालके साथ उस प्राचीन स्थानके दर्शन करने चले गये और मैं इस सिद्ध बकुल वृक्षकी मूलमें माला लेकर एकान्तमें जप करने बैठ गया और 'नित्यानन्द' मन्त्रका जप करने लगा। श्रीनित्यानन्द जन्मस्थलीमें बैठकर और किस मन्त्रका जप करता? नामनामी अभेद होते हैं। बोलते हुए सब अङ्ग सिहर उठते हैं, हाथ काँपने लगते हैं—मेरे परम दयालु श्रीनिताईचाँद अपनी नित्य लीला स्थलीमें मेरे जैसे जीवाधमको नाम रूपमें साक्षात्कार हुए, एक क्षणमें तड़ित प्रभाकी तरह अपूर्व प्राणाराम श्रीनित्यानन्द मूर्ति मेरे ध्यानमग्न मुद्रित नयनोंके सन्मुखसे अपूर्व नृत्य करती हुई पटसे निकल गयी। मेरे हाथकी जप माला हाथमें रही, किन्तु जप और नहीं हो सका, निष्पन्द भावसे जड़वत मैं उसी सिद्ध बकुल वृक्षमूलमें बैठा रहा, किसी प्रकारकी बाह्यानुभूति नहीं रही, इसी समय भक्तवर महेन्द्रलाल मेरी स्त्री व कन्या और अन्य साथियोंके साथ यहाँ आकर मुझे उस अवस्थामें देखकर बिना कुछ बोले निकट ही खड़े रहे। मुझे इसका कुछ पता नहीं। उन्होंने जो बताया वह लिख दिया। इसके बाद उन्होंने प्रकृतिस्थ किया, मुझे बाह्यज्ञान होते ही और कुछ दिखाई नहीं दिया। निताई-विरहसे मेरे प्राण आकुल-व्याकुल होने लगे। ये सब बातोंसे कोई विश्वास नहीं करेगा, यह मैं जानता हूँ तो भी अपने मनका भाव छिपा नहीं सका। यह मेरा दोष है या गुण, यह मैं नहीं जानता, इसीसे निष्कपट भावसे सब कुछ बोल-लिख देता हूँ। जिनकी विश्वास करनेकी प्रवृत्ति हो वे करें, न हो वे न करें, इसमें मेरा हानि-लाभ कुछ नहीं।

इसके बाद हमलोग जिस स्थानपर श्रीनिताईचांद अन्तर्धान हुए थे उस स्थानके लिये चले। सब रास्ते भर प्रेमके आवेगमे भरा हुआ ग्रहग्रस्तकी तरह चल रहा था, श्रीनिताईचांदके उसी अपरूप रूपकी बात स्मरण हो रही थी, मुँहका भाव गद्‌गद् हो रहा था, नेत्रोंसे अश्रुधारा बह रही थी। सभीकी यह दशा हो रही थी, इसी प्रकार एकके भावसे दूसरा सञ्चारित हो रहा था। हमारे दलके सभी आत्मविस्मृतसे हो रहे थे, विशेषकरके हमारे महेन्द्रलाल। भक्तवर महेन्द्रलालके सङ्गगुणसे मुझे जो लाभ हुआ उसके भागी हुए सभी लोग।

सिद्ध स्थानमे बैठकर भजन करनेके आदर्शका सच्चा मार्ग प्राचीन महाजन गण दिखा गये हैं। यहां बैठकर एक घंटाके जपमें जो हुआ वैसा मेरे जीवनमें कभी नहीं हुआ। निर्जन भजनका अधिकारी होकर, निर्जन वासका भाग्य प्राप्त करना कोटि लोगोंमेसे किसी एक निष्किञ्चन भक्तके भाग्यमें होता है। मेरे जैसे विषयके कीटके लिये ऐसा भाग्य असम्भव है। कारण मेरे साथ ५-६ मन श्रीग्रन्थ होंगे ही, उनके लिये ग्रन्थागार होना जरूरी है, टेबुल कुरसी हुए बिना मेरा लिखना पढना नही हो सकता। अतः मेरे कुलके ठाकुर निताईचांदने इस जन्ममे मेरे लिये एकान्तवास नहीं लिखा।

(प्रभुपाद श्रीहरिदासजीकी स्थिति देखकर उनकी कन्या सुशीलादेवीने वहाँ एक कविताकी रचनाकी थी जो नीचे उद्धृतकी जा रही है)

ओइ कि ओइ कि ? देखि देखि देखि
चपला चमकि चलिल फिरे ?
जाम्बुनदे कि चाँद माखामाखि
आर एक बार देखाओ फिरे ।।
(जेन) स्वर्ण कमले बिजलि उजले
गले गले बाहु, नाचिया एलो,
युगल चाँदेर पाद पद्मेर
परागे नयन भरिया गेल ।।
देखिते देखिते लुकाल चकिते
निमेष फेलिते आर ना कि देखि।
अपरूप पुन करुणा निपुण
चाँद निताईर रङ्ग ए कि ?

अन्तर्धान-लीलास्थली

इसके बाद हमलोग श्रीनित्यानन्द प्रभुकी अन्तर्धान-लीलास्थलीका दर्शन करने पहुँचे। निताईचांदके अन्तर्धानकी बात मनमें आते ही ऐसा लगा मानो हृदय फटकर

सौ टुकड़े हो गये, मनके टुकड़े-टुकड़े हो गये, प्राण अगाध विषाद सागरमें मग्न हो गया। बहुत कष्टसे आत्म संवरण किया। रास्ते भर मौन भावका अवलम्बन किये रहा। साथियोंको मनका भाव नहीं ज्ञात होने दिया। लेकिन भक्तवर महेन्द्रलालने मेरे मुखके विषादपूर्ण भावको देखकर जिज्ञासा की—"प्रभु! रौद्रके तापसे और पथश्रान्तिसे आपको बहुत कष्ट हो रहा है, चलिये घर लौट चलें।" मैंने कहा—"नहीं।"

श्रीनिताईचाँदकी अन्तर्धान-लीला-स्थलीके चिह्न स्वरूप मैदानके बीच एक छोटी-सी पुष्करिणीके मध्य स्थलमें एक छोटा-सा देवी मन्दिर प्रतिष्ठित है। उस पुष्करिणीका एक घाट पक्का बँधा हुआ है। उसके निकट एक छोटा-सा मन्दिर है। श्रीपाट एकचक्रा ग्रामवासीके मुँहसे किम्वदन्ति सुनी कि इसी स्थानपर श्रीनित्यानन्दप्रभु गार्हस्थ्य लीलाके समय राढ़की उर्वरा भूमिखण्डमें १२ बीघा जमीनमें खेती किया करते थे। राढ़देशके निवास कालमें देशवासी किसानकी तरह कुछ काल तक कृषक रूपमें उन्होंने लीला की थी। एक दिन निताईचाँदने निश्चय किया कि १२ बीघा धानके खेतकी सफाई वे अकेले ही करेंगे। किसकी शक्ति थी जो इच्छामय श्रीनित्यानन्द प्रभुकी इच्छाशक्तिके कार्यमें बाधा डाले। उन्होंने अपनी गृहिणी जाह्नवा देवीको कहा—'खेत जा रहा हूँ कुछ प्रसाद दो, जिससे भोजन करके काम पर जाऊँ।" लेकिन उस समय घरमें कुछ भी प्रसाद नहीं था, अतः श्रीनित्यानन्द घरणी अपने प्राणवल्लभके इस सेवा-सुखसे वञ्चित रहीं। इधर अक्रोध-परमानन्द श्रीनिताईचाँद प्रसाद न पानेसे क्रोधमें भरकर किसीसे कुछ कहे बिना, भूखे ही खेतपर चले गये। संसार लीला रङ्गमें इस प्रकारका अभिनय अति मधुर होता है। स्वामी बिना भोजन किये चले गये, पत्नी अत्यन्त खिन्न एवं चिन्तित हुईं। शीघ्रतासे बंकिमचन्द्रके लिये भोग रंधन करके दोपहरके पहिले ही ठाकुरको भोग लगाकर, माँ जाह्नवाने खेतसे अपने प्राणवल्लभको घर बुला भेजा। किम्वदन्तिमें कहा गया है कि श्रीनिताईचाँदके भाई उनको घर बुला लानेके लिये गये। अक्रोध परमानन्द मेरे पगले निताईचाँदका क्रोध उस समय तक भी शान्त नहीं हुआ, वे तब भी घर नहीं गये और कुछ क्रोधाभासके साथ बोले—'मैं और घर नहीं जाऊँगा' यहीं बैठता हूँ और उठूँगा ही नहीं।" यह कहते-कहते वे भूगर्भमें प्रवेश करने लगे, वहाँ जितने उपस्थित लोग थे वे सब मिलकर भी श्रीअनन्त रूपी निताईचाँदको पकड़कर रख नहीं सके। वहाँ हाहाकारकी उच्च चीत्कार ध्वनि गूँज उठी, बहुत लोगोंका जमघट जमा हो गया। देखते-देखते श्रीनित्यानन्द प्रभु अलौकिकरूपसे भूगर्भमें बीच अन्तर्धान हो गये। श्रीबलरामदेवकी अनन्तलीला इस पुण्य क्षेत्रमें इस प्रकार सम्पन्न हुई। किम्वदन्ति है कि वे इसी भूगर्भके बीचसे जाके रूप श्रीबंकिमचन्द्रके श्रीमन्दिरमें उठकर श्रीविग्रहमें लीन हो गये। इसीलिये इस अन्तर्धान लीला स्थलीसे लेकर श्रीबंकिमचन्द्रके मन्दिर पर्यन्त एक सुरंग है। किसी किसीका कहना है कि श्रीनिताईचाँद श्रीपाट खड़दहमें श्रीश्यामसुन्दरमें

श्रीविग्रहमे लीन हुए थे। ठीक ठीक वैष्णव इतिहासके अभावमे इस कथाकी यथार्थताका निर्द्धारण असम्भव है।

इस पुण्य स्थानका दर्शन करके सभी लोग शोकसे अभिभूत हुए उदास हो रहे थे, सभीके नेत्रोंमें अश्रुबिन्दु देखे गये, लेकिन मेरे दग्ध चक्षुओंमे अश्रु नही आये, मेरा मौन स्तम्भित भाव ही रहा।

तीसरे पहरके समय परिश्रान्त होकर श्रीवंकिमचन्द्रके श्रीमन्दिरमे लौटते समय कदम्बखण्डीके श्रीगौरनिताई श्रीविग्रहके पुन दर्शन करके हमलोग कृतार्थ हुए।

उस दिन हमलोगोंने श्रीवंकिमचन्द्रके मन्दिरमे प्रसाद पाया। श्रीनिताईचाँदकी जन्म-लीला-स्थलीमे बैठकर दो ब्राह्मण कुमारोंकी मन्त्र दीक्षा हुई एकका नाम था श्रीनिशानाथ गोस्वामी और दूसरेका श्रीअधरनाथ मुखोपाध्याय। उनके सौभाग्यकी सीमा नही।

रामपुर हाट होकर हमलोग दूसरे दिन श्रीधाम नवद्वीप लौट आये। मेरे कुलके ठाकुर निताईचाँदकी जन्म-लीला-स्थलीके दर्शनका दिन मेरे जीवनका एक बडा शुभ दिन है। इस शुभ दिनकी स्मृति रक्षार्थ यह प्रबन्ध लिपिबद्ध किया गया। 'जय निताई जय निताई'।

(एकचक्रा भ्रमणके बाद श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवीने वहीं एक कविता लिखी थी जो नीचे उद्धृत की जा रही है)

नमो नमो ग्राम एकचक्रा नाम
नमो निताइएर जन्म भूमि।
नमो धाम-धूलि शिरे लइ तुलि
अभाजने कृपा करिले तुमि॥
नमो भक्तिमय शक्ति निलय
साधिले हेयाय निमेष चारि।
कोटि जन्मेर साध्य-धनेर
सिद्धिरतन पाइते पारि॥
जय जय राढ़ एक मुखे आर
महिमा तोमार कहिब कि हे!
आगएान जत गौर भकत
उदित तोमार पल्ली गृहे॥
तोमार कठिन माटिर कि क्षरण
आजो जाते बाधा निताइ गोरा।
आजो ए माटित्ते हाटिते हाटिते
भाव अनुभवे हइनु मोरा॥

श्रीवंशीदास बाबाजीसे इष्ट-गोष्ठी

•

[प्रभुपाद श्रीहरिदासजी गोस्वामी द्वारा लिखित]

संक्षिप्त परिचय

श्रीधाम नवद्वीपमें एकमात्र श्रीवैष्णव सिद्ध पुरुष वंशीदास बाबाजी ही प्रकटरूपमें श्रीधामकी शोभा वृद्धि कर रहे थे। ये यहाँ अनुमानतः गौराब्द ४२० से लगभग रहे थे। श्रीधामके निवासी सभी लोग उनके प्रति विशेष श्रद्धा भक्ति रखते थे। आगन्तुक गौर-भक्त उनका दर्शन करके अपना जीवन सार्थक किया करते थे।

वंशीदास बाबाजीकी जीर्ण भजन-कुटी गङ्गाके गर्भमें बड़ाल घाटके सन्निकट उन्मुक्त भूखण्डके ऊपर थी जहाँ वे अपने प्राणधन-जीवनसर्वस्व गौर-गदाधर श्रीनिताईचाँदके विग्रहको लेकर उनकी सेवामें आनन्दमें सर्वदा मग्न रहते। उस कुटीरमें इन तीन दारु मूर्ति श्रीविग्रहके अतिरिक्त एक गोपालकी धातुमूर्ति तथा श्रीश्रीराधा-कृष्णकी मूर्ति भी थी। इतनी मूर्तियोंका छोटा बड़ा सब प्रकारका सेवाकार्य वे दिन रात विधिपूर्वक स्वयं अपने हाथों करते रहते थे। अकिञ्चन वैष्णवके लिये यह श्रीविग्रह-सेवा कितना कष्ट-साध्य है, इसे सेवा निष्ठ भक्तजन सहज ही समझ सकते हैं। उनके इस कार्यमें कोई शिष्य सहायक नहीं था, क्योंकि अब तक उन्होंने किसीको शिष्य ही नहीं बनाया था। वे किसीसे भी किसी कार्यके लिये नहीं कहते थे। वे वृद्ध हो गये थे, सूखे काठके समान उनका शरीर था, एक जीर्ण कौपीन धारण किया करते थे और शरीरपर सौ पैबन्द लगा एक कंथा रहता था। उनकी भजन-कुटीरमें श्रीविग्रह-सेवाकी सामग्रीके रूपमें कतिपय मिट्टीकी हाँडी, घड़ा, पाकके लिये दो एक पीतलकी छोटी पतीली, एक थाली, तथा दो-एक छोटी कटोरी आदि थीं।

जीर्ण कुटीर

मैं २१ पौष रविवार बङ्गाब्द १३३४ सालके दिन गौर भक्त श्रीमान् महेन्द्रनाथ बसुके साथ प्रातःकाल गङ्गाके किनारे भ्रमण करता हुआ उनकी भजन-कुटीके द्वारपर

बाबा श्रीवंशीदासजी महाराज

गया। उनका दर्शन करके प्रणाम किया और कुछ देर तक खड़ा होकर उनके श्रीविग्रहकी सेवा देखता रहा। उस समय वे ठाकुरकी सेवाके बासन माज रहे थे इसलिये अपनी शुभ दृष्टिसे हमलोगोंको केवल मात्र देखा ही कोई बात नहीं की।

उनकी भजन-कुटीका छप्पर भग्नावस्थामें था। छप्परमें खड़ नहीं थी केवल थोड़ा बाँसकी धरनके ऊपर पैनरीकी छान अति जीर्णावस्थामें झूल रही थी। उसीपर कई जरा-जीर्ण कन्था झूल रहे थे। छप्परके नीचे एक अपरिष्कृत तुलसी कानन और पासमें एक छोटा कटहलका पौधा था तथा उसके पास एक छोटा इमलीका पेड़ था। उसके नीचे एक छोटा अमरूदका वृक्ष था।

श्रीमहेन्द्रलाल मेरे अनुगत तथा अति सज्जन और सरल गृहस्थ वैष्णव हैं। वंशीदास बाबाजी इस कुटियाकी जमीन तथा उससे सटी हुई चार कट्ठा जमीन महेन्द्रलालने ही खरीद दी है। उस समय बाबाजी महाराजने शरत्कृष्ण ब्रह्मचारी नामके एक भक्त थे उन्हींके हाथमें रुपया सौंपा जाता था। उन्होंने यह जमीन अपने नामपर खरीदी थी। अब वे इस संसारमें नहीं हैं। कानूनसे उनका नाबालिग पुत्र इस भजन-स्थलीका उत्तराधिकारी होता है। रानी रासमणिके इस जमीनकी जमींदार हैं। बाबाजी इन बातोंपर ध्यान नहीं देते देनेकी आवश्यकता भी नहीं है। परन्तु एक दिन यह बात मेरे सुननेमें आई इसीसे श्रीमहेन्द्रलालको लेकर यह स्थान देखनेके लिये मैं आया था।

इस भजन-स्थलीकी रजिस्ट्रीकी दस्तावेज जो शरत्कृष्णके पास थी खो गई हो गयी और हरेकृष्ण नामके किसी दुष्ट व्यक्तिके हाथ लग गई। वह लौटाना नहीं चाहता था। फलतः खजाना (जमीनका कर) चुकाया नहीं गया। गिरुबाला नामकी एक स्त्री यह कहती थी कि उन्होंने खजाना चुकाकर जमादारसे रसीद ले रखा है। जमींदारके गुमाश्तासे परामर्श करके इस जमीनके उद्धारको चेष्टा हो रही था। इसमें बड़ी गोलमाल थी। मैं विषयी आदमी हूँ। विषयको लेकर ही मेरा सब काम काज होता है। इसीलिये श्रीप्रभुने मुझे इस निष्किञ्चन वैष्णवकी भजन-स्थलीकी रक्षा करनेका आदेश दिया है। इसीसे इतना सब हाल बयान करना पड़ा। किन्तु वैष्णवकी यह भजन स्थली गौड़ीय धर्मावलम्बियोंकी विशिष्ट सम्पत्ति है। इस स्थानकी रज-कण भी परम पवित्र हैं। इसके संरक्षणका भार स्वयं श्रीगौर सुन्दरने अपने भक्तोंके ऊपर छोड़ा है। यह पैतृक सम्पत्ति या कम्पनीकी सम्पत्तिसे भी बड़ी चीज है।

वंशीदास बाबाजी किसीके साथ विशेष बातचीत नहीं करते। वे निर्जनमें बैठकर दिन रात अपने जीवन सर्वस्व धन गौर गदाधर और निताईचाँदसे बात करते रहते हैं। रात रात भर इनके आसनपर बैठकर गौरांगके साथ न जाने क्या-क्या रसकी बातें करते रहते हैं परन्तु जन-समाजमें व प्रायः मौन रहते हैं।

पहले दिन मैंने उनसे कोई बात सुननेकी धृष्टता नहीं की। परन्तु अपने हृदयकी एक अभिलाषा मैंने श्रीमहेन्द्रलालजी द्वारा उनके श्रीचरणोंमें निवेदन कर दी।

मैं चाहता था कि बाबाजीकी भजन-कुटीके बाहरकी छत मरम्मत करदी जाय। ईंटके खम्भे देकर ऊपरसे टीनका छाजन करके एक बरामदे जैसा बना देनेसे उनकी भजन-कुटीकी एक शोभा हो जायगी और सेवा-कार्यमें कुछ सुविधा होगी। मैंने उनको भजन कुटीके भीतर बैठकर बासन माँजते देखा, यह कार्य बाहर हो सकता था। भजन-कुटीके सामने खुले स्थानमें बाबाजीके व्यवहृत छिन्न कन्थे आदि पड़े रहते हैं, बरामदेमें रहनेपर वे सुरक्षित रहेंगे यह सोचकर तथा गौर-भक्तगण वहाँ बैठकर दर्शन करनेका सौभाग्य प्राप्त कर सकेंगे, इस विचारसे यह कार्य करा देनेकी प्रेरणा मेरे मनमें श्रीप्रभु और प्रियाजीके द्वारा हुई।

'कन्था-करङ्ग' वाले अकिञ्चन वैष्णव हमारे प्रभुके अत्यन्त प्रिय होते हैं। इसी कारण प्रभुके प्रियजनकी कुछ सेवा करनेकी वासना मनमें उदय हुई। मेरे भाग्यक्रमसे यह वासना पूर्ण होगी या नहीं, इसमें घोर सन्देह था। इसके अनेक कारण थे। मैं विषयी नराधम हूँ। ये सर्वस्वत्यागी निष्किञ्चन विरक्त वैष्णव हैं। सुना था कि धनी मारवाड़ी लोग उनके लिये पक्का दालान और श्रीमन्दिर तैयार करना चाहते थे, परन्तु बाबाजीने अस्वीकार कर दिया। कोई कुछ देता है तो वह कुछ कहते नहीं, परन्तु सबकी दी हुई वस्तु ग्रहण नहीं करते। किसी एक व्यक्तिने ठाकुर सवारे लिये कुछ गने दिये थे। वे बाहर पड़े ४-५ दिनमें सूखकर नष्ट हो गये। उन्होंने उसको ठाकुर सेवाकार्यमें नहीं लिया।

मैंने डरते डरते अपना प्रस्ताव श्रीमान् महेन्द्रलालके द्वारा उनके सामने रखवाया, परन्तु वह कुछ भी नहीं बोले। हम उनको प्रणाम करके चले आये। किसी साधु-सन्तके दर्शनोंको जाकर या उनके सेवाकार्यमें सहायताका अभिप्राय जनाकर ही चुप नहीं हो जाना चाहिये। साधु वैष्णवने बातें नहीं कीं, कुछ अपना अभिप्राय प्रकट नहीं किया, अतएव उनके पास जानेसे क्या होगा—यह विचार मनमें लेकर जो साधु-दर्शनके लिये जाते हैं, उनकी कार्य-सिद्धि नहीं होती है। साधु वैष्णवने बातें नहीं कीं तो क्या हुआ, उन्होंने शुभ दृष्टिपात तो किया—यही परम लाभ है, ऐसा सोचकर मनको प्रबोध देना चाहिये। साधु-वैष्णव यदि किसी प्रकारकी सहायता लेनेके लिये तैयार नहीं होते तो इससे क्या ? उनका फिर दर्शन करूँगा, रो-रोकर अपने हृदयकी बातें उनके चरणोंमें निवेदन करूँगा, वह अवश्य दया करेंगे—यही भाव लेकर उस दिन हम घर लौटे।

दूसरे दिन प्रातःकाल मैं और महेन्द्रलाल गङ्गाके किनारे-किनारे भ्रमण करते हुए पुनः यथासमय बाबाजीकी भजन कुटियामें गये तो देखा कि सेवाकार्यमें उनको कुछ अवसर मिला है। मैं प्रणाम करके खड़ा हो गया, महेन्द्रलालने पुनः मेरी अभिलाषा उनके चरणोंमें निवेदन की। उन्होंने प्रसन्न मनसे उत्तर दिया—"गौरकी इच्छा।" तब मुझको साहस हुआ। उसी दिन बारह मिस्त्रीको बुलाकर यह कार्यभार उसके जिम्मे किया।

दूसरे दिन फिर मैं अकेला अन्दाज १० बजे रात मजदूरोका काम देखने वहाँ गया, उस समय राजमिस्त्री शरत मजदूर लेकर कामपर लगा हुआ था । बाबाजी महाराजने मुझे देखकर प्रफुल्ल मुखसे अपने मनके भाव व्यक्त किये कि किस प्रकार काम होना चाहिये—बरामदेके बीच तुलसी काननमे अन्य वृक्ष जो जहाँपर हैं, वैसे ही रहे, शिशु कटहल, इमली व अमरूदके वृक्ष भी रहे, किसीको कोई अङ्ग-हानि न हो । बरामदेके सम्मुख एक आता (सीताफल, शरीफा) का छोटा-सा पौधा है उसपर उन्होंने विशेष ध्यान रखनेको कहा । मैंने स्वय वहाँ बहुत देर तक उपस्थित रहकर उनके आदेशानुसार कार्य हो, इसका प्रबन्ध मिस्त्री व मजदूरोको समझाकर कर दिया ।

तीन दिनमे सब कार्य पूर्ण हो गया । इस कार्यसे बाबाजी महाशयने शुभेच्छा और सतोष प्रकट किया—यह मेरा परम सौभाग्य है ।

प्रारम्भिक इष्ट-गोष्ठी

इस (कुटियाकी मरम्मतके) कार्यके निमित्तको लेकर ३-४ दिन मेरे जैसे विषयी जीवाधमके साथ वंशीदास बाबाजी सरीखे, नीरव निष्किञ्चन, विरक्त, सिद्ध-वैष्णवकी जो इष्ट-गोष्ठी हुई, उसका कुछ कुछ प्रसाद गौर-भक्त-वृन्दको प्रेमोपहारके रूपमे देनेके लोभका सम्वरण नही कर पा रहा हूँ । यह मेरा दोष है या गुण, मैं नहीं जानता और न मैं समझता ही हूँ । उत्तम वस्तु स्वय खाकर मुझे सुख नही होता, दूसरेको खिलानेसे सुख होता है, यही मैं जानता हूँ । इससे अधिक और कुछ जानना भी नही चाहता । यही तो मेरी सुख-सम्पत्ति है, उससे मैं वञ्चित न हो जाऊँ—यही श्रीगुरु गोसाईं और वैष्णव-चरणोमे मेरी कातर प्रार्थना है ।

इष्ट-गोष्टीके पहले दो दिनोंमे श्रीमहेन्द्रलाल मेरे साथ थे । एक दिन मेरे अनुगत गौर-भक्त पष्ठीवर लाहिड़ी भी साथ थे । बादके दो दिनोंमे मेरे साथ बाबाजी महाशयकी अकेले ही इष्ट-गोष्ठी हुई थी । सभी कहते हैं कि वशीदास बाबाजी महाशय इस प्रकारकी इष्ट-गोष्ठी नही करते, मुझे पता नही, मेरे साथ तो उन्होने निस्सकोच अनेक बाते की ।

वशीदास बाबाजी ठाकुर नरोत्तमदासके परिवारके विरक्त वैष्णव हैं । पहले ही उन्होंने प्रश्न किया कि उनके श्रीगुरु घरानेके रेतिलाके गोस्वामीगणमे कोई श्रीधाममे इस समय हैं या नही । मैंने कहा कि मुझे ज्ञात नही, पता लगाकर बतलाऊँगा । इसके बाद उन्होने एक पयार श्लोक पढकर सुनाया —

"रूपेर वैराग्य काले,	"श्रीरूप गोस्वामीके वैराग्य
सनातन बन्दीशाले	कालमे श्रीसनातन गोस्वामी बन्दीगृहमे
पश्चाते अगाध जल,	हैं । पीछे अगाध जल है, दोनो पार्श्वमे
दुइ पार्श्वे दावानल	दावाग्नि लहरा रही है, और सामने
सम्मुखे दाड़ाये व्याध,	व्याध मारनेके लिए शर-सन्धान किये
मारिबार तरे ।"	खडा है ।"

(गौर-गदाधर) को इतनी भी समझ नही। मैं कहता हूँ, तुम लोगोको सनातन गोसाईंका अलौना (बिना नमकका) अन्न-भोग अच्छा लगता था और मेरा भिक्षा-लब्ध चनेका शाकान्न और इमलीके पत्तेका अम्ल रस क्यो नही अच्छा लगता ? इससे अधिक मैं नही दे सकूंगा। मैं और कुछ नही कर सकता, तुम लोग जो कर सकते हो, करो।" इतना कहकर बाबाजी फिर रोने लगे। उनकी इस दुःखपूर्ण रोवाकी बात सुनकर अत्यन्त धीरे-धीरे मैंने हाथ जोडकर निवेदन किया—"बाबाजी! यदि कोई आपकी इस ठाकुर-सेवामे सहायता करे, यदि आपको इसके लिये भिक्षा करने बाहर न जाना पडे, तो क्या आपकी साध पूर्ण होगी ?' बाबाजी धीर-गम्भीर स्वरमे बोले—"प्रेम-सेवा, मन, वचन कायसे स्वय करनी पडती है, स्थूल भिक्षा वैरागीके लिये निषिद्ध है, विषयीका अर्थ या अन्न विष-तुल्य है, ये वस्तुएँ वैरागीकी प्रेम-सेवामे विघ्न है, इनमे कोई भी ग्रहण करने योग्य नही है, अब मेरे कितने दिन हैं, इसीप्रकार कट जायेंगे—यही गौरकी इच्छा है, मैं क्या कर सकता हूँ।" इसपर मुझे कुछ और कहनेका साहस नही हुआ।

वशीदास बाबाजी महाशयके बाल-दाढी है। महेन्द्रलालने मुझे बताया कि पूर्वकालमे एक बार उन्होने क्षौरकार्य करवानेकी इच्छा प्रकट की थी, परन्तु आदेश हुआ था कि यदि मधुनामका कोई क्षौर-कार्यकर्ता हो तो उसीसे यह कार्य करवाऊँगा, नही तो नही। इसका मर्म यह है कि श्रीमन्महाप्रभुके सन्यास कालके समय कटवामे मधु नाईने उनका केश मुण्डन किया था। वे भी उसी भावसे मस्तक मुण्डन करायेंगे। मैंने डरते-डरते यह बात बाबाजीके पास फिर उठाई, तब वे हँसते-हँसते सनातन गोस्वामीके भद्र होनेकी लीला-कथा कहने लगे—महाप्रभुजीकी सनातनजी की मोट-कम्बलपर पडी तीक्ष्ण दृष्टिकी रहस्य-कथाका उदघाटन करके प्रेमानन्दमे कुछ देर गौर-कथा कहते रहे, किन्तु अपने भद्र होनेकी कोई इच्छा प्रकट नही की। मैं भी और कुछ नही बोला।

दूसरे दिन राज मजदूरोका काम देखने जब मैं गया तो उस समय छोटे-से इमलीके वृक्षपर लताकी तरह लिपटे हुए एक क्षुद्र अमरूदके पेडकी डालमे दो पके हुए अमरूदके फल देखकर मुझे बडा आश्चर्य हुआ। इस प्रकारके छोटे से पेडमे इस प्रकारका फल लगना असम्भव सा है। सिद्ध वैष्णवके आश्रमके श्रीविग्रहकी सेवाके लिये यह क्षुद्र वृक्ष रूपी कोई महापुरुष पके हुए फल हाथमे लिये खडे हैं—ऐसा बोध हुआ।

उस दिन बाबाजी महाराजका भाव बडाही सुन्दर, बडाही मधुर दीख पडा। मैंने सदैन्य वचनोसे हाथ जोडकर निवेदन किया—"मैं विषयी, राजसेवी, गृही हूँ। आप मेरे प्रति इतनी कृपादृष्टि रखते हैं, मैं इसके लिये सम्पूर्ण अयोग्य हूँ। वशका कुलाङ्गार हूँ, अंग्रेजी लिख-पढकर पण्डित हो गया हूँ, शास्त्रका मुझे कोई ज्ञान नही है,

बाबाजी महाशयके श्रीमुखसे यह रामथाली व रामकोडाकी कथा एवं एक पतीली स्वर्णदानकी बात सुनकर मैं मन ही मन खूब हँसा। मेरी तो दुष्ट-बुद्धि है। मैंने बाबाजीसे जिज्ञासाकी कि ग्रन्थोंमें तो यह देखनेमें आया है कि निमाई अपनी दुखिनी मातृदेवी शचीमाको कभी-कभी स्वर्ण मुद्रा लाकर दिया करते थे लेकिन एक पतीली स्वर्ण दक्षिणाकी बात तो किसी ग्रन्थमें देखनेमें नहीं आयी। बाबाजी महाराज हँसकर बोले कि मैंने तो ग्रन्थादि देखे नहीं लेकिन प्राचीन वैष्णवोंके मुँहसे यह बात सुनी थी।

उस दिन इस प्रकार कई हँसीकी बातें होती रही। अवधूत निताईचाँदकी बात चली कि मुसलमानको शिक्षा-दीक्षा देनेके कारण ही उनका नाम अवधूत पडा वे मुसलमानकी मस्जिदमें जाया करते, उनको मुसलमान लोग पीर कहा करते। इस प्रकार नाना प्रकारकी बातोंमें दोपहर हो चली, मैं बाबाजी महाशयको प्रणाम करके घरकी ओर लौटा। वंशीदास बाबाजीने अपने पूर्वाश्रमकी कोई बात नहीं बताई। उनके मन्त्र दीक्षा गुरुका नाम हरिलाल ब्रजवासी और सन्यास दीक्षा-गुरुका नाम रामानन्द ब्रजवासी था।

हरिदास चौकीदार

(श्रीहरिदासजी प्रातःकाल नित्य गङ्गाजीके किनारे भ्रमण-परिक्रमा करने जाया करते तब नियमपूर्वक वंशीदास बाबाजीके दर्शन किया करते। वंशीदास बाबाजी उस समय प्रायः नित्य ही ठाकुर-सेवाके बर्तन माँजते हुए पाये जाते। कभी भावमें विभोर होकर इस काममें लगे होते तो हरिदासजीकी ओर दृष्टि नहीं जाती, कभी प्रकृतस्थ होते तब उन्हें देखते ही 'जय शचिनन्दन' कहकर आशीर्वाद देते और उनका अभिवादन करते। और कहते 'चौकीदार हरिदास फुकारे घने घन।' नीचे २५ पौष मङ्गलवार बङ्गाब्द १३३४ के दिनका श्रीहरिदासजी स्वलिखित वर्णन पढ़िये)

प्रातःकाल लगभग ६॥ बजे सर्वप्रथम वंशीदास बाबाजीकी भजन-कुटीके द्वारपर उपस्थित हुआ। प्रणाम करने पर वे 'जय शचिनन्दन' कहकर आशीर्वाद देते हुए हँसते-हँसते एक पयार श्लोकांश मधुर स्वरमें पढ़ गये—

"चौकीदार हरिदास फुकारे घने घन"

मेरा प्रातः भ्रमणका वेश चौकीदारके ही समान था। मस्तक पर प्रकाण्ड पगड़ी, शरीर पर पट्टूका कोट, पैरमें मोजे और जूते, हाथमें लाठी—मैंने समझा कि बाबाजी महाराज मेरी पोशाक देखकर ही मुझे चौकीदार कह रहे हैं। मैंने निर्लज्ज होकर उनसे पूछा—"बाबाजी महाराज! यह बात आप क्यों बोले? मुझको बता दीजिये।" वह हँसते हँसते मधुर वचन बोले—"यह हाट पत्तनका पयार है"। फिर कहने लगे—

"चैतन्येर घाटे नौका चापिल जखन।
हाट् पत्तन निताइचाँद रचिल तखन ॥
घाटेर उपरे हाट् थाना बसाइल।
पाखण्ड दलन बलि निशान गाड़िल ॥
चारिदिके चारि रस कुठारि पूरिया।
हरिनाम दिला तार चौदिके बेड़िया ॥
चौकीदार हरिदास फुकारे घने घन।
हाट करि बेचा केना जार जेइ मन ॥"

"चैतन्यके घाटपर जब नौका चढ़ गयी, तब निताईचाँदने हाट-बाजार लगवायी। घाटके ऊपर हाट-थाना बनाया, और पाखण्ड-दलनके लिये झण्डा गाड़ दिया। चारों ओर चार रसकी कोठरी भरकर हरिनामके बेड़ेसे चारों ओरसे घेर दिया। हरिदास चौकीदार रह रह कर पुकारते हैं, जिसकी जो इच्छा हो हाटमें खरीद-बिक्री करे।"

जब बाबाजी महाराज मेरी ओर एक टक देखते हुए मुझे उद्देश्य करके ये पयार श्लोक प्रेमसे भरकर अति मधुर स्वरसे बोलने लगे उस समय मानों वहाँ मधु-वृष्टि होने लगी। उनके शुभ दृष्टिपातसे मेरा सारा शरीर रोमाञ्चित हो उठा। इस इञ्जेक्शनके साथ साथ मेरे बहुत कालके सभी मानसिक रोग एक दम शान्त हो गये—ऐसा बोध हुआ।

इसके बाद पुन बाबाजी महाराजने मेरे मुँहकी ओर ताककर कहा—

"पाखण्डी दलन बाना नित्यानन्द राय।
लोह दण्ड हाते करि नगरे बेड़ाय ॥"

यह कहकर वे मेरे हाथके डण्डेकी ओर बारम्बार देखने लगे। मैंने भयसे डण्डा पीछेकी ओर छिपा लिया। बाबाजी महाराज और कुछ नहीं बोले, अपने ठाकुर सेवाके बर्तन माँजने लगे। उस वक्त धूप हो गयी थी, भजन-कुटीरके बरामदेमें बाहर भी धूप आ गयी थी तो भी दारुण शीतमें वे तो भजन-कुटीरके भीतर बैठकर ही सेवा-कार्य अपने हाथसे करते जा रहे थे और अपने जीवन-सम्बल सर्वस्व धन गौर-निताई-गदाधरके चन्द्रवदनके दर्शन करते जा रहे थे। मैं उनके भजनानन्दमें और विघ्न डालनेका साहस नहीं कर सका और प्रणाम करके द्रुत गतिसे गङ्गाके किनारे-किनारे भ्रमण करने निकल गया।

ठाकुर-सेवामें स्वयंकी विशेषता

एक दिन प्रातःकाल बर्तन माँजते हुए अपने गौर-निताई-गदाधरके श्रीमुखकी ओर निहारकर मृदु एवं करुण क्रन्दनके स्वरमें वंशीदास बाबाजी कहने लगे—"तुमलोगोंकी मुझसे कुछ सेवा तो बन नहीं सकती, सिर्फ बर्तन माँजने, फूल चुनने और भिक्षा करनेमें सारा दिन निकल जाता है। क्या करूँ? जरा-जरा-सा करके सारा दिन व्यतीत हो जाता है। पहिले मैं स्वयं सभी काम कर लिया करता था, अब शक्ति नहीं रही। क्या करूँ। गौर-निताईने मुझे एकदम मायामें फँसा दिया है।" इतना

कहकर वे क्रन्दन करने लगे। उस क्रन्दनसे काष्ठ-पाषाण द्रवित हो जाते हैं, केवल मेरा पाखण्डी हृदय द्रवित नहीं हुआ। मैं चुपचाप बाबाजीका प्रेमाश्रुपरिप्लुत वदनचन्द्र निर्निमेष नयनोंसे देखता रहा और सोचता रहा कि क्या करनेसे इनका दुःख दूर हो। मैं ठहरा विषयका कीट, मेरी सेवा-बुद्धि भी विषयके साथ चिपटी हुई है। मैंने हाथ जोड़कर निवेदन किया—"बाबाजी महाराज! मैं गोस्वामी-सन्तान हूँ, मेरे यहाँ भी ठाकुर-सेवा है। सेवा-योग्य कोई वस्तु यदि मैं ला दूँ तो आपके ठाकुरजी ग्रहण कर लेंगे क्या?" एक अक्षरमें उत्तर मिला—"ना"। कुछ देरके बाद बाबाजी फिर बोले—"मेरे ठाकुरजीकी सेवाके लिये मैं भिक्षा माँगकर द्रव्यादि सग्रह करूँगा, स्वय रन्धन करूँगा, प्रेम-सेवा दूसरेके द्वारा नहीं कराई जाती।" मैं और कुछ नहीं कह सका। थोड़ी देर बाद प्रणाम करके चलनेके समय निर्लज्ज होकर फिर बोला—"बाबाजी महाराज! कुछ सामान्य फल आपके ठाकुरजीके लिये लग सकते हैं क्या?" वे बोले—"गौरकी इच्छा।" मुझे कुछ साहस हुआ। मैं बाजारमें जाकर दो सतरे और दो मर्तबान कदली फल खरीदकर लाया और लौटकर उनको दिये और उन्होंने प्रेमपूर्वक अपने पात्रमें ले लिए। मैं प्रणामकर चला आया, उन्होंने 'जय शचिनन्दन' कहकर आशीर्वाद दिया। (इस तरह श्रीहरिदासजी प्राय नित्य ही कुछ फल ठाकुर सेवाके लिये अर्पित किया करते थे।)

बाबाजी महाशयके लिए पूजाके वास्ते थोड़े-से पुष्प चयन करना मेरा प्रति दिनका काम था। इसके लिये उनसे मिलकर गङ्गातीर भ्रमण करनेको निकल पड़ता। लौटते समय मैं थोड़ेसे पुष्प सग्रहकरके उनकी कुटीरमें जाकर देता। वे उन्हें सानन्द ग्रहण करते। लेकिन दूसरे ही दिन अपने एक साथी सज्जनके मूँहसे सुना कि वे (वशीदास बाबाजी) उस दिन २॥ प्रहरके समय स्वय पुष्प चयन करने गये थे। उन सज्जनने जब उन्हें देखा तो बाबाजी महाशयने जिज्ञासा की कि आप पुष्प-चयन करने क्यों आये हैं? उत्तरमें उन्होंने कहा कि प्रेमसेवा समुदय अनुष्ठान अपने हाथोंसे करनेसे ही सुख होता है।

श्रीपाद नृत्यगोपाल गोस्वामीके साथ एक दिन राणीचड़ाके चन्द्रकान्त घोषके घरसे वशीदास बाबाजीके ठाकुरजीके लिये पहिले ही बड़े बड़े गेंदेके फूल लेकर बाबाजी महाराजकी भजन कुटीरमें आकर मैंने कहा कि आपके ठाकुरजीके लिये फूल लाया हूँ, आज आपको और फूल लेने नहीं जाना पड़ेगा। बाबाजी महाराज चुपचाप अपने बर्तन माँजते रहे, कुछ भी नहीं बोले। हम लोगोको खड़े-खड़े आधा घण्टासे ऊपर हो गया होगा तब मैंने फिर कहा कि फूल कहाँ रखूँ। अबकी उन्होंने गम्भीर भावसे उत्तर दिया—"तुमने अपने ठाकुरजीके लिये फूल चुने हैं, तुम्हीं ले जाओ, मेरे ठाकुरजीके लिये मैं ही फूल चुनूँगा।" वास्तवमें गेंदेके बड़े-बड़े फूल देखकर पहले मैंने अपने ठाकुरजीके लिये ही सग्रह किये थे। बाबाजी महाराज अन्तर्यामी महापुरुष हैं,

यह इसी बातसे जाना गया । इसमें एक बात और भी है, बाबाजी अपनी ठाकुर-सेवाका सारा काम स्वयं करते हैं, किसी पर भी किसी कार्यका भार नहीं डालते। कोई व्यक्ति कोई काम कर भी दे तो वे उसको पसन्द नहीं करते । प्रेमसेवाकी रीति ऐसी ही होती है ।

बाबाजीका भोग-रन्धन

एक दिन अपराह्नमें मेरी गृहिणी, ज्येष्ठा बहिन और कन्या, मेरे अनुगत श्रीमान् षष्ठीपद लाहिड़ी महाशय और उनकी पत्नीके साथ बाबाजी महाराजके दर्शन करने गयी थी । सुना था कि सभीने कुछ-कुछ भेंट चढ़ाई थी । उस समय लगभग ४॥ बजे होंगे, तब भी बाबाजी ठाकुरजीके लिये रन्धन-कार्य कर रहे थे। वंशीदास बाबाजीके ठाकुरजीका भोग इतनी देरसे होता है देखकर सभीको विस्मय हुआ। प्रश्न करने पर कोई उत्तर नहीं मिला। उन लोगोंने बाबाजी महाराजकी रन्धन-परिपाटी देखकर बहुत प्रशंसा की थी। उन्होंने लौटकर मुझसे कहा—"तुम्हारे वंशीदास बाबाजीने हमसे कोई बात नहीं की। तुम उनसे पूछना कि वे ठाकुरजीको भोग देनेमें इतनी देर क्यों करते हैं ?" मैंने कहा कि उनके चरणोंमें यह बात अवश्य निवेदन करूँगा।

दूसरे दिन नित्य नियमानुसार प्रातः भ्रमणके लिये बाहर निकलकर श्रीधामकी शोभा दर्शन करते अनुमानतः ६ बजे मैं बाबाजी महाराजकी कुटियापर पहुँचा। उस दिन वे उसी समय ठाकुरजीका भोग रन्धन कर रहे थे देखकर मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ । मेरे विस्मयका कारण हमारे घरमें हुई पूर्व दिनकी बातचीत थी कि उसका फल बिना वाद-विवादके ही हो गया (अर्थात् ठाकुरजीका भोग सवेरे ही तैयार हो रहा है)। मुझे कुछ भी कहने या करनेकी आवश्यकता नहीं पड़ी, कोई परिश्रम नहीं करना पड़ा और कार्य सिद्ध हो गया। यही मेरे एक साथ विस्मय और आनन्दका कारण था। जो भी हो, मैं दुष्ट बुद्धि आदमी हूँ। मैं बाबाजीको छोड़ने वाला नहीं। पूर्व दिन इतनी देरसे ठाकुर भोग देनेका कारण पूछते ही उन्होंने तीव्रभावसे उत्तर दिया—'मरे, सुनो मरे, मुझसे और नहीं होता मैं और कितना करूँ ? जैसा कर्म वैसा फल। मैं अकेला आदमी, यह शीतकालका समय, क्या करूँ, क्या करूँ, क्या करूँ ?" इतना कहकर वे मानो गौरानुरागसे गद्गद होकर प्रेमके आवेगसे क्रन्दन कर उठे । ये बातें उनकी ऊपरकी बातें हैं, मनकी नहीं । बड़े दुःखसे उन्होंने दुःखिनी जननीकी पालित सन्तानके प्रति वात्सल्य भावोचित ये बातें कहकर अपने हृदयकी मर्म-व्यथाको प्रकट किया।

वास्तवमें उनको अपने हाथों सब प्रकारका सेवा कार्य करके भिक्षाके लिये जाना होता है। इसमें दोपहरके बाद कुटीमें आकर सब सामग्री एकत्र करके,

मसालादि पीसकर, तरकारी बनाकर, ३-४ व्यञ्जन बनाये बिना ठाकुरजीको भोग नहीं दिया जा सकता। अलग-अलग वस्तुओंके रन्धनकी अलग-अलग परिपाटी भी है। बडी तेलमें भूजनी होती है। इन सब कामोंमे बहुत समय लग जाता है। किसी दूसरेकी सहायता वे लेते नही। प्रेमसेवा अपने हाथसे ही करनी होती है। बाबाजी महाराजकी उपर्युक्त बातका और मैं क्या उत्तर दूं? चुपचाप खडा हुआ उनकी रन्धन परिपाटी देखता रहा और मन ही मन विचारता रहा—धन्य हैं बाबाजी महाराज! धन्य है उनकी प्रेमसेवा! धन्य है उनका सङ्कल्प और शक्ति।

कुछ देरके बाद सुयोग देखकर मैं डरते-डरते बोला—"बाबाजी महाराज! इसी प्रकार सवेरे-सवेरे नित्य भोग बन जाया करे तो अच्छा हो।" यह बात सुनते ही बाबाजी बहुत गरम हो उठे, उनकी आँखें लाल हो गईं। क्रोध और अभिमानसे गद्‌गद होकर वे कहने लगे—"सवेरे सवेरे मुझसे नही होगा, उनके भाग्यमें जो है सो हो, मेरा भजन साधन सब चला गया, मैं क्या उनके बाबाका नौकर हूँ या रसोइया ब्राह्मण? गदाधर राँधा करे और अपने गौरको खिलाया करे; निताई अवधूत है उसकी जाति पाँति नही है, जहाँ-तहाँ जाय और खाया करे, मेरे गोपालके लिये कोई चिन्ता नहीं। एक दूधवाली गाय आकर यहाँ दूध दे जाती है, मेरा गोपाल दूध पीकर ही रह जायगा; चिन्ता है तो केवल मेरे राधा कृष्णकी, कारण नवद्वीपमें उनकी जो सेवा है, वह गौर सेवा ही है, गौर उनका भोग खा डालता है। इसलिये उनके लिये तो दो शाक और भात राँधना ही होगा। नही तो खानेको न मिलनेके कारण वे वृन्दावन चले जायेंगे और वहाँ मधुकरी करेंगे।" मैंने ये बातें कानोंसे सुनी जरूर, लेकिन उनका मर्म समझनेकी शक्ति उस समय मुझमें नही थी, कारण बाबाजी महाराजके रक्त-वर्ण नेत्र देखकर मैं डरके मारे काँप रहा था। जब बाबाजी चुप हुए तब मेरा भय कुछ कुछ दूर हुआ। उन्होंने मेरी ओर प्रसन्न मुद्रासे जब शुभ दृष्टिपात किया तब कहीं जाकर मैं निर्भय हो सका। उस दिन और कोई बात किये बिना दण्डवत् प्रणामकर मैंने विदा ली और उन्होंने 'जय शचिनन्दन' कहकर आशीर्वाद दिया। रास्तेमें विचार करता जा रहा था कि बाबाजीके शब्दोंका एक भाष्य लिखना होगा।

वैराग्य

एक दिन मैं बोला—"बाबाजी महाराज! एक दिन आपकी इस भजन-कुटीरमे हमलोग महोत्सव करेंगे, कीर्तन करेंगे, आपको भी नाचना होगा।"

उन्होंने मुस्कराते हुए बदनसे उत्तर दिया—"गौरनिताईने मुझे खूब नचाया है, अब शक्ति नही रही, खूब महोत्सव प्रसाद खाया है, अब कहीं नही जाता। महाप्रभुके प्राङ्गणमे फटा कन्था लपेटकर खूब नाचा हूँ, पङ्गतमे खूब प्रसाद खाया है, अब सामर्थ्य नही रही।" महाप्रभुके आगमनकी बात उठाकर वे फिर बोले—"अब वहाँ जानेको मन

नहीं चलता, दोनों पत्थर लग गये हैं रज नहीं रही। डर लगता है, गिर पड़नेसे फिर पड़ जायगा।" महाप्रसाद खानेके सम्बन्धमें वे कहने लगे—'मैं बढ़िया माल खाऊँगा—मेरे गौर-गदाधर क्या खायेंगे ?' इतना कहकर वे फिर बोले—

"मठ मन्दिर ना करिबे।

भाल ना खाइबे—भाल ना परिबे॥"

यही महाप्रभुजीका उपदेश है।

दूसरे दिन फिर बाबाजी महाराजने गौर-कथा आरम्भकी—"जगन्नाथजी आकर श्री हरिदास ठाकुर एवं सनातन गोस्वामीने जगन्नाथजीके दर्शन नहीं किये। श्रीमन्दिरके भीतर जानेसे कहीं जगन्नाथजीके सेवकोंका अङ्ग स्पर्श न हो जाय—वे अपनेको नीच अस्पृश्य मानते थे।' इससे उन्होंने आभास दिया कि इसी कारणसे वे भी धामेश्वर श्रीगौराङ्ग मन्दिरमें अब और नहीं जाते।

मैं दुःसाहसिक और दुष्ट प्रकृतिका आदमी हूँ, बोल उठा—"एक बार हमारे 'श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग-कुञ्ज' में पदार्पण करें।" वे बोले—'बहुत दूर है, अब शक्ति नहीं रही क्या करूँ ? निकटके दो-तीन घरोंसे भिक्षा कर लाता हूँ। गौर, निताई और गदाधरको अकेले छोड़कर कहीं नहीं जा सकता। क्या करूँ ?" 'क्या करूँ—?' ये दो शब्द उनकी बातोंकी भाषा बन गये।

मैं निर्लज्ज कहलानेकी तरह फिर बोल पड़ा—"बाबाजी महाराज! पौषकी सङ्क्रान्तिके दिन आपके ठाकुरजीको पिठा पुली खिलानेकी मेरी बड़ी इच्छा है। मैं घरमें बनाकर स्वयं लाकर दूँगा। आप भोग लगाकर प्रसाद पावें।' कुछ देरीके बाद वे बोले—'पूर्वकालमें मैंने स्वयं कितने पिठा पुली तैयार करके ठाकुरजीको भोग लगाया है अब और शक्ति नहीं रही। ये चावल हैं और गुड़ पड़ा है। क्या करूँ, इनसे आगेका और नहीं मिला। बहुत खिलाया है, अब और शक्ति नहीं रही क्या करूँ ?' यह कहकर क्रन्दनके स्वरमें 'गौर हे' बोलते हुए एक दीर्घ निःश्वास छोड़ी।

मैंने बाबाजी महाराजको कुछ फूल संग्रह करके पूजाके निमित्त लाकर दिये तब वे प्रसन्न होकर बोले—"आज और फूल लेने नहीं जाना पड़ेगा।" इसके बाद वे भिक्षाके लिए निकले। मैं भी साथ था। बड़े निर्लज्ज भावसे बोला—"बाबाजी महाराज! अभी सर्दी पड़ रही है एक कम्बल होता तो अच्छा होता।" उन्होंने गम्भीर स्वरसे कहा—'सनातनके वैराग्यकी बात स्मरण आ रही है मोटे कम्बलके प्रति महाप्रभुकी दृष्टि पड़ी थी, मुझे कम्बल नहीं चाहिये।' मैंने कहा—'फटी चट्टी [illegible] कष्टप्रद है।' पर बाबाजीको इस सम्बन्धमें किसी प्रकारका लेश मात्र भी दुःख नहीं है। वे बोले—सनातनके वैराग्यकी बात याद आते ही मैं अपना दुःख व कष्ट भूल जाता हूँ।'

वंशीदास बाबाजी ठाकुर नरोत्तमदासके परिवारके हैं। ठाकुर महाशयके वैराग्यकी बात छेड़कर बोले—"देवसेवाके लिये जलकी भरी हुई कलसी मस्तकपर रखकर लाते-लाते उनके मस्तकमें घाव हो गया जिसमें कीड़े पड़ गये। भूमिपर गिर जानेपर वे उन कीड़ोंको 'ये स्थानभ्रष्ट हो गये हैं' कहकर उठाकर फिर मस्तकपर रख लेते।' यह बात कहते-कहते वे व्याकुल हो गये और प्रेम पूरित भावसे फूट-फूट कर रोने लगे।

वंशीदास बाबाजी बहिर्वस्त्रका उपयोग नहीं करते, केवल मात्र एक जीर्ण कौपीनका व्यवहार करते हैं। मेरे हाथ जोड़कर जिज्ञासा करनेपर उन्होंने उत्तर दिया —

"महाप्रभुजीने जब ठाकुर नरोत्तमको दर्शन देकर कृतार्थ किया था उस समय ठाकुर महाशयके परिधानमें बहिर्वस्त्र नहीं था। केवल करङ्ग, कौपीन और कन्था थे। यही तीन 'क' लेकर उन्होंने महाप्रभुजीके दर्शन पाये थे। मैं भी उसी आशामें 'क' लेकर ही रहता हूँ। ये तीन 'क' ही वैराग्यके वास्तविक चिह्न हैं। 'ब' में निरिकञ्चन वैष्णवकी प्रीति नहीं होती। 'क' में कृष्ण अर्थात् कृष्ण-सेवानुकूल वैराग्यसूचक करङ्ग, कौपीन व कन्था है। महाप्रभुजीको कौपीनधारी कन्था करङ्गिया गोडिया बहुत प्यारे लगते थे। 'ब' बहिरङ्ग सब वस्तुएँ हैं। **'बहिरङ्ग सङ्गे कर नाम सङ्कीर्तन।'** कौपीन अन्तरङ्ग वस्तु है। **'अन्तरङ्ग सङ्गे कर रसास्वादन।।'** वैरागी वैष्णवको बहिर्वस्त्र बहिरङ्ग सङ्ग ला देता है। मेरे गौरने मुझे बहिर्वस्त्र पहननेसे निषेध कर दिया है।"

ये बातें सिद्ध बाबाजी महाराजके मनकी बातें हैं, बड़ी निगूढ़ और रहस्यपूर्ण— इनके मर्मको मर्मीगौरभक्तगण समझ सकेंगे। मैं अधम इन बातोंके मर्मको क्या समझूँ?

निष्किञ्चन वैष्णव

एक दिन मैंने प्रार्थनाकी—"आप मुझपर कृपा करेंगे। मैं बड़ा पाखण्डी हूँ।" बाबाजीने हँसकर उत्तर दिया—"मैं कङ्गाल हूँ, कङ्गालके ठाकुर कृपा करेंगे"। तब मैंने कहा—"आप तो कङ्गाल नहीं हैं, महाराज चक्रवर्ती हैं, आप गौड़ीय वैष्णव जगतके बाबाजी महाराज हैं। आपका ऐश्वर्य ही वैराग्य है। महाप्रभु अपने कन्था-करङ्गधारी साधु-वैष्णव वैरागियोंसे बहुत प्रसन्न रहते थे।" आप मुझपर प्रसन्न होइए वाली बातका कुछ उत्तर न देकर उन्होंने दूसरी ही बात उठायी। वे अपने दुःखकी बात कहने लगे—'मैं सेवा कैसे करूँ? अपने हाथसे अब सेवाकार्य नहीं कर पाता, इतना दुःख क्यों देते हैं, और वे पाते ही क्या हैं?" इतना कहकर रोने लगे। मैंने कहा—"द्रौपदी और पञ्चपाण्डवोंकी सेवासे तुष्ट होकर श्रीकृष्ण भगवानने जब कुन्तीको वर देना चाहा तो कुन्तीदेवीने दुःखकी याचना की। कारण,

वैष्णवेर देखि जेइ पापी निन्दा करे ।
शत शत पाप आसि सेइ पापीरे धरे ।।"

श्रीश्रीविष्णुप्रिया तत्वके सम्बन्धमे प्रश्न करनेपर बाबाजी महाराज बोले—"मैं वह नही जानता । वह बडा निगूढ तत्व है । गौर गदाधर तत्व समझते-समझते ही मैं बूढा हो चला, तब भी समझ नही पाया—तत्व सभी समान हैं । सेवा बुद्धि हुए बिना तत्वज्ञान नही होता । आगे सेवा उसके बाद तत्व—सेवा करनेसे ही तत्वज्ञान होता है । सेवा लीलाका अङ्ग है—सेवा करो, तत्व समझमे आ जायगा ।"

एक दिन वे बोले कि वैष्णव कौन हैं ? वैष्णव पहिचानेंगे कैसे ?

"जांहाके देखिले मुखे आइसे कृष्ण नाम ।
तांहाके जानिबे सबे वैष्णव प्रधान ।।"

बाबाजी महाराजने कहा कि वैष्णव पहचाननेका यही उपाय है । यह महाप्रभुजीका आदेश वाक्य है ।

वशीदारा बाबाजी महाराजके श्री अङ्गमे तिलक-छाप आदि मैंने नही देखे । वे सिद्ध पुरुष हैं, उनकी बात ही न्यारी है । वास्तवमे वैष्णव वेश देखकर ही वैष्णवकी पहचान नही होती ।

संक्रान्तिके दिन

पौष महीनेके उत्तरायण सक्रान्ति पर्वमे प्रात बहुत-से लोग गङ्गा-स्नान करने जा रहे थे, प्रत्येक घाटपर भीड थी—स्त्रियोकी सख्या ही अधिक थी । भगवानने मुझे गङ्गा-स्नान करनेका अधिकार और सौभाग्य नही दिया । मैं दूरसे ही दर्शन करके पवित्र पतित पावनी सुरसरिको प्रणाम कर लेता हूँ । आज प्रात बाबाजी महाराजके लिये भिक्षाके निमित्त एक छोटी-सी पोटलीम कुछ द्रव्य लिये हुए उनके भजन-कुटीरके द्वारपर खडे होकर ज्योही उनको प्रणाम किया "जय शचिनन्दन" कहकर उन्होने आशीर्वाद दिया । वे उस समय सेवाकार्यमे व्यस्त थे, भिक्षा-द्रव्यको द्वार देशपर रखनेकी आज्ञा दी । शीतकालमे दारुण शीतके समय अग्निपर चढानेसे जली हुई पतीली और बर्तन अपने हाथोंसे उनको मांजते देखकर मैंने पूछा—"बाबाजी महाराज ! यदि अनुमति प्रदान करें तो एक सेवकका प्रबन्ध हो जाय, आपके बर्तन मांजनेका कार्य सेवक कर दे तो अच्छा हो ।" इस बातका कोई उत्तर न देकर प्रेमविह्वल भावमे दो-एक बार युधिष्ठिरका नाम लेकर वे प्रेमाश्रुपात करते-करते बोले—"पञ्च पाण्डवोंमे प्रधान मेरा ममेरा भाई युधिष्ठिर, ब्रह्मपुत्रके किनारे जमालपुर एगारसिन्दुरमे कृष्ण भजन कर रहा है और मैं वैरागी होकर क्या कर रहा हूँ, पता नही ।" इतना कहकर वे रोते-रोते आकुल हो उठे । इसके बाद उन्होने मेमनसिंह जिलेके कई स्थानोका नाम लिया, जैसे जमालपुर, हुसेनपुर, एगारसिन्दुर,

प्रभृति। मैंने अनुमानसे समझा कि वंशीदास बाबाजीको पूर्वाश्रमकी क्या याद आ गई है। मैंने डरते डरते पूछा— क्या युधिष्ठिर कभी नवद्वीप आये थे? उत्तर मिला— बहुत दिन पहिले सिर्फ एक बार। फिर बाबाजी महाराजके दोनों नयन छल छल हो आये। अनुमानसे मैंने समझा कि पूर्वाश्रमके ये भाग्यवान युधिष्ठिर इनके बड़े प्रिय पात्र होंगे। कुछ देरके बाद मैंने युधिष्ठिरका पता पूछनेका प्रयत्न किया पर बाबाजीने उनकी उपाधि तक नहीं बतायी। पूर्वाश्रमकी बात छिड़ जानेसे उन्हें कुछ संतप्त सा पाया।

नदियाके स्त्री-पुरुष सभी उनके दर्शन करने आया करते। सभीके लिए उनके आश्रमका द्वार खुला था। एक दिन एक भद्रवंशीया सुन्दरी सधवा स्त्रीने थोड़ेसे तिलोंकी पोटली बाबाजीको देते हुए कहा— वंशीदास! ये अपने ठाकुरजीको देना।' बाबाजीको वंशीदास कहकर सम्बोधन करने वाली उस महिलाके सौभाग्यकी मन ही मन सराहना करते हुए मैंने उनको प्रणाम किया।

नदिया-नागरी भाव

प्रातःकाल कड़ाकेके जाड़ेमें कांपते हुए बहुतसे लोग गङ्गा स्नान करने जा रहे हैं। मेरा गङ्गा स्नान तो है श्रीवंशीदास बाबाजीके दर्शन। महाप्रभुने हरिदास ठाकुर से कहा था—

'क्षणे क्षणे सर्वतीर्थे कर तुमि स्नान

मुझे विश्वास है कि सच्चे वैष्णव साधुका दर्शन करनेपर केवल गङ्गा-स्नान ही क्यों सर्वतीर्थोंके स्नानका फल प्राप्त होता है।

'गङ्गार परशे हय पश्चात् पावन।
दर्शने पवित्र कर ए तोमार गुण॥"

साधु वैष्णव दर्शन गङ्गा स्नानकी अपेक्षा भी अधिक फलप्रद है। (गङ्गा तो स्पर्श करनेके पश्चात् पवित्र करता है पर वैष्णव संत तो दर्शन मात्रसे ही पापीको पावन बना देते हैं।)

उस दिन प्रातः वंशीदास बाबाजीके द्वारपर जाकर मैंने उनको प्रणाम किया। उन्होंने अति प्रसन्न मनसे आशीर्वाद देते हुए दोनों हाथ ऊपर उठाकर जय निताइ कहा। मैंने भी उनके सुरमें सुर मिलाकर हाथ जोड़कर उच्च स्वरसे कहा—

"जय शचीनन्दन जय गौर हरि।
विष्णुप्रियार प्राणनाथ नदिया विहारी॥'

उन्होंने मुस्कराते हुए मेरी ओर देखा। उनकी शुभ दृष्टिसे मानो मेरे सारे शरीरपर अमृत वर्षा हुई। शरीर पुलकित हो उठा। उस समय प्रभातकाल था,

बालरवि अरुण स्निग्ध रश्मियाँ गङ्गातटको समुद्भासित कर रही थी। पूर्व दिशाका आकाश अनुपम लोहित वर्णसे सुरञ्जित था। बाबाजीकी कुटियाके भीतर बाल सूर्यकी अरुण आभा झाँक रही थी। पूर्व दिशाका द्वार उन्होंने मेरे अनुरोधसे खोल दिया था जिससे पर्याप्त धूप आने लगी थी। उस समय गङ्गातटका दृश्य बडा ही नयनाभिराम लग रहा था।

इस दारुण शीतमे भी स्नानार्थी जन प्रात स्नान करने जा रहे थे। भक्तिमती कुल वधुएँ नानावर्णके चित्र विचित्र शीत वस्त्रोंसे शरीर ढके स्नान करके लौट रही थी। वयोवृद्ध साधुगण एव वृद्धामातायें शीतके कष्टसे सिहरते अस्फुट स्वरमे हरिनाम गान करते करते अपने अपने भजनाश्रममे प्रेमानन्दपूर्वक लौट रहे थे। ऐसे मधुमय समयमे बाबा वशीदासजीके भजन-कुटीरके द्वारपर अकेला खडा था। उन्होंने प्रेमावेगमे नदिया-नागरी भावके एक गीतका सुर पकडा—

"नयने लगेछे गोरा ना जाय पासरा। जलेर भीतरे डुबि सेथा देखि गोरा॥"	गौर आँखोंमे लगा रहता है, भूला नही जाता। जलके भीतर डूबती हूँ तो वहाँ भी उसे देखती हूँ।

बाबाजी महाराजके मधुर कण्ठसे तथा सुललित स्वरमे निसृत यह पदामृत मानो मधु वर्षा करने लगा। वे प्रेमावेशमे गान कर रहे हैं। बीच-बीचमे मेरी ओर शुभ दृष्टिपात कर रहे हैं। आँखोंसे आँखें मिलते ही अवनत मुख हो जाते हैं। मैं बेसुध होकर उनके मधुर कण्ठसे मधुर रसकी गौराङ्ग-भजन-गीति सुन रहा हूँ। मेरा सारा शरीर प्रेमसे पुलकित हो रहा है। प्रेमावेशमे कभी-कभी अवश हो जाता हूँ। मैं अब खडा न रह सका, वहाँ ही बैठ गया। बाबाजी महाराजने मेरी तात्कालिक अवस्था देखकर पुन. मेरी ओर अश्रुपूर्ण दृष्टिसे देखकर मानो मुझको ही लक्ष्य करके नदिया-नागरी भावका एक और मधुर सुर पकडा—

"आमि करि कि ओगो नागरि ! गौरप्रेम जे लुकाले नारि॥"	अरी नागरी ! मैं क्या करूँ ? गौर-प्रेम छुपाया नही जाता।

मेरा अङ्ग-प्रत्यङ्ग शिथिल पडने लगा, सारा शरीर प्रेमावेगसे काँपने लगा। मुझे सुधि न रही कि मैं कहाँ हूँ। सर्वज्ञ बाबाजी महाशयने मेरी अवस्था देखकर गान बन्द कर दिया और अपने आप कहने लगे—"गौर, नदिया नागरीके साथ तो मौज करते हैं और वशीदाससे केवल काम कराते है। मौजके लिये नागरी और कामके लिये वशी"—यह कहकर तमाखू सजाने लगे। इसके बाद तमाखूका सेवन करते-करते और भी दो-एक स्वरचित नदिया नागरी भावके पद गाये, उनकी अब याद नही रही। यह गान मुझे लिखानेको वे सहमत नहीं हुए। जब भी मैंने कागज पेंसिल उठाये उन्होंने निषेध कर दिया।

सब लोग जानते हैं और मैं भी जानता था कि वनीराम बाबाजी सख्य रसक साधक हैं। वे अपने गौर निताई विग्रहके साथ सख्य भावसे जो रसालाप करते हैं वह अति मधुर होता है। बाहरसे उनका सख्य भाव है और भीतरसे मधुर भाव। मधुर भावमें नदिया नागरी जिस प्रकार गौराङ्ग भजन करती हैं वे भी उसी प्रकार करते हैं। परन्तु वह सर्वसाधारणको दृष्टिगत नहीं होता।

आज मेरे मनमें बड़ा आनन्द है। बाबाजी महाराजके कुटीरके द्वारपर मैं और वे हैं। वहाँ और कोई नहीं है। एकान्तमें हमलोग रसालाप कर रहे थे ऐसे समय वहाँ जटिला कुटिला आ पहुंचे। दो भद्र वेशधारी शिक्षित व्यक्तियोंने आकर हमारी एकान्त इष्ट-गोष्ठीका रस भङ्ग कर दिया। कुछ देरके बाद जब वे चले गये तो मैंने बाबाजी से पूछा— 'आपके ये स्वरचित नदिया-नागरी भावके पद संग्रह करनेकी मेरी बड़ी इच्छा है।' लेकिन उन्होंने किसी प्रकार भी इसकी स्वीकृति नहीं दी। मैंने भी अधिक आग्रह नहीं किया। मैं श्रुतिधर नहीं हूँ इसलिये मेरे मनकी इच्छा मनमें ही रह गयी। घर आकर अपनी कन्या सतीनाको ये बात बतायी तो वह बोली— 'बाबा! मुझे साथ ले चलना मैं एक बार सुनकर स्मरण रख सकूंगी।' उसमें यह क्षमता है इसका मुझे पता है। लेकिन बाबाजी महाराज उसके समक्ष नागरी भावके गीत गायें इसमें घोर सन्देह है।

बाबाजी महाराजको दण्डवत् प्रणाम करके घर लौटा एक प्रहरसे अधिक समय हो गया था। रास्तेमें सोचता आ रहा था कि नदिया नागरी भावके भजन लोग बुरे भावसे क्यों ग्रहण करते हैं? सिद्ध चैतन्यदास बाबाजी और वनीराम बाबाजीके भाव देखकर ये भजन ही सर्वश्रेष्ठ भजन लगते हैं। ये सब श्रेष्ठ भजन नरहरि ठाकुर वासु घोष प्रभृति बहुतसे महाजनोंने कर गये हैं। उनके भजन पदका अनुसरण करनेसे यदि नरकमें वास करना पड़े तो भी हमारे लिये परम मङ्गल है। कुलोगोंकी कुकथा सुननेसे हमको क्या मतलब? जटिला कुटिलाका दल जल भुन मरे—हम तो प्रमानन्दमें सिद्ध चैतन्यदास बाबाजीके सुरके साथ सुर मिलाकर बोलें —

> 'गौरेर कान्ता आमि
>
> कान्त आमार गौरा।
>
> आमार भजन हल सारा॥

× × ×

एक दिन बाबाजी अपने ठाकुरके आसन मांज रहे थे और गुन-गुन अपने भाव प्रभावेशमें गा रहे थे —

"केन गिये छिलाम गङ्गातीरे ओ नागरी।
नयान कटाक्ष वाणे गौर कैल मन चुरी॥
आमि एखन कि करि ओ नागरी कि करि॥"

"अरी ओ नागरी ! मैं गङ्गा-तट क्यों गयी ? गौरने कटाक्ष-वाणोंसे मुझे घायल करके मेरे मनको चुरा लिया। मैं अब क्या करूँ ? ए नागरी ! क्या करूँ ?"

ये सब गीत बाबाजी महाराजके स्वरचित हैं। वे भावावेशमें तत्काल पद रचना करके गान करते हैं। परन्तु ये गीत कदापि लिखने नहीं देते। कागज-पेंसिल साथ रहने पर भी मैं बाहर निकालनेका साहस नहीं करता। एक दिन ऐसा किया लेकिन उन्होंने लिखनेके लिये निषेध कर दिया।

वंशीदास बाबाजीका कण्ठ-स्वर मधुर है। वे जब नागरी-भावमें विभावित होकर मधुर-स्वरसे गान करते है, तब उनकी दृष्टि इधर-उधर न जाकर एकमात्र अपने प्राणवल्लभके श्रीमुखकी ओर रहती है। वे गाते रहते हैं और आँखोंके झर-झर आँसुओंसे अपना वक्ष भिगोते रहते है। मैं दूर आडमें खडा होकर बाबाजीको देखता हूँ और उनके श्रीमुखसे निःसृत मधुर नवद्वीप-रसका गान सुनता हूँ। मैंने उनको प्रणाम किया है। मैं द्वारपर बगलमें खड़ा हूँ—इसकी उनको सुध नहीं है। वे अपने भावमें आत्मलीन हो रहे हैं।

उपरोक्त नदिया-नागरी भावके पदका शेषांश मुझे स्मरण नहीं। शेषांश अधिकतर मधुर एवं रसिक भक्तोंका प्राण-स्पर्शी था।

यह गान समाप्त हो जानेपर पूजाकी घण्टी आदि माँजते-माँजते मेरी ओर एक बार तिरछी नजरोंसे देखकर और आँखें फेरकर अपने प्राण-वल्लभके श्रीमुखकी ओर देखकर पुनः एक गानका सुर पकडा।

"गङ्गातीरे गोरा नेचे जाय।
कोटि चाँदेर माला गले,
पथे चले हेले दुले,
ओ नागरी तोरा देखबि यदि आय।
पराण गौराङ्ग आमार नेचे चले जाय॥"

बाबाजी महाराजके मुख-नाक-आँखें तथा सारे अङ्गोंमे मानो मधुर नवद्वीप-रसकी प्रबल तरङ्गें उठ रही हैं, प्राणोंमे नदिया-नागरी भावका अशेष स्रोत उमड रहा है, मनमें मानो प्रेमानन्दका प्रबल तूफान उठ रहा है। मैं चित्र-पुत्तलिकाके समान कुटीके द्वारपर खडा हूँ। मेरे समस्त शरीरमें मानो बिजली दौड गयी। मैं कहाँ हूँ, इसका ज्ञान लुप्त हो गया। बाबाजी महाराजकी वक्र दृष्टिसे मेरी यह दशा हुई।

× × ×

वंशीदास बाबाजी महाराजके प्राणमें आज गौर प्रेमका प्रबल तूफान उठा है। उन्होंने पुन एक नदिया-नागरी भावके पदका दूसरा स्वर पकड़ा—

'सजनि आमि कि करि उपाय।
दहिल गौराङ्ग-नागे कि करे ओझाय॥
कोथा बा जाइ आमि कि करि उपाय।
विषे हिया ज्वाला-माला, गौराङ्ग रूपेर डाला—
आचार्य-गरिमा-विषे प्राण मोर जाय।
लाजे ना करिते पारे मन जाहा चाय॥''

यह पद 'सनातन भणिता-युक्त है। इसकी अन्तिम दो पंक्तियाँ मुझे याद नही हैं। इस पदमें कुछ विशेष रहस्य है। 'आचार्य-गरिमा-विषे प्राण मोर जाय'—बाबाजी महाराजके हृदयकी उक्ति है। इसका मर्म समझनेके लिये किसी रसिक भक्तको विद्या-बुद्धिका प्रयोजन नही है। प्रभु-सन्तानको नदिया-नागरी भाव आँखोंमें शूलके समान चुभता है। वैष्णवाचार्य श्रीगौराङ्ग-प्रभुको नागर कहनेमें कुण्ठित होते थे, इसी कारण 'आचार्य-गरिमा विष' की रचना हुई है। इसके बादके छन्दमें बाबाजीका भाव और भी अधिकतर प्रस्फुटित हुआ है।'

जिस समय यह नदिया-नागरी भावका गान हो रहा था, उस समय वहाँ केवल मैं और बाबाजी थे। उन्होंने नदिया-नागरी भावके ये तीन गीत बहुत देर तक गाये।

(प्राय वंशीदास बाबाजी, श्रीहरिदासजी गोस्वामीके समक्ष अकेलेमें नागरी-भावके गीत गाते-गाते विह्वल हो उठते थे। श्रीहरिदासजीने स्मरण रखकर जो गीत 'श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग' पत्रिकामें प्रकाशित किये और भिजवाये, उनमेंसे कुछ नीचे उद्धृत हैं।)

ओ रसना गौर बल ना।
गौर गौर गौर बल ना॥
नागरीर मन चोरा, नरहरिर चित-चोरा,
शची मातार नयनतारा गौर बल ना।
नदे वासीर प्राणगोरा, विष्णुप्रियार मनचोरा,
गौर गौर गौर बल ना।
ओ रसना गौर बल ना॥

× × ×

बल गो नागरी गौर बल्लेन कि॥
गृह गेल कुल गेल मन हेल चुरी।
सजनि ! एखन आमि कि करि॥
नयन कोने, काने काने, गौर बल्लेन कि।
आमि जे प्राण मरि गौर बल्लेन कि॥

× × ×

देखलो नागरी,
नवद्वीप उदय गौर हरि ।
प्रसर वक्ष क्षीण कटि, पराने कोपीन घटी,
मुखे सदाइ बले हरि हरि ॥
नागरीर प्राण धन, कि भावे ह'ल एमन,
संन्यासी हइया करे नागीर मन चुरी ।
वंशीदासेर बड़ आशा, श्रीगुरु चरण भरसा,
नारी पुरुषे सबे भज गौर हरि ॥

× × ×

श्याम सजनी ! नाइते जाइ यमुनार जले ।
कालाचाँद बाजाय बांशी रेते नारि कुले ॥
(नदेर) गंगा यमुना हलो, कालाचाँद गौर हल ।
हरि ध्वनि श्यामेर बाशि, मधुर मधुर बुले ॥
(करे) नागरीर पराण चुरि माझे कुलेशीले ।
वंशी बले (ऐ) वंशी ध्वनि मगाल नारी कुले ॥

सख्यभाव

एक दिन मैं कुटीर पर खड़ा खड़ा गुनगुना रहा था—
"अद्यापियो सेइ लीला करे गोरा राय ।
कोन कोन भाग्यवाने देखिवार पाय ॥"

यह पयार श्लोक सुनते ही बाबाजीने मधुर स्वरमें स्वरचित गान प्रारम्भ किया—

"गङ्गा तीरे तीरे जाइ ।
बलि जय गौराङ्ग जय निताइ ।
वृन्दावन देखिते पाइ ।
यमुना देखिते पाइ ।
जय गौराङ्ग जय निताइ ॥"

इस गानके पश्चात् वे बोले—"वही लीला अब भी गौर करते हैं, परन्तु मेरे सङ्ग बड़ी छेड़खानी करते हैं। शची माके भण्डारकी वस्तुएँ चावल, दाल, तेल, घी मूँग आदि पदार्थ नष्ट करके बाल्यकालमें गौर जैसी लीला करते थे, वही लीला-रङ्ग उन्होंने एक दिन मेरी इस कुटीमें दिखलाया। मैं भिक्षा करने गया था, आकर देखा कि घरमें हाडी फूटी है, भण्डारके सारे पदार्थ अस्त-व्यस्त हैं। चावल, दाल, तरकारी, तेल-घी सब बिखरे पड़े हैं। मैं देखकर अवाक् हो गया। मनमें सोचा कि यह उसी दुष्ट बालक निमाईचाँदका काम है, अब तक उसकी दुष्टता कम न हुई।

— "एक दिन गौरकी इच्छानुसार उसके लिये चम्पा फूलकी माला गूँथनेको राय महाशयकी पक्की दिवालसे घिरे हुए फूलबगानके अन्दर चम्पा फूल तोडने पेडपर चढा था। वहाँ पर भी उसने मेरेसे छेडखानीकी, ऊँचे पेडसे नीचे गढेमें गिरा दिया। नीचे प्राचीरपर लोहेकी त्रिशूल गडी थी, भाग्यसे उसपर नही गिरा, नही तो उस दिन शूली लग जाती। काँटोंके गढेमे मुझे गिराकर वह पगला मजा देखने लगा। गढेमें बाँस था, उससे कधा फूट कर रक्त निकलने लगा। क्या करता, किसी प्रकार उस गढेसे अपने आप निकला। इतना होनेपर भी चम्पा फूलोको नही छोडा, कारण गौरको वे बडे अच्छे लगते हैं। वे फूल लेकर मैं कुटीरमे आया और माला गूँथकर गौर निताईको पहनाई। इतनेपर भी वह क्यो मेरेसे छेडखानी करता है? मैंने उसका क्या बिगाडा है? कौनसे पक्के धानमे हेंगा दिया है, जिससे कि मुझे शूली देना चाहता है? गोसाईं! तुम अपने कुलके ठाकुरको एकबार पूछकर तो देखो।"

यह बात कहते कहते बाबाजी महाशयके दोनो नेत्र प्रेमाश्रुसे परिपूर्ण हो गये। कुछ देरके बाद वे फिर प्रेम-गद्‌गद् भावसे कहने लगे —

"मैं एक दिन गौर निताई इन दो छोकरोंके लिये पद्‌म फूल लेकर कुटीरपर लौट रहा था, ऐसे समय रास्तेमे गौर निताई दोनो जनोंने मेरे साथ बडी ज्यादती की। दोनो जनोंने मिलकर मुझे धक्का देकर एक गढेमे गिरा दिया। उस गढेमे बाँसकी शाखा थी। उस शाखाकी चोटसे बगल फूटकर रक्त निकलने लगा। क्या करूँ, फूल छोडते नही बना। कुटीरमे आकर गङ्गाजलसे धोकर माला गूँथी। जिसके लिये चोरी करे वही कहे 'चोर'। बडी बडी मुसीबतमे पड गया। इतना तो बशीसे काम लेते हैं तो भी दया मायाकी गन्ध भी नही है। बशी बहुत मूर्ख है जो इतनी मार खाकर भी उनका काम करता है। बशी बेहया है, उनको मौत भी नही आती।"

आज बाबाजी महाशयके मनमे बडा आनन्द है। वे अपने मनकी सारी बात खोलकर कह रहे हैं। यहाँ उनके और मेरे सिवाय और कोई नही है। प्रेमगद्‌गद् भावसे कही हुई उनकी बातें मेरे प्राणोमे मधुवर्षण कर रही थी। बाबाजी महाशय अभी भी ठाकुरजीके बर्तन मांज रह थे। यही उनका प्रात कृत्य है। केवल थोडेसे जलसे इतने सुन्दर तरीकेसे बर्तन माँजनेका कायदा उनके सिवाय और कोई नही जानता यह देखनेकी चीज है। वे शख घण्टादि भी प्रतिदिन माँजकर परिष्कार करते हैं। इन सबमे दो घण्टेसे भी अधिक समय लग जाता है। वे सब समय लीला स्मरण मनमें रहते हैं। उनको माला जप करते मैंने कभी नही देखा।

× × ×

एक दिन भद्रवेशधारी एक भक्त आ उपस्थित हुए। वे बाबाजी महाराजको प्रणाम करकर चले जा रहे थे उसी समय बिना पूछे मुझे देखकर उन्होंने बशीदास बाबाजी महाराजकी एक अपूर्व लीला-रङ्ग-कथा मुझे सुनाई—

"कुछ दिन हुए वंशीदास बाबाजीकी भजन कुटीरसे उनकी ठाकुर सेवाकी पीतलकी पतीली कोई चोरी करकर बाजारमें बेचकर उन पैसोंसे इलिश मत्स्य खरीदकर खा गया। सिद्ध बाबाजी महाराजको अन्तर्दृष्टिसे उनको यह सवाद मिल गया। बाहरसे वे नित्यानन्द प्रभुके सख्य रसके साधक हैं। एक दिन उक्त भक्तके सन्मुख अपनी कुटीरके भीतर तमाखु सेवन करते हुए अपने सख्य रसके पात्र निताई-गौरको गाली-गलौज कर रहे थे—"तुम्हारी इलिश मत्स्य खानेकी इतनी इच्छा थी तो मछुएके घर क्यों नही जन्म लिया? बामनके पूत होकर तुम्हारी ऐसी दुर्बुद्धि क्यों हुई? घरकी पतीली चोरीकर बेचकर इलिश मत्स्य भाजा खानेसे तुम्हारी जाति भ्रष्ट होगई। प्रायश्चित किये बिना मैं तुमको छूऊँगा नही'।" इस प्रकार सख्य रसके साधनमें वंशीदास बाबाजी पारङ्गत हैं। ये अपने गौर निताईके साथ इस प्रकारके कितने लीला-रङ्ग करते हैं उनकी कोई सीमा नही।

× × ×

वंशीदास बाबाजीकी ठाकुरसेवाकी भोग रन्धनकी और बर्तन माँजनेकी परिपाटीमे एक अपूर्व चमत्कार है। ये सेवा सिद्ध महापुरुष हैं। अष्टप्रहर गौरलीलाके स्मरण-मननमें लगे रहते हैं। रात्रिको सोते नही, नदिया नागरी भावमें गुन-गुन गाते रहते हैं। भजन कुटीरको ताला नही लगाते। पूछने पर बताया—"घरका चोर चोरी करे तब ताला लगाकर क्या होगा? घरके चोरके आगे ताला बन्द कर देनेसे घरमें ही मल-मूत्र त्यागकर अपवित्र कर देंगे। एक तालेकी तीन चाबी हैं जो निताई, गौर, गदाधर—तीन छोकरोंके पास हैं। मैं क्या करूँ? उनकी जो खुशी हो सो करें।"

× × ×

एक दिन मैंने देखा कि बाबाजी महाराजके बालगोपालके शरीरपर इस शीतकालमें भी वस्त्र नही है। पूछनेपर उनने बताया—'इस बालकका इन्दुर (चूहे) के साथ बड़ा भाव है शरीरका कपड़ा इसने अपने बधु इन्दुरको दे दिया है, मैं क्या करूँ?" मैंने कहा—"गोपाल बालक है। छोटे बालक इस प्रकार किया ही करते हैं। आप अपने गोपालको एक गात्र वस्त्र और दे देवें।" उत्तर मिला—"मेरी उम्र बीत गई। जहाँसे ला सकें ये अपने शरीरका कपड़ा ले आवें, नही तो शीतमें मरें।" मैंने कहा—"अच्छा मैं दूंगा।" उन्होंने उत्तर दिया—"मैं देने नहीं दूंगा।" मैंने और कुछ कहनेका साहस नहीं किया।

वे और बोले—"अबकी मेरे गौर चांदको इन्दुर-दलन-लीला नवद्वीपमें प्रकट करनी होगी। पूर्वलीलामें कालीय-दमन-लीला करके यशोदानन्दनने बड़ी बहादुरी कमाई थी। अबके यह भार शचीनन्दन पर पड़ा है, देखूं मेरा गौर कैसा बहादुर निकलता है?" बाबाजी महाराजके भजन कुटीरमें चूहोंका बड़ा उत्पात था। गोपालके गात्र-वस्त्र चूहे नित्य ले जाया करते और मेवाका द्रव्य आदि सब नष्ट कर देते थे।

× × ×

एक दिन उन्होंने बताया कि निताईने उस दिन मुझे इस बरामदेसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया। कैसे गिराया और फिर कैसे उठाकर ठीक वही बैठा दिया इसका मुझे कुछ पता नही लगा। आश्चर्य यह कि न कही चोट लगी और न ही कोई शरीरमे दर्द हुआ। इस प्रकार निताई मुझे तङ्ग करता है। मैं उनकी मायामे फँसा पडा हूँ। मेरी कितनी ही लाञ्छना करे तो भी उसको छोडकर नही जा सकता।

× × × ×

मन चोराकी बातका प्रसङ्ग उठाकर एक दिन मैंने कहा—"महाराज! आपका गौर तो चोरोका शिरोमणि है, लेकिन इस चोरोंके शिरोमणिको भी चोर चुराकर ले गया।" उन्होंने हँसते हुये उत्तर दिया—"वह मेघमाली एक दिन मेरे गौरको चुराकर ले गया था। मेरे गौर निताई उन दिनो गौर चाँदवे अखाडेमे रहा करते थे। एक दिन मैं प्रातः भिक्षाके लिये निकला ही था कि एक बालक मेरे गौरको चुराकर लेगया। लौटकर मैंने देखा कि मेरे गौर नही हैं। बहुत खोजा, हो हल्ला मचाया तब किसीने बताया कि एक बालक आया था जो गङ्गाजीकी तरफ गया है। टूटे पैरसे लँगडाता लँगडाता दौडकर गया तो देखा कि उस बालकके साथ गौर प्रेमसे खेल रहे हैं। मुझे देखकर बालक भयके मारे भाग छूटा। मैं अपने गौरको छातीसे लगाकर ले आया।" इतना कहकर वे गुनगुनाने लगे —

अद्यापिओ सेइ लीला करे गौरा राय।
कोन कोन भाग्यवाने देखिवारे पाय ॥

मेरी वाचालता

एक दिन मैंने पूछा—"बाबाजी महाराज! पुकारनेसे निताईचाँद पार लगा देते हैं।" इतना सुनते ही वे हँसते-हँसते प्रेम परिपूरित वाष्पाकुल नयन कोरोसे मेरी ओर देखते हुए कहने लगे—"पूर्व बङ्गालके लोग निष्कपट भावसे मेरे निताईचाँदको पुकारते हैं, इसीलिये निताईचाँद उनको पद्मा पार कराकर नवद्वीपमे ले आते हैं। जब यहाँ नवद्वीपमे गौराङ्गका आविर्भाव हुआ था तब भी मेरे निताईचाँदने यही काम किया था—यही पार लगानेका काम। चट्टग्राम, श्रीहट्ट आदि स्थानोंसे पद्मानदी पार करा कराकर निताईचाँद बहुत लोगोको नवद्वीपमे लाये थे, वे अभी भी वही लीला करते हैं। निताईके इस अपूर्व फन्देको कौन समझ सकता है। ये पूर्व बङ्गालसे आकर जितने बङ्गाली नवद्वीपमे घर बनाकर रहते दिखाई दे रहे हैं, पद्मा पार कराकर मेरे निताईचाँद ही उन सबको यहाँ लाये हैं। उन्हीके आदेशसे पद्माका बाँध टूटता है और मेरे निताईचाँद लोगोंके घर-द्वार पद्माके गर्भमे डाल देते हैं। नवद्वीपमे सियाकुलके काँटोंके बहुतसे वन हैं। एक बार ये सब काँटे पूर्व बङ्गालके लोगोंके कपडोमे लगनेपर फिर उनका छुटकारा नही, छुटानेपर भी नही छूटते। एक बार मेरे निताईके चक्करमे

फँस जानेके बाद छटपटाकर नदियाकी रजमें लोट-पोट होने लगते हैं। निताई भेवैयेकी पुकार और पापमाली पद्मापार—ये शचीके इस पुत्रके तमाशे हैं—दुष्ट छोकरा बड़ा मतलबी है—बड़ा चालाक है।

मैं बाबाजीकी बातें सुनकर अवाक् रह गया। मुझे और बोलनेकी स्फूर्ति नहीं हुई। देर भी बहुत हो गयी थी। मैं उन्हें दण्डवत् प्रणाम कर बाजार आया और वहाँसे मतरा और केला खरीदकर उनकी कुटिया पर भिक्षा पहुँचा आया। उस समय तक भी बाबाजीका बर्तन माँजना समाप्त नहीं हुआ था।

वंशीदास बाबाजीसे एक दिन मैंने गम्भीर भावसे जिज्ञासा की—"बाबाजी महाराज! आपका शिष्य बनकर आपकी सेवा करनेकी मेरी बड़ी इच्छा है। क्या आप मेरी यह इच्छा पूर्ण करेंगे?" बाबाजी यह बात सुनकर थोड़ी देर चुप रहे मानों कुछ सोच रहे हों। फिर तीन बात बोले—"भय, दुःख-कष्ट और कण्टक।" इसका अर्थ न समझकर हाथ जोड़कर मैंने फिर निवेदन किया कि "इसका अर्थ समझा दीजिये। उत्तर मिला—इस मार्गमें बड़ा भय है, विषम कष्ट है और पद पद-पर कण्टक हैं।" उन्होंने और जोर दिया—"ये काँटे बबूलके हैं, पद पदपर चुभेंगे तथा सियाकुलके काँटे शरीरको छलनी कर देंगे। निमाई पण्डित कण्टकनगरमें जब सन्यास लेकर वैराग्य साधन करनेमें जो काँटोंके बीच फँस गये थे, उसका विचार आते ही भय लगता है, उनके लिये प्राणोंमें बड़ा दुःख होता है, मनमें बड़ा कष्ट पाता हूँ।"

यह उत्तर सुनकर मैं मन ही मन अपने पापी हृदयके इस कपटपूर्ण प्रश्नको उपजके लिये मर्मान्तिक कष्ट अनुभव कर रहा था। पर दुर्भाग्य देखिये कि मेरी कपट बुद्धिका अन्त नहीं हुआ।

मैंने उनसे फिर कहा—"बाबाजी महाराज! मुझे कुछ मन्त्र उपदेश दीजिये।" वे फिर गम्भीर हो गये। मैं कपटी और उच्छृङ्खल—वे सरल साधु-पुरुष एवं सहिष्णु। साधु और असाधुके इस विरोधी भावमें सामञ्जस्य करनेकी क्षमता वाला व्यक्ति ही वास्तविक साधु है। वंशीदास बाबाजी इस विषयमें विशेष दक्ष थे। कुछ देरके बाद उन्होंने उत्तर दिया—"लोकनाथ गोस्वामीने नरोत्तम ठाकुरको उनकी गुप्त सेवासे सन्तुष्ट होकर मन्त्रोपदेश दिया था। मलत्याग करनेके मैदानमें खड़े होकर उनके 'हरे कृष्ण' नाम उच्चारण करते ही ठाकुर महाशयने उसीको अपने कानमें मन्त्रोपदेश मान लिया था। इस प्रकार कृपा प्राप्तकर उन्होंने प्रेमानन्दसे उसी मैदानमें खड़े होकर नृत्य किया था।"

बाबाजी महाराजकी सभी बातें निगूढ़ और भाव समाहित होती थीं। वे जो 'जय शचीनन्दन' कहकर आशीर्वाद करते हैं वही उनका गुणीदृगीर्ण मन्त्रोपदेश

समझना होगा--यही इसका भावार्थ है। मुझे और कुछ बोलने का साहस ही नही हुआ। अपनी वाचालताका यथेष्ट परिचय दे चुका था।

ठाकुरजीका मन्दिर-निर्माण

एक दिन ठाकुरजीके अङ्ग-रागके निमित्त मालञ्च पाडाके पञ्चानन आचार्यका नाम उन्होंने स्वय लिया। मैंने उत्तर दिया कि उनसे मिलकर पता लगाऊँगा। वे बोले—"ठाकुरजीको कहाँ विराजकर अङ्ग-राग सम्पन्न हो, यही सोच रहा हूँ, क्या करूँ।" इतना कहकर भजन कुटीरके निकट एक ईंटोकी भरी नींव दिखाई और बोले-"मैंने अपने हाथोसे इसकी जुडाई की है, अब और शक्ति नही रही, क्या करूँ।" भाव था कि यदि यहाँ एक छोटी-सी कोठरी बन जाय तो ठाकुरजीको वहाँ ले जाकर अङ्ग-रागका कार्य हो सके। मैं इसके लिये चेष्टा कर रहा हूँ। पर, भजन-मन्दिरके सलग्न भूमि खण्डका जीर्णोद्धार हुये बिना नयी कोठरीसे क्या लाभ होगा? बाबाजीसे जिज्ञासा करनेपर वे बोले—"मुझे तो इसका कुछ पता नही।"

अन्य एक दिन विदाके समय मैंने बाबाजीसे कहा—"आपके ठाकुरजीके अङ्ग-रागका सब बन्दोबस्त कर दिया है। आपकी अनुमति होते ही आपके भजन-कुटीरमे ही यह कार्य एक सप्ताह या दस दिनमे सम्पन्न हो जायगा।" वे इस सम्बन्धमे कुछ नही बोले, "केवल क्या करूँ, क्या करूँ, क्या करूँ" यही तीन बार कहा। उनकी इच्छा थी कि वर्तमान कुटीरके सामनेकी भूमिमे छोटेसे कुटीरकी ईंटोकी बुनियाद जो उन्होने अपने हाथोंसे डाली है, वहाँ कुटीर बन जाय तो उसमे ठाकुरजीको ले जाकर अङ्ग-राग हो।

कुछ ईंटें तो किसीने दी हैं, एक गाडी ईंट बाबाजी महाराजने स्वय तीन रुपये देकर खरीदी हैं। ठाकुर-सेवाके वर्तन माँजनेका सौभाग्य जिनको बाबाजीने प्रदान किया है उन महानुभावसे अनुसन्धान करने पर मुझे इस बातका पता लगा। मैंने पूछा कि बाबाजीको रुपये कहाँसे मिले? उन्होंने उत्तर दिया कि मेरे साथ उज्जयिनीके साधु महाराज आये थे उन्होने दो रुपये ठाकुरजीके भेंट चढाई थी और दूसरे लोग भी कुछ-कुछ चढा जाते हैं। उन्हीसे ईंटें खरीदी गयी। कोई सहृदय गौर-भक्त यदि दो-तीन हजार ईंटोका मूल्य दान दे दे तो बाबाजी महाराजके उस नये कुटीरका निर्माण हो जाय। इसके बिना बाबाजी महाराज अपने ठाकुरका अङ्गराग और पुराने भजन-कुटीरका जीर्ण सस्कार करानेको राजी नही होते हैं। अङ्गरागमे भी १०-१५ रुपये खर्च हो जायेंगे।

× × ×

श्रीमन्दिर-निर्माण-कार्य बहुत दूर तक अग्रसर हो गया था। यह व्यय-भार उठाने का सौभाग्य किसको मिला है—यह जाननेकी मेरी इच्छा हुई। मैंने बाबाजी

महाराजसे जिज्ञासाकी तो वे बोले—"बिहारी।" बिहारी कौन ? पूछने पर उन्होंने उत्तर दिया—"नहीं जानता, राणीरचमें उसका घर है।"

'श्रीसविता' में बाबाजी महाराजकी कथाका प्रचार होनेसे बाहरके लोग उनके दर्शन करने आने लगे। ये ही लोग उनके ठाकुरजीके श्रीमन्दिरके निर्माण-कार्यके लिये स्वेच्छया अर्थ सहायता कर रहे हैं। यह बिहारी भी उन्हींमेंसे कोई एक हैं। बादमें अनुसन्धान करनेसे पता लगा कि इनका नाम श्रीरासबिहारी साहा है। निवास स्थान खुलना जिलेमें दौलतपुरके निकट है। इन्होंने श्रीधाम नवद्वीपमें राणीरचमें एक छोटा-सा घर किया है वहाँ कभी-कभी आकर रहते हैं।

सामान कहाँसे आता है ? चूना, सुर्खी, ईंटा, लकड़ी कौन दे जाता है ? बाबाजी इन सबकी खबर नहीं रखते। मैंने पूछा—"सब चीजोंके दाम दे दिये गये हैं ?" उत्तर मिला—"मेरा निताई जाने, मुझे यदि देनदार होकर दिवालिया हो जाना पड़ेगा तो निताई-गौरको खाना नहीं मिलेगा—इसको क्या वे नहीं जानते ?"

विदाके समय डरते-डरते मैंने पूछा—"बाबाजी महाराज ! आपके ठाकुरजीके श्रीमन्दिर निर्माणके लिये बिहारीने क्या दिया है ?" उत्तर मिला—"१५०) डेढ़सौ रुपये उसने निताईको दिये हैं, निताई मन्दिर बना रहा है। मुझे कुछ पता नहीं। निताईका काम निताई ही जानें। मैं कुछ नहीं जानता।" बाबाजी महाराज उस (बिहारी) से बात भी नहीं करते किन्तु वे बाबाजी महाराजको सन्तुष्ट करनेमें सदा व्यस्त रहते हैं। उनके भाई बड़ू बिहारी साहाने भी इस मन्दिर निर्माणके लिये १००) सौ रुपये दिये हैं। (श्रीरासबिहारी साहाने २०० दो सौ रुपये बादमें और भी दिये थे)

ठाकुरजीका मन्दिर बाबाजीके अपने विचारके और अपनी योजनाके अनुसार निर्मित हो रहा था। वे स्वतन्त्र पुरुष हैं। वे किसीका कोई परामर्श या युक्ति नहीं सुनते। दातागणोंने रुपया दिया और छुट्टी। वे उनके मतसे कोई काम नहीं करते, उनसे बात पर्यन्त नहीं करते। बीच-बीचमें वे मुझे कहा करते हैं—"ये लोग कागजके टुकड़ेसे मुझे ठगना चाहते हैं क्या मैं कोई बच्चा हूँ ?" मैंने स्वयं देखा है कि नोट और रुपये भजन-कुटीरके बरामदेमें पड़े रहते हैं, लेकिन बाबाजी उधर दृष्टिपात भी नहीं करते। राज-मजदूर व बढ़ई-मिस्त्री कितना ठगते होंगे—उस ओर उनका ध्यान ही नहीं जाता। चूना, सुर्खी, ईंट, लकड़ी आदिका कितना क्या देना बाकी है, उधर उनकी दृष्टि ही नहीं जाती। वंशीदास बाबाजी, चक्रवर्ती महाराजकी तरह लोगोंपर हुक्म कर देते हैं। स्वयं भी अपने हाथमें गङ्गाजीसे माटी काटकर सिरपर टोकरियोंमें ढोकर मन्दिरके सामनेका गड्ढा भरते हैं। रामचन्द्रपुरके एक निष्किञ्चन बाबाजी जगबन्धुदास भी उनके इस काममें योग देते हैं।

जगबन्धुदास एक विरक्त वैष्णव हैं। रामचन्द्रपुरसे नित्य आकर दोनों समय बाबाजी महाराजकी टहल और ठाकुर-सेवामें सहायता करते हैं। वे बड़े परिश्रमी हैं,

बाबाजी महाराजके साथ मन्दिरके प्राङ्गणकी मिट्टी उठाते हैं, रीति अनुसार कुली मजदूरका काम करते है, यह मैंने अपनी आँखोंसे देखा है। भजननिष्ठ विरक्त वैष्णव द्वारा इस प्रकारकी वैष्णव-सेवा देखकर मुझे बडा आश्चर्य हुआ। लेकिन वशीदासजी महाराज उनसे बात तो क्या उनकी ओर दृष्टि भी नही करते। जगबन्धुदास एक दिन मुझे बोले—"प्रभु! बाबाजी महाराज मुझसे तो कोई बात नहीं करते, आपसे तो अनेक बातें करते है।" मैं क्या उत्तर देता? चुप रह गया। श्रीजगबन्धुदास वृन्दावन वासी विरक्त वैष्णवचूडामणि श्रीरामकृष्णदास महाराजजीके मन्त्र शिष्य हैं। वे अपने गुरुके आदेशसे नवद्वीपम जाकर रहने लगे हैं।

× × ×

मेरे अनुगत श्रीमान् महेन्द्रलाल वसुको भी बाबाजी महाराज बडी कृपा-दृष्टिसे देखते हैं। उन्होंने उनके भजन कुटीरका भूमि-खण्ड खरीदकर दिया था।

वशीदास बाबाजीने स्वय इस मन्दिरकी नीवकी जुडाईकी थी, वह कच्ची जोडाई थी, तो भी उसको तोडने नही देते, उसीके ऊपर पक्की जोडाईसे मन्दिरका निर्माण हो रहा है। गङ्गा-गर्भमे इस मन्दिरका निर्माण हो रहा है, वर्षाकालमे यह स्थान डूब जाता है—उधर बाबाजीका भ्रूक्षेप भी नही होता। भोगरधनका पर, श्रीमन्दिर और बगलमे एक महन्त व गोस्वामी खण्ड (वैष्णव खण्ड) बन रहा है। इस खण्डमे (वैष्णव) गोस्वामी और महन्तगण आकर बैठेंगे। बाबाजी बोले कि उनके निताई गौरके मन्दिरका एक नाट्य (नृत्य-कीर्त्तन) मन्दिर भी होगा। इसमे आश्चर्यकी कोई बात नही है। इन २२ वर्षोंमे उनके ठाकुर इसी नवद्वीपमे कभी वृक्षतले, कभी नालेकी छोटी पुलियाके नीचे, कभी रास्तेमे कूडेके स्थानपर, कभी किसी दूसरे मन्दिरके द्वारपर विभिन्न स्थानोंमे भटकनेके बाद अब अपने मन्दिरमे बैठेंगे। वशीदास बाबाजीके गौर-निताई अब उनकी साध पूर्ण करेंगे। वे भक्त-वाञ्छा-कल्पतरु हैं। निष्किञ्चन बाबाजीकी एक ओर इस श्रीमन्दिरके निर्माणकी एक मात्र वाञ्छा और दूसरी ओर उनकी अयाचित वृत्ति, दोनो परस्पर बडी विरुद्ध बात थी। किन्तु निताई-गौर भक्त-वाञ्छा-कल्पतरु हैं, वे असम्भवको सम्भव कर सकते हैं। निष्किञ्चन वैष्णव वशीदास बाबाजी महाराजके ठाकुर मन्दिरका निर्माण इसका ज्वलन्त दृष्टान्त है।

× × ×

बाबाजी महाराजके ठाकुरजीका अङ्गरागादि करानेका काम मेरे ऊपर ही था। उसके लिये कुछ रुपये-पैसे भी मेरे पास एकत्र किये हुए हैं। मैं जब भी उनके पास जाकर अङ्गरागादिकी बात उठाता हूँ तभी वे कहने लगते हैं कि अभी झूलन मञ्च, दोल मञ्च, नाट्य मन्दिर होने दो, पीछे अङ्गरागकी बात होगी। उनको रुपये वापस देनेकी बात करते ही वे कहने लगते हैं—"अभी रहने दो, पीछे देखा जायगा।"

बाबाजी महाराजकी आशा किस प्रकार कब और किसके द्वारा पूर्ण होगी सो वे ही जानें, मुझको बहुत सोचने विचारनेपर भी समझमें नहीं आया। दाता रासविहारी साहाने तो अर्थ-सहायता करते-करते अपनी असमर्थता जाहिर कर दी है। बाबाजी महाराजको बाजारमें कुछ देना भी हो गया है। इन बातोंकी चर्चा करनेपर वे कहते हैं—"गौर निताईकी इच्छा। काम उनका है मेरा नहीं।"

एक दिन नाट्य मन्दिरकी बात उठानेपर वे बोले—"मुझे नाट्य मन्दिरसे कोई प्रयोजन नहीं है। यह तो गौर-निताईका नाट्य मन्दिर है, वे अपने आप करेंगे। मुझे तो वैष्णवखण्डसे प्रयोजन है, तुमलोग आते हो, मैं बैठा भी नहीं सकता, खड़ा रहना पड़ता है तुम लोगोंको। इस दुःखसे मेरी छाती फटी जाती है।" इतना कहकर उन्होंने रोना आरम्भ कर दिया। मैं बड़ी मुसीबतमें पड़ गया। मेरे लिये उनको इतना कष्ट! मैं बोला—"बाबाजी महाराज! मैं तो जीवाधम गृहस्थ हूँ, विषयका कीट, भजन-साधनसे हीन हूँ। मैं आपके सम्मुख बैठनेके लिये सम्पूर्ण अयोग्य एवं अनुपयुक्त हूँ। आप मेरे लिये इतने कातर क्यों होते हैं? आपका वैष्णव खण्ड बननेपर भी मैं उसमें वैष्णवोंके साथ बैठनेका अधिकारी नहीं हूँ। मेरा स्थान तो वैष्णवोंके चरण तले है।" वे कुछ देर नीरव रहे, फिर केवल एक बात बोले—"अहो! क्या तुम्हारा दैन्य है, वैष्णव पहचाननेकी शक्ति देवतामें भी नहीं है, तुमलोगोंको पहचानना अति कठिन है।" मैं और क्या कहता, दण्डवत् प्रणाम कर विदा ग्रहण की।

बाबाजीका तीर्थ-भ्रमण

बाबाजी महाराज श्रीधाम नवद्वीपमें आकर कुछ दिनों निवास करनेके बाद एक बार श्रीपाट रामकेलि गये और फिर खेतरी भी गये थे। रामकेलि श्रीरूप-सनातन गोस्वामीपादद्वयकी लीला-भूमि है और खेतरी ठाकुर नरोत्तमकी। सबसे पहले प्रियाजीके साथ श्रीगौराङ्ग मूर्ति प्रतिष्ठा खेतरीमें ठाकुर महाशयने की थी, एवं श्रीश्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग युगल-सेवाका वैष्णव जगतमें प्रचार किया था।

कई वैष्णव मूर्तियोंके साथ बाबाजीने रामकेलिकी यात्रा की थी। सभी पैदल गये थे। बाबाजी महाराजके साथ थे उनके ठाकुर श्रीनिताई-गौर श्रीविग्रह, सबक, करङ्ग-कौपीन एवं एक पनीमी और उसीमें ठाकुर-सेवाके लिये उपयोगी कुछ सामग्री थी। मीनारानके दिन थे, छिन्न कन्था ले जाना भूल गये थे। कटवा (काञ्चननगरी) पर्यन्त जानेके बाद बाबाजी अकेले रह गए। गङ्गापार करके वर्द्धमानकी तरफ जानेका सङ्कल्प करके उन्होंने अपने निताई गौरको दोनों बगलमें लिया और हाथमें पनीमी लेकर गङ्गाजलमें उतरे। चलकर पार करनेका विचार था, कारण उस समय गङ्गाजीमें जल बहुत कम था। जब वे छाती पर्यन्त गङ्गाजलमें पहुँचे, तब

गङ्गाजीकी धारामें उनके हाथकी पतीली वहनेका ढङ्ग होने लगा। आगे गहरा जल देखकर उन्हें भय होने लगा कि कहीं निताई गौराङ्गकी रक्षा न हो सके। अब क्या करें—सोचने लगे। तब निताईने कहा—'गौरको सम्हालो' और गौरने कहा—'निताईको सम्हालो'। पतीली वहते वहते आगे चलने लगी। वावाजी बोले—"उस समय मैंने दोनों हाथोंमें दोनों ठाकुरोंको उठाकर ऊर्ध्व वाहु होकर 'जय शचिनन्दन' कहना आरम्भ किया। तव निताई कहने लगा कि पतीली सम्हालो। मैं क्या करता, जल्दी-जल्दी जाकर पतीलीके ऊपर निताईको वैठाया। डुवकी मारकर किसी प्रकार गौर निताईको किनारे लाया।"

इसके वाद पैदल चलकर वे काईग्राम आये और वहाँके जमींदार वावूकी ठाकुरवाड़ीमें रातको आश्रय लिया। शीतकाल था। ठाकुरजीका भी कन्था नहीं था, उनका अपना भी नहीं था। वावाजीने निताई गौरको छातीसे लगाकर सारी रात ठण्डेमें उसी ठाकुर मन्दिरकी चाँदनीमें काटी। किसीने कोई खबर नहीं ली, दूसरे दिन दोपहर तक भी कोई खबर नहीं ली गयी। वावाजी महाराजकी अयाचित वृत्ति थी। वे किसीके मुखापेक्षी नहीं होते थे। वे वहाँसे और किसी ग्रामके लिये आगे वढ़े। रास्तेमें कोई एक व्यक्ति उन्हें आदर सहित अपने घर ले गया और एक नया कन्था दिया, जो गौर निताईके लिये शीत वस्त्र हुआ। वावाजीने प्रेमानन्दसे गद्‌गद् होकर उनको आशीर्वाद दिया। इसके उपरान्त निकटवर्ती एक अन्य गाँवमें जाकर भिक्षा करके एक वृक्ष तले वैठकर, पाक वनाकर गौर निताईको भोग लगाया। वह रात्रि वहीं विताकर दूसरे दिन पैदल यात्रा करके गयेशपुर जाकर पहुँचे। यह स्थान श्रीनित्यानन्द वंशीय गोस्वामियोंकी एक गद्दी है। वहाँ जाकर एक गोस्वामीके यहाँ अतिथि बने। निताई गौर गोस्वामी ब्राह्मणोंके दलमें मिलकर उनका अन्न-ध्वंश करने लगे। 'अन्न-ध्वंश' वावाजी महाराजकी शब्द रचना है, अर्थात् वे भी प्रसाद पाने लगे।

इसके कई दिनोंके वाद अतिकष्टपूर्वक पैदल यात्रा करते हुए वावाजी महाराज रामकेलि ग्राम पहुँचे। अपने निताई गौरके साथ एक मालती वृक्षके नीचे उन्होंने आसन लगाया। उसी वृक्षके नीचे रात्रिवास, ठाकुरसेवा, भोगरन्धन इत्यादि होने लगा। वह मेलेका समय था। चारों तरफ लोगोंका जमघट था। नित्य पंक्तिभोजन होता था। लेकिन वावाजी महाराजने कभी पंक्तिमें वैठकर प्रसाद नहीं पाया। वे बोले—"जो प्रेमसेवा करते हैं उनके लिये अपने हाथों रन्धन करके ठाकुरजीको भोग देना कर्तव्य होता है।"

वावाजी महाराजने वताया कि वहाँ पहुँचते ही जलवृष्टि होने लगी। मेलेके सभी लोग आश्रमोंमें व कुटीरोंमें आश्रय लेने लगे, लेकिन गौरनिताई उस वृक्ष तलेको छोड़कर कहीं नहीं गये। सारी रात ठाकुरजीको छातीसे चिपटाकर उस कन्थेसे ढककर वावाजीने उसी वृक्ष तले रात्रि काटी।

कह देते। लेकिन मेरे साथ उनकी जो इतनी बात होती है वह मेरे प्रति उनकी असीम कृपाकी परिचायक है। जो हो, बाबाजी महाराजने मेरे प्रश्नके उत्तरमें कहा —

"आरम्भमें मेरे गौर-निताई दो दारु मूर्तिके छोटे आकारके विग्रह थे। वैष्णवपाडाके निमाया पथपर जब मेरी भजन कुटी थी तब एक दिन मैं गौर-निताईको अकेले छोडकर भिक्षाके लिये गया था। इतनेमें ही एक गायने कुटियामें घुसकर सेवाका द्रव्य आदि खा लिया और गौरके साथ लड बैठी। उसका हाथ तोडकर उसको मिट्टीमें गिरा दिया। गौर गोपाल गोमाताने पराजित होकर अभिमानसे भूमि शैयापर सोये थे। भिक्षासे लौटकर गौरको ऐसी अवस्था देखकर मैं दुःखित हुआ। 'ग' इसके साथ गौरका बडा घनिष्ट सम्बन्ध है। गया-गङ्गा गो-गोप, गुरु-गोविन्द, गदाधरसे गौरकी बडी प्रीति है। स्वय 'ग' है ना, इसने 'ग' के समूहसे मिलना चाहता है। जैसा कर्म, वैसा फल। 'स्वकर्म भुङ् पुमान्' उसकी अपनी कही बात है, स्वय उसपर ही चरितार्थ हो गयी। मैंने पूछा कि इसमें इतना अभिमान क्यों करते हो? भोले-भोले कातर भावसे उसने उत्तर दिया कि हाथमें मेरे गदा नही है, साथमें गदाधर भी नही था, इसीसे एक गायने ऐसी दुर्दशा कर डाली। अब मैं स्वय गदाधर बनूँगा। मैंने कहा कि ठीक तो है, मेरे गौर-गदाधर एक साथ तुम्ही बनो, राधाकृष्ण एकाङ्गीभूत होकर गौर हुए हैं, अब गौर-गदाधर एकाङ्गीभूत होकर क्या नाम धारण करोगे? उसने उत्तर नही दिया। मैंने कहा—'एक बार शक्ति-शक्तिमान मिलकर बडी मुसीबतमें पड गये मालूम होते हैं, अब दुबारा वैसी इच्छा नही है।' तब उसने कहा—'तुम मुझे बडा करो और मेरी यह मूर्ति गदाधर बने। मैं गदाधर नामसे गदा धारण कर आत्म रक्षा करूँगा।' इसके बाद मैंने आदर-प्यारके साथ गौरको गोदीमें लेकर देखा कि उसका हाथ टूटा नही है लेकिन हाथके बाजूके ऊपरका कपडा फट गया अर्थात् उसकी त्वचा उखड गयी है। मैंने उसके हाथपर दूबके घासका रस लगाकर पट्टी बाँध दी और इसके बाद भास्कर (दारु मूर्ति बनानेवाला शिल्पी) को बुलाकर वहाँका अङ्गराग ठीक करवाया। उसी भास्कर द्वारा एक और बडा दारु विग्रह गौर-मूर्तिका निर्माण करवाया। ये हुए मेरे निताई-गौर-गदाधर। इनकी सेवा करते-करते मेरा जीवन चला गया, मैं इनकी मायामें पडा हूँ। इन्होंने मुझे अपनी मायामें फँसा रखा है। क्या करूँ, क्या करूँ, क्या करूँ।"

मैं चित्र पुत्तलिकाकी तरह बाबाजी महाराजके श्रीमुखसे यह सब कथा सुनता रहा, मानो मुझे बाह्य ज्ञान नही है। वहाँ और कोई नही था। मैं परम आनन्दका अनुभव कर रहा था और श्रीविग्रहत्रयके दर्शन करके भावानन्दन कर रहा था। मैंने देखा कि सिंहासनपर धातुमूर्ति श्रीश्रीराधा-कृष्ण-विग्रहद्वय और एक गोपाल-मूर्ति है। इनका इतिहास पूछनेपर बाबाजीने कहा :—

"निताई-गौर-गदाधरकी सेवा-प्रतिष्ठा करनेके दो-तीन वर्षके बाद श्रीश्रीराधाकृष्ण और गोपाल सेवा करनेका मुझे लोभ हुआ। गौरधाममें रहकर गौर सेवा किये बिना व्रजकी सेवाका लोभ नहीं होता। बाजारमें जाकर श्रीविग्रह देखते-देखते मोतीसाहाकी दूकानपर ये श्रीविग्रह देखकर मुझे लोभ हुआ। मोती भक्तिमान वैष्णव हैं। उसने ये श्रीविग्रह बिना मूल्य मुझे दे दिये। इस तरह मेरे छ विग्रह हो गए। मैं ठाकुर नरोत्तमके परिवारका हूँ, उनके भी छ विग्रह थे और मेरे भी छ विग्रह हो गये—निताई-गौर-गदाधर, राधा-कृष्ण और गोपाल। मेरी दो राधारानी हैं—एक तो गौर-हृदय-विलासिनी गदाधर, और एक कृष्ण-हृदय-विलासिनी श्रीराधा। मेरे दो ही कृष्ण हैं—गौर-कृष्ण और दो ही गोपाल हैं—निताई गोपाल। मेरे सभी युगल हैं।

× × ×

एक दिन मैंने बाबाजी महाराजके ठाकुरजीके सिंहासनपर एक नयी श्रीमूर्ति देखी। यह श्वेत पत्थरसे निर्मित एक सुन्दर श्रीविग्रह था। मैंने देखते ही उनसे जिज्ञासा की कि यह नया श्रीविग्रह कहाँसे मिला? उन्होंने हास्यमुखसे उत्तर दिया—"यह युगल किशोर हैं, एक वैष्णव साधु कल दे गये थे। (मेरे) ठाकुरजीके जो 'प्राण मोर युगलकिशोर' हैं वे ही ये श्रीविग्रह हैं। एकीभूत एवं प्रेमालिङ्गित श्रीराधामाधवके युगल विग्रह।"

मैंने देखा कि श्रीमूर्ति बहुत सुन्दर है, गठन-सौष्ठवमें मनको बड़ा आनन्द देने वाली है। मैंने कहा—"बाबाजी महाराज! अब तो आपका कार्य और भी बढ गया, अब दो जनोंके भोगके लिये और बर्तन चाहिये।" उत्तर मिला—"मैं तो कङ्गाल हूँ। और बर्तन कहाँ मिलेंगे? ये सब एक ही थालीमें आपसमें मिलकर अपना-अपना हिस्सा बाँटकर खा लेंगे। 'पति मोर गौरचन्द्र' एक गौरके भोगमें सबका भोग हो जाता है, पतिके साथ खानेको किस रसवतीकी इच्छा नहीं होगी?" इतना कहकर मेरी तरफ देखकर वे कुछ हँसे, उस हँसीका मर्म समझनेकी शक्ति मेरेमें नहीं है। रसिक भक्तकी रसिकता ही उसका धर्म होता है। इस रसिकतासे ही रसिक-शेखर गौर-कृष्ण वशीभूत होते हैं।

बाबाजीके परिवार और पूर्वाश्रमकी कुछ बातें

एक बार बहुत दिनोंके बाद बाबाजी महाराजके श्रीचरणोंका दर्शन करनेका सौभाग्य मिला। कारण मैं श्रीवृन्दावन चला गया था। कुशल मङ्गल जिज्ञासा, दण्डवत् प्रणाम व 'जय शचिनन्दन' आशीर्वाद वाणी श्रवण आदि सब यथारीति हुए। बाबाजीकी भजन-कुटीरमें एक अपरिचित व्यक्ति एक तरफ बैठा बर्तन माँज रहा था। एक दो स्त्रियाँ भी दूर खड़ी देखनेमें आयीं।

और एक स्मरणकी बात है कि ठाकुर सेवाके बर्तन माँजते हुए बाबाजी मेरी तरफ करुणा भरी दृष्टिसे देखते जाते थे और बड़े प्रसन्न नजर आ रहे थे। मुँहमें मानो हँसी भरी थी। मुझसे बोले— मेरा लड़का आया था, तुमने देखा नहीं? मैंने पूछा— आपका लड़का कौन है? कब आया? उत्तर मिला— उस दिन इस कोनेमें बैठा जो ठाकुरजीके बर्तन माँज रहा था वही मेरा पुत्र हरचन्द था। मुझे देखने आया था उसके भी एक पुत्र हो गया है। तब मैंने कहा— तब तो आपके नाती हो गया और आप दादा बन गये। इसपर वे कुछ हँसे। बड़े प्रसन्न थे वे आज।

× × ×

बाबाजी लोग पूर्वाश्रमकी बात नहीं बताया करते हैं। रसिक वनीदास बाबाजी किसि निषेध करते हैं। वे फिर कहने लगे— ममनसिंह जिलेमें गुरिया ग्राममें मेरे मामाका घर है। वहीं मेरा लालन पालन हुआ था। युधिष्ठिर मेरा ममेरा भाई है गौरदास और कृष्णठाकुर मेरे देनों लोग हैं। दोनों बड़े वृद्ध थे बड़े भक्त महात्मा थे। हरचन्द्र जब ६ १० वर्षका था उस समय मैंने संसार त्याग किया था। उस समय मेरी स्त्री भी थी ४६ वर्षके बाद उसका देह त्याग हुआ। ये सब बात कहते-कहते उनकी आँखें भर गयीं। मेरे पूछने पर और भी कई बातें बताते, लेकिन उनकी हालत देखकर मैंने और कोई बात नहीं की।

दूसरे अवसरोंपर

उन्होंने एक गीत गाया। वे बोले श्रीदाम (अभिराम गोस्वामी) ने आकर नवद्वीपमें गौरको पहचानकर चौंके दिया। साथमें निताइ भी थे। इतना कहकर गाना आरम्भ किया।

श्रीदामाकी उक्ति—

राखाल वर्णे अङ्ग ठेर मुखाये तोर बालवरण।
एतादिन तुइ नादियाते, हये शचीनन्दन।
तोरे चिनेछि चिनेछि रे।
ओ तुइ नीलमणि यशोदानन्दन।
एखन तोर सोनार अङ्ग पुनि देखि केन।
बल देखि भाइ, तोर लाइ कोथा।
एखन सोनार वरण तुइ रे,
बोलेछ गल तोर सेकाल वरण,
नदेय एसे तुइ हलि गौरहरि शचिनन्दन।

अहा क्या मधुर स्वर कैसा कीर्तनका स्वर कैसी प्रेम भक्ति! बाबाजी महाराज मानो मूर्तिमान रसवदमृतस्वरूप हैं। वैष्णवका भजन रसका भरा होता है। वैष्णव

रसिक भक्त होता है। बंशीदास बाबाजी महाराज श्रीगौरसुन्दरके परम रसिक भक्त थे।

× × ×

एक दिन वे ठाकुरजीका घण्टा मांजते-मांजते मुझे देखकर कुटीसे बाहर आये। आज उनके मनमें बड़ी स्फूर्ति दिखाई दी। बरामदेमें बैठकर अपनी स्वाभाविक स्नेहभरी दृष्टिसे मुझे निहाल करते हुए उन्होंने स्वरचित एक गान गाया —

"ओ चांद गौर हे !
ओ काङ्गालेर ठाकुर आमार गौर हे !
काङ्गाल बले आमाय दया कर हे !
आमि बड़इ काङ्गाल गौर हे !
गौर प्रेमेर काङ्गाल आमि जे हे !
ओ चांद गौर हे ! आमार दया कर हे !"

यह गीत गाते-गाते प्रेमावेगसे बाबाबाजी महाराजका कण्ठ रुद्ध हो गया। नयनोंसे प्रेमाश्रुधारा गिरने लगी। मैं चुपचाप खड़ा था। बाबाजी महाराजके अमृत कण्ठसे यह मधुर गौर गीत सुनकर मेरे ऊपर हृदयम भी मानो प्रेम तरङ्गें स्फुरित हो उठीं। कुछ समयके लिये मैं आत्म विस्मृत-सा हो गया। प्रमोज्ज्वल प्रेमरसपूर्ण बाबाजीकी श्रीमूर्तिके अङ्गोंके प्रति मेरी दोनों आँखें जैसे खड़ी हो गयीं। वह प्रेमाश्रु पुलकावित प्रेममय श्रीमूर्ति आज भी मेरी आँखोंके सामने भाम्रमान होरही है।

इसके बाद बाबाजीने अपने आप ही आत्मसम्वरण किया और अपने नवद्वीप आनेके समयसे लेकर अबतककी आत्म-कथा एक एक करके बताने लगे कि किस प्रकार निताई-गौरको लेकर नाना प्रकारके स्थानोंमें रहना पड़ा और नाना प्रकारके कष्ट सहने पड़े। उन सबका वर्णन करनेसे एक बड़ा सा ग्रन्थ हो जायगा। उन्होंने बताया कि मेरी इस भजन-कुटीरमें निताई गौर सबसे अन्तमें आये हैं, प्राणकृष्ण नामके एक व्यक्तिने यह पक्की कुटी तैयार करवा दी, महेन्द्रलाल बसुने रुपये देकर यह जमीन खरीदी थी— ऐसा सुना था लेकिन दलील किसके नाममें लिखी गयी और वह दलील कहाँ है, इसका मुझे पता नहीं, ये सब बातें निताई जाने।

बाबाजी महाराजके भजन-कुटीरकी जमीनको लेकर जमींदारके साथ कुछ गोलमाल चल रही है, एक शिशुबाला नामकी स्त्री अब खजाना भरती है, जमींदार हैं रानी रासमणि—इन सबका अनुसन्धान चल रहा है। उधर इस जमीनपर नया श्रीमन्दिर निर्माण हो गया है। बाबाजी महाराज इधर ध्यान नहीं देते। वे स्वतन्त्र पुरुष ठहरे।

× × ×

एक दिन बाबाजीने गीत गाया। महाप्रभुजीकी उक्ति :—

मोरे निताइ! ग्रामि गृह छाडि हयेछि दण्डधारी ॥
तोमरा सबे मिले वदने बल हरि।
एक बार बल बल कृष्ण गोविंद हरि ॥
जाग्रो सबार द्वारे द्वारे, (बल) हरे कृष्ण हरे हरे,
हरिदास के सङ्गे लये जाग्रो निताइ, तोमार हाते धरि ॥
सन्ध्याकाले फिरे एसे बल्बे ग्रामाय हेसे हेसे,
जगतवासी बलूछे सबे कृष्ण गोविन्द हरि ॥
बशीदासेर बड़ ग्राशा, (जीवेर) हय ना जे जाग्रोया ग्रासा,
(ग्रकपटे) मुखे बलूते एक बार श्रीगौराङ्ग हरि ॥

गीत गाते गाते बाबाजीकी दोनों ग्राँखोंसे प्रेमाश्रु छलछला आये ग्रश्रुग्रोंसे उनका वक्ष भीग गया। वे मेरी ग्रोर देखकर फुफकार मारकर रोने लगे। मेरे जैसा मात्र पाषाण हृदय भी द्रवीभूत हो गया। उस दिन मैं भी जी भरकर रोया। बाबाजी महाराज प्रेमावेगसे और कोई बात नहीं बोल सके, मस्तक ग्रवनत करके ग्राँखोंके जलसे भूमितल सिक्त करते हुए ग्रपना सेवाकार्य करने लगे। ऐसी करुण दृष्टिने मेरे जैसे कठिन हृदयवाले जीवाधमके प्राणोंको भी भकभोर दिया।

उस दिन बाबाजी महाराजने मेरे साथ ग्रौर कोई बात नहीं की। मैं चुपचाप उनकी प्रेमरसमय श्रीवैष्णव मूर्तिको ग्रापाद मस्तक दर्शन करते-करते मनमें सोचने लगा कि ऐसी परम वस्तुका ग्रादर करना किसीने नहीं सीखा। वे इतने दिनोंसे नवद्वीपमें निष्किंचन भावसे निवास कर रहे हैं तो भी कोई उनको पहचान नहीं सका। यह बड़े दुखकी बात है। सभी मठ मन्दिर दालान बगीचे लेकर व्यस्त हैं। किसीको एक बार ग्राकर भी इस श्रीवैष्णव विग्रहके दर्शन करनेका ग्रवसर नहीं मिलता। दुर्भाग्य है कलि-जीवोंका। धन्य है कलियुगके प्रभावको। सच्ची वस्तुका ग्रादर नहीं रहा। अब तो सब जगह कृत्रिमताका ही आदर रह गया। महाप्रभुके प्रकट कालमें उनके सन्या-करगिया वाले साधु महात्माग्रोंका बड़ा आदर था। वे उनको बड़ा प्यार किया करते थे।

मंदार यात्राका मेरा सङ्कल्प

२५वीं पौष बङ्गाब्द १३३५ साल, ६ जनवरी १९२६ ई० के दिन बाबाजी महाराज महाराज बर्तन मांज रहे थे तब मैंने उनके चरणोंमें कुछ ग्रपनी बात निवेदन करनी चाही कि मैंने सस्त्रीक मंदारके मधुसूदनके दर्शनोंके लिये जानेका संकल्प किया है और उसके लिये ग्रापकी अनुमति लेने ग्राया हूँ। इसको कहनेकी मैं सोच ही रहा था कि उसी समय उन्होंने ग्रपने तीर्थ-भ्रमणकी पूर्व-कथा उठाई ग्रौर कहा कि वे

भागलपुर जिलेके सुल्तानगञ्ज कहलगाँव आदि स्थानोमे गये थे, गङ्गागर्भमे सुल्तानगञ्जमे गोपीनाथका मन्दिर है वह दर्शनीय वस्तु है । उन्होने एक बार श्रीवृन्दावन जानेकी वासना की थी, इसीलिये पैदल सुल्तानगञ्ज तक गये थे । किन्तु वहाँ जाकर उनको नवद्वीपकी और गौर निताईकी याद आ गयी और उनका वृन्दावन जाना नही हुआ। ये सब बातें ब्योरेवार बताईं । तब मैंने कहा कि इतनी दूर जाकर मदारमे श्रीमधुसूदनके दर्शन क्यो नही कर आये ? तब उन्होने कहा—"मदार कहाँ हैं ? मुझे तो पता नही, किसीने भी उस समय मुझे यह बात नही बतायी । अहा ! मंदार श्रीमधुसूदनके दर्शन करने मेरे गौरचाँद गये थे, वहाँ उन्होने ज्वर लीला-रङ्ग प्रकट किया और विप्रपादोदककी मर्यादा बढाई । वह मदार कहाँ है ?

तब मैंने मदारका विवरण बताकर निवेदन किया कि मैं सस्त्रीक मंदार श्रीमधुसूदनके दर्शनोंके लिये जा रहा हूँ, इस पौष सक्रान्तिपर वहाँ बड़ा मेला होता है, लाखो लोग आते है । आप आशीर्वाद करें कि जिससे मञ्चारूढ श्रीमधुसूदनका दर्शन हम लोगोके भाग्यमे हो । उन्होंने उत्तर दिया—"गोसाईं ! तुम भाग्यवान् हो, तुम्हारा भाग्य मेरे जैसा नही है । मैं भागलपुर सुल्तानगञ्ज जाकर भी मंदारमे श्रीमधुसूदनके दर्शन नही कर सका । मेरा मन्द भाग्य है । गोसाईं ! तुम जाओ और मेरी तरफसे भी दण्डवत् प्रणाम करके मधुसूदनको कहना कि यहाँ भी मेरे गौरको कभी-कभी ज्वर हो जाता है। लेकिन यहाँ वह औषधि नही मिलती, आधुनिक नवद्वीपके विप्रगणोका पादोदक वह पान करना नही चाहता मैं क्या करूँ ?" यह कहते-कहते बाबाजी महाराजको महाप्रभुजीकी मदारकी ज्वरलीलाकी स्फूर्ति हो आयी, उनके दोनो नयन जलसे भर आये । वे प्रेमाश्रुनयनसे मेरी ओर शुभ दृष्टिपात करके गद्गद् वचनसे कहने लगे—"तुम जाओ, तुम्हारे दर्शन करनेसे मेरा भी दर्शन करना हो जायगा ।" मैं लज्जासे अधोवदन किये दण्डवत् प्रणाम करके उस दिन वहाँसे विदा हुआ ।

मंदार-यात्रा

•

[प्रभुपाद श्रीहरिदासजी गोस्वामीकी डायरीके आधार पर लिखित]

बङ्गाब्द १३३५ सालकी पौष सङ्क्रान्तिपर श्रीमधुसूदन भगवानके दर्शन करनेको श्रीपाद हरिदासजी गोस्वामी सपत्नीक मदार गये थे। उनके साथ उनकी भक्तिमती कन्या श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवी और बङ्गलाके साहित्य समाजमें सुपरिचिता बहुग्रन्थकर्त्री श्रीमती निरुपमा देवी भी थीं। लूप लाइनसे भागलपुर पहुँचकर, वहाँसे ब्राञ्च लाइनसे मदार जाना होता है।

श्रीधाम नवद्वीपसे दिनाङ्क ११ जनवरी सन् १९२९ के दिन रेलगाडीसे प्रस्थान करके सब लोग दूसरे दिन सबेरे १०॥ बजे करीब भागलपुर पहुँचे। वहाँ स्नान, पूजा आदिसे निवृत्त हो प्रसाद पाते-पाते दोपहरके दो बज गये। श्रीमती निरुपमा देवी उन दिनों भागलपुरमें रहा करती थीं। श्रीहरिदास गोस्वामी प्रभु उनको साथ लेकर सायंकालकी गाडीसे मदारके लिए चल पडे। गाडीमें बडी भीड थी। महिलाओंके डिब्बेमें खाली स्थान देखकर सब लोग उसीमें घुस गये। उन्हें वहाँ देखकर स्टेशन मास्टरने कहा कि या तो घूँघट निकालो या मुँह छिपाकर बैठो। तब वे सचमुच नदियानागरी बनकर रेलगाडीके उस डिब्बेमें रह गये।

रात्रिको लगभग १२ बजे मदार पहुँचकर श्रीगोपालचन्द्र भट्टाचार्यके यहाँ पहुँचे जिनपर उन्हें शितिकण्ठ बाबूने पत्र लिखकर दिया था। लेकिन वहाँ जगह भर जानेसे उन्होंने उनके लिए श्रीचन्द्रशेखर बाबूके यहाँ एक कमरेका प्रबन्ध करके उन्हें ठहरा दिया और बाजारसे कुछ भोजन सामग्री मँगाकर व्यवस्था कर दी। इस तरह रात्रि किसी प्रकार आरामसे कट गयी।

दूसरे दिन सबेरे श्रीगोपालबाबूके यहाँ जाकर मन्दार पर्वत जानेकी और श्रीमधुसूदन भगवानके दर्शनोंके लिए दो मील बैलगाडीसे चलकर जानेकी व्यवस्था की गयी। इसके बाद सारा सामान पण्डाजीके यहाँ रखकर सबने मन्दार पर्वतकी यात्रा की। बहुत भीड होनेसे रास्ता भी भुला गया। इस प्रकार दोपहरके बाद लगभग दो

बजे मदार पर्वत पहुँचना हुआ । सामान आदि यथास्थान रखकर स्त्रियाँ तो पर्वतपर गयी और श्रीगोस्वामी प्रभु दौदीके साथ नीचे ही रहकर श्रीमन्महाप्रभुका नाम स्मरण करते रहे ।

तीसरे पहर लगभग चार बजे हाथीकी सवारीपर श्रीमधुसूदन भगवानकी शोभायात्रा निकली । मञ्चपर विराजमान श्रीमधुसूदन भगवानके दर्शनोमे भी बडी कठिनाई हुई, फिर भी दर्शन अच्छी प्रकार हो गए । और उसी दिन रातको सब लोग भागलपुर आ गये । रात बारह बजे करीब भागलपुर स्टेशनपर गाडी पहुँची । उस समय वहाँ कोई सवारी न मिलनेसे मजदूरके सिरपर सामान रखकर सब पैदल ही नये बाजारकी ओर चल पडे । अन्धकारमय गम्भीर रात्रिमे गोस्वामी प्रभु सामान लिए हुए मजदूरके साथ अग्रसर हुए तो पीछे स्त्रियाँ अकेली राह भटकने लगी । किसी प्रकार गौराङ्गने उन्हें बचाया । रातको नये बाजार पहुँचकर वहाँ विश्राम किया ।

दूसरे दिन श्रीरायारमण बाबूके देवालयम दर्शन किये गये और रात बारह बजेकी गाडीसे चलकर अगले दिन दोपहरको नवद्वीप पहुँचे ।

श्रीमन्महाप्रभुजीने गया जाते हुए मार्गमें इसी मदार पर्वतपर श्रीमधुसूदन भगवानके दर्शन किये थे । यहाँपर उन्होंने दो लीलाएँ की थी । एक तो ज्वरलीला और दूसरी विप्रपादोदक-पानलीला । श्रीचैतन्य भागवतमे इस लीला-कथाका वर्णन है ।

श्रीगोस्वामी प्रभुका मदार जानेका प्रधान उद्देश्य था वहाँ श्रीमन्महाप्रभुजीका कोई स्मृति चिह्न स्थापन करना । भागलपुर जिलेमे बाँका महकमाके लक्ष्मीपुरके जमीदारकी जमीदारीम यह मदार पर्वत अवस्थित है और श्रीमधुसूदन भगवानकी सेवाका व्यय भी जमीदार सरकार द्वारा ही होता था । अब यह जमींदारी ऋणकी जगह दरभङ्गा महाराजके यहाँ बारह वर्षके लिए बन्धक थी । श्रीगोस्वामी प्रभु दरभङ्गा महाराजके मैनेजर नदियाके श्रीचाँद दत्त एव मदार पर्वत निवासी नवद्वीपवासी श्रीयुक्त गोपालचन्द्र भट्टाचार्य आदि सज्जनोंसे मिलकर मदारमे श्रीमन्महाप्रभुजीके श्रीविग्रहकी प्रतिष्ठा और सेवा सम्बन्धम परामर्श एव आलोचना करके आये ।

मदार पर्वतके नीचे बौंसी गाँव है । वहाँ श्रीमधुसूदन देवकी श्रीमूर्तिकी सेवा गरीब पण्डोंके ३०-३५ घरो द्वारा होती है । छोटे-से श्रीमन्दिरमे श्रीमधुसूदन भगवानकी पत्थरसे निर्मित चतुर्भुज विष्णुमूर्ति विराजमान है । ये बहुत प्राचीन विग्रह हैं । शास्त्रोंमे लिखा है कि जिस प्रकार रथारूढ श्रीजगन्नाथ देवके दर्शन करनेसे पुनर्जन्म नही होता वैसेही पौषकी सक्रान्तिके दिन मदार पर्वतपर मञ्चारूढ श्रीमधुसूदनके दर्शनोंसे भी 'पुनर्जन्म न विद्यते' ।

इस दिन मदारमे लाखो लोगोका समागम होता है । एक बडा मेला लगता है । बौंसी गाँवसे मन्दार पहाड दो मील दूर है । दूर-दूरसे नाना स्थानोंकी दूकानें आदि आकर वहाँ १५ दिन रहती हैं । पौष सक्रान्तिके दिन सुसज्जित राजहस्तीकी पीठपर

श्रीमायामियोंके सहित अपने मन्दिरसे श्रीमधुसूदन भगवान मदार पहाड़की तराईके एक छोटेसे मन्दिरमें मञ्चके ऊपर विराजमान होकर सुशोभित होते हैं।

इन्हीं मञ्चारूढ श्रीमधुसूदनके दर्शन करने प्रति वर्ष इतने लोग इकट्ठे होते हैं। तीसरे पहर भोगरागके उपरान्त श्रीमधुसूदन भगवान ग्रामसे मदार जाते हैं। वहाँ एक घटा समय बिताकर फिर शोभा यात्रासे अपने ग्रामके मन्दिरमें आ जाते हैं। भागलपुरसे दो-तीन घंटेके अन्तरसे स्पेशल रेल गाड़ियाँ आती-जाती रहती हैं। मञ्चारूढ श्रीमधुसूदनके दर्शनोंके लिए इतनी भीड़ होती है कि कई लोग दबकर मर जाते हैं। इतनी भीड़में श्रीगोस्वामी प्रभु सपरिवार श्रीगौराङ्ग प्रभुकी कृपासे अति सुन्दर भावसे श्रीमधुसूदनके दर्शनकर कृतार्थ हुए। मदारके जिस विप्र पण्डेका पादोदक पान करके स्वयं भगवान श्रीनवद्वीपचन्द्र श्रीगौरसुन्दरने श्रीमधुसूदन सेवककी मर्यादा बढ़ाई, आज भी उन्हींके वंशज उन्हीं श्रीमधुसूदन श्रीविग्रहकी सेवा कर रहे हैं। उनके दर्शन करके वही स्मृतिकथा स्मरण करके श्रीगोस्वामी प्रभु प्रेमानन्दसे गद्गद् हो उठे। वहाँ श्रीमन्महाप्रभुकी सेवा प्रचार अत्यावश्यक समझकर उन्होंने वहाँके प्रधान पण्डोंके साथ भी इस बातकी विशेष आलोचना की थी। मैनेजर श्रीनदियाचाँद दत्त महाशयने विशेष आश्वासन दिया था।

मदार पर्वतकी तराईमें श्रीगोस्वामी प्रभुकी यात्राके एक वर्ष पूर्व गौड़ीय मठ वालोंने एक छोटा मञ्च निर्माण कराया था। उनका अभिप्राय वहाँ श्रीमन्महाप्रभुके चरण-चिन्होंकी प्रतिष्ठा करना था। इसके लिए सरकारसे एक कट्ठा जमीन भी ली जा चुकी थी। लेकिन चरण-चिन्होंकी स्थापना उस समय तक न हो पाई थी। श्रीगोस्वामी प्रभुका प्रस्ताव था कि श्रीमधुसूदन भगवानके श्रीमन्दिरके प्राङ्गणमें श्रीगौराङ्ग-मूर्तिकी प्रतिष्ठा हो और वहीं उनकी सेवा प्रकाश हो और पण्डे लोग ही उनकी सेवा-पूजा किया करें। वे लोग भी सभी इसमें एक मत थे और इसमें अपना परम गौरव मानते थे। स्थानकी कमीकी बात नहीं। केवल मात्र एक छोटा-सा श्रीमन्दिर-निर्माण और कुछ सेवा-पूजाकी व्यवस्थाकी आवश्यकता थी। श्रीगोस्वामी प्रभुका विचार था कि वे स्वयं श्रीविग्रह-निर्माणका व्यय-भार वहन करें एवं दल-बल सहित वहाँ जाकर श्रीविग्रहकी प्रतिष्ठा करके आवें। आगे जैसी महाप्रभुकी इच्छा।

श्रीश्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्गका प्रवास भ्रमण
(श्रीडाकौरजीकी यात्रा)

●

[श्रीअमृतलालदत्त द्वारा लिखित]

नवद्वीपसे प्रस्थान

गत विजया दशमी (वङ्गाब्द १३३६ साल, सन् १९२९ ई०) तिथिमे श्रीपाद हरिदास गोस्वामी प्रभु श्रीधाम नवद्वीपसे प्रभु-प्रियाजी और गोपालजीको साथ लेकर सपरिवार अपनी स्त्री और कन्या, तथा एक भक्तिमती अनुगता स्त्री-सङ्गिनीके साथ शुभयात्रा करके पहले श्रीरामपुरमे अपने प्रिय शिष्य श्रीमान् पष्ठीधर लाहिडीके घर पर दो दिन रहे। वहाँ प्रभु प्रियाजीकी सेवा प्रतिष्ठित तीनतल्लाके ऊपर एक सुन्दर निर्जन प्रकोष्ठमे हुई। लाहिडी-दम्पतिकी प्रेम-सेवासे सन्तुष्ट होकर श्रीधाम नवद्वीपसे प्रभु-प्रियाजीने उनके घर शुभागमन किया। वैष्णवीय नियम निष्ठा तथा सदाचारके साथ यहाँ श्रीविग्रह सेवा अनुष्ठित हुई। लाहिडी वश श्रीरामपुरमे सुप्रसिद्ध रहा है। परम्परासे ये लोग कुलीन और सिद्धवशके माने जाते हैं। पष्ठी दादा बडे नैष्ठिक वैष्णव और प्रभु-प्रियाजीके एक निष्ठ सेवक थे। उनके यहाँभी बाल गोपालकी सेवा होती थी। गोपाल सेवामे पष्ठी दादाकी विशेष प्रीति रहा करती। वह श्रीगुरु गोष्ठीके साथ प्रभुप्रियाजी और गोपालजीको अपने मन्दिरमे पाकर प्रेमानन्दमे तल्लीन होकर श्रीगुरु-गौराङ्ग-सेवामें दो दिन इतने मस्त रहे कि उनको अपनी देहकी भी सुध-बुध नहीं रही। उनकी भक्तिमती स्त्री उस समय अपने पिताके घर थी। उन्होंने अकेले ही सेवाका सारा भार ग्रहण करके श्रीगुरु-गौराङ्गकी प्रसन्नता प्राप्त कर जीवनको कृतार्थ माना था। कलकत्तेके भक्तगण श्रीरामपुरमे आकर गोस्वामी प्रभुके साथ इष्टगोष्ठी कर गये थे।

२१वीं आश्विन द्वादशी तिथिको १० बजे रातकी गाडीसे गोस्वामी प्रभुने हावडा स्टेशन होकर गोमो जानेका निश्चय किया। उनके अनुगत एक प्रियशिष्य श्रीमान् बंकु विहारी राय अहमदाबाद शहरमे कोई बडी नौकरी करते थे। उनके परिवारके लोग पहले गोस्वामी प्रभुके साथ गोमो जाने वाले थे। उस दिन हावडा स्टेशन पर आकर

वे यथा समय अपेक्षा कर रहे थे। गोस्वामीप्रभुके साथ ४ आदमी और लगभग ५ मन सामान था, उन लोगोंके साथ ५ आदमी और ४ बालक-बालिकाएँ, तथा ६ मन सामान था। वे लोग इतने आदमी और सर-सामान लेकर महमदाबाद जा रहे थे। साथमें दो बीमार बच्चे भी थे।

श्री रामपुरसे हावड़ा स्टेशन गोस्वामी प्रभु रातमें नौ बजेके बाद पहुँचे। उनके साथ उनके अनुयायी भक्तगण थे। स्टेशन प्लेटफार्म पर जाकर अपने आदमियोंको तथा वकुबाबूके परिवारको खोजनेमें भी कुछ समय लगा। हमारे और उनके टिकट एक साथ लेकर सामान आदिको एक साथही तुलवानेकी बात थी। किन्तु हमको कुछ देर हो जानेसे वे लोग भूलसे बी. एन. आर. होकर गोमो जानेकी टिकट लेकर बैठे थे और हम लोगोंको जाना था ग्राण्डकार्ड लाइन द्वारा। इस प्रकार प्रभु-प्रियाजीने पहले ही एक झंझट खड़ा कर दिया। साथ ही दूसरा एक और झंझट हुआ—गोस्वामी प्रभुके एक अनुयायी पक्के कलकतिया थे, वह हमारे लिए गोमोकी बजाय गयाकी टिकट ले आये और सामान भी तुलवाकर वहीं के लिए बुक करा लाये। पूछने पर बोले कि मैंने बुकिंग क्लर्कने भूलसे ऐसा कर दिया है। हमारा सारा सामान हमारे साथ जायगा, कुछ भी बुक करने देनेको गोस्वामी प्रभुने मना कर रखता था, क्योंकि साथमें श्रीविग्रह थे, उनका सब साज-सामान और ग्रन्थ आदि थे। सबको साथ लेकर जानेकी ही बात थी। अब केवल आधा घण्टा समय ही बचा था, हम ट्रेनमें बैठे थे। जिनिस-पत्र सब आ गया था। जाना था गोमो, और टिकट हो गया था गयाका—सामानकी भी यही हालत थी। इसलिए झटपट गाड़ीसे उतर कर गोस्वामी प्रभुको स्वयं स्टेशन-सुपरिन्टेण्डेण्टके पास जाना पड़ा। उनसे कहकर टिकट और सामानकी रसीद खारिज कराकर, टिकट बाबू और माल बाबूके पाससे रुपये वसूल करकर फिरसे गोमोकी टिकट और सामानकी रसीद लेकर वह गाड़ीमें आकर बैठे। उधर वकु बाबूके परिवारके टिकटका रुपया वसूल करनेमें भी बहुत समय लग गया। गोस्वामी प्रभुके बहुतसे आदमी थे, इसी कारण इतने थोड़े समयमें इतना काम यथा समय हो गया। यह भी प्रभु प्रियाजीकी अपूर्व लीला थी। साथमें गोपालजी हैं, बड़े दुष्ट प्रकृति—प्रत्येक काममें गड़बड़ी पैदा करनेमें ही मजा लेते हैं।

गाड़ीके एक छोटे कमरेमें हम १२ आदमी १४ मन सामानके साथ लद गये। कमरा रिजर्व जैसा हो गया। दूसरे किसी आदमीने उस पर चढ़नेका साहस नहीं किया। मजेमें हम लोग दूसरे दिन ८ बजे प्रातः गोमो पहुँचे।

गोमो बड़ा स्वास्थ्यप्रद स्थान है। यहीं ही जगत्-विख्यात पारसनाथ पहाड़ पर जैन मन्दिर सुशोभित हो रहा है। चारों ओरसे सुरम्य पर्वतश्रेणियोंसे वेष्टित गोमोका प्राकृतिक दृश्य बड़ा ही मनोरम है। यहींके रेलवे स्टेशन पर गोस्वामी प्रभुके एक भतीजे निताइपद दादा प्रभु नौकरी करते थे, इसलिए श्रीविग्रहकी नियमित-सेवा करनेकी

लिए यहाँ दो दिन टिकना पडा। पारसनाथ पहाड़की जडमें ही रेलवे बाबुओंका बासा है। उनमेंसे एकमें जाकर प्रभु-प्रियाजी विराजमान हो गये, असम्भव सम्भव हो गया, और यहाँसे ही कार्तिक मासकी नियम-सेवा प्रारम्भ हो गयी। गोस्वामी प्रभुके भतीजे बड़े भक्तिवान् हैं, उन्होंने सारा प्रबन्ध कर दिया।

दो दिन वहाँ विधिपूर्वक ठाकुर-सेवा हुई। दो दिन लगातार वृष्टि होती रही। सिर पर वर्षा लेकर गोस्वामी प्रभुको गया यात्रा करनी पडी।

कार्तिक मासके प्रथम दिवस १८ अक्टूबर शुक्रवारके दिन हम सब लोगोंने रातके १० बजेकी ट्रेनसे गोमोसे गयाके लिए प्रस्थान किया। यह बताना मैं भूल गया कि गोमोमें ४ दिनकी डाक नवद्वीपसे गोस्वामी प्रभुको मिली। ढेरकी ढेर चिट्ठियाँ, समाचार पत्र, मनीआर्डर आदि साथ साथ नियमित रूपसे सब जगह उनके साथ चल रहे थे। गोस्वामी प्रभु प्रवासमें भी नियमपूर्वक कार्य करते थे। श्रीपत्रिकाका प्रूफ देखना, पत्र आदिका उत्तर देना लेख लिखना सब काम नियमपूर्वक चला करते थे, परन्तु बहुत कष्ट पूर्वक। गोस्वामी प्रभुका यही कृतीत्व है, प्रभु-प्रियाजीकी यही इच्छा है।

गयाधाममें

गोमोसे यात्रा करके दूसरे दिन २री कार्तिक शनिवारको प्रातःकाल गया स्टेशन पर पहुँचकर धर्मशालामें एक साफ सुथरे स्वतन्त्र स्थानमें हम सब लोग ठहरे। साथमें बंकु बाबूके परिवारके भी आदमी थे, और सारा सामान भी था। धर्मशाला ठाकुर-मन्दिरमें परिणित हो गयी। वहाँ ही प्रातःकृत्य समाप्त करके उस दिन प्रभात कालमें मङ्गल आरतीकी व्यवस्था हुई। सब कुछ हम लोगोंके साथ था, किसी वस्तुके लिए कोई विशेष असुविधा नहीं हुई। पश्चात् ७॥ बजे प्रभु-प्रियाजी और गोपालजीको साथ लेकर भोजन बनानेके पात्र आदि साथ लेकर हम लोग घोडागाडीमें बैठ फल्गु नदीके तीर पर पहुँचे। बङ्गाली पुरोहित राजेन्द्र भट्टाचार्य, गोस्वामी प्रभुके पूर्वपरिचित मित्र और आत्मीय, उस समय वहाँ उपस्थित थे। गोस्वामी प्रभुके पण्डा कमला प्रसाद गोस्वामीजीके लोगभी साथ ही थे। गोस्वामी प्रभु ३० वर्ष पूर्व गयाधाममें डाकघरमें नौकरी करते थे। उनका बासा विष्णुपादके बहुत ही समीप था। यहाँ उनके अनेक परिचित तथा मित्र थे। परन्तु उन्होंने उनमेंसे किसीकी सहायताकी याचना नहीं की। दैवात् एक पुराने मित्रके उनका साथ साक्षात्कार हो गया। अतएव गया श्राद्धादि समाप्त करके उनके बासामें पाक करके प्रभु प्रियाजीको भोग लगाया गया। परन्तु वहाँ सारे काम अपने व्यय तथा अपने प्रबन्धसे ही किये गये।

फल्गू नदीके तीर अक्षयवट और विष्णुपादपद्ममें विधिपूर्वक श्राद्धादि तथा पिण्डदानादि क्रिया वैष्णव मतके अनुसार सम्पन्न करके (प्रभु-प्रियाजीके साथ)

गोस्वामी प्रभु प्रसाद पाकर अपराह्नमें बाहर देखकर स्टेशनपर धर्मशालामें लौट गये। उसी दिन सन्ध्याकालमें ६ बजेकी गाड़ीसे हमने काशीके लिए प्रस्थान किया। सन्ध्याकी आरती करके श्रीविग्रहके साथ सबलोगोंको तथा सारा सामान लेकर हम गाड़ीमें बैठे। वह गाड़ी मोगलसराय तक ही जाती थी। रातके एक बजे हमलोग मोगलसराय पहुँचे। श्रीविग्रहके साथ सबलोगोंने रातमें प्लेटफार्मपर ही अड्डा जमाया। साज-सामान द्वारा एक छोटी प्राचीरसे घेरकर श्रीविग्रहके साथ हम सब लोगोंने वहीं रात वास किया। शेष रात्रिके समय एक मेल ट्रेन उसी प्लेटफार्म पर आकर खड़ी हो गयी, स्टेशनपर गाड़ीके ठहरते ही एक धनी मारवाड़ी यात्रीके चिल्लाने और रोने पीटने से सारे यात्री और स्टेशन कर्मचारी इकट्ठे हो गये। पुलिस आकर गाड़ीको घेरकर खड़ी हो गयी। बात यह थी कि उक्त मारवाड़ी यात्रीका एक ट्रङ्क उसकी तन्द्रावस्थामें एक चोरने उठाकर चलती ट्रेनमें दरवाजेसे बाहर ढकेल दिया था। तन्द्रा भङ्ग होनेपर उसने जब वह बहुमूल्य वस्तुओंसे पूर्ण ट्रङ्क न देखा तो उच्च करुण स्वरमें चिल्लाकर स्टेशनमें कोलाहल पैदा कर दिया। इसी कारण इतने लोग इकट्ठे हो गये। तत्काल ही पुलिसने तलाशी करना शुरू कर दिया। उस कमरेमें जितने यात्री थे, सब रोक लिए गये। प्रत्येककी खानातलाशी हुई। उसी समय चोर पकड़ लिया गया। एक पक्का रेलमें चोरी करने वाला, यात्रीके वेशमें हावड़ासे गाड़ीमें सवार होकर यात्रियोंकी वस्तुएँ चुराकर अपने बस्तेमें छिपाकर बैठा था। उसको पुलिसने निकाल बाहर किया तथा उस चोरको बाँधकर दो डण्डे लगाते ही उसने बतला डाला कि उस मारवाड़ीका ट्रङ्क स्टेशनसे थोड़ी ही दूरपर उसने फेंक दिया है। तत्काल पुलिस दलबलके साथ उसको सङ्ग लेकर वहाँ गयी, और टूटा हुआ ट्रङ्क उठाकर ले आयी। यह सारा गोलमाल स्टेशनके उसी प्लेटफार्म पर हुआ। उस रात्रिके शेषमें वहाँ बहुत लोगोंका समागम हुआ था। ठीक उसी समय उसी स्थानपर हमारे प्रभु प्रियाजी और गोपालजीकी मङ्गल आरतीका समय हो गया। बहुतसे नाना प्रकारके लोगोंके उस जमघटमें रातके चार बजेके बाद ही हमारे ठाकुरकी मङ्गल आरतीका आयोजन हुआ। साथमें सब सामान था ही। घड़ी घण्टा बजने लगे। ठाकुरजी एक छोटे सिंहासनपर बैठा दिये गये। बालभोगके लिए गयाके पेड़े साथमें थे ही, परन्तु दूध न था। गोस्वामी प्रभुकी भक्तिमती कन्या तब दुःखित होकर बोली—"बाबा! आज गोपालका क्षीर भोग नहीं है।" यह बात मुँहसे निकलते ही एक फेरीवालेका पुकारते हुए स्वर निकला—'गरम दूध चाहिये, गरम दूध"। उसी समय उसको बुलाकर दूध खरीदकर गोपालका बालभोग दिया गया। कई यात्रियोंने खड़े होकर मङ्गल आरतीका दर्शन किया, किसी किसीने प्रणाम भी किया। कुछ देरके बाद भोर हो गया। उसी दिन हमको प्रातः साढ़े दँ बजेकी Third Class Express (थर्ड क्लास एक्सप्रेस) ट्रेनसे आगरा जाना था। दिन भर गाड़ीमें रहना पड़ेगा,

रातको ८ बजे आगरा फोर्ट पहुँचेंगे। इसलिए प्रातःकाल ही प्रातःकृत्य आदि करके ठाकुरको भोग लगाकर कुछ प्रसाद पाकर सामान बटोरना पडा। कुछ मिष्ठान्न प्रसाद साथमें ले लिया गया। वकु बाबूकी वृद्धा माताके सङ्ग उनके ही सङ्गी एक ब्राह्मणको देकर उनको काशी तीर्थ भेज दिया गया, और हमलोग आगरा रवाना हुए। साथमें वकु बाबूके स्त्री-पुत्रादि सभी थे। वह सारा दिन गाडीमें बीता। प्रभु-प्रियाजीकी कृपासे गाडीमें वैसी कुछ भीड न थी। दो एक बङ्गाली सज्जन सत्सङ्गी मिल गये थे। धर्मकथाकी आलोचनामें समय एक प्रकारसे कट गया। वे लोग इलाहाबादमें ही उतर गये।

यथासमय रातको ८ बजेके बाद गाडी आगरा फोर्ट पहुँची। गोस्वामी प्रभुके पूर्व परिचित एक रेलवे कर्मचारी भोलानाथ चौधरी थे। स्टेशनपर पता लगानेपर ज्ञात हुआ कि वे अपने डेरेपर चले गये हैं। उनका डेरा शहरमें स्टेशनसे डेढ मील दूर था। स्टेशनपर उनके कई आदमी थे। उन्होंने जाकर जैसे ही हमारा सवाद पहुँचाया, वैसे ही वह झटपट स्टेशनपर आकर उपस्थित हुए। आनेमें भी लगभग एक घण्टा लग गया। उनके आनेपर वकु बाबूके परिवारको, तथा उनके सामानको उनके जिम्मे लगाकर गोस्वामी प्रभु रातमें दस बजेकी गाडीसे उसी दिन जयपुरके लिए रवाना हो गये। भोलानाथ बाबूने विशेष परिश्रम करके हमलोगोंको साज-सामान तथा श्रीविग्रहके साथ डाकगाडी (मेल ट्रेन) मे चढा दिया। यहाँसे वकु बाबूके परिवार वर्गसे हम पृथक हो गये। वे लोग यहाँसे अजमेर होकर पहले ही अपने गन्तव्य स्थान अहमदाबाद (वम्बई) मे पहुँचकर हमारी प्रतीक्षा करने लगे। हमलोग एक पखवारेमें जयपुर और अजमेर होते हुए अहमदाबाद पहुँचे।

जयपुर (राजस्थान) में

रविवार ३री कार्तिकको रातके १० बजेके बाद हम आगरा फोर्टसे मीटरगेजकी डाकगाडी (मेल ट्रेन) से जयपुरके लिए रवाना हुए। इस बार गाडीमें वडी भीड थी क्योंकि इसमें केवल एक छोटा डिब्बा सीधा जयपुर जाता है, उसमें बैठने वालोंको रास्तेमें बाँदीकुई जकशन स्टेशनपर गाडी बदली नहीं करनी पडती। इसी एक छोटे डिब्बेपर जयपुर और अजमेर आदि बडे बडे शहरोंके यात्रियोंकी विशेष दृष्टि रहती है। इसी कारण इसमें अधिक भीड रहती है, तब भी प्रभु-प्रियाजीकी कृपासे गोस्वामी प्रभुके इतने सर-सरञ्जामके साथ उसी गाडीमें उनके सेवक-सेविका गणके लिए स्थान मिल ही गया। दूसरे दिन ऊषाकालमें ४ बजे गाडी जयपुर पहुँची। रात भर बैठे-बैठे जागरण करना पडा। जयपुरमें गोस्वामी प्रभुके ज्येष्ठ भ्राताके लडके ज्ञानेन्द्र दादाप्रभु डाकघरके इन्स्पेक्टर थे। आगरासे उनको समाचार देनेका अवसर न मिलनेके कारण वहाँ स्टेशनपर कोई न मिला। गोस्वामी प्रभुका स्वभाव ही यह था कि किसीको कष्ट देना नहीं चाहते थे। पहले समाचार न देकर वह

प्राय प्रचारक जा पहुँचते थे। अपने कष्टको कष्ट नहीं मानते थे। मा
सुख-स्वच्छन्दतासे उनको लगाव न था। जयपुर उनका पूर्व परिचित र
स्टेशनपर उतरते ही गाड़ी भाड़ा करके उत्साहवश ही ज्ञानेन्द्र दादा प्रभुके
गोजरर वे वहाँ जा पहुँचे। दादा प्रभु एक ही पुकारमें तन्द्रा त्याग कर
गोस्वामी प्रभुको सपरिवार और श्रीविग्रहके साथ उपस्थित देखकर कुछ
और बड़े आदरके साथ श्रीविग्रहके सहित सबको घरमें ले गये। यह स्थान
नया था, तथा जयपुरके भूतपूर्व राजमन्त्री, प्रातःस्मरणीय कान्ति बाबूके रा
सन्निकट साफ-सुथरा दो तल्ला पक्का मकान था। यहाँ ज्ञानेन्द्र दादा प्र
रहते थे। यहाँ गोस्वामी प्रभुके एक और भतीजे जीतेन दादा प्रभुकी स्त्र
थी। दोनोंके दो शिशु पुत्र और कन्याएँ थीं जो एक वर्षसे ऊपरके।
गोस्वामी प्रभुके "दादू और दादी" उनको देखकर प्रेमानन्दसे उनकी गोदमें
वहाँ सबके सहित इष्ट-गोष्ठी करके गोस्वामी प्रभुने कुछ देरके लिये म
लीलाभाव प्रकट किया। इधर मा-गोस्वामिनी और दीदी-गोस्वामिनी
कालमें श्रीविग्रहकी मङ्गल आरतीका सब जोगाड़ करके सूर्योदयके पहले
आरती करने लगीं। वहाँ भी घड़ी-घण्टा बजने लगा। आस पासके र
चकित हो उठे। जयपुर आकर विधिपूर्वक और समारोहके साथ नियमि
स्वच्छन्दतासे चलने लगी।

जयपुर (राजस्थान) गौड़ीय वैष्णवोंका एक प्रसिद्ध तीर्थ
श्रीरूपगोस्वामी पादके द्वारा सेवित आदिविग्रह गोविन्दजी, मधुपण्डित
गोपीनाथजी, श्रीजीव गोस्वामी पाद द्वारा सेवित राधा दामोदरजी व
बहुत दिनोंसे राज्यके प्रबन्धसे, तथा राजसेवाके द्वारा होती आ र
गोविन्दजीके ऐश्वर्यकी सीमा नहीं है। विश्वस्त सूत्रसे ज्ञात हुआ कि गोवि
करोड़ रुपयेके महामूल्यवान् हीरा-जवाहरात और सोनेके आभूषण
महाराजकुमार उस समय नाबालिग थे, सारी सम्पत्ति (देवोत्तर सहि
वाइसके अधीन थी। मुसलमान बादशाहोंके अत्याचारके भयसे जब
महाराजने इन श्रीविग्रहोंको श्रीवृन्दावनसे अपनी राजधानीमें लाकर श्री
निर्माण करकर सेवा-पूजाके लिए नियमित व्यवस्था करदी थी।

गोस्वामी प्रभु अपनी गोष्ठीके साथ इन सब प्राचीन महाजनोंके
श्रीविग्रह आदिका दर्शन करके कृतार्थ हो गये। श्रीविग्रह दर्शन करके द
भोग लगाया और प्रसाद ग्रहण किया। गोविन्दजीके पुजारी गोस्वा
इष्ट-गोष्ठी की।

गोविन्दजीके श्रीमन्दिरके पास ही 'गाड़ेय' गोविन्दजीका मन्दिर
सामने गङ्गादेवीकी श्रीमूर्ति विराजमान है। 'गाड़ेय' गोविन्दजी नामसे

आदि विग्रह श्रीगोविन्दजी

श्रीरूप गोस्वामी द्वारा सेवित

श्रीजीव गोस्वामी द्वारा सेवित श्रीराधादामोदरजी

श्रीमधु पण्डित द्वारा सेवित श्रीगोपीनाथजी

मांजीके मन्दिरमें श्रीराधागोविन्दजी

गोविन्दजीकी अपूर्व श्रीमूर्ति है। उनका 'साहेब' नाम क्यों पड़ा—इसे बतलाता हूँ। जयपुरके स्वर्गीय महाराज माधव सिंहजी इंगलैण्डके राजाके राज्याभिषेकके समय जब विलायत जानेके लिए बाध्य हो गये तो वह श्रीश्रीराधा गोविन्दजी तथा गङ्गा देवीको अपने साथ स्टीमर पर विलायत ले गये थे, इस कारण जयपुरके लोगोंने गोविन्दजीका नाम 'साहेब' गोविन्द रख दिया। श्रीश्रीराधा-गोविन्दजीकी यह मूर्ति बहुत सुन्दर है। यहाँ उनका स्वतन्त्र मन्दिर है तथा स्वतन्त्रभावसे पूजा और भोगका प्रबन्ध है। इसका भाव यह है कि मानो विलायत जानेसे उनकी जाति चली गयी है। 'साहेब' गोविन्दजीके श्रीमन्दिरमें कितने ही अतिप्राचीन वैष्णव चित्र देखे। वे चित्र बड़े ही सुन्दर और दुष्प्राप्य हैं। महाराज माधोसिंह अपने निजी व्ययसे एक बड़े स्टीमर पर श्रीविग्रहके साथ गङ्गाजल, तुलसीवृक्ष, पुजारी ब्राह्मण तथा अपने लोगोंको साथ लेकर हिन्दू आचारके साथ विलायत गये थे।

श्रीधाम नवद्वीपके गौर-गोविन्दजीको अपने राज्य जयपुरमें पाकर साहेब गोविन्दजी मन ही मन बहुत प्रसन्न हैं। उनकी साध है कि गौर-गोविन्दजी भी उनकी तरह एक बार विलायत जांय, और महात्मा शिशिर कुमार घोषके द्वारा प्रदत्त 'लार्ड गोराङ्ग' नामकी सार्थकता सिद्ध करें। मनकी बात मन ही में न रख सकनेके कारण सुयोग प्राप्त करके साहेब गोविन्दजीने गौर-गोविन्दके सामने अपना अभिप्राय प्रकट किया। गौर-गोविन्दजीके साथ भी प्रियाजी हैं। उन्होंने अपनी प्रियाजीके श्रीमुखचन्द्रकी ओर सप्रेम नेत्रोंसे एक बार देखा। इसका अभिप्राय यह था कि, तुम क्या कहती हो? प्रियाजीने गम्भीरतापूर्वक अपनी रक्तिमाभ ग्रीवाको कुछ टेढ़ी करके श्रीमुखचन्द्रको घुमाकर इशारेसे कहा—'ना'। साहेब गोविन्दजीके प्रस्ताव पर तब दोनों गोविन्दजीमें वादविवाद शुरू हो गया। साहेब गोविन्दजी बोले—'हे गौर गोविन्द! तुम भी तो साहेब हो। क्योंकि तुम्हारा नाम 'गोरा' है। मैंने तो विलायत जाकर साहेब नाम खरीदा है। तुम तो नदियामें बैठे ही 'गोरा' बन रहे हो। तुम देशी साहेब हो और मैं विलायती साहेब हूँ। देशी साहेब होने पर भी तुम्हारा रङ्ग बिल्कुल साहेबके समान है। मैं विलायतकी इतनी कड़ी सर्दी सहन करके भी अपने श्याम वर्णको तुम्हारे समान गौर नहीं कर सका। विलायत जानेसे मेरी जाति चली गयी है। देखो, तुम्हारे वृन्दावनके दलने मुझे दल-च्युत कर दूसरे मन्दिरमें स्थान दिया है। तुम ब्राह्मण शरीर हो, तुमको जातिका बड़ा डर है, मैं गोपकुमार हूँ, मुझे जातिका डर नहीं है।" प्रियाजी अन्तरालमें खड़ी होकर यह सारी बातें सुन रही हैं, और अपनी दासियोंके साथ खूब हँस रही हैं, और अपनी प्रधान सेविका हरिदासियासे चुप चाप कह रही हैं, यहाँ अधिक दिन रहना उचित नहीं है, चाल-ढाल ठीक नहीं सङ्गत अच्छी नहीं जान पड़ती। यह आदेश पाते ही गोस्वामी प्रभु १० दिनके भीतर जयपुरका वासा त्याग कर प्रभु-प्रियाजीको

लेकर अजमेर रवाना हुए। ये सारी भावकी बातें गोस्वामी प्रभुके श्रीमुखसे मैंने सुनी थीं। इनके रहस्यको मैं क्या जानूं?

जयपुरके महाराजा माधवसिंहजीकी रानीका बनाया हुआ श्रीश्रीराधागोविन्दजी का एक नवीन विशाल मन्दिर है, जो विचित्र शिल्पकलासे मण्डित है। इस मन्दिरके भीतरकी दीवारों पर सूर्यवंशके श्रीरामचन्द्रजीसे लेकर पिछले राजकुमारोंकी अपूर्व चित्रावली तथा समस्त कृष्णलीलाकी अति सुन्दर चित्रावली अलौकिक निपुणताके साथ अङ्कित और विचित्र है। इस मन्दिरके बनानेमें उस समय दो लाख रुपए लगे थे। इसको जयपुरके लोग माजीका मन्दिर कहते हैं। यहाँके श्रीविग्रहका नाम है माधव विहारीजी। दूर देशसे आए यात्रियोंको इस मन्दिरका दर्शन अवश्य करना चाहिए। हमलोग प्रायः इस मन्दिरमें जाकर भक्तिभावोद्दीपक कृष्णलीलाके चित्रावलीके दर्शन कर अपार आनन्दोपभोग किया करते थे।

गोस्वामी प्रभु भूतपूर्व राजमन्त्री स्वनामधन्य कान्तिबाबूके पुत्र श्रीईशानचन्द्र बन्द्योपाध्याय (पुकार नाम हाथीबाबू) महाशयके घर जाकर उनके साथ परिचय प्राप्त कर बड़े प्रसन्न हुए। वे अपने सुवृहद् पुस्तकालयमें वैष्णव ग्रन्थोंका संग्रह कर रहे हैं, यह देखकर गोस्वामी प्रभुके मनमें बड़ा आनन्द हुआ। श्रद्धास्पद हाथी बाबूने गोस्वामी प्रभुसे गौड़ीय वैष्णव-ग्रन्थावलीकी एक पूर्ण तालिका तैयार कर देनेका अनुरोध किया था। हाथी बाबूने भी जयपुर राज्यके मन्त्री पदको सुशोभित किया था। अब वे स्वेच्छासे पद त्याग करके अपनी बड़ी जमींदारीका कारोबार देखते थे। उनके ज्येष्ठ पुत्र श्रीमान् सानकौड़ी बाबू भी वहाँ एक उच्चपदस्थ राजकर्मचारी थे। वे उच्चकोटिके शिक्षित और सरल हृदयके आदमी थे। गोस्वामी प्रभुके भतीजेका डेरा सदर रास्ते पर हाथी बाबूके एक नये मकानमें था।

अजमेर (पुष्करजी) में

कार्तिक चतुर्दशी बृहस्पतिवार दीवालीके दिन हम जयपुरसे दस बजेकी गाड़ीसे रवाना हुए। झटपट ठाकुरजीकी पूजा भोग आदि समाप्त करके प्रसाद पाकर गोस्वामी प्रभुने दलबलके साथ गाड़ी पकड़ी। उनके साथ उनका सारा परिवार अर्थात् जयपुर स्थित भतीजेका परिवार भी था। सबको साथ लेकर वे अपने पुराने कर्म-स्थान अजमेरके लिए चल पड़े। अजमेर तीर्थराज पुष्कर सब्डिवीजनके अन्तर्गत है। यहाँ गोस्वामी प्रभु तीन वर्ष तक कार्यक्षेत्रमें रहे। अजमेरके हिन्दू मुसलमान, जैन ईसाई आदि सभी लोग उनको 'स्वामीजी' कहकर बहुत सम्मान करते थे, यद्यपि वे उस समय वहाँ पोस्टमास्टर ही थे। विशिष्ट शिक्षित सज्जन सर्वदा उनके पास धर्मोपदेश प्राप्त करके कृतार्थ होते थे। उनका विशाल बङ्गला साधु-वैष्णवों तथा अतिथि अभ्यागतोंका आश्रय और विश्राम स्थान था। वहाँ उनके लिए नियमपूर्वक सदाव्रतकी व्यवस्था थी।

उनके द्वारा स्थापित हरिसभा तथा सङ्कीर्तन दल जाति और वर्ण का भेदभाव छोड़ कर सब लोगोंके घर जाकर कीर्तनानन्द प्रदान कर सबके हृदयमें एक विशिष्ट सार्वजनीन धर्मभावको जागृत करते थे। अयाचित भावसे वे अपने सङ्कीर्तन दलको लेकर सन्ध्योपरान्त साधारणसे साधारण मनुष्यके घर पर जाकर पाठ और नामसङ्कीर्तन कर आते थे। स्टेशनके समीप अजमेरकी वर्तमान बङ्गाली धर्मशाला उन्हींकी कीर्तिका निदर्शन है। अब दो तल्ले पत्थरके एक पक्के सुन्दर आश्रम द्वारा पुष्करके बङ्गाली यात्रियोंके लिए बहुत दिनोंकी असुविधा दूर हो गई है। अजमेरसे जब वे कलकत्तेके लिए बदली होकर जाने लगे—यह आज ७-८ वर्ष पूर्वकी बात है, तो उनको सारे अजमेरके लोगोंने जिस प्रकार विदा किया था, वह अजमेरके इतिहासमें चिरकाल तक बङ्गाली जातिके गौरवकी घोषणा करता रहेगा। इन सब बातोंकी यहाँ आवश्यकता नहीं है, अजमेरके लोगोंके प्रति गोस्वामीप्रभुका कैसा प्रेम-सम्बन्ध तथा प्रीति-व्यवहार था, इसका प्रकृष्ट प्रमाण यही है कि सरकारी कार्यसे अवसर ग्रहण करनेके बाद भी उनको दो बार सुदूर अजमेरकी यात्रा करनी पड़ी थी। उनके अनुरागी बहुतसे उच्चपदस्थ राजकर्मचारी तथा धनी लोग यहाँ उनको चाहते थे, और उनका सत्सङ्ग प्राप्त करके अपनेको कृतार्थ मानते थे। गोस्वामी प्रभुके जीवनका प्रधान कर्मक्षेत्र, तथा गौराङ्ग-धर्म-प्रचारके विशिष्ट स्थान उस अजमेरमें वे बिना किसीसे कुछ कहे, बिना आडम्बरके दीन-हीनके समान जाते थे। यहाँ उनके एकान्त अनुयायी, अति प्रियतम एक गौरभक्त साधु पुरुष थे, जिनका नाम था हाराणचन्द्र सेन। पहले वे यूरोपियन राजपूताना बैंकके उच्च वेतन भोगी मैनेजर थे। परम गो-सेवा-परायण एक निष्ठ गुरु-भक्त हाराणदादा इस समय सपरिवार कुटीर वासी दीन-दरिद्र वैष्णव साधु थे। अजमेरके एक प्रान्तमें तीर्थराज पुष्करके मार्गमें किनारे पर एक निर्जन कुटीमें अपनी भक्तिमती स्त्रीके साथ रात दिन हरिभजनके आनन्दमें मग्न रहते थे। इस समय दमेके रोगसे विशेष पीड़ित होनेके कारण उनमें उठनेकी शक्ति नहीं थी, उन्हींके प्रबल आकर्षण और कातर प्रार्थनासे भक्तवत्सल गोस्वामी प्रभु आज अजमेर जा रहे थे। अजमेरमें गोस्वामी प्रभुके एक और भतीजे धीरेन दादा प्रभु डाक्टरसे नौकरी करते थे। श्रीपाद नृत्यगोपाल गोस्वामी प्रभुके एक पुत्र जगद्बन्धु दादा प्रभु भी यहाँ रेलवेमें नौकरी करते हैं। वे रेलवे क्वार्टरमें सपत्नीक रहते थे। उनको गोस्वामी प्रभुके शुभागमनका सवाद पहले ही मिल गया था। अजमेर स्टेशन पर गाड़ी तीसरे पहर ४ बजे पहुँची। जगबन्धु दादा प्रभु स्टेशनपर प्रतीक्षा कर रहे थे। सारे समाजके साथ गोस्वामी प्रभुको अपने बासे पर रेलवे क्वार्टरमें ले गये। घर था तो छोटा, पर साफ-सुथरा था। उनके यहाँ श्रीश्रीनदिया-युगल चित्र-मूर्तिकी सेवा होती है। यहीं ही रात बितानेकी व्यवस्था हुई, क्योंकि हाराण दादाका आश्रम बहुत दूर था। तथापि सन्ध्याके पहले माँ गोस्वामिनी ज्ञानेन्द्र दादा प्रभुको लेकर उनको (हाराण दादाको) देखने गयीं।

दीदी गोस्वामिनीने ठाकुर सवा और आरतीका बन्दोबस्त किया। प्रभु प्रियाजीका उस रातको वहीं भोग लगा। जगबन्धु दासके प्रभुके आग्रह और प्रेमसे परितृप्त होकर सब लोग परमानन्दित हुए।

दूसरे दिन कार्तिक अमावस्या गुरुवारको अन्नकूट था। हाराण दादाके आश्रममें गोपालजीका अन्नकूट उत्सव था पहाड़की तलहटीमें गोशालाके अत्यन्त समीप सुप्रसिद्ध आना सागरके अत्यन्त समीप उनका निर्जन आश्रम बहुत रमणीक था। वह सिद्ध स्थान है पहले एक साधुका आश्रम था। हाराण दादा आज ६० वर्षसे सपत्नीक इसी आश्रममें रहकर निर्जन भजनानन्दमें दिन यापन किया करते हैं। उनकी कोई सन्तान नहीं थी। गाय गधा बिल्ली कुत्ता चूहा मोर मच्छर आदि जन्तु और पशु-पक्षी सबको वे अपनी सन्तानके समान पालते थे। सबके साथ उनका स्नेह व्यवहार था। देखा जाता था कि गधा भी उनके स्नेहसे वञ्चित नहीं होता। वह उनका नित्य अतिथि बनता था और एक रोगीके लिए उनके आश्रमसे ठिकाना छोड़कर नित्य चीत्कार करके भिक्षा लिया करता था। वह जब तक रोटी नहीं पाता तब तक वहाँसे कदापि नहीं हटता था। बिल्ली नियमपूर्वक दूध पानी थी। सब दम्पति जीव सबामें दक्ष थे। 'जीवे दया, नामे रुचि वैष्णव सेवन'—महामन्त्रमें वे दीक्षित थे। जातिके वैद्य होने पर भी उन लोगोंको गौरव होनेका अभिमान था। गोपाल और गो सेवा ही उनके जीवनका व्रत है। अजमेरकी बड़ी गोशालामें वे बहुत दिन तक मैनेजर रहे। गोस्वामी प्रभु जब अजमेरमें थे तब वे इस गोशालाके उपाध्यक्ष (वाइस प्रेसिडेण्ट) थे। इस गोशालामें एक हजार रुपये प्रति मास खर्च होते थे। आय भी तदनुकूल थी। गोस्वामी प्रभुके एक अनुयायी डाक्टर रायचन्द्र मुरसिंगानी ३४ हजार रुपया वार्षिक चन्दा गोशालाके लिए इकट्ठा करके देते थे।

हाराण दादाके आश्रममें प्रभु प्रियाजी और गोपालजीने महामहोत्सवसे परितुष्ट होकर वहीं ही अन्नकूटके दिन रात्रिवास किया। दूसरे दिन सबके आँसूमें प्रभाकृत विदा हुए। एकान्त गुरुनिष्ठ हाराण दादाकी अद्भुत गुरु निष्ठा थी। गोस्वामी प्रभु कहते थे कि यदि गुरुसेवा और गुरु निष्ठा सीखना हो तो उनके लिये एक मात्र हाराण ही सच्चे आदर्श हैं। विदा होते समय हाराण दादाका करुण क्रन्दन उनके उस समय शरीरमें ध्यानवस्थितका भाव था!—उस करुण दृश्यका वर्णन भाषामें करना कठिन है। उनकी हार्दिक कामना थी कि गोस्वामी प्रभु अपने समाजके सहित उनके आश्रममें ही रहें। परन्तु प्रभु प्रियाजीकी इच्छा और ही थी। इसी कारण गोस्वामी प्रभु अजमेरमें केवल दो दिन ही ठहरे। सन्ध्याके बाद विदा होकर रातको १० बजकी गाड़ीसे उन्होंने प्रसिद्ध स्थान अहमदाबाद (बम्बई) के लिए प्रस्थान करना था। इस बीचमें ७ बजे शामको उनके अजमेर निवासी बङ्गाली मित्रोंने बङ्गालीमें एकत्रितसम्मेलन-सभामें उनका अभिनन्दन

करनेका आयोजन किया था। निर्दिष्ट समय बीत गया, हाराण दादाके आश्रमसे विदा होते होते ७॥ बज गये। तथापि गोस्वामी प्रभुने रातमे ८ बजेके बाद धर्मशालामे उपस्थित होकर अपने अनुगत मित्रोके साथ सङ्कीर्तनमें योगदान करके उनको यथायोग्य प्रेम-सत्कारसे परितृप्त कर प्रसन्न किया। उसी दिन रातके ६ बजेकी गाडीसे उनके भतीजे ज्ञानेन्द्र दादा प्रभु सपरिवार जयपुरके लिए रवाना हुए। गोस्वामी प्रभुको उनके साथ एक बार गाडीमे साक्षात्कार करनेका अवसर मिला था। उनके एकान्त अनुगत हाराण दादा और उनकी भक्तिमती स्त्रीके करुण क्रन्दनसे गोस्वामी प्रभुके हृदयमे उनके लिये एक अत्यन्त व्याकुलताका भाव उत्पन्न हो गया था। विशेषत' मा गोस्वामिनी और दीदी गोस्वामिनी तो व्याकुल होकर रोने लगी थी।

जगबन्धु दादा प्रभु एव प्रमुख अजमेरवासी बङ्गालियोने उस रातको स्टेशन पर जाकर गोस्वामी प्रभुको अहमदाबादकी गाडीमे चढाया। जगबन्धु दादा प्रभुके अथक परिश्रम, सेवा-निष्ठा तथा सरल हृदयका सरल प्रीति व्यवहार देखकर सभी लोग उनसे सन्तुष्ट थे। उनकी भक्तिमती स्त्रीकी भक्तिनिष्ठा और अतिथि सेवा-परायणता विशेष प्रशसनीय थी। प्रभु-प्रियाजीके चित्रपटकी सेवामे इनकी परम प्रीति देखी गई। सुदूर अजमेरमे भी प्रभु-प्रियाजीकी सेवा सुप्रतिष्ठित देखकर गोस्वामी प्रभुके मनमे बडा आनन्द हुआ।

अहमदाबादमें

रातके १० बजेके बाद अजमेरसे अहमदाबादके लिए गाडी खुली। ट्रेनमे अधिक भीड न थी। रातमे सबको थोडा सोनेका मौका मिला। दूसरे दिन दोपहरको साढे बारह बजे अहमदाबाद पहुँचनेकी बात थी। माउण्ट आबू पहुँचते पहुँचते सवेरा हो गया। मनोरम पर्वत श्रेणीके सुन्दर दृश्य बाल अरुण रश्मिकी आभासे परम सुन्दर लगते थे। राजपूतानेकी मरु भूमि पार करके जब हम पालनपुर स्टेशन पहुँचे तो १० बज गए थे। बम्बई प्रदेशकी भूमि बङ्गालके समान उर्वरा है। वृक्षलता शस्य आदि और शाक सब्जीके हरे-भरे खेत रेलवे लाइनके दोनो ओर देखकर बङ्ग भूमिकी वह "सुजला सुफला शस्य श्यामला" अपरूप रूपकी बात याद आती है। दोनो ओर हरी-भरी खेती देखकर मन बहुत आनन्दित हुआ। शीतल, मन्द मन्द वायुके स्पर्शका भी आनन्द प्राप्त हुआ।

१७वी कार्तिक, रविवार साढे बारह बजेके समय हम अहमदाबाद स्टेशन पर पहुँचे। साबरमती रेलवे पुल पार करते समय महात्मा गाधीका आश्रम ट्रेनसे ही दीख पडा। अहमदाबाद बहुत बडा स्टेशन है। यहाँ सैकडो बडी बडी कपडेकी मिलें हैं, गोस्वामी प्रभुके शिष्य तथा कृपा-पात्र श्रीबन्धु विहारी राय यहाँ नौकरी करते हैं। वह एलेक्ट्रिक इजीनियर हैं तथा यहांके पावर-हाउसके सुपरिण्टेण्डेण्ट हैं। शाही

बागमें एक बंगलेमें सपरिवार रहते हैं। शाही बाग Civil Station है। वह अपने आदमियोंके साथ स्टेशन पर उपस्थित थे। एक मोटर बससे गोस्वामी प्रभुके परिवारके लोगोंको तथा सामान आदि लेकर १॥ बजेके समय हम उनके बंगले पर पहुँचे। तब स्नान आदि करके श्रीविग्रह सेवाका आयोजन हुआ। पञ्चगव्य आदि सब प्रस्तुत था। पूजा-भोग आदिमें ४ बज गए। कार्तिक मासमें एक इसी दिन प्रातःकाल ठाकुरजीकी मङ्गल आरतीकी सुविधा नहीं हुई। जयपुरसे अहमदाबाद एक्सप्रेस गाड़ीसे १४ घण्टेका रास्ता है। नवद्वीपसे अहमदाबाद १३५५ मील दूर है। इस स्थान तथा महात्मा गांधीके आश्रमके सम्बन्धमें बहुत सी बातें कहनी हैं, जो पीछे क्रमशः बताई जायेंगी।

अहमदाबादमें जाकर शाहीबागमें जिस बंगलेमें हम लोग ठहरे, उसका मासिक भाड़ा एक सौ रुपया था। गोस्वामी प्रभु और उनके श्रीविग्रह तथा उनके परिवार वर्गके स्वच्छन्द वासके लिए उस बंगलेके आधेसे अधिक भागको उनके प्रिय शिष्य श्रीकुंजविहारी दादाने पूरा खाली करा रक्खा था। ठाकुर घर, रसोई घर, शयनघर तथा गोस्वामी प्रभुके लिखने-पढ़नेके लिये कुर्सी-मेज आदि सब सामान अच्छी प्रकार यथास्थान सजाकर रखे गए थे। इस सुसज्जित मकानमें १७वीं कार्तिक रविवारके दिन श्रीविग्रहके साथ श्रीगुरु-गोष्ठी विराजमान हुई। उसी दिनसे नये ढङ्गसे और नये उत्साहसे बंगलेमें ठाकुर-सेवा प्रारम्भ हो गयी। सन्ध्या आरतीके समय घड़ी-घण्टा बजे। विदेशी और विजातीय पड़ौसी लोग चकित हो उठे। प्रातःकाल बहुतोंने पूछा, 'यहाँ रातमें क्या हुआ था ?' जब उन्होंने सुना कि, राव साहबके गुरुजी आये हैं, साथमें ठाकुरजी आये हैं, प्रातः सायंकाल ठाकुरजीकी आरती होती है। भोगराग लगता है—तो बहुत लोग ठाकुरजीके दर्शनोंके लिए आये। समीपमें सेठके बगनेमें फूलोंका उद्यान था। ठाकुरजीके लिये पहले पुष्प-चयन वहींसे होता था। वहाँके माली लोग अच्छे नहीं थे, बड़े पाखण्डी थे, पुष्प-चयनमें बाधा देने लगे। गोस्वामी प्रभु स्वयं एक दिन समीपके एक दूसरे बड़े सेठ जमुनाधरके उद्यानमें जाकर याचना करके फूल चयन कर लाये। जमुनाधर सेठ बड़े ही सज्जन और शिक्षित थे। उन्होंने अपने मालीको बुलाकर तत्काल हुक्म दिया—"इनके बाबूजीको बराबर फूल देना।" मालीका नाम था रामहरख। वह भला आदमी था, बड़े सत्कारसे गोस्वामी प्रभुको स्वयं अपने हाथोंसे प्रति दिन फूल चुन देता। पश्चात् वह स्वयं फूल चयन करने लगे। इस प्रकार प्रभु-प्रियाजीने यह अपने लिये फूलका प्रबन्ध करने वाला नियुक्त करके ठीक कर दिया। उद्यानमें कुन्द पुष्पके १०-१२ वृक्ष थे। अन्तमें गोस्वामी प्रभुने सपरिवार इस बगीचेमें फूल तोड़ना प्रारम्भ कर दिया। श्रीबागके बागनके कुन्द वृक्षसे नदियाके वैष्णवोंकी कुन्द पुष्प-चयन लीलाकी स्मृति उदय हो आई। प्रभु प्रियाजीके लिए टोकरी भरकर कुन्द पुष्प आने लगे। प्रभु-प्रियाजी और

गोपालजीके गलेमें नित्य नयी सुन्दर-सुन्दर मालाएँ सुशोभित होने लगी। पुष्पोंके गुच्छोंसे सज्जित सिंहासन पर पुष्प शय्याके ऊपर श्रीश्रीनदिया-युगल सुखसे शयन करने लगे। राजभोगसे सेवा चलने लगी। बीच-बीचमें कीर्तन होता था। एकादशीको हरिवासर आदि श्रीग्रन्थोंका पाठ, इष्ट-गोष्ठी और भक्तिके अङ्गोंके द्वारा नियमित भजनपूजन चलने लगा। अहमदाबाद नवद्वीपमें परिणत हो गया। "जहाँ तुम हो वहीं नीलाचल है" यह शास्त्र-वाक्य सिद्ध होने लगा।

प्रवासी बङ्गाली वृन्द एक-एक करके गोस्वामी प्रभुका दर्शन करनेके लिये आने लगे। श्रीविग्रहका दर्शन करके सभी आनन्दित हो उठे। उनकी स्त्रियाँ और बाल-बच्चे भी आने लगे। धीरे-धीरे हरिसभा सगठित हुई। प्रत्येक शनिवारको बगलेमें नित्य कीर्तन होने लगा। सुदूर मणिपुरके चार गौर-भक्त वैष्णव यहाँ रहते थे। उनका निवास स्थान अगरतल्ला, त्रिपुरामें था। वे नृत्यकला और सङ्गीतमें विशेष प्रवीण थे। वहाँके प्रसिद्ध धनी चिन्नूभाई, माधोलाल (Sir Chinu Bhai Madhowlal Ranchhodlal Baronet) तथा सारा भाई अम्बालालके पुत्र-कन्या आदिको नृत्य-कलाकी शिक्षा देनेके लिये कवि सम्राट् रवीन्द्रनाथ ठाकुरकी सिफारिशसे श्रीकुमुदवन्धु सिंह तथा नवकुमार सिंह, और उनके दो और आत्मीय यहाँ सालभरसे भी अधिक कालसे नौकरी करते थे। वे सब मिलाकर ४०० रु० मासिक वेतन पाते थे, और एक सजा सजाया छोटा बगला रहनेके लिये मुफ्त मिला हुआ था। कुमुदवन्धु सिंह तथा नवकुमार सिंह तीन पीढ़ीसे महाराज त्रिपुराके अन्नसे पले थे। राजपरिवारमें नृत्य-कलाकी शिक्षा देना और कीर्तन करना ही उनका काम था। वैष्णवाचार्य श्रीगौरगोविन्दानन्द स्वामीजी महाराजके साथ इनका विशेष परिचय था। ये लोग उनको गुरुके समान पूज्य मानते थे। गोस्वामी प्रभु इनके साथ परिचय तथा इष्ट गोष्ठी करके बहुत आनन्दित हुए। बीच-बीचमें आकर ये लोग कीर्तनमें योगदान करते थे, प्रभु प्रियाजी तथा गोपालजीको अपनी नृत्यकला दिखलाकर आनन्दित करते थे। यहाँ दो प्रसिद्ध कपड़ेके मिलोंके मैनेजर बाबू श्रीप्रभासचन्द्र बन्ध्योपाध्याय और उनके भाई श्रीसत्यसेवक बन्ध्योपाध्याय महाशय अपने आत्मीय जनोंको लेकर नियम-पूर्वक कीर्तनमें योगदान देते थे। उनके वासे पर भी गोस्वामी प्रभु अपने दलबलके साथ जाकर कीर्तन करने लगे। सत्यसेवक बाबू मधुर कण्ठ वाले कीर्तनियाँ थे; कीर्तनसे उनको बड़ी प्रीति थी। यहाँ गोस्वामी प्रभुने प्रधानतः इन्हीं लोगोंको लेकर एक हरिसभा सङ्गठित की। मृदङ्ग और करताल आ गये। कीर्त्तन करने वाले कुमुद वन्धु बाबू और सत्यसेवक बाबू थे। १०-१२ आदमी और इकट्ठे हो गये। बङ्कुविहारी दादा पक्के वैष्णव थे। प्राचीन ढङ्गसे भजन-साधनमें आसक्त रहते थे। इस हरिसभाके स्थायी सभापति स्वयं गोस्वामी प्रभु थे। उनके प्रतिनिधिके रूपमें उनके प्रिय शिष्य इस हरिसभाका कार्य-सञ्चालन करेंगे ऐसी व्यवस्था कर आये थे।

अहमदाबाद आकर गोस्वामी प्रभु प्रतिदिन ३-४ मील प्रातः भ्रमण करते थे, उनके साथ उनके शिष्यका पुत्र गुरुदास एक ७ ८ वर्षका बालक रहता था। इस बालकके साथ उनका सख्यभाव था। बड़े बड़े सेठोंके बगीचोंमें जाकर पुष्पचयन करना, साबरमती नदीके किनारे भीमनाथके मन्दिर, स्वामीनारायणके मन्दिर, धाजारम रणछोरजीके मन्दिर, भद्रकालीके मन्दिर आदिका दर्शन करना तथा अन्यान्य दर्शनीय स्थानोंपर जाना, रेलवे पुलको पार करके साबरमती नदीके किनारे शस्यश्यामल क्षेत्रमें वायुसेवन करना, ये उनके नित्यके काम थे। गोस्वामीजीके बालबन्धु बड़े रसिक थे। गृह-देवता गोपालजीके प्रति उनकी बड़ी भक्ति थी। पुष्प चयन करनेकी उनकी बड़ी इच्छा रहती थी और इसमें उन्हें बड़ा आनन्द मिलता था। रास्ता चलनेमें वह बड़े बलिष्ठ थे और गोस्वामीप्रभुसे साथ झगड़ा व विवाद करनेमें उससे भी अधिक अपने गुरुदास नामको सार्थक करते थे। वस्त्र छोड़कर स्वयं फूल तोड़कर माला गूँथकर वह जबतक गोस्वामी प्रभुके गलेमें माला नहीं पहनाते- उन्हें शान्ति नहीं मिलती थी। गोस्वामीप्रभुका स्नानादिक कृत्य दोपहर तक होता था। यह बालक माला गूँथकर बैठा रहता था, और तामील करता रहता था। जब स्नान कर लेते तब उनके गलेमें माला देकर प्रणाम करता। जैसी प्रीति और भक्ति थी, वैसे ही सख्यभावमें ताडन भर्त्सनादि तथा बीच-बीचमें अत्यन्त अभिमान और रोष भी प्रकट होता था। बकु दादाकी दो छोटी कन्याएँ प्रतिदिन गुरुपूजा करती थीं। वे अपनी माताकी देखादेखी पुष्प और जल लाकर गुरुकी पादपूजा करती थीं। प्रभु-प्रियाजी और गोपालजीकी प्रेम-सेवा यहाँ नियमित रूपसे नित्य सम्पन्न हुआ करती। प्रभु प्रियाजीके सतारके सारे काम सपरिवार बकु दादा और उनकी भक्तिमती स्त्री सुनीति दीदी परमानन्दपूर्वक दास-दासी भावसे अवनत होकर दिनरात हँसते-हँसते सम्पादन करते थे। विदेशमें बड़ी नौकरी करते और बगीचेमें रहनेसे ठाकुरजीकी सेवा नहीं पार पड़ सकती, जिसकी यह धारणा है उनसे मैं कहता हूँ कि वे एक बार इस भक्ति-पथके पथिक दम्पतिकी ठाकुर-सेवा-अर्चा एक बार आकर देख जायें। गोस्वामी प्रभु २२ वर्ष तक विदेशमें रहकर बगीचेमें वास करके प्रभु-प्रियाजीकी प्रेम सेवा किया करते थे।

साबरमती आश्रममें

अहमदाबाद शहर साबरमती नदीके किनारे अवस्थित है। वर्षाकालमें यह नदी प्रवाहमयी बन जाती है, परन्तु अन्य समय यह फल्गु नदीके समान अति क्षीण आतुकामयी स्रोतस्विनी बन जाती है। इस नदीका जल बहुत ही स्वादिष्ट और स्वास्थ्यप्रद है। उस समयका भी अहमदाबाद शहरको पानीका कष्ट बहुत बड़ा था। प्रतिदिन दो लाख गैलन जल शहरमें खर्च होता था। जलके यन्त्रके चीफ इंजिनीयर भट्टजीके साथ गोस्वामी प्रभुका विशेष परिचय हो गया था। उनके मुखसे सुना था

कि इतने बडे शहरमे जलकी पूर्ति बडे बडे एक दर्जन कुओंके जलसे होती है। इन कुओंमे बडी मशीनोंसे बडे बडे पम्पोंके द्वारा जल निकाला जाता था। १२० कपडेके मीलोंमे सारी जलकी पूर्त्ति इन्ही द्वारा होती थी। राजपूतानेके समान यहाँ जलकष्ट नही था। यहाँके खेत तथा बडे बडे लोगोंके बडे बडे उद्यान अधिकाश कलके जलसे ही सींचे जाते थे। साबरमती नदीमे गहरा जल न रहनेके कारण ही ऐसी व्यवस्था की गयी थी।

साबरमती नदीके पूर्व पारमे शहर, और पश्चिम पारमे महात्मा गाधीका आश्रम है। हमलोग पैदल नदी पार करके कई बार आश्रममे गये थे। घुटने तक भी जल नही था। नदी पार करनेमे उतराईका पैसा भी नही लगता, पहना हुआ कपडा भी नही भीगता। महात्मा गाधीके आश्रमकी तरफके गाँवोंसे नाना प्रकारकी बिक्रीकी वस्तुएँ तथा अन्न, घास आदि बैल भैंसा गाडी तथा ऊँट, घोडा, गधा आदिपर लादकर बहुतसे लोग शहरमे लाते, उनको भी उतराई नही देनी पडती। गरीब लोगोंके लिए इससे बडी सुविधा थी।

महात्मा गाधीजीका आश्रम ४-५ सौ एकड सुदूर विस्तृत भूमिखण्डके ऊपर अवस्थित है, और सुचारु रूपसे अति सुन्दर प्राकृतिक सौन्दर्यसे घिरा है। जैन सम्प्रदायकी सुविख्यात विद्यापीठ (University) स केवल एक मीलकी दूरीपर साबरमती आश्रम बना है। इन विद्यापीठसे महात्मा गाधीजीके आश्रमका कोई सम्बन्ध नही है। परन्तु उनके आश्रमके विद्यार्थी सब प्रकारसे जैन-विद्यापीठकी शिक्षा समाप्त कर सकें, ऐसी व्यवस्था थी। इस विद्यापीठके वृहद् ग्रन्थागारमे बहुतसे प्राचीन ग्रन्थ सगृहीत हैं। अनेक भाषाओंकी हस्तलिखित पाण्डुलिपियोंका बडा मूल्यवान सग्रह है। इस सुप्रसिद्ध विद्यापीठमे एक जन्मान्ध अध्यापक थे जिनका नाम था शुकुलजी। वह सब विद्याग्राम पारदर्शी थे तथा यूरोपके अनेक देशोंका भ्रमण कर चुके थे। वही इस विद्यापीठके सर्वप्रधान कर्मवीर और अध्यक्ष थे।

महात्मा गाधीजीके आश्रमकी नियमावली अति सुन्दरतापूर्वक शृङ्खलाबद्ध थी तथा बाध्यतामूलक नियमोंका यथार्थत पालन होता था। एक प्रकारसे यहाँके आश्रमवासी नियम और आज्ञा-पालनके विशेष पक्षपाती थे। उस नियमावलीका साराश नीचे लिखा जाता है —

(१) प्रार्थना—प्रात ४॥ से ५॥ बजे तक, और सायकाल ६॥ से ७ बजे तक—अनिवार्य नही। स्त्री और पुरुष आश्रमवासियोंके लिये पृथक्-पृथक् भजन-स्थान सुर भावाराम नदीके किनारे बालुकामय, वृक्ष लतासे आवेष्टित थे। उनमें दो सुन्दर प्रवेशद्वार थे, जिनके ऊपर साइन बोर्ड पर लिखा था—स्त्रियो तथा पुरुषोंके लिये। भजन-कीर्तन, पण्डित् विष्णु दिगम्बरजीका "रघुपति राघव राजाराम। पतित पावन सीताराम" होता था। आश्रमके उद्देश्यसे विशेषरूपसे हिन्दी और गुजराती गीतोंकी

एक छोटी पुस्तिका छपाई गयी थी। गीताके श्लोकोंका पाठ एक स्वरमें होता था। प्रति पूर्णिमाको रासलीला गीताभिनय होता था। आश्रमवासिनी गुजराती महिलाएँ नृत्य गीत आदि किया करती। यहाँ परदा नहीं था और जाति विचार भी नहीं था।

(२) दैनन्दिनी सवाद श्रवण। समाचारपत्रोंमे विशेष समाचार सग्रह करके प्रतिदिन सबको सुनाना।

(३) जलपानमे प्रातःकाल ७ बजेके बाद रोटी और राब होता था। गुड मिश्रित धुना हुआ आटा गरम करके पानीके रूपमे चायके समान व्यवहृत होता था,—इसीका नाम राब है। ११ बजे मध्याह्न भोजन होता था। सायकालका भोजन ७ बजे रात्रिको होता था। भोजनमें दाल रोटी, चावल और केवल नमक डाली हुई बिना मिर्च मसालेकी सब प्रकारकी उबाली हुई तरकारियाँ होती थी। एक नियत परिमाणमें दूध और घी मिलता था। तेल या घीमे छौंकी हुई तरकारी आश्रमके पाकशालामे निषिद्ध थी। बहुतोंको असुविधा होनेके कारण व्यक्ति विशेषके लिए अब कुछ घी-तेलका भी प्रयोग होता था। परन्तु साधारण नियम पूर्वोक्त ही था। एक ही पाकशालामे सबका भोजन बनता था। एक भी ब्राह्मण रसोइया नहीं था। आश्रमके सब स्त्री-पुरुषोंको बारी-बारी रसोई बनानेका काम करना पडता था। यहाँ जाति-पाँतिका विचार नहीं था। आश्रममे २-४ विशिष्ट जनोंको अपनी-अपनी कुटियामे रसोई बनानेकी अनुमति मिल गयी थी। वे आश्रममें सपरिवार रहते थे।

(४) रात्रिको शयन ६ बजेके बाद—परन्तु इसके लिये सब बाध्य नहीं थे, दिनमे सोनेका निषेध था। आश्रमके सारे काम आश्रमवासी स्वय किया करते थे, इसलिये पृथक् रूपसे व्यायामकी व्यवस्था नहीं थी। हमने Reynold नामक एक अँग्रेजको कुदाल लेकर मिट्टी खोदते देखा। श्रीहट्टके एक प्रोफेसर दुर्गादास सहदके कपडे पहिने सेतम कुलीका काम कर रहे थे। और एक गुजराती ग्रेजुएट बाल्टी लेकर बगीचेके पेडोंमे जल दे रहे थे।

(५) चरखेसे सूत कातना, रूई धुनना प्रत्येक आश्रमवासी नर-नारीके लिये अनिवार्य था। इन सब कामोंकी शिक्षा प्राप्त करनेके लिये विद्यार्थीको आरम्भमें आश्रमसे १२ रु० मासिक खुराकी मिला करती थी। उनको आश्रमके नियमानुसार वहीं ही रहना और वहीं ही भोजन करना अनिवार्य था। इसके लिए ६ रु० मासिक उनको देना पडता था। यदि वे दूध या घी खाना चाहें तो उसका भी मूल्य देना पडता था। मैंने एक उडीसा निवासी बङ्गाली विद्यार्थीको भी देखा।

(६) आश्रममे या पाकशालाके या अन्य किसी व्यक्तिगत कार्यके लिये कोई वेतन भोगी नौकर या नौकरानी नहीं होते थे। अपना काम सबको साफ करना पडता था। बर्तन माँजना, कपडा धोना, घर-द्वार साफ करना, यहाँ तक कि आवश्यकता पड़ने पर अपना पाखाना भी अपने आप साफ करना पडता था।

(७) स्त्री और पुरुषोंके पृथक्-पृथक् वास स्थान थे। जो लोग सपत्नीक इस आश्रममें रहते, उनके लिये पृथक् स्वतन्त्र कुटीर होते थे।

(८) पाठशालाका भवन विस्तृत, पक्का और दोतल्ला था और इलाहाबादी टाइलसे सुन्दरतापूर्वक छाया हुआ था। चारो ओर घर बने थे और उनके बीचमें लम्बा-चौड़ा बालुकामय क्षेत्र था। नीचे पाठशालाके भवनके चारो ओर बहुत सी छोटी छोटी ८ फुट लम्बी व ४ फुट चौड़ी कुटीर थी, जो छात्र निवासके काम आती थी। प्रत्येक कुटीरमे पीछे एक जङ्गला और सामने एक द्वार था। एक कुटीरका दूसरीसे लगाव नही था। दीवालमें एक आलमारी थी जिसके निचले खानेमे काठका ढक्कन था जिसमे ताला लगाया जा सके, इससे विद्यार्थियोंके लिए एक बक्स या सन्दूकका काम चल जाता था। उस काठके ढक्कनके नीचे छिटकनी लगी थी, जिसको खोल देने पर वह ढक्कन छोटे टेबुलका काम कर देता था। घरके फर्श पर एक छोटी दरी थी। पाठशालाके नीचेके तल्लेमे बोर्डिङ्ग अर्थात भोजनका स्थान था। स्कूलके बालुकामय क्षेत्रमे आश्रमकी सभा समिति होती थी। सभामे कुर्सी, टेबुल या बैठनेके लिए आसनादि कोई वस्तु नही होती थी। भाषण देनेका मञ्च स्कूलका बरामदा था। वही खडे होकर वक्ता भाषण दिया करते।

पढाईके नियम अद्भुत थे; कोई परीक्षा नही होती थी। जिस विषयमे जिस विद्यार्थीकी अधिक पैठ तथा अधिकार होता, उसको उसी विषयकी शिक्षा शिक्षक देते। छोटे छोटे बालक बालिका एक ही विद्यालयमे पढते, बालिकाओंके लिए पृथक् विद्यालय नही था।

(९) साबरमती नदीके तीरसे ठीक ऊपर महात्मा गाधीजीकी कुटीर थी, और उनसे कुछ दूर पर उनकी पत्नी कस्तूरबाई तथा परिवारके लोग स्वतन्त्र कुटीरमे रहते थे। ये दोनो कुटीर एक एक छोटे बङ्गलेके समान थे। महात्मा गाधीजीकी कुटीरमे भी टेबुल-कुर्सी कुछ भी नही थे। दरीके ऊपर एक डेस्क (छोटी मेज) हुआ करती थी जहां बैठकर महात्मा गाधी लिखा पढी किया करते थे। एक तीन हाथ लम्बी, डेढ हाथ चौडी खद्दरके नेवारसे बुनी हुई खटिया थी। जो साधारण काठकी बनी थी। तकिया जो था वह एक छोटे बालकके व्यवहार योग्य था। खद्दरकी एक छोटी चादर होती थी। यही गाधीजी महाराजकी शय्या होती थी। यहां ही लोग आकर उनसे मिलते थे। और बडी बडी परामर्श सभायें यहां होती थी। डेस्कके ऊपर कुछ पुस्तकें और कागज-कलम रखे रहते थे। कस्तूरी बाईके कुटीरके सामने उसी कम्पाउण्डमे मीराबाई (Miss Slade) की एक अति साधारण कुटीर थी। महात्मा गाधीजीकी गृहिणी कस्तूरी बाई अपने पुत्र-पुत्री, नाती पोतोंके साथ आश्रममें ही रहती थी। महात्माजीकी कुटीरका

नाम था आराम कुञ्ज और कस्तूरी बाईकी कुटीरका नाम था हृदय कुञ्ज। इस प्रकार एक एक कुटीर एवं एक कुञ्जके नामसे अभिहित थे। आश्रममें एक एक प्रकारके वृक्ष कतारमें रोपे गये थे, जिनका वृक्षोंकी जातिके साथ नाम वीथि रखा गया था जैसे निम्ब वीथि, दाडिम वीथि इत्यादि। आश्रममें बीच-बीचमें चौड़े और स्वच्छ मार्ग होते थे जिनको आश्रमवासी सदा साफ सुथरा रखते थे। सुन्दर नील गगनके नीचे पुण्यतोया साबरमती नदीके तीर पर, वृक्षलता, तृण-गुल्मसे आवृत्त फल-फूलसे सुशोभित इस नवीन आश्रमको देखकर प्राचीनकालके ऋषि-मुनियोंके पवित्र आश्रमोंकी पुरातन स्मृति हृदयमें जाग उठती है। शान्तिमय और परम निर्जन आश्रममें इतने लोग काम करते हुए भी कोई गड़बड़ी या किसी प्रकारकी अशान्तिका लेश भी दृष्टिगोचर नहीं होता था। सभी आश्रमवासी पूर्ण स्वस्थ, बलिष्ठ, प्रफुल्ल और कर्मठ थे। नदीके किनारे बैठ कर आश्रमवासी स्त्री-पुरुष पत्थरके ऊपर अपने कपड़ोंमें साबुन लगाकर साफ किया करते। खादी वस्त्र काठके मुग्दरसे कूटे जाने पर ही साफ हो पाते। इस काममें विशेष परिश्रम था। सभी स्वतन्त्र और स्वावलम्बी थे। देखने पर जान पड़ता था कि ये सब लोग इस जगतके नहीं हैं।

(१०) आश्रमके खेतमें नियमानुसार खेती हुआ करती। तरकारी, साक-सब्जी, धान-गेहूँ आदिकी खेती समयानुसार हुआ करती, जिसके द्वारा आश्रमको सहायता मिलती। बड़े-बड़े कुएँ होते थे, जल निकालनेके पम्प थे। बैल और भैंसों द्वारा भी जल सींचा जाता था। Dairy farm, बैलगाड़ियाँ, बैल, भैंसे, गोशाला आदि सभी कुछ थे। छोटा-सा चमड़ेका कारखाना था, जहाँ जूते तैयार होते थे। यहाँ मरी हुई गौके चामसे ही जूता तैयार होता था। बङ्गाली साधु सुरेन्द्रजीके हाथ इस टैनरी (चर्मालय) की देखभाल और व्यवस्थाकी जिम्मेदारी थी। यह पृथ्वीके नीचे रहा करते, परन्तु इस कार्यमें विशेष दक्ष थे। इन सब कार्योंकी देखभालमें उपयुक्त निरीक्षण भी हुआ करते थे और सामान्य वेतनभोगी कर्मचारी भी होते थे। आश्रमवासी कुछ बड़े लोगोंने दो एक बड़ी २ अट्टालिकाएँ भी निर्माण कराई थीं। सुना था कि इसके लिए महात्मा गांधीजी महाराजकी अनुमति थी। साबरमती आश्रमसे साबरमती ग्रामकी दूरी एक मील थी, वहाँ एक रेलवे स्टेशन भी है। रेलवे स्टेशनसे आश्रम पर्यन्त एक सुन्दर प्रशस्त मार्ग है जिसके द्वारा शहरके बड़े-बड़े लोग तथा बाहरी लोग आश्रममें आया करते। शहरके बीचसे मोटर या, टांगी करके १३ मीलका चक्कर लगाकर भी कोई-कोई आश्रम देखने आया करते। साबरमती नदीके ऊपर एक रेलवेका पुल भी था, उसके पार होकर आनन्द एवं पैदल भी लगा करता। केवल मनुष्य ही उस पुलसे एक बगलसे पार सकता था, गाड़ी घोड़ा आदि नहीं पार सकते थे।

(११) चरखा पाठशाला अलग थी । यहाँ ही आश्रमके काम-काजके लिये आफिस था । आश्रममें तैयार हुआ खद्दर, कार्पेट, दरी, आसन, तौलिया, रुमाल, भोला, टोपी आदि सामग्री यहाँ ही बिक्री होते थे । महात्मा गाधीजीके ग्रथ भी यहाँ मिलते थे। उनकी आत्मकथा दो खण्डोमे प्रकाशित हुई है । मूल्य प्रतिखण्ड ५ रु० था । वह भी यहाँ मिलती थी । खादी-प्रतिष्ठानसे सम्बन्ध रखने वाले अन्यान्य ग्रथकारोके ग्रन्थ भी यहाँ मिलते थे । गाधीजी महाराजके द्वारा सम्पादित Young India अँग्रजी तथा हिन्दी 'नवजीवन', साप्ताहिक पत्रिकाएँ यहाँसे प्रकाशित होती थी । परन्तु प्रेस (मुद्रणालय) अहमदावाद शहरमे था । इस प्रेस और दोनो पत्रिकाओंको सारी स्वत्व-सम्पत्ति महात्मा गाधीने स्वदेशी आन्दोलनके लिए दान करदी थी ।

(१२) बगीचेसे पैदा हुई शाक-तरकारी कुछ-कुछ आश्रममे ही वेची जाती थी । दूध से मिठाई बनती, वह भी बेची जाती थी । आश्रमके ही एक आदमीने चावल, दाल, आटा, शाक-तरकारी, आदिका एक भण्डार खोल रक्खा था । इस आश्रममे बढ़ईगीरीका भी कुछ काम होता था । बैठनेके लिए बेंच आदि आश्रममे ही तैयार होते थे । आश्रमसे सलग्न एक औषधालय भी था जिसमे स्वदेशी चिकित्साकी व्यवस्था भी थी ।

(१३) बाहरी आदमीको आश्रममें वास नही करने दिया जाता । पैसा देने पर भी भोजन प्राप्त करनेकी व्यवस्था नही थी, क्योकि आश्रमकी पाकशाला होटल नही थी ।

(१४) जो लोग आश्रम देखने जाते, उनको बडे सत्कारपूर्वक तथा बहुत अच्छी प्रकार सब स्थान दिखलाये जाते, सारी बातें समझाई जाती । सभी लोग Guide (प्रदर्शक) का काम करते । हम लोगोको प्रोफेसर दुर्गेशचन्द्रदास महाशयने आश्रमकी सभी चीजें अतिशय आग्रहके साथ दिखलायी और सबके बारेमे समझा दिया । महात्मा गाधी सर्वदा कार्यमे व्यस्त रहते, तो भी उनके दर्शन करनेमे कभी कोई बाधा नही थी । परन्तु ससारमे जो श्रेष्ठ पुरुष हैं, उनका बहुमूल्य समय नष्ट करनेका किसीको अधिकार नही है । वह जिस कार्यको लेकर चलते हैं उसके सम्बन्धमे आवश्यकता होने पर कोई भी आदमी उनसे बातें कर सकता है । रवीन्द्रनाथ ठाकुर अपने शिष्य अम्बालाल साराभाईके घर पर, जो बडे व्यवसायी और कई मिलोके मालिक हैं, कई दिन रहे । उनको भी कुछ मिनटोंके लिए ही महात्मा गाधीजीसे बातें करनेका अवसर मिला था । गोस्वामी प्रभुको कुछ वर्ष पूर्व चट्टगाँवमे नेताओंकी सभामे गाधीजीके साथ एक आसन पर बैठनेका अवसर मिला था । इस बार उनका दर्शन मात्र करके धन्य हो गये । मा-गोस्वामिनी और दीदी गोस्वामिनीको महात्माजीकी स्त्री और पुत्रवधू तथा मीराबाई Miss Slade के साथ देर तक अनेक विषयो पर बातें करनेका सुयोग मिला था ।

मीराबाई (Miss Slade) के साथ जो उनकी बातें हुई थीं, वह दीदी गोस्वामिनीकी डायरीमें उद्धृत करके प्रकाशित की गयी थी। मीराबाई (Miss Slade) के साथ गोस्वामी प्रभुने भी कुछ देर बातें कीं। गोस्वामी प्रभुने पूछा—

"आप अपने स्वदेश और आत्मीय स्वजनोंको छोड़कर यहाँ आकर सुखसे तो हैं ?"

मीराबाईने हँसकर उत्तर दिया—"बिल्कुल अच्छा है।" वे हिन्दू विधवाके समान ब्रह्मचारिणी वेशमें रहतीं, सिर मुड़ाये, खद्दर पहने और नङ्गे पैर। सब काम अपने हाथसे करतीं। Miss Slade को देखकर बड़ा आनन्द हुआ। अंग्रेज रमणी दीन हिन्दू विधवाके समान ब्रह्मचारिणी वेशमें आश्रममें काम करती है। दीदी गोस्वामिनीके साथ उनकी जो बातें हुई थीं, उनको पढ़नेसे Miss Slade की जन्मसे ही हिन्दूधर्ममें निष्ठा तथा भारतवासियोंके प्रति उनकी स्वाभाविक प्रीतिका परिचय प्राप्त होता है।

दीदी गोस्वामिनीकी डायरीसे

पूछती हुई मिस् स्लेड या मीराबाईके घर गयी। वह स्थान हृदयकुञ्जके समीप ही था। मिस् स्लेड जमीन पर घुटनेके बल बैठी कुछ पढ़ाघर लिख रही थीं। दीर्घकाय सबल देह, बड़ी ऊँची नासिका, काली घनी टेढ़ी भौं, आँखकी पुतली काली, दृष्टि मानो विनय और प्रीतिसे सुशीतल, पतले ओष्ठ, कुन्दके समान श्वेत दाँत सक्षेपमें सब प्रकारसे सुन्दर थी। शरीर पर जैसा तैसा एक वेस्ट कोट और बदनमें खद्दरकी साड़ी, दो-तीन जगह फटी हुई।

उन्होंने हम लोगोंको आसन देकर बैठाया। सिरके बाल छुरेसे मुड़े हुए, कुछ-कुछ बढ़े हुये थे। बातचीत हिन्दीमें ही चली। मधुर हँसी, मधुर व्यवहार।

मैं—"आपका दर्शन करके बड़ा आनन्दित हुआ।"

स्लेड—"मैं आप लोगोंकी ही हूँ। मुझको ऐसा लगता है कि मैं जन्म-जन्मान्तरसे यहीं रही हूँ। किसी पापका फल भोगनेके लिए इस जन्ममें इङ्गलैण्ड में चली गयी।"

मैं—"आपकी माँ जीवित हैं ?"

स्लेड—"हाँ, पिता कुछ दिन हुए स्वर्गीय हो गये।"

मैं—"उनको चिट्ठी-पत्री लिखती हैं ? उनके और कौन सन्तान हैं ?"

स्लेड—"उन्हींको यह पत्र लिख रही हूँ। आज बृहस्पतिवार है, विलायती डाक जायेगी। बस, यही मेरा माँके साथ सम्बन्ध है। मेरी एक और बड़ी बहिन है।"

मैं—"आप यहाँ इस प्रकार रहती हैं, माँको दुःख नहीं होता ?"

स्लेड—"प्रारब्धको काम मानकर सन्तोष कर रखा है। वह बड़ी शान्त हैं।"

मैं—"आपका विवाह नहीं हुआ ?"

स्लेड—'नहीं, मैं कुमारी हूँ। महात्माजीकी शक्तिने मुझको तीव्र रूपसे आकर्षित किया है। ४ वर्ष हुए उनके सामने ब्रह्मचर्य ले चुकी हूँ, तभीसे मुण्डन रखती हूँ, रुपये-पैसे नहीं छूती। घरसे जो कुछ आता है, वह महात्माजीके नामसे आता है। मैं केवल रेलसे भ्रमण करते समय खर्च लेती हूँ।'

मैं— किधर अधिक भ्रमण करती हैं?'

स्लेड— विहार और उड़ीसामें। बड़े दरिद्र देश है। उनकी तुलनामें यह गुजरात कुछ धनी है। चर्खा कातना सिखलाती हूँ।

मैं—' इस देशके ग्रीष्ममें निश्चय ही आपको कष्ट होता होगा?

स्लेड—'नहीं, मैं इस देशमें, इस आचारमें परम सुखी हूँ। मालूम होता है कि सदा यहीं रहती आई हूँ।"

मैं—"आपकी उम्र क्या होगी?"

स्लेड—'(थोड़ी हँसकर) ३७ वर्ष।'

मैं—'आप सचमुच मीराबाई हैं।"

स्लेड— (प्रणामके भावमें) वे बड़ी भजनशील थीं। उनके भजन, गीत बड़े ही मधुर हैं, अति सुन्दर हैं।'

मैं—'अब मैं आपका बहुमूल्य समय अधिक न लूँगी।'

स्लेड— हाँ, अब मैं भी रूई धुनने जाऊँगी। इसीको मैं अधिक आवश्यक समझती हूँ। यह ठीक होने पर सूत-कपड़ा सब ठीक हो जाते हैं।"

इसके बाद मैं श्रीगौराङ्ग महाप्रभुकी बात, हूची साहबकी बात—आदि बहुत सी बातें करके उठी। सारा आश्रम देखनेके बाद, फिर ढूंढने पर मैंने देखा कि वे रूई धुन रही है। वहाँ जाकर मैंने देखा मानो गुजराती विधवा महिला हो, मथा और पेट खुले, धुनियाँकी स्त्रीके समान रूई धुन रही थी। रङ्ग कुछ जनासा था, और मुँह पर छोटे छोटे दाग थे। एक खास अमेरिकन मेम उनसे भेंट करने आयी थी। *बाहर निकलकर उन्होंने उनसे हाथ मिलाया और उनको जल दिया। मीराबाईके साथ* बाबाका परिचय इसी स्थान पर हुआ था।"

डाकौरजीका इतिहास

अहमदाबादके अवस्थान कालमें सौभाग्यवश हम लोगोको डाकौरजीका दर्शन करनेका अवसर मिला था। डाकौर नामक (उस समयके बी० बी० सी० आई० रेलवे की) स्टेशन अहमदाबादसे ६० मील दूर बम्बईके रास्तेमें है, और बड़ौदाके बहुत नजदीक है। नडियाद और आनन्द रेलवे स्टेशनोंसे आगेका स्टेशन डाकौर है। आनन्द जंकशन पर गाड़ी बदलनी पड़ती है।

जैसे जयपुरमें आदि गोविन्ददेव हैं, उसी प्रकार डाकोरजीमें भी आदि द्वारकाधीश विराजरहे हैं। इसकी एक प्राचीन कथा है। दीदी गोस्वामिनी डाकोरमें बैठे-बैठे यह कथा सुनकर लिख लायी थीं। नीचे उसे उद्धृत करते हैं —

श्रीश्रीद्वारकाधीशका आदिविग्रह चिरकालसे श्रीश्रीडाकोरजीके नामसे विख्यात होकर बम्बई प्रान्तमें अपने ही नामसे प्रसिद्ध डाकोर नामक स्थानमें विराजमान है। पुण्य क्षेत्रमें मुक्तिधाम चारधामके अन्तर्गत महामहिमान्वित स्थान श्रीद्वारका त्याग करके उनके इस स्थानमें आनेका विवरण बड़ा ही मधुर और हृदय द्रावक है तथा भक्तवत्सल प्रभुकी अपूर्व भक्ताधीनताका परिचायक है। यह कथा सैकड़ों वर्षोंसे साधु महात्माओं तथा आचार्योंके मुखसे सुप्रसिद्ध और सुप्रतिष्ठित हुई है।

पूर्वकालमें इसी डाकोर ग्राममें राजपूत वंशके पीपा नामक एक परम भक्त निवास करते थे। कृषि करना ही उनकी जीविकाका साधन था। घरमें गङ्गा नामकी अपनी पतिव्रता स्त्री तथा शिशु पुत्र-पुत्रीको छोड़कर वह द्वारकाधाम श्रीद्वारकाधीशके श्रीचरणोंके दर्शनोंके लिये अत्यन्त आकुल चित्तसे यात्रा किया करते थे। डाकोरसे द्वारका एक महीनेका पैदलका रास्ता है। जन्मतिथिमें प्रभुके लिये तुलसी-मञ्जरी लेकर एक महीनेमें वहाँ पहुँचकर उसी विशुद्ध तुलसीदलसे प्रभुके श्रीचरणोंकी अर्चना करके दो एक दिन वहाँ ठहरकर हाथमें प्रभुका निर्माल्य तुलसीदल लिये गृहाभिमुख यात्रा प्रारम्भ करते। यथासमय डाकोर पहुँचकर स्त्री-पुत्र कन्यादिको निर्माल्य प्रसाद देकर गृह क्षेत्रादिकी कुछ देख भाल करके ५ ६ दिनके बाद ही उनका हृदय प्रभुके दर्शनोंके बिना फिर व्याकुल हो उठता और फिर उसी प्रकार यात्रा करते। फिर वहाँसे गार्हस्थ्य धर्मकी रक्षाके लिए लौट आते। इस प्रकार जाने आनेमें ही उनका सारा जीवन बीत गया। पश्चात् बुढ़ापेके कारण शरीर शिथिल और दुर्बल होने लगा। प्रभुके दर्शनोंकी आतुरतामें उनके मन प्राण इतने विह्वल हो उठते कि शरीरके श्रमको वे तृणवत् भी नहीं समझते। परन्तु वृद्धावस्थाकी विवश असमर्थताने उनको बहुत ही भीत और विचलित कर दिया। अन्तिम यात्रामें बहुत कष्टपूर्वक ७ ८ महीनेमें श्रीद्वारकाधाम पहुँचकर भक्त हृदयसे स्वतः निःसरित गलित प्रेमाश्रुसे अपने वक्षःस्थलको धोते हुए प्रभुके चरणोंमें अपनी अवस्था निवेदन करके विरह-व्याकुल क्षुब्ध मन मन्दिरके सिंहद्वारके एक पार्श्वमें मूर्च्छित पड़े रहे। परम करुणामय भक्तवत्सल श्रीकृष्णचन्द्रसे दुःख न देखा गया। गम्भीर रजनीमें स्वप्नमें प्रकट होकर मृदुहास्यमय मुखमण्डलसे स्नेहपूर्वक कहा और—पीपा मैं तेरा दुःख दूर करने आया हूँ। तुम बूढ़े हो गये हो अब पैदल नहीं आ सकोगे और मैं भी तुमको देखे बिना नहीं रह सकूँगा। तुम एक काम करो एक गाड़ी लाकर मेरे अन्तःपुरके पीछे उद्यानमें रखो। मैं आधी रातमें स्वयं आकर उस गाड़ी पर चढ़ जाऊँगा और तुम

स्वयं उसको चलाकर ले चलना । यहाँसे जाकर मैं डाकोरमें ही रहूँगा ।' भक्त पीपा स्वप्नमें ही रो उठे—'प्रभो ! तुम विश्वम्भर हो, मैं कैसे तुमको वहन करके ले जाऊँगा ?' श्रीद्वारकाधीश्वर हँसकर बोले—'पीपा चिन्ता मत करो। मैं रूईके समान हल्का हो जाऊँगा ।' सहसा निद्रा भङ्ग होनेपर पीपा विस्मित, पुलकित और स्तब्ध हो उठे । 'अहा ! मैं इसी सिंहद्वार पर धूलिशय्या पर सोया हूँ, मैंने क्या देखा ? क्या सुना ?' अचानक अपूर्व धूप, गुग्गुल, केशर, चन्दन, तुलसी मिश्रित गन्धसे वह स्थान भर गया । अपने प्रभुके पाद पद्मोंकी उस गन्धसे पीपा चिरपरिचित थे, उनका संशय दूर हो गया । सारा दिन किसी प्रकार काटकर रातको एक गाडीका जोगाड करके उन्होंने ठीक तौर पर उसे सकेत स्थान पर रख दिया । एक पहर रात बाकी थी । पीपा तृषित नेत्रोंसे एकटक श्रीमन्दिरके अवरुद्ध द्वारकी ओर देखते रहे । उसी समय सुधा-मधुर रुन-झुन रुन-झुन ध्वनिके साथ श्रीद्वारकाधीश्वर पीपाकी गाडीके पास आये और उसपर चढकर मधुर स्वरसे बोले—'गाडी ले चलो' । पीपाने आनन्दसे जडवत् शरीरसे किसी प्रकार गाडीमें हाथ लगाया । हाथ लगाते ही सचमुच गाडी मानो रूईके समान उड चली और वृद्ध पीपाको उस गाडीका साथ देना मुश्किल हो गया । रात बीतने पर शय्यासे उठानेके लिए भक्त पुजारी जब आवेंगे तो उनको न पाकर क्या करेंगे—इसी भयसे भक्ताधीन प्रभु भागे जा रहे हैं । एक महीनेका रास्ता एक दिनमें पार करके उमरेट नामक ग्राममें आकर बोले—'पीपा ! मैं थक गया हूँ । मुझको पानी पिलाओ ।' व्याकुल भक्तने पत्तेके दोनेमें प्रभुको जल दिया । वे एक विशाल निम्बवृक्षकी एक निचली डाल बायें हाथसे पकडकर कुछ वङ्क होकर मानो भार देकर खडे थे । श्रीद्वारकाधीश जल पी रहे थे, इसी समय दूरसे 'पकडो-पकडो' का कोलाहल सुन पडा । प्रभु चमक उठे, और बोले—'पीपा ! पण्डे लोग आ रहे हैं, तुम शीघ्र गाडी हाँको, हम भागें ।' प्रभुके आदेशसे पीपाने गाडीको स्पर्श किया ही था कि वह विमान विजयी गतिसे उड चली । क्रमसे डाकोर ग्राममें आ पहुँचे और भक्त पण्डे भी पवन गतिसे दौडते आ रहे थे । थोडी दूर पर उनका कोलाहल सुनकर प्रभु एक स्थानीय विशाल कुण्डमें कूद पडे । वह कुण्ड गोमती कुण्डके नामसे विख्यात है । पण्डोंने आकर देखा, कहीं कुछ नहीं है । पीपा अकेले पेडके नीचे बैठा है । तब यह सोचकर कि निश्चय ही वह चतुर चूडामणि कुण्डमें छिपे हैं, वे लोग कुण्डमें कूदकर तलाश करने लगे । विश्वकर्त्ता स्वयं छिप गये हैं, यदि स्वयं न पकडावें तो किसकी मजाल जो उनको पकड पावे ? स्वत सिद्ध भक्त पुजारी लोग तब भक्तिके अभिमानवश क्रोधसे अधीर हो उठे, और उन्होंने धनुषबाण लेकर कुण्डके जलमें बाण चलाना प्रारम्भ कर दिया । मनमें यह भाव था कि 'मारकर उनको बाहर निकालेंगे । कब तक छिपे रहेंगे ?' श्रीभगवान भक्तोंके इस आघातकी उपेक्षा न कर सके । लीलामय एक

तीव्र तीरकी फलक बायें कक्षमें लगाये जल शोणितमय करकर ऊपर आये। आज तक उनके उन भक्तोंके द्वारा क्षत-चिह्न पर पहले पट्टी बाँधी जाती है, फिर उसपर शृङ्गार होता है। तब गोमतीके तीर प्रभु स्थापित किये गये। पण्डा लोगोंके कानोंमें प्रभुने आदेश दिया कि, 'तुम लोग मेरे विग्रहके समान तौलका सोना पीपासे माँगो। पीपा कङ्गाल है, कहाँसे देगा ? तब मैं द्वारकामें जाऊँगा।' पीपा यह बात सुनकर काँपने लगे—'हाय प्रभु ! भूखेके हाथमें लड्डू देकर फिर उससे वञ्चित कर रहे हो ? यदि ऐसा ही करना था तो आये ही क्यों ? सोना मैं कहाँ पाऊँगा ?' तब प्रभुने उनके कानोंमें कृपादेश दिया—'पीपा ! क्यों घबराता है ? तेरी स्त्री गङ्गाबाईके दाहिने कानमें जो सोनेकी बाली है, एक तुलसीदलके साथ उसे ही तुला पर रख दो। मैं ऊँचा उठ जाऊँगा, वह सोना भारी होकर नीचे हो जाएगा।' हुआ भी ऐसा ही। बड़ा तराजू लाया गया, डाकोरके सब लोग एकट्ठे हो गये, तुलादण्डके एक पलड़े पर विशाल चतुर्भुज श्रीकृष्ण विग्रह था और दूसरे पलड़े पर पीपाकी भक्तिमती स्त्री गङ्गाने रोते-रोते अपने उस साधारण कुण्डलको तुलसीदलके साथ रख दिया। सब लोगोंके सामने प्रभु हल्के होकर ऊपर उठ गये, और वह छोटा स्वर्णकुण्डल अतिभारसे नीचे हो गया। तब पण्डे लोग द्वारकाधीशकी चालाकी समझकर हाय-हाय करके रोने लगे। कोई पत्थरसे अपना सिर मार रक्तपात करने लगा, गोमती तीर अश्रु जलसे सिक्त हो गया। भक्तवत्सल अब इस क्रन्दनको न सह सके। आकाशवाणीसे आदेश हुआ—'श्रीद्वारका धाममें एक कुएँके भीतरसे मेरा स्वल्प सम्भूत विग्रह प्रकट होगा, बारह महीनेके पहले उस विग्रहको न उठाना, वहाँ उसी श्रीविग्रहमें अधिष्ठित होकर मैं सेवा ग्रहण करूँगा।' पण्डे लोग उस आदेशको शिरोधार्य करके श्रीधाममें लौट गये। तबसे पीपा डाकूके नामसे प्रसिद्ध हो गया, और उनके नामके अनुसार श्रीद्वारकानाथ वहाँ डाकोरजी कहलाने लगे।

पीपाके वंशज आज भी डाकोर नगरमें विद्यमान हैं। वे लोग मेनी-चारीका काम करते हैं और श्रीमन्दिरमें अन्नका जोगाड़ करते हैं। उमरेट गाँवमें श्री द्वारकाधीशने नीमके पेड़की डाल पकड़ कर विश्राम किया था, वह पुराना वृक्ष आज भी है। प्रभुने श्रीहस्तमें जिस डालको पकड़ा था, उस डालकी पत्तियाँ, डाल आदि सब कुछ चीनी मिली हुई सी मधुर लगती हैं। वृक्षके दूसरे अङ्ग स्वाभाविक तिक्त हैं। इस अद्भुत वृक्षको देखनेके लिए आज भी लोग उमरेट गाँवमें जाते हैं।

श्रीद्वारका धाममें उपर्युक्त कूपसे श्रीविग्रह प्रकट हुआ। वह कूप अब तक वहाँ है। वहाँ भी यह डाकोरजीकी कहानी प्रसिद्ध है, परन्तु पण्डा लोगोंने बारह महीने प्रतीक्षा न करके सात ही महीनेमें धीरज खोकर पत्थर मार-मारकर प्रभुको बाहर निकाला। सेवकोंके प्रेममय ओछेपनसे वहाँ भी प्रभुके कन्धेके ऊपर पत्थरकी

चोटके स्पष्ट चिह्न विद्यमान हैं। जय श्रीश्रीडाकोरजी। जय भक्तवत्सल द्वारकाधीश! जय भक्त-महिमा।

डाकोरजीके दर्शन और उनकी रहस्यमयी लीला

दिसम्बर, २६ वीं मार्गशीर्ष रविवारके दिन १०॥ बजेकी ट्रेनसे डाकोरजीके लिये प्रस्थान किया। साथमें गोस्वामी प्रभु, मा-गोस्वामिनी, दीदी-गोस्वामिनी, तथा बकु दादाकी स्त्री और पुत्र गुरुदास, एवं एक शिशुपुत्र, उनका रसोइया हरिनारायण मिश्र, और गोस्वामी प्रभुकी अनुगता एक सेविका थी। प्रति पूर्णिमाको डाकोरमें एक बड़ा मेला लगता है। बहुत दूर-दूरसे बहुतसे लोग इकट्ठे होते हैं। श्रीविग्रह गोपालजीके दर्शनोंके लिए स्पेशल ट्रेनें खुलती हैं। हम इसी पूर्णिमा तिथिको डाकोरजीके दर्शनोंके लिए गये थे। गाड़ी उस दिन आउट लाइन लेकर २॥-घण्टे पीछे थी। इस कारण हम लोग सध्या होनेके कुछ पूर्व डाकोरजी पहुँचे। स्टेशनसे डाकोरजीका मन्दिर एक मीलसे कम दूरी पर है। ताँगा करके हम लोग वल्लभनिवास धर्मशालामें उतरे। मणिलाल पण्डा आनन्द स्टेशनसे ही हमारे सङ्ग लग गये थे। उन्होंने ठीक सध्याके बाद डाकोरजीके दर्शनोंका सुयोग और सुविधा कर दी। श्रीमन्दिरमें लोग ठसाठस भरे थे। दर्शनकी विशेष असुविधा होने पर भी हमारे भाग्यसे भली-भाँति श्रीविग्रहके दर्शनोंका सुयोग प्राप्त हो गया था। बकुदादाके रसोइया ब्राह्मण हरि-नारायण मिश्र एक छोटे शिशुको लेकर धर्मशालामें रहे, और हम सब पण्डाजीके साथ दर्शनोंके लिए गये। हमारे दर्शन करके लौट आने पर मिश्रजी दर्शन करने जायँगे ऐसी व्यवस्था करके सब लोग दर्शन करने गये थे, क्योंकि छोटे बच्चेको लेकर उस भीड़में दर्शन करना असम्भव था। यहाँ श्रीविग्रहके दर्शनोंके लिए बहुत थोड़ा समय मिलता है। दूसरे दिन प्रातःकालकी गाड़ीसे हमारे अहमदाबाद लौटनेकी बात थी। मा गोस्वामिनीने श्रीविग्रहका दर्शन करनेके मिश्रजीके लिए बड़ी ही उत्कण्ठापूर्वक विनती करके पण्डाजीसे कहा—"आप जाकर मिश्रजीको अभी ले आवें।" क्योंकि प्रातःकाल यदि समय न मिला, तो मिश्रजीको डाकोरजीके दर्शनोंका सौभाग्य प्राप्त न होगा। इसी कारण मा गोस्वामिनीको इतनी व्याकुलता थी। मिश्रजी आये, दर्शन आदि भी किया, परन्तु उनके शरीरकी चादर बकुदादाके शिशुका मूत्र लग जानेसे अपवित्र हो गयी थी, जल्दीमें इसका विचार न करके पहने हुए वस्त्रको न बदलकर उस अपवित्र चादरमें ही श्रीविग्रहका दर्शन करने आए। इसके फलस्वरूप डाकोरजीके अति निगूढ़ लीला रहस्यकी बात सुनिये। यहाँ डाकोरजी जाग्रत देवता हैं। बहुत लोगोंकी अनेकानेक मनोकामनाएँ उन्होंने पूर्ण की हैं, और कर रहे हैं। बम्बई और गुजरात प्रदेशमें डाकोरजीका नाम अति प्रसिद्ध है।

हम लोग श्रीविग्रह दर्शन करके और माखन मिश्रीका भोग लगाकर सध्याके बाद धर्मशालामें आये। पण्डाजीने डाकोरजीका प्रसाद लाकर दिया। हम सब

लोग मिल-जुलकर प्रसाद पाकर डाकोरजीकी महिमा सम्बन्धी अनेक कथा वार्ताओंके बीच परम आनन्दपूर्वक धर्मशालाके एक कमरेमें सो गये। बकु दादाके रसोइया ब्राह्मण मिश्रजी एक दूसरी कोठरीमें सोये। मिश्रजी निरक्षर थे, बड़े ही सीधे ब्राह्मण थे; प्रतापगढ़ जिलेके निवासी थे। रात्रिमें सोये हुए वे स्वप्नमें देखते हैं; उसे उन्हींके वर्णनमें श्रवण कीजिये। "डाकोरजीके दो बलवान् दरबान हाथमें लाठी लिए मेरी कोठरीके द्वार पर धक्का दे रहे हैं, और मुझसे कह रहे हैं, 'उठो, उठो तुमको डाकोरजी बुला रहे हैं।' मैंने द्वार बिना खोले ही कहा—'जाओ मैं नहीं जाऊँगा, मैं किसीका नौकर नहीं हूँ।' फिर द्वार पर धक्का लगा, मानो दो आदमी और आ गये। सब मिलकर मुझको भयभीत करने लगे। तब मैंने डर कर द्वार खोल दिया। देखता क्या हूँ कि सामने ४-५ बलवान दरबान हैं। वे मुझको देखते ही धर पकड़ कर धक्का देकर रास्तेमें घसीटते हुए डाकोरजीके मन्दिरमें ले गये। डाकोरजीके सामने हाजिर करते ही डाकोरजी दोनों आँखें लाल करके मेरी ओर क्रोध भरी आँखोंसे देखकर वज्रके समान गम्भीर स्वरमें बोले—'तुम अपवित्र चादर गलेमें बाँधकर मेरा दर्शन करने आये थे। तेरी माईजी तेरे लिए बड़ी ही व्याकुलतापूर्वक रो उठी थी, इसीलिए तुमको मैंने दर्शन दिया था, नहीं तो, नहीं देता। तू महा पापी है'—इतना कहकर दरवानोंको हुक्म दिया कि इसका सिर मेरे सामने पत्थरसे चूर-चूर करदो। तब मैं भयसे अत्यन्त व्याकुल होकर दण्डवत् प्रणाम करके हाथ जोड़कर बोला—'प्रभु! मुझसे अपराध हो गया है, मुझको क्षमा करो, ऐसा काम फिर न करूँगा।' तब डाकोरजी कुछ शान्तभाव धारण करके बोले—'कल तड़केके मङ्गल आरतीके समय स्नान करके पवित्र होकर तुम आना, तुमको अपना चरण स्पर्श करने दूंगा। ऐसा काम फिर कभी न करना, मेरे सामने शपथ करके बोलो।' मैं तब फिर उस मन्दिरमें दण्डवत् प्रणाम करके शपथ लेकर बोला—'ऐसा काम अब मैं फिर कभी न करूँगा।'

हम सब सोये थे। दूसरी कोठरीमें मिश्रजीने यह अद्भुत स्वप्न देखकर रोतेहुए सबकी नींद भङ्ग करदी, तथा प्रेम गद्गद् होकर सारा स्वप्न-वृत्तान्त सुनाकर मा-योगमायिनीके चरण पकड़कर बोले—"मा! आपकी कृपासे मुझे डाकोरजीका दर्शन प्राप्त हुआ है। अब फिर एक बार कृपा करके मुझको साथ लेकर कल तड़के मङ्गल आरतीके दर्शन कराकर मुझको कृतार्थ करें।" इतना कहकर वह ब्राह्मण स्नान करके शुद्ध वस्त्र पहनकर मङ्गल आरतीके दर्शन करनेके लिए जानेको तैयार हो गया। हम सब लोग उसको साथ लेकर जानेके लिए तैयार हो गये, उसी समय पण्डाजी भी आ गये। वे भी यह स्वप्न वृत्तान्त सुनकर प्रेमसे गद्गद् होकर उस ब्राह्मणको धन्य धन्य कहने लगे। यथा समय खूब तड़के बड़े प्रेम और आनन्दसे डाकोरजीकी मङ्गल आरतीका दर्शन हुआ। मिश्रजी अब वह मिश्रजी नहीं रहे।

भक्तिरससे परिलुप्त होकर प्रेम-गद्गद् वचनसे हाथ जोडकर वह डाकोरजीके चरण पकड कर न जाने क्या-क्या बोलने लगे, और अपने नयन जलसे मन्दिरके प्राङ्गणको सिक्त कर दिया। वह अपूर्व दृश्य जीवनमें कभी भुलाया नही जा सकता। श्रीमन्दिरसे धर्मशालामें आकर वह ब्राह्मण गोस्वामी प्रभु और मा-गोस्वामिनीको दण्डवत् प्रणाम करके उनके चरण पकड़ करके अजस्त्र आँसू बहाने लगा। सभी उपस्थित लोग यह देखकर प्रेम-गद्गद् चित्तसे प्रेमाश्रु बहाने लगे। सबका हृदय मधुमय हो उठा। सबको जीवन सार्थक जान पडा। उस ब्राह्मणको सभी लोग धन्य-धन्य कहने लगे। मिश्रजीके प्रति डाकोरजीकी इस अद्भुत कृपाकी बात बिजलीके समान डाकोरके घाट-बाट स्टेशनमें सर्वत्र फैल गयी। हम लोग प्रातःकालकी ट्रेनसे अहमदाबाद लौटे। गाड़ीमें बैठे हुए कई सज्जन यात्रीगणके साथ डाकोरजीकी अद्भुत कृपाकी चर्चा होती रही। श्रीगुरु गौराङ्गकी कृपासे हमको यह श्रेष्ठ तीर्थ-दर्शन परम आनन्दपूर्वक सम्पन्न हुआ। श्रीद्वारकानाथका दर्शन करनेका सौभाग्य पहलेही प्राप्त हो चुका था। यहाँ हम द्वारकानाथका दर्शन प्राप्त कर कृतार्थ हो गये। जीवन सार्थक समझने लगे।

अहमदाबादमें प्रभु-प्रियाजीकी अद्भुत् लीला

अहमदाबाद लौटकर हरिनारायण मिश्र ठाकुर गोस्वामी प्रभुसे हरिनाम महामन्त्रमें दीक्षित हुए। तुलसीकी कण्ठी धारण करके जपकी माला ले ली। कुछ दिनोंके बाद द्वारकाधाममें जाकर श्रीद्वारकाधीशका दर्शनकर कृतार्थ हुए। वह नित्य मा-गोस्वामिनीको प्रणाम किए बिना जल ग्रहण नही करते थे।

सुदूर बम्बई प्रदेशमें जाकर प्रभु-प्रियाजीने अनेक लीलाएँ की। अहमदाबादमें भक्तिमान् और भक्तिमती राय दम्पतिकी प्रेम सेवासे परितुष्ट होकर उन्होने जो जो अपूर्व लीलारङ्ग दिखलाये, उनको विस्तारपूर्वक लिखनेसे एक छोटी पुस्तक तैयार हो जायेगी। दो एक लीला-कहानी यहाँ वर्णन की जाती हैं।

पौष ४ थी तिथिकी रातमें गोस्वामी प्रभुने अपनी प्रवास-सङ्गिनी एक अनुगता भक्तिमती स्त्रीको ठाकुर मन्दिरके ठीक बगलके कमरेमें कागज जलाकर शीत निवारण करते देखकर बनावटी क्रोध दिखलाकर आदेश दिया था कि, 'तुम बाहर सोया करो।' पौषके महीनेकी कडाकेकी शीत थी। वह स्त्री अनन्य भावसे श्री गुरु-सेवामें रत रहती थी। गुरु-सेवाके लिये ही वह श्रीवृन्दावन-वास छोड़कर श्रीधाम नवद्वीपमें आयी थी। गोस्वामी प्रभुने श्रीधाम नवद्वीपसे जब सुदूर बम्बई प्रान्तमें प्रभु प्रियाजीके साथ गमन किया तो वही स्त्री साथ-साथ उनकी सेवा करती आयी थी। वह स्त्री विधवा थी, और प्रभु-प्रियाजीकी एकान्त अनुरागिणी दासी थी। गुरुकी आज्ञाका पालन करना उसका कार्य था। उस शीतमें उसको गुरुदेवने बाहर सोनेका जब आदेश

दिया तो, उसे शिरोधार्य करके किसीसे कुछ न कहकर उसने गुरुकी आज्ञाका पालन किया। उस दिन रातमें बकुदादाकी भक्तिमती स्त्री सुनीतिने स्वप्नमें जो कुछ देखा था, वह अपने पत्रमें लिखकर श्रीगुरुदेवको विज्ञापित किया था। उस पत्रका अविकल अनुवाद नीचे दिया जाता है।

"पौष मास, भयङ्कर शीत रातमें यथासमय प्रसाद पाकर सोयी हूँ। १॥ या २ बजे रातके समय स्वप्नमें देखती हूँ कि प्रभु प्रियाजीके श्रीमन्दिरके द्वार पर खड़ी होकर मैं मूर्तिका दर्शन कर रही हूँ। परन्तु देखती हूँ कि वह मूर्ति श्रीविग्रह नहीं है, वह मानो जीवन्त श्रीविग्रह है, साक्षात् दर्शन है। देखती हूँ कि श्रीप्रभु पलङ्ग पर एक पैर नीचे लटकाकर बैठे हैं। तीन चार परम सुन्दरी सखियाँ वहाँ उपस्थित हैं। श्रीमन्दिरकी खिड़की दीवालके ऊपर एक कोठरी आकरी लगी है, उसके भीतरसे ठण्डक आ रही है। सखियाँ नाना प्रकारकी चेष्टाएँ करके भी ठण्डकका आना बन्द नहीं कर पा रही हैं। उस रात भयानक शीत पड़ रहा था। तब प्रियाजी स्वयं पलङ्गसे उतरकर उस स्थानको आच्छादित करने गयीं। इस काममें उनके दाहिने हाथकी अंगुलिमें चोट लगी। ऐसे ही सब सखियाँ क्रोधाविष्ट होकर मुझको लाल आँख करके कुछ कहने आयीं। प्रियाजीने उनको इशारेसे मना करते हुए कहा—'अहा! उसको कुछ न कहना, वह बच्ची है, वह क्या जाने।' तब सखियाँ प्रियाजीकी अंगुलीके क्षत स्थानको बाँधनेमें लग गयीं। यह देखकर प्रियाजी मधुर वचनोंसे फिर बोलीं—'तुम लोग इस स्त्रीको लाल आँखें करके धमकाती हो, मेरी अंगुलीका क्षत स्थान इसीको बाँधने दो।' तब मैंने भयसे रोते-रोते गेंदाके फूलके पत्तोंसे, प्रियाजीकी अंगुली बाँध दी। उसी समय मेरी नींद टूट गयी। बिछौने पर लेटे लेटे कितनी ही बातें सोचने लगी, और रोने लगी। कुछ देरके बाद फिर तन्द्रा आयी। फिर स्वप्न देख रही हूँ मानो वे ही लोग क्रोधित होकर मुझको धमकाकर कह रही हैं—'तू सो रही है, तुम्हारे घरसे बाहर एक आदमी शीतमें पड़ा है, तूने देखा क्यों नहीं है?' इस प्रकार तीन बार मेरी नींद तोड़कर मानो उन्होंने विशेषरूपसे मुझे ताड़ना दी। गम्भीर निशाम सब सोये हैं, मैं धीरे-धीरे शय्यासे उठकर श्रीगुरुदेवके शयनगृह, तथा अन्यान्य स्थानों पर जहाँ लोग शयन किये थे, गई और एक एक करके सब स्थानोंको देख डाला। सभी बिछौने पर सोये थे। केवल मेरी भक्तिमती गुरु-बहिनको उसके घरमें नहीं देखा। सारा बगला खोजनेपर जब न मिली तो जाकर गोशालाके बगलमें ग्वालेके घरकी ओढ़ीके पत्थरके ऊपर उसको सोया देखकर मैं चकित हो उठी। उसे शूर पहरेदार घरके भीतर सोनेके लिए कहा। उसके बाद सुना कि श्रीगुरुदेवके आदेशसे ही उसने ऐसा किया था। मेरी गुरु-बहिन बहुत सरल और भक्तिमती हैं, उन्होंने भी कहा—'दीदी! मैंने स्वप्नमें देखा है, प्रियाजी अपने पद्महस्तसे मेरा मस्तक स्पर्श करके कह रही हैं—'उठ रात बीती,

प्रभात हो रहा है'। ठाकुरको जगाओ माखन-मिश्री भोग लगाओ।" जिस समय मैंने उसको पुकारा था, ठीक उसी समय मेरी भक्तिमती गुरु-बहिन यह स्वप्न देख रही थी।

प्रातःकाल उठने पर रातके इन स्वप्नोंको लेकर बहुत आलोचना हुई। ठाकुर मन्दिरके पीछेकी ओर दीवालके ऊपर काठकी जाफरीमें नया पर्दा लगाया गया। गोस्वामी प्रभु सारा स्वप्न वृत्तान्त सुनकर हँसे और बोले—"तुम लोग भाग्यवती हो। मेरे ठाकुर जागृत देवता हैं, तुम लोगोंकी प्रेम-सेवासे परितुष्ट होकर इस प्रकार तुम लोगोंको दर्शन दिया है।" प्रियाजीकी श्रीअगुलीकी उन्होंने विशेषरूपसे परीक्षा की, और धीरे-धीरे हाथ फेरकर बहुत आदर सम्मान किया।

अहमदाबादमें श्रीविष्णुप्रिया और श्रीअद्वैतप्रभुका जन्मोत्सव

अहमदाबाद प्राचीन स्थान है। मुसलमानी राजके अनेक ध्वंसावशेष यहाँ अब भी वर्तमान हैं। शाहीबाग, दिल्ली दरवाजा, बड़ी मस्जिद, शहरके चारों ओर दुर्ग-प्राचीर आदि बादशाही शासनके प्राचीन स्मृति-चिह्न अब भी यहाँ मुसलमानी प्रभावकी साक्षी दे रहे हैं। परन्तु यह ऐतिहासिक बातें यहाँ अप्रासाङ्गिक होनेके कारण विशेषरूपसे वर्णित नहीं हो रही हैं।

बसन्तपञ्चमी तिथिको श्रीपाद हरिदास गोस्वामी प्रभुने श्रीश्रीविष्णुप्रिया जन्मोत्सव यथाविधि अति सुन्दरतापूर्वक अपने शिष्यके घर पर सुसम्पन्न किया था। श्रीश्रीनदियायुगल-विग्रहकी विधिपूर्वक पूजा, पाठ, अभिषेक, भोग-राग आदि समस्त महोत्सव सुव्यवस्थित रूपसे हुआ था। इस उपलक्ष्यमें यथायोग्य कीर्त्तनका अनुष्ठान भी हुआ था। स्थानीय विशिष्ट शिक्षित बङ्गाली समाजने कीर्त्तनमें योगदान दिया था। नई स्थापित की गयी हरिसभाका उस दिन एक विशेष अधिवेशन हुआ था। मणिपुरके नृत्यकला और कीर्त्तन विशारद श्रीयुत् कुमुदबन्धु सिंह आदि प्रवासी वैष्णव भक्तोंने प्रियाजीके जन्मदिवसके उत्सवमें उपस्थित होकर अपूर्व नृत्य-कीर्तन करके प्रभु प्रियाजीको मुग्ध किया था। इस सुदूर प्रवासमें प्रियाजीके जन्मोत्सवमें इस प्रकार प्रेम और आनन्दसे भरपूर अनुष्ठान होंगे, इसकी गोस्वामी प्रभुको स्वप्नमें भी आशा न थी, सभी उपस्थित सज्जनोंने मिलकर श्रीविग्रहके सामने खड़े होकर पूज्य गोस्वामी प्रभुके साथ नृत्य-कीर्त्तनमें योगदान करके जब यह पद गाया—

"जय शचीनन्दन जय गौरहरि।
विष्णुप्रियार प्राणनाथ नदियाविहारि॥"

तब उच्चकीर्तनध्वनिसे 'लक्ष्मी निवास' भवन तथा उसके समीपके स्थान गुञ्जायमान हो उठे। रास्तेमें चलने वाले बाहरके लोग बगलेके सामने खड़े होकर

कीर्तन सुन रहे थे। तत्पश्चात् रातमें महोत्सव हुआ। उपस्थित सज्जनोंको यथायोग्य ठाकुरजीका प्रसाद वितरण किया गया। बङ्कुदादाके आदर-सत्कार और मधुर व्यवहारसे सब लोग सन्तुष्ट हुए थे। मा और दीदी गोस्वामिनीके अथक परिश्रमसे तथा सुनीति दीदीके हार्दिक उद्योग और प्रयत्न तथा आन्तरिक भक्ति-भावसे यह महान् शुभकर्म इस सुदूर प्रवासमें अत्यन्त सुन्दर रूपसे सुसम्पन्न हुआ। अहमदाबाद वासी लोगोंके लिए श्रीविग्रहके सामने इस प्रकारका विशुद्ध कीर्तनानन्द और हरि कथामृत उपभोग करनेका शुभ सुयोग सम्भवतः इस देशमें यह पहला ही था।

श्रीअद्वैत प्रभुका जन्मोत्सव भी अहमदाबादमें ही सम्पन्न हुआ। अजमेरवासी गोस्वामी प्रभुके प्रिय शिष्य श्री हाराणचन्द्रसेनने अहमदाबादके उत्सवके आनन्दकी बात सुनकर बङ्कुदादाको पत्र लिखा था, उसका कुछ अंश यहाँ उद्धृत करनेका लोभ मैं सम्वरण नहीं कर सका। उन्होंने लिखा था—"दादा! आप कौन मन्त्र जपते हैं? आप कौन साधना करते हैं? साक्षात्कार होने पर आपसे पूछूँगा। आपका सौभाग्य देखकर हम लोगोंके मनमें खूब ईर्ष्या होती है। आपने अप्राप्य साधन धन श्रीश्रीगुरु युगलको घर पर बैठे-बैठे प्राप्त कर लिया है। उनकी प्रेमसेवाके फलस्वरूप आपको जो प्राप्ति होगी, उसे सुनकर हम परम सुखी होंगे। आप लोगोंकी प्रेमभक्तिकी कहीं तुलना नहीं है।"

२२वीं माघ, ता० ५ फरवरीको मगरविवार श्रीविग्रहके साथ गोस्वामी प्रभु अहमदाबादसे अजमेरके लिए रवाना हुए। यहाँके प्रवासी बङ्गाली लोगोंके साथ उनका विशेष सौहार्द हो गया था। सभी उनके प्रति श्रद्धा-भक्ति रखते थे। विदा होनेके समयका दृश्य बहुत ही करुण रसात्मक था। बङ्कुदादाने सगोष्ठी प्रेमाश्रु-धाराके द्वारा उनके चरण कमलोंको धोकर अपने पूज्यपाद गुरु सपत्नीको विदा दी थी। मेरी सुनीति दीदी रो-रोकर आकुल हो उठीं। उस दिन गुरुवर्गके और शिष्य वर्गके प्रेमाश्रुधाराके प्रवाहमें मिलकर एक प्रेमकी नदी बह चली। स्टेशनपर सिटी मिलके मैनेजर श्रीयुत् प्रभासचन्द्र वन्द्योपाध्याय प्रभृति सज्जन वृन्दने उपस्थित होकर पुष्प मालाके द्वारा गोस्वामी प्रभुको अलङ्कृत किया। गोस्वामी प्रभुके सस्य रखके प्रिय बन्धु सप्तमवर्षीय बालक गुरुदास भी स्टेशन तक साथ-साथ आये थे। 'जय गौर विष्णुप्रिया' ध्वनिके साथ दोपहरकी गाड़ीसे अहमदाबाद स्टेशनसे अजमेरके लिये प्रस्थान किया।

अजमेर—हाराणदादाकी कुटियामें

दूसरे दिन प्रातःकाल गोस्वामी प्रभु अजमेर (पुष्कर) पहुँचे। श्रीपाद वृन्दावनचन्द्र गोस्वामी प्रभुके पुत्र जम्बुदादा स्टेशन पर ही उपस्थित थे। दो घोड़ागाड़ी करके श्रीविग्रहके साथ गोस्वामी प्रभुको गोपालके समीप हाराण

दादाकी निर्जन कुटियामें पहुँचाया। हाराणदादा बहुत उत्कण्ठापूर्वक बाट जोह रहे थे। श्रीगुरु गोष्ठीको देखकर मानो आकाशका चाँद उनके हाथ आ गया। उनका शरीर दमेके रोगसे बिलकुल अशक्त हो गया था, यदि कहे कि उनमे उठनेकी भी शक्ति न थी तो भी अतिशयोक्ति नही होगी। तथापि उनका उत्साह और औत्सुक्य देखते ही बनता था। गुरु गोष्ठी थी ही ऐसी मधुर वस्तु। हाराण दादाके समान एकान्त गुरु-निष्ठ गौर-भक्त ससारमे विरले ही होते हैं। वे स्त्री पुरुष इस समय श्रीपुष्कर खण्डमे कई वर्षोसे निर्जनमे रह कर भजन कर रहे हैं। वे बडी नौकरी करते थे। राजपूतानाके साहबोंके क्लबके सेक्रेटरी थे। अजमेरमे सभी लोग हाराण दादाको भक्ति, श्रद्धा और सम्मानकी दृष्टिसे देखते थे। इस समय वे कुटीर-वासी भजन निष्ठ अकिञ्चन वैष्णव थे। हाराण दादा गोस्वामी प्रभुके बडे ही प्रियपात्र थे। वे उनको 'हाराण धन' (खोया धन) कहा करते थे। अपने एक पदमे उन्होंने बहुत पहले लिखा था —

"हाराण-धन आमि खूंजे पेयेछि।
कोथाय लुकाये छिल, केवा मोरे एने दिल,
कि जे धन हारानिधि—सब जेनेछि।"

"खोया हुआ (हाराण दादा रूपी) धन मैंने खोजकर पा लिया है। कहाँ छिपा हुआ था, किसने मुझे लाकर दे दिया। यह कैसा खोया हुआ रत्नधन है! मैंने सब जान लिया है।"

हाराण दादाकी कुटियामे परम आदरपूर्वक प्रभु-प्रियाजी तथा श्रीश्रीगोपालजी सिंहासन पर विराजमान हो गये। कुटी टूटी-फूटी तथा बहुत पुरानी थी और गोशाला तथा आनासागरके अति निकट थी। वहाँ एक शिवमन्दिर था। सेनदम्पति इस निर्जन कुटीरमे अतिदीन-हीनके समान रहते हुए परम आनन्दपूर्वक अपना भजन-साधन करते थे। हाराण दादा अपनेको गोप-बालक तथा उनकी स्त्री अपनेको ग्वालिन मानती थी। केवल मौखिक ही नही, उनकी गति विधि, उनके क्रिया-कलाप और भजन साधनके प्रति पद-पद पर यह उच्च भावना पूर्णमात्रामे दीख पडती थी। दीदी गोस्वामिनी हाराण दादाकी स्त्रीको 'ग्वालिनी दीदी' कहकर सम्बोधन किया करती और हाराण दादाकी स्त्री दीदी गोस्वामिनीको 'यशोदा' कहकर मधुर मधुर सभाषण किया करती हाराण दादाका स्वभाव बालवत् मधुर था और सदा हास्यवदन रहकर दमेके भीषण रोगके असह्य कष्टको सहन करते थे। ऐसे भक्तिमान्, सरल, और स्नेही पुरुष ससारमे विरले ही होते हैं। प्रभु प्रियाजीके चित्रपटकी सेवा भी यहाँ प्रतिष्ठित थी। दूध, मक्खन, दही, नवनीत घृतादिके महोत्सव यहाँ प्रतिदिन श्रीश्रीगोपालजी तथा प्रभु प्रियाजीकी प्रेम-सेवामे होने लगे। इसके सिवा नाना प्रकारकी शाक-सब्जी, आलू, गोभी, बैंगन आदि तरह-तरकारीके द्वारा प्रभु-प्रियाजीका राजभोग चलने लगा। इस प्रकार नौ दिन तक हाराण

दादाकी कुटियामें महोत्सवके साथ प्रेमानन्दका स्रोत बहता रहा और भक्तगण प्रसाद पाते रहे।

इसी बीचम श्रीनिताई चाँदका जन्मोत्सव २८वीं माघको इस निर्जन कुटीमें बड़े समारोहके साथ मनाया गया। प्रभुपाद प्राणगोपाल गोस्वामीके शिष्य ज्ञानेन्द्रनाथ घोषने मधुर सकीर्तन किया। भक्त प्रवर श्रीनलिनीकान्त घोषने अथक परिश्रम करके गोस्वामी प्रभुकी यथायोग्य सेवाकी। जगबन्धु गोस्वामी दादाने भी सर्वतोभावेन इस कार्यमें सहायता की। श्रीअद्वैत वंशीय प्रभुपाद श्रीयुत् विनोदलाल गोस्वामी एम ए महाशयने श्रीनित्यानन्द प्रभुके जन्मोत्सवमें गोस्वामी प्रभुके आमन्त्रणसे हाराण दादाकी कुटियामें आकर इस भुवन मङ्गल शुभ काममें योगदान करके सबको उत्साहित किया था। एक दिन गोस्वामी प्रभुको अपने निजी बासे पर सम्मान पूर्वक बुलाकर पाठ और कीर्त्तनमें योग दिया था। वहाँ भी बहुतसे भक्तोंका समागम हुआ था। गोस्वामी प्रभु अजमेर वासी प्रवासी बङ्गालियोंके लिए प्राण स्वरूप थे। सरकारी नौकरी करते समय वे इस सुदूर अजमेर शहरमें २-३ वर्ष तक रहे थे। उन्हींके उद्योग और चेष्टासे यहाँ एक दोतला पत्थरकी बनी पक्की बङ्गाली धर्मशाला स्थापित हुई थी। उनको पुनः अजमेरमें पाकर घर-घर ले जाकर सभी कीर्तनके आनन्दमें उन्मत्त हो उठे। श्रीश्रीनित्यानन्द प्रभुके जन्मोत्सवमें हाराण दादाकी जीर्ण कुटियामें जो प्रेमानन्दका स्रोत प्रवाहित हुआ, उसका वर्णन भाषा द्वारा नहीं किया जा सकता। नवागत उच्चशिक्षित और उच्च वेतनभोगी बङ्गाली सज्जनोंमें इञ्जीनियर श्रीरमेशचन्द्र बन्द्योपाध्याय तथा म्युनिसिपल सेक्रेटरी श्रीश्रीचन्द्र मित्र महाशयका नाम विशेष रूपसे उल्लेखनीय है। उन्होंने कीर्त्तनमें योगदान करके गोस्वामी प्रभुके साथ श्रीगौराङ्ग धर्मकी आग्रह पूर्वक आलोचना की थी।

अजमेरसे नवद्वीप धाम

अजमेरसे १४ फरवरी, २ री फाल्गुन तिथिको सायं ५ बजेकी गाड़ीमें गोस्वामी प्रभु अपने परिवार और श्रीविग्रहके साथ जयपुर होते हुए आगराके लिए रवाना हुए। हाराण दादा और उनकी भक्तिमती स्त्रीकी विदा होते समयकी अवस्था देखकर काष्ठ-पाषाण भी द्रवित हो उठेंगे। सार्वभौम भट्टाचार्य महाशयने दक्षिणकी यात्राके समय श्रीमन् महाप्रभुसे कहा था—

"शिरे वज्र पड़ि यदि पुत्र मरि जाय। ताहा सहे, तोमार विच्छेद सहन ना जाय॥"	यदि सिर पर वज्र पड़े, पुत्र मर जाय तो वह कष्ट सहन किया जा सकता है, परन्तु तुम्हारा विच्छेद नहीं सहा जा सकता।

(चैतन्य चरितामृत)

श्रीगुरु-गोष्ठीके विषयमें एकान्त गुरु-निष्ठ गौरभक्तवर हाराण दादा तथा उनकी भक्तिमती स्त्रीकी अवस्था भी ठीक उसी प्रकारकी हुई थी। गुरु-गोष्ठी भी इस प्रकारके भक्तिमान् शिष्यके विरहसे विशेषरूपसे अस्थिर और कातर हो उठी थी। गोस्वामी प्रभु कहा करते कि, "गुरु मिले लाखों लाख, चेला ना मिले एक"—यह बात परम सत्य है। वे यह भी कहा करते कि, "शिष्येर द्वारे गुरुर प्रकाश" अर्थात् शिष्यके द्वार पर ही गुरुका प्रकाश होता है। हाराण दादाकी सारी बातें लिखने पर एक वृहत् ग्रन्थ तैयार हो जायगा।

जयपुर स्टेशनसे १० बजे रातकी ट्रेनसे गोस्वामी प्रभुके दो भतीजे जीतेन्द्र और यतीन्द्र दादा प्रभु सपरिवार उनके साथ होकर एक डिब्बेमें बैठकर दूसरे दिन प्रात काल आगरा पहुँचे। ज्ञानेन्द्र दादा प्रभु जयपुरसे बदलकर नागपुरमें डाकखानोंके इन्स्पेक्टर हो गये थे। आगरासे वे दूसरे दिन सध्याकी गाडीसे परिवारके साथ रवाना हुए। जीतेन्द्र दादा गोस्वामी प्रभुके साथ सपरिवार श्रीधाममें आ रहे थे। वह भी मीराटमें एलेक्ट्रिक इजीनियर थे, उस समय उनकी कलकत्ते बदली हुई थी।

१५ फरवरी शनिवारके दिन श्रीविग्रहके साथ हम लोग आगरा धर्मशालामें ठहरे। तीनतलेके एक घरमें श्रीविग्रह विराजमान हो गये। भोजनालय भी वहाँ ही था। श्रीयमुनाजीसे मा गोस्वामिनीने स्वय जल लाकर श्रीविग्रह-सेवा तथा भोग रागके कार्यका निर्वाह किया। यात्रामें ऐसी अवस्थामें सदाचारपूर्वक श्रीविग्रह-सेवा करना कितना कष्ट-साध्य कार्य होता है, इसको वे ही समझ सकते हैं, जिनको अपनी आँखोंसे देखनेका अवसर मिला हो, दूसरे नहीं समझ सकते। गोस्वामी प्रभु अपनी गोष्ठीके साथ अथक परिश्रमपूर्वक इस सेवा-कार्यको प्रवासमें विभिन्न स्थानोंमें आज २०-२२ वर्षोंसे करते करते सिद्धहस्त हो गए है। इस प्रकार सदाचारपूर्वक परम प्रेम और विधिसे प्रभु-प्रियाजी और गोपालजीकी सेवा एक मात्र उनके और उनकी गोष्ठीके द्वारा ही सुसम्पन्न होती है, दूसरोंके द्वारा सम्भव नहीं है। केवल अर्थके द्वारा यह सब कार्य सम्पन्न नही होता। ये सब लोग श्रीविग्रहकी सेवाके सारे कार्य अपने हाथोंसे करते है, पुजारी या परिचारिकाकी सहायता ये लोग कभी नही लेते। यही इनकी विशेषता है। श्रीविग्रहकी सेवाकी सामग्री साथ रखते है।

१६ फरवरीको ब्राह्ममुहूर्त्तमें उठकर स्नानादि क्रिया करके श्रीविग्रहको भोग लगाकर प्रात ८ बजेकी गाडीसे गोस्वामी प्रभु थर्ड क्लास एक्सप्रेससे श्रीधामके लिए रवाना हुए। दूसरे दिन रविवारको प्रात काल १० बजे गाडी वण्डेल पहुँची। स्टेशनके प्लेटफार्म पर एक ओर श्रीविग्रह-सेवाके लिए गोस्वामी प्रभुने एक स्वच्छन्द और पवित्र स्थान ठीक कर लिया। स्थानको गोबरसे लीपकर श्रीविग्रहकी सेवाके उपयुक्त बनाया गया। यहाँ स्नानादि क्रिया समाप्त करके विधिपूर्वक श्रीविग्रहकी पूजा हुई। उस दिन मध्याह्नकालमें ठाकुरजीके फलाहारकी व्यवस्था हुई। जिस समय श्रीविग्रह

स्टीमरके स्टेटरूममें आलोकित करते हुए सिंहासनके ऊपर विराजे, जब घड़ी-घण्टे बजने लगे, तब स्टीमरके सब लोग, साहब और मेम भी दूरसे दर्शन करके चकित हो उठे और प्रणाम करने लगे। कण्डेलसे सवा दो बजेकी गाड़ीसे रवाना होकर हमलोग ५ महीनेके बाद १७ फरवरी, ५ वीं फाल्गुन तिथिको अपराह्नमें ५ बजे श्रीधाम नवद्वीपमें पहुँचे। श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग-कुञ्जमें नदिया-कुल विधिपूर्वक सेवा और मन्दिर आदिके बाद जब सिंहासन पर विराजमान हुए, उस समय सन्ध्याका पूर्वकाल था और आनन्दकी अपूर्व छटा हो रही थी। तब परम उत्साहपूर्वक सब लोगोंने भजन करके ठाकुर ठकुरानीको घरमें पाकर परमानन्द प्राप्त किया। सबने कहा प्रभु बिहारी तथा श्रीगोपालजीके स्वास्थ्यमें उन्नति हुई है और उनके श्रीअङ्ग कुछ परिपुष्ट लग रहे हैं। गोस्वामी प्रभु मा और दीदी गोस्वामिनी सबके स्वास्थ्यमें उन्नति देखकर सब लोग आनन्दित हुए। गोस्वामी प्रभुके प्रवास भ्रमणमें जानेके पूर्व शरीरका वजन २ मन ६ सेर था, अब उनका वजन २ मन १२ सेर हो गया। अर्थात् उनका वजन ६ सेर बढ़ गया। श्रीविष्णुप्रिया वल्लभ बिहारीके साथ सभीके आनेमें आकर परमानन्दपूर्वक, नित्य नव महोत्सवसे उन्मत्त हो उठे। विदेशी भक्त लोग मान गए। श्रीकुञ्ज श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्गके नाम कीर्तनसे पुनः गूंजने लगा। जय गौर विष्णुप्रिया!

"रघुपति राघव राजा राम । पतित पावन सीताराम ॥"
"राजा राम राम राम । सीता राम राम राम ॥"

भक्तप्रवर गायनाचार्य स्व० पं० श्रीविष्णु दिगम्बर पलुस्कर

मुद्रक—[illegible], [illegible]पुर

गायनाचार्य पण्डित विष्णुदिगम्बरजीसे भेंट

श्रीपाद हरिदास गोस्वामी प्रभु जिस समय अजमेर (राजस्थान) में पोस्ट मास्टर थे उस समय उनका घनिष्ठ परिचय पण्डित विष्णुदिगम्बरजीके साथ पड़ोसमें रहनेके कारण अनायास ही हो गया। उन दिनों पण्डितजी सपरिवार श्रीगोस्वामी प्रभुके समीपमें ही रहते थे। दोनोंमें प्रगाढ़ मैत्री थी तथा वे एक दूसरेके भजन स्थलपर प्रायः मिला करते थे। जब कभी अवसर मिलता पण्डितजी श्रीगोस्वामीके श्रीविग्रह श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्गका अपने चुने हुए सुरीले और मधुर गीतोंसे मनोरञ्जन किया करते। गोस्वामीजीने पण्डितजीको नवद्वीपके श्रीगौराङ्ग महाप्रभुका पहले पहल परिचय प्रदान किया, और उनको श्रीगौराङ्ग महाप्रभुका एक सुन्दर चित्र तथा 'गौर गीतिका' नामक अपनी पुस्तक भेंट की। गोस्वामीजी उनको गौर-लीला-कथा भी सुनाया करते थे, जिससे प्रभावित होकर पण्डितजीने नवद्वीपकी यात्रा करनेका संकल्प किया तथा गोस्वामीजीसे कहा कि नवद्वीप जानेपर उस तीर्थ स्थानका तथा श्रीगौराङ्ग महाप्रभुके उस विग्रहका दर्शन करेंगे जिसकी स्थापना और पूजा उनकी शक्ति श्रीविष्णुप्रिया देवीने की थी। पण्डितजीने अपने वचनको पूरा किया। वहाँ वे श्रीगोस्वामी हरिदासजीकी उपस्थितिमें चार वर्षकी अवधिमें केवल एक बार ही नहीं तीन-तीन बार अपनी भजन मण्डली तथा सहधर्मिणीके साथ गये। गोस्वामीजीकी सहायतासे उन्होंने अपनी पहली यात्रामें रामायणका एक भव्य और विशाल प्रदर्शन किया जिसके पीछे-पीछे जुलूसके साथ एक महान् सङ्कीर्तन दल चलता था। इस जुलूसमें नवद्वीप निवासी सभी वर्गके स्त्री पुरुष शामिल हुए थे। जुलूस भजनाश्रमसे (जहाँ वे ठहरे थे और जहाँ लगातार नौ दिन तक रामायण कथाका गान करते रहे) चलकर बूढ़ा शिवतलाव श्रीहरिदासजी गोस्वामीके निवास स्थान तथा श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग मन्दिर तक जाकर समाप्त हुआ। ऐसे विशाल और भव्य जुलूसका मनोहर और अभूतपूर्व दृश्यको नदियाके लोगोंको पहले कभी देखनेका अवसर नहीं मिला था। इससे वे अत्यन्त प्रभावित हुए। पण्डितजीकी कीर्तन ध्वनि 'रघुपति

राघव राजाराम । पतित पावन सीताराम" से नवद्वीप नगरी प्रतिध्वनित हो उठी, और नदियावासी लोग अत्यन्त मुग्ध हो उठे ।

पण्डित विष्णुदिगम्बरजी धामेश्वर श्रीगौराङ्गके मन्दिरमें प्राय: दर्शन करने जाया करते थे । उनको श्रीगौराङ्गके सेवाइत (पुजारी) गोस्वामियोंने महाप्रभुके मन्दिरमें सङ्गीतका प्रदर्शन करनेके लिए विशेष रूपसे आमन्त्रित किया था । गोस्वामी हरिदासजीके अनुरोधसे उन्होंने बहुत तन्मयतापूर्वक मीराबाईके पदोंका गान प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर सब लोग स्तब्ध हो गये । मन्दिरका प्राङ्गण ठसाठस भरा होने पर भी वहाँ एकान्त निस्तब्धता छायी रही । दूसरे दिन उन्होंने नगरके गणमान्य लोगोंके सम्मुख अपने चुने-चुने पदोंको गाकर उन्हें मन्त्र मुग्ध किया । स्थानीय सङ्गीतज्ञोंके ऊपर भी इस प्रदर्शनसे उनके सङ्गीतके गुरु गम्भीर ज्ञानका गहरा प्रभाव पड़ा ।

वे श्रीपाद हरिदासजी गोस्वामीके बड़े कृतज्ञ थे कि उन्होंने अपर वृन्दावनका पता बतला दिया । वे नवद्वीपको इसी नामसे पुकारते थे । वे नवद्वीपके सब लोगोंसे स्पष्ट रूपसे कहते थे कि गोस्वामीजीकी कृपासे ही उनको नवद्वीप धाम (द्वितीय वृन्दावनके) दर्शनोंका सौभाग्य प्राप्त हुआ था ।

पण्डित श्रीविष्णुदिगम्बरजी अपने युगके महान् सङ्गीतज्ञ थे । उन्होंने सङ्गीतको भगवानके साथ जोड़कर अपने इस सर्वाधिक नैपुण्यको जनता-जनार्दनमें भगवन्नाम प्रचारका साधन बनाया था । वास्तवमें उनकी सङ्गीत-माधुरी पूर्ण कीर्तन शैलीमें इतना चमत्कार था कि व्यक्तिका ग्रह गनकर कुछ क्षण तो भगवन्नामकी ओर उन्मुख हो ही जाता था । उन्होंने संगीतको कलाकी सेवाके अतिरिक्त स्वयं अपनी साधनाका प्रसार स्वरूप मान रखा था । निरभिमानी मिलनसार एवं भगवद्-विश्वासी सङ्गीतज्ञको गौर महाप्रभुने श्रीगोस्वामीजीके माध्यमसे प्रेरित कर मानो स्वयं ही अपने धाममें बुला लिया हो ।

श्रीविष्णुदिगम्बरजीका संक्षिप्त परिचय

श्रीविष्णुदिगम्बरजीका जन्म महाराष्ट्रके बेलगांव जनपदमें कुरुन्दवाड़ राज्यमें सन् १८७२ ई० की श्रावण पूर्णिमाके शुभ दिनको हुआ था । उनके पिता श्रीदिगम्बर गोपाल भगवानके बहुत बड़े भक्त थे, उनकी हरिकीर्तनमें विशेष रुचि थी । उनकी माता गङ्गादेवी धार्मिक प्रवृत्तिकी महिला थी । माता-पिताके भगवद्भाव और सात्विक स्वभावका श्रीविष्णुदिगम्बरजीके जीवन-विकासपर अमित प्रभाव पड़ा ।

बचपनमें भगवान दत्तात्रेयके जन्म-दिवसके उत्सवपर आतिशबाजीके प्रदर्शनमें बारूद विष्णुदिगम्बरकी आँखोंमें चोट लगनेसे देखनेकी शक्ति अत्यन्त क्षीण हो गयी। महाराज कुरुन्दवाड़ने उनकी आँखोंकी ज्योति लौटानेके लिए बड़ा प्रयत्न किया, परन्तु

इससे कोई लाभ न हुआ। इस दुर्घटनाके अतिरिक्त एक रेल यात्रामें ऊपरकी बर्थसे गिर पड़नेके कारण भी इनकी आँखोंपर पुनः चोट आयी और इनकी रही-सही सामान्य ज्योति और भी क्षीण हो गयी। ऐसी स्थितिमें उनके लिए स्कूली शिक्षाकी अपेक्षा सङ्गीत शिक्षा ही अधिक उपयुक्त समझी गयी। उनके पिता भी सङ्गीतके अच्छे मर्मज्ञ थे। पुत्रके आकर्षक मधुर कण्ठको देखकर वे उसे सङ्गीतका ज्ञान कराने लगे। पन्द्रह वर्षकी अवस्था होनेपर विष्णुदिगम्बरको मिरजके प्रसिद्ध सङ्गीतज्ञ बालकृष्ण बुवाके पास सङ्गीत-साधनाके लिए भेजा गया। अथक परिश्रम और अभ्यासमे एवं पूर्व जन्मके संस्कारोंके प्रभावसे विष्णुदिगम्बर सङ्गीत शास्त्रमें शीघ्र ही पूर्ण पारङ्गत हो गये। सङ्गीत-शिक्षा पूरी कर लेनेके बाद विष्णुदिगम्बरने गृहस्थाश्रममें प्रवेश किया।

उन दिनों लोग सङ्गीतज्ञोंको हेय दृष्टिसे देखा करते थे। समाजमें उनका अनादर श्रीविष्णुदिगम्बरजीको बहुत खटका करता। मिरजकी एक भूती मिलमें श्रद्धास्पद ब्राह्मणोंका एक भोज था। उस भोजमें श्रीविष्णुदिगम्बरजीके गुरु, उच्च कोटिके सदाचारी ब्राह्मण होते हुए भी, मात्र गायक होनेके कारण आमन्त्रित नहीं किये गये। इस घटनासे विष्णुदिगम्बरजीके स्वाभिमानी हृदयको बड़ी ठेस लगी। उन्होंने देशके कोने-कोनेमें भ्रमण कर सङ्गीत और सङ्गीतज्ञोंके प्रति घर-घरमें आदरका भाव जाग्रत करनेका पुनीत सङ्कल्प किया और व्रत लिया कि वे सङ्गीतज्ञोंको राजाओंके मनोरंजनका साधन नहीं रहने देंगे तथा उनके आर्थिक परावलम्बनकी याचक जैसी स्थितिमें क्रान्तिकारी परिवर्तन ला देंगे।

इसी महान उद्देश्यको लेकर १८९६ ई० में वे अपने दो साथियोंके साथ सङ्गीतके उज्ज्वल स्वरूपके प्रचारके लिए घरसे निकल पड़े और प्रारम्भमें औंध तथा सतारामें अनेक सङ्गीत आयोजनोंमें भाग लेकर लोगोंको अपनी साधनाकी ओर आकृष्ट किया। बड़ौदाकी तत्कालीन महारानीने उनकी कलामें विशेष रुचि प्रकट की। राजप्रासादमें प्रतिदिन भगवानकी पूजाके समय उन्हें भजन और कीर्तनका कार्य सौंपा गया। महारानीने उन्हें अपने राज्याश्रयमें रखनेका बड़ा आग्रह किया परन्तु विष्णुदिगम्बरजीका तो यह व्रत ही था कि वे अपने आपको राज्याश्रयसे मुक्त रखकर अन्य सङ्गीतज्ञोंके समक्ष स्वतन्त्र जीवन व्यतीत करनेका आदर्श उपस्थित करेंगे। अतएव बड़ौदासे मुक्ति प्राप्तकर वे सौराष्ट्र प्रदेशमें गये।

एक दिन वे गिरनार पर्वतकी यात्रापर गये हुए थे—मार्गमें वर्षाके कारण वे एक स्थानपर बैठकर पद-गानमें तन्मय हो गये। नेत्र खुलनेपर उन्होंने देखा कि एक सन्यासी खड़े-खड़े उनका गायन सुन रहे हैं। उपेक्षा भावसे उन्होंने उक्त सन्यासीसे पूछा—"क्या आप गायन समझते हैं ?" सन्यासीने उत्तर दिया—"अच्छी तरह

समझता हूं। तुम्हारी गायन-कला दोष पूर्ण है।" सन्यासी महात्मा विष्णुदिगम्बरजीको पासके एक मन्दिरमें ले गये तथा भगवानको अर्पण करनेके निमित्त एक सङ्गीत गाया जिसे सुनकर विष्णुदिगम्बरजी आश्चर्यचकित हो गये। उन्होंने सन्यासीसे इतने मधुर गानका रहस्य पूछा। सन्यासीने बताया कि गायकके जीवनमें तपस्या, साधना और सरलता उतर आनेपर ही उसे सङ्गीत विद्यामें पूर्ण सफलता प्राप्त हो सकती है। इस उपदेशको श्रीविष्णुदिगम्बरजीने अपने जीवनमें ज्योंका त्यों उतारा और उन्हीं सन्यासीके आदेशानुसार वे उत्तर भारतमें जगह-जगह सङ्गीतका प्रचार करनेके लिए निकल पड़े।

५ मई १९०१ ई० को लाहौरमें इनके द्वारा राजा ध्यानसिंहकी हवेलीमें गान्धर्व महाविद्यालयकी स्थापना हुई। यहां उन्हें आर्थिक सङ्कट और जनताके विरोधका सामना करना पड़ा, परन्तु वे कभी निराश नहीं हुए। लाहौरमें वे लगभग २५ वर्ष तक ठहरे। वहांसे सङ्गीतामृत नामक एक मासिक-पत्र तथा सङ्गीतके नोटेशन पद्धतिके सम्बन्धमें कई पुस्तकें इन्होंने प्रकाशित कीं।

लाहौर निवासकालमें महाराज कश्मीरके निमन्त्रण पर ये कश्मीर गये तथा अपने मनमोहन सङ्गीत द्वारा महाराजको आत्म विभोर कर दिया, जिससे प्रसन्न होकर महाराजने आपको प्रचुर धनराशि पुरस्कार स्वरूप दी एवं जीवन पर्यन्त इनकी सहायता करनेका वचन दिया।

सन् १९१५ ई० में उन्होंने बम्बईमें गान्धर्व महाविद्यालयके भवनका निर्माण कराया। देशके अन्य प्रसिद्ध स्थानोंमें जा-जाकर भी इन्होंने लोगोंमें शास्त्रीय सङ्गीत, भगवद्गीता, और रामचरितमानसके प्रति अभिरुचि उत्पन्न की। उनकी सत्प्रेरणासे अनेक स्थानोंमें बड़े-बड़े सङ्गीत सम्मेलन सम्पन्न हुए तथा भजनसमाजोंकी स्थापना हुई। सङ्गीतको इस तरह भजनभक्तिकी परिधिमें समोजित और नियन्त्रित कर उसके सात्विक तथा शास्त्रीय पक्षका इन्होंने पर्याप्त संरक्षण किया।

श्रीविनायकराव पटवर्धन, श्रीओंकारनाथ ठाकुर, श्रीनारायण राव व्यास और देवधर जैसे उच्चकोटिके सङ्गीत-महारथियोंने इनके चरणोंमें बैठकर ही सङ्गीतका अभ्यास किया। तथा वे आज भी इनकी कीर्ति-पताकाको अक्षुण्ण रखे हुये हैं।

महाराष्ट्रके एक सन्त गुरु द्वारा इन्हें "रघुपति राघव राजाराम। पतित पावन सीताराम।।" नामक मन्त्रकी उपलब्धि हुई थी। ये सच्चे राम-भक्त थे। सन् १९२२के रूपमें वैराग्यका पाला पड़नेपर इन्होंने अपनी सङ्गीत साधना समाप्त की। "रघुपति राघव राजाराम" नामक मन्त्र इनके कण्ठका सुललित स्वर पाकर लोकमानसमें परिव्याप्त हो गया। सन् १९२० ई० में उनके मनमें वैराग्यका आवेग बढ़ गया। वे सन्यासीके वेषमें रहने लगे। नासिकके निकट पञ्चवटीमें श्रीराम-नाम-आधार-मण्डलकी स्थापना की, जहां अखण्ड नामकीर्तन तथा भगवद्भक्तिके प्रसार-प्रचारकी

दिशामें पर्याप्त कार्य हुआ है । आँखोंकी ज्योति अति क्षीण होनेके कारण बहुत बडे-बडे अक्षरोंमें हाथसे इन्होंने श्रीरामचरितमानस ग्रन्थ लिखवा रखा था जिसे आँखोंके बहुत निकट लाकर यह पाठ किया करते थे । यह हस्तलिखित ग्रन्थ आज भी नासिक श्रीरामनाम-आधार-मण्डलमें सुरक्षित रखा हुआ है ।

कांग्रेस जैसी राजनैतिक सस्थामें विष्णुदिगम्बरजीने भगवन्नामका प्रवेश कराया । सन् १९२१ ई० के कांग्रेस अधिवेशनमें 'वन्दे मातरम्' गानके लिए श्रीविष्णुदिगम्बरजी अपने स्थानपर विराजमान थे । बाहर द्वारपर गाधीजीके प्रवेश करते ही जनताकी भीड उमड पडी और गाधीजीका भीतर जाना असम्भव हो गया । उस समय श्रीविष्णुदिगम्बरजीने "रघुपति राघव राजाराम । पतित पावन सीताराम ।।" का कीर्तन करके जनताको मन्त्र-मुग्ध कर दिया और मधुर सङ्गीत सुनानेका आश्वासन देकर गाधीजीको शान्तिपूर्वक भीतर जाने देनेमें वे सहायक हुए थे । जनताने उनकी बात शिरोधार्य करके भगवन्नामके प्रति यथा उनके सङ्गीतके अनुपम प्रभावके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की ।

श्रीविष्णुदिगम्बरजी बडे निर्भीक स्पष्ट वक्ता थे । १९२३ ई० में कांग्रेसके काकनाडा अधिवेशनमें जब मौलाना मुहम्मद अलीने 'वन्दे मातरम्' गीत गाये जानेपर आपत्ति प्रकट की, तो विष्णुदिगम्बरजीने उन्हें फटकारकर कहा कि यह राष्ट्रसभाका मण्डप है, मस्जिद नही है । अतएव 'वन्दे मातरम्' गीतपर उनकी आपत्ति सर्वथा अमान्य है और उन्होंने तनिक भी परवाह न कर 'वन्दे मातरम्' गीत प्रारम्भ कर दिया ।

एक समयकी बात है । नेपालमें उनका रामायण पर प्रवचन हो रहा था । इसमें राणा परिवारके लोग दास-दासियो सहित उपस्थित थे । धूम्रपान और ताम्बूल आदिको रामायण पाठके समय देखकर श्रीविष्णुदिगम्बरजीने कहा कि—"बडी लज्जाकी बात है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् श्रीरामकी कथामें दो-एक घण्टेके लिए भी लोग अपना व्यसन नही छोड सकते, जब तक ताम्बूल आदिके पान नही हटा दिये जाते तब तक मैं प्रवचन ही नही करूँगा ।" महाराणागण बहुत लज्जित हुए और उन्होंने दास-दासियोको उस स्थानसे तत्काल विदा कर महाराजके आदर्शके प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित की ।

श्रीविष्णुदिगम्बरजी भागवत गायक थे । सङ्गीत साधनाके पथमें श्रीविष्णुदिगम्बरजीका ध्येय था भगवानकी प्राप्ति । उनका—

नाहं वसामि वैकुण्ठे योगिनां हृदये न च ।
मद्भक्ता यत्र गायन्ति तत्र तिष्ठामि नारद ।।

भगवद्भजनमें पूर्ण विश्वास था । वे सर्वदा निरन्तर—

रघुपति राघव राजाराम । पतित पावन सीताराम ।।

कीर्तनका गायन करते रहते थे। यहाँ तक कि मौन जानेकी अवस्थामें शास्त्र नियमानुसार मौन रहनेकी स्थितिमें शौचालयके बाहर अपने किसी एक शिष्यसे इस पावन नामका सस्वर गायन सुनते रहा करते थे। सुषुप्त अवस्थामें भी बारी-बारीसे इनके शिष्य इन्हें कानके निकट इनके गुरुदत्त मन्त्र—

"रघुपति राघव राजाराम। पतित पावन सीताराम॥"

का सस्वर कीर्तन निरन्तर सुनाया करते थे।

उन्होंने सङ्गीत शिक्षाका वैज्ञानिक ढगसे प्रचार किया। उनके द्वारा स्थापित सङ्गीत विद्यालयोंमें निःशुल्क शिक्षा दी जाती थी। विद्यार्थियोंके खाने-पीने तथा रहने और पहननेके वस्त्रकी व्यवस्था विष्णुदिगम्बरजी स्वयं विद्यालय द्वारा कर दिया करते थे। उन्होंने विद्यालयमें भाषा और अङ्कगणितको भी स्थान दिया था, जिससे विद्यार्थी पूर्ण रूपसे शिक्षित होकर समाजको सङ्गीत शास्त्रके महत्त्वसे परिचित करा सकें। केवल सन्त पदावलीके द्वारा ही वे सङ्गीतकी शिक्षा प्रदान किया करते थे।

श्रीविष्णुदिगम्बरजी महिलाओंमें सङ्गीत प्रचारके भी पूर्ण समर्थक थे। अपनी कन्याको भी उन्होंने सङ्गीतकी अति उत्तम शिक्षा दी थी, लेकिन उसकी अकाल मृत्यु हो जाने पर उनका स्वप्न अधूरा ही रह गया। कन्याकी मृत्युसे उन्हें बड़ा आघात पहुँचा, फिर भी सङ्गीत-प्रचारके कार्यमें किसी तरहकी शिथिलता उन्होंने नहीं आने दी।

इनके कीर्तन-प्रचारके केवल दो ही मन्त्र थे। एक तो —

रघुपति राघव राजा राम। पतित पावन सीताराम॥

दूसरा—

राजा राम राम राम। सीता राम राम राम॥

इस प्रकार भक्तिमय जीवन व्यतीत करते हुए, इन्हीं मन्त्रोंका निरन्तर सस्वर गान करते और श्रवण करते हुए उन्होंने अपनी इहलोक लीला [illegible] २१ अगस्त सन् १९३१ ई० के दिन सम्पन्न की।

ग्रन्थ-प्रणयन और वैष्णव-साहित्य-सेवा

•

श्रीहरिदासजी गोस्वामीने डाक विभागकी सरकारी नौकरीके कालमें अथक परिश्रम करनेके पश्चात् तथा नौकरीसे अवकाश प्राप्त करनेके उपरान्त भी दिनका समय साधुसङ्ग और भगवच्चर्चामें बिताकर विश्रामकी परवाह किये बिना रात-रात भर जागकर किस प्रकार अध्ययन, मनन और ग्रन्थ प्रणयन किया, यह उनके स्वलिखित वर्णनसे स्पष्ट है। विद्याध्ययन कालमें रुग्णता एवं अन्य दूसरी परिस्थितियोंके कारण अच्छे अध्ययनके अभावमें भी उन्होंने जिन अपूर्व ग्रन्थोंका प्रणयन किया, इसमें विशेष भगवत्कृपा ही मुख्य हेतु है। श्रीविष्णुप्रिया-चरित आदि ग्रन्थोंके प्रणयनमें कुछ विशेष रहस्य भी है जो आगे वर्णित इतिहाससे स्पष्ट हो जाता है।

अपने सर्वप्रथम ग्रन्थ "श्रीविष्णुप्रिया-चरित" के सम्बन्धमें ग्रन्थकारने अपने अन्य ग्रन्थ "श्रीविष्णुप्रिया नाटक" के सूचना-प्रसङ्गमें लिखा है कि यह श्रीग्रन्थ (श्रीविष्णुप्रिया-चरित) ४२७ गौराब्दमें जबलपुरमें बैठकर लिखा गया। "श्रीविष्णुप्रिया-चरित" के उन्तीसवें अध्यायकी एक फुट नोट टिप्पणीसे भी स्पष्ट है कि यह ग्रन्थ जबलपुरमें लिखा गया। ग्रन्थके उन्तीसवें अध्याय तककी पाण्डुलिपि तत्कालीन "श्रीविष्णुप्रिया-पत्रिका" के सुयोग्य कार्याध्यक्ष एवं महात्मा श्रीशिशिरकुमार घोषके भतीजे श्रीयुक्त मृणालकान्ति घोषने वहीं पढी थी। प्रथम संस्करणकी उपलब्ध मुद्रित प्रतिसे स्पष्ट है कि उसी साल ४२७ गौराब्दमें इसका कलकत्तेमें मुद्रण होकर प्रकाशन हुआ। इस प्रकाशनका व्यय-भार भी उन्होंने स्वयं वहन किया। उन्होंने इसका उत्सर्गीकरण गोलोकगत परमाराध्य अपने पितृदेव श्रीसीतानाथ गोस्वामीके कर-कमलोंमें किया।

× × ×

यद्यपि बृहद् ग्रन्थ-रूपमें 'श्रीश्रीविष्णुप्रिया-चरित' उनका पहला ग्रंथ है तथापि कुछ दिनोंसे उनकी रचित कविताएँ श्रीविष्णुप्रिया-पत्रिका, श्रीश्रीगौराङ्ग-सेवक, श्रीवैष्णव सङ्गिनी, श्रीवैष्णव-सेविका, श्रीवैष्णव-धर्मप्रचार, भक्ति आदि श्रीवैष्णव धर्मकी सामयिक पत्रिकाओंमें प्रकाशित होती रहती थीं।

श्रीश्रीगौरभक्तवृन्दके अनुरोधसे उनकी जबलपुर निवास-कालमें एकत्र करके पुस्तकाकार मुद्रित कराया गया जो उनका सब प्रथम प्रकाशित ग्रन्थ है। इसकी प्रकाशन तिथि गौर-पूर्णिमा गौराब्द ४२७ है। इसका उत्सर्गीकरण उन्होंने अपने गौरधामगत अनुज श्रीमान् गुरुदास गोस्वामीके प्रति किया था जिन अनुजका वर्णन उनकी आत्म-कथामें है। उत्सर्गीकरणमें वे लिखते हैं— बड़ा भाई भी छोटे भाईसे कुछ आशा करता है। मेरी प्रलाप पूर्ण गौराङ्गानुरागकी कविता सुम मनोयोगसे पाठ करकर मेरे प्राण गौराङ्गको सुनाना जिससे मेरे मनकी आशाएँ पूरी हो जाय। इस पुस्तकमें प्रकाशित गीत बड़े ही मार्मिक हैं।

× × ×

भोपालके निवासकालके समय डाक विभागकी सरकारी नौकरीके कालमें छुट्टी लेकर उन्होंने श्रीवृन्दावनकी यात्रा की थी और वहाँ लगभग नौ महीने निवास किया था। उसी समय गौराब्द ४२६ में वहाँ श्रीविष्णुप्रिया विलाप-गीति की रचना हुई और वहीं उसका मुद्रण प्रकाशन भी हुआ। करुण रसका यह एक अद्वितीय लघु काव्य है। इसकी तत्कालीन समालोचनाओंसे इसके प्रभावका पता लगता है जिनमेंसे कुछका उद्धरण नीचे दिया जाता है —

गोलोकगत महात्मा शिशिरकुमार घोषकी परम विदुषी गौराङ्गगतप्राणा भगिनीका मन्तव्य —

श्रीविष्णुप्रिया विलाप गीतिका पाठ करनेसे ऐसा बोध हुआ मानो प्रियाजीने स्वयं आपमें प्रवेश करके ही यह विलाप-कहानी लिखी है नहीं तो यह इतनी सुन्दर और मर्मस्पर्शी नहीं होती।

बंगीय साहित्य परिषद्के सहकारी सम्पादक श्रीयुत मृणालकान्ति घोषका मन्तव्य —

श्रीविष्णुप्रिया विलाप-गीतिका पाठ करते-करते मैं प्रेम विह्वल हो गया। आज यदि बड़े बाबा (शिशिर बाबू) इस जगतमें होते तो वे इसका पाठ करते हुए कितने आनन्दाश्रु बहाते यह कहना कठिन है।'

परम गौर भक्त श्रीयुत रजनीविलास राय चौधरीका मत —

श्रीविष्णुप्रिया विलाप-गानमें रचयिताने श्रीविष्णुप्रिया-देवीकी एक अभिनव छवि दिखलाई है। इसकी कल्पना जितनी सुन्दर है वर्णन भी उतना ही मधुर है। देवीके आत्मत्यागका ज्वलन्त दृष्टान्त इस क्षुद्र काव्य ग्रन्थमें ममभेदी भाषामें दर्शाया गया है।

एक ऊँचे पदपर आसीन अंग्रेजी शिक्षित विशिष्ट राजकर्मचारीने (जिनका नाम प्रकाशमें नहीं लाया गया) ग्रन्थकारको लिखा था —

"आपका ग्रन्थ पढ़कर मेरी पत्नी तीन दिनों तक लगातार रोते-रोते मूर्च्छा रोगसे ग्रसित हो गयी है और मूर्च्छावस्थामें प्रलाप करती हुई बोलती रहती है—'हा गौराङ्ग ! तुम बड़े निष्ठुर हो ! तुमको दयामय कौन कहता है ? तुमने बालिका विष्णुप्रियाको जो दुःख दिया है, उसके लिए तुमको बड़ा ही दुःख पाना होगा।' आपका ग्रन्थ पढ़नेसे मेरी पत्नीकी यह दुरवस्था हो गयी है। यदि उसको कुछ हो गया तो इसके उत्तरदायी आप होंगे।"

स्वनामधन्य श्रीरामदास बाबाजीके शिष्य श्रीयुक्त जितेन्द्रनाथ घोषालने—जो सुदूर ब्रह्मदेश रंगूनमें फेलनर कम्पनीके रेलवे होटलके मैनेजर थे—तारीख नवीं कार्तिक १३२८ बङ्गाब्दके अपने पत्रमें रचयिताको लिखा था:—

"आपकी 'विष्णुप्रिया-विलाप-गीति' अभी शेष नहीं कर सका—आज २७ दिन हो गये आपकी पुस्तक मिले। प्रतिदिन मात्र एक गीत पढ़ लेनेसे भरापूरा हो जाता हूँ, दूसरा गीत पढ़नेकी शक्ति नहीं रहती। आपका प्रत्येक पद इतना मधुर है कि उसकी मधुरता सारे दिन-रातमें भी दूर नहीं हो पाती। प्रातःकाल एक गीत पाठ करते ही अश्रु-प्रवाह आरम्भ हो जाता है और सारे दिन रातमें जब जब भी उसकी याद आती है आँखोंमें पानी भर-भर आता है। एक दिन दफ्तर में बैठे-बैठे हठात्—

जे घरे शुइने तुमि केउ खोलेनि ।
बिछाना बालिस खाट केउ तोलेनि ।।

ये दो पंक्तियाँ याद आते ही न जाने क्या हुआ, चीत्कार करके बुरी तरहसे रो पड़ा और साहबके सामने कुछ भी नहीं कह सका। २७ दिनमें केवल इतना पढ़ पाया हूँ, पता नहीं कब पूरी पुस्तक शेष कर सकूँगा।"

फेणी, ब्राह्मणबेडिया प्रभृति नाना स्थानोंके उच्च अंग्रेजी विद्यालयोंके शिक्षक व प्रधानाध्यापक श्रीविधुभूषण सरकार बी०ए० श्रीविष्णुप्रिया-विलाप-गीतिमें वर्णित श्रीहरिदासजीकी व्यथासे इतने व्यथित एवं विचलित हुए कि उन्होंने त्रिपुरा जिलेके त्रिश गाँवके वसन्त साधुको एक पद्य लिखा था जिसमें विष्णुप्रिया-विलाप-गीतिके रचयिताको यथेष्ट सान्त्वना* दी गई है। उस मार्मिक पत्रका कुछ अंश यों है —

* 'श्रीविष्णुप्रिया-विलाप-गीति' के लिए सान्त्वनाका पद्य बड़ा ही मार्मिक है। श्रीमहाप्रभुजीकी दक्षिण यात्रामें दक्षिण मथुरामें एक ब्राह्मण श्रीरामदाससे भेंट हुई जो जगज्जननी-सीताके रावण द्वारा हरे जानेकी और स्पर्शकी कथा पढ़कर दुःखके मारे अग्नि या जलमें प्रवेश कर प्राण त्याग करनेको तैयार था, तब श्रीमहाप्रभुजीने उसको समझाया था कि वह तो मायाकी सीता थीं। इसके बाद वे श्रीरामेश्वरजी पधारे। वहाँ कूर्मपुराणकी कथा हो रही थी उसमें रावण द्वारा मायाकी सीताके हरे जानेका स्पष्ट उल्लेख था। कथावाचक पण्डितसे श्रीमहाप्रभुजीने उस ग्रन्थका पुरातन पत्र माँग लिया और दक्षिण मथुरा जाकर उस रामदास विप्रको दिखाया तब उसको पूर्ण सान्त्वना हुई।

"विष्णुप्रिया काङ्गालिनी ? के बले ए कथा।
असम्भव। मिथ्या बलि केन देह व्यथा॥
बलो से भूपालवासी हरिदासियारे।
राजराजेश्वरी तिनि विपुल संसारे॥

कौन कहता है कि विष्णुप्रिया कङ्गालिनी है। यह असंभव है। मिथ्या बात कहकर क्यों व्यथा देते हैं ? भूपालवासी उस हरिदासियाको बोलो कि वे तो संसारमें महान् राजराजेश्वरी हैं।

....

बलिओ आमार हये आमि जे अबला।
से हरिदासिया जेन ना हय विह्वला॥
बलिओ सुभावे तारे अति धीरे धीरे।
से जेन काँदे ना आर, सदा अश्रुनीरे॥

मेरी तरफसे उसको कहना मैं भी अबला हूँ। यह हरिदासी इतनी विह्वल न हो। उसको धीरेसे समझाकर कहना कि वह अश्रुनीर बहाती हुई और क्रन्दन न करे।

....

× × ×

श्रीहरिदासजी गोस्वामीका श्रीधाम वृन्दावनके निवासकालमें श्रीराधारमणजीके मन्दिरकी सेवा करने वाले श्रीगोपाल भट्ट गोस्वामीके वंशज एकान्त गौर-भक्त माध्व गौडेश्वराचार्य श्रीवनमाली गोस्वामी महाशयसे परिचय हुआ। ये षड्दर्शनाचार्य श्रीयुक्त दामोदरलाल गोस्वामी महाशयके ज्येष्ठ भ्राता थे। श्रीविष्णुप्रिया-चरित श्रीग्रन्थका पठन कर वे बहुत प्रसन्न हुए। *उन्होंने श्रीहरिदासजीको एकान्तमें बुलाकर* कहा—"आप श्रीलक्ष्मीप्रिया देवीका चरित लिखिये।" यह बङ्गाब्द १३२१ साल भाद्रमासकी १३वीं तारीखकी बात है। श्रीहरिदासजीने उत्तर दिया कि अनेक दिनों पूर्व मैंने यह ग्रन्थ लिखना आरम्भ किया था, परन्तु कई कारणोंसे यह कार्य अग्रसर न हो सका। इसपर श्रीवनमाली गोस्वामी महोदयने श्रीमती लक्ष्मीप्रिया देवीका चरित शीघ्रातिशीघ्र लिखनेका आदेश दिया। गोस्वामीजीके श्रीधाम वृन्दावनसे भोपाल लौटने पर माघ मास बङ्गाब्द १३२१ सालसे इस ग्रन्थका लेखन पुनः आरम्भ हुआ और *और फाल्गुन मासमें सम्पन्न हुआ।* श्रीहरिदासजीने इस ग्रन्थकी सूचीमें लिखा है—"मेरी वृत्ति है पर-दासत्व। उसमें दिन-रात दस घंटे तक मुझे अनवरत लिप्त रहना पड़ता है। उसके बाद यह श्रीग्रन्थ लिखनेमें मुझे प्रतिदिन तीन-चार घंटे परिश्रम करना पड़ता था। नाना प्रकारके कामोंके बीचमें रहते हुए भी दयामय प्रभुने मुझ जैसे जीवाधम [illegible] बेंत पकड़कर यह कार्य करवाया है। जो एक बार लिखनीसे लिखा गया उसको दुबारा देखनेका या परिवर्तन अथवा संशोधन करनेका भी अवसर नहीं दिया गया। मुझे ऐसा लगता था कि कोई एक [illegible] परम-लावण्य-सम्पन्ना देवी मेरे मस्तक पर पदार्पण करके बेंत पकड़कर विषम ताड़ना द्वारा मुझसे यह दुष्कर कार्य करा रही है। रातको मुझे नींद नहीं थी, दिनमें भी सैकड़ों कामोंके

बीचमे श्रीमती लक्ष्मीप्रिया देवीकी पुण्य चरित-कथा और मधुर-करुण-रसात्मक लीलाकथा सर्वदा मेरे स्मृति पथपर उदय होती रहती । भोजनके लिये बैठनेपर मैं क्या खा रहा हूँ, इसका भी ज्ञान नही रहता। श्रीग्रन्थ लेखनका कार्य सम्पन्न होने पर मेरा मन सुस्थिर हुआ । किस प्रकार ये कई दिन कट गये, इसका मुझे पता नही लगा।. .... इस ग्रन्थकी रचनामे अधम ग्रन्थकारका कृतित्व कुछ भी नही है। महाप्रभुजीके रसिकभक्त श्रीराय रामानन्दजीने महाप्रभुजीको कहा था :—

मोर जिह्वा वीणायन्त्र तुमि वीणाधारी ।
तोमार मने जेइ उठे ताहाइ उच्चारि ॥
(श्रीचैतन्य चरितामृत)

प्रभुकी इच्छासे एव उनकी अन्तरङ्गा शक्तिरूपिणी श्रीमती लक्ष्मीप्रिया देवीके कृपादेशसे इस ग्रन्थके लेखनका महत्कार्य २७ दिनोमे सम्पन्न हुआ । कृपामय पाठकवृन्द इसको सूत्ररूपमे समझें। श्रीश्रीगौराङ्ग प्रभुकी युगल-विलास-लीलाका वर्णन करके ग्रन्थ प्रणयन करना बड़े भाग्यकी बात है । अधिकतर भाग्यवान युगलभजन-निष्ठ गौरभक्तगण इन सब मधुर लीलाओंका और भी विस्तारपूर्वक वर्णन करेंगे। श्रीगौराङ्ग-लीलाके वेदव्यास श्रीवृन्दावनदास ठाकुरने यथार्थ ही लिखा है —

आर कत लीलारस ह'ल सेइ स्थाने ।
नित्यानन्द स्वरूपे से सर्व्वतत्व जाने ॥
ताँहार आज्ञाय आमि कृपा अनुरूपे ।
किछु मात्र सूत्र करि लिखिल पुस्तके ॥
सर्व्व वैष्णवेर पाय मोर नमस्कार ।
इथे अपराध किछु नहुक आमार ॥
वेंवे इहा कोटि कोटि मुनि वेदव्यासे ।
वर्णिवेन नाना मते अशेष विशेषे ॥
(श्रीचैतन्य भागवत)

× × ×

इसके बाद गौराब्द ४२६ मे ही भोपाल (मध्य भारत) के निवासकालमे 'श्रीश्रीविष्णुप्रिया-मङ्गल' काव्यकी रचना हुई जिसका प्रकाशन अर्थाभावसे उस समय नही हो सका। इसका धारावाहिक खण्ड प्रकाशन इन्हीके द्वारा सम्पादित और प्रकाशित 'श्रीश्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग' मासिक-पत्रिका के आठवें वर्ष (गौराब्द ४४४, बङ्गाब्द १३३७ सालकी आश्विन-कार्तिक मास) की आठवी-नवी सख्यामे आरम्भ किया गया और अलग पुस्तकाकार प्रकाशन गौराब्द ४४७, बङ्गाब्द १३४० की रास पूर्णिमाको हो सका । इसे उत्सर्ग किया उन्होने अपने अग्रजके नाम-राशि एव अग्रज तुल्य मान्यतावाले अनुजोपम श्रीहट्ट निवासी श्रीअच्युतचरण चौधरीके कर-कमलोमे । इसके उत्सर्ग-पत्रमे वे लिखते हैं —

'मेरे एक बड़े भाई थे, जिनका नाम था श्रीअच्युतानन्द। पाँच वर्षकी शिशुकालीन अवस्थामें अकालमें ही वे गौरधाम चले गये। वे मेरे अग्रज थे और मैं उनका अयोग्य अनुज हूँ। इसबार अनुज बनकर उन्होंने तुममें प्रवेश किया है, यह मेरी धारणा है। मुझे उनको देखनेका सौभाग्य नहीं मिला, लेकिन तुम्हारा नाम लेते ही मुझे उनकी याद आ जाती है—यही मैं अपना परम सौभाग्य मानता हूँ। तुम मेरे अनुज होकर भी अग्रज हो, कारण तुमने मेरे उपास्य अभिन्न-श्रीराधागोविन्द श्रीश्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्गके युगल-चरण-कमलोंका आश्रय मेरे पूर्व लिया है, अतएव तुम मुझे अर्चनीय दादा आदि कितने ही सम्मानसूचक शब्दोंसे सम्बोधित करो, लेकिन मेरे मनसे तो तुम मेरे बड़े भाई अच्युत दादा हो। (मुझ जैसे) छोटे भाईको बड़ा करने और उसका सम्मान बढ़ानेमें तुम सर्वदा व्यग्र रहते हो, इसको क्या मैं नहीं जानता, नहीं समझता ?''

× × ×

मध्यभारत भोपालके लगभग तीन वर्षके निवास कालमें ही इन्होंने श्रीगौराङ्ग-महाभारत नामक एक बहुत बड़े ग्रन्थकी रचना की। इस श्रीग्रन्थमें छोटे अक्षरोंमें छपे हुए लगभग साढ़े सत्रह सौ पृष्ठ (९॥″×7″ साइजके) हैं। दिन भर सरकारी नौकरीके परिश्रमके उपरान्त भी रात-रात भर जागकर पागलों जैसी तल्लीनता लिए ये अपने काममें लगे ही रहते थे। इसका लेखन प्रारम्भ हुआ बङ्गाब्द १३२१ वैशाख मासमें। इसका प्रकाशन भी आरम्भ हुआ, पर अर्थाभावके कारण खण्ड रूपमें ही निकलकर बन्द हो गया। जब ये माघ १३२७ बङ्गाब्द, ४३४ गौराब्दमें अजमेरसे बदली होकर कलकत्ता आये तब मुद्रण व्यवसायी किसी एक मित्रको इन्होंने एक हजार रुपये इसके मुद्रण खर्चके लिये दिए। लेकिन प्रकाशन कार्य न हो सका और उस मित्रने रुपये भी हजम-सीकर पूरे कर दिये। उसके बाद तालन्द (राजशाही) के सुविख्यात परम गौर-भक्त जमींदार महन्त महाराज श्रीयुत ललितमोहन मैत्रेयकी अर्थ सहायतासे इस ग्रन्थकी नवद्वीप लीलाका प्रकाशन सम्भव हो सका था और इसके नीलाचल लीला-भागके प्रकाशनमें पाँच सौ रुपयोंकी सहायता कलकत्ताके सुप्रसिद्ध साहा वंशधर सुकिया सिमला स्ट्रीटके गौर-भक्तवर श्रीयुक्त गौरचरण साहा महोदयने भी स्वेच्छया दी थी। इस श्रीग्रन्थका पूरा प्रकाशन, लेखनके ८-१० वर्षों बाद हो *सका था। इस कारण लेखकने सरकारी नौकरीसे, आनुषङ्गिक अवकाश-कालमें जहाँ-तहाँ* भ्रमण किया था। भ्रमणकालमें इस श्रीग्रन्थकी लगभग ३० सेर भारकी पाण्डुलिपिको बड़े यत्नपूर्वक साथ रखते थे। श्रीग्रन्थके प्रकाशनके विलम्बसे और एक हजार रुपए हजम कर जाने वाले मित्रके असद् व्यवहारसे सन्तप्त होकर तथा श्रीललितमोहन मैत्रेयकी अर्थ सहायतासे गद्‌गद् होकर इन्होंने श्रीमहाप्रभुको निवेदन किया था—

हे गौर!

(आमार) साध ना पुरिल, आशा ना मिटिल,
जीवन चलिया जाय रे !
नवद्वीप-लीला, केन लिखाइला
प्रकाशित यदि ना हवे ॥
जाहारे दिलाम आपना भाविया,
किछु ना करिल छलना करिया,
कि जे करि आमि बुझिते पारि ना,
भेवे भेवे प्राण जाय जे ॥

(आमि) बड़ आशा क'रे लिखेछि ग्रन्थ,
रात्रे ब'से ब'से जपेछि मन्त्र,
(मोर) आँखि नीर आछे आखरे आखरे,
(आमि) रेखेछि ग्रन्थ बुक माझे ॥
बुके धरि ग्रन्थ भ्रमेछि विदेशे,
सप्त बरष देशे देशे देशे,
अति गुरुभार ब'हेछि बुकेते,
पारिना वहिते आर जे ॥

(तुमि) दिले देखाइया ललित मोहने,
गुरु भार मोर लइते यतने,
(तोमार) कृपा अनुभवि भासि आँखि जले,
आमि काँदि आर भावि कत जे ॥
तव काज तुमि लइवे साधिया,
तवे केन आमि मरि हे काँदिया,
हरिदासियार भ्रम जे गेल ना
अधम नारकी पापी से ॥

× × ×

उसके बाद पुष्कर क्षेत्रके (अजमेर-राजस्थान) डाक-विभागकी सरकारी नौकरीके निवासकालमे "श्रीश्रीविष्णुप्रिया नाटक" की रचना हुई। इसके सम्बन्धमे ग्रन्थकार लिखते हैं "सुदूर देश अजमेरमें श्रीश्रीगौरविष्णुप्रिया-सेवाका प्रकाश हुआ। उसी सेवाके फलस्वरूप श्रीश्रीविष्णुप्रिया देवीने प्रसन्न होकर केश पकडकर कृपादेश दिया कि उनका नाटक लिखना होगा। कृपामयी गौर-वक्ष-विलासिनीका आदेश एक पक्षके भीतर-भीतर प्रतिपालित हुआ।" इसका प्रकाशन कलकत्ता जानेके पूर्व अजमेरमे रहते-रहते ही गौराब्द ४३४, वङ्गाब्द १३२७ में हो गया था। इसका मुद्रण हुआ

था ट्युटोरियल प्रेस हावड़ामें। इसे उत्सर्ग किया गया स्वयं श्रीमहाप्रभुजीके करकमलोंमें। उत्सर्ग पत्र बड़ा मार्मिक और करुणापूर्ण है।

× × ×

अजमेरके निवास कालमें 'श्रीश्रीविष्णुप्रिया-सहस्रनाम-स्तोत्र' की रचना हुई जिसकी मुद्रित प्रतिके अनुसार उत्सर्ग-पत्र माघी वसन्त पञ्चमी गौराब्द ४३५, बङ्गाब्द १३२८ सालके दिन अजमेरमें ही लिखा गया है और उत्सर्गीकरण किया गया है गोलोकगत महात्मा श्रीशिशिरकुमार घोषके करकमलोंमें। 'श्रीगौर-विष्णुप्रिया अष्टकालीय लीला स्मरण पद्धति' का उत्सर्ग-पत्र भी—जिसका उत्सर्गीकरण श्रीअमृत साधुके करकमलोंमें किया गया है—मुद्रित प्रतिके अनुसार माघ वसन्त पञ्चमी गौराब्द ४३५, बङ्गाब्द १३२८ को श्रीधाम नवद्वीपमें लिखा गया है। इन तिथियोंमें कहीं कोई मुद्रणकी भूल लगती है। एक ही तिथिको श्रीविष्णुप्रिया-सहस्रनाम-स्तोत्रका उत्सर्ग-पत्र अजमेरमें लिखा जाना और श्रीगौरविष्णुप्रिया अष्टकालीय स्मरण-पद्धतिका उत्सर्ग-पत्र श्रीधाम नवद्वीपमें लिखा जाना सम्भव नहीं लगता। इसके अतिरिक्त श्रीगौराङ्ग महाभारत ग्रन्थके नवद्वीप लीला द्वितीय खण्डमें प्रकाशित मुद्रित ग्रन्थकारके निवेदनसे पता लगता है कि वे बङ्गाब्द १३२७ माघ मास (गौराब्द ४३४) में अजमेरसे बदली होकर सरकारी कामसे कलकत्ता आकर रहने लगे थे। ऐसी अवस्थामें इस तिथिके बाद अजमेरमें कोई उत्सर्ग-पत्र लिखा जाना सम्भव नहीं दीखता। हो सकता है, 'श्रीविष्णुप्रिया-सहस्रनाम स्तोत्र' की रचना अजमेरके निवास कालमें हुई हो और उसका मुद्रण प्रकाशन नवद्वीप निवास कालमें हुआ हो। इससे उत्सर्ग-पत्र लिखते समय स्थानका नाम तो रचनाके हिसाबसे और तिथिका उल्लेख मुद्रण प्रकाशन समयके हिसाबसे लिख गया हो।

× × ×

नौकरीसे अवकाश पानेके बाद भी वे पत्रिकाका सम्पादन-कार्य, ग्रन्थ लेखन, अध्ययन अधिकतर रातको करते थे। शारीरिक आरामके लिये तो नाम मात्रका समय बच पाता था। दिनका समय साधुसङ्ग और भगवच्चर्चामें ही अधिकतर व्यतीत होता था।

'श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग' मासिक पत्रिकाका प्रकाशन गौर पूर्णिमा गौराब्द ४३७, बङ्गाब्द १३२६ से आरम्भ हुआ था। उस समय श्रीहरिदासजीकी अवस्था लगभग ५४॥ वर्ष हो गयी थी। १० वर्ष तक इस पत्रिकाका सम्पादन और प्रकाशन चलता रहा। इस पत्रिकाके प्रकाशन कार्यमें उन्हें आर्थिक क्षति भी पर्याप्त उठानी पड़ी। उनकी अस्वस्थता और अर्थाभावके कारण दस वर्षके बाद यह पत्रिका बन्द हो गई।

× × ×

इसके अतिरिक्त उन्होंने अन्य बहुत-से ग्रन्थोंकी रचना की जिनमें कुछ तो खण्ड रूपमें 'श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग' पत्रिकामें धारावाहिक प्रकाशित करते गये और

किसी-किसीको स्वतन्त्र रूपसे भी प्रकाशित किया। इनमेसे कुछ ग्रन्थोकी सूची नीचे दी जा रही है —

१ शचि विलाप गीति
२ श्रीगौर गीतिका (२ खण्डोंमे)
३ बङ्गालीके ठाकुर श्रीगौराङ्ग
४. श्रीधाम वृन्दावनमे श्रीपाद मुरारि गुप्त प्रतिष्ठित श्रीश्रीगौरनिताई श्रीविग्रहकी लीला-कथा
५ प्राचीन पद-कर्ता द्विज बलरामदासजीकी जीवनी व पदावली
६ गजपति प्रताप रुद्र नाटक
७ श्रीजाह्नवा चरित
८ सिद्ध चैतन्यदास बाबाजी
९ श्रीमद्‌विश्वरूप चरित
१० उपदेश द्विशतक
११ श्रीमन्महाप्रभुर शिक्षाष्टककी टीका
१२ सार्वभौम शतकका अनुवाद
१३ श्रीश्रीगौर विष्णुप्रिया तत्व सदर्भ
१४ श्रीचैतन्य चन्द्रामृतका अनुवाद
१५ वेदान्त स्यमन्तक
१६ मूर्ख शतक

× × ×

इन ग्रन्थोके अतिरिक्त विप्रलम्भ रससे ओत प्रोत आपका एक अन्य अत्यन्त मार्मिक ग्रंथ 'गभीराय श्रीविष्णुप्रिया' भी है जिसकी पृष्ठ सख्या लगभग नौ सौ है और आकार ९॥"×७" । इस ग्रन्थका प्रणयन उनके जीवन कालके अन्तिम वर्षोंमे हुआ है।श्रीहरिदासजी बङ्गाब्द १३३४ सालके पौष माससे श्रीधाम नवद्वीपमे प्राय नित्य ही प्रात काल श्रीवशीदास बाबाजीसे सत्समागमके लिए जाया करते थे। माघके दिनोंमे एक दिन अपने श्रीविग्रहका इतिहास सुनाते हुए बाबाजीने इनको बताया कि जैसे गम्भीराम गौर पूर्णतया राधा हो गये थे, गौर रहे ही नही, उसी प्रकार मेरे विग्रहमे भी गौर पूर्णतया गदाधर अर्थात् राधा बन गये। श्रीहरिदासजीने प्रश्न किया कि यह क्या नदिया गम्भीरा है ? इसपर बाबाजीने उत्तर दिया कि हाँ यहाँ पर दो गम्भीरा है। एक गौर गृहम और एक श्रीवास आगनमे। श्रीहरिदासजीने कहा कि मैं समझा नही कि गौर गृहम गम्भीरा कैसे हुआ ? उत्तर मिला—"शची विष्णुप्रियाका जहाँ गौर विरह है वही गम्भीरा है। जहाँ गौर हैं वही मायापुर है और जहाँ शची विष्णुप्रिया है वहीं गम्भीरा है। बस यहीसे नदिया गम्भीरा

(गम्भीराय विष्णुप्रिया) का सूत्रपात प्रारम्भ हो गया। मानों गौर निताईने बाबाजीके श्रीमुखसे कहलाया कि प्रियाजीकी गम्भीरा लीला लिखो। इसके बादसे ही श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग पत्रिकाके छठे वर्षके प्रथम अङ्क (बङ्गाब्द १३३४ गौर पूर्णिमा) से ही इस रसका आस्वादन प्रारम्भ हो गया।

इस ग्रन्थके वास्तविक रूपका धारावाहिक खण्ड प्रकाशन इस पत्रिकाके आठवें वर्षके आठवें, नवें अङ्क (आश्विन कार्तिक मास गौराब्द ४४४, बङ्गाब्द १३३७) से प्रारम्भ हुआ। उपलब्ध मुद्रित प्रतिके अनुसार पुस्तकाकार प्रकाशन कार्तिक बङ्गाब्द १३४०, गौराब्द ४४७ में हुआ है। इस पुस्तकमें ग्रन्थकारके निवेदनमें इन्होंने लिखा है :—

" ... परम दयालु हमारे कुलके ठाकुर श्रीनिताई चाँद बेंत पकड़कर मेरे जैसे कुलाङ्गार नराधमको बीच-बीचमें अपने भुवन मङ्गल पाखण्डी-दमन श्रीचरणाघात द्वारा जो दण्ड-प्रसाद प्रदान करते हैं, उसकी प्रबल ताड़नासे कभी-कभी प्रभु प्रियाजीके सम्बन्धमें मुझे आल बाल कुछ लिख डालना पड़ता है। 'मूर्खस्य लाठ्यौषधम्' इस शास्त्र-शासन-वाक्यका भी कुछ फल हो सकता है। अपने पाखण्डी-दलन श्रीनित्यानन्द प्रभुके 'जयमङ्गल' के भयसे यदि कुछ ऊट पटांग लिख डालता हूँ तो उसका कृतित्व मेरे अशेष परमानन्द अवधूत श्रीनिताई चाँदकी अयाचित कृपाकरुणा अपूर्व महामहिमाका एवं उनके पतित-पावन नामकी अत्यद्भुत महा-महिमाका ही है।......"

"......श्रीग्रन्थके प्रणयनमें मेरी त्रुटि विच्युति व अपराधका अन्त नहीं है। मेरी निर्लज्जताकी भी सीमा नहीं है—इसका प्रमाण श्रीग्रन्थके सुदीर्घ शुद्धिपत्रसे अनायास मिल जाता है। मेरे आत्मीय स्वजन, बन्धु-बान्धव, शिष्य-प्रशिष्य-अनुशिष्य एवं अनुगतजन बहुत हैं, किन्तु मेरे इस दुःसाहसिक विराट वैष्णव-साहित्य-सेवाके कार्यमें किसीसे भी किसी प्रकारकी सहायता आज तक नहीं मिली। श्रीगुरु-गौराङ्ग-कृपा-बलसे कलमसे जो एक बार कागज पर लिखा गया वही मुद्रणालयमें जाता रहा। न तो मुद्रणालयमें भेजने योग्य (स्वच्छ) नकल कर देने वाला ही कोई योग्य व्यक्ति मेरे भाग्यमें कभी जुट पाया और न मुझे स्वयं ही आज तक इस प्रकारका सुशृङ्खलाबद्ध इतना बड़ा दायित्वपूर्ण कार्य करनेका यथेष्ट अवसर मिल पाया। प्रूफ संशोधन भी मुझे अकेले ही करना पड़ता इसी प्रकार गत १२ वर्षोंसे चल रहा है। ....किसीसे भी किसी प्रकारकी सहायताकी याचना न करना—यह मेरा स्वतन्त्र प्रकृति जय एक घोर महादोष है जिसको निस्सङ्कोच भावसे मैं स्वीकार करता हूँ। इसपर भी यदि कोई मेरी दुर्दशा पर स्वतः प्रवृत्त होकर मेरे प्रति कृपापरवश होकर मुझे किसी प्रकारकी सहायता करता है तो मैं उसके भी श्रीचरणोंका सर्वदा दास होकर रहता हूँ।"

"मेरी ६६ वर्षकी वृद्धावस्था हो चली। सुदीर्घ कालसे इस विराट् वैष्णव साहित्यके प्रणयन कार्य और उसके प्रूफको स्वयं देखते-देखते मेरी दृष्टि अतिशय क्षीण हो गयी। एक आँख तो जन्मसे दृष्टिहीन है ही। परम आश्चर्यकी बात है कि बाहरसे देखनेसे यह दोष किसीको दृष्टिगोचर नहीं होता। इसपर भी दायित्वपूर्ण सरकारी कार्योंके सिलसिलेमें देशके नाना स्थानोंमें रहनेसे एवं सरकारी कार्यसे अवकाश ग्रहण करनेके पश्चात् भी गत ११ वर्षोंसे श्रीगौराङ्ग-धर्म प्रचार-कार्यमें भ्रमण शील रहनेसे प्रूफ संशोधनका गुरुतर कार्य कभी गाड़ीमें, कभी नावमें, किसी प्रकार पूरा करना पड़ा है। इसलिए भ्रम, प्रमाद, असावधानी, त्रुटि, विच्युति आदि सब असुविधा एवं आत्यन्तिक व्यस्तताका परिणाम है और इसका सारा दोष वास्तवमें मेरा ही है.........।"

इससे उनकी कठिनाइयोंका अनुमान किया जा सकता है कि किस प्रकार उन्हें अकेले इतना गुरुतर कार्य करना पड़ता था।

'गम्भीराय श्रीविष्णुप्रिया' श्रीग्रन्थकी भूमिकामें विद्याभूषण श्रीरसिकमोहन देव शर्माने लिखा है :—

"......श्रीराधाकी प्रणय महिमा किस प्रकारकी है तथा श्रीराधा स्वयं श्रीकृष्णकी अद्भुत मधुरिमाका किस प्रकार आस्वादन किया करती एवं श्रीकृष्णके सौन्दर्य-माधुर्यके अनुभवसे श्रीराधाको किस प्रकारका सुख मिलता—उसका परिज्ञान और उसी भावसे उसका आस्वादन करना ही श्रीमन्महाप्रभुके अवतरणका अन्तरङ्ग उद्देश्य था। .. ..श्रीगौर-प्रेमभक्ति-भजन-साधननिष्ठ साधक भक्तगणोंके शिक्षार्थ महा-महाभावमयी गौरवक्ष विलासिनी श्रीश्रीविष्णुप्रिया देवीकी विप्रलम्भ-रसमयी लीलाका अनुसंधान भी भक्तगणोंके लिए अति प्रयोजनीय था। यह महीयसी महालीला पर्याप्त काल तक अप्रकाशित रही। श्रीचरित लेखकोंमें अनेक महानुभाव ऋषि या ऋषितुल्य थे। उन्होंने अबतक न जाने किस कारणसे इस अद्भुत चमत्कारितापूर्ण लीलाको जनसाधारणके समक्ष प्रकट नहीं किया। वे भावगम्भीर होते थे, अतः उनका निहित उद्देश्य हमारी क्षुद्र दृष्टिकी सीमामें नहीं आ सकता। अनुमानतः इसका सहज सत्य कारण यह हो सकता है कि देशकाल-पात्रके अनुसार लोक शिक्षार्थ भगवच्चरित-लेखक ऋषिगणोंका आविर्भाव होता है एवं देश-काल-पात्रके अनुसार ही वे लोग भगवच्चरितका अनभिव्यक्त भाव अभिव्यक्त किया करते हैं। ऋषि हृदयमें ही निगूढ़ लीला-रहस्य प्रकट हुआ करता है। श्रीभगवानकी परम कृपामयी प्रेरणासे जीव-शिक्षार्थ वे लोग अनभिव्यक्त लीला-रहस्य कभी तो सूत्रवत अस्पष्ट भाषामें, कभी सुधीजन-ज्ञानगम्य कुछ स्पष्ट भाषामें और कभी जनसाधारणके हितार्थ, आस्वादनार्थ एवं भजन-साधन शिक्षार्थ अति

'श्रीश्रीविष्णुप्रिया चरित' प्रकट होनेका रहस्य

श्रीमहाप्रभुजीके समकालीन वैष्णव आचार्योंने श्रीमहाप्रभुजीके सम्बन्धमें तो वृहत् साहित्यकी रचना की, पर आश्चर्यकी बात है कि किसीने भी उनकी शक्ति स्वरूपा श्रीविष्णुप्रिया देवीके सम्बन्धमें कुछ भी नहीं लिखा। गौरलीला व्यासावतार श्रीवृन्दावनदास प्रभुने श्रीचैतन्य भागवतके आदि खण्डके तेरहवें अध्यायमें केवल विवाह-लीलाका विस्तृत वर्णन किया है। ठाकुर जयानन्दने अपने ग्रन्थ 'श्रीचैतन्य मङ्गल' मे सन्यासके पूर्व प्रभु द्वारा प्रियाजीके तीव्र वैराग्य-योगकी शिक्षाका थोडासा वर्णन किया है जिसके फलस्वरूप अपनी साम श्रीमती शची माताके अप्रकट होनेके उपरान्त श्रीविष्णुप्रियादेवीने जिस प्रकारके कठोर वैराग्यका आचरण करके दिखाया वैसा उदाहरण इतिहास मे कही नही मिलता। श्रीलोचनदास ठाकुरने अपने ग्रन्थ 'श्रीचैतन्यमङ्गल' के आदि खण्डमे कही-कही विवाहके समयकी एक-दो बातोंका दो-दो तीन-तीन पंक्तियोंमे थोडा-सा वर्णन किया है और मध्य खण्डमे एक गीतकी कुछ पंक्तियोंमे प्रभुके सन्यास लेनेके विचारके समाचार पर प्रियाजीकी कातरता और प्रभु द्वारा प्रबोधका थोडा वर्णन एव सन्यासकी पूर्व रात्रिके प्रेमविलास और शृङ्गारका वर्णन १८ पयार छन्दोंमे (बङ्गलाका पयार छन्द लगभग चौपाई सरीखा होता है) तथा प्रभुके सन्यास लेनेके बाद आचार्य चन्द्रशेखरके लौटनेपर श्रीविष्णुप्रिया देवीका विलाप २६ पयार छन्दोंमे वर्णन किया है और थोडा-थोडा उनकी विरह दशाका भी वर्णन कही-कही पर किया है। उन्होने उनके सबधमे कुछ पद-रचना भी की है। श्रीवासुघोष, माधव घोष, बलरामदास, नरहरि आदि तत्कालीन पद-कर्ताओंकी पद-रचनामें भी श्रीविष्णुप्रियाजीके सबधके कुछ पद मिलते हैं। पूज्यपाद कविराज गोस्वामी श्रीकृष्णदासजीने अपने 'चैतन्य चरितामृत' श्रीग्रन्थमें श्रीविष्णुप्रियाजीका कोई विशिष्ट उल्लेख नही किया।

श्रीअद्वैताचार्य प्रभुके मन्त्र-शिष्य श्रीईशाननागरने अपने 'श्रीअद्वैतप्रकाश' काव्य ग्रन्थके इक्कीसवें अध्यायमे श्रीविष्णुप्रियाजीकी दिनचर्या और उनके द्वारा

शचीमाकी सेवाका वर्णन तेरह पयार छन्दोंमें किया है तथा बाईसवें अध्यायमें श्रीमहाप्रभुजी और शचीमाके अन्तर्धान होने पर श्रीश्रीविष्णुप्रियाजीकी कठोर भजन-प्रणाली और तपस्या का वर्णन भी पन्द्रह पयार छन्दोंमें किया है। पर और अधिक वर्णन करनेमें उनके मन प्राण भी अन्तर्वेदनाके कारण असमर्थ हो गए।

श्रीविष्णुप्रिया देवीके साक्षात् कृपापात्र श्रीश्रीनिवास आचार्य प्रभुके एक शिष्य थे श्रीरामचरण चक्रवर्ती। उनके शिष्य थे श्रीरामशरण चट्टराज और श्रीचट्टराजजीके शिष्य थे श्रीमनोहरदास। श्रीमनोहरदासजीने श्रीवृन्दावन निवास कालमें (विक्रमाब्द १७५३, शकाब्द १६१८ तथा अनुमानतः गौराब्द २११ की चैत्र शुक्ला दशमीको) श्रीवृन्दावन धाम या निकट ही किसी स्थानमें रहकर "अनुरागवल्ली" काव्य ग्रन्थकी रचना पूर्ण की थी। इस श्रीग्रन्थका प्रतिपाद्य विषय है श्रीश्रीनिवास आचार्य प्रभुका चरित्र वर्णन। अनुमान है कि अपने गुरु श्रीरामशरण चट्टराज द्वारा सुनी तत्कालीन वस्तुस्थितियोंके आधार पर ही उन्होंने इस पुस्तकमें वर्णन प्रस्तुत किया है। इस ग्रन्थके द्वितीय मञ्जरीमें श्रीश्रीनिवास आचार्य प्रभुके प्रतिकी गयी कृपाके प्रसङ्गमें श्रीश्रीविष्णुप्रिया देवीकी उत्कट तपस्याका कुछ वर्णन अवश्य है, लेकिन वह अत्यन्त संक्षिप्त है।

इसी प्रकार श्रीविष्णुप्रिया देवीकी उत्कट तपस्याका यत्किंचित उल्लेख "प्रेमविलास" ग्रन्थके चतुर्थ विलासमें भी श्रीश्रीनिवास आचार्यके ऊपर भगवती श्रीविष्णुप्रिया देवीद्वारा की गयी कृपा प्रसङ्गमें है। इस ग्रन्थमें श्रीनिवास आचार्य, श्रीनरोत्तम ठाकुर और श्रीश्यामानन्दजी द्वारा श्रीरूपगोस्वामीके षट सन्दर्भ ग्रन्थ और उनमें प्रतिपादित प्रेम-भक्तिका गौड़ देशमें प्रचार प्रसङ्गका वर्णन है। इसके रचयिता हैं श्रीनित्यानन्ददास जिनकी दीक्षा गुरु श्रीनित्यानन्द प्रभुकी गृहिणी श्रीजाह्नवी देवी थी और शिक्षा-गुरु श्रीनित्यानन्द प्रभुके आत्मज श्रीवीरचन्द्र प्रभु थे।

शकाब्द १६३६ (अनुमानतः गौराब्द २३१) में श्रीकुञ्ज नगरके श्रीपुरुषोत्तमजी मिश्र (गुप्तप्रदत्त नाम प्रेमदास) ने 'श्रीवंशी शिक्षा" श्रीग्रन्थका प्रणयन किया जो रसराज उपासनाका एक अपूर्व ग्रन्थ है। इसके चतुर्थ उल्लासके मध्यम श्रीमहाप्रभुजीके सन्यास लेनेके लिए घर जानेके बाद नींद खुलनेपर श्रीविष्णुप्रिया देवीके विलापका संक्षिप्त वर्णन है। इसके अतिरिक्त महाप्रभुजीके अन्तर्धान होनेके बाद वंशीवदन द्वारा देवीकी देखभाल और देवीको अपन दारुमूर्ति स्थापनार्थ स्वप्नादेशका बहुत संक्षिप्त वर्णन है।

सम्भवतः और भी किसी ग्रन्थमें कहीं-कहीं प्रसङ्गवश देवीके सम्बन्धमें नाममात्र उल्लेख पाया हो।

श्रीहरिदासजी गोस्वामीके "श्रीश्रीविष्णुप्रिया-सहस्रनामस्तोत्र" पुस्तकके उपसर्ग-पत्रसे पता चलता है कि श्रीशिशिरकुमार घोष अपनी "श्रीविष्णुप्रिया" पाक्षिक

पत्रिकामे समय-समयपर श्रीविष्णुप्रिया देवीके सम्बन्धमे कुछ लिखते रहते थे। इसके अतिरिक्त उन्होने अपने "अमिय निमाइ चरित" ग्रन्थमे और "निमाइ सन्यास नाटक" मे किसी-किसी प्रकरणमे प्रसङ्गके अनुसार श्रीविष्णुप्रिया देवीके सम्बन्धमे यत्किञ्चित चर्चा की है।

शिशिरबाबू श्रीविष्णुप्रिया देवीका विस्तृत चरित्र नही लिख पाये। शरीर-जर्जर-शिशिरबाबूने "श्रीअमियनिमाइ चरित" श्रीग्रन्थका छ खण्डोमे रात-दिनके कठिन परिश्रमसे प्रणयन पूरा किया और मुद्रण-कार्यका अन्तिम प्रूफ सशोधन करनेके दिन ही उन्होंने अपनी इहलोक लीला समाप्त कर ली। ऐसा अनुमान है कि उन्होने अपने अवशिष्टकार्यके लिए श्रीहरिदासजी गोस्वामीके मुखर पाडित्य एव सहृदय दैन्यको चुना तथा इनके शरीरमे सभवत प्रवेशकरके ही इस सारे साहित्यको पूरा करवाया इस अनुमानकी सत्यतापर निम्नलिखित घटनाओसे पर्याप्त अनुकूल प्रकाश पडता है।

श्रीशिशिरकुमार घोपने अपनी इहलोक लीला २६वी तारीख पौष मङ्गलवार बङ्गाब्द १३१७ गौराब्द ४२४, (दिनाङ्क १० जनवरी सन् १९११ ई०) को समाप्त की थी। 'श्रीविष्णुप्रिया चरित' की रचना ४२७ गौराब्दमे हुई है जो लगभग १११९-२० बङ्गाब्द होता है। गोस्वामी श्रीहरिदासजीने अपने जबलपुरके प्रवास-कालमे जब वे डाक-विभागमे डिप्टी पोष्ट मास्टर थे इस महान् ग्रन्थकी रचना की। प्रथम सस्करणकी मुद्रित प्रतिसे भी स्पष्ट है कि इस ग्रन्थका प्रकाशन बङ्गाब्द १३२० सालमे हुआ है। इसके पश्चात् दो वर्षकी अवधिमे ही 'श्रीविष्णुप्रिया-मङ्गल' काव्यकी रचना हुई और उसी वर्ष श्रीश्रीविष्णुप्रिया-विलाप-गीति' लघुकाव्यकी रचना पूरी हुई। इसके कुछ समय पश्चात् 'श्रीविष्णुप्रिया नाटक' नामक गद्यकाव्य भी प्रकाशमे आया।

× × ×

इन्ही दिनोमे त्रिपुरा जिलेके त्रिश नगरमे परम वैष्णव भक्त श्रीयुत् वसन्त-कुमार दे निवास करते थे जो वसन्त साधु और वसन्त दादाके नामसे प्रसिद्ध थे। इनका जब महात्मा श्रीशिशिरकुमार घोषके साथ प्रत्यक्ष साक्षात्कार नही हुआ था तब भी भाव समाधिमे उनसे साक्षात्कार प्राप्त कर वे उनको अपना भाव-गुरु मानते थे। एक स्वप्नकी घटनाके अनुसार उनका विश्वास था कि शिशिर बाबूने इहलोक छोडनेके उपरान्त श्रीहरिदासजीके शरीरमे प्रवेश किया है और अब शिशिर बाबूके न रहने पर श्रीहरिदासजी उनके गुरु स्थानमे हैं। श्रीहरिदासजीसे भी वसन्त साधुका कोई प्रत्यक्ष परिचय नही था लेकिन शिशिर बाबूके सरक्षणमे प्रकाशित 'श्रीविष्णुप्रिया' पत्रिकामे श्रीहरिदासजीके लेख पढकर वे उनको जान पाये थे। प्रत्यक्ष परिचय और मिलन न होने पर भी श्रीवसन्त साधुने श्रीहरिदासजीको उनके भोपाल निवासकालमे जो प्रथम पत्र लिखा था उससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है।

बसन्त साधुके उस पत्रका सम्बन्धित अंश निम्न है —

'आप प्रियाजीकी शक्तिसे चालित हैं यह मैं अच्छी प्रकार समझ गया हूँ। आप प्रियाजीकी अन्तरङ्गा दासी हैं। ऐसा हुए बिना उनकी इतनी मर्मकथा कैसे जानी जा सकती है।'

× × ×

एक दूसरे पत्रमें बसन्त साधुने और लिखा था—' मैंने एक मधुर स्वप्न देखा, प्रभु प्रियाजी शयनमें हैं, रात्रिका समय है, तुम और मैं शयनगृहके गवाक्षद्वारसे उचक-उचककर देख रहे हैं। हम लोगोंका स्त्रीवेश है तुम्हारी नीलवर्णकी साड़ी है और मेरी लालवर्णकी, हम लोगोंके शरीर पर नाना प्रकारके अलङ्कार हैं, मानो हम लोग नवयुवती हैं। मैं तुम्हारे पीछे पीछे हूँ। इसी समय अचानक प्रियाजी शयनगृहका द्वार खोलकर बाहर आईं। तुमने उनके साथ जो जो रङ्ग आरम्भ किया, उसको कहनेकी मुझमें सामर्थ्य नहीं है। मैं तो लज्जासे भाग गया। बताओ न दादा! तुम कौन हो?"

× × ×

प्रभुपाद गोस्वामी श्रीहरिदासजीकी एक मात्र कन्या सन्तान श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवीका विवाह १० वर्षकी अवस्थामें उनके भागलपुरकालीन निवासके समय १३वीं फाल्गुन १३१२ बङ्गाब्द २८ फरवरी सन् १९०६ ई० को हुआ था। विवाहके चौथे वर्ष अर्थात् सन् १९१० ई० में जामाताका स्वर्गवास हुआ था। कन्याके विवाहके वर्णनमें उन्होंने आत्मकथामें लिखा है कि इस दुःखद घटनाका यथास्थान वर्णन होगा, लेकिन उस समयका कहीं वर्णन नहीं मिलता। उस समय वे जयपुरमें ही थे। अपनी कन्याको १४ वर्षकी अवस्थामें ही पतिविहीन देखकर तथा इसी आयुमें श्रीविष्णुप्रियाजीको प्राप्त (श्रीमहाप्रभुजीके संन्यासजनित) असह्य वियोग दुःख दावानलके स्मरणसे (इस घटना सामञ्जस्यसे) उनका हृदय विदीर्ण हो उठा। व्याध द्वारा तीक्ष्णबाणसे क्रौञ्च मिथुनमेंसे नर क्रौञ्चके मार दिये जानेपर मादा क्रौञ्चके विरह करुण रवसे द्रवित होनेपर जिस प्रकार आदि कवि वाल्मीकिके मुँहसे करुण—

मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः ।
यत्क्रौञ्च मिथुनादेकमवधीः काममोहितम् ॥

अनुष्टुप छन्द निकल पड़ा था और करुण रस प्रधान रामायण महाकाव्यकी रचना सम्भव हुई थी उसी प्रकार श्रीहरिदासजीके द्रवित हृदयसे विशुद्ध करुण रसकी मन्दाकिनी बह चली। इनका प्रत्येक ग्रन्थ विशुद्ध करुण रस और वैष्णवी दैन्यकी अनुपम छटासे ओतप्रोत है।

× × ×

सन् १६०५ ई० के आरम्भकालमे सरकारी नौकरी करते समय तीन महीनेकी छुट्टी लेकर जब श्रीहरिदासजी गोस्वामी मोतीहारीमे अपने कनिष्ट भ्राता श्रीगुरुदासके पास जाकर रहे थे तब उन्हे सर्वप्रथम शिशिरबाबूके 'अमिय निमाई चरित" के उस समय तक प्रकाशित अशको पढ़नेका सुअवसर मिला था। अपनी आत्मकथामे उन्होंने लिखा है कि उस समय उन्हे इसमे कोई विशेष आनन्दका अनुभव नही हुआ। लेकिन बादमे दूसरी बार जब उन्होंने उसे पढा तब जो अनुभूति उन्हे हुई उसका वृत्तान्त पीछे लिखनेका उल्लेख है। इसके बाद द्विज बलरामदास ठाकुरकी जीवनीका जिक्र करते हुए उन्होंने लिखा है कि इनके सम्बन्धमे बहुतसी प्राचीन अप्रकाशित सामग्री सग्रहीत हुई है जो यथास्थान मेरी धर्म-जीवन कथामे व्यक्त होगी। दुख है कि यह सारा वृत्तान्त कही नही मिल सका। अनुमान होता है कि जबलपुर निवासके समयमे ही उन्हे सम्पूर्ण "अमिय निमाई चरित" पढनेका फिर अवसर मिला जिससे वे बहुत प्रभावित हुए। उसके बाद उनसे रहा नही गया और बरबस किसीने उनके द्वारा रात-रात भर जागकर यह कार्य सम्पादन कराया।

× × ×

अपनी सर्वप्रथम पुस्तक 'गौर गीतिका (जो उनके जबलपुर निवासकालमे प्रकाशित हुई थी और जिसकी प्रकाशन तिथि गौर पूर्णिमा गौराब्द ४२७ बङ्गाब्द १३१६ साल है) के सूचना प्रसङ्गमे उन्होंने लिखा है—

निमाई चरित पड़िते पड़िते,
मत्त हल मम प्राण।
प्रेमेर तूफान, उठिल हृदये,
सदा मुखे गौर गान॥

....

शयने भोजने, आफिसेर काजे,
देखि से सुन्दर मूर्ति।
हाड़ भाङ्गा श्रमे आयास ना माने,
गान गेये कत स्फूर्ति॥

....

कान्दि आर लिखि, आखिनीरे भासि,
कबे प्रभु पद पाव।
शिशिर घोषेर निमाइ चरिते,
ह'ल मने नव भाव॥

× × ×

स्वनाम धन्य श्रीरामदास बाबाजीके शिष्य श्रीजितेन्द्रनाथ चोपाल महाशयने (सुदूर ब्रह्मदेश रंगूनमें केलनेर कम्पनीके रेलवे होटलमें मेनेजरके पदपर काम करते हुए) अपने ६वीं तारीख कार्तिक बङ्गाब्द १३२८ के पत्रमें विष्णुप्रिया-विलाप-गीति और विष्णुप्रिया चरित्र पढ़नेपर उनका और उनकी धर्मपत्नीका जो हाल हुआ उसको वर्णन करते हुए श्रीहरिदासजी गोस्वामी को लिखते हैं कि मुझे ऐसा लगता है कि नरहरि ठाकुर जो बता गये थे कि:—

प्रभुर लीला लिखिबे जे, अनेक परे जन्मिबे से ।

"उनकी यह आश्वासन वाणी इतने दिनोंके बाद अब पूर्ण हुई है । जो विष्णु-प्रिया चरित 'अमिय निमाई चरित' एवं 'अनुरागवल्ली' ग्रन्थों द्वारा किञ्चित प्रकाशमें आया उसीका प्राकट्य अब इस ग्रन्थ द्वारा सम्भव हुआ है । कभी-कभी मुझे ऐसा बोध होता है कि आप ही प्रियाजीकी सखी काञ्चना थे, नहीं तो उनके अन्तरकी इतनी कथाओंकी जानकारी और तो किसीको हो नहीं सकती ।' कभी ऐसा भी लगता है कि आप केवल देवीकी ही अन्तरङ्ग कथा जानते हो, इतना ही नहीं है, आप उस समय श्रीगौराङ्ग लीलामें भी सहायक थे । आप हमारे गौराङ्गके गण हो, या देवीके-जो कोई भी हो आपके श्रीचरणोंमें कोटि-कोटि प्रणाम है । मैं यह निश्चयपूर्वक बता सकता हूँ कि आप साधारण मानव नहीं हैं । यदि आप हम लोगोंकी तरहसे साधारण मानव हो तो कहना ही होगा कि—

'देवतार उर्द्ध तवे मानवेर स्थान' ।

एक बार आपके दर्शनोंकी—केवल एक बार दर्शनोंकी तथा आपकी चरण-धूलि लेकर मस्तक एवं सर्वाङ्गमें लगाकर, जन्मजन्मार्जित पापोंसे निवृत्त होने की बड़ी इच्छा है-और कुछ नहीं ।"

× × ×

श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-युगल-भजन-निष्ठ श्रीश्रीविष्णुप्रिया परिवारके श्रीमान् कृष्णगोपाल गोस्वामीने श्रीविष्णुप्रिया-चरितका पाठ करके श्रीहरिदासजीको लिखा था—

"तुमने यह क्या किया ? यही क्या तुम्हारा विष्णुप्रिया-चरित है ? नहीं, नहीं, तुम भूलते हो । यह तो भक्तप्राणके लिये कालाग्नि है—क्या इसे पढ़ा भी जा सकता है ? इसके पढ़ने पर क्या प्राण ठहर भी सकते हैं ? ऐसा ग्रन्थ तुम्हारे द्वारा कैसे लिखा जा सकता है ? मैं तुमको बाल्य-कालसे ही जानता हूँ, तुम्हारी तो सर्वदा ही कुसुमके समान कोमल प्रकृति रही है । तुम्हारे कुसुम-कोमल हृदयमें इस प्रकारकी हृदय-विदारक ज्वालामयी भाषाका उदय कभी भी सम्भव नहीं । कुसुममें वज्रता, जलमें दाहिका शक्ति, पवनमें शमाहीनता यदि सम्भव हो, तो शायद यह मान सकता हूँ कि यह श्रीविष्णुप्रिया-चरित भी तुम्हारा ही लिखा हुआ होगा । यह श्रीग्रन्थ भक्तोंके लिए है ? हाँ नहीं, भक्त इसे कभी पढ़ नहीं सकेंगे ।

पढने पर उनके प्राण ठहर नही पायेगे। तुम्हारे इस ग्रन्थमें लेखनीको भाषा और भावके समन्वय गुणसे विषयकी पंक्ति-पंक्ति और अक्षर-अक्षरमे एक कैसी अद्भुत उन्मादिनी शक्तिका समावेश हुआ है जिसके पठन व श्रवण मात्रसे पाषाण-प्राण भी पिघल जाते हैं। तुम्हारे द्वारा जो असम्भव है, वही सम्भव हो गया है। जो असभवको सम्भव कर सकेते हैं, वे ही इसके कर्त्ता हैं। तुम तो केवल निमित्त मात्र हो। तुमको हिप्नोटाइज (Hypnotisc) अर्थात् चेतनाहीन करके यह कार्य कराया गया है। मैं दृढताके साथ कह सकता हूँ कि चेतनावस्थामें यह लिखते तो तुम कभी भी बच नही सकते थे,—तुम्हारे कोमल प्राण भस्म हो जाते। जो भी हो, मुझ जैसे पाखण्डीके पाषाण-हृदयको द्रवित करने वाली औषधिका सृजन तो हो गया।

× × ×

श्रीयुत विधुभूषण शास्त्री वेदान्त भूषण, भक्तिरञ्जन महोदयने ग्रन्थकारको लिखा था :—

"देव! आपकी श्रीमूर्त्ति तो बडी सुन्दर है, किन्तु हृदय इतना कठोर क्यो? कवियोका स्वभाव ही ऐसा होता है कि उन्हें स्त्रियोको कष्ट देना अच्छा लगता है। प्रमाणमे—आदि कवि वाल्मीकिने सीतादेवीको, व्यासदेवने द्रौपदी व उत्तराको कितने कष्ट दिये हैं? हमारे देशमे ही ऐसा हो—यह बात नही है, पाश्चात्य कवियोका भी ऐसा स्वभाव है। शेक्सपियरने जुलियटको और इसके भी पूर्व होमरने हेलेनको दुःख दिया था। आपने श्रीमती विष्णुप्रिया देवीको कितना अपार कष्ट दिया है? मैं आपके सम्पूर्ण ग्रन्थको पढ भी नही सका, अश्रुजलसे वक्ष तक भीग गया। आपके कुसुम-कोमल हृदयमें ऐसे हृदय-विदारक भाव आ ही नही सकते। निश्चय ही यह उन्हीं निज-जन-निठुर महाप्रभुजीका काम है। उन्होंने आपके द्वारा ऐसा ग्रन्थ लिखवाया है। उन्होने निश्चय ही आपका ज्ञान हर लिया था। आपकी सूक्ष्म देह उस समय वहाँ नहीं थी। धन्य है आपकी लेखन शैली! इस शैलीके सामने तो रवीबाबूकी लेखन-कला भी फीकी सी लगती है।"

× × ×

उपरोक्त वर्णित इन घटनाओसे 'श्रीविष्णुप्रिया-चरित' प्रकट होनेके अनुमानित कारण, निमित्त और माध्यम पर पर्याप्त प्रकाश पडता है। वैसे महात्माओ, गुरुजनो, वैष्णव-सन्तोके क्रिया-कलाप स्वयं प्रेरित कम ही होते है। उनकी वाणी, उनका कार्य और उनकी प्रत्येक चेष्टा भगवद् प्रेरित ही होती है। अतएव श्रीविष्णुप्रिया-चरितके लिखे जानेकी पृष्ठ-भूमिमें इसी सत्यको सर्वोपरि मानना चाहिए।

समाज-सेवाएं

सरकारी नौकरी कालके प्रारम्भमें ही पत्रोंमें अपने लेखों और टिप्पणियों द्वारा समाजमें व्याप्त रूढ़ियों और कुरीतियोंकी ओर सबोंका ध्यान आकर्षित कर तथा स्वयं भी सेवाकार्यमें रत रहकर जो अनुकरणीय सेवा-आदर्श इन्होंने स्थापित किया है उसका आत्म-कथामें जहाँ-तहाँ वर्णन आ चुका है। आत्म-कथाके कालके बादके मुख्य कामोंका वर्णन इस प्रकरणमें किया जा रहा है।

श्रीविष्णुप्रिया दातव्य औषधालय

श्रीधामके निवासी तथा दर्शनार्थ बाहरसे आने वाले अकिंचन लोगोंके रोगाक्रान्त होनेपर उनकी दुर्दशासे द्रवित होकर श्रीपाद गोस्वामी प्रभुने बङ्गाब्द १३३३, गौराब्द ४४० की झूलन पूर्णिमाके दिन "श्रीश्रीविष्णुप्रिया दातव्य औषधालय" की स्थापना की जिसमें सर्व-साधारणकी निःशुल्क चिकित्साका समुचित प्रबन्ध था। अपनी व्यक्तिगत आर्थिक कठिनाइयोंके बावजूद इसके प्रारम्भिक-व्ययका भार स्वयं गोस्वामी प्रभुने अपने ऊपर ही लिया। प्रारम्भमें गौरभक्तवर डाक्टर श्रीमान् हरेन्द्रनाथ घोष एम० बी० ने होमियोपैथिक पद्धतिसे चिकित्सा आरम्भकी। १४ ८० मासिक घरका भाड़ा देना पड़ता था। तीन महीनेमें ही प्रतिदिन आने वाले रोगियोंकी संख्या सानसौसे ऊपर पहुँच गई। बाहरसे केवल नाममात्रकी अर्थ-सहायता आती थी। अधिकतर व्यय भार गोस्वामी प्रभुपर ही था। अर्थाभावके कारण कुछ वर्ष सेवा करने बाद यह संस्था उनके जीवनकालमें ही बन्द कर देनी पड़ी थी।

धार्मिक पाखण्डियोंका भण्डा फोड़

भारतके प्राय सभी सन्त महात्माओंने हिन्दू समाजकी कुरीतियोंके विरुद्ध आवाज उठायी है, और कुरीतियोंको दूर करने तथा समाजमें सुधार करनेका उपदेश दिया है। श्रीहरिदास गोस्वामीने भी सामाजिक कुरीतियोंके विरुद्ध कलम कुठार

चलाया है, और स्वयं विशुद्ध आचारका अवलम्बन करके स्वजातिके लोगोंको विरोधी बनाया है।

कालक्रमसे वैष्णव-आचारमें पाखण्डी लोगोंका प्रभाव बढ़ते देखकर श्रीश्रीविष्णुप्रिया गौराङ्ग पत्रिकाके स्तम्भोंमें उनकी पर्याप्त भर्त्सना करनेके लिए लेखकोंको अवसर देकर तथा स्वयं टिप्पणियाँ लिखकर श्रीगोस्वामीजीने समाजको विशुद्ध चेतना प्रदान की है। वेषधारी, दुर्वृत्त वैष्णवनामधारी पाखण्डियोंको लक्ष्यमें रखकर वे श्रीविष्णुप्रिया गौराङ्ग पत्रिकाके सप्तम वर्षके १०-११ संख्याके पृष्ठ ४०६ में लिखते हैं—

"अवैध स्त्री-सङ्गी वैरागी और गृही एवं तथाकथित गौरभक्त वैष्णवाभिमानी लोगोंके कपट-वैष्णव-धर्मानुष्ठान और आचरणके विषयमें जो पहले कह चुका हूँ उतना ही यथेष्ट है। बहुतेरे शिक्षित और सम्भ्रान्त वैष्णव सज्जन अब उनसे सतर्क हो गए हैं। वे अब अनुभव कर रहे हैं कि जिन साधुवेशी पाखण्डी हाथोंसे अमृत समझकर उन्होंने विष ग्रहण किया है, उसके परिणामस्वरूप वे श्रीमन्महाप्रभुके द्वारा परिवर्तित विशुद्ध वैष्णवधर्मके चिर-विकसित प्रोज्ज्वल-सत्पथसे बहुत दूर चले गए हैं। अवैध स्त्री-सङ्गी लोगोंके सङ्गसे उनकी जो अधोगति हुई है इसके लिए वे अत्यन्त दुःखित और लज्जित हैं। कितने ही शिष्य व्यवसायी, गृही-गुरु-गोसाईं, तथा विग्रह व्यवसायी धर्मध्वजी-प्रबन्धक, धूर्त्त और प्रवञ्चक तथाकथित वैष्णवनामधारी निर्लज्ज लोगोंने महाप्रभुके इतने साधके वैष्णव धर्मको पूर्ण व्यवसायके रूपमें परिणत कर रखा है। वे अवैध स्त्री-सङ्गी वैरागी-वैष्णवोंके संसर्गको पूर्णतः त्याग न सकेंगे, क्योंकि उनकी धर्म-व्यवसाय वृत्ति तथा तद्द्वारा अवैध उपायसे अर्थोपार्जन इसमें बाधक है।"

इससे स्पष्ट हो जाता है कि श्रीहरिदासजी गोस्वामीने धूर्त पाखण्डियोंके कुकृत्योंसे भावुक धार्मिक जन-मानसको बचानेके लिए अपनी लेखनीका खुला प्रयोग किया था। बौद्ध तान्त्रिक "सहजिया" सम्प्रदायके वामाचारके विरुद्ध भी उन्होंने अपनी पत्रिकामें आन्दोलन चलाया। विशुद्ध वैष्णवधर्मकी सेवाके लिए ऐसा करना उनके लिये स्वाभाविक भी था, क्योंकि समाज-गत कुप्रथाओंका निराकरण किए बिना सत्पथका प्रसार होना कठिन था।

मत्स्य भक्षणका विरोध

इसके अतिरिक्त स्वयं गोस्वामी उपाधिधारी वैदिक ब्राह्मणोंमें भी अनेक कुप्रथाएँ विद्यमान थीं, जिनके विरुद्ध उनको खड़ा होना पड़ा। जिन गोस्वामी लोगोंमें मत्स्य-मांस भोजनकी प्रवृत्ति थी, वे इनके विशुद्ध वैष्णवी शाकाहारके प्रचारके विरोधी थे। गोस्वामी लोगोंमें विवाह-शादीमें मछलीसे सगुन होता था; श्रीहरिदासजीने इस

प्रथाको हटाकर इसके स्थानमें दहीसे सगुन करना प्रारम्भ किया। अपने भाईके लड़कोंके विवाहमें स्वयं उन्होंने दहीसे सगुन किया। इस पर अन्य गोस्वामी लोगोंमें खलबली मची। सनातन धर्मके नाम पर बहुतसे लोग इस कुरीतिसे सटे रहना चाहते थे, परन्तु अधिकांश पर वैष्णव धर्मका प्रभाव पड़ा और उन्होंने श्रीहरिदासजीके पक्षका ही समर्थन किया। इस प्रकार गोस्वामीजी जहाँ रहे, शुद्धता पर विशेष ध्यान देते रहे, और स्वयं शुद्ध आचरण-पद्धति पर आरूढ़ रहे।

अन्य सेवाएं

श्रीहरिदासजी गोस्वामी बहुमुखी प्रतिभा वाले महापुरुष थे। वे जहाँ कहीं रहते थे, जनताकी सेवामें योग देते थे। वृन्दावनमें रहते समय केशीघाट और प्रेम महाविद्यालयके बीच एक पक्के नालेका अभाव देखकर उन्होंने जिला बोर्ड करके म्यूनिसिपल्टीके द्वारा उसे बनवाया, जिससे वहाँके नागरिक और साधु-सन्त परम सन्तुष्ट हुए।

अजमेरमें रहते समय उन्होंने स्वयं रुपये खर्च करके तथा दूसरे लोगोंसे चन्दा एकत्रित करके बङ्गालसे आने वाले यात्रियोंके निमित्त पुष्कर तीर्थमें एक धर्मशाला बनवाई।

उन्होंने श्रीनवद्वीपधाममें रामसीता पाड़ा मोहल्लेमें अपनी स्वर्गीया धर्मपत्नीके नामपर १३५० बङ्गाब्दमें "श्रीलीलावती भक्ति शास्त्र पीठ" की स्थापना की, जिसमें अध्याय शास्त्रोंके अतिरिक्त विशेषरूपसे भक्ति शास्त्रकी शिक्षा दी जाती है। यह संस्था अभी चल रही है।

इसके अतिरिक्त श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-कुञ्जमें एक सुन्दर ठाकुरबाड़ी बनवायी, जो श्रीनवद्वीपधामकी यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के लिए एक दर्शनीय तीर्थ है।

प्रभुपाद श्रीहरिदासजी गोस्वामी अपनी धर्मपत्नी श्रीमती लीलावती देवीके साथ

श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवी

श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवी

बालपन

प्रभुपाद श्रीहरिदास गोस्वामीकी एकमात्र सन्तान श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवी हैं। वे पुत्रीको पुत्रवत् मानते थे। एक मात्र सन्तान में माता-पिताका असीम स्नेह होता है। अतएव श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवी बचपनमें बड़े ही लाड़-प्यारसे पाली गई थीं। भागलपुर निवासकालमें उनको केवल ४ महीने पाठशालामें पढ़ने भेजा गया था। इसके अतिरिक्त उन्हें कभी किसी विद्यालयमें नहीं पढ़ाया गया। इन सबका वर्णन आत्मकथामें आ चुका है।

शास्त्र-वाक्य है—"आत्मा वै जायते पुत्रो"। अर्थात् पुरुष की आत्मा स्वयं पुत्र रूप में उत्पन्न होती है। पुरुष बीजरूपमें है और सन्तान फल स्वरूप। अतः देखा जाता है कि सन्तान बहुधा रूप-रङ्ग आकृति तथा गुणमें पिताके अनुरूप होती है। बिना पाठशालाके विद्याभ्यासके ही श्रीसुशीला सुन्दरी देवी पिताके सदृश्य विदुषी हो गईं। बंगला और संस्कृत भाषा में इनका अच्छा अधिकार है। दोनों भाषाओंमें ही ये काव्य रचना करती हैं। इनकी रचनाएँ 'श्रीविष्णुप्रिया गौराङ्ग' पत्रिकामें प्रायः प्रकाशित होती थीं। इनकी बंगलाकी कुछ कविताओंका संग्रह ('अश्रु-भस' नामसे) प्रकाशित हो चुका है जिसमें सभी पद्य बड़े भावपूर्ण हैं। यह पुस्तक 'श्रीगौरविष्णुप्रिया कुञ्ज' बुज शिवतला गौरचरोप नामसे उपलब्ध है। इनकी एक व्रजलीला काव्य-रचना अभी अप्रकाशित ही पड़ी है।

विवाहके बाद

आत्मकथामें वर्णन आ चुका है कि इनका विवाह लगभग १० वर्षकी अवस्थामें भागलपुरमें १३ वीं फाल्गुन, बङ्गाब्द १३१२, गौराब्द ४१९, २८ फरवरी सन् १९०६ को सम्पन्न हुआ था। बन्धु-वियोग प्रकरणमें वर्णन आ चुका है कि आश्विन मास बङ्गाब्द १३१६ में विवाहके चार वर्षके भीतर-भीतर ही इन्हें वैधव्य दुःख भोगना

पड़ा। पतिके श्राद्ध-कर्म समाप्त होनेके एक सप्ताहके भीतर ही इनपरसे पितृ स्थानीय श्वसुरदेवकी छत्रछाया भी उठ गई। उस समय विचित्र स्थिति पैदा हो गई। इनके पिता श्रीहरिदासजी गोस्वामी प्रभु इन्हें साथ ले जाना चाहते थे और ये सासको उस अवस्थामें छोड़ना नहीं चाहती थीं। लगभग २-३ वर्ष तक ये कभी पितृगृहमें और कभी सासकी सेवामें रहीं।

पितृगृहमें रहनेके समय श्रीहरिदासजी गोस्वामी डाक-विभागकी अपनी नौकरीसे छुट्टी लेकर इन्हें तीर्थ यात्रामें ले गये और दीर्घकाल तक इन्हें साथ लेकर वृन्दावन भी रहे। पति-वियोग और श्वसुर-वियोगकी दावाग्निसे दग्ध पुत्रीके सुकोमल हृदयको शान्ति प्राप्त हो इस विचारसे श्रीहरिदासजी गोस्वामी प्रभु सुशीला सुन्दरी देवीको साथ बैठाकर एक साथ मिलकर ठाकुर पूजा किया करते थे। कन्याके जीवनको आराधनामय बनाना ही उनका एकमात्र लक्ष्य था।

आराधनामय जीवन

पति वियोगके दो-तीन वर्षके उपरान्त श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवी स्थायीरूपसे अपने पिताके पास रहने लगीं। भोपाल निवासकालमें एक बार पिताके साथ वृन्दावनकी यात्रा की तब वहाँसे लौटते समय श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवी वृन्दावनसे श्रीमदनगोपालकी और श्रीगौरविष्णुप्रियाकी मूर्ति लेती आयीं। पहले जो आराधना चित्रपटमें होती थी अब वह श्रीविग्रहमें होने लगी।

भोपाल रहते समय सुशीला सुन्दरी देवीने श्रीधर स्वामी और श्रीविश्वनाथ चक्रवर्तीकी संस्कृत टीकाके साथ श्रीमद्भागवत्‌का अध्ययन और मनन किया। श्रीमद्भागवत्‌के बङ्गानुवादसे भी सहायता ली गयी। इस प्रकार इन्हें श्रीमद्भागवत्‌की अच्छी जानकारी हो गयी।

इसके पश्चात् अपने स्वाध्यायके बलपर भक्ति-शास्त्रकी परीक्षामें सफल होकर श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवीने उपाधि और पदक प्राप्त किए।

श्रीगोस्वामीजीके गौरधाम-गमनके बाद श्रीश्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग-कुञ्जमें (श्रीधाम नवद्वीपमें) श्रीविग्रहकी अष्टयाम पूजा सेवा प्रारम्भ हुई जो अब भी अबाध गतिसे चल रही है। अस्वस्थ होनेपर असमर्थताकी हालतमें ही ठाकुर सेवा कार्यमें उन्हें विलग होना पड़ता है जैसे ही शरीरमें सामर्थ्य आती है वैसे ही फिर ठाकुरसेवामें जुट जाती हैं।

समाज-सेवामें ओर

श्वसुरालयसे मिली हुई सम्पत्तिसे श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवीको जो आय होती है उसका व्यय भगवदर्थ ही होता है। दो शिक्षा सम्स्थाओंको योग्य और दीन बालकोंको छात्रवृत्ति देनेके लिए उन्होंने उस आयमेंसे दो-दो हजार रुपये दान किये

हैं। "लीलावती भक्तिशास्त्र पीठ" को भी छात्रवृत्ति देनेके निमित्त चार हजार रुपये इन्होने दिये हैं।

वैष्णवी दैन्य

श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवी योग्य पिताकी योग्य सन्तान हैं। उनके पिताके शिष्यगण उन्हें माताजी कहकर सम्बोधन करते हैं और देवतुल्य सम्मान प्रदान करते हैं। श्रीहरिदासजीके गौरधाम गमनके पश्चात उनके भक्तोंने आग्रह पूर्वक इनसे प्रार्थना की कि अब ये शिष्योंको मन्त्र-दीक्षा देनेका कार्य अपने हाथमें लें परन्तु इन्होंने इसको स्वीकार नही किया और अपने चचेरे भाई सुरेन्द्रनाथ गोस्वामीको यह कार्य सौंपा।

श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवी वैष्णवोचित दैन्यसे युक्त निष्ठामयी देवी हैं। इस समय उसकी अवस्था ६५ वर्षके लगभग हो गयी है। शरीरसे अस्वस्थ रहती हैं। फिरभी अपने भजन-पूजन का नित्य नैमित्तिक कार्य अपने पिताके आश्रम श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग कुञ्जमे चला रही हैं। श्रीहरिदासजी गोस्वामीके ग्रन्थोकी पाण्डुलिपि, उनका पुनः प्रकाशन, 'श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग' पत्रिकाके पुराने अङ्क आदिकी देखभाल और व्यवस्था इन्हींके हाथोमे हैं।

साहित्य सेवा

श्रीमती सुशीला सुन्दरी देवी स्वाभाविक कवियित्री हैं। इनके मनमे जबभी कोई भाव उठता है, कविताके रूपमे सामने आ जाता है। इनकी रचनाएं श्रीविष्णुप्रिया गौराङ्ग पत्रिकामे अवसर प्रकाशित होती रहती थी, दास्य, सख्य, वातसल्य और मधुर भावकी कविताओका सग्रह 'चतु सम' नामकी पुस्तकमे प्रकाशित हो चुका है जिसमे ६७ बडी बडी कविताएँ हैं। इनकी अप्रकाशित कविताएँ भी लिखी पडी है।

०

उपसंहार

•

प्रभुपाद गोस्वामीजी अपने काममें कितने परिश्रमी और दक्ष थे यह इससे सुस्पष्ट है कि उन्होंने डाकघरमें अवैतनिक शिक्षानवीसके रूपमें कार्य आरम्भ कर कर लगभग पाँच सौ रुपये महीनेकी नौकरी तकका पद प्राप्त किया। अवकाश प्राप्त करनेके समय वे वरिष्ठ पदाधिकारीके रूपमें सम्मानित हो चुके थे।

इनका सांसारिक-जीवन प्रायः सदा ही अर्थ संकोच और कठिनाइयोंमें व्यतीत हुआ। फिर भी अपने दुःखपूर्ण और कष्टमय जीवनको इन्होंने आभूषणके रूपमें स्वीकार किया। इतना ही नहीं निम्न प्रार्थनाके स्वरोंमें अपने प्राणप्रियसे दुःखकी सदैव याचना ही करते रहे।

गौर हे!

दुःखेर आशाय रयेछि बसिये
दाओ दुःख प्रभु आरो।
सुख देये तोमा गिये छिनु भूले
दाओ दुःख जत पारो।
बुझेछि एखन, सुख-दुःखमय
दुःखइ सुखेर मूल।
दुःखेर जीवन बड़ सुखमय
साधनार अनुकूल॥
साधनार पथे दुःख तव दया
ताइ चाइ दुःख राशि।
दुःखेर साधने पाय तोमा जीवे
ताइ, दुःख, ज्वाल, [illegible]।
छिछि माया पेते, चरण कमले
चाइ भिक्षा कर जोड़े।
दाओ आरो दुःख, ओहे दयामय,
राखि तोमा प्राण भरे॥

एकबार ये तीन महीनेकी छुट्टी लेकर अपने अनुज श्रीगुरुदासके पास जाकर मोतीहारीमे रहे थे। वहाँ उन्हें सर्व प्रथम महात्मा श्रीशिशिरकुमार रचित श्रीअमिय निमाई चरित पढनेका अवसर मिला था। उन्होंने लिखा है कि उस समय उन्हे उसमे विशेष आनन्द और रसानुभूति नही हुई लेकिन बादमे दुबारा जब उस ग्रन्थको पढनेका अवसर मिला तब उसमे विशेष आनन्द आया। डाक-विभागकी सरकारी नौकरीपर बदली होकर नागपुर जाने तकका वृत्तान्त आत्मकथामे है। इसके बाद इनकी बदली जबलपुर हुई, वहाँसे भोपाल, भोपालसे अजमेर और फिर अजमेरसे कलकत्ता आये लेकिन उस कालकी जीवन घटनाका कोई वृत्तान्त नही मिला। अनुमान है कि उनको "श्रीअमिय निमाई चरित" पढनेका दुबारा अवसर जबलपुरमे ही मिला, जहाँसे उनकी जीवनधाराका प्रवाह एकदम बदल गया जो उनके स्वरचित ग्रन्थोंसे प्रतीत होता है।

अनुमानतः सरकारी नौकरीसे वङ्गाब्द १३३०, गौराब्द ४३७ मे या उसके कुछ बाद पूर्ण अवकाश ग्रहणकर गोस्वामीजी श्रीधाम नवद्वीपमे स्थायी रूपसे बस गये थे।

श्रीहरिदासजी गोस्वामीका जीवन एक सन्त और साधु पुरुषका जीवन था। भ्रातृ-वियोगके बादसे ही सासारिक जीवनसे उनकी विरक्ति हो गयी और वे हरिभक्तिकी ओर झुके। कन्याके वैधव्यके बाद तो वे पूर्ण वैष्णव साधक बन गये। ठाकुर सेवा, नाम स्मरण और सङ्कीर्तन उनका नित्यकर्म बन गया। यह साधना वे बडी निष्ठा और भावसे करने लगे। उनकी तन्मयता बढती गयी और नौकरीके समयमे ही वे एक साधु पुरुषके रूपमे प्रसिद्ध हो गये।

वे जब नौकरी करते समय छुट्टी लेकर तीर्थ करने या कहीं उत्सव आदि प्रचार कार्यमे जाते तो ठाकुर-पूजा साथ साथ चलती। यदि कही स्टेशनपर ठहरना पडता तो वहाँ ही जब लोग सोये रहते तभी तडके स्नानादिसे निवृत होकर ठाकुरजीका सिहासन सजाकर पूजा आरती शुरू हो जाती, घडी-घण्टा बजने लगते और नाम-सङ्कीर्तन प्रारम्भ हो जाता। लोग नीदसे जागकर चकित होकर देखने लगते। प्रायः बालक लोग आकर नाम-सङ्कीर्तनमे शामिल हो जाते थे, कही-कही दूसरे सरल हृदयके लोग भी नाम सङ्कीर्तनमें सम्मिलित हो जाते थे।

श्रीहरिदासजी गोस्वामी भगवत्साक्षात्कार करने वाले सिद्ध पुरुष थे। त्रिशाके महात्मा बसन्त साधुके सङ्कीर्तन उत्सवमे जब गये तो उनकी पूजा आराधना साथ-साथ गयी जिससे लोग बडे प्रभावित हुए और मन्त्रदीक्षा लेने लगे। वे—

"हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे॥"

इस सोलह नाम, बत्तीस अक्षरोंके मन्त्रकी दीक्षा देते थे। फिर तो इनका प्रभाव बढता गया और धीरे-धीरे पूर्व बङ्गालके कई जिलोंमे हजारोकी सख्यामे लोग शिष्य बन

गये तथा जो साधना वे स्वय करते थे उसी साधनाके पथपर अपने शिष्योंको चलाया। आज भी सहस्रों गृहस्थ और साधु उनके दिखाये हुए मार्गपर चलते हुए भगवद्भजनमें निरत हैं। समाजको गोस्वामीजीकी यह बहुत बड़ी देन है और वैष्णव धर्मकी बहुत बड़ी सेवा है।

मध्य भारतके निवासकालमें अनुमानतः बङ्गाब्द १३२०-२१ में लम्बी छुट्टी लेकर अधिक समय तक गोस्वामी प्रभु सपरिवार वृन्दावनमें प्रेम महाविद्यालयके निकट केशीघाट पर किरायेका मकान लेकर श्रीकृष्णपददास बाबाजीके समीप रहते थे। बाबाजीके स्वधामगमन होनेके बाद गोस्वामी प्रभुने उनके विषय में लिखा था:—

"श्रीवृन्दावनवासी अस्सी वर्षके वृद्ध भजनविज्ञ श्रीकृष्णपददास पण्डित बाबाजी महाराजको व्रज-प्राप्ति हो गयी, यह शोक सवाद पाकर गौडीय वैष्णवमात्रको मर्मान्तक व्यथा हुई है। वे हमारे एक विशेष परमार्थिक बन्धु थे। उनकी मेरे ऊपर बड़ी कृपा थी। एक वर्षसे अधिक समय तक श्रीवृन्दावन-वासके समय वे हमारी पारिवारिक इष्टगोष्टीमें प्राय साथ देते रहे। मेरी स्त्री और कन्या पर वे विशेष स्नेह-दृष्टि रखते थे। केशीघाट पर हमारे निवास स्थानके ऊपरकी छत पर एकान्तमें बैठकर गुमघुर गौरकथामें बहुत रात तक प्रेमानन्दमें जागते रहते थे। कितनी ही हार्दिक बातें मैंने निष्कपट भावसे उनसे कही थीं और उन्होंने भी अपने हृदयकी बातें मुझे सुनायी थीं।......इत्यादि।"

केशीघाट पर एक दूसरे महात्मा श्रीगौर गोविन्द भागवत स्वामी थे। वे बाल-ब्रह्मचारी और उदासीन थे। गोस्वामी प्रभुके बड़े प्रेमी थे। उनकी श्रीधाम नवद्वीपमें रामसीता पाड़ामें दवेत प्रस्तरकी मूर्ति स्थापित है, और एक आश्रम है। आश्रमकी भूमि श्रीहरिदास गोस्वामी प्रभुने उपर्युक्त महात्माके शिष्यके नामसे दानमें दी थी। इन महात्माका गोस्वामी प्रभु और उनके परिवारके प्रति बड़ाही स्नेह भाव था।

इन महात्माओंके सम्पर्क-कालमें श्रीवृन्दावन धाममें विष्णुप्रिया साहित्यकी कुछ रचनाएँ हुई थीं।

उन दिनों श्रीवृन्दावनमें श्रीगौर-गदाधरकी उपासनाकी प्रथा प्रचलित थी। गोस्वामी प्रभु श्रीश्रीगौर विष्णुप्रियाके उपासक थे, और इस उपासनाके प्रचारक थे। श्रीविष्णुप्रिया पत्रिकामें इसके सम्बन्धमें उनके लेख भी निकलते थे। इससे श्रीवृन्दावनके गौडीय वैष्णवोंमें तहलका मच गया, और उन्होंने इसका यत्र-तत्र विरोध करना आरम्भ किया। परन्तु सार्वभौम गोस्वामी श्रीमधुसूदन शास्त्री जैसे विद्वान इसके समर्थक थे। अतएव इसका पक्ष जोर पकड़ता गया।

अजमेरके प्रवासकालमें जब इनके निवास स्थान पर पूजाके घन्टा-घड़ियाल बजते और नाम सङ्कीर्तन होते समय तो स्थानीय जनता बड़े उत्साहसे उसमें भाग

लेतो। लोग बडे प्रभावित होते । ऐसा प्रतीत होता है कि अजमेरमे उनकी साधना परकाष्ठाको पहुँच गयी थी। केवल बङ्गाली समाज ही नही, वरन् वहाँके अन्य निवासी भी उनको बडे आदरकी दृष्टिसे देखते थे। गोस्वामीजी जब अजमेरसे कलकत्ता बदली होकर गये तब वहाँकी जनताने उनको बडे सम्मान तथा समारोहके साथ विदाई दी थी। सुना गया है कि अजमेरमे रहते समय गोस्वामी प्रभुको श्रीश्रीगौराङ्ग महाप्रभुके साक्षात्कारका लाभ भी हुआ था। श्रीपाट एकचक्रामे श्रीश्रीनित्यानन्द महाप्रभुका भी दर्शन उनको प्राप्त हुआ था, जिसका विवरण श्रीपाट एकचक्रातीर्थ-दर्शनके वर्णनमे अन्यत्र दिया गया है। सम्भवत इसी प्रकारका दर्शन अजमेरमे भी इन्हे हुआ होगा।

गौराब्द ४३७, बङ्गाब्द १३२६ गौर पूर्णिमासे उनने "श्रीश्रीविष्णुप्रिया गौराङ्ग" मासिक पत्रिकाका सम्पादन और प्रकाशन आरम्भ किया था । जो कुछ पेंशनकी आय थी उसीमेसे साधु-वैष्णव-सेवा, कुटुम्ब-पोषण और इस पत्रिकाके खर्च हानिको सभालना पड रहा था। लेखन, सम्पादन, प्रूफ सशोधन ग्राहकोंसे पत्र-व्यवहार, ग्राहकोंको पत्रिका भेजनेका प्रबन्ध आदि सब कार्य अकेलेही उन्हे करने पडते थे। उनकी कन्या सुशीला सुन्दरी देवी, जिसका उनकी आत्म-कथामें कई जगह प्रसङ्ग आया है विवाहके बाद चौथे वर्षमे पति-वियोगके कारण गौरचरणाश्रित होकर इन्हीके पास रहा करती । सुशीलाजी स्वय एक सुयोग्य कवियित्री हैं । अत. अपनी सुन्दर भावपूर्ण रचनाओसे पिताकी पत्रिका की यत्किञ्चित सेवा किया करती थी। आगे जाकर श्रीअमृतलाल दत्त नामके एक भक्तने कार्याध्यक्षका पद स्वीकारकर व्यवस्था कार्यमे सहयोग दिया था। यह पत्रिका दश वर्ष तक चलनेके पश्चात् श्रीगोस्वामीप्रभुकी अस्वस्थताके एव अर्थाभावके कारण बन्द हो गयी।

पेंशनकी आय समय समय पर एक मुश्त नकद रुपमे लेनेसे बहुत कम हो गई थी। साहित्य प्रकाशनके खर्च निमित्त उन्हे नकद रुपये लेनेकी आवश्यकता पडती थी। इस तरह पेंशनकी नियमित मासिक आय बहुत घट जानेसे खर्च चलानेमे बहुत कठिनाई होती थी । यह कठिनाई यहाँ तक बढ गई थी कि पत्र-व्यवहारके खर्चका भार भी बहन करनेकी सामर्थ्य नही रही जिससे बाध्य होकर श्रीश्री विष्णुप्रिया गौराङ्ग पत्रिकाके नवें वर्षके नवें अक मे सूचना प्रकाशित कर-कर निवेदन करना पडा कि पत्र-लेखक महोदय किसी विशेष विषय पर पत्रोत्तर चाहे तो उसके लिए आवश्यकीय डाक टिकट भेजने की कृपा करें। श्रीश्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग-कुञ्जमे जो सामयिक उत्सव महोत्सव आदि होते थे, उनके खर्चमे नाना स्थानोंसे आये हुए शिष्य वर्ग सम्मिलित हो जाया करते थे ।

बङ्गाब्द १३५० की पौष शुक्ला चतुर्दशीके दिन उनकी धर्मपत्नी श्रीमती लीलावती देवीका देहान्त हो गया, जिनके नामपर उनके जीवन कालमे ही "लीलावती भक्ति शास्त्र-पीठ" की स्थापना श्रीगोस्वामी प्रभु द्वारा हुई।

श्रीनवद्वीप धाममें सिद्ध-महात्माके रूपमें लोग श्रीगोस्वामीप्रभुका आदर करते थे और वहांके सिद्ध-साधु सन्तोंमें इनकी गणना थी। अन्तिम समयमें आपको रक्तचाप और पील पावकी बीमारीसे शारीरिक कष्ट भोगना पड़ा। उस समय इनकी शारीरिक सेवा उनके सबसे छोटे भतीजे श्रीसुरेन्द्रनाथ गोस्वामी किया करते। मल मूत्र त्याग करवानेका सेवाकार्य भी श्रीसुरेन्द्रनाथजी ही किया करते। देहावसानके एक महीना पहलेसे ही श्रीगोस्वामी प्रभु मौन हो गये थे और किसी भी कुशल प्रश्न आदिका कोई उत्तर नहीं देते थे, केवल,

"हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे॥"
तथा "जय शचीनन्दन जय गौरहरि।
विष्णुप्रियार प्राणनाथ नदिया विहारी॥"

मन्त्रोंका स्मरण करते रहते और कानके पास सुनानेपर बोलकर दोहराते भी। उनके मुख-मण्डलपर उज्ज्वल कान्ति बराबर बनी रही, परन्तु आहार बन्द हो गया था। इसकालमें तन्द्राकी तरह दिन रात ध्यानस्थ रहा करते थे। अन्तमें अठहत्तर वर्षकी अवस्था पूर्ण करके पौष शुक्ल १, बङ्गाब्द १३४२ सालके दिन रात्रिको दस बजेके अनुमान वे इस संसारको छोड़कर गौर धाम चले गये। प्राणान्त होजानेके बाद भी उनके मुखकी कान्ति और छटा वैसी ही बनी रही। डाक्टरोंके प्राणान्त होनेकी घोषणा करते ही श्रीनवद्वीपधाममें यह समाचार बिजलीकी तरह क्षण भरमें व्याप्त हो गया और चारों ओर विषाद छा गया।

दूसरे दिन सवेरे श्रीहरिदासजी गोस्वामी प्रभुकी शव-यात्रा समारोह निकाली गयी। श्रीधामके बहुतसे कीर्तन दल श्रीहरिनामकी सुमधुर कीर्तन ध्वनि करते हुए साथ-साथ चल रहे थे। सबोंके चेहरों पर विषादकी रेखाएँ स्पष्ट थी। शव-यात्राका जुलूस श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग कुञ्जसे प्रारम्भ होकर श्रीमन्महाप्रभुजीके धामेश्वर मन्दिर, श्रीनित्यानन्द प्रभुके श्रीमन्दिर, पुरामातला शक्तिपीठ, श्रीवास-आङ्गन, श्रीरामदास बाबाजी (ललिता सखी) आदि स्थानों पर ठहरता हुआ गया, प्रत्येक जगह पुष्प मालाओं द्वारा श्रीगोस्वामीप्रभुके प्रति सम्मान-सत्कार प्रकट किया गया। जबतक विना-कार्य चलता रहा, सब लोग —

"जय शचिनन्दन जय गौरहरि।
विष्णुप्रियार प्राणनाथ नदिया बिहारी॥"

मन्त्रका अविराम कीर्तन करते रहे।

श्रीश्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग-कुञ्जके श्रीमन्दिरमें द्विज श्रीबलरामदास ठाकुर द्वारा धार्मीन बामगौरांग श्रीविग्रह, श्रीबलरामदासजीके पिता श्रीसत्यभानु उपाध्यायके

द्वारा सेवित लड्डू गोपाल श्रीविग्रह, श्रीहरिदास गोस्वामीप्रभुके श्रीगौर-विष्णुप्रिया श्रीविग्रह तथा श्रीसुशीला सुन्दरी देवीके श्रीमदनगोपाल श्रीविग्रहकी अद्यावधि विधिपूर्वक अष्टयाम पूजा-सेवाका प्रबन्ध है। अर्थ-प्रबन्धके लिए ३० बीघा जमीन बर्धवान जिलेमे आश्रमके नाम पर ली गई है। कोई-कोई शिष्य भी आर्थिक सहायता करते हैं।

श्रीगोस्वामी प्रभुका तिरोधाम दिवस बसन्त पञ्चमीके ३५ दिन पूर्व, पौष शुक्ल प्रतिपदाको मनाया जाता है। उस दिन अनेक स्थानोसे शिष्यवर्ग समवेत होकर ३ दिन तक अखण्ड कीर्त्तन करते है, तथा दरिद्रनारायण प्रसाद पाते हैं। श्रीगोस्वामी प्रभुकी पुत्री श्रीसुशीला सुन्दरी देवी अब वृद्ध हो गई हैं, उनके सबसे छोटे चचेरे भाई श्रीसुरेन्द्रनाथजी गोस्वामी भी साथ ही रहते है। आश्रममे दो-तीन सेविकाएँ हैं, जो सेवा कार्यमे रत रहती है। श्रीनवद्वीप धाममे श्रीश्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्ग-कुञ्ज स्वगं एक तीर्थस्थली है, तथा श्रीगोस्वामी प्रभुका एक पावन स्मृति-चिह्न है।

"जय श्रीविष्णुप्रिया-गौराङ्गकी जय"

'प्रभुपाद श्रीहरिदासजी' गोस्वामी पुस्तकके

प्रथम हिन्दी संस्करणका शुद्धि पत्र

पृष्ठ संख्या	पंक्ति संख्या	अशुद्धि	शुद्धि
२०	१०	भोजनोपयोगी	भजनोपयोगी
२२	७-८	श्रीपाद घनश्याम गोस्वामी प्रभु	श्रीपाद घनश्याम सार्वभौम गोस्वामी प्रभु
२३	१०	मेरी दयामयी पितामही देवी	मेरी पितामही दयामयीदेवी
२६	२१	नाक खूब चपटी थी	नाम खूब तीखी थी
७५	२३	जुआ	शतरञ्ज
१६०	२७	भट्ठा	मट्ठा
१६६	८	शिशर	शिशिर
१७२	२०	हं'लान	हं'लाम
१७२	अन्तिम	कृतज्ञ	अकृतज्ञ
१७५	७	दादाका	दादा
१७६	२०	देते	देरी
१८८	२४	परिलुप्त	परिप्लुप्त
२०५	१५	अन्वेरे	अन्धेरे
२०९	१२	कञ्चना	काञ्चना
२०९	१५	अतितप्रभा	अमितप्रभा
२३९	२४	नाम शुद्ध	शुद्ध नाम
२४०	४	बनाया	बताया
२५९	२०	मोट	भोट
२६७	११	वहिर्वस्त्र	वहिर्वस्त्र
२७३	५	वाणीसे	बाणोंसे
२७५	६	नानीर	नारीर
२७५	१४	भजाल	मजाल
२७६	१८	वहाँ	वह
२८४	२०	श्रीपार	श्रीपाट
२१६	३	लोभ	लाभ
२६०	२६	सेकाल	से काल
२६२	२८	महाराज महाराज	महाराज
२६७	५	सेवा-प्रतिष्ठित	सेवा
२६७	६	हुई	प्रतिष्ठित हुई
२६६	१२	उत्तर, देना	उत्तर देना,
२६६	२७	मित्रके	मित्रसे
३५८	७	प्रतिमा	प्रतिभा

तालिका २

पीढ़ी													
(९)	भारतचन्द्र										निमाईचाँद		
(१०)	(१) राधामोहन	(२) भोलानाथ	(३) गौरहरि			(४) घनश्याम	(५) सार्व्वभौम	(६) रामकेशव			(१) विश्वम्भर		(२) वल्लभ
(११)		जगतपति (पोष्यपुत्र)	सीतानाथ					(१) श्रीकृष्ण		(२) नवकृष्ण	(१) मधुसूदन	(२) द्वारकानाथ	
(१२)		गोपीवल्लभ	(१) अच्युतानन्द	(२) **हरिदास**	(३) गुरुदास			(१) व्रजेन्द्र	(२) उपेन्द्र	रेवतीरमण	वेणीमाधव		
(१३)		१ गंगाधर २ शरच्चन्द्र		सुशीला (कन्या)	१ ज्ञानेन्द्र २ निशानाथ ३ जीतेन्द्र ४ धीरेन्द्र ५ सुरेन्द्र ६ हेमेन्द्र				१ आशुतोष २ भवतोष ३ महीतोष ४ देवतोष		१ रासविहारी २ शचीन्द्र		

तालिका ३

तालिका ४

पीढ़ी					
(९)	गौराचाँद	श्यामचन्द्र	नृसिंह	कृष्णकान्त	रामसुन्दर
(१०)	(१) विष्णुराम, (२) जगतराम, (३) रामप्रसाद	शिवचन्द्र	(१) राजीवलोचन, (२) कमललोचन, (३) नवकृष्ण	(१) रामकुमार, (२) रामराम	कृष्णप्राण
(११)	विष्णुराम → रामकमल; जगतराम → (१) माधव, (२) मंगल; रामप्रसाद → (१) देवनाथ, (२) कालीनाथ, (३) मथुरानाथ			रामकुमार → कृष्णराम; रामराम → (१) नृसिंह, (२) काली, (३) ईश्वर	रामकृष्ण
(१२)	देवनाथ → राम; कालीनाथ → हाराधन				केदारनाथ
(१३)					गिरिजालाल
(१४)					श्रीगोपाल

तालिका ६

(९) चण्डीचरण — रामरतन — गोपाल — रामनाथ — रामयदु

(१०) केशव (पिता चण्डीचरण); (१) श्रीधर, (२) श्रीकृष्ण (पिता रामरतन); शिवचन्द्र (पिता गोपाल); नरहरि (पिता रामनाथ); (१) विष्णुचन्द्र, (२) दिगम्बर (पिता रामयदु)

(११) कालीपद (पिता केशव); (१) विनोद, (२) मनोमोहन (पिता शिवचन्द्र)

(१२) (१) गौरीचरण, (२) हरिदास (पिता कालीपद)

(१३) दीननाथ (पिता गौरीचरण)